॥ शिवशिवासंवादात्मकम् ॥

महानिर्वाणतन्त्रम्

अजय कुमार उत्तम

शिवशिवासंवादात्मक

महानिर्वाणतन्त्रम्

कुलावधूत हरिहरानन्दभारतीकृत
संस्कृत टीका तथा "पद्मा" हिन्दी व्याख्या

सम्पादक
अजय कुमार उत्तम

प्रकाशक :
भारतीय विद्या संस्थान
वाराणसी - 221002

समर्पणम्

परमपूज्य सद्गुरुदेव

परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानन्द

के

दिव्य चरण कमलों

में

समर्पित !

– अजय कुमार उत्तम

सम्पादकीय

महानिर्वाण तन्त्र तन्त्रशास्त्र का एक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। ''महासिद्धसार तन्त्र'' के अनुसार इसका सम्बन्ध 'रथक्रान्त' से है। यहाँ पर ध्यान देने की बात है पृथ्वी की क्रान्तिरेखा के अनुसार सम्पूर्ण प्राचीन भारत को तीन भागों में बाँटा गया था—अश्वक्रान्त, विष्णुकान्त तथा रथक्रान्त। प्रत्येक भाग में १४ तंत्रों की गणना की गयी है। इस प्रकार कुल १९२ तंत्र माने गये हैं।

महानिर्वाण तन्त्र का सर्वप्रथम प्रकाशन ''आदि ब्रह्मसमाज'' द्वारा सन् १८७६ई० में किया गया। इसके सम्पादक श्री आनन्द चक्र वेदान्तवागीश थे। यह महानिर्वाण तंत्र का प्रथम खण्ड था, जिसमें चौदह उल्लास हैं। आदि ब्रह्म समाज की समस्त शिक्षाएँ इसी ग्रन्थ के आधार पर तैयार की गयी थी। इस खण्ड की संस्कृत टीका स्वामी हरिहरानन्द भारती ने लिखी, जिसकी पाण्डुलिपि उनके शिष्य तथा ब्रह्मसमाज के संस्थापक राजाराम मोहनराय के हाथ की लिखी उपलब्ध थी। संस्कृत टीका को भी मूल ग्रन्थ के साथ प्रकाशित किया गया था। यह ग्रन्थ आज भी उपलब्ध है जिसे आर्थर एवलान (सर जान वुडरफ) ने १९२९ ई० में पुन: प्रकाशित कराया था। प्रस्तुत 'पद्मा' हिन्दी व्याख्या का आधार भी यही ग्रन्थ है।

इसके उपरान्त १८८६ई० में श्रीकृष्णगोपाल भक्त ने श्री जगन्मोहन तर्कालङ्कार से सम्पादित करा कर भारती की संस्कृत टीका, वङ्गानुवाद तथा तर्कालङ्कार की व्याख्यात्मक टिप्पणियों के साथ प्रकाशित कराया। १८८६ ई० में ही वाराणसी की दण्डी सभा के श्री शतानन्द सरस्वती द्वारा ग्रन्थ का प्रकाशन कराया गया। किन्हीं शङ्कराचार्य द्वारा इसकी आध्यात्मिक व्याख्यान एवं वंगानुवाद, भारती तथा तर्कालङ्कार की टीकाओं की आलोचना सहित प्रकाशित कराया। यह ग्रन्थ छठे उल्लास के १५८वें श्लोक तक ही प्रकाशित हो पाया।

पं० जीवानन्द विद्यासागर ने सर्वप्रथम मूल तथा संस्कृत टीका को देवनागरी लिपि में प्रकाशित कराया।

सन् १८९१ ई० में 'बंगवासी' प्रेस कलकत्ता के श्री बिहारी लाल सरकार ने इस ग्रन्थ को बंगानुवाद सहित प्रकाशित किया।

श्री वेंकटेश्वर प्रेस मुम्बई द्वारा १९०३ई० में पं० बलदेव प्रसाद मिश्र कृत हिन्दी भाषा टीका सहित इस तन्त्र का प्रकाशन किया गया।

१९०६ में श्री श्यामाचरण कविरत्न ने मूल एवं वङ्गानुवाद के साथ प्रकाशित किया।

इस ग्रन्थ का पूर्ण अंग्रेजी भावानुवाद 'ग्रेट लिबरेशन' के नाम से आर्थर एवलान तांत्रिक ने प्रकाशित कराया। साहित्य में इस ग्रन्थ का विवरण इस प्रकार है–

१. एशियाटिक सोसायटी बंगाल सूत्री पत्र, संख्य ६०२९- प्रथम भाग के १९ पटल इसकां प्रकाशन हो चुका है।

२. राजेन्द्र लाल मित्र की संस्कृत पुस्तकें, संख्या २८९-आद्या सदाशिव के संवादरूप में पूर्वकाण्ड मात्र, जिसमें १४ उल्लास हैं। विषय है-भगवती आद्या महादेव से 'जीवों के निस्तार' का दशाक्षरमात्र, कलश स्थापन, तत्त्वसंस्कार, श्रीपात्र स्थापन, होम, चक्रानुष्ठान, कुलतन्त्र, अनिष्टकारी पापों का प्रायश्चित आदि ।

३. वंगीय साहित्य परिषद सूत्रीपत्र, संख्या १२९-अपूर्ण

४. कलकत्ता संस्कृत कालेज पुस्तकालय सूची पत्र संख्या ५५-आद्यासदाशिव के सन्दर्भ में उत्तरार्द्ध मात्र, जिसमें १४ उल्लास हैं। विषय है—कलियुग में पतित जीवों का उद्धार कैसे हो, परब्रह्मोपासना, उपासना विधि, प्रकृतिसाधना, मन्त्रों के उद्धार संस्कार आदि। पात्र स्थापन होम, चक्रानुष्ठान, कुलतत्त्व, वर्णाश्रम के आचार, कुशकण्डिका दश संस्कार, पूर्णाभिषेकादि, अपने पराये पापों का प्रायश्चित, सनातन व्यवहार, वास्तु, गृह-त्याग, शिव-लिङ्गस्थापनादि।

५. जम्मू काश्मीर महाराज पुस्तकालय सूत्रीपत्र संख्या १०६६-सदाशिव प्रोक्त।

६. राजस्थान पुरातत्त्व ग्रन्थ सूची, संख्या ६२६२ मात्र पूर्वकाण्ड।

७. 'प्राणतोषिणी तंत्र' और 'सर्वोल्लास तन्त्र' में महानिर्वाण तन्त्र के वचनों को उद्धृत किया गया है।

वर्तमान समय में आर्थर एवलांन द्वारा सम्पादित संस्करण तथा पण्डित बलदेव प्रसाद मिश्र कृत भाषा टीका सहित खेमराज श्री कृष्णदास प्रकाशन मुम्बई संस्करण उपलब्ध है।

वर्तमान समय में जो संस्करण उपलब्ध है वे सभी अधूरे हैं और केवल १४ उल्लास (पूर्वकाण्ड मात्र) तक ही प्रकाशित हैं। जिसका संकेत चौदहवे उल्लास के अन्त में हरिहरानन्दभारती ने अपनी संस्कृत टीका में किया है। यद्यपि म०म० गोपीनाथ कविराज ने १९ पटल की एक पाण्डुलिपि का वर्णन किया है। जो एशियाटिक सोसायटी बंगाल में उपलब्ध है। उन्होंने लिखा है कि इसका प्रकाशन हो चुका है, किन्तु यह संस्करण अभी तक प्रकाश में आया नहीं है। सर्वोल्लास तन्त्र में भी प्रकाशित महानिर्वाणतन्त्र के वचन नहीं पाये जाते ।

इसका पूर्वकाण्ड ही प्रकाशित है। इसी का हिन्दी अनुवाद प्रकाशित किया जा रहा है। साथ में हरिहरानन्द भारती की संस्कृत टीका को भी दे दिया गया है। इसमें जो विषय हैं उनकी विषयसूची में विषयानुक्रमणिका में दे दी है।

इस ग्रन्थ को भारतीय विद्या संस्थान के श्री कुलदीप जैन ने अत्यन्त उत्साह एवं रुचि के साथ प्रकाशित किया है। मैं आशा करता हूँ कि यह ग्रन्थ तन्त्रसाधकों एवं तन्त्र में रुचि रखने वाले पाठकों को पसन्द आएगा ।

मझलेगाँव (शाहजहाँपुर)
विजया दशमी २०५९ वि०

आपका ही
अजय कुमार उत्तम

॥ श्रीगुरुचरणकमलेभ्योनमः ॥

महानिर्वाणतन्त्रस्य विषयानुक्रमणिका

प्रथमोल्लासे

द्वितीयोल्लासे

तृतीयोल्लासे

चतुर्थोल्लासे

पञ्चमोल्लासे

षष्ठोल्लासे

सप्तमोल्लासे

अष्टमोल्लासे

द्वादशोल्लासे

त्रयोदशोल्लासे

चतुर्दशोल्लासे

॥ श्री गुरुचरणकमलेभ्यो नमः

शिवशिवासंवादात्मक

महानिर्वाणतन्त्रम्

संस्कृत हिन्दी व्याख्या सहिता

प्रथमोल्लासः

गिरीन्द्रशिखरे रम्ये नानारत्नोपशोभिते ।
नानावृक्षलताकीर्णे नानापक्षिरवैर्युते ॥१॥

पद्मा–कैलाश पर्वत का रमणीय शिखर अनेक प्रकार के रत्नों से सुशोभित, अनेकवृक्ष एवं लताओं तथा विविध पक्षियों के कलरव से गुंजायमान है ।

हरि०–ॐ नमो ब्रह्मणे ।

ॐ अहं ब्रह्मास्मि ब्रह्मैवाहमस्मि ।

कृत्वा षडाम्नायममेयशक्तिः सदाशिवः प्रेरित आदिशक्त्या ।
जगाद सेतुं कुलवारिराशेर्निर्वाणतन्त्रं महता समस्तम् ॥
स्मारं स्मारं परंब्रह्म नामं नामं गुरोः पदम् ।
निरपेक्षं वचः शम्भोर्विवृणोमि यथामति ॥

वेदादिबोधितसमस्त पुण्यकर्मोच्छेदकातिनिन्दितानन्तपापकर्मप्रवर्त्तककलियुगागमने सति परमात्मचिन्तनाद्यननुरक्तानां नाना विधपापकर्म्मप्रसक्तानां नराणां कथं निस्तारो भविष्यतीति सञ्चिन्तयन्ती पार्वती कैलासशिखरे तिष्ठन्तं कारुण्यवन्तं सदाशिवं प्रति तेषां निस्तारोपायमप्राक्षीदेतत्तदेवाह-गिरीन्द्र शिखर इत्यादिभिः। तत्र तस्मिन् गिरीन्द्रशिखरे पर्वताधिराजस्य कैलासस्य शृङ्गे स्थितं मौनधरं मौनिनं शिवं वीक्ष्य विलोक्य लोकानां हितकाम्यया जनानां हितेच्छया पार्वती देवी विनयावनता सती शिवमब्रवीदित्येकादशश्लोकस्थितैः पदैरन्वयः। मौनधरमित्यनेन कथानवरो दर्शितः। रम्ये इत्यादीनि सप्तम्यन्तानि त्रयोदशपदानि गिरीन्द्रशिखरे इत्यस्य विशेषणानि। चराचरजगद् गुरुमित्यादीनि द्वितीयान्तानि पदानि तु शिवमित्यस्येति बोद्धव्यम् । रम्यते क्रीड्यते सिद्धचारणादिभिर्यत्र तद्रम्यं तस्मिन् । पोरदुपधादित्याधिकरणे यत्। नानारत्नोपशोभिते अनेकैः पद्मारागमरकतादिभिः रत्नैर्विराजिते। नानावृक्षलताकीर्णे अनेकैर्वृक्षैरनेकाभिर्लताश्च व्यापते। नानापक्षिरवैर्युते नानाविधानां पक्षिणां शब्दैर्युक्ते ॥१॥

सर्वर्त्तुकुसुममोदमोदिते सुमनोहरे ।
शैत्यसौगन्ध्यमान्द्याढ्यमरुद्भिरुपवीजिते ।।२।।

पद्मा–उस सुन्दर मनोहर कैलास शिखर में समस्त ऋतुयें सभी समय में उदित हो कर विविध प्रकार का पुष्प सौरभ फैलाती हैं जहां पर सदा ही शीतल, मंद एवं सुगन्धित पवन चला करता है ।

हरि०-सर्वर्त्तुकुसुममोदमोदिते सकलवसन्ताद्यृतुसम्बन्धिपुष्पसम्बन्धिभिरतिमनोहारिभिर्गन्धैः सुरभीकृते अतएव सुमनोहरे अतिमनोहारके शैत्येन सौगन्ध्येन मान्द्यैन चाढ्यैः युक्तैः मरुद्भिर्वायुभिरुपवीजिते ।।२।।

अप्सरौगणसङ्गीतकलध्वनिनिनादिते ।
स्थिरच्छायद्रुमच्छायाच्छादिते स्निग्धमञ्जुले ।।३।।

पद्मा–अप्सराओं के संगीत की मधुर ध्वनि गूंजती रहती है। वहाँ के स्थिर एवं अचल वृक्षों की छाया से आच्छादित यह स्थान स्निग्ध एवं मनोहर है ।

हरि०–**अप्सरोगणेत्यादि।** अप्सरसां गणैः समूहैः सङ्गीतो यः कलध्वनिर्गम्भीरः शब्दस्तेन निनादिते शब्दिते। स्थिरा अचञ्चला छाया येषां द्रुमाणां तेषां छायाभिछादिते छन्ने। स्निग्धं चिक्कणञ्चतन्मञ्जुलं सुन्दरञ्चेति स्निग्धमञ्जुलम् तस्मिन् ।।३।।

मत्तकोकिलसन्दोहसङ्घुष्टविपिनान्तरे ।
सर्वदा स्वगणैः सार्द्धमृतुराजनिषेविते ।।४।।

पद्मा–अन्य वनों में सुन्दर मस्त कोयलों के झुण्ड मधुर शब्द कर रहे हैं। वनों में ऋतुराज वसन्त अपने सहयोगियों के साथ स्थित रहता है ।

हरि०–**मत्तेत्यादि** ! मत्तानां कोकिलानां सन्दोहेन समूहेन सङ्घुष्टं संशब्दितं विपिनान्तरं वनमध्यं यस्मिन् तस्मिन् । सर्वदा सर्वस्मिन् काले स्वगणैर्भ्रमरादिभिः सार्द्धमृतुराजेन वसन्तेन निषेविते ।।४।।

सिद्धचारणगन्धर्वगाणपत्यगणैर्वृत्ते ।
तत्र मौनधरं देवं चराचरजगद्गुरुम् ।।५।।

पद्मा–सिद्ध, चारण, गर्न्धव एवं गणेश गणों से वह स्थान घिरा रहता है। वहां पर चराचर जगत् के गुरु भगवान शिव मौन होकर स्थित हैं ।

हरि०–**सिद्धेत्यादि** । देवयोनिभिः सिद्धैः चारणैर्गन्धर्वैः गाणपत्य गणैर्गणपतिस्वामिकैर्गणैश्च। वृत्ते रुद्धे । देवं दीप्तिमन्तं । चराचरजगद्गुरुं चराणं जङ्गमानामचराणां स्थावराणाञ्च जगतां पितरम् ।।५।।

सदाशिवं सदानन्दं करुणामृतसागरम् ।
कर्पूरकुन्दधवलं शुद्धसत्त्वमयं विभुम् ।।६।।

पद्मा–जो सदा कल्याण प्रदायक, सदानन्द, करुणा व अमृत के सागर, कर्पूर और कुन्द पुष्प के समान श्वेत, विशुद्धसत्त्वगुणमय व विभु हैं ।

हरि०–सदेत्यादि । सदा सर्वदा शिव कल्याणं यस्य यस्माद्वा तं। सदा आनन्दः सत् सर्वदा स्थायी वा आनन्दो यस्य तं । सतः साधून् का आनन्दयति यः तं । करुणामृतसागर दयारूपस्य पीयूषस्य समुद्रं । कर्पूरकुन्दधवलं कर्पूरकुन्दवत् शुभ्रं। शुद्धसत्त्वमयं विमल-सत्त्वगुणप्रधानं। विभुं व्यापकम् ।।६।।

दिगम्बरं दीननाथं योगीन्द्रं योगिवल्लभम् ।
गङ्गाशीकरसंसिक्तजटामण्डलमण्डितम् ।।७।।

पद्मा–वे नग्न, दीनों के स्वामी, योगियों के ईश्वर तथा योगियों के प्रिय हैं। वे गंगाजल से भीगे हुये जटा-जूट से शोभित हो रहे हैं।

हरि०–दिगित्यादि। दिगेवाम्बरं वस्त्रं यस्य तं वस्त्ररहितमित्यर्थः। दीननाथं दरिद्राणां जनानां भर्त्तारं। योगीन्द्रं योगः परमात्मचिन्तनं तद्वत्सु श्रेष्ठ। योगिवल्लभं योगिनान्दयितं। योगिनो वल्लभाः प्रिया यस्येति वा तम् । गङ्गायाः शीकरैरितस्ततो विक्षिप्तैरम्बुकणैः संसिक्तेन जटामण्डलेन जटासमूहेन मण्डिताम् ।।७।।

विभूतिभूषितं शान्तं व्यालमालं कपालिनम् ।
त्रिलोचनं त्रिलोकेशं त्रिशूलवरधारिणम् ।।८।।

पद्मा–भास्म से भूषित, अत्यन्त शान्त, सर्प की माला धारण किये हुये, नरकपाल धारी, त्रिनेत्रधारी, तीनों लोको के स्वामी, त्रिशूल व वरधारण करने वाले हैं।

हरि०–विभूतीत्यादि। विभूतिभूषितं भस्मभिरलङ्कृतं। शान्तं संयतान्तः करणं। व्यालाः सर्पा एव माला यस्य सः । कपालिनं नृकपालशालिनं। लोच्यते दृश्यते यैस्तानि लोचनानि नेत्राणि तानि त्रीणि यस्य तं। त्रिलोकेशं त्रयाणां लोकानामधिष्ठातारं। त्रिशूलवरधारिणं त्रिशूलेषु वरं त्रिशूलञ्च वरञ्च वा धर्त्तुंशीलं यस्येति त्रिशूलवरधारी तम् ।।८।।

आशुतोषं ज्ञानमयं कैवल्यफलदायकम् ।
निर्विकल्पं निरातङ्कं निर्विशेषं निरञ्जनम् ।।९।।

पद्मा-वे शीघ्र प्रसन्न होने वाले, ज्ञानमय, मोक्ष फल प्रदान करने वाले, निर्विकल्प, आशङ्काहीन भेदरहित एवं निरंजन है ।

हरि०–आश्वित्यादि-आशु शीघ्रं तोषस्तुष्टिर्यस्य तम् । ज्ञानमयं ज्ञानं तत्त्वतः समस्त पदार्थावबोधस्तदात्मकम् । कैवल्य फलदायकं निर्वाणरूपस्य फलस्य दातारम् । निर्विकल्पं निर्गतो, विकल्पो विविधा कल्पना यस्मात् तम् । निरातङ्कं निर्गतः आतङ्कः तापशङ्का यस्मात् तम् । निर्विशेषं नानाविधभेदरहितम् । निरञ्जनं अविदुषामप्रत्यक्षम् ।।९।।

सर्वेषां हितकर्त्तारं देवदेवं निरामयम् ।
प्रसन्नवदनं वीक्ष्य लोकानां हितकाम्यया ।
विनयावनता देवी पार्वती शिवमब्रवीत् ।।१०।।

पद्मा–सबके कल्याणकारी, निरामय, देवों के देव, प्रसन्नमुख भगवान शिव को देखकर विनय से झुकी हुई देवी पार्वती ने लोक हित के लिये भगवान शिव से कहा ।

हरि०–सर्वेषामित्यादि। निरामयं निर्गत आमयो व्याधिर्यस्मात्तम् ।।१०।।

श्रीपार्वत्युवाच

देवदेव जगन्नाथ मन्नाथ करुणानिधे ।
त्वदधीनाऽस्मि देवेश तवाऽऽज्ञाकारिणी सदा ।।११।।
विनाऽऽज्ञया मया किञ्चिद्भाषितं नैव शक्यते ।
कृपावलेशो मयि चेत् स्नेहोऽस्ति यदि मां प्रति ।
तदा निवेद्यते किञ्चिन्मनसा यद्विचारितम् ।।१२।।

पद्मा–हे देवों के देव ! जगत् के स्वामी, मेरे नाथ करुणनिधि ! मैं आपके अधीन हूँ। मैं सदैव ही आपकी आज्ञा मानने वाली हूँ। बिना आपके आदेश के मैं कुछ भी कहने में समर्थ नहीं हूँ। यदि मेरे ऊपर आपकी थोड़ी भी कृपा हो और यदि मुझ पर स्नेह हो, तो मेरे मन में जो कुछ विचार हैं उन्हें मैं कहती हूँ ।

हरि०–पार्वती शिवं प्रति किमब्रवीदित्यपेक्षायामाह-श्रीपार्वत्युवाच। देव देवेत्यादि! हे देवे! देवानामिन्द्रादीनामपि नियन्त: यतोऽहं त्वदधीना तव वशीभूता सदा सर्वस्मिन् काले तवाऽऽज्ञाकारिणी चाऽस्मि। अतस्तवाज्ञया विना किञ्चिदपि भाषितुं नैव मया शक्यते।

त्वदन्यः संशयस्याऽस्य कस्त्रिलोक्यां महेश्वर ।
छेत्ता भवितुमर्हो वा सर्वज्ञः सर्वशास्त्रवित् ।।१३।।

पद्मा–हे महेश्वर ! तीनों लोकों में आपके अतिरिक्त और कौन है जो मेरे संशय को दूर करने में समर्थ है? आप ही सर्वशास्त्र ज्ञाता एवं सर्वज्ञ हैं ।

हरि०–त्वदन्य इति। त्वत्तोऽन्यस्त्वदन्य इति पञ्चमीतत्पुरुष:। त्वदिति पञ्चम्यन्तं भिन्नं वा पदम् ।।१३।।

श्री सदाशिव उवाच

किमुच्यते महाप्राज्ञे कथ्यतां प्राणवल्लभे ।
यदकथ्यं गणेशेऽपि स्कन्दे सेनापतावपि ।।१४।।

पद्मा–हे महाप्राज्ञे ! हे प्राणवल्लभे ! तुम क्या कहना चाहती हो, उसे कहो। जो बात मैंने गणेश और स्कन्द से नहीं कही है उसे भी मैं तुमसे कहूँगा ।

हरि०–पार्वत्या प्रष्टव्यमर्थमभिजिज्ञासु: श्री सदाशिव उवाच। किमुच्यते इत्यादि गणेशेऽपि स्कन्दे कार्त्तिकेये सेनापतावपीति व्याहरता भगवता महोदेवेन तयोर्महावीरत्वेन मदतिप्रियत्वादतिगुह्यस्याप्यर्थस्य बलात् कारेणाप्यभिधायने योग्य त्वमस्तीति सूचितम् ।।१४।।

तवाग्रे कथयिष्यामि सुयोग्यमपि यद्भवेत् ।
किमस्ति त्रिषु लोकेषु गोपनीयं तवाग्रतः ।।१५।।

पद्मा–तुम्हारे आगे मैं गोपनीय से भी गोपनीय विषय कहूँगा। तुम्हारे लिये त्रिलोक में क्या गोपनीय है ।

हरि०–तवाग्रेइति। तवाग्रतस्त्वदग्रे गोपनीयं त्रिष्वपि लोकेषु किं वस्त्वस्ति अपितु न किञ्चिदित्यर्थ:। अग्रे इत्यग्रत: आद्यादिभ्य उपसंख्यानमिति सम्यन्तात् स्वार्थे तसि:।।१५।।

मम रुपाऽसि देवि त्वं न भेदोऽस्ति त्वया मम ।
सर्वज्ञा किं न जानासि त्वनभिज्ञेव पृच्छसि ।।१६।।
इति देववचः श्रुत्वा पार्वती हृष्टमानसा ।
विनयावता साध्वी परिपप्रच्छ शङ्करम् ।।१७।।

पद्मा–हे देवि! तुम मेरा ही रुप हो, तुममें और मुझमें कोई भेद नहीं है। तुम सर्वज्ञ होकर भी क्यों अनभिज्ञ की भांति पूछती हो?

भगवान शिव के इस प्रकार के वचन सुनकर हर्षित मन से साध्वी पार्वती ने विनय पूर्वक शङ्कर जी से पूछा ।

हरि०–मम रुपेत्यादि। रुप्यते रुपक्रिया विशिष्टा विधीयते इति रुपा। कर्मण्यच । मम रुपा मद्रूपशालिनीत्यर्थः। मत्स्वरुपेति पाठे तु मया सह समानमेकं रुपं यस्याः सा। अनभिज्ञेव अविदुषी इव ।।१६-१७।।

श्री आद्योवाच

भगवन् ! सर्वभूतेश ! सर्वधर्मविदां वर ।
कृपावता भगवता ब्रह्मान्तर्यामिना पुरा ।।१८।।

पद्मा–श्री आद्या ने कहा-हे भगवन्! आप सभी प्राणियों के ईश्वर, समस्त धर्म ज्ञाताओं में श्रेष्ठ, सभी पर कृपा करने वाले, ऐश्वर्यशाली एवं अन्तर्यामी हैं ।

हरि०–पार्वती शङ्करं किं परिपप्रच्छेत्याकाङ्क्षायामाह श्री आद्योवाच भगवन्नित्यादि। हे भगवन् ऐश्वर्यादिशालिन् । सर्वभूतेश सर्वेषं भूतानां नियन्तः। यथा श्रुतिस्मृतिसंहिताद्युपदेशेन सत्यत्रेतादौ भवता लोका निस्तारिता एवं दुष्टकर्मप्रवर्त्तके पापिनि कलावपि केनाप्युपायेन दयावता भवतैव मनुष्या उद्धर्तव्या इत्याशयेनाह-कृपावतेत्यादि ।।१८।।

प्रकाशिताश्चतुर्वेदाः सर्वधर्मोपवृंहिताः ।
वर्णाश्रमादिनियमा यत्र चैव प्रतिष्ठिताः ।।१९।।

पद्मा–आपने पूर्वकाल में ब्रह्मा का रुप धारण करके चारों वेद प्रकाशित किया है। जिनसे समस्त धर्मों में वृद्धि होकर वर्णाश्रम आदि के नियम प्रतिष्ठित हुये ।

हरि०–प्रकाशिता इत्यादि। सर्वे धर्मा उपवृंहिता वर्द्धिता येषु ते ।।१९।।

तदुक्तयोगयज्ञाद्यैः कर्मभिर्भुवि मानवाः ।
देवान् पितृन् प्रीणयन्तः पुण्यशीलाः कृते युगे ।।२०।।

पद्मा–ऊन्हीं वेदों में कहे गये योग, यज्ञादि रूपी सभी कार्यों द्वारा पृथ्वी पर पुण्यवान् समस्त मनुष्यों ने कृत युग (सत्य युग) में समस्त देवताओं एवं पितरों को प्रसन्न किया ।

हरि०–तदुक्तेत्यादि। कृते युगे सत्ययुगे। भुवि पृथिव्याम् । पुण्यशीला मानवाः तदुक्तयोगयेज्ञाद्यैर्वेदभाषितैर्निस्तारोपापभूतैर्यज्ञादिभिः कर्मभिर्देवान् पितृंश्च प्रीणयन्तस्प्रसन्नाः आसन्निति पञ्चमश्लोकस्थितेन पदेनान्वयः ।।२०।।

स्वाध्यायध्यानतपसा दयादानैर्जितेन्द्रियाः ।
महाबला महावीर्य्या महासत्त्वपराक्रमाः ।।२१।।

पद्मा–(उस कृत युग में) मनुष्य स्वाध्याय, ध्यान, तपस्या, दया एवं दान के द्वारा जितेन्द्रिय थे। वे महाबली, अति वीर्यवान् एवं महासत्त्व पराक्रमी थे।

हरि०–स्वाध्यायेत्यादि। स्वाध्यायो वेदाध्ययनं ध्यानं परमात्मचिन्तनं तपः कृच्छ्रचान्द्रायणादि दया निष्कारणपरदुःखनाशेच्छा दानं न्यायार्जितस्य धनादेः पात्रेऽर्पणं तैः सर्वैविशिष्ट मानवा आसन् । जितेन्द्रिया इत्यादीनां सर्वेषां जसन्तानां पदानामासन्नित्यत्रान्वयो विधातव्यः। जितेन्द्रिया वशीकृत चक्षुरादयः। महाबला महासामर्थ्याः। स्थौल्यसामर्थ्यसैन्येषु बलमित्यमरः। महावीर्य्या, महाप्रभावाः महातेजसो वा। वीर्य्यं प्रभावे शुक्रे च तेजः सामर्थ्ययोरपीति मेदिनी महान्तौ सत्त्वपराक्रमौ व्यवसायशौर्य्ये येषामन्ते महासत्त्वपराक्रमाः ॥२१॥

देवायतनगा मर्त्या देवकल्पा दृढ़व्रताः ।
सत्यधर्मापराः सर्वे साधवः सत्यवादिनः ।।२२।।

पद्मा–वे मानव मरणशील धर्म के होने पर भी स्वर्गादि जाने में समर्थ, देवतुल्य एवं नियम पालन करने में दृढ़ व निश्चयी थे। सभी मनुष्य सरल, सत्यधर्म, परायण एवं सत्यवादी थे ।

हरि०–देवायतनेत्यादि। देवायतनगा देवतामन्दिरगामिनः। मर्त्त्या मरणशीला अपि देवकल्पा इव दूना देवाः देवतुल्या इत्यर्थः। दृढ़ं व्रतं नियमो येषामन्ते। साधवः स्वस्वधर्मवर्त्तिनः। सत्यवादिनः सत्यं यथार्थाभिधानं तस्य वक्तारः॥२२॥

राजानः सत्यसङ्कल्पाः प्रजापालनतत्पराः ।
मातृवत् परयोषित्सु पुत्रवत् परसूनुषु ।।२३।।
लोष्टवत् परवित्तेषु पश्यन्तो मानवास्तदा ।
आसन् स्वधर्मनिरताः सदा सन्मार्गवर्त्तिनः ।।२४।।

पद्मा–उस युग में शासकगण सत्यसङ्कल्प व प्रजापालन परायण थे। वे परस्त्री को माँ के समान एवं पर पुत्र को पुत्र के समान मानते थे ।

उस युग में मनुष्य पराये धन को मिट्टी के ढेले के समान देखते थे और अपने धर्म का पालन करते हुए सन्मार्ग पर सदा चलते थे ।

हरि०–राजान इत्यादि। सत्यः सङ्कल्पो मानसं कर्म येषामन्ते। परयोषित्सु परस्त्रीषु-परसूनुषु अन्यपुत्रेषु ॥२३-२४॥

न मिथ्याभाषिणः केचित् न प्रमादरताः क्वचित् ।
न चौरा न परद्रोहकारका न दुराशयाः ।।२५।।

पद्मा–न ही कोई मिथ्यावादी अर्थात् झूठ बोलने वाला, न कोई प्रमादी, चोरी और परद्रोही एवं दुष्ट प्रवृत्ति वाले थे ।

हरि०–नेत्यादि। न प्रमादरता: सावधाना इत्यर्थ:। न दुराशया न दुष्टाभिप्राया:॥२५॥

न मत्सरा नातिरुष्टा नातिलुब्धा न कामुकाः ।
सदन्तः करणाः सर्वे सर्वदाऽऽनन्दमानसाः ।।२६।।

पद्मा–कोई भी मनुष्य ईर्ष्यालु, क्रोधी, लोभी व कामुक नहीं था। सभी शुद्ध अन्त:करण वाले, एवं सभी आनन्दित एवं प्रसन्न हृदय वाले थे ।

हरि०–नेत्यादि। न मत्सरा नान्यशुभद्वेषिण:। नातिरुष्टा न बहुक्रोधशालिन:। सर्वदा आनन्दो यत्र एवम्भूतं मानसं हृदयं येषान्ते ॥२६॥

भूमयः सर्वशस्याढ्याः पर्जन्याः कालवर्षिणः ।
गावोऽपि दुग्धसम्पन्नाः पादपाः फलशालिनः ।।२७।।

पद्मा–उस युग में पृथ्वी सभी धान्यों से परिपूर्ण थी, मेघ समय पर वर्षा करते थे, गायें दुग्ध से सम्पन्न एवं वृक्ष फलों से परिपूर्ण थे ।

हरि०–भूमय इति। पर्ज्जन्या मेघा:॥२७॥

नाऽकालमृत्युस्तत्रासीत् न दुर्भिक्षं न वा रुजः ।
हृष्टाः पुष्टाः सदारोग्यास्तेजोरुपगुणान्विताः ।
स्त्रियो न व्यभिचारिण्यः पतिभक्तिपरायणाः ।।२८।।

पद्मा–उस युग में किसी भी प्राणी की अकाल मृत्यु नहीं होती थी। दुर्भिक्ष एवं रोग नहीं होते थे। सभी मनुष्य हृष्ट-पुष्ट, सदैव स्वस्थ, तेजस्वी एवं गुणों से युक्त थे । स्त्रियाँ पतिव्रता एवं व्यभिचार रहित थीं ।

हरि०–नेत्यदि। तत्र कृतयुगे। रुजो रोगा:। सदा आरोग्यं येषामन्ते। तेजोरुपगुणान्विता: तेजसा रुपेण अन्यैश्च गुणैर्युक्ता: ॥२८॥

ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्राः स्वाचारवर्त्तिनः ।
स्वैः स्वैर्धर्मैर्यजन्तस्ते निस्तारपदवीं गताः ।।२९।।

पद्मा–ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र आदि सभी अपने-अपने आचार-व्यवहार के अनुसार अपने धर्म का पालन करते हुए मोक्षपद को प्राप्त करते थे ।

हरि०–ब्राह्मणा इत्यादि। यजन्त: परमेश्वरमर्च्चयन्त: ॥२९॥

कृते व्यतीते त्रेतायां दृष्ट्वा धर्मव्यतिक्रमम् ।
वेदोक्तकर्मभिमर्त्त्या न शक्ताः स्वेष्टसाधने ।।३०।।
बहुक्लेशकरं कर्म्म वैदिकं भूरिसाधनम् ।
कर्तुं न योग्या मनुजाश्चिन्ताव्याकुलमानसाः ।।३१।।
त्यक्तुं कर्तुं न चार्हन्ति सदा कातरचेतसः ।
वेदार्थयुक्तशास्त्राणि स्मृतिरुपाणि भूतले ।।३२।।

तदा त्वं प्रकटीकृत्य तपः स्वाध्यायदुर्बलान् ।
लोकानतारयः पापात् दुःखशोकामयप्रदात् ।।३३।।

पद्मा–सत्ययुग के व्यतीत होने पर धर्म में व्यतिक्रम दिखायी देने लगा। वेदों के कहे अनुसार मनुष्य अपने अभीष्ट को प्राप्त करने में असमर्थ होने लगे। अधिक साधना वाले वैदिक उस समय बहुत क्लेशकारी हो गये थे। मनुष्य अनेक चिन्ताओं से व्याकुल होकर स्वधर्म पालन करने में समर्थ नहीं थे। वैदिक धर्म का त्याग करने से अनेक दोष होने की बात सुनने से वे लोग उन कर्मो को छोड़ने में समर्थ भी नहीं थे। फलत: अपनी इस असमर्थता से वे सदा ही व्याकुल चित्त रहते थे। उसी समय आपने भूतल पर 'स्मृति' रुपी वेदार्थमय शास्त्र का प्रतिपादन किया। दु:ख, शोक, रोगदायक पाप के होने पर तपस्या स्वाध्याय करने में दुर्बल सभी लोग उसके द्वारा अपना उद्धार करने लगे ।

हरि०–कृते इत्यादि। कृते सत्ययुगे व्यतीते विगते सति त्रेतायां चायातायां सत्यां यदा वेदोक्तकर्मभिर्मर्त्या मनुष्याः स्वेष्टसाधने आत्मनोऽभीष्टसम्पादने शक्ताः समर्था न बभूवुः। पदा च भूरीणि बहूनि साधनानि यस्य तद्भूरिसाधनम् । अतएव बहुक्लेशकरं बहूनां क्लेशानां जनकम् । अथवा बहुभिः क्लेशैः क्रियते निष्पाद्यते यत्तद् बहुक्लेशकरम् । बाहुलकात् कर्म्मण्यच् । अतएवेदृशं वैदिकं कर्म्म कर्त्तुं चिन्ताव्याकुलमानसा मनुजा मनुष्या योग्या न बभूवुः। यदा च सदा कातरचेतसः सर्वदा अधीरस्वान्ता मनुजा वैदिकर्मत्यागे नाना दोषश्रवणात् तत् कर्म्म त्यक्तुं बहुक्लेशसाध्यत्वात् कर्त्तुञ्च नार्हन्ति स्म तदा धर्म्म व्यक्तिक्रमं धर्मोल्लङ्घनं धर्म्मविपर्य्यायं वा दृष्ट्वा स्मृतिरुपाणि वेदार्थयुक्तशास्त्राणि भूतले प्रकटीकृत्य तपः स्वाध्यायः दुर्बलान् लोकान् जनान् पापात् त्वमतारयः तारतकनित्यन्वयः।।३०-३३।।

त्वं विना कोऽस्ति जीवानां घोरसंसारसागरे ।
भर्त्ता पाता समुद्धर्त्ता पितृवत् प्रियकृत् प्रभुः ।।३४।।

पद्मा–इस घोर संसार-सागर में आपके अतिरिक्त समस्त जीवों का पालन, रक्षा, उद्धार करने वाला पिता के समान प्रिय करने वाला प्रभु और कौन है ? ।

हरि०–त्वामिति। यतस्त्वमेवम्भूतोऽतस्त्वां विनेत्येवं योजनीयम् । घोरसंसारसागरे भयानक संसारसमुद्रे। प्रभुर्जगत्पतिः।।३४।।

ततोऽपि द्वापरे प्राप्ते स्मृत्युक्तसुकृतोज्झिते ।
धर्मार्द्धलोपे मनुजे आधिव्याधिसमाकुले ।
संहिताद्युपदेशेन त्वयैवोद्धारिता नराः ।।३५।।

पद्मा–इसके पश्चात् द्वापर युग के आगमन पर स्मृति कथित कर्म का ह्रास होने लगा। उस युग में आधा धर्म लुप्त हो गये । धर्म के लोप होने पर मनुष्य अनेक प्रकार की व्यथा एवं व्याधियों से ग्रस्त हो गये। उस युग के पश्चात् द्वापर में आपने व्यासादि मुनियों के माध्यम से 'संहिताशास्त्र' का उपदेश देकर मनुष्यों का उद्धार किया ।

हरि०–तत् इत्यादि। स्मृत्युक्तसुकृतोज्झिते स्मृतिभिरुक्तानि यानि सुकृतानि। पुण्यानि

तैरुज्झिते त्यक्ते। धर्मार्द्धलोपे धर्मस्यार्द्ध लुम्पतीति धर्मार्द्धलोपस्तस्मिन् । स्मृत्युक्त सुकृतोज्झिते इति धर्मार्द्धलोपे इति च द्वापरे इत्यस्य विशेषणं मनुजे इत्यस्य वेति बोध्यम् । आधिर्मानसी व्यथा ॥३५॥

आयाते पापिनि कलौ सर्वधर्मविलोपिनि ।
दुराचारे दुष्प्रपञ्चे दुष्टकर्मप्रवर्त्तके ॥३६॥

पद्मा–द्वापर युग के पश्चात् पापरूपी, समस्त धर्मों का लोप करने वाला, दुराचार एवं दुष्कर्म को फैलाने वाला, दुष्ट कर्मों का प्रवर्तक कलियुग का आगमन हुआ ।

हरि०–आयाते इत्यादि। दुराचारे दुष्ट आचारो यत्र तस्मिन् ॥३६॥

न वेदाः प्रभवस्तत्र स्मृतीनां स्मरणं कुतः ।
नानेतिहासयुक्तानां नानामार्गप्रदर्शिनाम् ॥३७॥
बहुलानां पुराणानां विनाशो भविता विभो ।
तदा लोका भविष्यन्ति धर्मकर्मबहिर्मुखाः ॥३८॥

पद्मा–इस पाप-युक्त कलियुग के आने पर वेदों का प्रभाव समाप्त हो गया। स्मृतियों का भी किसे स्मरण रहा। इस युग में नाना इतिहासादि से पूर्ण विविध मार्ग प्रदर्शक का अभाव हो जायेगा । अनेक पुराणों का नाम तक नहीं रहेगा। इस कारण से हे विभो ! समस्त मनुष्य धर्म-कर्म से विमुख हो जायेंगे ।

हरि०–नेत्यादि । प्रभव: समर्था:॥३७-३८॥

उच्छृङ्खला मदोन्मत्ताः पापकर्मरताः सदा ।
कामुका लोलुपाः क्रूरा निष्ठुरा दुर्मुखाः शठाः ॥३९॥

पद्मा–कलियुग के मनुष्य वेदादिरुपी धर्म के क्षय के कारण, उच्छृङ्खल, स्वेच्छाचारी, मदोन्मत्त, पापकर्म में लिप्त, कामुक, लोभी, क्रूर, निष्ठुर, अप्रियभाषी और धूर्त हो जायेंगे ।

हरि०–उच्छृङ्खला इत्यादि। उद्गतं शृङ्खलं वेदादिरुपनिगडो येषां ते उच्छृङ्खला बन्धनरहिता इत्यर्थ:। लोलुपा: अतिलुब्धा:। क्रूरा: निर्दया:। निष्ठुरा: परुषवादिन:। दुर्मुखा: अबद्धमुखा:। शठा: अनृजव:॥३९॥

स्वल्पायुर्मन्दमतयो रोगशोकसमाकुलाः ।
निः श्रीका निर्बला नीचा नीचाचारपरायणा ॥४०॥

पद्मा–कलियुग के लोग अल्पायु, मन्दबुद्धि, रोग-शोक से युक्त, श्रीहीन, निर्बल, नीच व नीचकार्य करने वाले होंगे ।

हरि०–स्वल्पेत्यादि। स्वल्पायुषश्च ते मन्दमतयश्चेति कर्मधारय:॥४०॥

नीचसंसर्गनिरतापरवित्तापहारकाः ।
परनिन्दापरद्रोहपरिवादपराः खलाः ॥४१॥

पद्मा–इस कलियुग में लोग नीचों का साथ करने वाले, पराये धन का अपहरण करने वाले, परनिन्दा में लिप्त, परद्रोही, विवाद परायण एवं दुष्ट होंगे ।

हरि०-नीचेति। खला दुर्जनाः॥४१॥

परस्त्रीहरणे पापशङ्काभयविवर्जिता ।
निर्धना मलिना दीना दरिद्राश्चिररोगिणः ॥४२॥
विप्राः शूद्रसमाचाराः सन्ध्यावन्दनवर्जिताः ।
अयाज्ययाजका लुब्धा दुर्वृत्ताः पापकारिणः ॥४३॥

पद्मा-पाप, शङ्का व भय से शून्य होकर परायी स्त्री का अपहरण करेंगे और निर्धन, मलिन, दीन, दरिद्र वं सदा रोगी होंगे। ब्राह्मण सन्ध्यावन्दनादि से शून्य होकर शूद्र के समान आचरण करेंगे। वे (ब्राह्मण) निषिद्ध जाति के पुरोहित बनकर यज्ञ करायेंगे तथा लोभी, दुराग्रही एवं दुराग्रही होंगे ।

हरि०-परस्त्रीत्यादि । परस्त्रीहरणे पापशङ्काभयविवर्जिताः परस्त्रीहरणनिमित्तकपापे उद्वेगसाध्वसरहिताः। मलिनाः मल दूषिताः। दीनाः खेदवन्तः। दरिद्राः दुर्गतिमन्तः ॥४२-४३॥

असत्यभाषिणो मूर्खा दाम्भिका दुष्प्रपञ्चकाः ।
कन्याविक्रयिणो व्रात्यास्तपोव्रतपराङ्मुखाः ॥४४॥

पद्मा-वे (ब्राह्मण) झूठ बोलने वाले, मूर्ख, दम्भी एवं अति प्रपञ्ची (धोखेबाज) कन्या को बेचने वाले, नीच एवं तपस्यादि से विरत होंगे ।

हरि०-असत्येत्यादि। दाम्भिकाः दम्भो धर्मध्वजित्वं तद्वन्तः। व्रात्याः षोडश वर्षपर्य्यन्तमप्यसंस्कृता भ्रष्टगायत्री का विप्रा भविष्यन्तीति पूर्वेणान्वयः॥४४॥

लोकप्रतारणार्थाय जपपूजापरायणाः ।
पाखण्डाः पण्डितम्मन्याः श्रद्धाभक्तिविवर्जिताः ॥४५॥

पद्मा-वे ब्राह्मण, लोगों को ठगने के लिये जप एवं पूजा करेंगे, पाखण्ड का आचारण करेंगे। अपने को पण्डित कहकर घमण्ड करने वाले श्रद्धा भक्ति से हीन होंगे ।

हरि०-लोकेत्यादि। पाखण्डाः वेदवाह्यरक्तपटमौञ्जादिव्रतचर्य्याशालिनः। श्रद्धाभक्ति विवर्जिताः, श्रद्धावेदादौ दृढ़ प्रत्ययः भक्तिः प्रीतिजनकव्यापारः ताभ्यांहीनाः॥४५॥

कदाहाराः कदाचारभृतकाः शूद्रसेवकाः ।
शूद्रान्नभोजिनः क्रूरा वृषलीरतिकामुकाः ॥४६॥
दास्यन्ति धनलोभेन स्वदारान्नीचजातिषु ।
ब्राह्मण्यचिह्नमेतावत् केवलं सूत्रधारणम् ॥४७॥
नैव पानादिनियमो भक्ष्याभक्ष्यविवेचनम् ।
धर्म्मशास्त्रे सदा निन्दा साधुद्रोही निरन्तरम् ॥४८॥

पद्मा-कलियुग के ब्राह्मणों का आहार निन्दित होगा, अधर्म आचारण वाले होंगें, अपना पेट भरकर जीवन यापन करने वाले तथा शूद्र के सेवक होकर शूद्र का अन्न ग्रहण

करने वाले होंगे। वे क्रूर एवं शूद्र स्त्री से सम्भोग करने के लिये लालायित रहने वाले होंगे। धन के लोभ से अपनी पत्नी को नीच जाति वालों को दे देंगे। इनके ब्राह्मणत्व का चिह्न मात्र गले में सूत्र-धारण होगा। पेय, अपेय भक्ष्य-अभक्ष्य का विचार नहीं करेंगे । ये सर्वदा धर्मनिन्दक एवं साधुद्रोही होंगे ॥

हरि०–कदाहारा इत्यादि। भृतका: भरणायत्तजीवना: अतएव शूद्राणामपि सेवका:। क्रूरा: कठिना:। वृषलीरतिकामुका: शूद्रारतिकामयितार:॥४६-४८॥

सत्कथालापमात्रञ्च न तेषां मनसि क्वचित् ।
त्वया कृतानि तन्त्राणि जीवोद्धारणहेतवे ।।४९।।

पद्मा–वे सत्कथा का मात्र अलाप ही करेंगे, किन्तु उसमें मन से कुछ भी नहीं होगा। इसलिए जीवों का उद्धार करने के लिये आपने तन्त्र-शास्त्र का निर्माण किया है ।

हरि०–सदित्यादि। सत्कथालापमात्रं चेत्यत्र च शब्द: तु इत्यर्थे ॥४९॥

निगमागमजातानि भुक्तिमुक्तिकराणि च ।
देवीनां यत्र देवानां मन्त्रयन्त्रादिसाधनम् ।
कथिता बहवो न्यासा सृष्टिस्थित्यादि लक्षणाः।।५०।।

पद्मा–भोग और मोक्ष के लिये आपने बहुत से निगम-आगम समूह को प्रकाशित किया है। इन शास्त्रों, देवी-देवताओं के मन्त्र व यन्त्रादि सिद्ध करने के साधन है। सृष्टि स्थिति आदि के बहुत से न्यास आपने कहे हैं ।

हरि०–निगमेत्यादि। यत्र तन्त्रादिषु। सृष्टिस्थित्यादिलक्षणा: सृष्टिस्थित्यादिस्वरूपा: ॥५०॥

बद्धपद्मासनादीनि गदितन्यपि भूरिशः ।
पशुवीरदिव्यभावा देवता मन्त्रसिद्धिदाः ।।५१।।

पद्मा–आपने बहुत से बद्धपद्मासन एवं अन्य आसन कहे हैं। सभी देवताओं के मन्त्रों की सिद्धि प्रदान करने वाले* पशु भाव, दिव्यभाव एवं वीर भाव कहे हैं ।

हरि०-बद्धपद्मेत्यादि। यत्रेत्यनुषज्यते आदिना मुक्तपद्मासनादे: संग्रह:॥५१॥

शवासनं चितारोहो मुण्डसाधनमेव च ।
लतासाधनकर्माणि त्वयोक्तानि सहस्रशः ।।५२।।
पशुभावदिव्यभावौ स्वयमेव निवारितौ ।
कलौ न पशुभावोऽस्ति दिव्यभावः कुतो भवेत् ।।५३।।

पद्मा–इसमें शवासन, चितारोहण, मुण्डसाधन, लतासाधनादि सभी असंख्य कर्म आपके द्वारा कहे गये हैं। आपके द्वारा पशु भाव एवं दिव्य भाव का निषेध किया गया है। कलियुग में पशुभाव ही नहीं है तो दिव्यभाव किस प्रकार हो सकता है ।

हरि०–शवासनमिति। अत्रापि यत्रेत्यस्यानुषङ्गः। शवासनं मृतशरीरासनम्॥५२-५३॥

---

* लेखक के ही योनितन्त्र एवं निरूत्तर तन्त्र द्रष्टव्य है।

पत्र पुष्पं फलं तोयं स्वयमेवाहरेत् पशुः ।
न शूद्र दर्शनं कुर्यात् मनसा न स्त्रियं स्मरेत् ।।५४।।

पद्मा–पत्ते, पुष्प, फल व जल इनका लाना पशुभाव के अवलंबन का है। शूद्र का दर्शन न करें और न ही मन में स्त्री का स्मरण करें ।

हरि०–कलौ युगे पशुभाव दिव्यभावयोरसत्त्वे हेतुं दर्शयितुं प्रथमतः पशुदिव्ययोर्विधेयानि यानि कर्माणि तानि दर्शयति द्वाभ्याम् । पत्रमित्यादि। आहरेत् आनयेत् ।।५४।।

दिव्यश्च देवताप्रायः शुद्धान्तःकरणः सदा ।
द्वन्द्वातीतो वीतरागः सर्वभूतसमः क्षमी ।।५५।।

पद्मा–दिव्य भाव की प्राप्ति के लिये देवता के समान सदा शुद्ध अन्तःकरण वाला निर्द्वन्द्व, वीतरागी, सभी प्राणियों के प्रति समान दृष्टि एवं क्षमाशील होना है ।

हरि०–दिव्यश्चेति। भवेदित्यध्याहार्य्यम् । देवताप्रायः देवतुल्यः। द्वन्द्वातीतः सुखदुःख-शीतोष्णादि युगलानि द्वन्द्वानि तान्यतीतोऽतिक्रान्तः तत्सहनशील इत्यर्थः। वीतरागः वीतो विशेषेण गतो रागः प्रीतिर्मात्सर्यं वा यस्य यस्माद्वा सः। रागोऽनुरागे मात्सर्ये इति कोशः। सर्वभूतसमः सर्वेषु भूतेषु समः रागद्वेषादिशून्यः। क्षमी परेणापकारे कृते तस्य प्रत्यपकारानाचरणं क्षमा तद्वान् ।।५५।।

कलिकल्मषयुक्तानां सर्वदाऽस्थिरचेतसाम् ।
निद्राऽऽलस्य प्रसक्तानां भावशुद्धिः कथं भवेत् ।।५६।।

पद्मा–कलियुग के दोषों से युक्त सभी मनुष्य अस्थिरचित्त निद्रा एवं आलस्य से युक्त होंगे। फिर इनकी भावशुद्धि किस प्रकार होगी ।

हरि०–एवं पशुदिव्ययोर्विधेयानि कर्म्माणि प्रदर्शयेदानीं सर्वदा चञ्चलचित्तानां निद्राल-स्यप्रसक्तानां नानाविधदुष्कृतशालिनां पशुदिव्यविधेयककर्म्मसाधनायोग्यानां कलिजन्मनां मनुष्याणां पशुभावदिव्यभावौ न सिध्यति इति प्रतिपादयितुमाह । कलीत्यादि ।।५६।।

वीरसाधनकर्म्माणि पञ्चतत्त्वोदितानि च ।
मद्यं मांस तथा मत्स्यमुद्रामैथुनमेव च ।
एतानि पञ्चतत्त्वानि त्वया प्रोक्तानि शङ्कर ।।५७।।

पद्मा–हे शिव! वीरसाधन के सन्दर्भ में आपने पञ्चतत्त्व के विषय में कहा है। मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा व मैथुन यह पांच तत्त्व आपने कहे हैं ।

हरि०–वीरेत्यादि। हे शङ्कर लोककल्याणकर्तुः पञ्च मद्यादीनि तत्त्वानि उदितान्युक्तानि येषु। एवम्भूतानि वीरसाधनकर्म्माणि मद्यमांसादीनि पञ्चतत्त्वानि च त्वया प्रोक्तानीत्यन्वयः।।५७।।

कलिजा मानवा लुब्धाः शिश्नोदरपरायणाः ।
लोभात्तत्र पतिष्यन्ति न करिष्यन्ति साधनम् ।।५८।।

पद्मा–कलियुग में जन्मे मनुष्य लोभी एवं कामुक तथा उदरपरायण होंगे। वे लोभवश इन पञ्च तत्त्वों से पतित होंगे, साधन नहीं करेंगे ।

हरि०–कलिजा इति। तत्र मद्यादिपञ्चतत्त्वेषु ।।५८।।

इन्द्रियाणां सुखार्थाय पीत्वा च बहुलं मधु ।
भविष्यन्ति मदोन्मत्ता हिताहितविवर्जिताः ।।५९।।

पद्मा–कलियुग के लोग इन्द्रिय सुख के लिये अत्यधिक मधु (मद्य) का पान करके मद से उन्मत्त होकर हित-अहित के ज्ञान से शून्य होंगे ।

हरि०–**इन्द्रियाणामिति।** मधु मद्यम् ।।५९।।

परस्त्रीधर्षकाः केचिद्दस्यवो बहवो भुवि ।
न करिष्यन्ति ते मत्ताः पापायोनिविचारणम् ।।६०।।
अतिपानादिदोषेण रोगिणो बहवः क्षितौ ।
शक्तिहीना बुद्धिहीना भूत्वा च विकलेन्द्रियाः ।।६१।।
ह्रदे गर्त्ते प्रान्तरे च प्रासादात् पर्वतादपि ।
पतिष्यन्ति मरिष्यन्ति मनुजा मदविह्वलाः ।।६२।।

पद्मा–उनमें से अनेक दूसरे की स्त्रियों का सतीत्व नाश करेंगे और अनेक चौर्यवृत्ति का सहारा लेंगे। वे सब महापापी पुरुष उन्मत्त होकर योनि का विचार नहीं करेंगे। असीमित पान दोष से इस पृथ्वी पर मद्‌विह्वल लोग रोगी, निर्बल एवं विकल इन्द्रिय होकर जलाशय, गर्त, अरण्य, भवन, पर्वत आदि से गिरकर मृत्यु को प्राप्त होंगे ।

हरि०–**परस्त्रीत्यादि।** परस्त्रीधर्षकाः परस्त्र्यभिभवकर्त्तारः। दस्यवश्चौराः। ह्रदे अगाधजलाधारे। प्रान्तरे ग्रामस्य दूरे वृक्षलतादिशून्येऽध्वनि ।।६०-६२।।

केचिद्विवादयिष्यन्ति गुरुभिः स्वजनैरपि ।
केचिन्मौना मृतप्राया अपरे बहुजल्पकाः ।।६३।।
अकार्य्यकारिणः क्रूरा धर्ममार्गविलोपकाः ।
हिताय यानि कर्म्माणि कथितानि त्वया प्रभो ।।६४।।
मन्ये तानि महादेव विपरीतानि मानवे ।
के वा योगं करिष्यन्ति न्यासजातानि केऽपि वा ।।६५।।
स्तोत्रपाठं यन्त्रलिपिं पुरश्चर्यां जगत्पते ।
युगधर्म्मप्रभावेण स्वभावेन कलौ नराः ।
भविष्यन्त्यतिदुर्वृत्ताः सर्वथा पापकारिणः ।।६६।।

पद्मा–कुछ मदोन्मत्त जन अपने बड़े एवं गुरुजनों से वाद-विवाद करेंगे। कुछ मौन रहेंगे, कुछ मृतप्राय होंगे और कुछ बहुत वाद-विवाद करके अपने ही मत स्थापित करने वाले होंगे। कुछ अनुचित एवं क्रूरकर्म करने वाले एवं धर्म मार्ग के विलोपक होंगे। हे प्रभो! आपने प्राणियों के हितार्थ जिन कार्यो का उपदेश किया है, वह कलियुग में विपरीत हो जायेंगे । कौन व्यक्ति योग का अभ्यास करेगा ? कौन न्यासादि करेगा ? कौन स्तोत्र पाठ करेगा ? कौन व्यक्ति यन्त्राधार में पूजा करेगा और कौन व्यक्ति पुरश्चरण करेगा ? हे जगत्पते! युगधर्म के प्रभाव से मनुष्य लोग स्वभावतः बड़े दुराचारी एवं सदा पाप करने वाले होंगे ।

हरि०–केचिदिति। गुरुभिः पित्रादिभिः। मौनाः न किञ्चिदपि व्याहरन्तः। योगं तन्त्रादिप्रयुक्त तत्तत् पुण्यकर्मरुपमुद्धारोपायम्। पुरश्चर्य्या पुरश्चरणम् ॥६३-६६॥

तेषामुपायं दीनेश कृपया कथय प्रभो ।
आयुरारोग्यवर्चस्यं बलवीर्य्यविबर्द्धनम् ॥६७॥

पद्मा–हे दीनेश प्रभो ! कृपा कर कलि में उत्पन्न मनुष्यों के निस्तार का उपाय कहें जिससे उनकी आयु, आरोग्य, तेज, बल, वीर्य आदि की वृद्धि हो ।

हरि०–तेषामित्यादि। तेषां नराणाम्। आयुरारोग्यवर्चसम् आयुषे आरोग्याय वर्चसे तेजसे च हितम् ॥६७॥

विद्याबुद्धिप्रदं नृणामप्रयत्नशुभङ्करम् ।
येन लोका भविष्यन्ति महाबलापराक्रमाः ॥६८॥
शुद्धचित्ताः परहिता मातापित्रोः पियङ्कराः ।
स्वदारनिष्ठः पुरुषाः परस्त्रीषु पराङ्मुखाः ॥६९॥
देवतागुरुभक्ताश्च पुत्रस्वजनपोषकाः ॥७०॥

पद्मा–कलियुग के मनुष्यों को विद्या, बुद्धि प्राप्त हो। बिना प्रयत्न के शुभत्वप्राप्त हो जिससे सभी लोग महाबली, महापराक्रमी, शुद्धचित्त होकर परोपकार में तत्पर हों, माता-पिता का प्रिय करने वाले हों, पुरुष अपने पत्नी के प्रति एकनिष्ठ और परस्त्री विमुख होकर देवता-गुरु-भक्त तथा पुत्र स्वजनादि के पोषक हों।

हरि०–विद्येत्यादि। येन उपायेन ॥६८-७०॥

ब्रह्मज्ञा ब्रह्मविद्याश्च ब्रह्मचिन्तनमानसाः ।
सिद्ध्यर्थं लोकयात्रायाः कथयस्व हिताय यत् ॥७१॥
कर्त्तव्यं यदकर्त्तव्यं वर्णाश्रमविभेदतः ।
विना त्वां सर्वलोकानां कस्त्राता भुवनत्रये ॥७२॥

इति श्री महानिर्वाणतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्मनिर्णय सारे श्रीमदाद्याशिवसंवादे जीवनिस्तारोपायप्रश्नो नाम प्रथमोल्लासः ॥१॥

पद्मा–जिस उपाय से यह सब ब्रह्मज्ञ, ब्रह्मविद्या के ज्ञाता और ब्रह्म की चिन्तन में तत्पर हों। मनुष्यों के लोक-यात्रा के निर्वाह हेतु एवं पारलौकिक हित के लिये आप कृपा करके उसी उपाय का वर्णन करें। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्रादि वर्ण एवं आश्रम भेद से जो कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य हैं, उन्हें कृपा करके प्रकट करें। त्रिलोक में आपको छोड़कर समस्त लोगों का उद्धार करने वाला कौन है ? ।

श्री महानिर्वाण तन्त्र के प्रथम उल्लास की 'पद्मा' हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥१॥

हरि०–ब्रह्मज्ञा इति। ब्रह्मविद्याः सर्वं ब्रह्मैवेति प्रज्ञावन्तः। लोकयात्रायाः लोक-निर्वाहस्य ॥७१-७२॥

द्वितीयोल्लासः

इति देव्या वचः श्रुत्वा शङ्करो लोकशङ्करः ।
कथयामास तत्त्वेन महाकारुण्यवारिधिः ।।१।।

पद्मा–भगवती के इस प्रकार के वचन को सुनकर, लोक-कल्याणकारी करुणा के सागर भगवान् शिव ने तत्त्व कथा का आरम्भ करते हुये कहा ।

हरि०–ॐ नमो ब्रह्मणे ।

शङ्कर इदानीं कृतजीविनस्तारोपायप्रश्नां पार्वतीं तत्प्रश्नश्च स्तुवंस्तां प्रत्युत्तरं दातुमुपक्रमते। इतीत्यादि । लोकशङ्करः जनानां कल्याणस्योत्पादकः । महाकारुण्यवारिधिः महादया-समुद्रः ॥१॥

श्री सदाशिव उवाच

साधु पृष्टं महाभागे जगतां हितकारिणि ।
एतादृशः शुभः प्रश्नो न केनापि कृतः पुरा ।।२।।

पद्मा–श्री सदाशिव ने कहा–हे महाभागे ! तुम जगत की हितकारिणी हो। तुमने बहुत ही अच्छा प्रश्न किया है। ऐसा शुभ और श्रेष्ठ प्रश्न इससे पूर्व किसी ने नहीं किया है ।

धन्याऽसि सुकृतज्ञाऽसि हिताऽसि कलिजन्मनाम् ।
यद्यदुक्तं त्वया भद्रे सत्यं सत्यं यथार्थतः ।।३।।

पद्मा–हे भद्रे ! तुम धन्य हो, सुकृतज्ञ हो। कलियुग में उत्पन्न समस्त प्राणियों की वास्तविक हितकारिणी हो । तुमने जो कुछ कहा है वह निश्चित रूप से सत्य है, इसमें सन्देह नहीं ।

विशेष-श्लोक २ एवं ३ पर हरिहरानन्द भारती की टीका नहीं है।

सर्वज्ञा त्वं त्रिकालज्ञा धर्म्मज्ञा परमेश्वरि ।
भूतं भवद्भविष्यञ्च धर्म्मयुक्तं त्वया प्रिये ।।४।।

पद्मा–हे परमेश्वरि ! तुम सर्वज्ञ, त्रिकाल की ज्ञाता एवं धर्म को जानने वाली हो। हे प्रिये!, भूत, भविष्य, वर्तमान धर्मयुक्त जो कहा है ।

हरि०–सर्वज्ञेत्यादि। भवत् वर्त्तमानम् ॥४॥

यथातत्त्वं यथान्यायं यथायोग्यं न संशयः ।
कलिकल्मषदीनानां द्विजादीनां सुरेश्वरि ।।५।।
मेध्यामेध्याविचाराणां न शुद्धिः श्रौतकर्म्मणा ।
न संहिताद्यैः स्मृतिभिरिष्टसिद्धिर्नृणां भवेत् ।।६।।

पद्मा–वह वास्तव में न्यायानुसार, योग्य एवं सत्य है। हे सुरेश्वरि ! कलि दोष से ग्रसित, दीन भाव को प्राप्त हुए द्विजादिकों को पवित्र-अपवित्र का विचार नहीं होगा। मनुष्यों को पुराण, संहिता एवं स्मृतियों से इष्ट सिद्धि न होगा ।

हरि०–कलीति। कलिकल्मषदीनानां कलियुगसम्बन्धिदुष्कृतहेतुकदुर्गतिशलिनां मेध्या-मेध्याविचाराणां पवित्रापवित्रविचारशून्यानाम् अतएव द्विजादीनां ब्राह्मणप्रभृतीनां श्रौतकर्म्मणा वेदोक्तेन कर्म्मणा शुद्धिर्न भवेत् ॥५-६॥

सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यं मयोच्यते ।
विना ह्यागममार्गेण कलौ नास्ति गतिः प्रिये ।।७।।

पद्मा–हे प्रिये ! मैं सत्य-सत्य पुनः सत्य कहता हूँ। कलियुग में आगम द्वारा निर्दिष्ट मार्ग के अतिरिक्त अन्य कोई गति नहीं है ।

हरि०–सत्यमिति। हीत्यवधारणे ॥७॥

श्रुतिस्मृतिपुराणादौ मयैवोक्तं पुरा शिवे! ।
आगमोक्तविधानेन कलौ देवान् यजेत् सुधीः ।।८।।
कलावागममुल्लङ्घ्य योऽन्यमार्गे प्रवर्तते ।
न तस्य गतिरस्तीति सत्यं सत्यं न संशयः ।।९।।

पद्मा–हे शिवे ! पूर्वकाल में श्रुति, स्मृति, पुराणादि शास्त्र मेरे द्वारा ही कहे गये हैं। कलियुग में बुद्धिमान् व्यक्ति आगमोक्त विधि से देवताओं की पूजा करे। कलियुग में आगमशास्त्र का उल्लंघन कर जो व्यक्ति अन्य मार्ग का अनुसरण करेगा, उसका उद्धार नहीं होगा। यह निस्सन्देह रूप से सत्य है ।

हरि०–श्रुतीत्यादि। हे शिवे! सुधीर्विचक्षणः आगमोक्त विधानेन देवान् यजेत् पूज-येत् इति पुरा पूर्वं श्रुतिस्मृतिपुराणौ मयैवोक्तमित्यन्वयः ॥८-९॥

सर्वैर्वेदैः पुराणैश्च स्मृतिभिः संहितादिभिः ।
प्रतिपाद्योऽस्मि नान्योऽस्ति प्रभुर्जगति मां विना ।।१०।।

पद्मा–समस्त वेद, पुराण, स्मृति एवं संहितादि शास्त्रों के मैं ही प्रतिपाद्य हूँ। मेरे अतिरिक्त इस जगत् का अन्य कोई प्रभु नहीं है ।

हरि०–स्वमत प्रामाण्याय प्रथमत आत्मन् एव सर्वोत्तमत्वं व्याहर्त्तुमाह सर्वैरित्यादि। यत इत्यध्याहार्य्यम् । प्रतिपाद्यः बोधयितव्यः ॥१०॥

आमनन्ति च ते सर्वे मत्पदं लोकपावनम् ।
मन्मार्गविमुखा लोकाः पाखण्डा ब्रह्मघातिनः ।।११।।

पद्मा–वेदादि समस्त शास्त्र मेरे पद को लोकपावन मानते हैं। मेरे मार्ग से विमुख सभी लोग पाखण्डी एवं ब्रह्मघाती हैं ।

हरि०–आमन्तीति। सर्वे ते वेदादयो मत्पदं मदीयं स्थानं लोकपावनं लोकानां पूतत्वजनकमामनन्ति बोधयन्ति। ब्रह्मघातिनो भवेयुरिति शेषः ॥११॥

अतो मन्मतमुत्सृज्य यो यत् कर्म्म समाचरेत् ।
निष्फलं तद्भवेद्देवि कर्ताऽपि नारकी भवेत् ।।१२।।
मूढो मन्मतमुत्सृज्य योऽन्यन्मतमुपाश्रयेत् ।
ब्रह्महा पितृहा स्त्रीघ्नः स भवेन्नात्र संशयः ।।१३।।

पद्मा–इसीलिये जो मनुष्य मेरे मत को त्याग कर जो कर्म करता है, हे देवि ! उसका वह कर्म विफल हो जाता है तथा मनुष्य नरकगामी होता है। जो मूर्ख मेरे मत को छोड़कर अन्य मत को ग्रहण करता है वह ब्रह्महत्यारा, पितृघाती एवं स्त्रीघातक होता है। इसमें संशय नहीं है ।

हरि०–अत इत्यादि । उत्सृज्य परित्यज्य। तत् कर्म्म ॥१२-१३॥

कलौ तन्त्रोदिता मन्त्राः सिद्धास्तूर्णफलप्रदाः ।
शस्ताः कर्म्मसु सर्वेषु जपयज्ञक्रियादिषु ।।१४।।

पद्मा–कलियुग में तन्त्रोक्त समस्त मन्त्र सिद्ध एवं शीघ्र सिद्धिप्रदायक हैं। जप, यज्ञ क्रियादि में एवं समस्त कर्मों में वे प्रशस्त हैं ।

हरि०–अथ वेदोक्तानां मन्त्राणां कलौ निष्प्रभावत्वं तत्तत्फलानिष्पादकत्वञ्च प्रतिपादयंस्तन्त्रोदितानामेव मन्त्राणां सिद्धत्वात् झटिति तत्तत्फलप्रदातृत्वाच्चातिप्राशस्त्यमाह कलावित्यादिभिः ॥१४॥

निर्व्वीर्याः श्रौतजातीया विषहीनोरगा इव ।
सत्यादौ सफला आसन् कलौ ते मृतका इव ।।१५।।

पद्मा–कलियुग में वेदोक्त समस्त मन्त्रविषहीन सर्प के समान शक्तिहीन हैं। सत्यादि युगों में वे मन्त्रफलदायक थे, किन्तु कलियुग में मृत व निष्फल हैं ।

हरि०-निर्व्वीर्य्या इत्यादि। ये श्रौतजातीया वेदोदिता मन्त्राः सत्यादौ युगे सफलास्तत्तत्फलोत्पादका आसन् ते सर्वे मन्त्राः कलौ युगे विषहीना उरगाः सर्पा इव निर्वीया निष्प्रभा मृतका इव तत्तत्फलानिष्पादकाश्च बोद्धव्या इत्यन्वयः॥१५॥

पाञ्चालिका यथा भित्तौ सर्वेन्द्रियसमन्विताः ।
अमूरशक्ताः कार्येषु तथान्ये मन्त्रराशयः ।।१६।।

पद्मा–जिस प्रकार भित्ति (दीवार) में बनी हुई पुतली आंख, कान, नाक आदि समस्त इन्द्रियों से युक्त होने पर भी कार्य करने में असमर्थ है, उसी प्रकार तन्त्र में कथित मन्त्रों के अतिरिक्त मन्त्र उन कार्यों को करने में असफल रहते हैं ।

हरि०–पाञ्चालिका इत्यादि। भित्तौ स्थिताः सर्वेरिन्द्रियैः समन्विता युता अमू पाञ्चालिका वक्त्रदन्तादिभिर्निर्म्मिताः पुत्रिकाः यथा कार्येष्वशक्त असमर्थाः भवन्ति तथैवान्ये

तन्त्रोक्तभिन्ना मन्त्राशयो मन्त्रसमूहा: कलौ तत्तत्कार्यानिष्पादकाश्रेया:। पाञ्चालिका पुत्रिका स्याद्वक्त्रदन्तादिभि कृतेत्यमर: ॥१६॥

अन्यमन्त्रैः कृतं कर्म्म बन्ध्यास्त्रीसङ्गमो यथा ।
न तत्रफलसिद्धिः स्यात् श्रम एव हि केवलम् ।।१७।।
कलावन्योदितैर्मार्गैः सिद्धिमिच्छति यो नरः ।
तृषितो जाह्नवीतीरे कूपं खनति दुर्मतः ।।१८।।

पद्मा–तन्त्रोक्त मन्त्रों के अतिरिक्त अन्य प्रकार के मन्त्रों से कार्य करने पर फल नहीं प्राप्त होता है। जिस प्रकार से वन्ध्यास्त्री के सङ्गम से पुत्र की प्राप्ति नहीं होती है, केवल परिश्रममात्र होता है। जो मनुष्य इस कलिकाल में अन्य कथित मार्ग से सिद्धि पाने की आकांक्षा रखता है, वह दुर्मति मानो प्यासा होकर गंगा के किनारे कुँआ खोदता है ।

हरि०–अन्येत्यादि। यथा वन्ध्यास्त्रीसङ्गमोऽपत्यरुपफलसाधको न भवति। एवमन्यमन्त्रै: कृतं यत् कर्म्म। तत्र तस्मिन् कर्म्मणि कृते सति फलसिद्धि फलनिष्पतिर्न स्यात् केवलं श्रम एव स्यात् । हीति निश्चयेन ॥१७-१८॥

मद्वक्त्रादुदित धर्म्मं हित्वाऽन्यद्धर्म्ममीहते ।
अमृतं स्वगृहे व्यक्त्त्वा क्षीरमार्कं स वाञ्छति ।।१९।।

पद्मा–मेरे मुख से कहे गये धर्म का त्याग कर जो मूर्ख मनुष्य अन्य धर्म को स्वीकार करता है अथवा इच्छा करता है, वह मानो अपने घर में रखे हुए अमृत को छोड़कर आक के दूध की इच्छा करता है ।

हरि०–मद्वक्त्रादिति । मद्वक्त्रात् मम मुखात् उदितं कथितम् । ईहते वाञ्छति। आर्कम् अर्कवृक्षोद्भवम् ॥१९॥

नान्यः पन्था मुक्तिहेतुरिहामुत्र सुखाप्तये ।
यथा तन्त्रोदितो मार्गो मोक्षाय च सुखाय च ।।२०।।
तन्त्राणि बहुधोक्तानि नानाख्यानान्वितानि च ।
सिद्धानां साधकानाञ्च विधानानि च भूरिशः ।।२१।।

पद्मा–तन्त्र द्वारा कहा गया मार्ग जिस प्रकार सुख (मोक्ष) मुक्ति का कारण एवं लोक परलोक में सुख प्राप्ति का हेतु हैं, उस प्रकार अन्य कोई भी मार्ग नहीं है। विविध प्रकार के आख्यानों से युक्त बहुत से तन्त्र मेरे द्वारा कहे गये हैं। उनमें सिद्धों व साधकों के साधन विधान विस्तार से कहे गये हैं ।

हरि०–नान्य इति । अमुत्र परे लोके ॥२०-२१॥

अधिकारिविभेदेन पशुबाहुल्यतः प्रिये ।
कुलाचारोदितं धर्म्मं गुप्त्यर्थं कथितं क्वचित् ।।२२।।

पद्मा–हे प्रिये ! अधिकारी-भेद से पशुभाव की अधिकता होने के कारण रक्षा हेतु यही

पद्मा–हे प्रिये ! अधिकारी-भेद से पशुभाव की अधिकता होने के कारण रक्षा हेतु यही गुप्त रखने योग्य कुलाचार धर्म कहा गया है।

हरि०–अधिकारीत्यादि। हे प्रिये! अधिकारिविभेदेनाधिकारिणां विशेषेण पशूनां बाहुल्यतश्च हेतोः क्वचित् कुलाचारोदितं कुलाचारोक्तं धर्म्मं गुप्त्यर्थं कथितम् ॥२२॥

जीवप्रवृत्तिकारीणि कानिचित् कथितान्यपि ।
देवा नानाविधा प्रोक्तां देव्योऽपि बहुधाः प्रियं ।।२३।।
भैरवाश्चैव वेताला वटुका नायिका गणाः ।
शाक्ताः शैवा वैष्णवाश्च सौरा गाणपतादयः ।।२४।।

पद्मा–जीवों की प्रवृत्ति करने वाले भी कुछ तन्त्र-कर्म कहे गये हैं। हे प्रिये ! विविध प्रकार के देव एवं अनेक प्रकार की देवियों के विषय में भी कहे गये हैं। भैरव, बेताल, वटुक, नायिकागण, शैव, शाक्त, वैष्णव, सौर एवं गाणपत्य का भी वर्णन किया गया है।

हरि०–जीवेत्यादि। अधिकारिविभेदेनेत्यनुषज्यते। कानिचित् तन्त्राणि अपीत्यस्य जीवप्रवृत्तिकारीणीत्यत्रान्वयः कर्त्तव्यः॥२३-२४॥

नानामन्त्राश्च यन्त्राणि सिद्धोपायान्यनेकशः ।
भूरिप्रयाससाध्यानि यथोक्त फलदानि च ।।२५।।

पद्मा–अनेक प्रकार के मन्त्र, यन्त्र, विविध प्रकार के सिद्धोपाय, यथोक्त-फलप्रदायक, अत्यन्त ही श्रम से सिद्ध होने वाले अनेक उपाय भी कहे गये हैं ।

हरि०–नानेत्यादि। सिद्धोपायानि सिद्धाः सिद्धिमन्त उपाया तेषु तानि ॥२५॥

यथा यथा कृताः प्रश्ना येन येन यदा यदा ।
तदा तस्योपकारस्य तथैवोक्तं मया प्रिये ।।२६।।
सर्वलोकोपकाराय सर्वप्राणिहिताय च ।
युगधर्मानुसारेण यथातथ्येन पार्वति ।।२७।।
त्वया यादृक्कृताः प्रश्ना न केनापि पुरा कृताः ।
तव स्नेहेन वक्ष्यामि सारात्सारं परात्परं ।।२८।।

पद्मा–हे प्रिये ! जिस-जिस समय जिन-जिन व्यक्तियों ने जो जो प्रश्न पूछा है, उन लोगों के हित हेतु मैंने उसी अनुरुप कहा है। हे पार्वति ! समस्त लोगों के हित हेतु, समस्त प्राणियों के कल्याण हेतु युग के धर्मानुसार यथोचित रूप से तुमने जिस प्रकार का प्रश्न किया है, उस प्रकार का प्रश्न कभी किसी ने नहीं किया। तुम्हारे स्नेह के कारण ही मैं सर्वश्रेष्ठ तन्त्र का भी वर्णन करता हूँ ।

हरि०–यथेत्यादि। यथा यथा यादृशा यादृशाः प्रश्नाः तथैव तादृशमेवोत्तरम् । सर्वलोकोपकारायेत्यस्य त्वया यादृक्कृतः प्रश्न इत्यनेनान्वयः करणीय ॥२६-२८॥

वेदानामागमानाञ्च तन्त्राणाञ्च विशेषतः ।

सारमुद्धृत्य देवेशि तवाग्रे कथ्यते यथा ।।२९।।

पद्मा–हे देवेशि! वेद, आगम, विशेष कर तन्त्रशास्त्र के सार को उद्धृत करके मैं तुम्हारे समक्ष कहता हूँ।

हरि०–वेदानामित्यादि। सारं स्थिरांशम् ॥२९॥

यथा नरेषु तन्त्रज्ञाः सरितां जाह्नवी यथा ।
यथाऽहं त्रिदिवेशानामागमानामिदं तथा ।।३०।।
किं वेदैः किं पुराणैश्च किं शास्त्रैर्बहुभिः शिवे ।
विज्ञातेऽस्मिन् महातन्त्रे सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ।।३१।।

पद्मा–जिस प्रकार मनुष्यों में तन्त्रज्ञानी श्रेष्ठ हैं, नदियों में श्रीगंगा जी श्रेष्ठ हैं, देवताओं में मैं श्रेष्ठ हूँ। उसी प्रकार तन्त्रों में महानिर्वाण तन्त्र श्रेष्ठ है। हे शिवे ! समस्त वेद, पुराण एवं अनेक प्रकार के शास्त्रों का अनुशीलन करने से क्या फल मिलता है ? इस महातन्त्र के ज्ञान मात्र से ही समस्त सिद्धियों का साधक स्वामी हो जाता है।

हरि०–अर्थ सर्वतन्त्रेभ्यो महानिर्वाणतन्त्रस्य सदृष्टान्तं श्रेष्ठयमाह। यथेत्तयादिना। तन्त्रज्ञा उत्तमा इति शेषः। इदं महानिर्वाणतन्त्रम् ॥३०-३१॥

यतो जगन्मङ्गलाय त्वयाऽहं विनियोजितः ।
अतस्ते कथयिष्यामि यद्विश्वहितकृद्भवेत् ।।३२।।

पद्मा–जिस प्रकार जगत् के कल्याण हेतु तुमने मुझे नियुक्त किया है, अतः जिसके द्वारा विश्व का कल्याण हो; मैं उसको कहता हूँ।

हरि०-यत इत्यादि विनियोजितः प्रवर्त्तितः॥३२॥

कृते विश्वहिते देवि विश्वेशः परमेश्वरि ।
प्रीतो भवति विश्वात्मा यतो विश्वं तदाश्रितम् ।।३३।।

पद्मा–हे देवि! हे परमेश्वरि ! विश्व का हित करने से परमेश्वर प्रसन्न होते हैं; क्योंकि वही विश्वात्मा हैं एवं विश्व उन्हीं का आश्रय लेकर स्थित है।

हरि०–ननु विश्वहितोत्पादकोपायकथनाद्भवतः को लाभोऽत आह कृत इत्यादि। हे देवि! विश्वहिते कृते सति विश्वेशो विश्वेषामस्मदादीनां सर्वेषां नियन्ता परमेश्वरः प्रीतो भवति। ननु विश्वहितोत्पादनात् परमेश्वरे कथं प्रीतिरुत्पद्यते तत्राह विश्वात्मेति। यतः परमेश्वरो विश्वमात्मनि यस्य तथाभूतो भवति, अतो विश्वहितोत्पादनेन तत्र प्रीतिर्जायते इति भावः। ननु तस्य विश्वात्मात्वमेव कथं स्यात्तत्राह यतो विश्वमित्यादि। यतो विश्वं तदाश्रितं तं परमेश्वरमाश्रितं वर्तते विश्वात्मा स भवति ॥३३॥

स एक एव सद्रूपः सत्योऽद्वैतः परात्परः ।
स्वप्रकाशः सदापूर्णः सच्चिदानन्दलक्षणः ।।३४।।

पद्मा–वे एक अद्वितीय सत्य, सद्रूप, परात्पर, स्वप्रकाश, सदापूर्ण एवं सच्चिदानन्द स्वरूप है।

हरि०–अथ सत्यत्वात्तद्ध्यानादेः सर्वेषां प्रीतिजनकत्वान्निर्वाणहेतुत्वाच्च परमात्मैवैको ध्येयः पूज्यः सुखाराध्यश्चेत्यभिधातुं प्रथमतः परमात्मन् एवैकस्य सत्यत्वं तदन्यस्याखिलपदार्थस्य मिथ्यात्वमस्तीति प्रतिपादयति स एक एवेत्यादिभिः। सद्रूपः सत्स्वभाव स परमेश्वर एवैकः सत्यः तदन्यस्तु सर्वः पदार्थोऽसत्यो ज्ञेयः। तत्सत्यत्वे हेतून् दर्शयन्नाह अद्वैत इत्यादि। यतोऽद्वैत सजातीयविजातीयद्वितीयशून्यः अतएव परब्रह्मादेरपि परः श्रेष्ठः स्वेनौवात्मनै व प्रकाशते इति स्वप्रकाशः चन्द्रसूर्य्यादिप्रकाशनिरपेक्ष इत्यर्थः। सदापूर्णः सर्वदा अखण्डः। सच्चिदानन्दलक्षणः सन्तौ सर्वदा स्थायिनौ यौ चिदानन्दौ ज्ञानानन्दौ तत्स्वरुपः ॥३४॥

निर्विकारो निराधारो निर्विशेषो निराकुलः ।
गुणातीतः सर्वसाक्षी सर्वात्मा सर्वदृग्विभुः ।।३५।।

पद्मा–वे निर्विकार, निराधार, निर्विशेष, आकुलतारहित, गुणातीत, समस्त प्रकार के शुभ-अशुभ कर्मों के साक्षात् द्रष्टा, सभी की आत्मा, सभी को देखने वाला विभु हैं ।

हरि०–निर्विकारः प्रकृतेरन्यथाभावो विकारः तद्रहितः। निराधारः आश्रय शून्यः। निर्विशेषः स्वगतभेदरहितः। निराकुलः आकुलता शून्यः। गुणातीतः गुणाः शीतोष्णः सुखदुःखादयः सत्त्वादयो वा तानतीतोऽतिक्रान्तः। सर्वसाक्षी सर्वेषां शुभाशुभकर्मणां साक्षात् द्रष्टा। सर्वात्मा सर्वस्वरूपः। सर्वदृक् अखिलस्य पदार्थस्यावलोकयिता। विभुः प्राप्तसमस्तैश्वर्यः॥३५॥

गूढः सर्वेषु भूतेषु सर्वव्यापी सनातनः ।
सर्वेन्द्रियगुणाभासः सर्वेन्द्रियविवर्जितः ।।३६।।

पद्मा–वे सर्वव्यापी समस्त भूतों में गूढ़भाव से स्थित हैं, वे समस्त इन्द्रियों से रहित है, तथापि समस्त इन्द्रियाँ एवं इन्द्रियों के विषय उन्हीं से दीप्त होते हैं।

हरि०–सर्वेषु चराचरेषु भूतेषु गूढः संवृतः। सर्वव्यापी सकलपदार्थव्यापनशीलः। सनातनः आद्यन्तशून्यः। सर्वेन्द्रियगुणाभासः सर्वाणीन्द्रियाणि गुणांश्च तद्विषयानाभासयति यः तथाभूतः। सर्वेन्द्रियविवर्जितः चक्षुरादिसकलेन्द्रियशून्यः॥३६॥

लोकातीतो लोकहेतुरवाङ्मनसगोचरः ।
स वेत्ति विश्वं सर्वज्ञस्तं न जानाति कश्चन् ।।३७।।

पद्मा–वे लोकातीत, त्रिभुवन का कारण तथा वाक्य, मन से अगोचर, सर्वज्ञ, विश्व को सम्पूर्ण रुप से जानने वाला है, उन्हें कोई भी नहीं जानता है ।

हरि०–**लोकातीतोऽतिक्रान्तलोकः**। लोकहेतुः भुवनवीजम्। अवाङ्मनसगोचरः वाचो मनसश्चाविषयः। सर्वज्ञः स परमात्मा विश्वं सर्वजगद्वेति जानाति तं परमात्मानन्तु कश्चन अपि न जानाति अतः परमात्मैवैकः सत्य तद्भिन्नस्त्वखिलः पदार्थोनैवम्भूतत्वादसत्य इत्यर्थः॥३७॥

तदधीनं जगत् सर्वं त्रैलोक्य सचराचरम् ।
तदालम्बनतस्तिष्ठेदवितर्क्यमिदं जगत् ।।३८।।
तत्सत्यतामुपाश्रित्य सद्विद्धाति पृथक् पृथक् ।
तेनैव हेतुभूतेन वयं जाता महेश्वरि ।।३९।।

पद्मा–यह सम्पूर्ण जगत् उन्हीं के अधीन है। सम्पूर्ण त्रिभुवन एवं चराचर जगत् उन्हीं पर आश्रित है। यह वितर्क से रहित जगत् परमात्मा के सत्यत्व का आश्रय लेकर इस पृथ्वी, जल, वायु इत्यादि रुपों में पृथक्-पृथक् सत्य के समान प्रकाशित होता है। हे महेश्वरि ! 'ब्रह्म' हेतु भूत होकर भी मुझसे ही उत्पन्न हुआ है ।

हरि०–तदधीनमित्यादि। यत इति अध्याहार्यम् । यतः सर्वं जगत्तदधीनं परमात्मवशवर्त्ति। सचराचरं जङ्गमस्थावरसहितं त्रैलोक्यं तदालम्बनतः परमात्मावलम्बन तस्तिष्ठेत् । इदम् वितर्क्य मनूहनीयं जगत् तत्सत्यतां परमात्मसत्यत्वमुपाश्रित्य इयं पृथ्वी इमा आपः अयं वाय रित्यादिरूपेण पृथक्-पृथक् सद्वत् स्वल्पविद्भाति प्रकाशते इत्यन्वयः। वयं शङ्करादयः॥३८-३९॥

कारणं सर्वभूतानां स एकः परमेश्वरः ।
लोकेषु सृष्टिकरणात् स्रष्टा ब्रह्मेति गीयते ।।४०।।
विष्णुः पालयिता देवि संहर्ताऽहं तदिच्छया ।
इन्द्रादयो लोकपालाः सर्वे तद्वशवर्त्तिनः ।।४१।।
स्वे स्वेऽधिकारे निरतास्ते शासति तदाज्ञया ।
त्वं परा प्रकृतिस्तस्य पूज्याऽसि भुवनत्रये ।।४२।।

पद्मा–वे ही परमेश्वर समस्त प्राणियों का एकमात्र कारण हैं। ब्रह्मा समस्त लोकों की सृष्टि करने के कारण 'स्रष्टा' कहे जाते हैं। हे देवि ! उनकी (परमेश्वर) इच्छा से ही श्रीविष्णु पालन करते हैं तथा 'पालयिता' कहे जाते हैं। उनकी इच्छा से संहार करने में नियुक्त मैं जगत् में 'संहर्ता' नाम से जाना जाता हूँ। इन्द्रादि समस्त लोकपाल सभी उनके वश में हैं। उनकी आज्ञा से वे अपने-अपने अधिकार में नियुक्त होकर जगत् का शासन करते हैं। उनकी 'परा-प्रकृति' हो, इसीलिये तीनो भुवन में तुम पूजित हो ।

हरि०–कारणमित्यादि । एकः केवलः। तदिच्छया परमेश्वरेच्छया। सृष्टिकरणाल्लोकेषु ब्रह्मा स्रष्टेति गीयते शब्द्यते। तदिच्छयैव सृष्टजगत्पालनात् विष्णुः पालयितेति गीयते। तत्संहरणाच्चाऽहं संहर्त्तेति गीयते। इन्द्रादय इत्यादि। तद्वशवर्त्तिनः परमेश्वराधीना ये इन्द्रादयो लोकपालास्ते सर्वो स्वेअधिकारे निरताः सन्तस्तदाज्ञया लोकान् शासतीत्यन्वयः ॥४०-४२॥

तेनान्तर्यामिरूपेण तत्तद्विषययोजिताः ।
स्वस्वकर्म्म प्रकुर्व्वन्ति न स्वतन्त्राः कदाचन् ।।४३।।
यद्भयाद्वाति वातोऽपि सूर्य्यस्तपति यद् भयात् ।
वर्षन्ति तोयदाः काले पुष्यन्ति तरवो वने ।।४४।।

पद्मा–वे परमात्मा अन्तर्यामी रुप में उन सभी को उनके अपने विषयों में नियुक्त कर उनसे कार्य करवाते हैं। कोई जीव कभी भी स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर सकता है। जिसके भय से वायु का प्रवाह होता है, जिसके भय से सूर्य ताप प्रदान करता है। मेघ समय पर वर्षा करते हैं तथा वन में पुष्प खिलते हैं ।

हरि०–तेनेत्यादि। ते॰ ॰रमात्मना तत्तद्विषययोजिता: तस्मिन् तस्मिन् विषये प्रवर्तिता:। न स्वत त्रा: न स्वाधीना:.. ॰-४४॥

कालं कालयते काले मृत्योर्मृत्युर्भियो भयम् ।
वेदान्तवेद्यो भगवान् यत्तच्छब्दोपलक्षितः ॥४५॥

पद्म.-जो प्रलयकाल में काल को भी ग्रसते हैं (नाश करते हैं) जो मृत्यु के भी मृत्यु तथा भय के भी भय हैं, जो वेदान्त के द्वारा जानने योग्य हैं, जो यत् यत्शब्दों से उपलक्षित हैं वे ही भगवान् हैं ।

हरि०–कालिमित्यादि। काले प्रलयसमये कालमपि कालयते नाशं गमयति भियो भयस्य। यत्तच्छब्दोपलक्षित: यत्तच्छब्दाभ्यां बोधित:॥४५॥

सर्वे देवाश्च देव्यश्च तन्मया सुरवन्दिते ।
आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं तन्मयं सकलं जगत् ॥४६॥

पद्मा–हे देवताओं की वन्दनीय ! सभी देवी-देवता इसी में तन्मय है। ब्रह्मा से लेकर तृणादि पर्यन्त समस्त जगत् तन्मय है ।

हरि०–सर्वे इत्यादि। तन्मया: परमात्मस्वरुपा:। आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं ब्रह्माणमारभ्य तृणादिगुच्छपर्यन्तं सकलं सम्पूर्णं जगत्तन्मयं परब्रह्मस्वरूपं भवति ॥४६॥:

तस्मिंस्तुष्टे जगत्तुष्टं प्रीणिते जगत् ।
तदाराधनतो देवि सर्वेषां प्रीणनं भवेत् ॥४७॥

पद्मा–उन्हीं परमात्मा के सन्तुष्ट होने पर जगत् संतुष्ट होता है, प्रसन्न होने पर सम्पूर्ण जगत् प्रसन्न होता है। हे देवि ! उसकी आराधना से सभी को प्रीति होती है ।

हरि०–तस्मिन्नित्यादि। अत इति शेष:। तस्मिन् परमात्मनि ॥४७॥

तरोर्मूलाभिषेकेण यथा तद्भुजपल्लवाः ।
तृप्यन्ति तदनुष्ठानात् तथा सर्वेऽमरादयः ॥४८॥

पद्मा–जिस प्रकार से वृक्ष की जड़ को सींचने पर उसकी शाखा व पत्ते बढ़ते हैं उसी प्रकार उन परमेश्वर की आराधना से सभी देवता तृप्त हो जाते हैं ।

हरि०–परब्रह्माराधनतः सर्वेषां प्रीणने दृष्टान्तमाह तरोरित्यादि। तद्भुजपल्लवा तरो: शाखा किसलयानि च। तदनुष्ठानात् परमेश्वराराधनात् ॥४८॥

यथा तवार्च्चनाद्ध्यानात् पूजनाज्जपनात् प्रिये ।
भवन्ति तुष्टाः सुन्दर्यस्तथा जानीहि सुव्रते ॥४९॥
यथा गच्छन्ति सरितोऽवशेनापि सरित्पतिम् ।
तथार्च्चादीनि कर्म्माणि तदुद्देश्यानि पार्वति ॥५०॥
यो यो यान् यान् यजेद्देवान् श्रद्धया यद्यदाप्तये ।
तत्तद्ददाति सोऽध्यक्षस्तैस्तैर्देवगणैः शिवे ॥५१॥

पद्मा–हे प्रिये ! हे सुव्रते ! जिस प्रकार तुम्हारी अर्चना, ध्यान, पूजन तथा जप से

समस्त देवियाँ प्रसन्न होती हैं। हे पार्वति ! जिस प्रकार समस्त नदियाँ विवश होकर समुद्र में जाती हैं, उसी प्रकार पूजन, अर्चन, ध्यानादि कर्म एक ईश्वर में जाते हैं।

जो जो मनुष्य जिस-जिस फल की प्राप्ति हेतु जिस-जिस देवता की पूजा श्रद्धा के साथ करता है, हे शिवे ! वही परमेश्वर रूपी अध्यक्ष उन देवताओं के माध्यम से वही फल उस मनुष्य को प्राप्त होता है।

हरि०-यथेत्यादि। पूजनात् मानसार्च्चनात्। **यथेत्यादि।** तदुद्देश्यानि स परमात्मा उद्देश्यो येषामर्च्चादिकर्मणां तानि। यो य इत्यादि। यद्यदाप्तये यस्य यस्य फलस्य लाभाय। अध्यक्षः सर्वेषां प्राणिनां तत्तत्क्रियासु प्रवर्त्तकः। ॥४९-५१॥

बहुनाऽत्र किमुक्तेन तवाऽग्रे कथ्यते प्रिये।
ध्येयः पूज्यः सुखाराध्यस्तं विना नास्ति मुक्तये ॥५२॥

पद्मा-हे प्रिये ! तुम्हारे सम्मुख और अधिक तुमसे क्या कहूँ, उस परमात्मा के ध्यान, पूजन एवं सुखाराध्य के अतिरिक्त मुक्ति का अन्य कोई मार्ग नहीं है।

हरि०-बहुनेत्यादि। सुखेनाराध्य उपास्यः सुखाराध्यः ॥५२॥

नाऽऽयासोः नोपवासश्च कायक्लेशो न विद्यते।
नैवाऽऽचारादिनियमो नोपचाराश्च भूरिशः॥५३॥

पद्मा-उन परब्रह्म परमेश्वर की उपासना में परिश्रम उपवास, काय-क्लेश (शरीर को कष्ट) आचारादि नियम या उपचार की आवश्यकता नहीं है।

हरि०-सुखाराध्यत्वमेव दर्शयन्नाह। नायास इत्यादि। आयासः परिश्रम ॥५३॥

न दिक्कालविचारोऽस्ति न मुद्रान्याससंहतिः।
यत्साधने कुलेशानि तं विनाकोऽन्यमाश्रयेत् ॥५४॥

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्म्मनिर्णयसारे
श्रीमदाद्याशिवसंवादे जीवनिस्तारोपायप्रश्नो
नाम द्वितीयोल्लासः॥२॥

पद्मा-हे कुलेशानि ! (परब्रह्म के) साधन में दिशा एवं काल के विचार की आवश्यकता नहीं है, मुद्रा एवं न्यास का भी प्रयोजन नहीं है; अतः उन ईश्वर के अतिरिक्त कोई दूसरे का आश्रय भला कौन ग्रहण करेगा।

श्रीमहानिर्वाणतंत्र के द्वितीय उल्लास की 'पद्मा' हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥५४॥

हरि०-तं परमात्मानम् ॥५४॥

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रटीकायां द्वितीयोल्लासः॥२॥

तृतीयोल्लासः

श्रीदेव्युवाच

देवदेव महादेव देवतानां गुरोर्गुरो ।
वक्ता त्वं सर्वशास्त्राणां मन्त्राणां साधनस्य च ।।१।।
कथितं यत् परं ब्रह्म परमेशं परात्परम् ।
यस्योपासनतो मर्त्यो भुक्तिं मुक्तिश्च विन्दति ।।२।।
केनोपायेन भगवन् परमात्मा प्रसीदति ।
किं तस्य साधनं देव मन्त्रं को वा प्रकीर्तितः ।।३।।
किं ध्यानं किं विधानञ्च परेशस्य परात्मनः[१] ।
तत्त्वेन श्रोतुमिच्छामि कृपया कथय प्रभो ।।४।।

पद्मा–श्री देवी ने कहा–हे देवाधि देव, महादेव ! आप देवताओं के गुरु के भी गुरु हैं। आप सभी शास्त्रों, मन्त्रों एवं साधनों के उपदेष्टा हैं। आपने परात्पर परब्रह्म परमेश्वर का वर्णन किया, जिनकी उपासना से मनुष्य भोग एवं मोक्ष को प्राप्त करता है। हे भगवन्! परमात्मा किस उपाय के द्वारा प्रसन्न होते हैं। हे देव! उनकी साधना व मन्त्र किस प्रकार का है। हे प्रभो! उन परमात्मा परब्रह्म का ध्यान एवं विधान कैसा है, मैं उस तत्त्व को सुनने को इच्छुक हूँ। आप कृपा करके उसका वर्णन कीजिए ।

हरि०–ॐ नमो ब्रह्मणे

कैवल्यार्थ परमात्मैव ध्येयः पूज्यः सुखाराध्यश्चेत्याकर्ण्य तद्ध्यानादिकं जिज्ञासुः सदाशिवं प्रशंसन्ती देव्युवाच। देवदेवेत्यादि। देवतानां गुरोर्वृहस्पतेरपि गुरो। विन्दति लभते। तस्य परमात्मनः। तत्त्वेन याथार्थ्येन ।।१-४।।

श्री सदाशिव उवाच

अतिगुह्यं परं तत्त्वं शृणु मत्प्राणवल्लभे ।
रहस्यमेतत् कल्याणि न कुत्रापि प्रकाशितम् ।
तव स्नेहेन वक्ष्यामि मम प्राणाधिकं परम् ।।५।।

पद्मा–श्री सदाशिव ने कहा–हे मेरी प्राणवल्लभे ! यह परम तत्त्व अत्यन्त ही गोपनीय है। हे कल्याणि ! इसका रहस्य मैंने आज तक प्रकाशित नहीं किया है। तुम्हारे स्नेहवश मैं इसे कह रहा हूँ। यह तत्त्व मुझे प्राणों से भी अधिक प्रिय है। इसका श्रवण करो।।५।।

हरि०–अथोत्तरयन् सदाशिव उवाच। अतिगुह्यमित्यादि। अतिगुह्यमतिरहस्यं परं तत्त्वं परं ब्रह्म। तत्त्वं ब्रह्मणि याथार्थ्ये इति कोशः। रहस्यं गुह्यम् ।।५।।

---

१. परेतस्य महात्मनः इति वा पाठः।

ज्ञेयं भवति तद्ब्रह्म सच्चिद्विश्वमयं परम् ।
तथा तत्त्वस्वरूपेण लक्षणैर्वा महेश्वरि ।।६।।

पद्मा–हे महेश्वरि ! सत् चित् विश्वमय उस परब्रह्म को रुप लक्षण एवं तटस्थ लक्षण द्वारा जाना जाता है ।

हरि०–ज्ञेयमित्यादि। हे महेश्वरि सच्चिदविश्वमयं सत् सदा स्थायि चित् चैतन्यं विश्वमशेषं जगत् एतत् स्वरूपं यदतिगुह्यं तत् परं ब्रह्म। तत्त्वस्वरूपेण। ब्रह्मण: स्वरूपेण लक्षणेन तटस्थैर्वा लक्षणैर्यथावत् ज्ञेयं भवति लक्ष्यते। ज्ञायते पदार्थो यै: तानि लक्षणानि तै:। करणेल्युट् ।।६।।

सत्तामात्रं निर्विशेषमवाङ्मनसगोचरम् ।
असत्त्रिलोकीसद्भानं स्वरूपं ब्रह्मणः स्मृतम् ।।७।।

पद्मा–जो सत्ता मात्र, निर्विशेष, वाणी एवं मन के अगोचर हैं जो असत्य त्रिलोकी में सत्य भाषित होता है वही ब्रह्म का स्वरूप कहा जाता है ।

हरि०–ननु किं तत्तत्त्वस्वरुपं येन परं ब्रह्म ज्ञेयं भवेदित्यपेक्षायां ब्रह्मण: स्वरुपं निरुपयति सत्तामात्रमित्यादि। यत् सत्तामात्रं केवल परमार्थसत्त्वस्वरुपनिर्विशेषं स्वगतभेदरहितम्। असत्त्रिलोकीसद्भानम् असत्या मिथ्याभूतायास्त्रिलोक्या: सद्भभानं सद्वद्ज्ञानं यस्मात् ब्रह्मण: स्वरूपं स्मृतम् ।।७।।

समाधियोगैस्तद्वेद्यं सर्वत्र समदृष्टिभिः ।
द्वन्द्वातीतैर्निर्विकल्पैर्देहात्माध्यासवर्जितैः ।।८।।

पद्मा–जो समाधि योग के द्वारा जाना जाता है। जो समस्त प्राणियों में समदर्शन है, जो सभी प्रकार के द्वन्द्वों से रहित है निर्विकल्प है अर्थात् कल्पनाशून्य है तथा शरीर निष्ठ आत्मत्व बुद्धि रहित है ।

हरि०–तच्च ब्रह्मस्वरूपं परमहंसैरेव वेदितव्यमित्याह समाधीत्यादिना। सर्वत्र समदृष्टिभि: सर्वत्रारिमित्रादौ समा तुल्या दृष्टिर्येषां तै:। द्वन्द्वातीतै: अतिक्रान्तसुख दु:खशीतोष्णादिभि:। निर्विकल्पैर्नानाविधकल्पनाशून्यै:। देहात्माध्यासवर्जितै: शरीरनिष्ठात्मत्वबुद्धिरहितैर्योगिभि:। दर्शनादय: तै करणै: तद्ब्रह्म वेद्यं भवति अथवा समाधीयते चित्तमस्मिन्निति समाधि: परमेश्वर: उपसर्गे घ्वो: किरित्यधिकरणे किं। तत्र योगा: सम्यग्दर्शनादयो येषां तै: समाधियोगैर्जनै:।।८।।

यतो विश्वं समुद्भूतं येन जातञ्च तिष्ठति ।
यस्मिन् सर्वाणि लीयन्ते ज्ञेयं तद्ब्रह्म लक्षणैः ।।९।।

पद्मा–जिससे यह सम्पूर्ण विश्व (ब्रह्माण्ड) उत्पन्न होता है, जिससे उत्पन्न होकर स्थित रहता है तथा प्रलय समय में यह सम्पूर्ण विश्वलीन हो जाता है वही ब्रह्म है जो तटस्थ लक्षण द्वारा जाना जाता है ।

हरि०–तटस्थलक्षणानि दर्शयन्नाह यतो विश्वमित्यादि। यतो हेतुभूतात् विश्वमशेषं

जगत् समुद्भूतं जातम् । जातञ्च सद्विश्वं येनावलम्बनभूतेन तिष्ठति। प्रलयकाले सर्वाणि चराण्यचराणि च भूतानि यस्मिन् लीयन्ते लीनानि भवन्ति तद्ब्रह्म तटस्थैरेतैर्लक्षणर्ज्ञेयं वेदितव्यम् ॥९॥

स्वरुपबुद्ध्या यद्वेद्यं तदेव लक्षणैः शिवे ।
लक्षणैराप्तुमिच्छूनां विहितं तत्र साधनम् ॥१०॥

पद्मा–हे शिवे ! स्वरूप बुद्धि द्वारा जो ब्रह्म जाना जाता है, वही तटस्थ लक्षण द्वारा जाना जाता है। तटस्थ लक्षण के द्वारा जो ब्रह्म जानने के इच्छुक हैं उनके लिये साधन उपेक्षित है ।

हरि०–स्वरूपलक्षणेन तटस्थलक्षणेन च वेदितव्यः ब्रह्मणो भेदो नास्तीति प्रतिपादयितुमाह स्वरूपबुद्ध्येत्यादि। हे शिवे! स्वरुपबुद्ध्या यद्ब्रह्म वेद्यं ज्ञेयं भवति, तदेव ब्रह्म तटस्थैरपि लक्षणैर्वेद्यं भवेत् । स्वरूपलक्षणेन ब्रह्माधिन्तुमिच्छतां जनानां साधनानपेक्षत्वात्तटस्थैरेव लक्षणतटस्थलक्षणेषु मध्ये तटस्थैर्लक्षणेब्रह्माप्तुमधिगन्तुमिच्छूनां जनानां साधनं विहितम् ॥१०॥

तत्साधनं प्रवक्ष्यामि शृणुष्वावहिता प्रिये ।
तत्रादौ कथयाम्याद्ये मन्त्रोद्धारं महेशितुः ॥११॥

पद्मा–हे प्रिये ! उस साधन को सावधान होकर सुनो। हे महेशानि ! सर्वप्रथम मैं मन्त्रोद्धार का वर्णन करता हूँ ।

हरि०–**तदित्यादि**। हे प्रिये! तत्साधनं तटस्थलक्षणैर्वेद्यस्य ब्रह्मणः साधनमहं प्रवक्ष्यामि अवहिता सावधानां सतीत्वं शृणुष्व। तत्र साधने वक्तव्ये आदौ प्रथमतो महेशितुर्महेश्वरस्य मन्त्रोद्धारं कथयामि ॥११॥

प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य सच्चित्पदमुदाहरेत् ।
एकं पदान्ते ब्रह्मेति मन्त्रोद्धारः प्रकीर्त्तितः ॥१२॥

पद्मा–सर्वप्रथम प्रणव अर्थात् ॐ का उच्चारण कर तत्पश्चात् 'सच्चित' पद का उच्चारण करें। तदुपरान्त 'एकं' पद इसके बाद 'ब्रह्म' पद का उच्चारण करने से मन्त्रोद्धार होता है। इस प्रकार मन्त्र बनता है–ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म' यह सप्ताक्षरी मन्त्र है ।

हरि०–मन्त्रोद्धारमेव कथयति प्रणवमित्यादिना। पूर्वं प्रथम प्रणवमोङ्कारमुद्धृत्य ततोऽनन्तरं सच्चित्पदमुदाहरेत् वदेत् । सच्चित्पदान्ते च एकं ब्रह्मेत्युदाहरेत् । ततश्च ॐ सच्चिदेकं ब्रह्मेत्याकारको मन्त्रो निष्पन्नः। मन्त्रोद्धारोऽयमेव प्रकीर्त्तितः कथितः॥१२॥

सन्धि क्रमेण मिलितः सप्तार्णोऽयं मनर्मतः ।
तारहीनेन देवेशि षड्वर्णोऽयं मनुर्भवेत्[1] ॥१३॥

पद्मा–हे देवेशि ! सन्धि क्रम के अनुसार मिलकर यह मन्त्र सप्ताक्षर अर्थात् सात

---

१. *षडवर्णोयो मनुर्मत इति पाठः ।*

अक्षरों का होगा। प्रणवरहित अर्थात् ॐ पृथक कर देने से यह मन्त्र षड्क्षर अर्थात् छः अक्षरों का होगा।

हरि०–सन्धीति । हे देवेशि! सन्धिक्रमेण मिलित सङ्गतोऽयं मनुर्मन्त्रः सप्तार्णः सप्त-वर्णको मतः। तारहीनेन प्रणवत्यागेनायं पूर्वोक्त एव मनुः षड्वर्णो भवेत् ।।१३।।

सर्वमन्त्रोत्तमः साक्षाद्धर्मार्थकाममोक्षदः ।
नात्र सिद्धाद्यपेक्षाऽस्ति नारिमित्रादिदूषणम् ।।१४।।

पद्मा–यह मन्त्र समस्त मन्त्रों में श्रेष्ठ है। यह साक्षात् धर्म-अर्थ-काम तथा मोक्ष को प्रदान करने वाला है। इस मन्त्र में सिद्धादि चक्र के विचार की अपेक्षा नहीं होती है तथा शत्रु-मित्र आदि के दोष की सम्भावना नहीं है।

हरि०–अथेमं मन्त्रं स्तौति सर्वेत्यादिना। अयं मन्त्रः सर्वेषु मन्त्रेषूत्तमः श्रेष्ठः। सर्वमन्त्रोत्तमत्वमेवाह साक्षादित्यादिना ।।१४।।

न तिथिर्न च नक्षत्रं न राशिगणनं तथा ।
कुलाकुलादिनियमो[1] न संस्कारोऽत्र विद्यते ।
सर्वथा सिद्धमन्त्रोऽयं नात्र कार्या विचारणा ।।१५।।

पद्मा–इस मन्त्र के ग्रहण में तिथि, नक्षत्र, राशि, कुलाकुलादि चक्र के नियम संस्कार आदि के गणना की आवश्यकता नहीं है। यह मन्त्र सर्वथा सिद्ध मन्त्र है। इसमें किसी प्रकार के विचार की आवश्यकता नहीं है।

हरि०–न तिथिरिति । तिथिर्न गणनीयेति शेषः ।।१५।।

बहुजन्मार्जितैः पुण्यैः सद्गुरुर्यदि लभ्यते ।
तदा तद्वक्त्रतो ज्ञात्वा[2] जन्मसाफल्यमाप्नुयात् ।।१६।।

पद्मा–अनेक जन्मों के प्राप्त पुण्यों के फल से यदि सद्गुरु प्राप्त हो जाय तो उनके श्री मुख से निकले हुये इस मन्त्र को ग्रहण करने से साधक का जन्म सफल हो जाता है।

हरि०–अथैतस्य मन्त्रस्य ग्रहीतुः पुरुषस्य सर्वोत्तमत्वं प्रतिपादयितुमाह वदित्यादि। तद्वक्त्रतः सद्गुरुमुखात् मन्त्रमिमं ज्ञात्वा ।।१६।।

चतुर्वर्गं करे कृत्वा परत्रेह च मोदते ।।१७।।

पद्मा–वह साधक धर्म, अर्थ काम एवं मोक्ष को प्राप्त कर इस लोक एवं परलोक में आनन्द भोग करता है।

हरि०–चतुर्वर्गमिति । धर्मार्थकाममोक्षैरुपलक्षितो वर्गः समूहश्चतुर्वर्गम् । त्रिवर्गो धर्मकामार्थैश्चतुर्वर्गः समोक्षकैरित्यमरः। परत्र परलोके ।।१७।।

सः धन्यः स कृतार्थश्च स कृती स च धार्मिकः ।
स स्नातः सर्वतीर्थेषु सर्वयज्ञेषु दीक्षितः ।।१८।।

---

१. कुलाकुलानां नियमः इति पाठः । २. लब्ध्वा इति पाठः।

सर्वशास्त्रेषु निष्णातः सर्वलोकप्रतिष्ठितः ।
यस्य कर्णपथोपान्तप्राप्तो[1] मन्त्रमहामणिः ।।१९।।

पद्मा–महामणिरूपी यह मन्त्र जिसके कानों में पहुँचता है, वही धन्य है। वही कृतार्थ है, वही कृती है, वही धार्मिक है, वही समस्त तीर्थों में नहाये हुये हैं, वही समस्त यज्ञों में दीक्षित हुआ है। वह व्यक्ति ही समस्त शास्त्रों में निष्णात है तथा समस्त लोकों में प्रतिष्ठित है ।

हरि०–निष्णातो निपुणः। कर्णपथस्योपान्तं प्राप्तः कर्थपथोपान्तप्राप्तः। मन्त्र एव महामणिः॥१८-१९॥

धन्या माता पिता तस्य पवित्र तत्कुलं शिवे ।
पितरस्तस्य सन्तुष्टा मोदन्ते त्रिदशैः सह ।
गायन्ति गायनीं गाथां पुलकाञ्चितविग्रहाः ।।२०।।

पद्मा–हे शिवे ! उस साधक के माता-पिता धन्य हैं उसका कुल पवित्र है, उसके पितृगण सन्तुष्ट होकर देवताओं के साथ आनन्द लाभ करते हुए तथा पुलकित शरीर से यह गाथा गाया करते हैं ।

हरि०–पितर इति । गीयते इति गायनी ताम् । ल्युट् वेति बाहुलकात् कर्मणि ल्युट्। पुलकैः रोमहर्षणैरञ्चिता अधिगता विग्रहा देहा येषां तथाभूताः सन्तः। (पुलकाङ्कितविग्रहा इति पाठेऽप्यङ्कितं चिह्नितमित्यर्थः)॥२०॥

अस्मत्कुले कुलश्रेष्ठो जातो ब्रह्मोपदेशिकः ।
किमस्माकं गयापिण्डैः किं तीर्थैः श्राद्धतर्पणैः ।।२१।।
किं दानैः किं जपैर्होमैः किमन्यैर्बहुसाधनैः ।
वयमक्षयतृप्ताः स्म सत्पुत्रस्यास्यं साधनात् ।।२२।।

पद्मा–हमारे कुल में उत्पन्न पुत्र ने ब्रह्ममन्त्र की दीक्षा लेकर कुल को पवित्र किया है। हम लोगों के हेतु गया में पिण्डदान, तीर्थ एवं श्राद्ध व तर्पण की आवश्यकता नहीं है। हमारे लिये दान, जप, होम तथा बहुत से अन्य साधनों की अवश्यकता नहीं है। हम अपने इस सत्पुत्र द्वारा किये गये कार्य से ही अक्षय तृप्ति को प्राप्त हो गये हैं।

हरि०–तां गाथामेवाह अस्मत्कुल इत्यादिभ्यां द्वाभ्याम् । ब्रह्मोपदेशिकः ब्रह्मोपदेशवान्। अक्षयतृप्ताः अविनश्वरतृप्तिमन्तः ॥२१-२२॥

शृणु देवि जगद्वन्द्ये सत्यं सत्यं मयोच्यते ।
परब्रह्मोपासकानां किमन्यैः साधनान्तरैः ।।२३।।

पद्मा–हे देवि! हे जगद्वन्द्ये! सुनो! मैं तुमसे सत्य-सत्य कहता हूँ। ब्रह्म के उपासक को अन्य किसी साधन की आवश्यकता नहीं है ।

हरि०–श्रुणिवत्यादि । साधनान्तरैः साधनविशेषैः ॥२३॥

---

१. कर्णपथोपान्ते प्राप्तः इति पाठ ।

मन्त्रग्रहणमात्रेण देही ब्रह्ममयो भवेत् ।
ब्रह्मभूतस्य देवेशि किमवाप्यं जगत्त्रये ।।२४।।

पद्मा–हे देवेशि ! मन्त्र को ग्रहण करने मात्र से साधक ब्रह्ममय हो जाता है तथा जो ब्रह्ममय हो जाता है उसके लिये तीनों लोकों में कुछ भी अप्राप्य नहीं है ।

हरि०–मन्त्रेत्यादि। किमवाप्यं किं लब्धव्यमस्ति अपि तु सर्ववस्तु लब्धमेवास्तीत्यर्थः।।२४।।

किं कुर्वन्ति ग्रहा रुष्टा वेतालाश्चेटकादयः ।
पिशाचा गुह्यका भूता डाकिन्यो मातृकादयः ।
तस्य दर्शनमात्रेण पलायन्ते पदाङ्मुखाः ।।२५।।

पद्मा–ग्रह, वेताल, चेटकगण, पिशाच, गुह्यक, भूत, डाकिनी आदि तथा मातृकागण साधक से रुष्ट होकर भी उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते हैं। यह सब साधक के दर्शन मात्र से पलायन कर जाते हैं ।

हरि०–तस्य ब्रह्मभूतस्य दर्शनमात्रेण पराङ्मुखाः सन्तो ग्रहादय पलायन्ते ।।२५।।

रक्षितो ब्रह्ममन्त्रेण प्रावृतो ब्रह्मतेजसा ।
किं विभेति ग्रहादिभ्यो मार्त्तण्ड इव चापरः ।।२६।।

पद्मा–ब्रह्ममन्त्र से रक्षित एवं ब्रह्मतेज से आवृत्त (ढका हुआ) वह साधक दूसरे सूर्य की भाँति है। उसे ग्रहादि से क्या भय होगा ?

हरि०–रक्षित इत्यादि । ब्रह्मभूतो जनो ग्रहादिभ्यो विभेति भीतो भवति किम् । किन्तु न विभेतीत्यर्थः। मार्त्तण्ड इव सूर्य इव ।।२६।।

तं दृष्ट्वा ते भयापन्नाः सिंहं दृष्ट्वा यथा गजाः ।
विद्रवन्ति च नश्यन्ति पतङ्गा इव पावके ।।२७।।

पद्मा–उस साधक को देखकर ग्रहादि उसी प्रकार भाग जाते हैं जैसे सिंह को देखकर हाथी भाग जाते हैं, और पतंग अग्नि में जलकर नष्ट हो जाते हैं ।

हरि०–तमित्यादि। तं परब्रह्मोपासकम् । ते ग्रहादयः। विद्रवन्ति पलायन्ते । पतङ्गा इव शलभा इव ।।२७।।

न तस्य दुरितं किञ्चिद्ब्रह्मनिष्ठस्य देहिनः ।
सत्यपूतस्य शुद्धस्य सर्वप्राणिहितस्य च ।
को वोपद्रवमन्विच्छेदात्मापघातकं विना ।।२८।।

पद्मा–वह ब्रह्मनिष्ठ साधक, सत्यपूत, सभी प्राणियों का हित करने वाला, शुद्ध अतःकरण युक्त होता है। वह किसी भी प्रकार के पापों से ग्रसित नहीं होता है। आत्मघाती के अतिरिक्त कौन मनुष्य ऐसे व्यक्ति के प्रति उपद्रव करने की इच्छा करेगा ।

हरि०–शुद्धस्य निर्मलान्तः करणस्य ।।२८।।

ये द्रुह्यन्ति खलाः पापाः परब्रह्मोपदेशिने[1] ।
स्वद्रोहं न प्रकुर्वन्ति ह्यतिरिक्तायतः सतः ।।२९।।

पद्मा–जो दुष्ट तथा पापात्मा मनुष्य परब्रह्म उपासक के साथ दुष्टता करते है वे स्वयं अपना ही अनिष्ट करते हैं; क्योंकि ब्रह्म तथा परब्रह्म का उपासक एक ही है इसके अतिरिक्त कोई भी नहीं है ।

हरि०–य इत्यादि । ये पापा: पापशालिन: खला दुर्जना: परब्रह्मोपदेशिने जनाय द्रुह्यन्ति तस्यापकारं विदधति ते पापा: स्वद्रोहमेव प्रकुर्वन्ति। परब्रह्मोपदेशिने इति क्रुधद्रुहेर्ष्यासूयार्थानां यं प्रति कोप इति सम्प्रदानत्वात् चतुर्थी सम्प्रदाने इति चतुर्थी । परब्रह्मोपदेशिजनद्रोहकरणात् स्वस्यैवापकारस्योत्पादने हेतुं दर्शयन्नाह नातिरिक्ता इत्यादि यतो हेतो सत: साधोब्रह्मभूताद् ब्रह्मोपदेशिनो जनात् तेऽतिरिक्ता भिन्ना न भवन्ति अत: स्वद्रोहमेव प्रकुर्वन्तीति भाव: ।।२९।।

स तु सर्वहितः साधुः सर्वेषां प्रियकारकः ।
तस्यानिष्टे कृते देवि को वा स्यान्निरुपद्रवः ।।३०।।

पद्मा–हे देवि ! वह ब्रह्मोपासक साधक सबका प्रिय, साधु एवं सभी का हितकारी होता है। ऐसे साधक का अनिष्ट कर कौन व्यक्ति शान्तिपूर्वक रह सकता है ।

हरि०–स तु ब्रह्मनिष्ठस्तु ।।३०।।

मन्त्रार्थं मन्त्रचैतन्यं यो न जानाति साधकः ।
शतलक्षप्रजप्तोऽपि तस्य मन्त्रो न सिद्ध्यति ।।३१।।
अतोऽस्यार्थञ्च चैतन्यं कथयामि शृणु प्रिये ।
अकारेण जगत्पाता संहर्त्ता स्यादुकारतः ।।३२।।

पद्मा–जो साधक मन्त्र का अर्थ तथा उसके चैतन्य करने की विधि को नहीं जानता है वह चाहे करोड़ बार भी जप कर ले, उसे मन्त्रसिद्ध नहीं होता है। हे प्रिये ! इसलिये मन्त्र का अर्थ एवं उसके चैतन्य करने की विधि कहता हूँ सुनो! अ उ 'म्' इन तीन वर्णों से मिलकर प्रणव अर्थात् 'ॐ' मन्त्र बनता है । अ का तात्पर्य है जगत् की रक्षा करने वाला 'उ' का तात्पर्य है संहार करने वाला ।

हरि०–मन्त्रार्थमिति तस्य साधकस्य यतो न सिद्धयति अत: प्रथमत: प्रणवार्थं निरुपयति अकारेणेत्यादिना ।।३१-३२।।

मकारेण जगत्स्रष्टा प्रणवार्थ उदाहृतः ।
सच्छब्देन सदा स्थायि चिच्चैतन्यं प्रकीर्त्तितम् ।।३३।।
एकमद्वैतमीशानि वृहत्त्वाब्रह्म गीयते ।
मन्त्रार्थः कथितो देवि साधकाभीष्टसिद्धिदः ।।३४।।

पद्मा–'म' कार का अर्थ है जगत् की सृष्टि करने वाला। प्रणव (ॐ) का यही अर्थ

१. *परब्रह्मोपदेशिनः इति पाठः ।*

कहा गया है। ''सत'' शब्द का अर्थ है 'सदा स्थिर'। 'चित' शब्द का अर्थ है चैतन्य। हे ईशानि! हे देवि! 'एक' शब्द का अर्थ है अद्वैत। वृहत् होने से ब्रह्म कहा गया है।

हरि०–अथ सच्चिदादिपदार्थमाह सच्छब्देनेत्यादिना ॥३३-३४॥

मन्त्रचैतन्यमेतत्तु तदधिष्ठातृदेवता ।
तज्ज्ञानं परमेशानि भक्तानां सिद्धिदायकम् ॥३५॥

पद्मा–हे परमेशानि ! मन्त्र का अधिष्ठात देवता ही 'मन्त्र का चैतन्य' है। मन्त्र के अधिष्ठातृ देवता का ज्ञान ही भक्तों को सिद्धि प्रदान करता है।

हरि०–अथमन्त्रचैतन्यमभिधत्ते मन्त्रेत्यादिना। हे परमेशानि! पातस्य मन्त्रस्याधिष्ठात्री देवता तस्या यत् ज्ञानमेतदेव मन्त्रचैतन्यं जानीहीत्यन्वयः। तच्चाधिष्ठातृदेवताज्ञानं भक्तानां सिद्धिदायकं भवेत् ॥३५॥

अस्याधिष्ठातृ देवेशि सर्वव्यापि सनातनम् ।
अवितर्क्यं निरातङ्क[1] वाचातीतं निरञ्जनम् ॥३६॥

पद्मा–हे देवेशि! जो सर्वव्यापी, सनातन, अवितर्क्य, वाणी से अतीत तथा निरञ्जन है।

हरि०–नन्वस्य मन्त्रस्य काऽधिष्ठात्री देवतेत्यपेक्षायामाह अस्येत्यादि। हे देवेशि सर्वव्यापि सकलपदार्थव्यापनशीलम्। सनातन प्रागभावध्वंसरहितम्। अवितर्क्यमनूहनीयम्। निराकारमाकृतिशून्यम्। वाचातीतमतिक्रान्तवाक्। निरञ्जनम् मनश्चक्षुराद्यविषयभूतम्। यद् ब्रह्म तदस्य मन्त्रस्याधिष्ठातृ भवेत् ॥३६॥

वाङ्मायाकमलाद्येन तारहीनेन पार्वति ।
दीयते विविधा विद्या माया श्रीः सर्वतोमुखी ॥३७॥

पद्मा–हे पार्वति ! यह मंत्र तार अर्थात् प्रणव (ॐ) से रहित होकर ऐं, ह्रीं, श्रीं को प्रारम्भ में जोड़ने से अनेक विद्यायें, माया तथा सर्वतोमुखी लक्ष्मी की प्राप्ति प्रदान करता है।

हरि०–**वागित्यादि।** हे पार्वति! वाङ्मायाकमलाद्येन ऐमिति ह्रीमिति श्रीमिति वीजमाद्यं यस्य तथाभूतेन। तारहीनेन प्रणवरहितेन पूर्वोक्तेन मन्त्रेण क्रमतो विविधा अनेकप्रकारा विद्या दीयते विविधा माया दीयते सर्वतो मुखं यस्य एवम्भूता श्रीर्लक्ष्मीर्दीयते। तथा ऐं सच्चिदेकं ब्रह्मेत्यनेन मन्त्रेण विद्या दीयते। ह्रीं सच्चिदेकं ब्रह्मेत्यनेन माया दीयते। श्रीं सच्चिदेकं ब्रह्मेत्यनेन तु श्रीरिति ॥३७॥

तारेण तारहीनेन प्रत्येकं सकलं पदम् ।
युग्मयुग्मक्रमेणाऽपि मन्त्रोऽयं विविधो भवेत् ॥३८॥

पद्मा–इस मन्त्र को प्रत्येक पद में अथवा सभी पदों में तारयुक्त अर्थात् प्रणवयुक्त या प्रणवहीन करने से मन्त्र के दो ही दो पदों प्रणवयुक्त या प्राणवीन करने से विविध प्रकार के मन्त्र बनते हैं।

हरि०–अथैतस्यैव मन्त्रस्य नानाविधत्वं सम्पादयति तारेणेत्यादिना। पूर्वोक्तमन्त्रस्य प्रत्येकं पदं सकलं वा पदं तारेण प्रणवेन सहितं कर्त्तव्यं तारहीनेन प्रणवत्यागेनोपलक्षितं वा विधेयम् । ततश्चायं मन्त्रो विविधो भवेत् । युग्मयुग्मक्रमेणापि। प्रणवसहितस्तद्रहितो वायं पूर्वोक्तां पदं यथा ओं सत् । ओं चित् । ओ एकम् । ओं ब्रह्म सत् । चित् । एकम् । ब्रह्म इति। प्रणवसम्बद्धं तद्सम्बद्धं समस्तं पदम् यथा ओं सच्चिदेकं ब्रह्मेति। युग्मयुग्मक्रमतो यथा ओं सद्ब्रह्म। चिद्ब्रह्म। एकं ब्रह्म। ङ्व सच्चित् । चिदेकमिति ।।३८।।

विशेष–प्रत्येक प्रद में प्रणव जोड़ने पर–ॐसत्, ॐचित्, ॐ एकं, ॐब्रह्म।

प्रणव रहित करने पर - सत् तं , चित, एकं, ब्रह्म ।

समस्त पदों में प्रणव जोड़ने पर – ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म ।

समस्त पदों में प्रणव रहित करने पर–सच्चिदेकं ब्रह्म।

दो-दो पदों में प्रणव जोड़ने पर–ॐ सद्, ब्रह्म, ॐचिद् ब्रह्म, ॐएकं, ब्रह्म, ॐ सच्चित्, ॐचिदेकम् ।

प्रणवरहित करने पर – सद्ब्रह्म, चिद् ब्रह्म, एकं ब्रह्म, सच्चिद् चिदेकम् ।।

ऋषिः सदाशिवो ह्यस्य छन्दोऽनुष्टुवुदाहृतम ।
देवता परमं ब्रह्म सर्वान्तर्यामि निर्गुणम् ।।३९।।
चतुर्वर्गफलावाप्त्यै विनियोगः प्रकीर्तितः ।
अङ्गन्यासकरन्यासौ कथयामि शृणु प्रिये ।।४०।।

पद्मा–इस मन्त्र के ऋषि सदाशिव, छन्द अनुष्टुप् देवता सर्वान्तर्यामी निर्गुण परब्रह्म हैं। चतुर्वर्ग-धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति हेतु विनियोग कहा गया है। हे प्रिये ! अङ्गन्यास तथा कर न्यास का वर्णन करता हूँ। उसका श्रवण करो ।

ऋष्यादिन्यास– शिरसि सदाशिवाय ऋषये नमः ।
मुखे अनुष्टुप् छन्दसे नमः ।
हृदि सर्वान्तर्यामिनिर्गुणपरब्रह्मणे देवतायै नमः ।
धर्मार्थ - काम मोक्षावाप्तये विनियोगः ।।३९-४०।।

हरि०–अथास्य मन्त्रस्य ऋष्यादिकमाह ऋषिरित्यादिना सार्द्धेन। अस्य मन्त्रस्य । सर्वान्तर्यामि सर्वान्तर्नियन्तृ । अस्य मन्त्रस्य सदाशिव ऋषिरनुष्टुप्छन्दः सर्वान्तर्यामि निर्गुण परमं ब्रह्म देवता धमार्थकाममोक्षावाप्तये विनियोगः। शिरसि सदाशिवाय ऋषये नमः। मुखेऽनुष्टुप्छन्दसे नमः हृदि सर्वान्तर्यामिनिर्गुणपरमब्रह्मणे देवतायै नमः धर्म्मार्थकाममोक्ष-वाप्तये विनियोगः। इति ऋषिन्यासं विधायाङ्गन्यासकरन्यासौ विधातव्यौ अतस्तावभिधा-तुमाह अङ्गन्यासेत्यादि ।।३९-४०।।

तारं सच्चिदेकमिति ब्रह्मेति सकलं ततः ।
अङ्गुष्ठार्जनीमध्यानामिकासु महेश्वरि ।।४१।।

कनिष्ठयोः करतलपृष्ठोः सुरवन्दिते ।
नमः स्वाहा वषट् हूँ वौषट् फड़न्तैर्यथाक्रमम् ।।४२।।
न्यसेन्न्यासोक्तविधिना साधकः सुसमाहितः ।
हृदादिकरपर्यन्तमेवमेव विधीयते ।।४३।।

पद्मा–हे महेश्वरि ॐ, सत्, चित् एकम् ब्रह्म को क्रम से उच्चारण करके अंगुष्ठ, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका तथा कनिष्ठा इन अंगुलियों में एवं दोनो करतल पृष्ठों में क्रमशः नमः, स्वाहा, वषट्, हुँ, वौषट्' तथा फट् को क्रम से अन्त में उच्चारण कर संयत चित्त से न्यासोक्त विधि से न्यास करें। इसी प्रकार हृदय से कर तक करे। जैसे ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। सत्तर्ज्जनीभ्यां स्वाहा, चिन्मध्यमाभ्यां वषट्, एकमनामिकाभ्यां हूँ। ब्रह्मकनिष्ठभ्यां वौषट् ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म करतलपृष्ठाभ्यांफट् यह करन्यास है। ॐ हृदयाय नमः। सच्छिरसे स्वाहा। विच्छिखायै वषट् । एकं कवचाय हूँ। ब्रह्म नेत्रत्र, याय वौषट्। ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् यह अंगन्यास है ।

हरि०–तयोर्मध्ये प्रथमतः करन्यासमाह तारमित्यादिभ्यां सार्द्धाभ्यां द्वाभ्याम् । हे महेश्वरि! हे सुखन्दिते। नमः स्वाहावषट् हूँ वौषट्फड़न्तेः अन्तभूतैर्नमः स्वाहावषट्हूँवौषट्फ-ट्रूपैः पदैर्विशिष्ट तारं प्रणवं सदिति चिदिति एकमिति ब्रह्मेति। ततोऽनन्तरम् । ॐ सच्चिदेकं ब्रह्मेति सकलञ्च पदम् अङ्गुष्ठ तर्जनीमध्यानामिकासु कनिष्ठयोः करतलपृष्ठोश्च न्यासोक्तविधिना सुसमाहितोऽतिसावधानः सन् साधको यथा क्रमं न्यसेत् । क्रमो यथा ओं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। सत्तर्ज्जनीभ्यां स्वाहा। चिन्मध्यमाभ्यां वषट्। एकमनाभिकाभ्यां हूँ। ब्रह्मक-निष्ठाभ्यां वौषट्। ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म करतलपृष्ठाभ्यां फट् । इति करन्यासः। अथाङ्गन्यासमाहार्द्धेन हृदित्यादि। हृदादिकरपर्य्यन्तं प्रत्येवमेव न्यासो विधीयते। यथा ओं हृदयाय नमः। सच्छिरसे स्वाहा। चिच्छिखायै वषट्। एक कवचाय हूँ। ब्रह्मनेत्रत्रयाय वौषट्। ओं सच्चिदेकं ब्रह्म करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् इति ।।४१-४३।।

प्राणायामं ततः कुर्यात् मूलेन प्रणवेन वा ।
मध्यमानामिकाभ्याञ्च दक्षहस्तस्य पार्वति ।।४४।।
वामानासापुटं धृत्वा दक्षनासापुटेन च ।
पूरयेत् पवनं मन्त्री मूलमष्टमितं जपन् ।।४५।।
अङ्गुष्ठो दक्षनासां धृत्वा कुम्भकयोगतः ।
जपेद्द्वात्रिंशताऽऽवृत्त्या ततो दक्षिणनासया ।।४६।।
शनैः शनैस्त्यजेद्वायुं जपन् षोडशधा मनुम् ।
वामानासापुटेऽप्येवं पूरकुम्भकरेचकम् ।।४७।।
पुनर्दक्षिणतः कुर्यात् पूर्ववत् सुरपूजिते ।
प्राणायामविधिः प्रोक्तो ब्रह्ममन्त्रस्य साधने ।।४८।।

पद्मा–हे पार्वति ! तत्पश्चात् मूलमन्त्र या प्रणव से प्राणायाम करे। दाहिने हाथ की

मध्यमा तथा अनामिका अंगुलियों से बायें नासापुट को बन्द कर दाहिने नासापुट से वायु को आकर्षित करके आठ बार मूल मन्त्र से या प्रणव का जप करे, तत्पश्चात् अंगूठे से दाहिने नासापुट को बन्द कर कुम्भक (श्वास की गति को अवरुद्ध कर) कर बत्तीस बार जप करे। तदुपरान्त दाहिने नासापुट से धीरे-धीरे श्वांस छोड़ते हुए सोलह बार मन्त्र का जप करे। इसी इसी प्रकार बायें नासापुट से रेचक, पूरक एवं कुम्भक करे। हे सुरपूजिते! तत्पश्चात् दाहिने नासापुट से प्रारम्भ करके बायें नासापुट पर क्रम से पूर्व की भाँति रेचक, पूरक एवं कुम्भक करें। मैंने ब्रह्ममन्त्र के साधन में प्राणायाम की यह विधि तुमसे कही।

हरि०–एवमङ्गन्यासकरन्यासौ विधाय प्राणायामो विधेय इत्याह प्राणायाम-मित्यादिना। ततोऽनन्तरम् ओं सच्चिदेकं ब्रह्मेत्यादि मूलमन्त्रेण प्रणवेन ओंकारेण वा प्राणायामं कुर्यात्। ननु प्राणायामः। कथं विधातव्य इत्यपेक्षायां तद्विधानमाह मध्येमेत्यादिभिः सार्द्धैश्चतुर्भिः। हे पार्व्वति दक्षिणहस्तस्य मध्यमानामिकाभ्यामङ्गुलिभ्यां वामनासापुटं धृत्वा मन्त्री साधकोऽष्टमिदं मूलमन्त्रं जपन् सन् दक्षिणनासापुटेन पवनं वायु पूरयेत्। ततो दक्षहस्तस्यैवाङ्गुष्ठेन दक्षनासापुटं धृत्वा कुम्भकयोगतो द्वात्रिंशता आवृत्त्या मूल मन्त्रं जपेत्। ततः षोडशधामनु मूलमन्त्रं जपन् सन् दक्षिणनासायैव शनैः शनैर्वायुं त्यजेत्। ततो वामनासापुटेप्यवमेव पूरक कुम्भकरेचकं कुर्यात्, क्रमेणैवाकृष्टं निश्चलं विमुक्तञ्च श्वासं विदध्यादित्यर्थः पूर्ववत् पुनर्दक्षिणतोऽपि पूरककुम्भकरेचकं कुर्यात्। ब्रह्ममन्त्रस्य साधने एष प्राणायामविधिः प्रोक्तः। पूरकादिस्वरुपमाह योगियाज्ञवल्क्यः।

नासिकोत्कृष्ट उच्छ्वासो ध्मात-पूरक उच्यते।
कुम्भको निश्चलश्वासो मुच्यमानस्तु रेचकः॥
ततो ध्यानं प्रकुर्वीत साधकाभीष्टसाधनम्॥४९॥

पद्मा–इसके अनन्तर साधक अपने अभीष्ट को सिद्ध करने वाले का ध्यान करे।

हरि०–इत्थं प्राणायामं कृत्वा परब्रह्मध्यानं कर्तव्यमित्याह तत इत्यादिना॥४९॥

हृदयकमलमध्ये निर्विशेषं निरीहम्।
हरिहरविधिवेद्यं योगिभिर्ध्यानगम्यम्।
जननमरणीभीतिभ्रंसि सच्चित्स्वरूपम्।
सकलभुवनवीजं ब्रह्म चैतन्यमीडे॥५०॥

पद्मा–जो निर्विवेश (अनेक भेदों से रहित) निरीह (चेष्टा रहित), विष्णु, शिव एवं ब्रह्मा द्वारा ज्ञेय, योगियों को ध्यान द्वारा ज्ञेय, जिनके द्वारा जन्म-मृत्यु का भय निवारण होता है, जो सदा ज्ञानस्वरूप है जो समस्त ब्रह्माण्डों के बीज हैं, ऐसे चैतन्यस्वरूपमय ब्रह्म का मैं अपने हृदय कमल के मध्य में ध्यान करता हूँ।

हरि०–**अथ तद्ध्यानमाह हृदयेत्यादि**। हृदयकमलस्य मध्ये स्थितं चैतन्यं चेत् ब्रह्माहमीडे ध्यायामीत्यन्वयः। धातूनामनेकार्थत्वादीड़धातोर्ध्यानेऽनोऽपि प्रवृतिः। निर्विशेषमित्यादीनि

ब्रह्मणो विशेषणानि। निर्विशेषेन विधभेदशून्यम् । निरीहं निराकाङ्क्षम् प्राप्तसमस्तैश्वर्यमित्यर्थ गम्यम् ध्यानेनावगन्तव्यम् । जननमरणभीतिभ्रंसि जन्ममृत्युनिमित्तभयपहन्तु। सच्चित्स्वरूपं सदास्थायिस्वरूपं ज्ञानस्वरूपपश्चेत्यर्थ सकलभुवनबीजं समस्तस्य भुवनस्य कारणम् ।।५०।।

ध्यात्वैवं परमं ब्रह्म मानसैरुपचारकैः ।
पूजयेत् परया भक्त्या ब्रह्मसायुज्यहेतवे ।।५१।।
धूपं दद्याद्वायुतत्त्वं दीपं तेजः समर्पयेत् ।
नैवेद्यं तोयतत्त्वेन प्रदद्यात् परमात्मने ।।५२।।

पद्मा–ब्रह्म सायुज्य के हेतु परा भक्ति के साथ परम ब्रह्म का भी इसी प्रकार ध्यान कर मानसिक पूजन करे। मानसिक पूजन में वायुतत्त्व को धूप, तेज तत्त्व को दीप एवं जल तत्त्व को नैवेद्य मानकर प्रदान करें।

हरि०–एवं ब्रह्म ध्यात्वा तस्य पूजनं विधेयमित्याह ध्यात्वेत्यादिना। मानसैर्मन सङ्कल्पितैः। ब्रह्मसायुज्यहेतवे ब्रह्मत्वनिमित्ताय। स्याद् ब्रह्मभूयं ब्रह्मत्वं ब्रह्मसायुज्यमित्यपीत्यमरः। मानसानुपचारानेवाह गन्धमित्यादिना ।।५१-५२।।

ततो जप्त्वा महामन्त्रं मनसा साधकोत्तमः ।
समर्प्य ब्रह्मणे पश्चाद्बहिः पूजां समारभेत् ।।५३।।
उपस्थितानि द्रव्याणि गन्धपुष्पादिकानि च ।
वस्त्रालङ्करणादीनि भक्ष्यपेयानि यानि च ।।५४।।
मन्त्रेणानेन संशोध्य ध्यात्वा ब्रह्म सनातनम् ।
निमील्य नेत्रे मतिमानर्पयेत् परमात्मने ।।५५।।

पद्मा–तत्पश्चात् साधक महामन्त्र 'ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म' का जप कर ब्रह्म को समर्पित करे, तत्पश्चात् बाह्य पूजा करे। गन्ध-पुष्प वस्त्रालङ्कारादि, भक्ष्य द्रव्य जो भी उपस्थित हो उन सभी को कहे जा रहे मन्त्र के द्वारा शोधित कर, दोनों नेत्रों को बन्द कर परम् ब्रह्म का ध्यान करे परमात्मा को समर्पित करे ।

हरि०–तत इति । महामन्त्रम् ओं सच्चिदेकं ब्रह्मेत्याद्यात्मकम् । समर्प्य महामन्त्र जपहेतुकं फलं दत्त्वा।। बहिः पूजामेवाह उपस्थितानीत्यादिना। उपस्थितानि समीपे स्थितानि। अनेन इतोऽनन्तरमेव वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण ।।५३-५५।।

ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम् ।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्म्मसमाधिना ।।५६।।

पद्मा–यह गन्धपुष्पादि के अर्पण का ब्रह्मार्पण मन्त्र है। अर्पण भी ब्रह्म है। यज्ञपात्र भी ब्रह्म है। हवि अर्थात् घृतादि हवनीय द्रव्य जो अर्पित करता है वह भी ब्रह्म है। जिस अग्नि में आहुति प्रदान की जाती है वह भी ब्रह्म है। आहुति प्रदान करने वाला भी ब्रह्म है। ब्रह्म में मन को जो स्थिर करता है वह ब्रह्म को ही प्राप्त होता है ।

हरि०–अथ गन्ध पुष्पाद्यर्पणमन्त्रमेवाह ब्रह्मार्पणमिति। अर्प्यते दीयतेऽनेनेत्यर्पणं स्रुवादि यज्ञपात्रम् तदपि ब्रह्मैव। दीयमानं हविर्घृतादिकमपि ब्रह्मैव। ब्रह्मैवाग्निस्तस्मिन् । ब्रह्मणा कर्ता हुतं हवनमपि ब्रह्म। अग्निश्च कर्त्ता च हवन क्रिया चापि ब्रह्मैवेत्यर्थः। एवं ब्रह्मण्येव कर्म्मात्मके समाधिश्चित्तैकाग्रञ्च यस्य तेन पुंसा ब्रह्मैव गन्तव्यं प्राप्तव्यं न तु फलान्तरमित्यर्थः॥५६॥

ततो नेत्रे समुन्मील्य जप्त्वा मूलं स्वशक्तितः ।
तज्जपं ब्रह्मसात् कृत्वा स्तोत्रञ्च कवचं पठेत् ।।५७।।

पद्मा–तत्पश्चात् अपनी क्षमतानुसार जप करके दोनों आँखे खोल कर उपरोक्त मन्त्र (ब्रह्मार्पण०) का उच्चारण करके ब्रह्म को समर्पित कर स्तोत्र एवं कवच का पाठ करें ॥५७॥

हरि०–तत इत्यादि । समुन्मील्य उद्धाट्य । मूलं मूलमन्त्रम् । ब्रह्मसात् ब्रह्माधीनम् ॥५७॥

स्तोत्रं शृणु महेशानि ! ब्रह्मणः परमात्मनः ।
यत्श्रुत्वा साधको देवि ! ब्रह्मसायुज्यमश्नुते ।।५८।।

पद्मा–हे महेशानि, हे देवि ! परम ब्रह्म के स्तोत्र का श्रवण करो। जिसके सुनने से साधक ब्रह्मसायुज्य को प्राप्त होता है ।

हरि०–स्तोत्रमिति । ब्रह्मसायुज्यमश्नुते ब्रह्मत्वं प्राप्नोति ॥५८॥

नमस्ते सते सर्वलोकाश्रयायनमस्ते चिते विश्वरूपात्मकाय ।
नमोऽद्वैततत्त्वाय मुक्तिप्रदाय नमो ब्रह्मणे व्यापिने निर्गुणाय ।।५९।।

पद्मा–तुम नित्य (सत्), समस्त लोकों के आश्रय हो, तुम्हें नमस्कार है। तुम प्रज्ञारूप हो, तुम विश्व की आत्मारूप हो, तुम अद्वैत तत्त्व हो, तुम मुक्ति प्रदायक हो, तुम सर्वव्यापी निर्गुण ब्रह्म को नमस्कार है।

हरि०–अथ तत्स्तोत्रमाह नमस्ते इत्यादि। सते सदा स्थायिने। सर्वलोके श्रयाय सकललोकाधारभूताय। चिते चैतन्याय। विश्वरूप आत्मा यस्य तस्मै। अद्वैततत्त्वाय सजातीय विजातीयात्मगतमेदरहिततत्त्वाय ब्रह्मणे अतिबृहते अतएव व्यापिने सकलवस्तुव्यापनशीलाय निर्गुनणाय सत्त्वदिगुणरहिताय ॥५९॥

त्वमेकं शरण्यं त्वमेकं वरेण्यंत्वमेकं जगत्कारणं विश्वरूपम् ।
त्वमेकं जगत्कर्तृपातृप्रहर्त्तृत्वमेकं पर निश्चलं निर्विकल्पम् ।।६०।।

पद्मा–तुम ही एकमात्र शरणदाता हो, तुम ही एकमात्र वरणीय हो। तुम ही जगत् के एकमात्र सृष्टिकर्त्ता, पालनकर्त्ता एवं विध्वंसकर्त्ता हो, तुम ही एकमात्र श्रेष्ठ शासक हो, तुम ही निश्चल एवं अनेक कल्पनाओं से रहित हो ।

हरि०–त्वमित्यादि। एकं मुख्यं केवलं वा। शरणे रक्षणे साधु इति शरण्यम् । तत्र साधुरिति यत्। वरेण्यं वरणीयम् । जन्ममृत्युदुःखादिभिरुपासनीयमित्यर्थः। परं श्रेष्ठम् । निर्विकल्पम् नानाविधकल्पनाशून्यम् ॥६०॥

भयानां भयं भीषणं भीषगानां, गतिः प्राणीनां पावनं पावनानाम् ।
महोच्चैः पदानां नियन्तृ त्वमेकं, परेषां परं रक्षकं रक्षकाणाम् ।।६१।।

पद्मा-तुम भय के भी भय हो, भीषण के भी भीषण हो, केवल तुम ही मात्र प्राणियों की गति हो, पवित्रों के भी पवित्र हो, अति उच्चपदों (ब्रह्मादिपद) के एकमात्र तुम्हीं नियामक हो, तुम श्रेष्ठों में भी श्रेष्ठ हो तथा रक्षकों के भी रक्षक हो ।

हरि०-भयानामित्यादि। भीषणानां भयानकानामपि भीषणं भयानकम् । पावनानां पूतत्वजनकानामपि पावनम् पावित्र्यजनकम् । पदानां स्थानानां मध्ये महोच्चैरत्युच्छ्रितं पदम् अथवा महोच्चैरत्युच्छ्रितं पदं येषां तेषां ब्रह्मादीनामपि नियन्तृ नियामकम् । परेषां श्रेष्ठानामपि।।६१।।

परेश प्रभो सर्वरूपाप्रकाशिन् अनिर्द्देश्य सर्वेन्द्रियागमम्य सत्य ।
अचिन्त्याक्षर व्यापकाव्यक्त तत्त्व जगद्भासकाधीश पायादपापात् ।।६२।।

पद्मा–हे परेश! हे प्रभो! तुम सर्वरूप, अमर-अविनाशी, निर्देश रहित, समस्त इन्द्रियों से अगम्य हो। हे नित्य, हे अचिन्त्य, हे अक्षर, हे व्यापक, हे रूपादि से रहित, हे जगद्भासकाधीश (चन्द्र सूर्यादि के ईश्वर) तुम हमारी भक्ति बुद्धि आदि के विश्लेषण से रक्षा करो।

हरि०–परेशेतयादि। परेश परेषां ब्रह्मादीनामप्यधिप। प्रभो नियन्तः। अनिर्द्देश्यशब्देन निर्द्देष्टुम-शक्य। सर्वेन्द्रियागम्य सर्वैनेत्रादिभिरिन्द्रियैरप्राप्य। सत्य परमार्थ सत्यशालिन अचिन्त्य मनसोऽप्यविषयभूत। न क्षरति चलतीत्यक्षरम् तत्सम्बोधने अक्षर। अव्यक्त रूपादिरहित। जगद् भासकानां चन्द्रसूर्यादीनामपीश्वर अथक जगाद्भाकेति अधीशेति च भिन्नमेवपदम् (पायात रक्षत्) अपायात् भक्तिबुद्ध्यादिविश्लेषात् ।।६२।।

तदेकं समरामस्तदेकं जपामः, तदेकं जगत्साक्षिरूपं नमामः ।
सदेकं निधानं निरालम्बमीशं भवाम्बोधिपोतं शरण्यं व्रजामः ।।६३।।

पद्मा–हम उसी एकमात्र ब्रह्म का स्मरण एवं जप करते हैं, उसी एक मात्र साक्षि स्वरूप ब्रह्म का नमन करते हैं, तुम वही सत् हो, तुम जगत् के एकमात्र आश्रयभूत हो। तुम आश्रयशून्य एवं ईश्वर हो। भवरूपी सागर के पोत (जलयान) स्वरूप हो, हम तुम्हारी शरण ग्रहण करते हैं ।

हरि०-तदित्यादि। तत् ब्रह्म निधीयते जगद् यस्मिन् तन्निधानं जगदाश्रय भूतम् । निरालम्बम् आश्रयशून्यम् ।।६३।।

पञ्चरत्नमिदं स्तोत्रं ब्रह्मणः परमात्मनः ।
यः पठेत् प्रयतो भूत्वा ब्रह्मसायुज्यमाप्नुयात् ।।६४।।
प्रदोषेऽदः पठेन्नित्यं सोमवारे विशेषतः ।
श्रावयेद्बोधयेत् प्राज्ञो ब्रह्मनिष्ठान् स्वबान्धवान् ।।६५।।

पद्मा–यह 'पञ्चरत्न' नामक परब्रह्म स्तोत्र का जो साधक स्थिरचित्त हो पाठ करता है वह ब्रह्मसायुज्य को प्राप्त करता है ।

प्रदोषकाल में नित्य इस स्तोत्र का पाठ करें। सोमवार को विशेष रूप से इस स्तोत्र को ज्ञानी व्यक्ति अपनी भाई-बन्धुओं को सुनायें एवं बताये ।

हरि०—अथ पञ्चरत्नाख्यैतत्स्तोत्रपाठहेतुकं फलमाह पञ्चरत्नमित्यादिना प्रयतः पवित्रः। अदः स्तोत्रम् ॥६४-६५॥

इति ते कथितं देवि पञ्चरत्नं महेशितुः ।
कवचं शृणु चार्वङ्गि जगन्मङ्गलनामकम् ।
पठनाद्धारणाद् यस्य ब्रह्मज्ञो जायते ध्रुवम् ।।६६।।

पद्मा—हे देवि! हे चार्वङ्गि! शिव के इस पञ्चरत्न स्तोत्र को तुमसे कहा। अब उनके जगन्मंगल नामक कवच का श्रवण करो। इस कवच के पाठ करने एवं धारण करने से साधक निश्चितरूप से ब्रह्मज्ञानी हो जाता है ।

हरि०—स्तोत्रं पठित्वा कवचं पठितव्यमतस्तदभिधातुमुपक्रमते इतीति॥६६॥

परमात्मा शिरः पातु हृदयं परमेश्वरः ।
कण्ठं पातु जगत्पाता वदनं सर्वदृग्विभुः ।।६७।।
करौ मे पातु विश्वात्मा पादौ रक्षतु चिन्मयः ।
सर्वाङ्गं सर्वदा पातु परं ब्रह्म सनातनम् ।।६८।।

पद्मा—परमात्मा हमारे शिर की रक्षा करें, परमेश्वर हृदय प्रदेश की रक्षा करें। कण्ठ की रक्षा जगत्पाता करें, मुख की रक्षा सर्वदर्शी विभु करें। कर अर्थात् हाथों की रक्षा विश्वात्मा करें, पैरों की रक्षा विश्वात्मा करें। हमारे सर्वाङ्ग की रक्षा सनातन परब्रह्म करें ।

हरि०—तद् ब्रह्मकवचमेवाह परमात्मेत्यादि। चिन्मयः चैतन्यरूपः ॥६७-६८॥

श्रीजगन्मङ्गलस्यास्य कवचस्य सदाशिवः ।
ऋषिश्छन्दाऽनुष्टुविति परमब्रह्म देवता ।
चतुर्वर्गफलावाप्त्यै विनियोग प्रकीर्त्तितः ।।६९।।
यः पठेद् ब्रह्मकवचं ऋषिन्यासपुरःसरम् ।
स ब्रह्मज्ञानमासाद्य साक्षाद् ब्रह्ममयो भवेत् ।।७०।।
भूर्ज्जे विलिख्य गुटिकां स्वर्णस्थां धारयेत् यदि ।
कण्ठे व दक्षिणे बाहौ सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ।।७१।।

पद्मा—इस जगन्मंगल कवच में ऋषि सदाशिव, छन्द अनुष्टुप्, देवता परमब्रह्म फल चतुर्वर्ग की प्राप्ति हेतु विनियोग कहा गया है। जो भी साधक इस ब्रह्मकवच के ऋषिन्यास कर पाठ करता है वह ब्रह्मज्ञान को प्राप्त करके साक्षात् ब्रह्ममय हो जाता है। भोज-पत्र पर इस कवच को लिखकर सोने की गुटिका में वेष्टित कर गले या दाहिनी भुजा में धारण करने पर समस्त प्रकार की सिद्धियों का अधीश्वर होता है ।

हरि०—अथास्य कवचस्य ऋष्यादिकमाह श्रीजगदित्याना। अथ ब्रह्मकवचपठनजन्यं

फलमाह य इत्यादिना। ऋषिन्यासः पुरःसरो यत्र तत् । ऋषिन्यासश्च अस्य श्री जगन्मङ्गल-नामकस्य कवचस्य सदाशिव ऋषिः अनुष्टुप्छन्दः परमब्रह्म देवता धर्म्मार्थकाममोक्षावाप्त्यै श्री जगन्मङ्गलाख्यकवचपाठे विनियोगः। शिरसि सदाशिवाय ऋषये नमः। मुखेऽनुष्टुप्छन्दसे नमः। हृदये परब्रह्मणे देवतायै नमः। धर्म्मार्थ काममोक्षावाप्तये श्रीजगन्मङ्गलाख्यक-वचपाठे विनियोग इति । आसाद्य प्राप्य। ब्रह्मयः ब्रह्मस्वरूपः ।।६९-७१।।

इत्येतत् परमब्रह्मकवचं ते प्रकाशितम् ।
दद्यात् प्रियाय शिष्याय गुरुभक्ताय धीमते ।।७२।।
पठित्वा स्तोत्रकवचं प्रणमेत् साधकाग्रणीः ।।७३।।
नमस्ते परमं ब्रह्म नमस्ते परमात्मने ।
निर्गुणाय नमस्तुभ्यं सद्रूपाय नमो नमः ।।७४।।

पद्मा—इस परमब्रह्म कवच को मैंने तुमसे कहा। इस कवच को गुरू भक्त प्रिय बुद्धिमान् शिष्य को ही प्रदान करे। साधकों में अग्रणी साधक इस कवच का पाठ करके प्रणाम करे। परम ब्रह्म को नमस्कार है, परमात्मा को नमस्कार है, आप सत्त्वादि गुणों से रहित है आपको प्रणाम हैं, आप सत् स्वरूप हैं, आपको अनेक बार नमस्कार है ।

हरि०—**इतीति**। ते तुभ्यं तवाग्रे वा। प्रणमेत् परमात्मानमिति शेषः। साधकाग्रणीः साधकोत्तमः। तत्प्रणमनमेवाह नम इत्यादिना ।।७२-७४।।

वाचिकं कायिकं वाऽपि मानसं वा यथामति ।
आराधने परेशर्वस्य भावशुद्धिर्वधीयते ।।७५।।

पद्मा—परम ब्रह्म की उपासना में, शारीरिक, वाचिक या मानसिक तीनों प्रकार से प्रणाम या नमस्कार किये जा सकते हैं जिससे भाव शुद्धि हो, उसी विधि का प्रयोग करें ।

हरि०—ननु परमात्मानं प्रति कायिकवाचिकमानसास्त्रयोऽपि प्रणामा विधातव्यास्तेषां मध्ये एकतमो वा तत्राह वाचिकमित्यादि। यथामति परब्रह्मणे कायिकस्यैव प्रणामस्यौचित्यं नतु वाचिकमानसयोरत आह आराधन इत्यादि। भावशुद्धिरन्तःकरणशुद्धत्वम् ।।७५।।

एवं संपूज्य मतिमान् स्वजनैर्बान्धिवैः सह ।
महाप्रसादं स्वीकुर्याद् ब्रह्मणः परमात्मनः ।।७६।।
पूजने परमेशस्य नावाहनविसर्जने ।
सर्वत्र सर्वकालेषु साधयेद् ब्रह्मसाधनम् ।।७७।।
अस्नातो वा कृतस्नानो भुक्तो वाऽपि बुभुक्षितः ।
पूजयेत् परमात्मानं सदा निर्मलमानसः ।।७८।।

पद्मा—बुद्धिमान् व्यक्ति इस प्रकार परम ब्रह्म की पूजा कर अपने स्वजन बन्धुओं के साथ महाप्रसाद ग्रहण करे । परम ब्रह्म की पूजा के समय आवाहन व विसर्जन नहीं होता है, सभी स्थानों में, किसी भी समय में ब्रह्म की साधना की जा सकती है। स्नान या बिना

स्नान, भोजन या भूखे जिस भी अवस्था में हो, परब्रह्म की पूजा निर्मल मन से करे।

हरि०—एवमित्यादि। संपूज्य परमात्मानमिति शेषः। साधयेत् निष्पादयेत् ॥७६-७८॥

अनेन ब्रह्मन्त्रेण भक्ष्यपेयादिकञ्च यत्।
दीयते परमेशाय तदेव पावनं महत्॥७९॥
गङ्गातोये शिलादौ च स्पृष्टदोषोऽपि वर्तते।
परब्रह्मार्पिते द्रव्ये स्पृष्टास्पृष्टं न विद्यते॥८०॥

पद्मा—इस ब्रह्ममन्त्र द्वारा भक्ष्य, पेय आदि जो भी वस्तु परम ब्रह्म को प्रदान की जाती हैं वह अत्यन्त ही पवित्र होती है। गंगाजल, शालग्राम शिला में स्पर्श दोष लगता है परन्तु परब्रह्म को अर्पित द्रव्य में स्पर्श-अस्पर्श का दोष नहीं लगता है।

हरि०—अथ ब्रह्मणो महाप्रसादस्य माहात्म्यं वर्णयितुमुपक्रमते अनेनेत्यादि। ब्रह्ममन्त्रेण ओं सच्चिदित्याद्यात्मकेन ब्रह्मार्पणमित्याद्यात्यकेन वा॥ शिलादौ शालग्राम शिलादौ ॥७९-८०॥

पक्वं वाऽपि न पक्वं वा मन्त्रेणानेन मन्त्रितम्।
साधको ब्रह्मसात् कृत्वा भुञ्जीयात् स्वजनैः सह॥८१॥
नात्र वर्णविचारोऽस्ति नोच्छिष्टादिविवेचनम्।
न कालनियमोऽप्यत्र शौचाशौचं तथैव च॥८२॥
यथाकाले यथादेशे यथायोगेन लभ्यते।
ब्रह्मसात् कृतनैवेद्यमश्नीयादविचारयन्॥८३॥
आनीतं श्वपचेनापि श्वमुखादपि निःसृतम्।
तदन्नं पावनं देवि देवानामपि दुर्लभम्॥८४॥
किं पुनर्मनुजादीनां वक्तव्यं देववन्दिते।
परमेशस्य नैवेद्यसेवनाद् यत् फलं भवेत्॥८५॥
महापातकयुक्तो वा कप्यन्यपातकैः।
सकृत् प्रसादग्रहणात् मुच्यते नात्र संशयः॥८६॥
सार्द्धत्रिकोटितीर्थेषु स्नानदानेन यत्फलम्।
तत् फलं लभते मर्त्यो ब्रह्मार्पितनिषेवणात्॥८७॥
अश्वमेधादिभिर्यज्ञैरिष्ट्वा यत् फलमश्नुते।
भक्षिते ब्रह्म नैवेद्ये तस्मात् कोटिगुणं लभेत्॥८८॥
जिह्वाकोटिसहस्त्रैस्तु वक्त्रकोटिशतैरपि।
महाप्रसादमाहात्म्यं वर्णितुं नैव शक्यते॥८९॥

पद्मा—द्रव्य चाहे कच्चा हो या पका हुआ उपरोक्त मन्त्र के द्वारा उसे अभिमन्त्रित करके साधक ब्रह्मसात् करे तथा अपने स्वजनों के साथ भोजन करे। यहाँ पर वर्ण (ब्राह्मणादि) तथा जूठा (उच्छिष्ट) आदि का विचार नही है न काल-नियम तथा शौच-अशौच (पवित्र-

अपवित्र) का विचार है। जिस समय, जिस देश में तथा जिस योग में ब्रह्म को समर्पित नैवेद्य प्राप्त हो उसका विचार न करके भक्षण करे । चाण्डाल द्वारा लाया हुआ या कुत्ते के द्वारा लाया गया अन्न भी पवित्र है। हे देवि ! वह अन्न पवित्र है तथा देवताओं को भी दुर्लभ है। हे देववन्दिते! मनुष्यों के लिये इसकी दुर्लभता क्या कही जाए। महापातक युक्त या किसी पाप से ग्रसित व्यक्ति एक बार इस प्रसाद को भक्षण कर ले तो उसके किये गये सभी पाप निश्चित रूप से समाप्त हो जाते हैं। साढ़े तीन-करोड़ तीर्थों में स्नान व दान से जो फल मिलता है, वही फल ब्रह्म को समर्पित वस्तु के सेवन करने से प्राप्त हो जाता है। अश्वमेधादि यज्ञों से जो फल मनुष्यों को प्राप्त होता है उससे कोटि (करोड़) गुणा अधिक फल ब्रह्म को समर्पित वस्तु के भक्षण से प्राप्त होता है। हे देवि! मैं करोड़ो जिह्वाओं एवं सौ करोड़ मुखों से भी महाप्रसाद के माहात्म्य को वर्णन करने में समर्थ नहीं हूँ ।

हरि०—पक्वमिति। मन्त्रेण ओं तत् सदित्याद्यात्मकेन। नात्रेति। अत्र ब्रह्मणो महाप्रसादे। आनीतमिति। श्वपचेन चाण्डालेनाप्यानीतं यदन्नं तद्ब्रह्मसात्कृत सत् पावनं भवेत् । अश्नुते लभते।।८१-८९।।

यत्र कुत्र स्थितो वापि प्राप्य ब्रह्मार्पितामृतम् ।
गृहीत्वा कीकशो वाऽपि ब्रह्मसायुज्यमाप्नुयात् ।।९०।।

पद्मा—जहाँ कही भी, किसी स्थान में स्थित हो, ब्रह्म को समर्पित महाप्रसाद को यदि चाण्डाल भी ग्रहण कर ले तो उसे भी ब्रह्म-सायुज्य प्राप्त करता है ।

हरि०—यत्रेत्यादि । अमृतम् शीधु। कीकशो वापि चाण्डालोऽपि ।।९०।।

यदि स्यान्नीचजातीयमन्नं ब्रह्मणि भावितम् ।
तदन्नं ब्राह्मणैर्ग्राह्यमपि वेदान्तपारगैः ।।९१।।
जातिभेदो न कर्तव्यः प्रसादे परमात्मनः ।
योऽशुद्धबुद्धिं कुरुते स महापातकी भवेत् ।।९२।।

पद्मा—यदि अन्न नीच जाति के मनुष्यों का है किन्तु ब्रह्म को समर्पित है तो उसे वेदान्तदर्शी ब्राह्मण भी ग्रहण कर सकता है । जाति भेद का विचार ब्रह्मप्रसाद के ग्रहण में न करें। यदि इस प्रसाद के ग्रहण में अशुद्धि का विचार करता है वह महापापी होता है।

हरि०—यदीति । नीचजातीयं चाण्डालादिसम्बन्धि। ब्रह्मणिभावितं चिन्तितं ब्रह्मणेऽर्पितमित्यर्थः।।९१-९२।।

वरं पापशतं कुर्याद्वरं विप्रबधं प्रिये ।
परब्रह्मार्पिते ह्यन्ने न कुर्यादवहेलनम् ।।९३।।
ये त्यजन्ति नरा मूढा महामन्त्रेण संस्कृतम् ।
अन्नतोयादिकं भद्रे पितॄंस्ते पातयन्त्यधः ।।९४।।

पद्मा—हे प्रिये! व्यक्ति चाहे सौ पाप करे या ब्राह्मण की हत्या करे, किन्तु परब्रह्म को

समर्पित अन्न की कभी भी उपेक्षा या अवहेलना न करे। हे भद्रे! जो मूढ़ (अज्ञानी) व्यक्ति इस महामन्त्र के द्वारा संस्कृत अन्न-जल का परित्याग करते हैं, उनके पितृगणों का अध:पतन होता है।

हरि०—वरमित्यादि । वरमीषत् प्रियम् । देवाद्वृते वर: श्रेष्ठ त्रिषु क्लीवं मनाक् प्रिये इत्यमर:। अवहेलनम् तिरस्कारम् ॥९३-९४॥

स्वयमप्यन्धतामिस्रे पतन्त्याहूतसंप्लवम् ।
ब्रह्मसात्कृतनैवेद्यद्वेष्टृणां नास्ति निष्कृतिः ।।९५।।

पद्मा—वे मूर्ख व्यक्ति प्रलय काल पर्यन्त, अन्धतामिस्र नामक नरक में पतित होकर रहते हैं। ब्रह्म को समर्पित नैवेद्य से जिसको द्वेष है उनका कुछ भी प्रायश्चित नहीं होता है।

हरि०—स्वयमित्यादि। अन्धतामिस्र नरके। आहूतस्य विश्वस्य संप्लव: सलिले सम्यक् प्लवनं यत्र तत्कालपर्य्यन्तम् प्रलयकालपर्य्यन्तमित्यर्थ:। निष्कृतिर्निस्तार:॥९५॥

पुण्यायन्ते क्रियाः सर्वाः सुषुप्तिः सुकृतायते ।
स्वेच्छाचारोऽत्र विहितो महामन्त्रस्य साधने ।।९६।।

पद्मा—जो व्यक्ति महामन्त्र की साधना करता है उसके सभी पाप कर्म पुण्य कर्मों में परिवर्तित हो जाते हैं, सुषुप्ति (निद्रा) भी श्रेष्ठ कर्म एवं स्वेच्छाचार भी प्रशस्त कर्म माना जाता है ।

हरि०—पुण्येत्यादि । सर्वा अपुण्या अपि क्रिया: पुण्यायन्ते पुण्या इवाचरन्तीत्यर्थ:॥९६॥

किं तस्य वैदिकाचारैस्तान्त्रिकैर्वाऽपि तस्य किम् ।
ब्रह्मनिष्ठस्य विदुषः स्वेच्छाचारो विधिः स्मृतः ।।९७।।
कृतेनास्य फलं नास्ति नाकृतेनापि किल्विषम् ।
न विघ्नः प्रत्यवायोऽस्य ब्रह्ममन्त्रस्य साधनात् ।।९८।।

पद्मा—जो साधक ब्रह्मनिष्ठ होता है उसे वैदिक आचार एवं तांत्रिक आचार से कोई प्रयोजन नहीं रहता। ब्रह्म साधक का स्वेच्छाचार ही विधिसम्मत कहा जाता है। उनके किसी भी अनुष्ठान के करने या न करने का उन्हें कोई पाप पुण्य प्राप्त नहीं होता है। ब्रह्ममन्त्र के साधक के प्रभाव से उन्हें कोई विघ्न या दोष नहीं व्याप्त होता है ।

हरि०—किमित्यादि। विदुष: सर्वं ब्रह्मैवेति जानत:। स्वेच्छाचार एव विधि:। अस्य ब्रह्मनिष्ठस्य:॥९७-९८॥

अस्मिन् धर्म्मे महेशि स्यात् सत्यवादी जितेन्द्रियः ।
परोपकारनिरतो निर्विकारः सदाशयः ।।९९।।
मात्सर्यहीनोऽदम्भी च दयावान् शुद्धमानसः ।
मातापित्रो प्रीतिकारी तयोः सेवनतत्परः ।।१००।।

पद्मा—हे महेशि! इस धर्म की साधना करते समय साधक सत्यवादी जितेन्द्रिय,

परोपकारी, विकार रहित एवं सदाशय मात्सर्यहीन, दम्भहीन, दयावान, शुद्धचित्त, माता-पिता का प्रीतिकारी तथा उनकी सेवा में तत्पर रहे ।

हरि०—अस्मिन्नित्यादि । सदाशयः साध्वभिप्रायः। मात्सर्यहीनः अन्यशुभद्वेषरहितः। अदम्भी कपटताशून्यः। तयोः माता पित्रोः ॥९९-१००॥

ब्रह्मश्रोता ब्रह्मन्ता ब्रह्मान्वेषणमानसः ।
यतात्मा दृढ़बुद्धिः स्यात् साक्षाद् ब्रह्मेति भावयन् ।।१०१।।
न मिथ्याभाषणं कुर्यान्न परानिष्टचिन्तनम् ।
परस्त्रीगमनञ्चैव ब्रह्ममन्त्री विवर्जयेत् ।।१०२।।
तत्सदिति वदेद्देवि प्रारम्भे सर्वकर्म्मजाम् ।
ब्रह्मार्पणमस्तु वाक्यं पानभोजन कर्म्मणोः ।।१०३।।
येनोपायेन मर्त्यानां लोकयात्रा प्रसिद्ध्यति ।
तदेव कार्यं ब्रह्मज्ञैरिदं धर्म्मं सनातनम् ।।१०४।।

पद्मा—वह साधक ब्रह्मज्ञान की बातों का श्रवण करता है, ब्रह्म का चिन्तन मनन सदा करता है तथा ब्रह्म अन्वेषण की ओर जिज्ञासु रहता है एवं स्थिर चित्त व दृढ़ बुद्धि से ब्रह्म साक्षात्कार की भावना करता है। वह मिथ्याभाषण एवं दूसरों का अनिष्ट नहीं करता। ब्रह्ममन्त्र का साधक परस्त्री सम्भोग से दूर रहता है, वह समस्त कार्यों के प्रारम्भ में 'ॐ तत् सत्' शब्दों का उच्चारण करता है। हे देवि! **'ब्रह्मार्पणमस्तु'** इन शब्दों को ब्रह्मसाधक भोजन-जलपान आदि कार्यों के प्रारम्भ करने में कहे। जिस विधि से समस्त मनुष्यों की जीवनयात्रा का निर्वाह हो, वही उपाय ब्रह्मविद् करें; क्योंकि यही सनातन धर्म है ।

हरि०—ब्रह्मेत्यादि । यतात्मा संयतचित्तः। ब्रह्म साक्षादस्तीति भावयन् चिन्तयन्। ब्रह्मार्पणमस्त्विति वाक्यम्। लोकयात्रा लोकनिर्वाहः ॥१०१-१०४॥

अथ सन्ध्याविधिं वक्ष्ये ब्रह्ममन्त्रस्य शाम्भवि ।
यां कृत्वा ब्रह्मसम्पत्तिं लभन्ते भुवि मानवाः ।।१०५।।
प्रातर्मध्याह्नसायाह्ने यथादेशे यथाऽऽसने ।
पूर्ववत् परमब्रह्म ध्यात्वा साधकसत्तमः ।।१०६।।
अष्टोत्तरशतं देवि गायत्रीजपमाचरेत् ।
जपं समर्प्य विधिवत् पूर्ववत् प्रणमेत् सुधीः ।।१०७।।
एषा सन्ध्या मया प्रोक्ता सर्वथा ब्रह्मसाधने ।
यदनुष्ठानतो मन्त्री शुद्धान्तःकरणो भवेत् ।।१०८।।

पद्मा—हे शाम्भवि ! अब मैं ब्रह्ममन्त्र की सन्ध्या विधि कहता हूँ। जिसको करके ब्रह्मनिष्ठ मनुष्य इस धरा पर ब्रह्मसम्पत्ति प्राप्त कर सकते हैं। प्रातः, मध्याह्न एवं सायंकाल में किसी भी स्थान तथा किसी भी आसन में पूर्व की भाँति साधक श्रेष्ठ परम ब्रह्म का ध्यान करे। ध्यान के उपरान्त साधक श्रेष्ठ गायत्री मन्त्र का एक सौ आठ बार (१०८) गायत्री

मन्त्र का जप करें। विद्वान् साधक यथाविधि जप का समर्पण करके प्रणाम करे। ब्रह्म साधना हेतु यह सन्ध्या विधि मैंने तुमसे कही। इसके अनुष्ठान से मन्त्रसाधक का अन्तःकरण शुद्ध एवं पवित्र हो जाता है।

हरि०–अथेति । यां सन्ध्याम् । ब्रह्मसम्पत्तिम् ब्रह्मरूपां सम्पदम् । तत्सन्ध्याविधिमेवाह प्रातरित्यादिना । यदनुष्ठानतः यदाचरणतः ॥१०५-१०८॥

गायत्रीं शृणु चार्वङ्गि सर्वपापप्रणाशिनीम् ।
परमेश्वरं ङेऽन्तमुक्त्वा विद्महे तदनन्तरम् ।।१०९।।
परतत्त्वाय पदतो धीमहीति वदेत् प्रिये ।
तदनन्तरमीशानि तन्नो ब्रह्म प्रचोदयात् ।
इयं श्री ब्रह्मगायत्री चतुर्वर्गप्रदायिनी ।।११०।।

पद्मा–हे चार्वङ्गि! समस्त पापनाशक गायत्री का श्रवण करो। सर्वप्रथम परमेश्वरं ङेविभक्ति युक्त अर्थात् परमेश्वराय। इसके बाद विद्महे पद का, उसके पश्चात् परतत्त्वाय पद, उसके पश्चात् हे प्रिये ! धीमहि पद का उच्चारण करे। इसके पश्चात् हे महेशानि ! तन्नो ब्रह्म प्रचोदयात् कहे। इस प्रकार चतुर्वर्गफलप्रदायक श्री ब्रह्मगायत्री मंत्र बनता है ।

हरि०–तां ब्रह्मगायत्रीमेवाह परमेश्वरमित्यादिना सार्द्धेन । हे प्रिय ईशानि ङेऽतं ङे विभक्तयन्तं परमेश्वरं पदमुक्त्वा विद्महे इति पदं वदेत् । तदनन्तरं विद्महे इति पदानन्तरं परतत्त्वायेति पदं वदेत् । परतत्त्वायेति पदतः परं धीमहीति पदं वदेत् । तदनन्तरं धीमहीति पदानन्तरं तन्नो ब्रह्म प्रचोदयादिति वदेत् । ततश्च परमेश्वराय विद्महेपरतत्त्वाय धीमहि तन्नो ब्रह्म प्रचोदयादित्याकारिका ब्रह्मगायत्री सम्पन्नासीत् । ब्रह्मगायत्रर्थस्तु परतत्त्वाय परमेश्वराय परतत्त्वं परमेश्वरमाप्तुं यद्ब्रह्म वयं विद्महे मन्यामहे धीमहि चिन्तयामश्च तद्ब्रह्मनोऽस्मन् प्रचोदयात् प्रेरयेत् धर्म्मार्थकाममोक्षेषु विनियोजयेदित्यर्थ इति ॥१०९-११०॥

पूजनं यजनञ्चैव स्नानं पानञ्च भोजनम् ।
यद्यत्कर्म्म प्रकुर्वीत ब्रह्ममन्त्रेण साधयेत् ।।१११।।
ब्राह्मे मुहूर्त्ते चोत्थाय प्रणम्य ब्रह्मदं गुरुम् ।
ध्यात्वा च परमं ब्रह्म यथाशक्ति मनुं स्मरेत् ।।
पूर्ववत् प्रणमेद् ब्रह्मप्रातः कृत्यमिदं स्मृतम् ।।११२।।

पद्मा–पूजन, यजन, स्नान, पान एवं भोजन आदि जो भी कार्य करे वह ब्रह्म मन्त्र के द्वारा ही करे। प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त्त में उठकर ब्रह्ममन्त्र प्रदान करने वाले गुरु को प्रणाम करे। परम ब्रह्म का ध्यान कर अपनी क्षमता के अनुसार मन्त्र का जप करे, तदुपरान्त ब्रह्म को पूर्ववत् प्रणाम करे। यही प्रातः कृत्य कहा गया है ।

हरि०–पूजनमिति साधयेत् तत्तत्कर्मेति शेषः। अथ प्रातः कृत्यमाह ब्राह्मे इत्यादिना। मनुम् ओं सच्चिदेकं ब्रह्मेत्यादिमन्त्रम् ॥१११-११२॥

द्वात्रिंशता सहस्रेण जपेनास्य पुरस्क्रिया ।
तद्दशांशेन हवनं तर्पणं तद्दशांशतः ।।११३।।
सेचनं तद्दशांशेन तद्दशांशेन सुन्दरि ।
ब्राह्मणान् भोजयेन्मन्त्री पुरश्चरण कर्म्मणि ।।११४।।
भक्ष्याभक्ष्यविचारोऽत्र त्याज्यं ग्राह्यं न विद्यते ।
न कालशुद्धिनियमो न वा स्थाननिरूपणम् ।।११५।।

पद्मा–इस ब्रह्मन्त्र का पुरश्चरण ३२ हजार बार जप है। इस जप का दशांश हवन, हवन का दशांश तर्पण, तर्पण का दशांश सेचन (अभिषेक) हे सुन्दरि ! पुरश्चरण कर्म में सेचन का दशांश ब्राह्मण भोजन कराये। पुरश्चरण काल में भक्ष्य-अभक्ष्य, त्याज्य-ग्राह्य आदि का विचार नहीं है और न ही काल शुद्धि नियम और न स्थान का निरूपण है ।

हरि०–अथ ब्रह्ममन्त्रस्य पुरश्चरण विधिमाह द्वात्रिंशतेत्यादिना। अस्या ब्रह्ममन्त्रस्य पुरस्क्रिया पुरश्चरणम् । तद्दशांशेन जपदशमांशेन हवनं होमः। तद्दशांशतः होमदशांशतः। तद्दशांशेन तर्पण दशांशेन सेचनं मार्जनम् । तद्दशांशेन मार्जनद्दशांशेन।। भक्ष्येत्यादि। अत्र ब्रह्ममन्त्रस्य पुरश्चरणकर्मणि ।।११३-११५।।

अभुक्तो वाऽपि भुक्तो वा स्नातो वाऽस्नात एव वा ।
साधयेत् परमं मन्त्रं स्वेच्छाचारेण साधकः ।।११६।।
विनाऽऽयासं विना क्लेशं स्तोत्रञ्च कवचं विना ।
विना न्यासं विना मुद्रां विना सेतुं वरानने ।।११७।।
विना चौर गणेशादिजपञ्च कुल्लुकां विना ।
अकस्मात् परमब्रह्मसाक्षात्कारो भवेद् ध्रुवम् ।।११८।।
संकल्पेऽस्मिन् महामन्त्रे मानसः परिकीर्तितः ।
साधने ब्रह्ममन्त्रस्य भावशुद्धिर्विधीयते ।।११९।।

पद्मा–बिना भोजन किये या भोजन किये हुये, स्नान किये हुये या बिना स्नान किये ही स्वेच्छाचार पूर्वक इस परममन्त्र की साधक साधना करे। हे वरानने ! विना कष्ट बिना क्लेश, बिना स्तोत्र कवच, बिना न्यास, बिना मुद्रा, बिना सेतु, बिना चौर गणेशादि जपके, बिना कुल्लुका के, ब्रह्ममन्त्र का साधन करे। इससे निश्चित रूप से अकस्मात् रूप से अल्प समय में परमब्रह्म से साक्षात्कार होता है। इस महामन्त्र की साधना में मानसिक रूप से संकल्प लिया जाता है। ऐसा कहा जाता है। ब्रह्ममन्त्र की साधना में भाव शुद्धि का विधान है ।

हरि०–अभुक्त इत्यादि । न भुक्तमस्यास्तीति अभुक्तः। अर्श आदिभ्योऽजित्यच् । सेतुम् जपविशेषम् । कुल्लुवाऽपि जपविशेष एव तां विना। भावयेत् चिन्तयेत् ।।११६-११९।।

सर्वं ब्रह्ममयं देवि भावयेत् ब्रह्मसाधकः ।
न चाऽस्य प्रत्यवायोऽस्ति नाङ्गवैगुण्यमेव च ।
महामनोः साधने तु व्यङ्गं साङ्गायते ध्रुवम् ।।१२०।।

कलौ पापयुगे घोरे तपोहीनेऽतिदुस्तरे ।
निस्तारबीजमेतावत् ब्रह्ममन्त्रस्य साधनम् ।।१२१।।

पद्मा—हे देवि! सभी कुछ ब्रह्ममय है ऐसी भावना ब्रह्मसाधक करे। इस ब्रह्मसाधना में न्यूनता या त्रुटि रहने पर अंगदोष व्याप्त नहीं होता है। महामन्त्र की साधना में यदि अंगदोष भी हो जाता है तो वह निश्चित रूप से ठीक हो जाता है। ब्रह्ममन्त्र की साधना ही इस तपोहीन अतिदुस्तर, पापयुग, घोर कलियुग में एकमात्र मोक्ष का उपाय एवं बीज है।

हरि०—न चेत्यादि । अस्य महामनोरङ्गवैगुण्यादितः प्रत्यवायो न भवेत् । व्यङ्गम् अङ्गहीनमपि।।१२०-१२१।।

साधनानि बहूक्तानि नानातन्त्रागमादिषु ।
कलौ दुर्बलजीवानामसाध्यानि महेश्वरि ।।१२२।।

पद्मा—हे महेश्वरि! अनेक तन्त्रों एवं आगमों में अनेक प्रकार की साधनायें कही गयी हैं किन्तु कलियुग में दुर्बल मनुष्यों के लिये वह सब असाध्य हैं ।

हरि०—नन्वनेकेषु तन्त्रादिषु निस्तारबीजानि बहूनि साधनानि भवतैवोक्तानि तत् कथमुच्यते कलौ ब्रह्ममन्त्रस्य साधनमेव निस्तारबीजमित्यत आह साधना नीत्यादि। अत्र यद्यपि तथापीत्यध्याहार्यम् ।।१२२।।

अल्पायुषः स्वल्पवृत्ता अन्नाधीनासवः प्रिये ।
लुब्धा धनार्ज्जने व्यग्राः सदा चञ्चलमानसाः ।।१२३।।

पद्मा—हे प्रिये! कलियुग के मानव अल्पायु एवं अल्पवृत्ति वाले होंगे, वे कठिन साधना नहीं कर पायेंगे । उनके प्राण अन्न के ही अधीन रहेंगे। वे लोभी, धन के अर्जन में व्यग्र एवं सदैव चञ्चल मन वाले होंगे ।

हरि०—असाध्यत्वे हेतुं दर्शयन्नाह अल्पायुष इत्यादि। यत इति शेषः। अन्नाधीनासवः अन्नवशीभूतप्राणाः ।।१२३।।

समाधावस्थिरधियो योगक्लेशासहिष्णवः ।
तेषां हिताय मोक्षाय ब्रह्ममार्गोऽयमीरितः ।।१२४।।

पद्मा—उनकी बुद्धि समाधि में स्थिर नहीं रहेगी । वे योग साधना के कष्ट को सहन करने में असमर्थ होंगे हैं। मैंने उनके हित एवं मोक्ष के लिये ही इस ब्रह्ममार्ग (ब्रह्मसाधन) को प्रकाशित किया है ।

हरि०—समाधावित्यादि। समाधिश्चित्तवृत्तिनिरोधः तत्र। योगक्लेशासहिष्णवः। निस्तारोपाय भूततत्तत्कर्मसाधनहेतुक क्लेशसहनाशीलाः।।१२४।।

कलौ नास्त्येव नास्त्येव सत्यं सत्यं मयोच्यते ।
ब्रह्मदीक्षां विना देवि कैवल्याय सुखाय च ।।१२५।।

पद्मा—हे देवि! कलियुग में ब्रह्मदीक्षा के अतिरिक्त कोई अन्य दीक्षा मोक्ष (कैवल्य)

एवं सुख नहीं प्रदान कर सकती। यह मैं सत्य और निश्चित रूप से सत्य प्रतिज्ञा करके कहता हूँ।

हरि०–कलौ युगे ब्रह्मदीक्षाया अन्या कचिदपि दीक्षा मोक्षाय सुखाय च नैवास्तीति प्रतिज्ञां कुर्वन्नाह कलावित्यादि ॥१२५॥

प्रातः कृत्यं प्रातरेव सन्ध्यां कुर्यात् त्रिकालतः ।
मध्याह्ने पूजनं कुर्यात् सर्वतन्त्रेष्वयं विधिः ।
परब्रह्मोपासने तु साधकेच्छाविधिः शिवे ।।१२६।।
विधयः किङ्करा यत्र निषेधाः प्रभवोऽपि न ।
स्वेच्छाचारेजेष्टसिद्धिस्तद्विना कोऽन्यमाश्रयेत् ।।१२७।।

पद्मा–हे शिवे! प्रात:काल में प्रात:कर्म करे । त्रिकाल में सन्ध्या करे तथा मध्याह्न में पूजन करे। सभी तन्त्र ग्रन्थों में यही विधि कही गयी है। परब्रह्म की साधना में साधक का स्वेच्छाचार ही विधि है। सभी विधियाँ दासीवत् हो जाती हैं तथा किसी भी निषेध का कोई भी प्रभाव नहीं होता है। स्वेच्छाचार के द्वारा ही इष्ट सिद्धि होती है। इसके बिना अन्य किसका आश्रय लिया जा सकता है ।

हरि०–**प्रातरिति**। साधकेच्छैव विधिः। यत्र परब्रह्मोपासने ॥१२६-१२७॥

ब्रह्मज्ञानिगुरुं प्राप्य शान्तं निश्चलमानसम् ।
धृत्वा तच्चरणाम्भोजं प्रार्थयेद् भक्तिभावतः ।।१२८।।
करुणामय दीनेश तवाऽहं शरणागतः ।
त्वत्पदाम्भोरुहच्छायां देहि मूर्द्धिन यशोधन ।।१२९।।
इति प्रार्थ्य गुरुं पश्चात् पूजयित्वा स्वशक्तितः ।
कृताञ्जलिपुटो भूत्वा तूष्णीं तिष्ठेत् गुरोः पुरः।।१३०।।

पद्मा–रागद्वेष से रहित, दृढ चित्त युक्त, ब्रह्मज्ञानी गुरु के मिलते ही उनके चरण कमलों को पकड़कर भक्तिभाव से प्रार्थना करें–'हे करुणामय, हे दीनों के स्वामी, मैं आपकी शरण में आया हूँ। हे यशोधन! मेरे सिर पर आप अपने चरण की छाया प्रदान करने की कृपा करें।' यह प्रार्थना करके शिष्य अपनी सामर्थ्यानुसार गुरु का पूजन करे तथा हाथ जोड़कर गुरु के सामने चुपचाप बैठे ।

हरि०–अथ ब्रह्ममन्त्रोपदेशविधिमभिधातुमुपक्रमते ब्रह्मज्ञानीत्यादि। शान्तम् रागद्वेषादि शून्यम्। भक्तिभावतः भक्तियोगिन। किं प्रार्थयेदित्यपेक्षायामाह करुणामयेत्यादि ॥१२८-१३०॥

गुरुर्विचार्य विधिवत् यथोक्तं शिष्यलक्षणम् ।
आहूय कृपया दद्यात् सच्छिष्याय महामनुम् ।।१३१।।

पद्मा–गुरु विधिपूर्वक शिष्य के कहे गये लक्षणों को विचार करके उसे बुलाकर उस पर अपनी कृपा करके 'महामन्त्र' प्रदान करें ।

हरि०—गुरुरित्यादि । यथोक्तं शिष्य लक्षणम् शान्तो दान्तो विनीतश्चेत्यादिकम् ॥

उपविश्याऽऽसने ज्ञानी प्राङ्मुखो वाप्युदङ्मुखः ।
स्ववामे शिष्यमानीय कारुण्येनाऽवलोकयेत् ।।१३२।।

पद्मा—ज्ञानी गुरु पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके आसन पर आसीन होकर उस शिष्य को अपनी बायीं ओर बैठाकर करुणापूर्ण हृदय से देखें ।

हरि०—उपविश्येत्यादि। ज्ञानी ब्रह्मज्ञानवान् गुरुः। कारुण्येन कृपायुक्तया दृष्ट्या ॥१३२॥

ततः शिष्यस्य शिरसि ऋषिन्यासपुरःसरम् ।
जपेदष्टशतं मन्त्रं साधकस्येष्टसिद्धये ।।१३३।।
दक्षकर्णे ब्राह्मणानामितरेषाञ्च वामतः ।
सप्तधा श्रावयेत् मन्त्रं सद्गुरुः करुणानिधिः ।।१३४।।

पद्मा—इसके पश्चात् शिष्य के सिर में इष्ट सिद्धि हेतु ऋषि-न्यास करके एक सौ आठ बार मन्त्र (ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म) का जप करे। तत्पश्चात् करुणावान् सद्गुरु ब्राह्मण साधक के दाहिने कान में तथा अन्य जातियों के साधकों के बायें कान में सात बार मन्त्र को सुनाये।

हरि०—तत इत्यादि। मन्त्रम् ओं सच्चिदेकं ब्रह्मेत्यादिकम् । दक्षेत्यादि। वामतः वामे कर्णे। मन्त्रम् पूर्वोक्तमेव ॥१३३-१३४॥

उपदेश विधिः प्रोक्तो ब्रह्ममन्त्रस्य कालिके ।
नात्र पूजाद्यपेक्षाऽस्ति संकल्पं मानसञ्चरेत् ।।१३५।।

पद्मा—हे कालिके ! मैंने तुमसे ब्रह्ममन्त्र के उपदेश की विधि कही। इसमें पूजादि की अपेक्षा नहीं केवल मानसिक संकल्प का आचरण करना है ।

हरि०—ऊपदेशेति । अत्र ब्रह्ममन्त्रोपदेशविधौ । चरेत् कुर्यात् ॥१३५॥

ततः श्रीगुरुपादाब्जे दण्डवत् पतितं शिशुम् ।
उत्थापयेद् गुरुः स्नेहादिमं मन्त्रमुदीरयन् ।।१३६।।
उत्तिष्ठ वत्स मुक्तोऽसि ब्रह्मज्ञानपरो भव ।
जितेन्द्रियः सत्यवादी वलारोग्यं सदाऽस्तु ते ।।१३७।।

पद्मा—तत्पश्चात् शिष्य श्रीगुरु के चरण कमलों में गिरकर प्रणाम करे । गुरु शिष्य के मन्त्र का उच्चारण करता हुआ स्नेहपूर्वक उठाये—हे वत्स उठो, तुम मुक्त हो, ब्रह्मज्ञानपरायण होओ। तुम सदा जितेन्द्रिय, सत्यवादी, बली एवं आरोग्य रहो ।

हरि०—तत इत्यादि। ततः मन्त्रश्रवणात् परतः। शिशुम् शिष्यम् । तं मन्त्रमेवाह उत्तिष्ठ वत्सेत्यादि॥१३६-१३७॥

दक्षिणां स्वं फलं वाऽपि दद्यात् साधकसत्तमः ।
गुरोराज्ञावशीभूत्वा विहरेद्देववद् भुवि ।।१३८।।

पद्मा—साधक श्रेष्ठ गुरुचरणों से उठकर अपनी क्षमतानुसार दक्षिणा के रूप में धन

या फल प्रदान करे तथा गुरु आज्ञा के द्वारा समस्त पृथ्वी पर देवता की भाँति विचरण करे।

हरि०—तत इति। स्व धनम् आत्मानं वा ॥१३८॥

मन्त्रग्रहणमात्रेण तदात्मा तन्मयो भवेत्।
ब्रह्मभूतस्य देवेशि! किमन्यैर्बहुसाधनैः ॥१३९॥

पद्मा—हे देवेशि! जो व्यक्ति (ब्रह्म) मन्त्र को ग्रहण करता है उसकी आत्मा भी ब्रह्ममयी हो जाती है। जो साधक ब्रह्मस्वरूप हो जाता है उसे अन्य बहुत से साधनों की क्या आवश्यकता है।

हरि०—मन्त्रेत्यादि। तदात्मा ब्रह्मनिष्ठान्तः करणः। तन्मयः ब्रह्मस्वरूपः॥१३९॥

इति संक्षेपतो ब्रह्मदीक्षा ते कथिता प्रिये।
गुरुकारुण्यमात्रेण ब्रह्मदीक्षां समाश्रयेत् ॥१४०॥

पद्मा—हे प्रिये! मैंने संक्षेप में तुमसे दीक्षा विधान कहा। गुरु कृपा होने पर ही ब्रह्म मन्त्र की दीक्षा ग्रहण करें।

हरि०—ब्रह्ममन्त्रग्रहणे कालादिनियमो नास्तीति प्रतिपादयन्नाह गुर्वित्यादि॥१४०॥

शाक्ताः शैवा वैष्णवाश्च सौरा गाणपत्यास्तथा।
विप्रा विप्रेतराश्चैव सर्वेऽप्यत्राधिकारिणः ॥१४१॥

पद्मा—शाक्त, शैव, वैष्णव, सौर, गाणपत्य, ब्राह्मण हो या अब्राह्मण कोई भी जाति हो, सभी ब्रह्ममन्त्र के अधिकारी हैं।

हरि०—उपादिष्टनामनुपदिष्टनाञ्च ब्राह्मणदीनां सर्वेषामप्यस्मिन् ब्रह्ममन्त्रेऽधिकारोऽस्तीत्याह शाक्ता इत्यादिना। अत्र ब्रह्ममन्त्रे ॥१४१॥

अहं मृत्युञ्जयो देवि देवदेवो जगद्गुरुः।
स्वेच्छाचारी निर्विकल्पो मन्त्रस्याऽस्य प्रसादतः ॥१४२॥

पद्मा—हे देवि! मैं इस मन्त्र के प्रसाद से ही मृत्युञ्जय, देवदेव, जगत् का गुरु, स्वेच्छाचारी, विकल्परहित हूँ।

हरि०—एतन्मन्त्रप्रसादादेव मयि मृत्युञ्जयत्वादिकमासीदित्याह अहमित्यादिना। अहं मृत्युञ्जयोऽभवमिति शेषः ॥१४२॥

अमुमेव ब्रह्ममन्त्रं मत्तः पूर्वमुपासिताः।
ब्रह्मा ब्रह्मर्षयश्चापि देवा देवर्षयस्तथा ॥१४३॥

पद्मा—मुझसे इस ब्रह्म मन्त्र को पूर्वकाल में ब्रह्मा एवं ब्रह्मर्षिगणों ने तथा देवताओं एवं देवर्षि नारद ने प्राप्त कर उपासना की है।

हरि०—एतन्मन्त्रोपासनादेव विरिञ्चयादिषु ब्रह्मभूतत्वं जातमित्याह अमुमित्यादिना। मत्रो गृहीत्वेति शेषः। उपासिताः श्रद्धया अनुष्ठिवन्तः। गत्यर्थाकर्मकश्लिष शीङित्यादिना कर्त्तरि क्तः। ब्रह्मर्षयो भृग्वादयः। देवा इन्द्रादयः। देवर्षयो नारदादयः ॥१४३॥

देवर्षिवक्त्रान्मुनयस्तेभ्यो राजर्षयः प्रिये ।
उपासिता ब्रह्मभूताः परमात्मप्रसादतः ।।१४४।।

पद्मा–हे प्रिये ! देवर्षि नारद के मुख से इस विद्या को व्यासादि मुनि गणों ने तथा उनसे राजर्षि जनक तथा अपने इस पर ब्रह्म के मन्त्र को प्राप्त कर परमात्मा की कृपा से ब्रह्मस्वरूप हुए हैं ।

हरि०–देवर्षीति । देवर्षिवक्त्रात् नारदमुखात् । मुनयो व्यासादयः। राजर्षयो जनकादयः।।१४४।।

ब्राह्मे मनौ महेशानि विचारो नास्ति कुत्रचित् ।
स्वीयमन्त्रं गुरुर्दद्यात् शिष्येभ्यो ह्यविचारयन् ।।१४५।।
पिताऽपि दीक्षयेत् पुत्रान् भ्राता भ्रातॄन् पतिः स्त्रियम् ।
मातुलो भागिनेयांश्च नप्तॄन् मातामहोऽपि च ।।१४६।।

पद्मा–हे महेशानि! ब्रह्ममन्त्र के विषय में किसी प्रकार का विचार नहीं है। गुरु बिना विचार किये अपना मन्त्र शिष्य को प्रदान कर सकता है, पिता पुत्र को दीक्षित कर सकता है। भाई, भाई को दीक्षित कर सकता है, पति पत्नी को दीक्षित कर सकता है, मामा भान्जे को दीक्षित कर सकता है तथा नाना नाती को दीक्षित कर सकता है ।

हरि०–आत्मना ग्रहीतोप्ययं ब्रह्ममन्त्रो गुरुणा शिष्येभ्यो देयः पित्रादिभिरपि पुत्रादिभ्यो देय इत्याह ब्राह्मे इत्यादिभ्यां द्वाभ्याम् । अविचारयन् स्वीयमन्त्रदाननिमित्तकं दोषमगणयन् ।।१४५-१४६।।

स्वमन्त्रदाने यो दोषस्तथा पित्रादिदीक्षया ।
सिद्धे ब्रह्ममहामन्त्रे तद्दोषो नैव विद्यते ।।१४७।।
ब्रह्मज्ञानिमुखात् श्रुत्वा येन केन विधानतः ।
ब्रह्मभूतो नरः पूतः पुण्यपापैर्न लिप्यते ।।१४८।।

पद्मा–अपने मन्त्र के देने में जो दोष कहा जाता है तथा पितादि की दीक्षा में जो दोष कहे गये हैं वह दोष इस सिद्ध ब्रह्ममन्त्र में व्याप्त नहीं होते। जिस किसी भी विधि से इस मन्त्र को ब्रह्मज्ञानी के मुख से सुनकर व्यक्ति ब्रह्ममय एवं पवित्र हो जाता है और पुण्यपाप में वह लिप्त नहीं होता है।

हरि०–ननु पितुर्मन्त्र न गह्णीयात्तथा मातामहस्य चेत्यादिनिषेधवाक्यमुल्लङ्घ्य पित्रादिभ्यो ब्राह्ममन्त्रं गृह्णाणां पुत्रादीनामात्मीयमन्त्रदाने तत्तन्निषेध वाक्यमनादृत्य शिष्येभ्यः स्वीयं ब्रह्ममन्त्र ददतो गुरोश्च प्रत्यवायभागित्वं स्यात्तत्राह स्वमन्त्रदाने इत्यादि। यो दोषः उक्त इति शेषः।।१४७-१४८।।

ब्रह्ममन्त्रोपासिता ये गृहस्था ब्राह्मणादयः ।
स्वस्ववर्णोत्तमारते तु पूज्या मान्या विशेषतः ।।१४९।।

पद्मा–ब्रह्म मन्त्र के उपासक ब्राह्मण तथा अन्य जातियों के जो गृहस्थ हैं वे अपने अपने वर्ण अर्थात् जाति में पूजनीय एवं विशेष रूप से मान्य होते हैं।

हरि०–ब्रह्ममन्त्रेत्यादि । यत इति शेषः। ब्रह्ममन्त्रमुपासिताः। ब्रह्ममन्त्रोपासिताः। गम्यादीनामुपसंख्यानमिति द्वितीयातत्पुरुषः।।१४९।।

ब्राह्मणा यतयः साक्षादितरे ब्राह्मणैः समाः ।
तस्मात् सर्वे पूजयेयुर्ब्रह्मज्ञान् ब्रह्मदीक्षितान् ।।१५०।।

पद्मा–(ब्रह्म के उपासक) ब्राह्मण साक्षात् यति स्वरूप होते हैं तथा अन्य वर्णों के व्यक्ति ब्राह्मण के समान होते हैं। ब्रह्मज्ञान से सम्पन्न एवं ब्रह्ममन्त्र में दीक्षित व्यक्ति की पूजा सभी को करनी चाहिए।

हरि०–ब्राह्मण इति। ब्राह्मणः साक्षात् यततः परिवाजका भवेयुः । इतरे क्षत्रियादयः ।।१५०।।

ये च तानवमन्यन्ते ते नरा ब्रह्मघार्तिनः ।
पतन्ति घोरनरके यावद्भास्करतारकम् ।।१५१।।
यत् पापं स्त्रीवधे प्रोक्तं यत्पापं भ्रूणघातने ।
तस्मात् कोटिगुणं पापं ब्रह्मोपासकनिन्दनात् ।।१५२।।

पद्मा–जो मनुष्य ब्रह्मज्ञानी व्यक्ति की अवमानना व अपमान करते हैं वे ब्रह्मघाती हैं तथा वे जब तक सूर्य एवं तारे हैं तब तक अर्थात् प्रलय काल तक घोर नरक में रहते हैं। जो पाप स्त्री हत्या एवं भ्रूण हत्या करने से लगता है उससे करोड़ों गुणा पाप ब्रह्मोपासक की निन्दा करने से होता है ।

हरि०–अथ ब्रह्मोपसकान् जनानिन्दतां जनानामखिलपातकाश्रयत्वमित्याह ये च तानित्यादिभ्यां द्वाभ्याम् । तान् ब्रह्मदीक्षितान् । अवमन्यते अनादि यन्ते । भास्कर तारकं यावत्तिष्ठेत्तावत् । भ्रूणघातने गर्भघातने ।।१५१-१५२।।

यथा ब्रह्मोपदेशेन विमुक्तः सर्वपातकैः ।
गच्छन्ति ब्रह्मसायुज्यं तथैव तव साधनात् ।।१५३।।

इति श्रीमहानिर्वाण तन्त्रे सर्वत्रतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्मनिर्णयसारे
श्रीमदाद्या-सदाशिवसंवादे जीवनिस्तारो पापप्रश्ने
परब्रह्मोपदेश कथनं नाम तृतीयोल्लासः।

हे देवि ! जिस प्रकार ब्रह्ममन्त्र के उपदेश से मनुष्य सभी प्रकार के पापों से मुक्त होकर ब्रह्मसायुज्य को प्राप्त करते हैं उसी प्रकार तुम्हारी साधना से भी होता है।।१५३।।

श्री महानिर्वाणतन्त्र के तीसरे उल्लास की पद्मा हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ।।३।।

हरि०–ब्रह्मसायुज्यम् ब्रह्मत्वम् ।।१५३।।

इति श्री महानिर्वाणतन्त्र टीकायां तृतीयोल्लासः।

चतुर्थोल्लासः

श्रुत्वा सम्यक् परब्रह्मोपासनं परमेश्वरी ।
परमानन्दसम्पन्ना शङ्कर परिपृच्छति ।।१।।

श्री देव्युवाच

कथितं यत्त्वया नाथ ब्रह्मोपासनमुत्तमम् ।
सर्वलोकप्रियंकरं साक्षाद्ब्रह्मपदप्रदम् ।।२।।

पद्मा–परमेश्वरी ने सम्यक् प्रकार से परब्रह्म उपासना को सुनकर परमानन्द से सम्पन्न (अत्यन्त आनन्दपूर्वक) होकर भगवान् शिव से पूछा-श्री देवी ने कहा-हे नाथ! आपने श्रेष्ठ ब्रह्मोपासना की विधि कही है वह सभी लोगों को प्रियकारक एवं साक्षात् ब्रह्मपद प्रदायक है।

हरि०–ॐ नमो ब्रह्मणे ।

परमेश्वरी शङ्करं किं परिपृच्छतीत्यपेक्षायामाह। कथितं यदित्यादि।।१-२।।

तेजोबुद्धिबलैश्वर्यदायकं सुखसाधनम् ।
तृप्ताऽस्मि जगदीशान तव वाक्यामृतप्लुता ।।३।।

पद्मा–इस ब्रह्मोपासना से तेज, बुद्धि, बल, ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है तथा सुख का साधन है। हे जगदीशान! मैं आपके वाक्यरूपी अमृत से तृप्त हो गयी हूँ ।

हरि०–तेज इत्यादि। तृप्ताऽस्मि तद्ब्रह्मोपासनं श्रुत्येति शेषः। तव वागमृतप्लुता तावकीनवाग्रूपपीयूशे निमग्ना ।।३।।

यदुक्तं करुणासिन्धो यथा ब्रह्मनिषेवणात् ।
गच्छन्ति ब्रह्मसायुज्यं तथैव मम साधनात् ।।४।।

पद्मा–हे करुणा (दया) के सागर! आपने कहा है कि जिस प्रकार ब्रह्मोपासना के द्वारा ब्रह्मसायुज्य प्राप्त होता है उसी प्रकार से मेरी (अर्थात् देवी की) साधना द्वारा भी ब्रह्मसायुज्य प्राप्त किया जा सकता है ।

हरि०–यदुक्त मित्यादि! हे करुणासिन्धो कृपा समुद्र ब्रह्मनिषेवणात् परब्रह्मण उपासनाद्धया जना ब्रह्मसायुज्यं यत्त्वयोक्तं तत्र किं कारणमस्तीत्येतद्वेदितुं जातुमहमिच्छामीति द्वितीयश्लोक गतैः पदैरन्वयः।।४।।

एतद्वेदितुमिच्छामि ! मदीयसाधनं परम् ।
ब्रह्मसायुज्यजननं यत्त्वया कथितं प्रभो ।।५।।

पद्मा–हे प्रभो ! मुझे अपनी श्रेष्ठ साधना जानने की इच्छा है जैसा कि आपने कहा है कि इसके द्वारा ब्रह्मसायुज्य की प्राप्ति होती है ।

हरि०–एतदित्यादि। हे प्रभो ब्रह्मसायुज्य जननं ब्रह्मत्वोत्पादकमतएव परं श्रेष्ठ यन्मदीयं साधनं त्वया कथितं तच्च कीदृशं वर्त्तते एतदपि वेदितुमिच्छामि।।५।।

विधानं कीदृशं तस्य साधनं केन वर्त्मना ।
मन्त्रः को वाऽत्र विहितो ध्यानपूजादिकञ्च किम्।।६।।

पद्मा–मेरी साधना का विधान कैसा है तथा किस प्रकार से साधना करनी है एवं मन्त्र क्या है ? उसके विहित ध्यान, पूजादि क्या हैं ? ।

हरि०–तस्यमदीयसाधनस्य। अत्र मम साधने ।।६।।

सविशेषं सावशेषमामूलाद्वक्तुमर्हसि ।
मम प्रीतिकरं देव लोकानां हितकारकम् ।
को ह्यन्यस्त्वामृते शम्भो भवव्याधिभिषग्गुरुः ।।७।।

पद्मा–हे शम्भो! आप यह सब विशेष रूप से एवं अवशेष पर्यन्तमूल से प्रारम्भ करके कहिये। हे देव! मेरी प्रिय कारक एवं लोकहित कारक विधि को कहें। आपके अतिरिक्त संसाररूपी व्याधि की चिकित्सा करने में कौन समर्थ है अर्थात् आपके ही द्वारा इसकी चिकित्सा कर सकते हैं; क्योंकि आप ही वैद्यराज हैं ।

हरि०–सविशेषमित्यादि। सावशेषम् अवशेषपर्यन्तम् । आमूलात् मूलमारभ्य। त्वामृते त्वां विना। भवव्याधिभिषग्गुरुः जन्मरूपस्य व्याधेश्चिकित्सकराजः।।७।।

इति देव्या वचः श्रुत्वा देवदेवो महेश्वरः ।
उवाच परया प्रीत्या पार्वती पार्वतीपतिः ।।८।।

पद्मा–भगवान महेश्वर, पार्वतीपति ने देवी पार्वती के यह वचन सुनकर उनसे प्रीतिपूर्वक कहा ।

हरि०–इतीत्यादि। उवाच उत्तरमिति शेषः।।८।।

श्रीसदाशिव उवाच

शृणु देवि महाभागे तवाराधनकारणम् ।
तव साधनतो येन ब्रह्मसायुज्यमश्नुते ।।९।।

पद्मा–हे देवि! हे महाभागे! श्रवण करो। जिस कारण से तुम्हारी साधना द्वारा ब्रह्मसायुज्य प्राप्त कर सके उस साधन को मैं तुमसे कहता हूँ ।

हरि०–पार्वतीपतिः पार्वतीं किमुत्तरमुवाचेत्यपेक्षायामाह शृणु देवीत्यादि। हे देवि हे महाभागे महाभाग्यशालिनि येन कारणेन तव साधनतो जनो ब्रह्मसायुज्यं ब्रह्मत्वमश्नुते लभते तन्मया कथ्यमानं तवाराधनकारणं त्वं शृण्वित्यन्वयः।।९।।

त्वं परा प्रकृतिः साक्षाद् ब्रह्मणः परमात्मनः ।
त्वत्तो जातं जगत् सर्वं त्वं जगज्जननी शिवे ।।१०।।

पद्मा–हे शिवे! तुम साक्षात् परम ब्रह्म की परा प्रकृति हो। यह समस्त जगत तुम्हीं से उत्पन्न हुआ है। तुम ही सम्पूर्ण जगत की जननी हो ।

हरि०–अथ परमेश्वरी साधनस्य ब्रह्मसायुज्य जनकत्वे तद्गतं ब्रह्मसारूप्यमेव कारणमस्तीत्यभिधातुमुपक्रमते त्वं परा प्रकृतिरित्यादि। यत इति शेषः। परमा माया शक्तिर्वा यस्य स परमः अतति सर्वं व्याप्नोतीत्यात परमश्चासर्वात्मा चेति परमात्मना तस्य परमात्मनो ब्रह्मणो यतस्त्वं साक्षात् पराऽत्युत्कृष्टा प्रकृतिरसीत्येवमन्वयः कार्य्यः॥१०॥

महदाद्यगुणपर्यन्तं यदेतत् सचराचरम् ।
त्वयैवोत्पादितं भद्रे त्वदधीनमिदं जगत् ॥११॥

पद्मा–हे भद्रे ! महत् तत्त्व से अणुपर्यन्त एवं चर-अचर जगत् सब तुम्हीं से उत्पन्न हुआ है। यह समस्त जगत् तुम्हारे ही अधीन है ।

हरि०–महत्तत्त्वमादिर्यस्य तन्महदादि ॥११॥

त्वमाद्या सर्वविद्यानामस्माकमपि जन्मभूः ।
त्वं जानासि जगत् सर्वं न त्वां जानाति कश्चन् ॥१२॥

पद्मा–तुम ही आद्या (आदि अर्थात् जिसके पूर्व कोई न हो) समस्त विद्यायें एवं हम समस्त देवगण तुम से ही उत्पन्न हुए हैं। तुम समस्त जगत् को जानती हो किन्तु तुम्हें कोई नहीं जानता है ।

हरि०–**किञ्च त्वमाद्येत्यादि।** आद्या आदिभूता। नत्वन्येषामेव जगतां जननी त्वमसि किन्त्वस्माकं शङ्करादीनामपि जन्मभूरुत्पत्तिस्थानं त्वम् । जगज्जननीत्वात् सर्वं जगत् त्वं जानासि। त्वत्ते जातत्त्वात् कश्चन अपि त्वां तु न जानाति ॥१२॥

त्वं काली तारिणी दुर्गा षोडशी भुवनेश्वरी ।
धूमावती त्वं बगला भैरवी छिन्नमस्तका ॥१३॥

पद्मा–हे देवि! तुम ही काली, तारा, सुन्दरी षोडशी एवं भुवनेश्वरी हो, तुम ही धूमावती, तुम ही भैरवी एवं छिन्नमस्ता हो ।

हरि०–किञ्च त्वं कालीत्यादि ॥१३॥

त्वमन्नपूर्णा वाग्देवी त्वं देवी कमलालया ।
सर्वशक्तिस्वरूपा त्वं सर्वदेवमयी तनुः ॥१४॥

पद्मा–तुम ही अन्नपूर्णा हो, तुम वाग्देवी सरस्वती हो, तुम ही लक्ष्मी हो, सर्वशक्ति स्वरूपा एवं सर्वदेवमयी हो ।

हरि०–**वाग्देवी सरस्वती ।** कमलालय लक्ष्मीः। तनुः तवेति शेषः ॥१४॥

त्वमेव सूक्ष्मा स्थूला त्वं व्यक्ताव्यक्तस्वरूपिणी ।
निराकाराऽपि साकारा कस्त्वां वेदितुमर्हति ॥१५॥

पद्मा–तुम ही सूक्ष्मा, तुम ही स्थूला, तुम ही व्यक्त-अव्यक्त स्वरूपा हो। तुम आकृति शून्य होकर भी आकारविशिष्टा हो। तुम्हें जानने में कोई भी योग्य नहीं है ।

हरि०–**त्वमित्यादि।** सूक्ष्मा परमाणुरूपा। स्थूलरूपत्वात् व्यक्तम् परमाणु रूपत्वाच्चाव्यक्तं

स्वं रूपं विद्यते यस्याः तथात्वम् । वस्तुतो निराकारोऽपि आकृतिशून्याऽपि त्वं साकारा आकारविशिष्टा भवसि। अतः त्वां वेदतिं ज्ञातुं कोऽर्हति योग्यो भवति न कोऽपीत्यर्थः॥१५॥

उपासकानां कार्यार्थं श्रेयसे जगतामपि ।
दानवानां विनाशाय धत्से नानाविधास्तनूः ॥१६॥
चतुर्भुजा त्वं द्विभुजा षड्भुजाऽष्टभुजा तथा ।
त्वमेव विश्वरक्षार्थं नानाशास्त्रास्त्रधारिणी ॥१७॥
तत्तद्रूपविभेदेन मन्त्रयन्त्रादिसाधनम् ।
कथितं सर्वतन्त्रेषु भावाश्च कथितास्त्रयः ॥१८॥

पद्मा–तुम साधकों (उपासकों) के कार्य के लिये, जगत के कल्याण हेतु, दानवों के विनाश के लिए अनेक प्रकार के रूप समय-समय पर धारण करती रहती हो। तुम विश्व-रक्षा के लिये कभी चतुर्भुजा, कभी द्विभुजा, कभी षड्भुजा, कभी अष्टभुजा रूप धारण करके अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्र धारण करती हो। उन अनेक रूप भेदों का समस्त तांत्रिक गन्थों में मन्त्र और यन्त्र के साथ अनेक साधना विधियाँ कही गयी हैं तथा तीन प्रकार के भाव कहे गये हैं ।

हरि०–ननु वस्तुतो यदि निराकारैवाहं तर्हि किमर्थं नानाविधमाकारं दधामि तत्राह उपासकानामित्यादि। ता नानाविधास्तनूरेव दर्शयन्नाह चतुर्भुजेत्यादि ॥१६-१८॥

पशुभावः कलौ नास्ति दिव्यभावोऽपि दुर्लभः ।
वीरसाधनकर्म्माणि प्रत्यक्षाणि कलौ युगे ॥१९॥
कुलाचारं विना देवि कलौ सिद्धिर्न जायते ।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन साधयेत् कुलसाधनम् ॥२०॥
कुलाचारेण देवेशि ब्रह्मज्ञानं प्रजायते ।
ब्रह्मज्ञानयुतो मर्त्यो जीवन्मुक्तो न संशयः ॥२१॥

पद्मा–भाव तीन कहे गये हैं-पशु, दिव्य एवं वीर। कलियुग में पशुभाव का अभाव है अर्थात् नहीं है, दिव्यभाव भी दुर्लभ ही है। कलियुग में वीरभाव की साधना ही प्रत्यक्ष फल प्रदायक है। हे देवि! कलियुग में कुलाचार के बिना सिद्धि नहीं प्राप्त होती हैं, अतः सब प्रयत्न करके कुलसाधना करे। हे देवेशि! कुलाचार के द्वारा ब्रह्मज्ञान उत्पन्न होता है। ब्रह्मज्ञान से युक्त मनुष्य जीवन्मुक्त हो जाता है, इसमें संशय नहीं है ।

हरि०–अथ पशुभावादिप्रसङ्गात् कलौ युगे वीरभावस्यैव विद्यमानत्वेन प्रत्यक्षफलदायकानि वीरसाधनकर्माण्येव साधनीयानीत्येवाह पशुभाव इत्यादिभिः॥१९-२१॥

ज्ञानेन मेध्यामखिलममेध्यं ज्ञानतो भवेत् ।
ब्रह्मज्ञाने समुत्पन्ने मेध्यामेध्यं न विद्यते ॥२२॥

पद्मा–ज्ञान के द्वारा सभी कुछ पवित्र हो जाता है तथा उसी ज्ञान के द्वारा ही सभी कुछ

अपवित्र प्रतीत होता है; किन्तु ब्रह्मज्ञान के उत्पन्न होने पर कुछ भी पदार्थ पवित्र या अपवित्र नहीं प्रतीत होता है।

हरि०–मेध्यम् पवित्रम् ।।२२।।

यो जानाति परं ब्रह्म सर्वव्यापि सनातनम् ।
किमस्त्यमेध्यं तस्याग्रे सर्वं ब्रह्मेति जानतः ।।२३।।
त्वं सर्वरूपिणी देवी सर्वेषां जननी परा ।
तुष्टाया त्वयि देवेशि सर्वेषां तोषणं भवेत् ।।२४।।
सृष्टेरादौ त्वमेकाऽऽसीत् तमोरूपमगोचरम् ।
त्वत्तो जातं जगत् सर्वं पर ब्रह्मसिसृक्षया ।।२५।।

पद्मा–जो सर्वव्यापी सनातन परम ब्रह्म को जानता है उसके लिये कौन सी वस्तु अपवित्र है अर्थात् कुछ भी अपवित्र नहीं है। उसके आगे समस्त जगत् ब्रह्ममय हो जाता है। हे देवि! तुम सर्वरूपिणी हो तथा सभी की परा जननी हो। हे देवेशि! तुम्हारे सन्तुष्ट होने पर समस्त जगत् संतुष्ट हो जाता है। सृष्टि के आदि में तुम्हीं प्रकृति रूप में जो मन वाणी से अगोचर है-विद्यमान रहती हो। परब्रह्म की सृष्टि करने की इच्छा से ही सम्पूर्ण जगत् तुम्हीं से उत्पन्न होता है ।

हरि०–**य इति**। सनातनम् सर्वदैकरूपम् ।। अगोचरम् आकृति शून्यत्वात् वाङ्मनसयोरप्यविषयभूतम् ।।२३-२५।।

महत्तत्त्वादिभूतान्तं त्वया सृष्टिमिदं जगत् ।
निमित्तमात्रं तद्ब्रह्म सर्वकारणकारणम् ।।२६।।

पद्मा–महत्तत्व से लेकर महाभूत पृथ्वी पर्यन्त सम्पूर्ण जगत् तुम्हारी ही सृष्टि है। समस्त कारणों का कारण वह ब्रह्म निमित्त मात्र हैं ।

हरि०–**महदित्यादि**। भूतान्तं पृथिवीपर्य्यन्तम् । सर्वकारणकारणम् सर्वेषां महदादीनां कारणानामपि कारणं निमित्तभूतम् ।।२६।।

सद्रूपं सर्वतोव्यापि सर्वमावृत्य तिष्ठति ।
सदैकरूपं चिन्मात्रं निर्लिप्तं सर्ववस्तुषु ।।२७।।

पद्मा–वह ब्रह्मसत् रूप एवं सर्वव्यापी है, वह समस्त निःशेष पदार्थों एवं समस्त वस्तुओं को वेष्टित करके स्थित रहता है। वह सर्वदा एक रूप, चिन्मात्र एवं समस्त वस्तुओं में निर्लिप्त रहता है ।

हरि०–**सद्रूपमित्यादि**। सद्रूपं सर्वदा स्थायिस्वरूपम् । सर्वमावृत्य निश्शेषं पदार्थमावेष्ट्य सर्ववस्तुषु स्थितमपि निर्लिप्तमसम्बद्धम् ।।२७।।

न करोति न चाऽश्नाति न गच्छति न तिष्ठति ।
सत्यं ज्ञानमनाद्यन्तमवाङ्मसगोचरम् ।।२८।।

पद्मा–वह (ब्रह्म) कोई कर्म नहीं करता है, न ही भोग करता है, न ही आवागमन

करता है, न ही अवस्थापन करता है अर्थात् उसका कोई स्थान विशेष नहीं है, वही यथार्थ स्वरूप है, समस्त पदार्थों का ज्ञान उसी से है, वह आदि अन्त से रहित है, वह वचन एवं मन से अगोचर है ।

हरि०-मेत्यादि। न चाश्नाति न च भुङ्क्ते। सत्यम् यथार्थस्वरूपम् । ज्ञानं समस्तपदार्थावबोध: तत्स्वरूपम् । अनाद्यन्तम् न विद्यते आदि: कारणम् अन्तोनाशश्च यस्य तथाभूतम्॥२८॥

तदिच्छामात्रमालम्ब्य त्वं महायोगिनी परा ।
करोषि पासि हंस्यन्ते जगदेतच्चराचरम् ।।२९।।
तव रूपं महाकालो जगत्संहारकारक: ।
महासंहारसमये काल: सर्वं ग्रसिष्यति ।।३०।।

पद्मा-हे परामहायोगिनी! उस ब्रह्म की इच्छामात्र का अवलम्बन करके तुम इस चराचर जगत् की सृष्टि, पालन एवं संहार करती हो। जगत् की संहारक महाकाल तुम्हारा ही एक रूप है। महासंहार के समय वही काल सभी निगलता है ।

हरि०-तदित्यादि। तदिच्छामात्रम् परब्रह्मण इच्छामेव। अन्तेप्रलय काले॥२९-३०॥

कलनात् सर्वभूतानां महाकाल: प्रकीर्त्तित: ।
महाकालस्य कलनात् त्वमाद्या त्कालिका परा ।।३१।।
कालसंग्रसनात् काली सर्वेषामादिरूपिणी ।
कालत्वादादिभूतत्वादाद्या कालीति गीयते ।।३२।।

पद्मा-समस्त प्राणियों के 'कलन' अर्थात् ग्रास करने के कारण ही उसे महाकाल कहा जाता है। तुम महाकाल का कलन अर्थात् ग्रास करने कारण आद्या, कालिका व परा कहलाती हो। काल को ग्रास करने के कारण तुम्हें काली कहा जाता है, तुम ही समस्त प्राणियों की आदिरूपा हो। तुम ही समस्त प्राण्यिों की कालस्वरूपा एवं आदिभूता हो इसीलिये तुम 'आद्याकाली' कहलाती हो ।

हरि०-कलनादित्यादि। कलनात् ग्रसनात्। आदिरूपिणी कारणस्वरूपा॥३१-३२॥

पुन: स्वरूपमासाद्या तमोरूपं निराकृति: ।
वाचातीतं मनोगम्यं त्वमेकैवाऽवशिष्यसे ।।३३।।

पद्मा-प्रलयकाल में तुम वाणी से अतीत, मन से अगम्य, तमोरूप, आकृति रहित (निराकृति) स्वरूप का आश्रय लेकर अकेली स्थित रहती हो ।

हरि०-पुनरित्यादि। निराकृति आकारशून्यम् । वाचातीतम् अतिक्रान्तवाक् । मनोऽगम्यम् मनसोऽप्यप्राप्यम् ॥३३॥

साकाराऽपि निराकारा मायया बहुरूपिणी ।
त्वं सर्वादिरनादिस्त्वं कर्त्री हर्त्री च पालिका ।।३४।।

पद्मा-तुम सकारा (आकार धारण करने में समर्थ) भी हो तथा निराकारा भी। तुम माया

का आश्रय लेकर बहुत से रूप धारण करती हो। तुम ही सबकी कारणभूता हो, तुम ही सबकी आदि, अनादि, कर्त्री, हर्त्री तथा पालिका (पालन करने वाली) हो ।

हरि०–साकारेत्यादि । सर्वादिः सर्वेषां कारणभूता सर्वकारणत्वादेव न विद्यते आदिः कारणं यस्यास्तथाभूता त्वमसि ॥३४॥

अतस्ते कथितं भद्रे ब्रह्ममन्त्रेण दीक्षितः ।
यत्फलं समवाप्नोति तत्फलं तव साधनात् ॥३५॥

पद्मा–हे भद्रे ! इसीलिये मैंने तुमसे कहा है कि ब्रह्ममन्त्र में दीक्षित व्यक्ति जो फल प्राप्त करता है वही फल वह तुम्हारी साधना से भी प्राप्त कर सकता है ।

हरि०–तव साधनतो ब्रह्मत्वलाभे इदमेव कारणमस्तीत्याह अत इत्यादिना ॥३५॥

नानाऽऽचारेण भावेन देशकालाधिकारिणाम् ।
विभेदात् कथितं देवि कुत्रचिद्गुप्तसाधनम् ॥३६॥

पद्मा–हे देवि! मैं विविध आचारों एवं भावों को देश, काल (समय) एवं अधिकारी के भेद से प्रकट करता हूँ, कहीं-कहीं पर मैंने गुप्त साधना विधियाँ भी कहीं हैं ।

हरि०–अथ साधनं केन वर्त्मनेति मदीयं साधनं परं कीदृशं वर्त्तते इति च। यत् परमेश्वर्य्या पृष्टं तत्र मत्कथितैनेव मार्गेण सर्व कर्म साधनीयं मदुक्तवर्त्मना नित्यनैमित्तिककर्मणां यत् साधनं तदेव तावकीनं साधनमित्युत्तरं दातुमुपक्रमते नानाचारेणेत्यादि। नानाभावेन च। विभेदात् विशेषात् कुत्रचित् तन्त्रादिषु ॥३६॥

ये यत्राधिकृता मर्त्यास्ते तत्र फलभागिनः ।
भविष्यन्ति तरिष्यन्ति मानुषा गतकिल्विषा ॥३७॥

पद्मा–जिस साधन में जो मनुष्य अधिकारी है वह उसी के अनुरूप फल प्राप्त करता है तथा निष्पाप होकर वह व्यक्ति संसार-सागर को पार करता है ।

हरि०–य इति । यत्र गुप्तसाधने व्यक्तसाधने वा ॥३७॥

बहुजन्मार्जितः पुण्यैः कुलाचारे मतिर्लभेत् ।
कुलाचारेण पूतात्मा साक्षाच्छिवमयो भवेत् ॥३८॥

पद्मा–अनेक जन्मों से अर्जित पुण्य के द्वारा ही व्यक्ति की बुद्धि कुलाचार में प्रवृत्त होती है। कुलाचार के द्वारा जिसकी आत्मा पवित्र हो जाती है वह साक्षात् शिवमय हो जाता है।

हरि०–अथ प्रबले कलौ युगे कुलामार्गेणैव सर्वकर्म साधनीयमिति प्रतिपादनाय तमेव मार्गं स्तोतुमना महादेवः पूर्वं तन्मार्गवर्त्तिनं जनं प्रशंसति बहुजनमेत्यादिभिः। साक्षाच्छिवमयः साक्षाच्छिवस्वरूपः॥३८॥

यत्रास्ति भोगबाहुल्यं तत्र योगस्य का कथा ।
योगेऽपि भोगविरहः कौलस्तूभयमश्नुते ॥३९॥

पद्मा–जहां भोग का बाहुल्य है वहां योग का क्या काम है? जहां योग का आचरण

है वहां भोग की क्या आवश्यकता है ? किन्तु कौल (कुलाचार में प्रवृत्त) योग और भोग दोनों का भोग करता है ।

हरि०–यत्रेति । यत्र साधने भोगविरह: भोगाभाव:। उभयमश्नुते योगं भोगञ्च लभते ॥३९॥

एकश्चेत् कुलतत्त्वज्ञः पूजितो येन सुव्रते ।
सर्वे देवाश्च देव्यश्च पूजिता नात्र संशयः ।।४०।।
पृथिवीं हेमसम्पूर्णां दत्त्वा यत् फलमाप्नुयात् ।
तस्मात् कोटिगुणं पुण्यं लभते कौलिकार्चनात् ।।४१।।

पद्मा–हे सुव्रते ! जो मनुष्य एक कुलतत्त्वज्ञ साधक की पूजा कर लेता है, वह समस्त देवी-देवताओं की पूजा कर लेता है इसमें सन्देह नहीं है। जितना पुण्य लाभ स्वर्ण से पूर्ण पृथ्वी का दान करने से होता है उससे करोड़ गुणा अधिक पुण्य कौल साधक की पूजा करने से होता है ।

हरि०–एक इत्यादि । पूजिता: तेनेनि शेष:॥४०-४१॥

श्वपचोऽपि कुलज्ञानी ब्राह्मणादतिरिच्यते ।
कुलाचारविहीनस्तु ब्राह्मणः श्वपचाधमः ।।४२।।

पद्मा–यदि चाण्डाल की कुलतत्त्व का ज्ञाता है तो वह ब्रह्मण कहा जाता है तथा वह ब्राह्मण से श्रेष्ठ है। यदि ब्राह्मण कुलाचार के ज्ञान से रहित है तो वह चाण्डाल से भी अधम (नीच) है ।

हरि०–श्वपच इत्यादि । अतिरिच्यते उत्तमतावत्त्वाद्विशिष्यते ॥४२॥

कौलधर्म्मात् परो धर्म्मो नास्ति ज्ञाने तु मामके ।
यस्यानुष्ठानमात्रेण ब्रह्मज्ञानी नरो भवेत् ।।४३।।
सत्यं ब्रवीमि ते देवि हृदि कृत्वाऽवधारय ।
सर्वधर्म्मोत्तमात् कौलात् परो धर्म्मो न विद्यते ।।४४।।

पद्मा–कौल धर्म से श्रेष्ठ अन्य कोई धर्म नहीं है ऐसा मैं जानता हूँ। इस कौल धर्म के अनुष्ठानमात्र से व्यक्ति ब्रह्मज्ञानी हो जाते हैं। हे देवि! मैं सत्य कहता हूँ इसे हृदय में धारण कर लो। कौल धर्म समस्त धर्मों से श्रेष्ठ है । इससे श्रेष्ठ दूसरा कोई अन्य धर्म नहीं है।

हरि०–कौलधर्मस्य सर्वधर्मोत्तमत्वे हेतुं दर्शयन्नाह यस्यानुष्ठानमात्रेणेत्यादि॥४३-४४॥

अयन्तु परमो मार्गो गुप्तोऽस्ति पशुसङ्कटे ।
व्यक्तिभविष्यत्यचिरात् संवृत्ते प्रबले कलौ ।।४५।।
कलिकाले प्रबृद्धे तु सत्यं सत्यं मयोच्यते ।
न स्थास्यति विना कौलान् पशवो मानवा भुवि ।।४६।।

पद्मा–यही परम मार्ग है तथा पशुसमूह से गुप्त है। जब कलियुग प्रबल होगा तब यह मार्ग शीघ्रतापूर्वक प्रकाशित हो जायेगा। मैं सत्य सत्य कहता हूँ जब कलियुग की

वृद्धि होगी तब पृथ्वी पर केवल कौलसाधक ही रहेंगे पशु आचरण करने वाले नहीं होंगे।

विशेष–पशुसमूह, पशुभाव का आचरण करने वाले साधक गण विशेष अध्ययन के लिए देखें-लेखक कृत योनितन्त्र एवं निरूत्तर तन्त्र। प्रकाशक-भारतीय विद्या संस्थान वाराणसी।

हरि०–अमित्यादि। पशुसङ्कटे पशुसमूहे। सम्वृत्ते सम्यक् प्रवृत्ते ॥४५-४६॥

यदा तु वैदिकी दीक्षा दीक्षा पौराणिकी तथा।
न स्थास्यति वरारोहे तदैव प्रबलः कलिः ॥४७॥

पद्मा–हे वरारोहे! जब वैदिकी दीक्षा, पौराणिकी दीक्षा पृथ्वी पर स्थिर न रहे तो समझ लेना चाहिये कि कलियुग प्रबल है।

हरि०–अथ तत्तद्युगविधेयाचारप्रसङ्गेन संक्षेपतः कलियुग प्रबलता लक्षणानि कथयति सदा त्वित्पादिभिः। हे वराराहे उत्तमे ॥४७॥

यदा तु पुण्यपापानां परीक्षा वेदसम्भवा।
न स्थास्यति शिवे शान्ते तदैव प्रबलः कलिः ॥४८॥
क्वचिच्छिन्ना क्वचिद्भिन्ना यदा सुरतरङ्गिणी।
भविष्यति कुलेशानि तदैव प्रबलः कलिः ॥४९॥

पद्मा–हे शिवे! हे शान्ते! जब पाप-पुण्य की वेद द्वारा कही गयी परीक्षा स्थिर नहीं रहेगी तभी कलियुग प्रबल होगा। हे कुलेशानि! जिस काल में गंगा कहीं छिन्न तथा कहीं भिन्न होंगी तभी कलियुग प्रबल होगा।

हरि०–शान्ते हे संयतचित्ते॥४८॥ सुरतरङ्गिणी गङ्गा ॥४९॥

यदा तु म्लेच्छजातीया राजानो धनलोलुपाः।
भविष्यन्ति महाप्राज्ञे तदैव प्रबलः कलिः ॥५०॥
यदा स्त्रियोऽतिदुर्दान्ताः कर्कशाः कलहे रताः।
गर्हिष्यन्ति च भर्त्तारं भूमौ स्त्रीजिताः कामकिङ्कराः ॥५१॥
यदा तु मानवा भूमौ स्त्रीजिताः कामकिङ्कराः।
द्रुह्यन्ति गुरुमित्रादीन् तदैव प्रबलः कलिः ॥५२॥
यदा क्षौणी स्वल्पफला तोयदाः स्तोकवर्षिणः।
असम्यक्फलिनो वृक्षास्तदैव प्रबलः कलिः ॥५३॥
भ्रातरः स्वजनामात्या यदा धनकणेहया।
मिथः सम्प्रहरिष्यन्ति तदैव प्रबलः कलि ॥५४॥

पद्मा–जब म्लेच्छ जाति के व्यक्ति शासक होंगे और वे धन के लोभी होंगे तभी कलियुग को प्रबल समझना। जब स्त्रियाँ वशहीन (दुर्दान्त) कठोर वचन बोलने वाली, सदैव लड़ने-झगड़ने वाली और पति की निन्दा करने वाली होंगी तभी कलियुग प्रबल

होगा। पृथ्वी पर जिस समय मनुष्य स्त्री के वश में रहने वाले, कामक्रीड़ा में मग्न रहने वाले, गुरु मित्रादि से द्रोह रखने वाले होंगे तभी जानना चाहिए कि कलियुग प्रबल है। जिस काल में पृथ्वी में वृक्ष कम फल देंने वाले एवं कम वर्षा वाली होगी तभी जानना कि कलियुग बलवान है। जिस समय में भाई, स्वजन एवं अमात्य (मंत्री) धन की आकांक्षा हेतु परस्पर मारपीट करने लगे तभी समझना कि कलियुग प्रबल है ।

हरि०–यदा त्वित्यादि। अतिदुर्दान्ता: अतिदु:खेन दम्यन्ते या: यथाभूता: अतिदु:खेन दमनीया इत्यर्थ:। कर्कशा: कठोरा:। गर्हिष्यन्ति निन्दिष्यन्ति । स्तोकवर्षिण: स्वल्पवर्षणशीला:॥५३॥ धनकणेहया वित्तलेशाकाङ्क्षया ॥५०-५४॥

प्रकटे मद्यमांसादौ निन्दादण्डविवर्ज्जिते ।
गूढ़पानं चरिष्यन्ति तदैव प्रबल: कलि: ।।५५।।

पद्मा–जिस समय सार्वजनिक स्थान में मद्य एवं मांस के सेवन में भी निन्दा व दण्ड वर्जित हो और सभी लोग छिपकर गूढ़पान (मदिरा सेवन) करने लगे तभी जानना कि कलियुग प्रबल है ।

हरि०–प्रकटे इत्यादि। प्रकटे व्यक्ते मद्यमांसादौ निन्दादण्डविवर्ज्जितेऽपि सति यदा गूढ़पानं जनाश्चरिष्यन्ति तदैव प्रबल: कलिर्ज्ञातव्य: ॥५५॥

सत्यत्रेताद्वापरेषु यथा मद्यादिसेवनम् ।
कलावपि तथा कुर्यात् कुलवर्त्मानुसारत: ।।५६।।
ये कुर्वन्ति कुलाचारं सत्यपूता जितेन्द्रिया: ।
व्यक्ताचारा दयाशीला न हि तान् बाधते कलि:।।५७।।

पद्मा–सत्य, त्रेता, एवं द्वापर युग में जिस प्रकार से प्रकट रूप से मद्यादि का सेवन किया जाता था, उसी प्रकार कुलधर्म के अनुसार कलियुग में भी करें। जो मनुष्य सत्य से पवित्र एवं जितेन्द्रिय होकर कुलाचार का साधन करेंगे वे प्रकट आचरण वाले एवं दयालु होंगे। उनके लिये कलियुग बाधक नहीं होगा ।

हरि०–सत्यत्रेतेत्यादि । यथामद्यादिसेवनम् प्रकाशत: कृतवानिति शेष: । नहि तान् वाधते तान्न पीड़यति ॥५६-५७॥

गुरुशुश्रूषणौ युक्त भक्ता मातृपदाम्बुजे ।
अनुरक्ता: स्वदारेषु न हि तान् बाधते कलि: ।।५८।।
सत्यव्रता: सत्यनिष्ठा: सत्यधर्म्मपरायणा: ।
कुलसाधनसत्या ये न हि तान् बाधते कलि: ।।५९।।
कुलमार्गेण तत्त्वानि शोधितानि च योगिने ।
दद्यु सत्यवचसे न हि तान् बाधते कलि: ।।६०।।

पद्मा–गुरु की सेवा में, एकनिष्ठ माँ के चरण कमलों का भक्त तथा अपनी पत्नी से ही रति करने वाले व्यक्ति के लिए कलियुग बाधक नहीं होगा। सत्य व्रत, सत्यनिष्ठ सत्य

धर्मपरायण एवं कुलसाधन को सत्य समझने वाले मनुष्यों के लिये कलियुग बाधक नहीं होगा। जो कुलमार्ग के अनुसार शुद्ध किया हुआ द्रव्य (मद्य-मासादि) सत्यवादी साधक को प्रदान करेगा उसके लिये कलियुग बाधक नहीं होगा।

हरि०–गुर्वित्यादि। युक्ताः सङ्ग[illegible] [illegible]नुरक्ताः अनुरागवन्तः। कुलसाधनसत्याः कुलसाधने यथार्थविधायिनः। तत्त्वानि मद्यमां[illegible]दीनि ॥५८-६०॥

हिंसामात्सर्यरहिता दम्भद्वेषविवर्ज्जिताः।
कुलधर्म्मेषु निष्ठा ये न हि तान् बाधते कलिः ॥६१॥
कौलिकेः सह संसर्ग वसतिं कुलसाधुषु।
कुर्वन्ति कौलसेवा ये न हि तान् बाधते कलिः ॥६२॥
नानावेशधराः कौला कुलाचारेषु निश्चलाः।
सेवन्ते त्वां कुलाचारैर्न हि तान् बाधते कलिः ॥६३॥
स्नानं दानं तपस्तीर्थं व्रतं तर्पणमेव च।
ये कुर्वन्ति कुलाचारैर्न हि तान् बाधते कलिः ॥६४॥
जीवसेकादिसंस्काराः पितृश्राद्धादिकाः क्रियाः।
ये कुर्वन्ति कुलाचारैर्न हि तान् बाधतेकलिः ॥६५॥

पद्मा–जो मनुष्य हिंसा, मत्सर्य (द्वेष) दम्भ (अभिमान) द्वेष (ईर्ष्या) से रहित होंगे तथा कुलधर्म में जिनकी निष्ठा होगी उसके लिये कलियुग बाधक नहीं होगा। जो कौलिकों का संसर्ग करेंगे, कुलसाधुओं के मध्य निवास करेंगे तथा कौलों की सेवा करेंगे उन्हें कलियुग बाधक नहीं होगा। अनेक वेश धारण करके, कुलाचार में निश्चल होकर कुलाचार द्वारा तुम्हारा पूजन करेंगे, उनके लिये कलियुग बाधक नहीं होगा। स्नान, दान, तप, तीर्थ, व्रत एवं तर्पण जो कुलाचार के अनुसार करेंगे, उनके लिये कलियुग बाधक नहीं होगा। जो गर्भादि संस्कार एवं पितृश्राद्ध आदि कर्म कुलाचार के अनुसार करेंगे, उनके लिये कलियुग बाधक नहीं होगा।

हरि०–हिंसेति। हिंसामात्सर्यरहिताः प्राणवियोगानुकूलव्यापारो हिंसा अन्य शुभद्वेषो मात्सर्यम् ताभ्यांरहिताः॥ वसतिं निवासम् ॥६१-६५॥

कुलतत्त्वं कुलद्रव्यं कुलयोगिनमेव च।
नमस्कुर्वन्ति ये भक्त्या न हि तान् बाधते कलिः॥६६॥

पद्मा–कुल तत्त्व, अर्थात् स्त्री का कुसुम) कुल द्रव्य (मद्यमांसादि) एवं योगी को जो भक्ति पूर्वक नमस्कार करेंगे उनके लिये कलियुग बाधक नहीं होगा।

हरि०–कुलतत्त्वम् स्त्रीकुसुमादि। कुलद्रव्यम् मद्यमांसादि ॥६६॥

कौटिल्यानृतहीनानां स्वच्छानां कुलमार्गिणाम्।
परोपकारव्रतिनां साधूनां किङ्करः कलिः ॥६७॥

पद्मा–कुटिलता एवं मिथ्याचरण से हीन शुद्ध अन्त:करण वाला कुलमार्गी परोपकारीवती ऐसे साधु पुरुषों के लिए कलियुग दास की भाँति होगा।

हरि०–कौटिल्येत्यादि। परोपकारव्रतिनाम् परोपकाररूपं व्रतमस्त्येषामिति परोपकारव्रतिन: तेषाम् ॥६७॥

कलेर्दोषसमूहस्य महानेको गुणः प्रिये ।
सत्यप्रतिज्ञकौलानां श्रेयः सङ्कल्पमात्रतः ।।६८।।
अपरे तु युगे देवि पुण्यं पापञ्च मानसम् ।
नृणामासीत् कलौ पुण्यं केवलं न तु दुष्कृतम् ।।६९।।
कुलाचारविहीना ये सततासत्यभाषिणः ।
परद्रोहपरा ये च ते नराः कलिकिङ्कराः ।।७०।।
कुलवर्त्मस्वभक्ता ये परयोषित्सु कामुकाः ।
द्वेष्टाचारः कुलनिष्ठानां ते ज्ञेयाः कलिकिङ्कराः ।।७१।।
युगाचारप्रसङ्गेन कलेः प्राबल्यलक्षणम् ।
संक्षेपात् कथितं भद्रे प्रीतये तव पार्वति ।।७२।।

पद्मा–हे प्रिये! कलिंयुग के दोष समूह के मध्य एक महान् गुण है सत्यप्रतिज्ञ कौलसाधकों को संकल्पमात्र से ही श्रेय (सौभाग्य) की प्राप्ति होती है । हे देवि! सत्ययुग त्रेता द्वापरादि युगों में पाप-पुण्य केवल मानसिक होते थे, किन्तु कलियुग में केवल पुण्य मानसिक होता है, पाप नहीं। जो कुलाचार विहीन हैं, सदा असत्य भाषण करते हैं, दूसरों का अनिष्ट करते हैं वे समस्त मनुष्य कलियुग के दास होंते हैं। जिनकी कुल धर्म में भक्ति नहीं है जो दूसरे की स्त्रियों को कामुक दृष्टि से देखते हैं, जो कुलपरायण व्यक्ति से द्वेष रखते हैं वे कलियुग के दास जाने जाते हैं। हे भ्रदे! हे पार्वति! युगाचार के प्रसङ्ग में तुम्हारी प्रसन्नता हेतु संक्षेप में मैंने कलियुग की प्रबलता के लक्षण कहा ।

हरि०–कलेरिति । दोष समूहस्य दोष समूहवत:॥ अपरे सत्यत्रेतादौ ॥६८-७२॥

प्रकटेऽत्र कलौ देवि सर्वे धर्म्माश्च दुर्बलाः ।
स्थास्यत्येकं सत्यमात्रं तस्मात् सत्यमयो भवेत् ।।७३।।
सत्यधर्म्मं समाश्रित्य यत् कर्म्म कुरुते नरः ।
तदेवं सफलं कर्म्म सत्यं जानीहि सुव्रते ।।७४।।

पद्मा–हे देवि! कलियुग के प्रबल हो जाने पर सभी धर्म दुर्बल हो जायेंगे। एकमात्र सत्य ही स्थिर रहेगा। इसीलिये मनुष्य का कर्तव्य होगा कि वह 'सत्यमय' हो। सत्यधर्म का आश्रय लेकर व्यक्ति जो भी कर्म करेगा वही कर्म, हे सुव्रते! सफल होगा, यह निश्चित रूप से जानो ।

हरि०–कलेर्युगस्य प्राबल्ये सति सत्येनैव पव्यक्तं कुलाचारो विधातव्य इत्यभिधातुकामो महोदवः सत्यं प्रशंसिप्यन्नाह प्रकटेऽत्रेत्यादि।।७३-७४।।

न हि सत्यात् परो धर्म्मो न पापमनृतात् परम् ।
तस्मात् सर्वात्मना मर्त्याः सत्यमेकं समाश्रयेत् ।।७५।।

पद्मा–सत्य से श्रेष्ठ कोई धर्म नहीं है तथा असत्य से बढ़कर कोई पाप नहीं है। इसलिये मनुष्य का कर्तव्य है कि वह समस्त स्थितियों में सत्य का ही आश्रय ले ।

हरि०–**नहीत्यादि।** अनृतात् असत्यात् । सर्वात्मना सर्वप्रयत्नेन। आत्मायत्नो धृतिर्बुद्धिः स्वभावो ब्रह्मवर्ष्म चेत्यमरः। समाश्रयेत् सम्यक सेवेत।।७५।।

सत्यहीना वृथा पूजा सत्यहीनो वृथा जपः ।
सत्यहीनं तपो व्यर्थमूषरे वपनं यथा ।।७६।।
सत्यंरूपं पर ब्रह्म सत्यं हि परमं तपः ।
सत्यमूलाः क्रियाः सर्वाः सत्यात् परतरो न हि ।।७७।।
अतएव मया प्रोक्तं दुष्कृते प्रबले कलौ ।
कुलाचारोऽपि सत्येन कर्तव्यो व्यक्तभावतः ।।७८।।

पद्मा–ऊसर भूमि में जिस प्रकार बीज बोना निरर्थक है उसी प्रकार से सत्यहीन पूजा, सत्यहीन जप तथा सत्यहीन तप निरर्थक है। सत्यरूप ही परम ब्रह्म है, सत्य हीं परम तप है, समस्त क्रियायें सत्यमूलक हैं, सत्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसी कारण से मैंने कहा है कि इस पापयुक्त प्रबल कलियुग में सत्य का आश्रय लेकर प्रकट रूप से कुलाचार कर्म करें ।

हरि०–**ऊषरे क्षारमृत्तिकायुक्तदेशे ।** अतएव सर्वेषां कर्म्मणां सत्यमूलत्वादेवेत्यर्थः। दुष्कृते पापिनि ।।७६-७८।।

गोपनाद्धीयते सत्यं न गुप्तिरनृतं विना ।
तस्मात् प्रकाशतः कुर्यात् कौलिकः कुलसाधनम् ।।७९।।

पद्मा–गोपनीयता से सत्य की हानि होती है तथा गोपनीयता असत्य भाषण किये बिना सम्भव नहीं है। इसीलिये कौलसाधक प्रकट रूप से कुल साधना करे ।

हरि०–हीयते हीनं भवति त्यक्तं भवतीत्यर्थः।।१९।।

कुलधर्म्मस्य गुप्तत्यर्थं नानृतं स्याज्जुगुप्सितम् ।
यदुक्तं कुलतन्त्रेषु न शस्तं प्रबले कलौ ।।८०।।

पद्मा–कुल धर्म की रक्षा के लिये असत्य भाषण घृणित नहीं है ऐसा मैंने कुलतन्त्र आदि तन्त्र ग्रन्थों में कहा है किन्तु यह वचन कलियुग में प्रबल होने पर कल्याणकारी नहीं है ।

हरि०–ननु कुलधर्म्मस्य गुप्त्यर्थ नानृतं स्याज्जुगुप्सितमिति कुलतन्त्रेषु भवतैवोक्तं तत्कथिमिदानीमुच्यते तस्मात् प्रकाशतः कुर्यात् कौलिकः कुलसाधनमित्यह आह। कुलधर्म्मस्येत्यादि। ।८०।।

कृते धर्म्मश्चतुष्पादः त्रेतायां पादहीनकः ।
द्विपादो द्वापरे देवि पादमात्रं कलौ युगे ।।८१।।

पद्मा–कृतयुग (सत्ययुग) में धर्म के चार पैर थे, त्रेता युग में उसका एक पद कम हो गया। द्वापर युग में उसके दो पद कम हो गये। हे देवि! कलियुग में धर्म का एक ही पद रह जायेगा ।

हरि०–कृत इत्यादि। कृते सत्ययुगे चतुष्पादौ धर्म्म आसीदिति शेषः। समासान्तविधेरनित्यत्वान्न पाद शब्दस्यान्तस्य लोपः। पादमात्रम् धर्म्मस्याव शिष्यते इति शेषः॥८१॥

तत्रापि सत्यं बलवत् तपः खञ्जं दयाऽपि च ।
सत्यपादे कृते लोपे धर्म्मलोपः प्रजायते ।
तस्मात् सत्यं समाश्रित्य सर्वकर्म्माणि साधयेत् ।।८२।।

पद्मा–धर्म का एक पाद भी 'तप' एव 'दया' रूपी दो अंशों में बट जाता है केवल सत्य का ही अंश दृढ़ रहता है। सत्यपाद के भग्न या टूट जाने पर धर्म का लोप हो जाएगा। इसीलिये सत्य का आश्रय लेकर ही सभी कर्मों को करें ।

हरि०–तत्रापीत्यादि । तत्रापि पादमात्रेऽपि। दयाऽपि च खञ्जा। लुप्यते इति लोपः। तस्मिन् कर्म्मणि घञ् ॥८२॥

कुलाचारं विना यत्र नात्स्युपायः कुलेश्वरि ।
तत्रानृतप्रवेशश्चेत् कुतो निःश्रेयसं भवेत् ।।८३।।
सर्वथा सत्यपूतात्मा मन्मुखेरितवर्त्मना ।
सर्वं कर्म्म नरः कुर्यात् स्वस्ववर्णाश्रमोदितम् ।।८४।।
दीक्षां पूजां जपं होमं पुरश्चरणतर्पणम् ।
व्रतोद्वाहौ पुंसवनं सीमन्तोन्नयनन्तथा ।।८५।।

पद्मा–हे कुलेश्वरि ! कुलाचार के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय कलियुग में नहीं है। इस कलियुग में यदि असत्य आचरण में प्रवृत्त होता है तो कभी भी कल्याण नहीं होता है। अतः सभी प्रकार से सत्य पवित्र आत्मा होकर, मेरे द्वारा कहे गये मार्ग के अनुसार अपने अपने वर्णाश्रम धर्म के अनुसार मनुष्य सभी कर्म करे तथा दीक्षा, पूजा, जप, होम, पुरश्चरण, तर्पण, व्रत, पुंसवन एवं सीमन्तोन्नयन आदि कर्म मेरे कहे गये मार्ग के अनुसार ही करें ।

हरि०–कुलाचारमिति । यत्र प्रबलेकलौ। निःश्रेयसं मुक्तिः। तच्च किं सर्वं कर्म्म तत्राह दीक्षमित्यादि। पुरश्चरणतर्पणमिति समाहारद्वन्द्वः ॥८३-८५॥

जातकर्म्म तथा नामचूडाकरणमेव च ।
मृत क्रियां पितृश्राद्धं कुर्यादागमसम्मतम् ।।८६।।
तीर्थश्राद्धं वृषोत्सर्गं शारदोत्सवमेव च ।
यात्रां गृहप्रवेशञ्च नववस्त्रादिधारणम् ।।८७।।

वापीकूपतटागानां संस्कारं तिथि कर्म्म च ।
गृहारम्भप्रतिष्ठाञ्च देवानां स्थापनन्तथा ।।८८।।
दिवाकृत्यं निशाकृत्यं पर्वकृत्यं तथैव च ।
ऋतुमासवर्षकृत्यं नित्यं नैमित्तिकञ्च यत् ।।८९।।
कर्तव्यं यदकर्तव्यं त्याज्यं ग्राह्यञ्च यद्भवेत् ।
मयोक्तेन विधानेन तत सर्वं साधयेन्नरः ।।९०।।

पद्मा–जातकर्म, नामकरण, चूड़ाकरण, अन्त्येष्टि क्रिया एवं पितृश्राद्ध आगम सम्मत करे। तीर्थ-श्राद्ध, वृषोत्सर्ग, शारदोत्सव, यात्रा, गृहप्रवेश, नूतन वस्त्रादिधारण, वापी, कूप, सरोवर, संस्कार, तिथिकर्म, गृहारम्भ, गृहप्रतिष्ठा, देवस्थापन, दिवाकृत्य, निशाकृत्य, पर्वकृत्य, ऋतुकृत्य, मासकृत्य, वर्षकृत्य, नित्य, नैमित्तिक कर्म, कर्तव्य, अकर्तव्य त्याज्य, ग्राह्य जो भी कर्म करे, वह सब मनुष्य मेरे द्वारा कहे गये विधान के अनुसार ही कार्य करे ।

हरि०–नामचूड़ाकरणमेव च नामकरणं चूड़ाकरणञ्चेत्यर्थः। नववस्त्रादीत्यादिना नवीन-भूषणादेः संग्रहः। गृहारम्भप्रतिष्ठाञ्च गृहारम्भं गृहप्रतिष्ठाञ्चेत्यर्थः॥८६-९०॥

न कुर्याद् यदि मोहेन दुर्मत्याऽश्रद्धयाऽपि वा ।
विनष्टः सर्वकर्म्मभ्यो विष्ठायां स भवेत् कृमिः ।।९१।।
यदि मन्मतमुत्सृज्य महेशि प्रबले कलौ ।
यदा यत् क्रियते कर्म्म विपरीताय तद्भवेत् ।।९२।।

पद्मा–यदि कोई मनुष्य मोह, दुर्मति या अश्रद्धा के वश में होकर उपरोक्त सभी कर्मो को नहीं करता है तो वह विष्ठा का कीड़ा बनता है। हे महेशि! यदि मेरे मत को त्याग कर प्रबलकलि युग में कर्म करता है तो विपरीत परिणाम देगा ।

हरि०–प्रबले कलौ युगे सदाशिवमुल्लङ्घ्य कर्म्माणि कुर्वतो जनस्य महापातकत्वं क्रियमाणानां कर्म्मजाञ्च नैष्फल्यमित्याह न कुर्यादित्यादिभिः। मोहेन अविवेकेन। अश्रद्धया विश्वासाभावेन ॥९१-९२॥

मन्मतासम्मता दीक्षा साधक प्राणघातिनी ।
पूजाऽपि विफला देवि हुतं भस्मार्पणं यथा ।
देविता कुपिता तस्य विघ्नस्तस्य पदे पदे ।।९३।।
कलिकाले प्रवृद्धे तु ज्ञात्वा मच्छास्त्रमम्बिके ।
योऽन्यमार्गैः क्रियां कुर्यात् स महापातकी भवेत् ।।९४।।
व्रतोद्वाहौ प्रकुर्वाणो योऽन्यमार्गेण मानवः ।
स याति नरकं घोरं यावच्चन्द्रदिवाकरौ ।।९५।।

पद्मा–हे देवि! मेरे मत से भिन्न दीक्षा साधक के लिये प्राणघातिनी होगी। जिस प्रकार भस्म में आहुति देने से कुछ फल नहीं मिलता है उसी प्रकार मेरे मत से भिन्न व्यक्ति की

पूजा भी निष्फल होती है। उससे देवता क्रोधित हो जाते हैं तथा पग पग पर विघ्न होते हैं। हे अम्बिके! कलियुग के प्रबल होने पर जो व्यक्ति मेरे मार्ग का अनुसरण जानकर नहीं करता तथा अन्यमार्ग के अनुसार क्रिया करेगा वह महापातकी होगा। जो मनुष्य व्रत, विवाह आदि कर्मों को अन्य मार्ग से करेगा, वह प्रलयकाल तक घोर नरक में रहेगा।

हरि०–भस्मार्पणम् अर्प्यते यत् तदर्पणम् कर्म्मणि ल्युट् भस्मन्पयणमिति सप्तमीपुरुष:। भस्मार्पितमित्यर्थ:। भस्मार्पितमित्येव वा पाठ:॥९३-९५॥

व्रते ब्रह्मवध: प्रोक्त: व्रात्यो मानवको भवेत् ।
केवलं सूत्रवाहोऽसौ चाण्डालादधमोऽपि स: ॥९६॥

पद्मा–अंन्यमत से उपनयन संस्कार होने पर वह संस्कार हीन एवं व्रात्य होगा तथा ब्रह्मघातक होगा। वह व्यक्ति केवल मात्र सूत्र वाही होगा तथा चाण्डाल से भी नीच होगा।

हरि०–व्रते इत्यादि। अन्यमार्गेण जातसंस्कारोऽपि मानवको व्रात्यो भवेत् संस्कारहीनो भवेदित्यर्थ:॥९६॥

उद्वाहिताऽपि या नारी जानीयात् सा तु गर्हिता ।
उद्वोढाऽपि भवेत् पापी संसर्गात् कुलनायिके ।
वेश्यागमनजं पापं तस्य पुंसो दिने दिने ॥९७॥
तद्धस्तादन्नतोयादि नैव गृह्णन्ति देवता: ।
पितरोऽपि न चाश्नन्ति यतस्तन्मपूपवत् ॥९८॥
तयोरपत्यं कानीन: सर्वधर्म्मवहिष्कृत: ।
दैवे पैत्रे कुलाचारे नाधिकारोऽस्य जायते ॥९९॥

पद्मा–हे कुलनायिके! अन्य मत से जिस नारी का विवाह होगा वह निन्दा का पात्र होगी तथा उससे विवाह करने वाला पुरुष भी उसके संसर्ग से पापी होगा तथा उसे प्रतिदिन स्त्रीगमन से वेश्यागमनजन्य पाप होगा। उसके हाथ का जल-अन्न आदि देवता भी नहीं ग्रहण करेंगे। पितृगण भी इसे मल-मूत्र के समान समझ नहीं ग्रहण करेंगे। उस स्त्री का पुत्र अविवाहित स्त्री के पुत्र के समान सभी धर्म-कर्म से बहिष्कृत होगा एवं देव-पितृ तथा कुलाचार कर्म में उसका अधिकार नहीं होगा।

हरि०–उद्वाहितेत्यादि। अन्यमार्गेणोद्वाहिता या नारी सा तु गर्हिता निन्दिता भवेदिति जानीयात्। तान्तु गर्हितमिति वा पाठ:। संसर्गात अन्य मार्गेणोद्वाहिताया नार्या: सङ्गमात्। तस्य कृतान्यविध्युद्वाहितनारीसंसर्गस्य॥ तद्धस्तदत्तान्नतोयाद्यग्रहणे कारणमाह यत इत्यादि। तत् अन्नतोयादि॥ तयो: अन्यमार्गोद्वाहितनारीतदुद्वोदृपुरुषयो:। अस्यकानीनस्य॥९७-९९॥

अशाम्भवेन मार्गेण देवतास्थापनञ्चरेत् ।
न सन्निध्यं भवेत्तत्र देवताया: कथञ्चन ।
इहामुत्र फलं नास्ति कायक्लेशो धनक्षय: ॥१००॥
आगमोक्त विधिं हित्वा य: श्राद्धं कुरुते नर: ।
श्राद्धं तद्विफलं सोऽपि पितृभिर्नरकं व्रजेत् ॥१०१॥

तत्तोयं शोणितसमं पिण्डो मलमयो भवेत् ।
तस्मान्मर्त्यः प्रयत्नेन शाङ्करं मतमाश्रयेत् ।।१०२।।
बहुनाऽत्र किमुक्तेन सत्यं सत्यं मयोच्यते ।
अशाम्भवं कृतं कर्म्म सर्वं देवि निरर्थकम् ।।१०३।।

पद्मा–शिव के मत से भिन्न विधि से देवता की मूर्त्ति की स्थापना करने से उसमें देवता का सान्निध्य नहीं होगा तथा इह लोक या परलोक में कोई फल नहीं मिलेगा अपितु काया क्लेश एवं धन का क्षय होगा। आगम विधि की उपेक्षा करके जो व्यक्ति श्राद्ध करता है तो उसका श्राद्ध विफल होगा तथा उसके पितृगण एवं स्वयं नरक को जाएगा। उसके द्वारा प्रदान किया गया जल रक्त के समान तथा पिण्ड (पदार्थ) मल के समान होगा। इसलिये मनुष्यों को समस्त प्रकार से शिव द्वारा प्रवर्तित मार्ग का आश्रय लेना ही उचित है। हे देवि! मैं अधिक और क्या कहूँ, मैं सत्य और निश्चित रूप से सत्य कहता हूँ कि शिवमार्ग से जो भी भिन्न कर्म होंगे वे सभी असफल होंगे ।

हरि०–तत्र अशाम्भवमार्गस्थापितदेवताप्रतिमायाम् ॥१००-१०३॥

अस्तु तावत् परो धर्म्मः पूर्वं धर्म्मोऽपि नश्यति ।
शाम्भवाचारहीनस्य नरकान्नैव निष्कृतिः ।।१०४।।
मदुदीरितमार्गेण नित्यनैमिककर्मणाम् ।
साधनं यन्महेशानि तदेव तव साधनम् ।।१०५।।

पद्मा–शाम्भव आचार से हीन व्यक्तियों का अन्य मत से धर्म होना तो अलग है उनके पूर्व सञ्चित धर्म भी नष्ट हो जाएंगे एवं नरक से उद्धार भी नहीं होगा। हे महेशानि! मेरे द्वारा कहे गये मार्ग से जो नित्य, नैमित्तिक कर्म आदि साधन है वही तुम्हारा साधन है ।

हरि०–निष्कृतिर्निस्तार:॥१०४-१०५॥

विशेषाराधनं तत्र मन्त्रयन्त्रादिसंयुतम् ।
भेषजं कलिरोगाणां श्रूयताङ्गदतो मम ।।१०६।।

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रो सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्म्मनिर्णयसारे श्रीमदाद्यासदाशिवसंवादे जीवनिस्तारोपायप्रश्नो पराकृ-कृतिसाधनोपक्रमो नाम चतुर्थोल्लासः।।४।।

पद्मा–कलियुग रूपी व्याधि की भेषज स्वरूप अनेक प्रकार के मन्त्र एवं यन्त्रादि से संयुक्त तुम्हारी विशेष साधना विधि को मैं कहता हूँ श्रवण करो ।

महानिर्वाणतंत्र के चौथे उल्लास की 'पद्मा' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई।

हरि०–भेषजम् औषधम् । गदतो मम कथयतो मत्त:। **मयेत्पपादानस्य** शेषत्वेन विवक्षितत्त्वात् शेषे षष्ठीति षष्ठी ॥१०६॥

इति श्रीमहानिर्वाणतंत्र टीकायां चतुर्थोल्लासः।।४।।

पञ्चमोल्लासः

श्रीसदाशिव उवाच

त्वमाद्या परमा शक्तिः सर्वशक्तिस्वरूपिणी ।
तव शक्त्या वयं शक्ताः सृष्टिस्थितिलयादिषु ।।१।।

पद्मा–तुम ही आद्या एवं परमा शक्ति हो। तुम ही सर्वशक्तिस्वरूपा हो। तुम्हारी शक्ति के द्वारा ही मैं सृष्टि करने, पालन करने एवं विनाश करने में समर्थ होता हूँ।

हरि०–ॐ नमो ब्रह्मणे ।

मन्त्रयन्त्रादिसंयुक्तस्य विशेषाराधनस्यैवाभिधाने प्रवृत्तः श्री सदाशिव उवाच त्वमाद्या परमेत्यादि ॥१॥

तव रूपाण्यनन्तानि नानावर्णाकृतीनि च ।
नानाप्रयाससाध्यानि वर्णितुं केन शक्यते ।।२।।

पद्मा–तुम्हारे अनेक वर्ण एवं विभिन्न आकार हैं। तुम्हारी अनेक प्रयास साध्य साधनाओं के अनन्त रूप हैं। उनके वर्णन करने की सामर्थ्य किसमें है ।

हरि०–तवेति । नानावर्णाकृतीनि नाना अनेके वर्णा आकृतय आकाराश्च येषां रूपाणां तानि ॥२॥

तव कारुण्यलेशेन कुलतन्त्रागमादिषु ।
तेषामर्चासाधनानि कथितानि यथामति ।।३।।

पद्मा–तुम्हारी दया से कुलतन्त्र आगम आदि में तुम्हारे उन रूपों की पूजा एवं साधना विधि मैंने अपनी बुद्धि के अनुसार कहा है ।

हरि०–कारुण्यलेशेन दयाया लवेन। तेषां तव रूपाणाम् ॥३॥

गुप्तसाधनमेतत्तु न कुत्रापि प्रकाशितम् ।
अस्य प्रसादात् कल्याणि मयि ते करुणेदृशी ।।४।।

पद्मा–मैंने इस गुप्तसाधन को कहीं पर प्रकट नहीं किया है। हे कल्याणि ! इस गुप्तसाधन के प्रसाद से ही तुम्हारी मेरे प्रति कृपा हुई है ।

हरि०–एतत्तु अतः परमुच्यमानन्तु। अस्य गुप्तसाधनस्य॥४॥

त्वया पृष्टमिदानीं तन्नाहं गोपयितु क्षमः ।
कथयामि तव प्रीत्यै मम प्राणाधिकं प्रिये ।।५।।
सर्वदुःख प्रशमनं सर्वापद्विनिवारकम् ।
त्वत्प्राप्तिमूलमचिरात्तव सन्तोषकारणम् ।।६।।

पद्मा–हे प्रिये। तुम्हारे पूछने पर मैं इस समय इस गोपनीय विषय को गोपनीय करने में समर्थ नहीं हूँ। यह विषय मुझे प्राणों से भी अधिक प्रिय होने पर भी इसे मैं तुम्हारी प्रीति

हेतु कहता हूँ। यह साधन सभी दुःखों का शमन करने में तथा समस्त आपदाओं का निवारक है। यह शीघ्र तुम्हारी प्राप्ति कराने वाला तथा सन्तुष्ट करने वाला है ।

हरि०–तत् गुप्तसाधनम् ॥५-६॥

कलिकल्मषदीनानां नृणां स्वल्पायुषां प्रिये ।
बहुप्रयासासक्तानामेतदेव परं धनम् ॥७॥

पद्मा–हे प्रिये ! कलियुग के दोषों द्वारा दीन जीवन शक्ति एवं अधिक क्षीण प्रयास करने में असक्त मनुष्यों के लिये यह साधन परम धन के समान है ।

हरि०–एतदेव अतः परमुच्यमानं गुप्तसाधनमेव ॥७॥

न चात्र न्यासबाहुल्यं नोपवासादि संयमः ।
सुखसाध्यमबाहुल्यं भक्तानां फलदं महत् ॥८॥

पद्मा–इस गोपनीय साधन में न्यासों की बहुलता नहीं है, न उपवासादि का संयम। यह साधन सुखसाध्य संक्षिप्त एवं भक्तों को महत् फल देने वाला है ।

हरि०–अत्र अतः परमुच्यमाने साधने । अबाहुल्यं बाहुल्यशून्यम् ॥८॥

तत्राऽऽसौ शृणु देवेशि मन्त्रोद्धारक्रमं शिवे ।
यस्य श्रवणमात्रेण जीवन्मुक्तोऽपि जायते ॥९॥

पद्मा–हे देवेशि! हे शिवे! मैं सर्वप्रथम मन्त्रोद्धार का क्रम कह रहा हूँ। श्रवण करो। इसके श्रवणमात्र से मनुष्य जीवन्मुक्त हो जाएंगे ।

हरि०–तत्रसाधने ॥९॥

प्राणेशस्तैजसारूढो भेरुण्डाव्योमविन्दुमान् ।
बीजमेतत् समुद्धृत्य द्वितीयमुद्धरेत् प्रिये ॥१०॥

पद्मा–हे प्रिये! तेजस अर्थात् रेफ में आरुढ़, प्राणेश (हकार) में भेरुण्डा (ई) का योग करके उसमें व्योम बिन्दु अर्थात् अनुस्वार सम्मिलित कर 'ह्रीं' इस बीज का उद्धार का दूसरे बीज का उद्धार करे ।

हरि०–तमेव मन्त्रोद्धार क्रममाह प्राणेश इत्यादिभिः। तैजसारूढ़ः तेजसो रेफस्तमारूढ़ः। प्राणेशो हकारो। भेरुण्डाव्योमबिन्दुमान् भेरुण्डा ईकारः व्योम बिन्दुरनुस्वारः ताभ्यां विशिष्टे विधातव्यः। एवं ह्रीमित्येतद्वीजं समुद्धृत्य द्वितीयं बीजमुद्धरेत् ॥१०॥

सन्ध्या रक्तसमारूढा वामनेत्रेन्दुसंयुता ।
तृतीयं शृणु कल्याणि दीपसंस्थः प्रजापतिः ॥११॥
गोविन्दबिन्दुसंयुक्तः साधकानां सुखावहः ।
बीजत्रयान्ते परमेश्वरि सम्बोधनं पदम् ॥१२॥
वह्निकान्तावधि प्रोक्तो दशार्णोऽयं मनुः शिवे ।
सर्वविद्यामयी देवी विद्येयं परमेश्वरी ॥१३॥

पद्मा–सन्ध्या अर्थात तालव्य 'श' रक्तसमारूढा अर्थात् 'र' के ऊपर आरोहण करके,

उसमे वामनेत्र (ई) और इन्दु (ं) को संयुक्त करके पर 'श्रीं' इस द्वितीय बीज का उद्धार हुआ है। हे कल्याणि! अब तृतीय बीज का श्रवण करो। प्रजापति (क) एवं दीप (रेफ अर्थात् र) में गोविन्द (ई) तथा बिन्दु (.) को संयुक्त करने पर साधकों को सुख प्रदान करने वाला क्रीं बीज मन्त्र बनता है। हे देवि! इन बीज त्रय के पश्चात् 'परमेश्वरि' यह सम्बोधन वाचक पद है। हे शिवे! इस मन्त्र के शेष अन्तिम भाग में वह्निकान्ता (स्वाहा) पद है। इस प्रकार यह दश वर्णो का मन्त्र हैं। **ह्रीं श्रीं क्रीं परमेश्वरि स्वाहा'** सर्व विद्यास्वरूपा इस दशाक्षरी मन्त्र की देवी परमेश्वरी विद्या है ।

हरि०–तच्च किं बीजमत् आह सन्ध्येत्यादि रक्तसमारूढ़ा रेफ समारूढ़ा सन्ध्या तालव्यः शकारो वामनेत्रेन्दुसंयुता वामनेत्रत्रयीकारः इन्दुरनुस्वारः ताभ्यां संयुक्ता कर्तव्या। एवं श्रीमिति द्वितीयं बीजमुद्धृतामासीत् । हे कल्याणि तृतीयं बीजं शृणु। तच्च किं बीजमत आह दीपसंस्थ इत्यादि। दीपसंस्थः दीपो रेफः तत्र स्थितः प्रजापतिः ककारो गोविन्द विन्दुसंयुक्तः गोविन्द ईकारः बिन्दुरनुस्वारः ताभ्यां संयुक्तः करणीयः। एतादृशश्च ककारः साधकानां सुखावहः सुखप्रायको भवति। एवच्च क्रीमिति तृतीयं बीजमुद्धृतमासीत् । बीजत्रयास्यान्ते वह्निकान्ता स्वाहा अवधिरन्तभूता यस्य एतादृशं परमेश्वरि इति सम्बाधनं पदं वदेत् । सकलपदयोजनया ह्रीं श्रीं क्रीं परमेश्वरि स्वाहेति मन्त्रो जातः। हे शिवे अयं मनुर्मन्त्रो दशार्णो दशवर्णकः प्रोक्तः। वह्निकान्तावधिरिति पाठे तु मन्त्रो विशेष्यः तस्यैवेदं विशेषणमिति ज्ञातव्यम् । सर्वविद्यामयी सर्वविद्यास्वरूपये मन्त्रात्मिका देवी परमेश्वरी विद्यानापोयंम्।।११-१३।।

आद्यत्रयाणां बीजानां प्रत्येकं त्रयमेव वा ।
प्रजपेत् साधकाधीशः धर्म्मकामार्थसिद्धये ।।१४।।

पद्मा–साधक श्रेष्ठ, धर्म, काम, अर्थ की सिद्धि हेतु प्रारम्भ के तीन बीजों में से कोई एक या तीनों बीजों का जप करते हैं ।

हरि०–आद्येत्यादि। आद्यत्रयाणामेतस्यैव मन्त्रस्यादिभूतानां ह्रीं प्रभृतीनां त्रयाणां बीजानां मध्ये प्रत्येकं ह्रीमिति श्रीमिति क्रीमिति वा बीजं ह्रीं श्रीं क्रीमिति बीजत्रयमपि वा धर्म्मकामार्थसिद्धये साधकाधीशः साधकोत्तमः प्रजपेत् । एवन्तु पञ्चमन्त्रा आसन् ।।१४।।

बीजमाद्यत्रयं हित्वा सप्तार्णाऽपि दशाक्षरी ।
कामवाभवताराद्या सप्तार्णाऽष्टाक्षरी विद्या ।।१५।।

पद्मा–तीनों आदि बीजों को त्यागने पर दशाक्षरी मन्त्र सप्ताक्षरी बन जाता है। (परमेश्वरी स्वाहा) इस सप्ताक्षरी मन्त्र के पूर्व काम बीज (क्लीं) वाग्भव बीज (ऐं) तथा तार (ॐ) जोड़ने से अष्टाक्षरीमन्त्र बनता है (क्लीं परमेश्वरि स्वाहा, के क्रम से)।

हरि०–बीजमित्यादि। ह्रीं प्रभृत्याद्यबीजत्रयं हित्वा त्यक्त्वा दशाक्षरी मन्त्रात्मिका परमेश्वरी विद्या सप्तार्णाऽपि परमेश्वरि स्वाहेत्याकारा सप्ताक्षर्यपि भवेत् । अनेन सहिताः षड् मन्त्रा अभूवन् । कामवाग्भवताराद्या क्लीमिति ऐमिति ओमिति वा बीजमाद्यं यस्यास्तथाभूता

चेत् सप्तार्णा मन्त्ररूपा परमेश्वरी विद्यास्यात्तदाक्लीं परमेश्वरी स्वाहेत्याकारा ऐं परमेश्वरि स्वाहेत्याकारा ओं परमेश्वरि स्वाहेत्याकारा चाष्टाक्षर्यपि भवति। एवञ्चैषाऽष्टाक्षरी त्रिधा जाता। एतैस्त्रिभि: सहिता नवमन्त्रा वभूवु:॥१५॥

दशार्णामन्त्रेण पदात् कालिके पदमुच्चरेत् ।
पुनराद्यत्रयं बीजं वह्निजायां ततो वदेत् ॥१६॥
षोडशीयं समाख्याता सर्वतन्त्रेषु गोपितां ।
वध्वाद्या प्रणवाद्य चेदेषा सप्तदशी द्विधा ॥१७॥
तव मन्त्रा ह्यसंख्याता कोटिकोट्यर्बुदास्तथा ।
संक्षेपादत्र कथिता मन्त्राणां द्वादश प्रिये ॥१८॥

पद्मा–पूर्व में कहे गये दशाक्षरीमन्त्र के सम्बोधन पद के अन्त में 'कालिके' इस पद का उच्चारण करे। उसके पश्चात् आद्यत्रय बीज का उच्चारण करके वह्निजाया अर्थात् स्वाहा पद को करे। इस **ह्रीं श्रीं क्रीं परमेश्वरि कालिके ह्रीं श्रीं क्रीं स्वाहा'** पर सोलह अक्षरों वाला मन्त्र 'षोडशी' नाम से समस्त तन्त्रों में गोपनीय है। यदि इस षोडशी मन्त्र के आदि में वधू बीज (स्त्रीं) या प्रणव (ॐ) को संयुक्त करने से दो प्रकार के सप्तदशाक्षरी मन्त्र बनते हैं-जैसे-१. **स्त्रीं ह्रीं श्रीं क्रीं परमेश्वरि कालिके ह्रीं श्रीं क्रीं** तथा २. **ॐह्रीं श्रीं क्रीं परमेश्वरि कालिके ह्रीं श्रीं क्रीं स्वाहा** (संस्कृत व्याख्या भी देखें)। हे प्रिये! जिस प्रकार तुम्हारे कोटि, कोटि अर्बुद एवं असंख्य मन्त्र हैं उसी प्रकार से मैंने उनमें से संक्षेप में तुम्हारे बारह मन्त्रों को कहा है ।

हरि०–दशार्णेत्यादि। दशार्णस्य मनोरामन्त्रणपदात् परं कालिके इति पदमुच्चरेत् वदेत् । तत: परं ह्रीं प्रभृत्याद्यत्रयं बीजं पुनर्वदेत् । ततोऽनन्तरं वह्निजायां स्वाहेति पदं वदेत् सकलपदयोजनया ह्रीं श्रीं क्रीं परमेश्वरि कालिके ह्रीं श्रीं क्रीं स्वाहेति मन्त्रो जात:। इयं षोडशी षोडश वर्णा मन्त्रात्मिका परमेश्वरी विद्या सर्दतन्त्रेषु गोपितापि तव प्रीत्यै मया समाख्याता सम्यक् कथिता। एतेन सहिता दश मन्त्रा अभवन् । चेद्यद्येषा षोडशी वह वाद्या स्त्रीमिति-बीजाद्या प्रणवाद्या ओङ्काराद्या वा स्यात् तदा स्त्रीँ ह्रीँ श्रीँ क्रीँ परमेश्वरि कालिके ह्रीँ श्रीँ क्रीँ स्वाहेत्याकारा च सप्तदशी सप्तदशाक्षर्यपि भवेत् । एवञ्चैषा सप्तदशी द्विधा जाता। एताभ्यां मिलिता द्वादश मन्त्रा आसन् ॥१६-१८॥

येषु येषु च तन्त्रेषु ये ये मन्त्रा: प्रकीर्तिता: ।
ते सर्वे तव मन्त्रा: स्युस्त्वमाद्या प्रकृतिर्यत: ॥१९॥
एतेशां सर्वमन्त्राणां एकमेव हि साधनम् ।
कथयामि तव प्रीत्यै तथा लोकहिताय च ॥२०॥

पद्मा–जिस-जिस तन्त्र में जो जो मन्त्र कहे गये हैं वे सभी तुम्हारे ही मन्त्र हैं; क्योंकि तुम्ही आद्या प्रकृति हो। इन सभी मन्त्रों के साधन की विधि एक ही है। लोकहित तथा

तुम्हारी प्रसन्नता के लिये मैं उस साधन का वर्णन करता हूँ ।

हरि०–सकल तन्त्रोक्तानां सर्वेषां मन्त्राणां पार्वतीसम्बन्धित्वे हेतुमाह त्वमाद्या प्रकृतिर्यत इति॥१९-२०॥

कुलाचारं विना देवि शक्तिमन्त्रो न सिद्धिदः ।
तस्मात् कुलाचाररतः साधयेच्छक्तिसाधनम् ।।२१।।

पद्मा–हे देवि! कुलाचार के विना शक्ति मन्त्र सिद्धि प्रदायक नहीं होता है। इसलिये कुलाचार कर्म के द्वारा ही शक्ति साधना करें॥

हरि०–तदेवसाधनमाह कुलाचारामित्यादिभिः॥२१॥

मद्यं मांस तथा मत्स्यं मुद्रा मैथुनमेव च ।
शक्तिपूजां विधावाद्ये पञ्चतत्त्वं प्रकीर्तितम् ।।२२।।
पञ्चतत्त्वं विना पूजा अभिचाराय कल्पते ।
नेष्टसिद्धिर्भवेत्तस्य विघ्नस्तस्य पदे पदे ।।२३।।
शिलायां शस्यवापे च यथा नैवाङ्कुरो भवेत् ।
पञ्चतत्त्व विहीनायां पूजायां न फलोद्भवः ।।२४।।
प्रातः कृत्यं विना देवि नाधिकारी तु कर्म्मसु ।
तस्मादादौ प्रवक्ष्यामि प्रातः कृत्यं यथोचितम् ।।२५।।

पद्मा–हे आद्ये ! शक्तिपूजा के प्रसंग में मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा तथा मैथुन यह पञ्च (पांच) तत्त्व कहे गये हैं। पञ्च तत्त्व के बिना की गयी पूजा अभिचार कर्म है और इससे इष्ट सिद्धि भी नहीं होती है तथा पग-पग पर विघ्न का सामना करना पड़ता है। जिस प्रकार पत्थर पर बीज बोने पर उसमें अंकुर नहीं निकलता है उसी प्रकार पञ्चतत्त्व विहीन पूजा फलदायक नहीं होती। हे देवि! प्रातः कृत्य किये बिना किसी भी कर्म का साधक अधिकारी नहीं होता है इसीलिये यथोचित प्रातः कृत्य कहता हूँ ।

कृष्णां चतुर्दशीं प्राप्य कौजे वा शनिवासरे ।
पञ्चतत्त्वं समानीय पूजयित्वा जगन्मयीम् ।।८२।।

पद्मा–मन्त्र के पुरश्चरण में जिस मन्त्र की जितनी संख्या कही गयी है होमादि न करने

पर उसका चौगुना जप करने से ही पुरश्चरण कर्म सम्पन्न होता है अथवा अन्य प्रकार से पुरश्चरण विधि कहता हूँ। कृष्णपक्ष में मंगलवार की या शनिवार की चतुर्दशी को रात्रि के समय पञ्चतत्त्व को लाकर जगन्मयी की पूजा करे ।

हरि०–अथ संक्षेपपुरश्चरणमाह पुरस्क्रियायामित्यादिभिः। मन्त्राणां यत्र पुरस्क्रियायां यो जपो विहितस्तस्माच्चतुर्गुणजपात् होमादिकं विनैव पुरश्चर्य्या विधीयते॥८१-८२॥

महानिशायामयुतं जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ।
भोजयित्वा ब्रह्मनिष्ठान् पुरश्चरणकृद्भवेत् ॥८३॥

पद्मा–साधक महानिशा में एकाग्रचित्त होकर मन्त्र का १०००० जप करे। जप के उपरान्त ब्रह्मनिष्ठ ब्राह्मणों को भोजन कराकर पुरश्चरण कार्य पूर्ण करे ।

हरि०–अयुतम् दशसहस्रकम् ॥८३॥

कुजवासरमारभ्य यावन्मङ्गलवासरम् ।
प्रत्यहं प्रजपेन्मन्त्रं सहस्रपरिसंख्यया ॥८४॥
वसुसंख्याजपेनैव भवेन्मन्त्रपुरस्क्रिया ॥८५॥
श्रीआद्याकालिकामन्त्राः सिद्धिमन्त्राः सुसिद्धिदाः।
सदा सर्वयुगे देवि! कलिकाले विशेषतः ॥८६॥

पद्मा–एक मंगलवार से आरंभ कर लगातार दूसरे मंगलवार तक प्रतिदिन एक हजार मन्त्र का जप करे। इस प्रकार आठ हजार जप करने से मन्त्र का पुरश्चरण होता है। हे देवी! आद्या कालिका के सभी मन्त्र सभी समयों में, सभी युगों में, विशेषकर कलियुग में "सिद्धमन्त्र" है। यह सभी मन्त्र सुसिद्धि प्रदान करते हैं ।

हरि०–अथ तृतीयं पुरश्चरणमाह कुजेत्यादिना सार्द्धेन। यावन्मङ्गलवासरम् द्वितीयमङ्गलवारपर्य्यन्तमित्यर्थः ।

कालीरूपाणि बहुधा कलौ जाग्रति पार्वति !
प्रबले कलिकाले तु रूपमेतज्जगद्धितम् ॥८७॥

पद्मा–हे पार्वति ! कलियुग में अनेक प्रकार के कालीरूप जाग्रत हैं। कलियुग के प्रबल होने पर यह कालीरूप ही जगत् के लिए हितकारी होगा ।

हरि०–एतद्रूपम् आद्यायाः काल्या रूपम् ॥८७॥

नात्र सिद्ध्याद्यपेक्षास्ति नारि मित्रादिदूषणम् ।
नियमानियमेनापि जपन्नाद्यां प्रसादयेत् ॥८८॥
ब्रह्मज्ञानमवाप्नोति श्रीमदाद्याप्रसादतः ।
ब्रह्मज्ञानयुतो मर्त्यो जीवन्मुक्तो न संशयः ॥८९॥
न च प्रयासबाहुल्यं कायक्लेशोऽपि न प्रिये ।
आद्याकालीसाधकानां साधनं सुखसाधनम् ॥९०॥

चित्तसंशुद्धिरेवात्र मन्त्रिणां फलदायिनी ।।९१।।

पद्मा–इस मन्त्र में सिद्धादि चक्र गणना की अपेक्षा नहीं है। अरिमित्रादि का दोष भी नहीं है। इस मन्त्र में विशेष नियमानियम की आवश्यकता नहीं है। साधक इस मन्त्र का जप कर आद्या काली को प्रसन्न करे। इस मन्त्र के जप से श्रीमदाद्या काली के प्रसाद से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति होती है। ब्रह्मज्ञान से सम्पन्न मनुष्य जीवन्मुक्त है इसमें संशय नहीं है। हे प्रिये! इस मन्त्र की साधना में विशेष प्रयास नहीं करना पड़ता है तथा शरीर को कष्ट भी नहीं होता। आद्या काली के साधकों की साधना सुख साध्य है। इसमें चित्त की शुद्धि ही साधकों के लिए फलदायिनी होती है ।

हरि०–अत्र आद्याकालीमन्त्रे।।८८-९१।।

यावन्न चित्तकलिलं हातुमुत्सहते व्रती ।
तावत् कर्म प्रकुर्वीति कुलभक्तिसमन्वितः ।।९२।।
यथावद्विहितं कर्म चित्तशुद्धेर्हि कारणम् ।
आदौ मन्त्रं गुरोर्वक्त्राद् गृह्णीयाद् ब्रह्ममन्त्रवत् ।।९३।।
प्रातः कृत्यादिनियमान् कृत्वा कुर्यात् पुरस्क्रियाम् ।
चित्ते शुद्धे महेशानि! ब्रह्मज्ञानं प्रजायते ।
ब्रह्मज्ञाने समुत्पन्ने कृत्याकृत्य न विद्यते ।।९४।।

पद्मा–साधक जब तक चिंता की कलुषता दूर करने में समर्थ न हो, तब तक कुलभक्ति से युक्त होकर कर्म करे; क्योंकि यथाविधि कम का अनुष्ठान ही चित्त की शुद्धि का कारण है। ब्रह्ममन्त्र के समान इस मन्त्र को सर्वप्रथम गुरुमुख से प्राप्त करे। प्रातः कृत्यादि नियम अनुष्ठान के साथ पुरश्चरण कर्म करे। हे महेशानि! चित्त की शुद्धि होने पर ही ब्रह्मज्ञान उत्पन्न होता है। ब्रह्मज्ञान के उत्पन्न होने पर कृत्य अकृत्य की आवश्यकता नहीं रहती है ।

हरि–यावदिति। यावत् कालपर्य्यन्तं चित्तकलिलञ्चेतसः कालुष्यं हातुं त्यक्तुं नोत्सहते न शक्नोति तावदेव कुलभक्तिसमन्वितो भूत्वा व्रती नियमवान् साधकः कर्म प्रकुर्वीत न तु ततः परम् । तत्र कारणमाह यथावदिति । हि यतः ।।९२-९४।।

श्रीपार्वत्युवाच

कुलं किं परमेशान ! कुलाचारश्च किं विभो!
लक्षणं पञ्चतत्त्वस्य श्रोतुमिच्छामितत्त्वतः ।।९५।।

पद्मा–श्रीपार्वती ने कहा-हे परमेशान! हे विभो! कुल क्या है? कुलाचार क्या है ? यह सभी तथा पञ्चतत्त्व के लक्षण वास्तविक रूप में मेरी सुनने की इच्छा है ।

हरि०–कुलकुलाचारादिकं जिज्ञासुः श्रीपार्वत्युवाच कुलं किमित्यादि।।९५।।

श्रीसदाशिव उवाच

सम्यक् पृष्टं कुलेशानि! साधकानां हितैषिणी ।
कथयामि तव प्रीत्यै यथावदवधारय ।।९६।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा-हे कुलेशानि! तुमने अच्छा प्रश्न किया है। तुम साधको की हितैषिणी हो। तुम्हारी प्रसन्नता के लिये मैं सभी कुछ यथार्थ रूप में कहता हूँ ।

हरि०–एवं प्रेरितः सन् श्रीसदाशिव उवाच सम्यक् पृष्टमित्यादि ।।९६।।

जीवः प्रकृतितत्त्वञ्च दिक्कालाकाशमेव च ।
क्षित्यप्तेजोवायवश्च कुलमित्यभिधीयते ।।९७।।

पद्मा–जीव, प्रकृति तत्त्व, दिक्, काल, आकाश, क्षिति (पृथ्वी), जल, तेज तथा वायु–ये नौ कुल नाम से कहे गये हैं ।

हरि०–प्रथमतस्तत्र कुलं निर्वक्ति जीव इत्याद्येकेन। जीवादयो नव कुलमित्यभिधीयते कथ्यते।।९७।।

ब्रह्मबुद्ध्या निर्विकल्पमेतेष्वाचरणञ्च यत् ।
कुलाचारः स एवाद्ये धर्मकामार्थमोक्षदः।।९८।।

पद्मा–हे आद्ये ! इन नौ कुलों में ब्रह्मबुद्धि से जो निर्विकल्प शून्य आचरण होता है वही कुलाचार है तथा यही कुलाचार धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष का प्रदाता है ।

हरि०–अथैकेन कुलाचारं निर्वक्ति ब्रह्मबुद्ध्येति । हे आद्ये एतेषु जीवप्रकृत्यादिषु ब्रह्मबुद्ध्या निर्विकल्पं नानाविधकल्पनाशून्यं पदाचरणं स एव धर्मकामार्थमोक्षदः कुलाचारोऽभिधीयते।।९८।।

बहुजन्मार्जितैः पुण्यैस्तपोदानदृढव्रतैः।
क्षीणाघानां साधकानां कुलाचारे मतिर्भवेत् ।।९९।।

पद्मा–अनेक जन्मों के अर्जित पुण्य, तपस्या, दान तथा दृढ़ व्रत से शुद्ध एवं निष्पाप हुए साधकों की ही कुलाचार में प्रवृत्ति होती है ।

हरि०–अथ कुलाचारस्य सुदुर्लभत्वमाह बहुजन्मार्जितैरित्यादिना।।९९।।

कुलाचारगता बुद्धिर्भवेदाशु सुनिर्मला ।
तदाद्याचरणाम्भोजे मतिस्तेषां प्रजायते ।।१००।।
सद्गुरोः सेवया प्राप्य विद्यामेनां परात्पराम् ।
कुलाचाररता भूत्वा पञ्चतत्त्वैः कुलेश्वरीम् ।।१०१।।

पद्मा–कुलचार में लगे रहने पर बुद्धि शीघ्र ही निर्मल हो जाती है । बुद्धि की निर्मलता होने पर मन श्री आद्या काली के चरण कमलों में लग जाता है। जो साधक सद्गुरु की सेवा करके इस परात्परा मन्त्रविद्या को प्राप्त कर कुलाचार में तत्पर होकर पंचतत्त्व से कुलेश्वरी।

हरि०–अथ कुलाचारस्य अत्युत्तमफलत्वमाह कुलाचारगतेत्यादिभिः। विद्यामेनाम् मन्त्रस्वरूपाम् ॥१००-१०१॥

यजन्त कालिकामाद्यां कुलज्ञाः साधकोत्तमाः ।
इह भुक्त्वाऽखिलान् भोगान् ब्रजन्त्यन्ते निरामयम् ॥१०२॥

पद्मा–आद्या कालिका की पूजा करता है वही कुलज्ञ है तथा वही साधकों में श्रेष्ठ है। वह इस लोक में समस्त सुखों को भोग कर अन्त में मोक्ष को प्राप्त करता है ।

हरि०–निरामयम् सर्वोपद्रवरहितं मोक्षपदम् ॥१०२॥

महौषधं यज्जीवानां दुःखविस्मारकं महत् ।
आनन्दजनकं यच्च तदाद्यततत्त्वलक्षणम् ॥१०३॥

पद्मा–समस्त जीवों के लिये जो दुःख दूर करने में महौषधस्वरूप तथा आनन्दजनक है वही आदितत्त्व का लक्षण है ।

हरि०–अथ क्रमतो मद्यादिपञ्चतत्त्वानां लक्षणमाह महौषधमित्यादिभिः॥१०३॥

असंस्कृतञ्च यत्तत्त्व मोहदं भ्रमकारणम् ।
विवादरोगजननन्त्याज्यं कौलैः सदा प्रिये॥१०४॥

पद्मा–आदि तत्त्व के शोधित न होने पर केवल मोहप्रदायक भ्रमोत्पादक, विषाद एवं रोग का कारण होता है। हे प्रिये! इसलिए कौलिकगण असंस्कारित तत्त्व को सदैव त्याग दें ।

हरि०–तत्त्वम् आद्यतत्त्वम् ॥१०४॥

ग्राम्यवायव्यवन्यानामुद्भूतं पुष्टिवर्द्धनम् ।
बुद्धितेजोबलकरं द्वितीयतत्त्वलक्षणम् ॥१०५॥

पद्मा–ग्राम्य (छागादि) वायव्य (तीतर, हारीतादि पक्षी) मन्य (मृगादि) जिनके शरीर से उत्पन्न तत्त्व पुष्टिवर्धक और बुद्धि, बल एवं तेज प्रदायक है वही द्वितीय तत्त्व का लक्षण है।

हरि०–ग्राम्येत्यादि। ग्राम्या ग्रामोद्भवाश्छागादयश्च वायव्या वायूद्भवास्तित्तिरि हारीतादयश्च वन्या वनोद्भवा हरिणादयश्च ते तेषाम् ॥१०५॥

जलोद्भवं यत् कल्याणि! कमनीयं सुखप्रदम् ।
प्रजावृद्धिकरञ्चाऽपि तृतीयतत्त्वलक्षणम् ॥१०६॥
सुलभं भूमिजातञ्च जीवानां जीवनञ्च यत् ।
आयुर्मूलं त्रिजगतां चतुर्थतत्त्वलक्षणम् ॥१०७॥
महानन्दकरं देवि! प्राणिनां सृष्टिकारणम् ॥
अनाद्यन्त जगन्मूलं शेषतत्त्वस्य लक्षणम् ॥१०८॥
आद्यतत्त्वं विद्धि तेजो द्वितीयं पवनं प्रिये !
अपस्तृतीयं जानीहि चतुर्थं पृथिवी शिवे!॥१०९॥

पञ्चमं जगदाधारा वियद्विद्धि वरानने!।।११०।।
इत्थं ज्ञात्वा कुलेशानि! कुलन्तत्त्वानि पञ्च च।
आचारं कुलधर्म्मस्य जीवन्मुक्तो भवेन्नरः।।१११।।

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्मनिर्णयसारे श्रीमदाद्यासदा-शिवसंवादे स्तोत्रकवचकुलतत्त्व-लक्षणकथनं नाम सप्तमोल्लासः।।७।।

पद्मा–हे कल्याणि! जो जल से उत्पन्न कमनीय, सुखप्रद, प्रजावृद्धिकर है वही तृतीय तत्त्व है। जो तत्त्व सुलभ, भूमि से उत्पन्न, जीवों का जीवनस्वरूप तथा त्रिभुवन की आयु का मूल कारण है वही चतुर्थ तत्त्व का लक्षण है। हे देवि! अत्यन्त आनन्द प्रदान करने वाला, प्राणियों की सृष्टि का कारण, आदि तथा अन्तरहित जगत् का मूल कारण है यह शेष पञ्चम् तत्त्व का लक्षण है। हे प्रिये! आद्या तत्त्व को तेज, द्वितीय तत्त्व को पवन, तृतीय तत्त्व को जल, चतुर्थ तत्त्व को पृथ्वी तथा पञ्चम तत्त्व को जगत् का आधार नवों मण्डल (आकाशमण्डल) जानना चाहिए। हे कुलेश्वरि! जो मनुष्य इसी प्रकार कुल, पञ्चतत्त्व तथा कुलधर्म के आचार को जानकर उसके अनुसार कर्मानुष्ठान करता है वही जीवन्मुक्त होता है।

इस प्रकार महानिर्वाणतन्त्र के स्तोत्रकवच कुलतत्त्वलक्षण कथन नामक सातवें उल्लास की अजयकुमार उत्तम रचित पद्मा हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई।

हरि०–कमनीयमाकाङ्क्षणीयम् ।।१०६-१११।।

इति श्रीमाहनिर्वाणतन्त्राटीकायां सप्तमोल्लासः।।७।।

अष्टमोल्लासः

श्रुत्वा धर्मान् बहुविधान् भवानी भवमोचनी।
हिताय जगतां माता भूयं शङ्करमब्रवीत् ।।१।।

पद्मा–इसके पश्चात् भवपाशविमोचिनी भवानी (पार्वती) ने इस प्रकार बहुत प्रकार से धर्मविषय सुनकर जगत् के हित के लिये भगवान् शिव से कहा ।

हरि०–ॐ नमो ब्रह्मणे ।

श्रुत्वेत्यादि। भवमोचनी भक्तसंसारमञ्जनशीला। जगतामिति काकाक्षिगा-लकन्यायेन पूर्वोत्तराभ्यां पदाभ्यां सम्बध्यते ॥१॥

श्रीदेव्युवाच

श्रुतं बहुविधं धर्ममिहमूत्र सुखप्रदम् ।
धर्मार्थकामदं विघ्नहरं निर्वाणकारणम् ।।२।।

पद्मा–श्रीदेवी ने कहा-इस लोक एवं परलोक में भी सुख को प्रदान करने वाली, धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्षजनक, विघ्ननाशक धर्म की कथा सुनना चाहती हूँ ॥२॥

हरि०–किमब्रवीदित्यपेक्षायामाह श्रुतमित्यादि ॥२॥

साम्प्रतं श्रोतुमिच्छामि ब्रूहि वर्णाश्रमान् विभो!
तत्र ये विहिताचाराः कृपया वद तानपि।।३।।

पद्मा–हे विभो! अब मैं वर्ण तथा आश्रम एवं उन-उन वर्णों तथा आश्रमों में जो आचारविहित है उन्हें मैं सुनना चाहती हूँ कृपया आप वह सब कुछ मुझसे कहिए ।

हरि०–तत्र वर्णाश्रमेषु॥३॥

श्रीसदाशिव उवाच

चत्वारः कथिता वर्णा आश्रमा अपि सुव्रते !
आचाराश्चापि वर्णानामाश्रमाणां पृथक् पृथक् ।।४।।
कृतादौ कलिकाले तु वर्णाः पञ्च प्रकीर्तिताः।
ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्र! सामान्य एव च ।।५।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा-हे सुव्रते ! सत्य आदि चार युगों में चार वर्ण चार आश्रम तथा उन वर्णो एवं आश्रमों के आचार पृथक् पृथक् कहे गये हैं किन्तु कलियुग में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र एवं सामान्य यह पाँच प्रकार के वर्ण कहे गये हैं ।

हरि०–एवं प्रेरितः सन् श्रीसदाशिव उवाच चत्वारः इत्यादि॥ हे सुव्रते कृतादौ सत्यत्रेतादौ वर्णा आश्रमा अपि चत्वारः कथिताः। वर्णानामा श्रमाणाञ्चारश्चापि पृथक-पृथक् कथिताः। कलिकाले तु वर्णाः पञ्चप्रकीर्तिताः। तान् दर्शयति ब्राह्मण इत्याद्यर्द्धेन। सामान्यो वर्णसङ्करः॥४-५॥

एतेषां सर्ववर्णानामाश्रौ द्वौ महेश्वरि !
तेषामाचार धर्मांश्च शृणुष्वाद्ये वदामि ते ।।६।।

पद्मा–हे महेश्वरि! इन सभी वर्णों के लिए आश्रम दो प्रकार के हैं। हे आद्ये! तुम से उन सभी वर्णों तथा आश्रमों के आचार एवं धर्म को कहता हूँ। सुनो ।

हरि०–एतेषामिति। हे आद्ये महेश्वरि एतेषां ब्राह्मणादीनां सर्ववर्णानां द्वावाश्रमौ तेषां वर्णाश्रमाणामाचाररूपान् धर्म्मांश्च ते तवाग्रेऽहं वदामि त्वं शृणुष्वेत्यन्वयः।।६।।

पुरैव कथितं तावत् कलिसम्भव चेष्टितम् ।
तपः स्वाध्यायहीनानां नृणामल्पायुषामपि।
क्लेशप्रयासाशक्तानां कुतो देहपरिश्रमः।।७।।

पद्मा–कलियुग में उत्पन्न मनुष्यों की कथा पहले ही कह चुका हूँ। तप वेदपाठ से रहित मनुष्य अल्पायु होंगे। वे क्लेश और प्रयास से अशक्त रहेंगे। उनके लिए शारीरिक परिश्रम असम्भव होगा ।

हरि०–कलियुगे वर्त्तमानौ द्वावाश्रमावभिधास्यन्नमहादेवः पूर्वमाश्रमद्वयाभावे हेतुं दर्शयति पुरैवेत्यादिना सार्द्धेन। कलौ सम्भव उत्पत्तिर्येषां ते कलिसम्भवाः तेषां चेष्टितं पुरैव कथितम्। तावदित्यवधारणे। किञ्च तप इत्यादि। तपः स्वध्यायहीनानां तपः कृच्छ्रादिकर्म्म स्वाध्यायो वेदपाठः ताभ्यां रहितानां। क्लेशप्रयासाशक्तानां क्लेशः उपतापः प्रयासः परिश्रमः तयोर्निर्वलत्वादसमर्थानाम् । नत्वेतादृशानामेव किंत्वल्पायुषामपि। एवंभूतानां नृणां देहपरिश्रमः कुतो भवेत् न केनापि प्रकारेण भवेदित्यर्थः।।७।।

ब्रह्मचर्याश्रमो नास्ति वानप्रस्थोऽपि न प्रिये !
गार्हस्थ्यौ भैक्षुकश्चैव आश्रमो द्वौ कलौ युगे ।।८।।

पद्मा–हे प्रिये! कलियुग में ब्रह्मचर्य आश्रम नहीं है और वानप्रस्थ आश्रम भी नहीं है। गार्हस्थ्य और भैक्षुक यह दो ही आश्रम कलियुग में निरूपित किये गये हैं ।

हरि०–ब्रह्मचर्येत्यादि। हे प्रिये अतःकलौ युगे ब्रह्मचर्याश्रमो नास्ति वानप्रस्थोऽपि नास्ति किन्तु गार्हस्थ्यभैक्षुकरूपौ द्वावेवाश्रमौ कलौ स्तः।।८।।

गृहस्थस्य क्रिया सर्वा आगमोक्ताः कलौ शिवे!
नान्यमार्गैः क्रियासिद्धिः कदापि गृहमेधिनाम् ।।९।।

पद्मा–हे शिवे ! कलियुग में गृहस्थों की सभी क्रियाएं तन्त्रशास्त्र के अनुसार होंगी। अन्य किसी भी विधि से गृहस्थों को कभी भी क्रियासिद्धि नहीं होगी ।

हरि०–न केवलं कलौ युगे द्वयोराश्रमयोरेवाभावोऽस्ति किन्तु सर्वाषां वैदिकक्रियाणामपीत्याह गृहस्थस्येत्यादिना। गृहमेधिनाम् गृहसङ्गमवतां गृहस्थानामित्यर्थः।।९।।

भैक्षुकेऽप्याश्रमे देवि! वेदोक्तं दण्डधारणम् ।
कलौ नास्त्येव तत्त्वज्ञे ! यतस्तत् श्रौतसंस्कृतिः।।१०।।

पद्मा–हे देवि! हे तत्त्वज्ञे ! कलियुग में भैक्षुकाश्रम में भी वेदोक्तदण्डधारण का विधान नहीं है; क्योंकि वह वैदिक-संस्कार है ।

हरि०–कलौ युगे गार्हस्थ्याश्रम एव वैदिक्यः सर्वाः क्रिया निषिद्धा न सन्त्यपि तु भैक्षुकाश्रमेऽपीत्याह भैक्षुकेऽपीत्यादि। तत् वेदोक्तं दण्डधारणम् । श्रौतसंस्कृतिः वैदिकः संस्कारः॥१०॥

शैवसंस्कारविधिनाऽवधूताश्रमधारणम् ।
तदेव कथितं भद्रे ! सन्न्यासग्रहणं कलौ ॥११॥

पद्मा–हे भद्रे ! कलियुग में शैवसंस्कार की विधि से अवधूत आश्रम धारण करने को ही सन्यास ग्रहण करना कहते हैं ।

हरि०–यद्येवं तर्हि कलौ किन्नाम सन्यासग्रहणं तत्राह शैवेत्यादि। हे भ्रदे ! शैवसंस्कारविधिना शिवप्रोक्तेन संस्कारविधानेनावभूताश्रमधारणं यत्तदेव कलौ युगे सन्न्यासग्रहणं कथितं ॥११॥

विप्राणामितरेषाञ्च वर्णानां प्रबले कलौ ।
उभयत्राश्रमे देवि ! सर्वेषामधिकारिता ॥१२॥

पद्मा–हे देवि! प्रबल कलियुग में ब्राह्मणादि सभी वर्ण इन दोनों आश्रमों के अधिकारी होंगे ।

हरि०–ननु कलौ युगे ब्राह्मणादीनां सर्वेषामपि वर्णानां सन्न्यासाश्रमाधिकारित्वं सत्यादाविव ब्राह्मणक्षत्रियविशामेव वा तत्राह विप्राणामित्यादि ॥१२॥

सर्वेषामेव संस्काराः कर्माणि शैववर्त्मना ।
विप्राणामितरेषाञ्चं कर्म्मलिङ्ग पृथक् पृथक् ॥१३॥

पद्मा–शैवविधि से ही सभी संस्कार तथा कर्म होंगे। किन्तु ब्राह्मण एवं अन्य वर्णों की कर्मविधि पृथक् पृथक् होगी ।

हरि०–**ननु प्रबले** । कलौ किं ब्राह्मणादयः सर्वे वर्णा एकाचारा एव भवेयुः पृथक् पृथगाचारा वा तत्राह सर्वेषामेवेत्यादि। विप्रादीनां सर्वेषामेव वर्णानां सर्वे संस्काराः अन्यानि च सर्वाणि कर्माणि एकेन शैववर्त्मनैव साधनीयानि। शाम्भवैकवर्त्मसाध्यत्वेन सर्वेषामेव वर्णानां सर्वाणि कर्माणि कलौ सामानान्येवेत्यर्थ । किन्तु विप्राणामितरेषां विप्रभिन्नानाञ्च कर्मलिङ्गं कर्मचिह्नं कलावपि पृथक् पृथगेवास्ति ॥१३॥

जातमात्रो गृहस्थः स्यात् संस्कारादाश्रमी भवेत् ।
गार्हस्थ्यं प्रथमं कुर्यात् यथाविधि महेश्वरि ॥१४॥

पद्मा–हे महेश्वरि ! मनुष्य जन्म से गृहस्थ होता है तथा संस्कार होने पर आश्रमी होता है। इसलिए सर्वप्रथम गृहस्थाश्रम का पालन करना चाहिए ।

हरि०–ननु गार्हस्थ्याश्रमशीलत्वं कि जन्मनैव भवेत् संस्कारेण वा तत्राह जातमात्र इत्यादि। ननु गार्हस्थ्यभैक्षुकयोर्मध्ये प्रथमं कमाश्रममाश्रायेत्तत्राह गार्हस्थ्यमित्यादि ॥१४॥

तत्त्वज्ञाने समुत्पन्ने वैराग्यं जायते यदा ।
सदा सर्वं परित्यज्य सन्न्यासाश्रममाचरेत् ।।१५।।

पद्मा–इसके उपरान्त तत्त्वज्ञान अर्थात् संसार में निश्चित दुःखादि ज्ञान के उत्पन्न होने पर जब वैराग्य उत्पन्न हो तब सब कुछ त्यागकर संन्यास आश्रम का पालन करे।

हरि०–तत्त्वज्ञाने ब्रह्मज्ञाने।।१५।।

विद्यामुपार्जयेत् बाल्ये धनं दारांश्च यौवने ।
प्रौढ़े धर्म्याणि कर्माणि चतुर्थे प्रव्रजेत् सुधीः ।।१६।।
मातरं पितरं वृद्धं भार्याञ्चैव पतिव्रताम् ।
शिशुञ्च तनयं हित्वा नावधूताश्रमं व्रजेत् ।।१७।।

पद्मा–बाल्यकाल में विद्यार्जन, यौवनावस्था में धनोपार्जन एवं विवाह तथा प्रौढ़ावस्था में धर्म-कर्म का अनुष्ठान करे। इसके पश्चात् सुधी मनुष्य सन्न्यासाश्रम को ग्रहण करे। वृद्ध माता-पिता, पतिव्रता पत्नी, बाल्यावस्था युक्त शिशु इनको त्यागकर कभी भी अवधूताश्रम ग्रहण न करे।

हरि०–ननु कस्यामवस्थायां गार्हस्थाश्रम आश्रयणीयः सन्न्यासश्च कस्यामवस्थायां ग्रहणीयस्तत्राह विद्यामित्यादि। बाल्ये शैशवे विद्यामुपार्जयेत् । यौवने धनं वित्तं दारान् भार्याचोपार्जयेत् । प्रोढ़े तृतीये वयसि धर्म्याणि धर्मादनपेतानि कर्माणि कुर्यात् । सुधीर्विद्वांश्चतुर्थे वयसि प्रव्रजेत् संन्यसेत् ।।१६-१७।।

मातृः पितृन् शिशून् दारान् स्वजानान् बान्धवानपि।
यः प्रव्रजति हित्वैतान् स महापातकी भवेत् ।।१८।।
मातृहा पितृहा स स्यात् स्त्रीवधी ब्रह्मघातकः।
असन्तर्प्य स्वपित्रादीन् यो गच्छेद् भिक्षुकाश्रमे ।।१९।।
ब्राह्मणो विप्रभिन्नश्च स्वस्ववर्णोक्तसंस्क्रियाम् ।
शैवेन वर्त्मना कुर्यादेष धर्मः कलौ युगे ।।२०।।

पद्मा–जो मनुष्य माता-पिता, शिशु पुत्र, पत्नी तथा साथ के बन्धु-बान्धवों को छोड़कर संन्यास ग्रहण करता है वह महापातकी होता है। जो मनुष्य अपने माता-पिता को संतुष्ट किये बिना हो भिक्षुकाश्रम में गमन करता है उसे स्त्रीहत्या एवं माता-पिता के हत्या का पाप लगता है। उसे ब्रह्महत्या का पाप भी लगता है। ब्राह्मण अवं अन्य वर्ण शैवमार्ग के अनुसार ही अपने वर्ण की क्रिया का अनुष्ठान करें। यही कलियुग का धर्म है।

हरि०–मात्रादीन् परित्यज्य प्रव्रजतो मनुष्यस्य महापातकं भवेदित्याह मातृरित्यादिद्वाभ्याम्। बहुवचनस्य बहूपलक्षकत्वात् पितृन् पित्रादीनित्यर्थः। स्वजनान् स्वेनैव भर्त्तव्यानात्मीयान् जनान् । बान्धवान् असमर्थात् भ्रात्रादीन् ।।१८-२०।।

श्रीदेव्युवाच

को वा धर्मो गृहस्थस्य भिक्षुकस्य च किं विभो !
विप्रस्य विप्रभिन्नानां संस्कारादीनि मे वद ।।२१।।

पद्मा–श्रीदेवी ने कहा-हे विभो! गृहस्थ का धर्म क्या है ? अथवा भिक्षुक का धर्म क्या है ? यह सब कुछ तथा विप्र एवं विप्र से भिन्न अन्य सभी के संस्कारादि मुझसे कहिए।

हरि०–ब्राह्मणादीन् पञ्चवर्णान् तेषां द्वावाश्रमौ सामान्यं धर्मञ्च श्रुत्वेदानीं तेषामशेषान् विशेषान् धर्मान् श्रोतुमिच्छन्ती श्रीदेव्युवाच को वा इत्यादि । किं धर्मम् ॥२१॥

श्रीसदाशिव उवाच

गार्हस्थ्यं प्रथमं धर्मं सर्वेषां मनुजन्मनाम् ।
तदेव कथयाम्यादौ शृणु कौलिनि ! तत्त्वतः ।।२२।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा-है कौलिनि! गार्हस्थ्य धर्म ही सभी मनुष्यों का प्रथम धर्म है। इसलिए सर्वप्रथम उसे ही कहता हूँ सुनो ।

हरि०–श्रीदेव्यैवं प्रेरितः सन् श्रीसदाशिव उवाच गार्हस्थ्यमित्यादि। हे कौलिनि यतः सर्वेषां मनुजन्मनां मनुष्याणां गार्हस्थ्यं कर्म प्रथमं धर्म्म भवत्यस्तदेव धर्ममादौ कथयामि त्वं तत्त्वतः शृणु इत्यन्वयः॥२२॥

ब्रह्मनिष्ठो गृहस्थः स्यात् ब्रह्मज्ञानपरायणः।
यद्यत् कर्म प्रकुर्वीत तद्ब्रह्मणि समर्पयेत् ।।२३।।

पद्मा–गृहस्थ ब्रह्मनिष्ठ हो तथा ब्रह्मज्ञानपरायण होकर रहे । जो भी कर्म करे, उन सभी को ब्रह्म को समर्पित कर दे ।

हरि०–गार्हस्थ्यं धर्ममेवाह ब्रह्मनिष्ठ इत्यादिभिः। ब्रह्मणि निष्ठा यस्य स ब्रह्मनिष्ठः।२३॥

न मिथ्याभाषणं कुर्यात् न च शाठ्यं समाचरेत् ।
देवतातिथिपूजासु गृहस्थो निरतो भवेत् ।।२४।।
मातरं पितरञ्चैव साक्षात् प्रत्यक्षदेवताम् ।
मत्वा गृही निषेवेत सदा सर्वप्रयत्नतः।।२५।।
तुष्टायां मातरि शिवे ! तुष्टे पितरि पार्वति !
तव प्रीतिर्भवेद्देवि परब्रह्म प्रसीदति ।।२६।।

पद्मा–गृहस्थ मनुष्य झूठ न बोले और न ही दुष्टतापूर्ण आचरण करे। देवता एवं अतिथि के पूजन में तत्पर रहे। हे शिवे! गृहस्थ माता-पिता को साक्षात् प्रत्यक्ष देवता मानकर सदैव सभी प्रकार से प्रयत्नपूर्वक उनकी सेवा करे। हे पार्वति ! जो गृहस्थ अपने कर्मों से माता-पिता को संतुष्ट करता है उससे तुम प्रसन्न रहती हो। हे देवि! तुम्हारी प्रसन्नता होने पर परब्रह्म भी प्रसन्न होते हैं ।

हरि०–शाठ्यं अनार्जवम् ॥२४-२६॥

त्वमाद्ये जगतां माता-पिता ब्रह्म परात्परम् ।
युवयोः प्रीणनं यस्मात् तस्मात् किं गृहिणांतपः।।२७।।

पद्मा–हे आद्ये ! तुम ही जगत् की माता और परात्पर ब्रह्म ही जगत् के पिता हैं। इसलिए जिन कार्यों से गृहस्थ तुम्हें प्रसन्न करते हैं, उनके अतिरिक्त अन्य कौन-सी तपस्या है ? अर्थात् अन्य कोई तपस्या नहीं है ।

हरि०–यस्मात् मातुः पितुश्च तोषणात् ॥२७॥

आसनं शयनं वस्त्रं पानं भोजनमेव च।
तत्तत्समयमाज्ञाय मात्रे पित्रे नियोजयेत् ।।२८।।
श्रावयेन्मृदुलां वाणीं सर्वदाप्रियमाचरेत् ।
पित्रोराज्ञानु स्यात् सत्पुत्रः कुलपावनः।।२९।।

पद्मा–सुअवसर जानकर माता-पिता को आसन, शय्या, वस्त्र, पेय पदार्थ तथा भोज्य पदार्थ प्रदान करे, कुल को पवित्र करने वाला पुत्र उनसे मधुर वाणी में बोले। सदा वही कार्य करे, जो माता-पिता को अच्छा लगे तथा सदा ही उनकी आज्ञा का पालन करे।

हरि०–आसनमित्यादि। शय्यतेऽस्मिन्निति शयनम् शय्याम् । पीयते यत्तत् पानम् पेयं जलादिकमित्यर्थः। भोजनम् भोज्यं वस्तु। तत्तत्समयम् आसनादिसमर्पणसमयम् । नियोजयेत् समर्पयेत् ॥२८-२९॥

औद्धत्यं परिहासञ्च तर्जनं परिभाषणम् ।
पित्रोरग्रे न कुर्वीत यदीच्छेदात्मनो हितम् ।।३०।।

पद्मा–जो अपना हित चाहता हो, वह कभी भी माता-पिता के समक्ष अविनय भाव प्रकट न करे और नहीं उनके समक्ष परिहास करे तथा न ही सेवकों को डाँटे ।

हरि०–औद्धत्यम् अविनीतत्वम् । तर्जनम् भृत्यादीनां भर्त्सनम् ॥३०॥

मातरं पितरं वीक्ष्य नत्वोत्तिष्ठेत् ससम्भ्रमः।
विनाऽऽज्ञया नोपविशेत् संस्थितः पितृशासने।।३१।।

पद्मा–माता-पिता को देखते ही साधक उनको प्रणाम करके आदरपूर्वक उठकर खड़ा हो जाये तथा उनकी आज्ञा के बिना आसन पर न बैठे ।

हरि०–ससम्भ्रमः सादरः॥३१॥

विद्याधनमदोन्मत्तो यः कुर्यात् पितृहेलनम् ।
स याति नरकं घोरं सर्वधर्मबहिष्कृतः।।३२।।
मातरं पितरं पुत्र दारानतिथिसोदरान् ।
हित्वा गृही न भुञ्जीयात् प्राणैः कण्ठगतैरपि।।३३।।

पद्मा–जो साधक या मनुष्य विद्या एवं धन के अभिमान में चूर होकर माता-पिता की अवहेलना करता है वह इस लोक में सभी धर्मों का अनधिकारी होकर अन्त में घोर नरक

में जाता है। गृहस्थों को चाहिए कि यदि प्राण भी संकट में हो तो माता, पिता, पुत्र, पत्नी, अतिथि, भाई, हितैषी इनको त्याग कर भोजन न करे ।

हरि०–पितृहेलनम् मातापित्रोस्तिरस्कारम् ।।३२-३३।।

वञ्चयित्वा गुरून् बन्धून् यो भुङ्क्ते स्वोदरम्भरः।
इहैव लोकगर्ह्योऽसौ परत्र नारकी भवेत् ।।३४।।
गृहस्थो गोपयेद्दारान् विद्यामभ्यासयेत् सुतान् ।
पोषयेत् स्वजनान् बन्धूनेष धर्मः सनातनः।।३५।।

पद्मा–जो गृहस्थ माता-पिता, भाई-बन्धु बान्धवादि स्वजनों की उपेक्षा कर अपना ही पृथक् भोजन करता है वह पेट भरने वाला इस लोक में तो निन्दित होता ही है परलोक में भी घोर नरक में जाता है। गृहस्थों को अपनी पत्नी की रक्षा करनी चाहिए, पुत्रों को विद्या का अभ्यास कराये, स्वजनों एवं बन्धुबान्धवों का भरण-पोषण करना चाहिए। यही सनातन धर्म है ।

हरि०–**गुरुन् पित्रादीन्** । लोकगर्ह्यः जननिन्द्यः।।३४-३५।।

जनन्या वर्द्धितो देहो जनकेन प्रपोषितः।
स्वजनैः शिक्षितः प्रीत्या सोऽधमस्तान् परित्यजेत् ।।३६।।

पद्मा–माता से देह की वृद्धि होती है तथा पिता से देह प्रपोषित होती है। अपने स्वजनों से प्रीतिपूर्वक शिक्षा प्राप्त होती है। इसलिए उनका त्याग करने वाला नराधम होता है ।

हरि०–स्वजनैः बन्धुभिः।।३६।।

एषामर्थे महेशानि ! कृत्वा कष्टशतान्यपि ।
प्रीणयेत् सततं शक्त्या धर्मो ह्येष सनातनः।।३७।।

पद्मा–हे महेशानि ! इन सभी के लिए सैकड़ो कष्ट उठाकर यथा शक्ति इन्हें सदैव प्रसन्न रखे, यही सनातन धर्म है ।

हरि०–**एषां जनन्यादीनाम** । प्रीणयेत् जनन्यादीन् तोषयेत् ।।३७।।

स धन्यः पुरुषो लोके स कृती परमार्थवित् ।
ब्रह्मनिष्ठः सत्यसन्धो यो भवेद्भुवि मानवः।।३८।।
न भार्यां ताडयेत् क्वापि मातृवत् पालयेत् सदा।
न त्यजेत् घोरकष्टेऽपि यदि साध्वी पतिव्रता।।३९।।

पद्मा–जो मनुष्य ब्रह्मनिष्ठ एवं सत्यप्रतिज्ञ होकर अपना कर्म करता है वही महापुरुष इस लोक में धन्य है। वही पुरुष परमार्थ का ज्ञाता है। अपनी भार्या की कभी भी ताड़ना न करे। सदैव माता के समान उसका पालन करे। चाहे कितना भी घोर कष्ट हो सती एवं साध्वी भार्या का परित्याग कभी न करें ।

हरि०–**धन्यः सुकृती**। कृती विचक्षणः। सत्यसन्धः सत्यप्रतिज्ञः।।३८-३९।।

स्थितेषु स्वीयदारेषु स्त्रियमन्यां न संस्पृशेत् ।
दुष्टेन चेतसा विद्वानन्यथा नारकी भवेत् ।।४०।।

पद्मा–बुद्धिमान मनुष्य अपनी पत्नी के रहते हुए अन्य स्त्री का स्पर्श भी न करे। कामभाव से अन्य स्त्री को न तो देखे और न ही स्पर्श करे। अन्यथा वह मनुष्य नरक में जाता है ।

हरि०–दुष्ट चेतसा विकृतेन मनसा।।४०।।

विरले शयनं वासं त्यजेत् प्राज्ञः परस्त्रिया ।
अयुक्तभाषणञ्चैव स्त्रियं शौर्यन्न दर्शयेत् ।।४१।।
धनेन वाससा प्रेम्णा श्रद्धया मृदुभाषणैः ।
सततं तोषयेद्दारान् नाप्रियं क्वचिदाचरेत् ।।४२।।

पद्मा–बुद्धिमान पुरुष एकान्त में पर स्त्री के साथ वास या शयन न करे। किसी भी स्त्री से अश्लीलतापूर्वक या असभ्यता से वार्तालाप न करे और न ही स्त्रियों को अपनी वीरता दिखाये। धन, वस्त्र, प्रेम, श्रद्धा, मधुर वचनों से अपनी पत्नी को सदैव सन्तुष्ट रखे। उसके साथ कभी भी अप्रिय आचरण न करे ।

हरि०–विरले निर्जनस्थाने।।४१-४२।।

उत्सवे लोकयात्रायां तीर्थेष्वन्यनिकेतने।
न पत्नीं प्रेषयेत् प्राज्ञः पुत्रामात्यविवर्जिताम् ।।४३।।
यस्मिन्नरे महेशानि ! तुष्टा भार्या पतिव्रता ।
सर्वो धर्मः कृतस्तेन भवतीप्रिय एव सः।।४४।।

पद्मा–बुद्धिमान मनुष्य उत्सव, लोकयात्रा, तीर्थ एवं अन्य पुरुष के घर में पुत्र अथवा सहयोगी के बिना पत्नी को न भेजे । हे महेशानि ! पतिव्रता पत्नी जिस पुरुष से सन्तुष्ट रहती है, वह समस्त धर्मों से उत्पन्न फल को प्राप्त करता है और तुम्हारा प्रिय होता है।

हरि०–अन्यनिकेतन परगृह ।।४३-४४।।

चतुर्वर्षविधि सुतान् लालयेत् पालयेत् पिता।
ततः षोडशपर्यन्तं गुणान् विद्याञ्च शिक्षयेत् ।।४५।।

पद्मा–पिता चार वर्ष तक पुत्र का लालन-पालन करे। इसके पश्चात् सोलह वर्ष तक उसे विद्या एवं सभी गुणों की शिक्षा दे ।

हरि०–ततः चतुर्भ्यो वर्षेभ्य उर्द्धव्य।।४५।।

विंशत्यब्दाधिकान् पुत्रान् प्रेरयेद् गृहकर्मसु ।
ततस्तांस्तुल्यभावेन मत्वा स्नेहं प्रदर्शयेत् ।।४६।।

पद्मा–इसके पश्चात् बीस वर्ष से अधिक आयु वाले पुत्रादि को गृहकर्म में लगाये। गृहकार्य के उपयुक्त होने पर अपने तुल्य उसे जानकर उससे स्नेह प्रकट करे ।

हरि०–प्रेरयेत् प्रवर्त्तयेत् । तान् विंशत्यब्दाधिकान् पुत्रान् ॥४६॥

कन्याऽप्येवं पालनीया शिक्षणीयाऽति यत्नतः।
देव वराय विदुषे धनरत्नसमन्विता।।४७।।

पद्मा–कन्या का भी इसी प्रकार पालन करे तथा उसे यत्नपूर्वक शिक्षा प्रदान करे। कन्या को धनरत्न से युक्त कर ज्ञानवान वर को प्रदान करे ।

हरि०–एवम् पुत्रवत् ॥४७॥

एवं क्रमेण भ्रातृंश्च स्वसृभ्रातृसुतानपि।
ज्ञातीन् मित्राणि भृत्यांश्च पालयेत्तोषयेद् गृही।।४८।।
ततः स्वधर्मनिरतानेकग्रामनिवासिनः।
अभ्यागतानुदासीनान् गृहस्थः परिपालयेत् ।।४९।।

पद्मा–इस प्रकार गृहस्थ भाई, बहन, भांजे, भतीजे, जाति, मित्र तथा भृत्यों का पालन कर उन्हें सन्तुष्ट करे । तदुपरान्त भाई आदि के पालन में समर्थ होने के उपरान्त गृहस्थ स्वधर्म में तत्पर ग्रामवासियों, अभ्यागतों एवं उदासीन लोगों का भी पालन करे ।

हरि०–ततः भ्रात्रादीनां पालनत्तोषणाच्चोर्द्धम्। उदासीनान् मित्रामित्रभिन्नान् ॥४८-४९॥

यद्येव नाचरेद्देवि ! गृहस्थो विभवे सति ।
पशुरेव स विज्ञेयः स पापी लोकगर्हितः ।।५०।।

पद्मा–हे देवि! वैभव होने पर भी गृहस्थ यदि इस प्रकार का आचरण नहीं करता तो उसे पशु जानना चाहिए। ऐसा पापी लोकसमाज में निन्दित होता है ।

हरि०–धने सत्येमेवमकुर्वतो गृहस्थस्य पातकाश्रयत्वं लोकगर्हिततत्वञ्च स्यादित्य यदीत्यादिना ॥५०॥

निद्रालस्यं देहयत्नं केशविन्यासमेव च ।
आसक्तिमशने वस्त्रे नातिरिक्तं समाचरेत् ।।५१।।

पद्मा–निद्रा, आलस्य, शरीर की चेष्टा, केश विन्यास (बाल संवारना) भोजन एवं वस्त्रों में आसक्ति, यह सब आवश्यकता से अधिक न करें ।

हरि०–आसक्तिम् आसङ्गम् । अतिरिक्तम् अधिकम् ॥५१॥

युक्ताहारो युक्तनिद्रो मितवाङ्मितमैथुनः ।
स्वच्छोनम्रः शुचिर्दक्षो युक्तः स्यात् सर्वकर्मसु ।।५२।।

पद्मा–गृहस्थों को परिमित भोजन, परिमित निद्रा, मितभाषी, सन्तुलित सम्भोग करना चाहिए। कपटरहित, नम्र, पवित्र, आलस्य रहित एवं सभी कर्मों में तत्पर रहे।

हरि०–युक्ताहारः परिमित भोजनः। स्वच्छः कपटादिशून्यः। शुचिः वाह्याभ्यन्तरशौच-सम्पन्नः। दक्षः निरालयः। युक्तः उद्योगवान् ॥५२॥

शूरः शत्रौ विनीतः स्यात् बान्धवे गुरुसन्निधौ ।
जुगुप्सितान् न मन्येत् नावमन्येत मानिनः ।।५३।।

पद्मा–शत्रु के सम्मुख शूर तथा बान्धव एवं गुरु के समीप विनीत रहे। निन्दित मनुष्य का आदर न करे। सम्मानित मनुष्यों की अवज्ञा न करे ।

हरि०–**शूरः विक्रान्तः** । नावमन्येत न अनाद्रियेत् ।।५३।।

सौहार्दं व्यवहारांश्च प्रवृत्तिं प्रकृतिं नृणाम् ।
सहवासेन तर्कैश्च विदित्वा विश्वसेत्ततः ।।५४।।

पद्मा–साथ में रहकर और विचार द्वारा मनुष्य का स्वभाव, सौहार्द, व्यवहार, प्रवृत्ति और उसकी प्रकृति जानकर ही उसपर विश्वास करे।

हरि०–तर्कै: पर्यालोचनै:।।५४।।

त्रसेद्द्वेष्टुरपि क्षुद्रात् समयं वीक्ष्य बुद्धिमान् ।
प्रदर्शयेदात्मभावान्नैव धर्मं विलङ्घयेत् ।।५५।
स्वीयं यशः पौरुषञ्च गुप्तये कथितञ्च यत् ।
कृतं यदुपकाराय धर्मज्ञो न प्रकाशयेत् ।।५६।।
जुगुप्सितप्रवृत्तौ च निश्चितेऽपि पराजये ।
गुरुणा लघुना चापि यशस्वी न विवादयेत् ।।५७।।

पद्मा–बुद्धिमान् मनुष्य छोटे शत्रु से भी शंकित रहे तथा अवसर देखकर ही अपना भाव प्रकट करे, किन्तु धर्म का मार्ग कदापि न छोड़े। धर्मवान् मनुष्य परोपकार करके उसे प्रकाशित न करे। अपने यश और पुरुषार्थ का बखान न करे। दूसरे की गुप्त बात और किसी से न कहे। यशस्वी पुरुष जय की सम्भावना होने पर भी कभी लोकनिन्दित कार्य न करे। अपने से बड़े और छोटे मनुष्यों के साथ लड़ाई-झगड़ा न करे ।

हरि०–त्रसेत् विभीयात् द्वेष्टु: शत्रो:। क्षुद्रात् लघो:। आत्भावान् स्वप्रभावान् आत्मनः कोशदण्डजानि तेजांसि। स प्रताप: प्रभावश्च यत्तेज: कोशदण्डज मित्यमर:।।५५-५७।।

विद्याधनयशोधर्मान् यतमान् उपार्जयेत् ।
व्यसनञ्चासतां सङ्गं मिथ्याद्रोहं परित्यजेत् ।।५८।।
अवस्थानुगताश्चेष्टाः समयानुगताः क्रिया ।
तस्मादवस्थां समयं वीक्ष्य कर्म समाचरेत् ।।५९।।

पद्मा–मनुष्य यत्नपूर्वक विद्या, धन, यश और धर्म का उपार्जन करे। व्यसन, दुर्जनों का संग, मिथ्यालाप तथा परद्रोह का त्याग करे। अवस्था के अनुसार चेष्टा तथा समय के अनुसार क्रिया होती है। इसीलिए अवस्था तथा समय का विचार कर कर्म करे।।५८-५९।।

हरि०–यतमान: यत्नं कुर्वाण:।।५८-५९।।

योगक्षेमरतो दक्षो धार्मिकः प्रियबान्धवः।
मितवाङ्मितहासः स्यान्मान्याग्रे तु विशेषतः।।६०।।

पद्मा–गृहस्थ व्यक्ति को चाहिए कि वह योगक्षेम (अनुपलब्ध वस्तु के अर्जन तथा उपलब्ध वस्तु के रक्षण) में लगा रहे। उसे चतुर धार्मिक के समान आचरण करना चाहिए तथा प्रिय बन्धुओं से सौहार्द रखना चाहिए। उसे सम्मान्य व्यक्तियों के सामने न तो अधिक हँसना चाहिए और न ही अधिक बोलना चाहिए।

हरि०–योगक्षेमरत: योगोऽप्राप्तस्वीकार: प्राप्तस्य परिपालनं क्षेम: तयोनुरक्ता:॥६०॥

जितेन्द्रियः प्रसन्नात्मा सुचिन्त्यः स्याद् दृढव्रतः।
अप्रमत्तो दीर्घदर्शी मात्रास्पर्शान् विचारयेत्।।६१।।
सत्यं मृदु प्रियं धीरो वाक्यं हितकरं वदेत्।
आत्मौत्कर्ष्यं तथा निन्दां परेषां परिवर्जयेत्।।६२।।
जलाशयाश्च वृक्षाश्च विश्रामगृहमध्वनि।
सेतुः प्रतिष्ठितो येन तेन लोकत्रयं जितम्।।६३।।
सन्तुष्टो पितरौ यस्मिन्ननुरक्ताः सुहृद्गणाः।
गायन्ति यद्यशो लोकास्तेन लोकत्रयं जितम्।।६४।।
सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वथा।
कामक्रोधौ वशे यस्य तेन लोकत्रयं जितम्।।६५।।

पद्मा–जितेन्द्रिय, प्रसन्नात्मा, सुचिन्त्य, दृढ़व्रती, आलस्यरहित एवं दूरदर्शी होकर विषयों के उपभोग में कर्तव्य अकर्त्तव्य का विचार करे। धीर मनुष्य को सदैव, सत्य, मधुर प्रिय तथा हितकारी वचन बोलना चाहिए। अपनी प्रशंसा तथा अन्य की निन्दा का सदैव त्याग करे। जो मनुष्य मार्ग में जलाशय खुदवाता, वृक्ष लगवाता है, सराय बनवाता है, तथा पुल का निर्माण करवाता है, वह अपने यश से त्रिभुवन को भी जीत लेता है। जिसके माता-पिता उससे सन्तुष्ट है, जिससे उसके सुहृद्गण अनुराग रखते है तथा लोग जिसका यशोगान करते हैं वह अपने पुण्यफल से त्रिभुवन को भी जीत लेता है। जिस मनुष्य का सत्य ही व्रत है जो पुरुष दरिद्र पर दया दिखाता है, काम एवं क्रोध जिसके वश में हैं वह पुरुष अपने पुण्य के फल से त्रिभुवन को भी जीत लेता है।

हरि०–जितेन्द्रिय इत्यादि। सुचिन्त्यः सुष्ठु चिन्त्यं स्मरणीयं शास्त्रादि यस्य सः। मात्रास्पर्शान् मीयन्ते। विषया एताभिरिति मात्रा इन्द्रियवृत्तय: तासा स्पर्शान् विषयेषु सम्बन्धान्॥६१-६५॥

विरक्तः परदारेषु निष्पृहः परवस्तुषु।
दम्भमात्सर्यहीनो यस्तेन लोकत्रयं जितम्।।६६।।
न बिभेति रणाद्यौ वै संग्रामेऽप्यपराङ्मुखः।
धर्मयुद्धे मृतो वाऽपि तेन लोकत्रयं जितम्।।६७।।

असंशयात्मा सुश्रद्धः शाम्भवाचारतत्परः ।
मच्छासने हितो यश्च तेन लोकत्रयं जितम् ।।६८।।

पद्मा–जो पुरुष परनारी से विरक्त रहता है, पराये द्रव्य की इच्छा नहीं करता, दम्भ एवं मात्सर्य से रहित है वही अपने पुण्यकाल से त्रिभुवन को जीतता है। जो पुरुष युद्धादि से नहीं डरता, संग्राम से विमुख नहीं होता तथा जो पुरुष धर्मयुद्ध में प्राणोत्सर्ग करता है वही त्रिभुवन को विजित करता है। जिस पुरुष की आत्मा असंदिग्ध है, जो श्रद्धावान् और शैवाचार में रत रहकर मेरे शासन में रहता है वही त्रिभुवन को जीतने में समर्थ होता है।

हरि०–निस्सपृह: निराकाङक्षः।।६६-६८।।

ज्ञानिना लोकयात्रायै सर्वत्र समदृष्टिना ।
क्रियन्ते येन कर्माणि तेन लोकत्रयं जितम् ।।६९।।
शौचन्तु द्विविधं देवि ! बाह्याभ्यन्तरभेदतः ।
ब्रह्मण्यात्मार्पणं यत्तत् शौचमान्तरिकं स्मृतम् ।।७०।।

पद्मा–जो ज्ञानी मनुष्य शत्रु तथा मित्र के प्रति समदृष्टि रखकर केवल संसार यात्रा के निर्वाह के लिये विहित कर्मों का अनुष्ठान करता है वही त्रिभुवन को विजित करता है। हे देवि! शौच दो प्रकार के हैं, बाह्य एवं अभ्यन्तर! ब्रह्म में आत्मसमर्पण अर्थात् परमात्मा में मन की एकाग्रता ही आन्तरिक शौच कहा गया है ।

हरि०–सर्वत्र शत्रुमित्रादौ ।।६९-७०।।

अद्भिर्वा भस्मना वाऽपि मलानामपकर्षणम् ।
देहशुद्धिर्भवेद्येन बहिः शौचं तदुच्यते ।।७१।।

पद्मा–जल या भस्म द्वारा शरीर के मैल को दूर करने से जो देहशुद्धि होती है उसे वाह्य शौच कहते हैं ।

हरि०–अद्भिरिति । अद्भिर्जलैर्वा भस्मना वा येन देहशुद्धिर्भवेत्तेन मृत्तिकावस्त्रचर्म तृणादिरूपवस्तुना वापि मलानामपकर्षणं दूरीकरणं यत्तत् वहिः शौचमुच्यते इत्यन्वयः।।७१।।

गङ्गा नद्यो ह्रदा वाप्यस्तथा कूपाश्च क्षुल्लुकाः ।
सर्वं पवित्रजननं स्वर्णदी क्रमतः प्रिये ।।७२।।

पद्मा–हे प्रिये ! गंगा, नदी, ह्रद, वापी, कूप तथा क्षुद्रजलाशय एवं स्वर्ण ये यथाक्रम देह को पवित्र करने वाली हैं ।

हरि०–क्षुल्लुकाः स्वल्पजलाशयाः। स्वल्पेऽपि क्षुल्लकस्त्रिष्वित्यमरः। सर्वम् गङ्गा-जलादि ।।७२।।

भस्माऽत्र याज्ञिकं श्रेष्ठं मृत्स्ना तु मलवर्जिता ।
वासोऽजिनतृणादीनि मृद्वज्जानीहि सुव्रते ! ।।७३।।
किमत्र बहुनोक्तेन शौचाशौचविधौ शिवे ! ।
मनःपूतं भवेद्येन गृहस्थस्तत्तदाचरेत् ।।७४।।

निद्रान्ते मैथुनस्यान्ते त्यागान्ते मलमूत्रयोः।
भोजान्ते मले स्पृष्टे बहिः शौचं विधीयते ।।७५।।
सन्ध्या त्रैकालिकी कार्या वैदिकी तान्त्रिकी क्रमात् ।
उपासनाया भेदेन पूजां कुर्याद् यथाविधि ।।७६।।

पद्मा–हे सुव्रते ! वाह्य शौच के विषय में याज्ञिक भस्म के द्वारा ही स्नान श्रेष्ठ है। निर्मल मिट्टी के द्वारा भी ऐसा स्नान किया जा सकता है। वस्त्र, मृगचर्म, तृणादि तथा मृत्तिका यह समान रूप से पवित्र है। हे शिवे ! इस शौच अशौच के विषय में अधिक कहना आवश्यक नहीं है। जिससे मन पवित्र हो गृहस्थ को वही आचरण करना चाहिए। निद्रा के पश्चात् मैथुन, मैथुन (सम्भोग) के पश्चात् मल-मूत्र का त्याग, मल-मूत्र त्याग के पश्चात् एवं मल के स्पर्श हो जाने पर उपरोक्त प्रकार से वाह्य शौच की विधि करे। तीनो कालों में अर्थात् प्रातः, मध्याह्न और अपराह्न में वैदिकी तथा तान्त्रिकी सन्ध्या क्रमशः सम्पन्न करे तथा उपासनादि से यथाविधान पूजा करे ।

हरि०–भस्मेत्यादि। अत्र बहिः शौचविधौ। हे सुव्रते वासोऽजिनतृणादीन्यपि मृद्वन्मृत्तिकावन्मल वर्जितान्येव श्रेष्ठानि जानीहि ।।७३-७६।।

ब्रह्ममन्त्रोपासकानां गायत्रीजपनात् प्रिये ! ।
ज्ञानात् ब्रह्मेति तद्वाच्यं सन्ध्या भवति वैदिकी ।।७७।।

पद्मा–हे प्रिये ! जो ब्रह्ममन्त्र के उपासक हैं वे गायत्री के जपकाल में गायत्री के प्रतिपाद्य ब्रह्म हैं, इस प्रकार की भावना करे। ऐसा करने पर वैदिक सन्ध्या सम्पन्न होगी।

हरि०–उपासनाभेददर्शनपूर्वकं सन्ध्याभेदं दर्शयति द्वाभ्याम् ब्रह्मेत्यादि। ब्रह्ममन्त्रोपासकानां गायत्र्या जपनात् तद्वाच्यं गायत्रीप्रतिपाद्यं ब्रह्म भवतीति ज्ञानाच्च वैदिकी सन्ध्या भवति।।७७।।

अन्येषा वैदिकी सन्ध्या सूर्योपस्थानपूर्वकम् ।
अर्घ्यदानं दिनेशाय गायत्रीजपनं तथा ।।७८।।

पद्मा–जो मनुष्य ब्रह्म के उपासक नहीं हैं उन को सन्ध्योपासना के समय सूर्य की उपासना कर अर्घ्य प्रदान करना चाहिए तथा गायत्री मन्त्र का जप करना चाहिए ।

हरि०–अन्येषामिति। अन्येषां ब्रह्ममन्त्रोपासकभिन्नानान्तु सूर्योपस्थानपूर्वकं दिनेशाय सूर्यायार्घ्यदानं तथा गायत्रीजपनं वैदिकी सन्ध्या भवति ।।७८।।

अष्टोत्तरसहस्रं वा शतं वा दशधाऽपि वा ।
जपानां नियमो भद्रे सर्वत्राह्निककर्मणि ।।७९।।

पद्मा–हे भद्रे ! समस्त कर्म करते समय १००८ अथवा १०८ अथवा दस बार जप करने का नियम है ।

हरि०–अथाऽह्निककर्मणि मन्त्रजपानां नियममाह अष्टोत्तरमित्यादिना । शतमपि अष्टोत्तरमेव। सर्वत्र वैदिक तान्त्रिके च ।।७९।।

शूद्रसामान्यजातीनामधिकारोऽस्ति केवलम् ।
आगमोक्तविधौ देवि ! सर्वसिद्धिस्ततो भवेत् ।।८०।।

पद्मा–हे देवि! शूद्र जाति एवं अन्य सामान्य जाति को केवल तंत्रशास्त्र में कहे हुए विधान में ही केवल अधिकार है। इससे ही उनको सभी प्रकार की सिद्धि प्राप्त हो जाती है।

हरि०–ततः आगमोक्तविधितः।।८०।।

प्रातः सूर्योदयः कालो मध्याह्नस्तदनन्तरम् ।
सायं सूर्यास्तसमयस्त्रिकालानामयं क्रमः ।।८१।।

पद्मा–साधक प्रातः सन्ध्या सूर्योदय के समय, मध्याह्न संध्या दोपहर को तथा सायं सन्ध्या सूर्यास्त के समय करे । यही त्रिकाल संध्या का निर्दिष्ट ।

हरि०–अथ सन्ध्याविध्यपेक्षित त्रिकालक्रममाह प्रातरित्यादिना। सूर्यस्योदयो यत्र स सूर्योदयः कालः।।८१।।

श्रीदेव्युवाच

विप्रादिसर्ववर्णानां विहिता तान्त्रिकी क्रिया ।
त्वयैव कथिता नाथ ! सम्प्राप्तेप्रबले कलौ ।।८२।।

पद्मा–श्रीदेवी ने कहा-हे नाथ! तुमने स्वयं ही कहा है कि कलियुग के प्रबल होने पर ब्रह्मणादि सभी वर्णों के लिए एकमात्र तान्त्रिक क्रिया ही विहित है।

हरि०–पूर्व श्रीसदाशिवेन सर्वेषां ब्राह्मणादिवर्णानां प्रबले कलौ युगेतान्त्रिक एवं कर्मण्यधिकारोऽस्तीत्युक्तम् । सम्प्रति तु ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यानां वैदिक्यामपि सन्ध्यामाधिकारोऽस्तीत्युच्यते एतदयुक्तं मन्वानां श्रीदेव्युवाच विप्रादीत्यादि।।८२।।

तदिदानीं कथं देवं विप्रान् वैदिककर्मणि ।
नियोजयसि तत्सर्वं विशेषाद्वक्तुमर्हसि ।।८३।।

पद्मा–हे देव ! इस समय किस कारण से आप ब्राह्मणों को वैदिक कर्म में लगाते हैं ? इसका विशेष रूप से मुझसे वर्णन कीजिए ।

हरि०–नियोजयसि प्रवर्त्तयसि ।।८३।।

श्रीसदाशिव उवाच

सत्यं ब्रवीषि तत्त्वज्ञे ! सर्वेषां तान्त्रिकी क्रिया ।
लोकानां भोगमोक्षाय सर्वकर्मसु सिद्धिदा ।।८४।।
इयन्तु ब्रह्मसावित्री यथा भवति वैदिकी ।
तथैव तान्त्रिकी ज्ञेया प्रशस्तोभय कर्मणि ।।८५।।
अतोऽत्र कथितं देवि ! द्विजानां प्रबले कलौ ।
गायत्र्यामधिकारोऽस्ति नान्यमन्त्रेषु कर्हिचित् ।।८६।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा-हे तत्त्वज्ञे ! तुमने सत्य ही कहा है। कलियुग में सभी

मनुष्यों के लिए केवल तान्त्रिक क्रिया ही श्रेष्ठ है; क्योंकि यह तान्त्रिक क्रिया मनुष्यों को भोग मोक्ष एवं सभी कर्मों में सिद्धि प्रदान करती है। यह ब्रह्मसावित्री जिस प्रकार वैदिकी है उसी प्रकार तान्त्रिकी भी है। इसलिए दोनों ही कर्मों में प्रशस्त है। हे देवि! इसीलिए मैंने यहाँ कहा है कि कलियुग के प्रबल होने पर ब्राह्मणों का गायत्री में ही अधिकार होगा, अन्य किसी वैदिक मन्त्र में उनका अधिकार नहीं होगा।

हरि०–अत्रोत्तरं श्रीसदाशिव उवाच सत्यमित्यादिभिः॥८४-८६॥

ताराद्या कमलाद्या च वाग्भवाद्या यथाक्रमात्।
ब्राह्मणक्षत्रियविशां सावित्री कथिता कलौ॥८७॥

पद्मा–कलियुग में ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य की गायत्री क्रमशः ॐ श्रीं तथा ऐं पूर्विका होगी अर्थात् ब्राह्मण गायत्री मन्त्र के आदि में ॐ, क्षत्रिय श्रीं तथा वेश्य ऐं लगाएगा।

हरि०–ताराद्येत्यादि। कलौ युगे यथाक्रमात् क्रमेणैव ब्राह्मणक्षत्रियविशानतराद्या प्रणवाद्या कमलाद्या श्रीं बीजाद्या वाग्भवाद्या ऐं बीजाद्या सावित्री गायत्री कथिता॥८७॥

द्विजादीनां प्रभेदार्थं शूद्रेभ्यः परमेश्वरि।
सन्ध्येयं वैदिकी प्रोक्ता प्रागेवाह्निक कर्म्मणाम्॥८८॥
अन्यथा शाम्भवैर्मार्गैः केवलैः सिद्धिभाग्भवेत्।
सत्यं सत्यं पुनः सत्यं सत्यमेतन्न संशयः॥८९॥

पद्मा–हे परमेश्वरि! शूद्रों को द्विजों से पृथक् करने के लिए आह्निक के पूर्व काल में वैदिक सन्ध्या की विधि मैंने कही है। अन्यथा वैदिक संध्या न करने से भी केवल शैवमार्ग द्वारा सिद्धि प्राप्त होगी है। यह सत्य है, सत्य है, विशेष रूप से सत्य है इसमें संशय नहीं है।

हरि०–द्विजादीनामिति। हे परमेश्वरि द्विजादीनां ब्राह्मणादीनां शूद्रेभ्यः प्रभेदार्थन्तान्त्रिकाणामह्निककर्मणां प्रागेवेयं वैदिकी सन्ध्या करणीया प्रोक्ता॥८८-८९॥

कालात्ययेऽपि सन्ध्येयं कर्तव्या देववन्दिते।
ओं तत्सत् ब्रह्म चोच्चार्य मोक्षेच्छुभिरनातुरैः॥९०॥

पद्मा–हे देववन्दिते! अनातुर मोक्ष का आकांक्षी मनुष्य संन्ध्या का समय बीत जाने पर **"ॐ तत् सत् ब्रह्म"** का उच्चारण कर वैदिकी एवं तांत्रिकी संध्या करे।

हरि०–कालेत्यादि। हे देववन्दिते! कालात्ययेऽपि सन्ध्याविधानकालव्यत्ययेऽपि अना-तुरैर्जरादिनिमित्तकेनाऽपटुत्वेन शून्यैर्मोक्षेच्छुभिर्मोक्षाकाङ्क्षिमिर्जनैः ओं तत्सद्ब्रह्मेति समु-च्चार्येयं वैदिकी तान्त्रिकी च सन्ध्या कर्त्तव्या॥९०॥

आसनं वसनं पात्रं शय्या यानं निकेतनम्।
गृह्यकं वस्तुजातं च स्वच्छात् स्वच्छं प्रशस्यते॥९१॥

पद्मा–आसन, वस्त्र, पात्र, शय्या, यान, गृह तथा गृहसामग्री जितना ही स्वच्छ एवं निर्मल हो उतना ही अच्छा है।

हरि०–गृह्यकं वस्तुजातम् गृहसम्बन्धि सर्ववस्तु ॥९१॥

समाप्याह्निककर्माणि स्वाध्यायं गृहकर्म वा ।
गृहस्थो नियतं कुर्यान्नैव तिष्ठेन्निरुद्यमः।।९२।।
पुण्यतीर्थे पुण्यतिथौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
जपं दानं प्रकुर्वाणः श्रेयसां निलयो भवेत् ।।९३।।
कलावन्नगतप्राणा नोपवासः प्रशस्यते ।
उपवासप्रतिनिधावेकं दानं विधीयते ।।९४।।
कलौ दानं महेशानि ! सर्वसिद्धिकरं भवेत् ।
तत्पात्रं केवलं ज्ञेयो दरिद्रः सत्क्रियान्वितः।।९५।।

पद्मा–गृहस्थ आह्निक कार्य पूर्ण कर स्वाध्याय या गृहकर्म करे। उद्यम विहीन न बैठा रहे। पुण्यतीर्थ में, पुण्य तिथि में, चन्द्रग्रहण में तथा सूर्यग्रहण काल में जप एवं दान करने से कल्याण होता है। कलियुग में मनुष्यों के प्राण अन्न में रहते हैं। इसलिए इस युग में उपवास करना उचित नहीं है। कलियुग में उपवास के प्रतिनिधि दान को ले अर्थात् गृहस्थ दान करे। हे महेशानि! कलियुग में दान सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करने वाला है। सत्क्रिया करने वाले दरिद्र मनुष्य ही दान के पात्र होते हैं ।

हरि०–स्वाध्यायम् वेदाध्ययनम् ॥९२-९५॥

मासवत्सरपक्षाणामारम्भदिनमम्बिके ।
चतुर्दश्याष्टमी शुक्ला तथैवैकादशी कुहूः ।।९६।।
निजजन्मदिनञ्चैव पित्रोर्मरणवासरः ।
वैधोत्सवदिनञ्चैव पुण्यकालः प्रकीर्तितः ।।९७।।
गङ्गानदी महानद्यो गुरोः सदनमेव च ।
प्रसिद्धं देवताक्षेत्रं पुण्यतीर्थं प्रकीर्तितम् ।।९८।।
त्यक्त्वा स्वाध्यायनं पित्रोः शुश्रूषान्दाररक्षणम् ।
नरकाय भवेत्तीर्थं तीर्थाय व्रजतां नृणाम् ।।९९।।

पद्मा–हे अम्बिके ! महीने, वर्ष, तथा पक्ष के आरम्भिक दिनों में, चतुर्दशी, अष्टमी शुक्ल पक्ष की एकादशी, अमावस्या, स्वयं का जन्मदिन, माता-पिता की मृत्युतिथि, उत्सव के दिन, यह भी पुण्यकाल कहे गये हैं। गंगा नदी, महानदी, गुरु का घर, प्रसिद्ध देवताक्षेत्र पुण्यक्षेत्र कहे गये हैं। अध्ययन, माता-पिता की सेवा, पत्नी की रक्षा को त्यागकर तीर्थ करने से गृहस्थ नरक में जाता है ।

हरि०–अथ जपदानविधावपेक्षितं पुण्यकालं पुण्यतीर्थञ्च क्रमत आह मासेत्यादिभिः। कुहूः नष्टचन्द्रकलाऽमावास्या॥९६-९९॥

न तीर्थसेवा नारीणां नोपवासादिकाः क्रियाः।
नैव व्रतानां नियमो भर्तुः शुश्रूषणां विना ।।१००।।

पद्मा–स्त्रियों के लिये पति की सेवा से बढ़कर कोई तीर्थ नहीं है। उन्हें न तो उपवास करना चाहिए और न व्रतादि। इन सब का फल पति की सेवा से ही प्राप्त हो जाता है।

हरि०–अथ स्त्रीधर्मानाह न तीर्थेत्यादिभि: सप्तभि:।।१००।।

भर्तैव योषितां तीर्थं तपो दानं व्रतं गुरुः।
तस्मात् सर्वात्मना नारी पतिसेवां समाचरेत् ।।१०१।।

पद्मा–स्त्रियों के लिए पति ही तीर्थ, तपस्या, दान, व्रत तथा गुरु है। इसलिए स्त्री सम्पूर्ण अंत:करण से पति की सेवा करे ।

हरि०–सर्वात्मना सर्वप्रयत्नेन।।१०१।।

पत्युः प्रियं सदा कुर्यात् वचसा परिचर्यया ।
तदाज्ञानुचरी भूत्वा तोषयेत् पतिबान्धवान् ।।१०२।।
नेक्षेत् पतिं क्रूरदृष्ट्या श्रावयेन्नैव दुर्वचः ।
नाप्रियं मनसा वापि चरेद्भर्तुः पतिव्रता ।।१०३।।
कायेन मनसा वाचा सर्वदा प्रिय कर्मभिः ।
या प्रीणयति भर्तारं सैव ब्रह्मपदं लभेत् ।।१०४।।
नान्यवक्त्रं निरीक्षेत नान्यैः सम्भाषणञ्चरेत् ।
न चाङ्गं दर्शयेदन्यान् भर्तुराज्ञानुसारिणी ।।१०५।।

पद्मा–स्त्री वचनों और सेवा से सदैव पति का प्रिय कार्य करे। उससे मधुरता से बात करें । उनकी आज्ञा के अनुसार ही चलती हुई उनके भाई-बन्धुओं को सन्तुष्ट करे । पतिव्रता नारी पति को कठोर दृष्टि से न देखे। पति को कठोर वचन न सुनाये। मन से भी पति को अप्रिय लगने वाला कार्य न करे। जो स्त्री शरीर मन तथा वचन से सदैव प्रिय कार्य कर पति को संतुष्ट करती है वही ब्रह्मपद को प्राप्त करती है। पति की आज्ञाकारिणी नारी अन्य पुरुष का न मुख देखे, न बातचीत करे, न ही अपने शरीर के अंग ही अन्य पुरुष को दिखाये ।

हरि०–परिचर्यया सेवा ।।१०२-१०५।।

तिष्ठेत् पित्रोर्वशे बाल्ये भर्तुः सम्प्राप्त यौवने ।
वार्द्धक्ये पतिबन्धूनां न स्वतन्त्रता भवेत् क्वचित् ।।१०६।।
अज्ञातपतिमर्यादामज्ञातपतिसेवनाम् ।
नोद्वाहयेत् पिता बालामज्ञातधर्मशासनम् ।।१०७।।

पद्मा–स्त्री बाल्यावस्था में पिता के अधीन, यौवनावस्था में पति के अधीन तथा वृद्धावस्था में पति के बंधु-बान्धवों के अधीन रहे। किसी भी अवस्था में वह स्वाधीन न

रहे। पिता एवं पति की मर्यादा, पति सेवा तथा धर्म-शासन को न जानने वाली बालिका कन्या का विवाह न करे ।

हरि०–स्वतन्त्रा स्वाधीना ॥१०६-१०७॥

नरमांसं न भुञ्जीयात् नराकृतिपशूंस्तथा ।
बहूपकारकान् गाश्च मांसादान् रसवर्जितान् ।।१०८।।
फलानि ग्राम्यवन्यानि मूलानि विविधानि च ।
भूमिजातानि सर्वाणि भोज्यानि स्वेच्छया शिवे! ।।१०९।।

पद्मा–नरमांस, नराकृति पशु का मांस, बहूपकारक गाय की जाति का मांस, गृध्रादिमांसभोजी प्राणियों का रस हीन माँस का मनुष्य सेवन न करे। हे शिवे! भूमि से उत्पन्न, ग्राम्य एवं अरण्य (वन) के विभिन्न प्रकार के फल-मूल का अपनी इच्छानुसार भक्षण करे ।

हरि०–बहूपकारकानिति गोविशेषणेन तद्भोजननिषेधे हेतुर्दर्शितः। मांसादान् मांसभक्षकान् गृध्रादीन। रसवर्जितान् अस्वादशून्यान् ॥१०८-१०९॥

अध्यापनं याजनञ्च विप्राणां व्रतमुत्तमम् ।
अशक्तौ क्षत्रियविशां वृत्तैर्निर्वाहमाचरेत् ।।११०।।

पद्मा–अध्यापन तथा याजन यही दो वृत्तियाँ ब्राह्मण के लिए उत्तम है। इनमें यदि अशक्त हो तो क्षत्रिय वृत्ति और यदि इसमें भी अशक्त हो तो वैश्यवृत्ति से अपना निर्वाह करे।

हरि०–अथ ब्राह्मणवृत्तमाह अध्यापनमित्यादि॥११०॥

राजन्यानाञ्च सद्वृत्तं संग्रामो भूमिशासनम् ।
अत्राशक्तौ वणिग्वृत्तं शूद्रवृत्तमथाश्रयेत् ।।१११।।

पद्मा–संग्राम तथा प्रजा-पालन क्षत्रिय के लिए यही दो सद्वृत्तियाँ है। यदि इनमें अशक्त हो, तो वैश्यवृत्ति और उसमें भी अशक्त हो तो शूद्रवृत्ति का आश्रय ले ।

हरि०–अथ क्षत्रियवृत्तमाह राजन्यानामित्याद्येकेन। अत्र संग्रामभूमिशासन रूपे सद्वृत्ते॥१११॥

वाणिज्याशक्तवैश्यानां शूद्रवृत्तमदूषणम् ।
शूद्राणां परमेशानि ! सेवावृत्तिं विधीयते ।।११२।।

पद्मा–हे परमेशानि ! वैश्य यदि वाणिज्य कर्म में असमर्थ हो तो शूद्रवृत्ति का आश्रय ले । शूद्र के लिये सेवावृत्ति ही उचित है ।

हरि०–अथ वैश्यानां शूद्राणाञ्च वृत्तमाह वाणिज्येत्यादिनैकेन। वैश्यानामपि वाणिज्यमुत्तमं वृत्तम् ॥११२॥

सामान्यानां तु वर्णानां विप्रवृत्त्यन्यवृत्तिषु ।
अधिकारोऽस्ति देवेशि! देहयात्राप्रसिद्धये ।।११३।।

पद्मा–हे देवेशि! जो साधारण जातियाँ है उनके जीवन निर्वाह के लिये ब्राह्मण वृत्ति के अतिरिक्त और सभी वृत्तियों पर अधिकार है ।

हरि०–अथ वर्णसङ्कराणां वृत्तमाह सामान्यानामित्यादिनैकेन॥११३॥

अद्वेष्टा निर्ममः शान्तः सत्यवादी जितेन्द्रियः ।
निर्मत्सरो निष्कपटः स्ववृत्तौ ब्राह्मणो भवेत् ।।११४।।
अध्यापयेत् पुत्रबुद्ध्या शिष्यान् सन्मार्गवर्त्तिनः ।
सर्वलोकहितैषी स्यात् पक्षपातविनिर्मुखः ।।११५।।

पद्मा–ब्राह्मणों को चाहिए कि वे द्वेषरहित, निर्मम, शान्त, सत्यवादी, जितेन्द्रिय, मात्सर्यरहित और निष्कपट होकर अपनी वृत्ति का अनुसरण करे। अपने शिष्यों को पुत्र के समान अध्यापन कराये, सभी लोगों का हित करे तथा सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करे।

हरि०–अथ ब्राह्मणधर्मानाह अद्वेष्टेत्यादिभिः। निर्ममः देहादिविषयकममताशून्यः। शान्तः संयतचित्तः॥११४-११५॥

मिथ्यालापमसूयाञ्च व्यसनाप्रियभाषणम् ।
नीचैः प्रसक्तिं दम्भञ्च सर्वथा ब्राह्मणस्त्यजेत् ।।११६।।

पद्मा–ब्राह्मण को चाहिए कि मिथ्यावचन, दूसरों की निन्दा, व्यसन, अप्रियभाषण, नीच मनुष्यों का संग तथा घमण्ड इन सभी का परित्याग कर दे ।

हरि०–मिथ्येत्यादि। असूयाम् गुणेषु सत्स्वपि परस्मिन् दोषारोपणम् । व्यसनम् द्यूतादिकर्म । दम्भम् स्वनिष्ठबहुमान्यत्वनिमित्तकचित्तसमुन्नतिम् ॥११६॥

युयुत्सा गर्हिता सन्धौ सम्मानैः सन्धिरुत्तमा।
मृत्युर्जयो वा युद्धेषु राजन्यानां वरानने।।११७।।
अलोभी स्यात् प्रजावित्ते गृह्णीयात् सम्मितं करम् ।
रक्षन्नङ्गीकृतं धर्मं पुत्रवत् पालयेत् प्रजाः।।११८।।
न्यायं युद्धं तथा सन्धिं कर्माण्यन्यानि यानि च।
मन्त्रिभिः सह कुर्वीत विचार्य सर्वथा नृपः।।११९।।

पद्मा–हे वरानने ! क्षत्रियों का कर्तव्य है कि सन्धि स्थिर हो जाने पर पुनः युद्ध की इच्छा न करे। सम्मान की रक्षा करके सन्धि को स्थिर रखे। युद्ध में विजय हो या मृत्यु हो दोनों ही श्रेष्ठ हैं। क्षत्रिय शासक प्रजा के धन का लोभ न करे। निश्चित समय से ही कर ग्रहण करे। स्वीकृत धर्म की रक्षा करते हुए प्रजा का पुत्र के समान पालन करे। न्याय, युद्ध, सन्धि तथा समस्त राजकार्यों को मंत्रियों के साथ विचार कर करे ।

हरि०–अथ राजन्यधर्मानाह युयुत्सेत्यादिभिः। हे वरानने! अति प्रशंसनीयवदने राजन्यानां क्षत्रियाणां सन्धौ सम्मेलने सति युयुत्सा युद्धेच्छा गर्हिता निन्दिता भवेत् । सन्धिस्तु तेषां सम्मानैरेवोत्तमो भवेत् । तेषां युद्धेषु तु मृत्युरेव वा जय एव वा उत्तमो भवेत् । नतु पलायनादिकमित्यर्थः ॥११७-११९॥

धर्मयुद्धेन योद्धव्यं न्यायदण्डपुरस्क्रियाः ।
करणीया यथाशास्त्रं सन्धिं कुर्याद् यथाबलम् ।।१२०।।
उपायैः साधयेत् कार्यं युद्धं सन्धिञ्च शत्रुभिः ।
उपायानुगताः सर्वा जयक्षेमविभूतयः ।।१२१।।

पद्मा–क्षत्रिय शासक धर्म के अनुसार युद्ध लड़े और न्याय के अनुसार दण्ड दे। अपनी शक्ति को देखकर शास्त्रानुसार सन्धि करे। उपाय करके कार्यसिद्धि करे तथा उपाय से ही शत्रुओं के साथ युद्ध एवं सन्धि करे। उपाय से ही विजय, ऐश्वर्य एवं मंगल प्राप्त होता है।

हरि०–पुरस्क्रिया सत्कारः। यथाबलम् बलमनतिक्रम्यबलपूर्वकमित्यर्थः ॥१२०-१२१॥

स्यान्नीचसङ्गाद्विरतः सदा विद्वज्जनप्रियः ।
धीरौ विपत्तौ दक्षश्च शीलवान् मितव्ययी ।।१२२।।

पद्मा–क्षत्रियों को नीच मनुष्यों का साथ नहीं करना चाहिए, सदैव विद्वानों का प्रिय होकर रहे। विपत्तिकाल में भी अपने स्वभाव को सुशील तथा मितव्ययी रखे। विपत्ति के समय में भी धैर्य एवं दक्षता प्रकट करे ।

हरि०–विरतः, विरक्तः। धीरों धैर्यवान् । दक्षोऽनलसः॥१२२॥

निपुणो दुर्गसंस्कारे शास्त्रशिक्षाविचक्षणः।
स्वसैन्यभावान्वेषी स्यात् शिक्षयेद्रणकौशलम् ।।१२३।।
न हन्यान्मूर्च्छितान् युद्धे त्यक्तशस्त्रान् पराङ्मुखान् ।
बलानीतान् रिपून् देवि ! रिपुदारशिशूनपि ।।१२४।।

पद्मा–दुर्ग के संस्कार में निपुण तथा शस्त्र की शिक्षा में चतुर अपने सैनिकों के भाव का ज्ञाता हो तथा उन्हें युद्ध कौशल सिखाए। हे देवि! युद्ध में मूर्च्छित, शस्त्रहीन, रण से भागे हुए, युद्ध से विमुख, बलपूर्वक लाये गये शत्रु को एवं शत्रु की स्त्री एवं शिशु को नही मारे ।

हरि०–निपुण इत्यदि । दुर्गसंस्कारे दुःखेन गच्छति विपक्षो यत्र तद्दुर्गम पर्वत परिखाप्राकारादिभिः दुर्गमं नगरम् तस्य संस्कारे ॥१२३-१२४॥

जयलब्धानि वस्तूति सन्धि प्राप्तानि यानि च ।
वितरेत्तानि सैन्येभ्यो यथायोग्यविभागतः ।।१२५।।
शौर्यं वृत्तञ्च योद्धृणां ज्ञेयं राज्ञा पृथक् पृथक् ।
बहुसैन्याधिपं नैकं कुर्यादात्महिते रतः ।।१२६।।
नैकस्मिन् विश्वसेद्राजा नैकं न्याये नियोजयेत् ।
साम्यं क्रीड़ोपहासञ्च नीचैः सह विवर्जयेत् ।।१२७।।

पद्मा–जो वस्तुएं जयद्वारा या सन्धि द्वारा प्राप्त हो जाय उन सभी का यथायोग्य विभाग करके सेना को वितरित कर दे। योद्धाओं की वीरता एवं चरित्र को राजा पृथक-पृथक जाने।

अपना हित चाहने वाला राजा कभी भी एक व्यक्ति को बहुत सी सेना का अधिपति न बनाये। राजा एक ही व्यक्ति पर पूरा विश्वास न करे। एक ही व्यक्ति को विचार करने में नियुक्त न करे। नीच मनुष्यों के साथ राजा समताभाव न दिखाये, न ही उनके साथ क्रीड़ा या परिहास करे ।

हरि०–वितरेत् दद्यात् ॥१२४-१२७॥

बहुश्रुतः स्वल्पभाषी जिज्ञासुर्ज्ञानवानपि ।
बहुमानोऽपि निर्दम्भो धीरो दण्डप्रसादयोः ॥१२८॥

पद्मा–राजा अनेक शास्त्रों का ज्ञानी होकर भी अल्पभाषी, जिज्ञासु एवं स्वाभिमानी व दम्भ शून्य रहे। राजा को दण्ड देने के समय या प्रसन्नता के समय दोनों में समभाव व धीर होना चाहिए ।

हरि०–**बहुश्रुत इत्यादि।** बहुमानोऽपि भूरिसम्मानोऽपि राजा निर्दम्भो भूरिसम्मान निमित्तकचित्तसमुन्नतिशून्यो भवेत् ॥१२८॥

स्वयं वा चरदृष्ट्या वा प्रजाभावान् विलोकयेत् ।
एवं स्वजनभृत्यानां भावान् पश्येन्नराधिपः॥१२९॥

पद्मा–राजा स्वयं या गुप्तचरों के द्वारा प्रजा के भावों को जानता रहे। सेवक व बन्धुबान्धवों के भाव को भी जानें ।

हरि०–**स्वयंवेत्यादि।** चरदृष्ट्या अन्यतत्त्वानुसन्धानप्रवीणो गूढ़पुरुषश्चरः तद्रूपया दृष्ट्या। प्रजाभावान् प्रजानामभिप्रायान् चेष्टा वा ॥१२९॥

क्रोधदम्भात् प्रमादाद्वा सम्मानं शासनं तथा ।
सहसा नैव कर्तव्यं स्वामिन तत्त्वदर्शिना ॥१३०॥
सैन्यसेनाधिपामात्यवनितापत्यसेवकाः ।
पालनीयाः सदोषाश्चेत् दण्ड्या राज्ञा यथाविधि ॥१३१॥

पद्मा–तत्त्वदर्शी राजा क्रोध, दम्भ या प्रमाद के वश में होकर सहसा किसी का सम्मान या अपमान न करे। सेनाओं के सेनापति तथा मन्त्रियों की स्त्री, कन्या, पुत्र व सेवकों का पालन राजा करे। यदि इन जनों में कोई दोषी हो तो यथाविधि उन्हें दण्डित करे ।

हरि०–दम्भात् राज्यादिनिमित्तकाच्चित्तौत्सुक्यात् ॥१३०-१३१॥

उन्मत्तानसमर्थांश्च बालांश्च मृतबान्धवान् ।
ज्वराभिभूतान् वृद्धांश्च रक्षयेत् पितृवन्नृपः॥१३२॥

पद्मा–उन्मत्त, असमर्थ, बालक, मृतबान्धव, ज्वर से पीड़ित वृद्धों का पालन राजा को पिता के समान करना चाहिए ।

हरि०–मृतबान्धवान् मृता बान्धवा येषां तथाभूतान् ॥१३२॥

वैश्यानां कृषिवाणिज्यं वृत्तं विद्धि सनातनम् ।
येनोपायेन लोकानां देहयात्रा प्रसिद्ध्यति ॥१३३॥

पद्मा–कृषि एवं वाणिज्य को ही वैश्यों की सनातन वृत्ति माना गया है तथा उसके द्वारा सभी लोगों के शरीर की रक्षा होती है ।

हरि०–वैश्याचारान् वक्तुमुपक्रमते वैश्यानामित्यादिभि:। येन कृषिवाणिज्यकर्मरूपेणोयापेन देहयात्रा शरीरनिर्वाह:॥१३३॥

अतः सर्वात्मना देवि! वाणिज्यकृषिकर्मसु ।
प्रमादव्यसनालस्यं मिथ्याशाठ्यं विवर्जयेत् ।।१३४।।

पद्मा–हे देवि! इसीलिए वाणिज्य एवं कृषि कर्म में प्रमाद, व्यसन, आलस्य, मिथ्या व्यवहार, एवं दुष्टता कभी भी किसी प्रकार न करे ।

हरि०–सर्वात्मना सर्वप्रकारेण ॥१३४॥

निश्चित्य वस्तु तन्मूल्यमुभयो सम्मतौ शिवे !
परस्पराङ्गीकरणं क्रयसिद्धिस्ततो भवेत् ।।१३५।।
मत्तविक्षिप्तबालानामरिग्रस्तनृणां प्रिये ! ।
रोगविभ्रान्तबुद्धीनामसिद्धौ दानविक्रयौ ।।१३६।।

पद्मा–हे शिवे! क्रेता तथा विक्रेता दोनों की सम्मति से वस्तु तथा उसका मूल्य निश्चित हो जाय और दोनों उसे स्वीक़ार कर लें तब क्रय सिद्ध होगा। हे प्रिये! मत्त, विक्षिप्त, शोकार्त्त, विशेष उत्कण्ठित, बालक, शत्रु के द्वारा बन्धक तथा रोग से भ्रान्ति बुद्धि युक्त ऐसे लोगों को किया गया दान तथा विक्रय असिद्ध हो जाता है ।

हरि०–**निश्चित्येत्यादि**। निश्यित्य निर्णीय। तन्मूल्यम् निश्चितवस्तुमूल्यमपि निश्चित्य। उभयो: विक्रेतृक्रयकारकयो:॥१३५-१३६॥

क्रयसिद्धिरदृष्टानां गुणश्रवणतो भवेत् ।
विपर्यये तद्गुणानामन्यथा भवति क्रयः।।१३७।।
कुञ्जरोष्ट्रतुरङ्गाणां गुप्तदोषप्रकाशनात् ।
वर्षातीतेऽपि तत्क्रेयमन्यथा कर्तुमर्हति ।।१३८।।

पद्मा–न देखी हुई वस्तु का गुण सुनकर ही क्रय सिद्ध होता है किन्तु उस गुण से विपर्यय होने से विक्रय असिद्ध हो जाता है। हाथी, ऊँट, घोड़ा आदि के गुण सुनकर क्रय सिद्धि होती है किन्तु यदि उनमें वर्णित गुण न हो, तो वह क्रय असिद्ध होता है। हाथी ऊँट, घोड़ें आदि का गुप्त दोष प्रकट होने पर एक वर्ष के उपरान्त भी क्रय अन्यथा हो सकता है ।

हरि०–**अदृष्टानाम् वस्तूनाम्** । विपर्यये वैपरीत्ये॥१३७-१३८॥

धर्मार्थकाममोक्षाणां भाजनं मानवं वपुः ।
अतः कुलेशि! तत्क्रेयो न सिद्धेन्मम शासनात् ।।१३९।।

पद्मा–हे कुलेशि ! मानव शरीर धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष का साधन है। इसलिए

मेरी आज्ञा के अनुसार इस शरीर का क्रय-विक्रय सिद्ध नहीं होगा ।

हरि–तत्क्रेयः मानववपुः क्रेयः॥१३९॥

यवगोधूमधान्यानां लाभे वर्षे गते प्रिये! ।
युक्तश्चतुर्थो धातूनामष्टमः परिकीर्तितः ॥१४०॥
ऋणे कृषौ च वाणिज्ये तथा सर्वेषु कर्मसु ।
यद्यदङ्गीकृतं मर्त्यैस्तत्कार्यं शास्त्रसम्मतम् ॥१४१॥

पद्मा–हे प्रिये ! जौ, गेहूँ तथा धान्य का वर्ष के अन्त में ऋण देने पर मूल का चौथाई अंश मात्र लाभ होता है। धातु द्रव्य में उधार लेने पर एक वर्ष में मूल का आठवाँ भाग लेने का निर्देश है। ऋण, कृषिकार्य, वाणिज्य एवं अन्य समस्त कार्यों में शास्त्र के द्वारा स्वीकृत नियमानुसार ही मनुष्य कार्य करे ।

हरि०–उत्तमर्णेन मूलधनादधिकं ग्राह्यं लाभः॥१४०-१४१॥

दक्षः शुचिः सत्यभाषी जितनिद्रो जितेन्द्रियः ।
अप्रमत्तो निरालस्यः सेवावृत्तौ भवेन्नरः ॥१४२॥
प्रभुर्विष्णुसमो मान्यस्तज्जाया जननीसमा ।
मान्यास्तद्बान्धवा भृत्यैरिहामुत्र सुखेप्सुभिः ॥१४३॥
भर्तुर्मित्राणि मित्राणि जानीयात्तदरीनरीन् ।
सभीतिः सर्वदा तिष्ठेत् प्रभोराज्ञां प्रतीक्षयन् ॥१४४॥
अपमानं गृहच्छिद्रं गुप्त्यर्थं कथितञ्च यत् ।
भर्तुर्ग्लानिकरं यच्च गोपयेदतियत्नतः ॥१४५॥
अलोभः स्यात् स्वामिधने सदा स्वामिहिते रतः ।
तत्सन्निधावसद्वाषं क्रीड़ा हास्यं परित्यजेत् ॥१४६॥

पद्मा–सेवा कर्म में लगे व्यक्ति कार्यकुशल, पवित्र, सत्यवादी, जितनिद्र, जितेन्द्रिय, सावधान तथा निरालस्य रहे। इस लोक एवं परलोक में सुख चाहने वाले सेवक स्वामी को विष्णु के समान, उनकी पत्नी को माँ के समान एवं उनके बन्धु-बाँधवों को देवता की भाँति सम्मान दे। स्वामी के मित्रों को अपना मित्र तथा उनके शत्रुओं को अपना शत्रु समझे। सभी समय स्वामी की आज्ञा की प्रतीक्षा करते हुए भयपूर्वक उपस्थित रहे। अपमान, गृहच्छिद्र, गोपनीय बातें तथा जिससे स्वामी को ग्लानि होती हो ऐसी बातों के अतियत्नपूर्वक गोपनीय रखे । स्वामी के धन का लोभ न करे तथा सदैव स्वामी के हित में लगा रहे। उनके निकट असत् वाक्य, क्रीड़ा तथा हँसी को त्याग दे ।

हरि०–अथ सेवकधर्मानाह दक्ष इत्यादिभिः। दक्षः आत्मकार्येषु चतुरः। शुचिः स्वच्छः अप्रमत्तः निजकार्येषु सावधानः॥१४२-१४६॥

न पापमनसा पश्येदपि तद्गृहकिङ्करीः ।
विविक्तशय्यां हास्यञ्च ताभिः सह विवर्जयेत् ॥१४७॥

प्रभोः शय्यासनं यानं वसनं भाजनानि च ।
उपानाद्भूषणं शस्त्रं नात्मार्थ विनियोजयेत् ।।१४८।।

पद्मा–स्वामी की दासियों को पापी दृष्टि से न देखे। उनके दासियों के साथ एकान्त में न सोये और न ही हास-परिहास करे। स्वामी की शय्या, वाहन (सवारी) वस्त्र, पानादिपत्र, पादुका, भूषण तथा शस्त्रों को स्वयं अपने व्यवहार में न लाये ।

हरि०–न पापेत्यादि। पमनसा तस्य स्वामिनो गृहकिङ्करीरपि न पश्येत् का वार्त्ता तत्पत्नीपुत्र्यादीनाम् । विविक्तशय्याम् रहः शयनम् । ताभिः स्वामिगृहकिङ्करीभिः।

क्षमां कृतापराधश्चेत् प्रार्थयेदयत्नतः प्रभोः ।
प्रागल्भ्यं प्रौढ़वादञ्च साम्याचारं विवर्जयेत् ।।१४९।।

पद्मा–यदि सेवक से कोई अपराध हो जाता है तो उसे अपनी स्वामी से क्षमा मांगनी चाहिए। स्वामी के समीप धृष्टता, प्रौढ़वाद तथा प्रभुत्व न दिखाये ।

हरि०–प्रागम्भ्यम् धाष्टर्यम् ।।१४९।।

सर्वे वर्णा स्वस्ववर्णैर्ब्राह्मोद्वाहं तथाऽशनम् ।
कुर्वीरन् भैरवीचक्रात्त्वचक्रादृते शिवे! ।।१५०।।

पद्मा–हे शिवे! यदि तत्त्वचक्र का अनुष्ठान न हो तो सभी जातियों के मनुष्य अपने-अपने वर्ण के साथ ब्रह्मविवाह तथा भोजन भैरवीचक्र के द्वारा करे ।

हरि०–अशनम् भोजनम् ।। ऋते विना।।१५०।।

उभयत्र महेशानि! शैवाद्वाहः प्रकीर्तितः ।
तथाऽऽदाने च पाने च वर्णभेदा न विद्यते ।।१५१।।

पद्मा–हे महेशानि! तत्त्वचक्र एवं भैरवीचक्र दोनों के विधान में शैवविवाह कहा गया है। इन दोनो चक्रों में भोजन एवं पान के समय वर्णभेद का विचार नहीं होता है ।

हरि०–उभयत्र भैरवीचक्रे तत्त्वचक्रे च।।१५१।।

श्रीदेव्युवाच

किमिदं भैरवीचक्रं तत्त्वचक्रञ्च कीदृशम् ।
तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि कृपया वक्तुमर्हसि ।।१५२।।

पद्मा–श्रीदेवी ने कहा-यह भैरवी चक्र क्या है ? तत्त्वचक्र किस प्रकार का है? यह सब मैं सुनना चाहती हूँ कृपया मुझसे कहिए ।

हरि०–अथ भैरवीचक्र चत्त्वचक्रयोर्विधानं श्रोतुमिच्छन्ती श्रीदेव्युवाच किमिदमित्यादि ।।१५२।।

श्रीसदाशिव उवाच

कुलपूजाविधौ देवि! चक्रानुष्ठानमीरितम् ।
विशेषपूजासमये तत्कार्य साधकोत्तमैः ।।१५३।।

भैरवीचक्रविषये न तादृङ्नियमः प्रिये !।
यथासमयमासाद्य कुर्याच्चक्रमिदं शुभम् ।।१५४।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा-हे दवि! कुलपूजा की विधि से चक्र का अनुष्ठान होता है। हे प्रिये! भैरवीचक्र के विषय में समयादि का कोई नियम नहीं है। यह शुभ भैरवीचक्र किसी भी समय किया जा सकता है ।

हरि०–एवं प्रार्थितः सन् श्रीसदाशिव उवाच कुलपूजेत्यादि। तत्कुलपूजाविधावुक्तं चक्रानुष्ठानम् ॥१५३-१५४॥

विधानमस्य वक्ष्यामि साधकानां शुभावहम् ।
आराधिता येन देवी तूर्णं यच्छति वाञ्छितम् ।।१५५।।

पद्मा–साधकों के लिए शुभकारी भैरवीचक्र का विधान कहता हूँ। इस भैरवीचक्र में देवी की आराधना करने पर वह शीघ्रता से अभीष्ट फल प्रदान करती हैं ।

हरि०–**अस्य भैरवीचक्रस्य।** येन भैरवीचक्रविधानेन। यच्छति ददाति ॥१५५॥

कुलाचार्यो रभ्यभूमावास्तीर्याऽऽसनमुत्तमम् ।
कामाद्येनास्त्रबीजेन संशोध्योपविशेत्ततः ।।१५६।।

पद्मा–कुलाचार्य सुन्दर एवं रमणीय स्थान में उत्तम आसन बिछा कर **क्लीं फट्** मन्त्र से उस आसन को शुद्ध कर उस पर बैठे ।

हरि०–भैरवीचक्रानुष्ठानमेवाह कुलाचार्य इत्यादिभिः। कुलाचार्यः कुलगुरुः। रम्यभूमौ रमणीयायां भुम्युत्तममासनमास्तीर्याऽऽच्छाद्य कामाद्येन क्लीं बीजाद्येनऽस्त्रबीजेन फट् संशोध्य च ततस्तत्राऽऽसने उपविशेत् ॥१५६॥

सिन्दूरेण कुसीदेन केवलेन जलेन वा ।
त्रिकोणञ्चतुरस्त्रञ्च मण्डलं रचयेत् सुधीः ।।१५७।।

पद्मा–बुद्धिमान साधक सिन्दूर, लालचन्दन अथवा केवल जल से त्रिकोण और चतुष्कोण मण्डल का निर्माण करे ।

हरि०–ततः सुधीः कोविदः सिन्दूरेण कुसीदेन रक्तचन्दनेन केवलेन जलेन वा त्रिकोणं मण्डलं तद्बहिश्चतुरस्त्रञ्चतुष्कोणञ्च मण्डलं रचयेत् ॥१५७॥

विचित्रघटमानीय दध्यक्षतविमृक्षितम् ।
फलपल्ल्वसंयुक्तं सिन्दूरतिलकान्वितम् ।।१५८।।
सुवासितजलैः पूर्णं मण्डलं तत्र साधकः।
प्रणवेन तु संस्थाप्य धूपदीपौ प्रदर्शयेत् ।।१५९।।

पदमा–इसके पश्चात् एक सुन्दर व विचित्र घड़ा लेकर उसे क्रमशः दही, अक्षत, फल, पल्लव, सिन्दूर व तिलक से युक्त कर सुगन्धित जल से भरे तथा प्रणव (ॐ) का उच्चारण कर उसे मण्डल पर स्थापित कर उसे धूप दीप प्रदान करे ।

हरि०–विचित्रेत्यादि। ततः परं विचित्रं विविधानि चित्राण्यालेख्यानि यत्रैवम्भूत घटमानीय दध्यक्षतविमृखितं दध्नाऽक्षतैश्च सम्पृक्तं फलैः पल्लवैश्च संयुक्तं सिन्दूरतिलकैरन्वितं संयुतं कर्पूरादिभिः सुवासितैर्जलैः पूर्णञ्च कृत्वा प्रणवेन ओंकारेण तत्र मण्डले संस्थाप्य च साधको धूपदीपौ तं प्रदर्शयेत् ॥१५८-१५९॥

सम्पूज्य गन्धपुष्पाभ्यां चिन्तयेदिष्टदेवताम् ।
संक्षेपपूजाविधिना तत्र पूजां समाचरेत् ॥१६०॥
विशेषमत्र वक्ष्यामि श्रृणुष्वाऽमरवन्दिते ।
गुर्वादिनवपात्राणां नात्र स्थापनमिष्यते ॥१६१॥

पद्मा–गन्ध, पुष्प से पूजन कर उसमें इष्ट देवता का ध्यान करे तथा संक्षिप्त विधि के अनुसार उसमें पूजा करे। हे सुरवन्दिते (अमरवन्दिते) ! इसमें जो कुछ विशेष है । उसे कहता हूँ, सुनो! इस भैरवीचक्र में गुरु आदि नौ पात्र स्थापित करने की आवश्यकता नहीं है।

हरि०–सम्पूज्येति। ततो गन्धपुष्पाभ्यां घटं सम्पूज्यं तत्रेष्टदेवतां चिन्तयेत् । सञ्चिन्त्य च पूर्वोक्तेन संक्षेपपूजाविधिना तत्र कलशे इष्टदेवतायाः पूजां समाचरेत् कुर्यात् ॥१६०-१६१॥

यथेष्टं तत्त्वमादाय संस्थाप्य पुरतो व्रती ।
प्रोक्षयेदस्त्रमन्त्रेण दिव्यदृष्ट्याऽवलोकयेत् ॥१६२॥

पद्मा–साधक इस पूजा के समय यथेष्ट तत्त्व रखकर 'फट्' मन्त्र से उन्हें प्रोक्षित कर दिव्यदृष्टि (एकाग्र दृष्टि) से देखे ।

हरि०–यथोष्टमिति । ततो व्रती साधको यथेष्टं तत्त्वं मद्यादिमादाय पूरतोऽग्रे संस्थाप्य चाऽस्त्रमन्त्रेण फटा प्रोक्षयेत् जलेन सिञ्चेत् दिव्यदृष्ट्याऽवलोकयेच्च॥१६२॥

अलियन्त्रे गन्धपुष्पं दत्त्वा तत्र विचिन्तयेत् ।
आनन्दभैरवी देवीं आनन्दभैरवं तथा ॥१६३॥

पद्मा–इसके पश्चात् अलियन्त्र (मद्यपात्र) में गन्ध पुष्प प्रदान कर उसमें आनन्द भैरवी देवी तथा आनन्द भैरव का ध्यान करे ।

हरि०–अलियन्त्रे इति। ततोऽलियन्त्रे मद्यपात्रे गन्धपुष्पं दत्त्वा तत्राऽलियन्त्रे एवा-ऽऽनन्दभैरवीं देवीन्तथाऽऽनन्दभैरव देवं विचिन्तयेत् ॥१६३॥

नवयौवनासम्पन्नां तरुणारुणविग्रहाम् ।
चारुहासामृताभाषोल्लासद्वदनपङ्कजाम् ॥१६४॥
नृत्यगीतकृतामोदां नानाभरणभूषिताम् ।
विचित्रवसनां ध्यायेत् वराभयकराम्बुजाम् ॥१६५॥
इत्यानन्दमयीं ध्यात्वा स्मरेदानन्दभैरवम् ॥१६६॥

पद्मा–आनन्दभैरवी का शरीर नवयौवन युक्त है, उनका शरीर लाल बाल सूर्य के

समान कान्तिमान है। मनोहर हास्यामृत की कमनीय कान्ति से मुख कमल शोभायमान है। वे नृत्य गीत से सदा आनन्दित होती हैं। विभिन्न प्रकार के अलंकारो से सुसज्जित हैं। वे विलक्षण वस्त्र पहने हुए हैं। उनके हाथों में वर एवं अभय मुद्राए हैं। इस प्रकार आनन्दभैरवी का ध्यान कर आनन्दभैरवी का ध्यान करे ।

हरि०–आनन्दभैरव्या ध्यानमेवाह नवयौवनसम्पन्नामिति । नवयौवनसम्पन्नां नवीनतारुण्यं सम्प्राप्ताम् । तरुणारुणविग्रहाम् नवीनसूर्यसदृशदेहाम् । चारुहासामृताभाषोल्लसद्वदनपङ्कजाम् चारुहासेन मनोहरहसननामृतभाषया सुधातुल्य भाषणेन चोल्लसद्देदीप्यमानं वदनपङ्कजं मुखकमलं यस्यास्तथाभूताम् । नृत्यगीतकृतामोदाम् नृत्यगीताभ्यां कृत आमोद आनन्दो ययाताम् । नानाभरणभूषिताम् अनेकविधभूषणालङ्कताम् । विचित्रवसनाम् विचित्रमद्भुतं वसनं वस्त्रं यस्यास्ताम् । वराभयकराम्बुजाम् वरोऽभयञ्च कराम्बुजयोर्यस्यास्ताम् । एवम्भूतामानन्दभैरवी ध्यायेत् । इत्येवामानन्दभैरवीं ध्यात्वा आनन्दभैरवं स्मरेत् ।।१६४-१६६।।

कर्पूरपूरधवलं कमलायताक्षम्
दिव्याम्बराभरणभूषितदेहकान्तिम् ।
वामेन पाणिकमलेन सुधाढ्यपात्रम्
दक्षेण शुद्धिगुटिकां दधतं स्मरामि ।।१६७।।

पद्मा–आनन्दभैरवं कपूर्रराशि के समान श्वेत वर्ण के हैं। कमल के समान उनके बड़े-बड़े नेत्र हैं। दिव्य वस्त्र एवं अलंकारों से उनके शरीर की कान्ति शोभायमान हैं। बायें हाथ में सुधापूर्ण पात्र तथा दाहिने हाथ में शुद्धि की गुटिका लिए हुए आनन्दभैरव का साधक ध्यान करे ।

हरि०–आनन्दभैरवध्यानमेवाहैकेन कर्पूरपूर धवलमिति । कर्पूरपूर धवलं कर्पूरप्रवाह वच्छुभ्रम्। कमलायताक्षम् कमलवदायते विस्तृते अक्षिणी तम् दिव्याम्बराभरणभूषितदेहकान्तिम् दिव्यैरम्बराभरणैर्वस्त्रविभूषणैर्भूषितोऽलङ्कतो यो देहस्तत्र कान्तिरधिका दीप्तिर्यस्य तथाभूतम्। वामेन पाणिकमलेन सुधाढ्यपात्रं मद्यसमन्वितं पात्रं दक्षेण पाणिकमलेन शुद्धिगुटिकाञ्च दधतमानन्दभैरवी स्मरामि चिन्तयामि ।।१६७।।

ध्यात्वैवमुभयोस्तत्र सामरस्यं विचिन्तयन् ।
प्रणवादिनमोऽन्तेन नाममन्त्रेण देशिकः ।
सम्पूज्य गन्धपुष्पाभ्यां शोधयेत् कारणं ततः ।।१६८।।

पद्मा–इस प्रकार साधक आनन्दभैरव का ध्यान कर उस सुरापात्र में दोनों की समरसता का विचार का आदि में प्रणव (ॐ) तथा अन्त में 'नमः' जोड़कर नाममन्त्र का पाठ कर गन्धपुष्प से पूजन करने के बाद सुरा का शोधन करे ।

हरि०–ध्यात्वेति। एवमुभौध्यात्वा तत्राऽलियन्ते उभयोर्भैरवीभैरवयोः सामरस्यमैकरस्यं विचिन्तयन् देशिकः साधकः प्रणवादिनमोऽन्तेन नाममन्त्रेण गन्धपुष्पाभ्यां तौ संपूज्य ततः कारणं मद्यं शोधयेत् ।।१६८।।

पाशादित्रिकबीजेन स्वाहान्तेन कुलार्चकः ।
अष्टोत्तरशतावृत्त्या जपन् हेतुं विशोधयेत् ।।१६९।।
गृहकाम्यैकचित्तानां गृहिणां प्रबले कलौ ।
आद्यतत्त्वप्रतिनिधौ विधेयं मधुरत्रयम् ।।१७०।।

पद्मा–कुलपूजक आँ ह्रीं क्रों स्वाहा का १०८ बार जप कर सुरा का शोधन करे। प्रबल कलियुग में गृहस्थ केवल गृहकार्य की इच्छा से एकाग्रचित्त होकर पूजन करे। गृहस्थ के लिये आद्यतत्त्व मद्य के प्रतिनिधि मधुरत्रय का विधान है ।

हरि०–ननु केन मन्त्रेण मद्यं शोधयेत् तत्राह पाशादीत्यादि। स्वाहान्तेन स्वाहाऽन्तो यस्यैवम्भूतेन पाशादित्रिकबीजेन आँ ह्रीं क्रोमिति बीजत्रयेण अष्टोत्तर शतावृत्या इममेव मन्त्रं जपन् कुलार्चको हेतुं मद्यं विशोधेयेत् ॥१६९-१७०॥

दुग्धं सिता माक्षिकञ्च विज्ञेयं मधुरत्रयम् ।
अलिरूपमिदं मत्वा देवतायै निवेदयेत् ।।१७१।।

पद्मा–दूध, शक्कर तथा मधु यह तीन द्रव्य मधुरत्रय के नाम से जाने जाते हैं। इस मधुरत्रय को मद्यरूप जानकर देवता को प्रदान करें ।

हरि०–मधुरत्रयमेवाह दुग्धमित्यादि। अलिरूपं मद्यस्वरूपम्। इदं मधुरत्रयम् ॥१७१॥

स्वभावात् कलिजन्मान् कामविभ्रान्तचेतसः ।
तद्रूपेण न जानन्ति शक्तिं सामान्यबुद्धयः ।।१७२।।

पद्मा–कलियुग के समस्त मनुष्य स्वभाव से काम द्वारा भ्रान्ति चित्तवाले है। इसलिए वे सामान्य बुद्धि के होते हैं। इसलिए वे नारी को शक्तिस्वरूपा नहीं समझते ।

हरि०–शक्तिं स्त्रियम् ॥१७२॥

अतस्तेषां प्रतिनिधौ शेषतत्त्वस्य पार्वति! ।
ध्यानं देव्याः पदाम्भोजे स्वेष्टमन्त्रजपस्तथा ।।१७३।।

पद्मा–हे पार्वति ! इसलिए कलियुग के मनुष्यों के लिये शेष तत्त्व (मैथुन) के अनुकल्प रूप में देवी के चरणकमला का ध्यान तथा इष्टमन्त्र का जप निर्दिष्ट किया गया है ।

हरि०–अत इत्यादि। हे पार्वति अतो हेतोः तेषां कलिजन्मनां शेषतत्त्वस्य मैथुनस्य प्रतिनिधौ देव्याः पदाम्भोजेध्यानं विधेयम् तथा स्वेष्ट मन्त्रस्य जपो निधेयः॥१७३॥

ततस्तु प्राप्त तत्त्वानि पललादीनि पानि च ।
प्रत्येकं शतधाऽनेन मनुना चाभिमन्त्रयेत् ।।१७४।।

पद्मा–मासांदि जो तत्त्व प्राप्त हो उनमें से प्रत्येक को एक सौ बार **'आँ ह्रीं क्रों स्वाहा'** मन्त्र से अभिमन्त्रित करें ।

हरि०–ततस्त्विति। ततः परं पललादीनि मांसादीनि यानि प्राप्ततत्त्वानि तानि प्रत्येकं शतधा जप्यमानेनानेन आँ ह्रीं क्रों स्वाहेति मनुनाऽभिमन्त्रयेत् शोधयेदित्यर्थः॥१७४॥

सर्वं ब्रह्ममयं ध्यात्वा निमील्यनयनद्वयम् ।
निवेद्य पूर्ववत् काल्यै पानभोजनमाचरेत् ।।१७५।।

पद्मा–इसके उपरान्त लाई हुई सभी वस्तुओं को ब्रह्ममय समझते हुए दोनों आँखों को बन्द कर उन्हें भगवती को निवेदित करे। इसके पश्चात् स्वयं पान एवं भोजन करे ।

हरि०–सर्वमिति। ततो नयनद्वयं निमील्य सर्वं मद्यादितत्त्वं ब्रह्ममयं ब्रह्मस्वरूपं ध्यात्वा पूर्ववत् काल्यै निवेद्य च पूर्ववदेव पानभोजनमाचरेत् ॥१७५॥

इदन्तु भैरवीचक्रं सर्वतन्त्रेषु गोपितम् ।
तवाग्रे कथितं भद्रे ! सारात्सारं परात्परम् ।।१७६।।
विवाहो भैरवीचक्र तत्त्वचक्रेऽपि पार्वति ! ।
सर्वथा साधकेन्द्रेण कर्तव्यः शैववर्त्मना ।।१७७।।

पद्मा–हे भद्रे! यह भैरवीचक्र सार का भी सार है। श्रेष्ठ से भी बेहतर है। यह सभी तन्त्रों में गोपनीय है। इसे मैंने तुम्हारे समक्ष कहा है। हे पार्वति! श्रेष्ठसाधकों को भैरवीचक्र तथा तत्त्वचक्र में शैवपद्धति से विवाह करना कर्त्तव्य है ।

हरि०–अथ भैरवीचक्रस्य माहात्म्यं वर्णयितुमुपक्रमते इदन्त्वित्यादि॥१७६-१७७॥

विना परिणयं वीरः शक्तिसेवां समाचरन् ।
परस्त्रीगामिनां पापं प्राप्नुयान्नात्र संशयः ।।१७८।।
सम्प्राप्ते भैरवीचक्रे सर्वे वर्णाः द्विजोत्तमाः ।
निवृत्ते भैरवीचक्रे सर्वे वर्णाः पृथक् पृथक् ।।१७९।।

पद्मा–यदि कोई वीर साधक बिना विवाह किये शक्ति की सेवा करता है तो उसे परस्त्रीगमन का पाप लगता है इसमें संशय नहीं है। भैरवीचक्र के आरम्भ होने पर सभी जातियों के साधक श्रेष्ठ द्विज हो जाते हैं। भैरवीचक्र निवृत्त होने पर सभी वर्ण पृथक-पृथक् हो जाते हैं ।

हरि०–परिणयम् विवाहम् ॥१७८-१७९॥

नात्र जातिविचारोऽस्ति नोच्छिष्टादिविवेचनम् ।
चक्रमध्यागता वीरा मम रूपा नराख्यया ।।१८०।।

पद्मा–इस भैरवीचक्र में जाति का विचार नहीं है जूठे आदि का भी विचार नहीं है। चक्र में उपस्थित वीर साधक मेरे ही रूप होते हैं अन्य किसी का नहीं ।

हरि०–अत्र भैरवीचक्रे॥१८०॥

न देशकालनियमो न वा पात्रविचारणम् ।
येन केनाऽऽहृतं द्रव्यं चक्रेऽस्मिन् विनियोजयेत् ।।१८१।।
दूरदेशात् समानीतं पक्वं वाऽपक्वमेव वा ।
वीरेणपशुना वापि चक्रमध्यगतं शुचि ।।१८२।।

चक्रारम्भे महेशानि ! विघ्नाः सर्वेभयाकुलाः ।
विभीतास्ते पलायन्ते वीराणां ब्रह्मतेजसा ।।१८३।।

पद्मा–इस भैरवीचक्र में देशकाल का नियम नहीं है तथा पात्र का विचार भी नहीं है। इस चक्र में किसी भी मनुष्य द्वारा लाए गये द्रव्य का प्रयोग किया जा सकता है। वीराचारी या पश्वाचारी कोई भी दूर देश से लाया हो, पका या कच्चा हो भैरवीचक्र में रखने से ही पवित्र हो जाता है। हे महेशानि! चक्र के प्रारम्भ में वीरसाधको के ब्रह्मतेज से भयभीत होकर सभी विघ्न बाधायें पलायन कर जाती है ।

हरि०–द्रव्यं मद्यादि।।१८१-१८३।।

पिशाचा गुह्यका पक्षा वेतालाः क्रूरजातयः ।
श्रुत्वात्र भैरवीचक्रं दूरं गच्छन्ति साध्वसम् ।।१८४।।

पद्मा–पिशाच, गुह्यक, यक्ष, बेताल तथा क्रूर जातियाँ भैरवी चक्र का नाम सुनते ही भैरवीचक्र स्थान से दूर चले जाते हैं ।

हरि०–साध्वसं सभयम् ।।१८४।।

तत्र तीर्थानि महातीर्थादिकानि च ।
सेन्द्रामरगणाः सर्वे तत्रागच्छन्ति सादरम् ।।१८५।।
चक्रस्थानं महातीर्थ सर्वतीर्थाधिकं शिवे !
त्रिदशा यत्र वाञ्छन्ति तव नैवेद्यमुत्तमम्।।१८६।।

पद्मा–हे शिवे ! जहाँ पर भैरवीचक्र होता है उस स्थान में सभी तीर्थ, महातीर्थ और इन्द्र सहित देवता आदरपूर्वक आ जाते हैं। चक्र का स्थान महातीर्थ है। तथा समस्त तीर्थों से श्रेष्ठ है। इस चक्र में देवता भी तुम्हारे उत्तम नैवेद्य की कामना करते हैं ।

हरि०–तत्र चक्रस्थाने।।१८५-१८६।।

म्लेच्छेन श्वपचेनापि किरातेनापि हूणुना ।
आमं पक्वं यदानीतं वीरहस्तार्पितं शुचि ।।१८७।।
दृष्ट्वा तु भैरवीचक्रं मम रूपांश्च साधकान् ।
मुच्यन्ते पशुपाशेभ्यः कलिकल्मषदूषिताः।।१८८।।
प्रबले कलिकाले तु न कुर्याच्चक्रगोपनम् ।
सर्वत्र सर्वदा वीरः साधयेत् कुलसाधनम्।।१८९।।
चक्रमध्ये वृथालापं चाञ्चल्यं बहुभाषणम् ।
निष्ठीवनमधोवायुं वर्णभेदं विवर्जयेत् ।।१९०।।
क्रूरान् खलान् पशून् पापान् नास्तिकान् कुलदूषकान् ।
निन्दकान् कुलशास्त्राणां चक्राद्दूरतरं त्यजेत् ।।१९१।।

पद्मा–म्लेच्छ, श्वपच, किरात तथा हूण कोई भी जाति कच्चा अथवा पका यदि द्रव्य लाकर वीर के हाथ में प्रदान करे तो वह पवित्र हो जाता है जो मनुष्य कलियुग के पाप से दूषित हैं वे भैरवी चक्र तथा मेरे स्वरूप साधकों का दर्शन करते ही पाप के पाश से छूट जाते हैं। कलियुग के प्रबल होने पर भैरवीचक्र को गोपनीय न रखे। वीराचारी सभी स्थानों सभी समयों में कुल साधना करे। चक्र के मध्य में निरर्थक वार्तालाप, चञ्चलता, वाचालता, छींकना, अधोवायु निकालना तथा वर्णभेद करना वर्जित है। क्रूर, दुष्ट, पश्वाचारी, पापी, नास्तिक, कुलदूषक, तथा कुलशास्त्रों के निन्दकों को चक्र से दूर ही छोड़ दे।

हरि०–**हूणुना जातिविशेषेण**। आमम् अपक्वम् ॥१८७-१९१॥

स्नेहाद्भयादानुरक्त्या पशूंश्चक्र प्रवेशयन्।
कुलधर्मात् परिभ्रष्टो वीरोऽपि नरकं व्रजेत्॥१९२॥
ब्राह्मणाः क्षत्रिया वैश्याः शूद्राः सामान्यजातयः।
कुलधर्माश्रिता ये वै पूज्यास्ते देववत् सदा॥१९३॥
वर्णाभिमानाच्चक्रे तु वर्णभेदं करोति यः।
स याति घोरनिरयमपि वेदान्तपारगः॥१९४॥
चक्रान्तर्गतकौलानां साधूनां शुद्धचेतसाम्।
साक्षाच्छिवस्वरूपाणां पापशङ्काभवेत् कुतः॥१९५॥

पद्मा–स्नेह, भय या अनुरागवश पश्वाचारी को चक्र में प्रवेश देने से वीराचारी स्वयं भी कुलधर्म से भ्रष्ट होकर नरक में जाता है। जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा सामान्य जाति वाली कुलधर्मी हो, उसे सदैव देवता की भाँति पूजें। भैरवी चक्र में जो वर्णाभिमान या वर्णभेद करता है वह वेदान्त ज्ञाता होने पर भी घोर नरक में जाता है। चक्र के भीतर पवित्रात्मा, साधु एवं साक्षात् शिवस्वरूप कौलिकों के सम्बन्ध में पाप की शंका कैसे हो सकती है।

हरि०–भयादानुरक्त्या भयहेतुकेनानुरागेण॥१९२-१९५॥

यावद्वसन्ति चक्रेषु विप्राद्याः शैवमार्गिणः।
तावत्तु शाम्भवाचारांश्चरेयुः शिवशासनात्॥१९६॥
चक्राद्विनिःसृताः सर्वे स्वस्ववर्णाश्रमोदितम्।
लोकयात्राप्रसिद्ध्यर्थं कुर्युः कर्म पृथक् पृथक्॥१९७॥

पद्मा–शैवमार्गी विप्रादिगण जब तक चक्र में रहें, तब तक शिव की आज्ञानुसार शाम्भवाचार का पालन करे। चक्र के बाहर निकलते ही सभी लोकयात्रा निर्वाह के लिए अपने अपने वर्ण एवं आश्रम के अनुसार पृथक्-पृथक् निर्दिष्ट कार्यों को करे।

हरि०–चरेयुः कुर्युः॥१९६-१९७॥

पुरश्चर्याशतेनापि शवमुण्डचितासनात् ।
चक्रमध्ये सकृत् जप्त्वा तत् फलं लभते सुधीः।।१९८।।
भैरवीचक्रमाहात्म्यं को वा वक्तुं क्षमो भवेत् ।
सकृदेतत् प्रकुर्वाणः सर्वैः पापैः प्रमुच्यते ।।१९९।।

पद्मा–शवासन, मुण्डासन, चितासन पर बैठकर सौ पुरश्चरण करने से जो फल प्राप्त होता है वह बुद्धिमान साधक चक्र के मध्य में एकबार जप करने से ही प्राप्त कर लेता है। भैरवी चक्र का माहात्म्य कहने में कोई भी व्यक्ति समर्थ नहीं है। भैरवीचक्र एक बार करने से वह समस्त पापों से छुटकारा पा जाता है ।

हरि०–पुरश्चर्येत्यादि। शवमुण्डचितासनात् शवासनात् मुण्डासनात् चितासनाच्च यत् फलं लभते ॥१९८-१९९॥

षणमासं भूमिपालः स्यात् वर्ष मृत्युञ्जयः स्वयम् ।
नित्यं समाचरन् मर्त्यो ब्रह्मनिर्वाणमाप्नुयात् ।।२००।।
बहुना किमिहोक्तेन सत्यं जानीहि कालिके! ।
इहामुत्र सुखावाप्त्यै कुलमार्गो हि नापरः।।२०१।।
कलेः प्राबल्यसमये सर्वधर्मविवर्ज्जिते ।
गोपनात् कुलधर्मस्य कौलोऽपि नारकी भवेत् ।।२०२।।
कथितं भैरवीचक्रं भोगमोक्षैकसाधनम् ।
तत्त्वचक्रं कुलेशानि ! साम्प्रतं वच्मि तत् शृणु ।।२०३।।

पद्मा–छः महीने तक भैरवीचक्र करने से राजा होता है। एक वर्ष तक भैरवी चक्र का अभ्यास करने वाला साधक मृत्युञ्जय होता है। नित्य भैरवी का अभ्यास करने वाला निर्वाण-मुक्ति प्राप्त करता है। हे कालिके ! अधिक कहने से क्या प्रयोजन ! इसे सत्य ही जानो। इस मार्ग के अतिरिक्त दूसरा कोई अन्य उपाय भौतिक तथा पारलौकिक सुख प्राप्त करने का नहीं है। सभी धर्मों से शून्य प्रबल कलियुग में कुलधर्म को छिपाने वाला कौल भी नरक में जाता है। हे कुलेशानि ! भोग-मोक्ष प्रदायक भैरवीचक्र को मैंने कहा। अब मैं तत्त्वचक्र को कहता हूँ सुनो ! ।

हरि०–षण्मासमिति। भैरवीचक्रं षण्मासं समाचरन् मर्त्यो भूमिपाल ! स्यादित्येवमन्वयः ॥२००-२००३॥

तत्त्वचक्रं चक्रराजं दिव्यचक्रं तदुच्यते।
नात्राधिकारः सर्वेषा ब्रह्मज्ञान साधकान् विना ।।२०४।।

पद्मा–तत्त्वचक्र को चक्रराज तथा दिव्यचक्र कहा गया है। यह सभी चक्रों का राजा है। ब्रह्मज्ञानी साधक के अतिरिक्त अन्य किसी का इसमें अधिकार नहीं है ।

हरि०–अत्र चक्रराजे तत्त्वचक्रे·॥२०४॥

परब्रह्मोपासका ये ब्रह्मज्ञा ब्रह्मतत्पराः ।
शुद्धान्तः करणाः शान्ताः सर्वप्राणिहिते रताः ।।२०५।।

पद्मा–जो मनुष्य परब्रह्म के उपासक है, ब्रह्मज्ञानी हैं, ब्रह्म की प्राप्ति के लिये प्रयत्नशील हैं, शुद्धअन्तःकरण वाले, शान्त (रागद्वेषरहित) एवं सभी प्राणियों के हित में लगे रहने वाले हैं ।

हरि०–रागद्वेषादिशून्याः॥२०५॥

निर्विकारा निर्विकल्पा दयाशीला दृढव्रताः ।
सत्यसङ्कल्पका ब्राह्मस्तएवात्राऽधिकारिणः ।।२०६।।
ब्रह्मभावेन तत्त्वज्ञे । ये पश्यन्ति चराचरम् ।
तेषां तत्त्वविदां पुंसा तत्त्वचक्रेऽधिकारिता ।।२०७।।

पद्मा–विकारहीन, विकल्परहित, दयावान, दृढ़व्रती, सत्यसङ्कल्प तथा जो ब्रह्म हैं वही इस तत्त्वचक्र के अधिकारी हैं। हे तत्त्वज्ञे! जो इस चराचर जगत् को ब्रह्ममय देखते हैं, उस तत्त्वज्ञान से सम्पन्न मनुष्यों को ही इस चक्र में अधिकार है ।

हरि०–तत्र तत्त्वचक्रे ॥२०६-२०७॥

सर्वं ब्रह्ममयं भावश्चक्रेऽस्मिंस्तत्तवसंज्ञके ! ।
येषामुत्पद्यते देवि ! त एवं तत्त्वचक्रिणः ।।२०८।।

पद्मा–सभी कुछ ब्रह्म ही है, वही तत्त्वचक्री है, हे देवि! जिनका इस प्रकार का भाव है वही तत्त्वचक्र करने के अधिकारी हैं ।

हरि०–वाणो भावना विचिन्तने त्मार्गः॥२०८॥

न घटस्थापनाऽत्रास्ति न बाहुल्येन पूजनम् ।
सर्वत्र ब्रह्मभावेन साधयेत् तत्त्वसाधनम् ।।२०९।।
ब्रह्ममन्त्री ब्रह्मनिष्ठे भवेच्चक्रेश्वरः प्रिये! ।
ब्रह्मज्ञैः साधकैः सार्द्धं तत्त्वचक्र समारभेत् ।।२१०।।

पद्मा–इसमें घट की स्थापना नहीं होती है और न ही विस्तृत पूजा करनी होती है। सभी स्थानों में ब्रह्मभाव से तत्त्वसाधन करे। हे प्रिये ! ब्रह्ममन्त्रोपासक तथा ब्रह्मनिष्ठ व्यक्ति चक्रेश्वर बने। ब्रह्मज्ञानी साधकों के साथ तत्त्वचक्र का प्रारम्भ करे ।

हरि०–तत्त्वसाधनम् तत्त्वचक्रसाधनम् ॥२०९-२१०॥

रम्ये सुनिर्मले देशे साधकानां सुखावहे ।
विचित्रासनमानीय कल्पयेद्विमलासनम् ।।२११।।

पद्मा–रमणीय, अत्यन्त ही निर्मल तथा साधकों के लिए सुखदायक स्थान में विचित्र आसन लाकर विमलासन की कल्पना करे ।

हरि०–अथ तत्त्वचक्रस्य विधानमाह रम्ये इत्यादिभिः ॥२११॥

तत्रोपविश्य चक्रेशः सहितो ब्रह्मसाधकैः ।
आसादयेत्तु तत्त्वानि स्थापयेदग्रतः शिवे !।।२१२।।

पद्मा–हे शिवे ! ऐसे स्थान में चक्रेश्वर ब्रह्मसाधकों के साथ बैठकर समस्त तत्त्वों को मँगाकर उन्हें अपने सम्मुख स्थापित करे ।

हरि०–तत्र कल्पिते विमलासने आसादयेत् आनयेत् तत्त्वानि मद्यादीनि।।२१२।।

तारादिप्राणबीजान्तं शतावृत्त्या जपन् मनुम् ।
सर्वतत्त्वेषु चक्रेश इमं मन्त्रमुदीरयेत् ।।२१३।।

पद्मा-चक्रेश्वर समस्त तत्त्वों पर तार-प्राण अर्थात् **ॐ हंसः** मन्त्र का सौ बार जप कर यह (आगे कहा जा रहा है) मंत्र पढ़े ।

हरि०–तारादीत्यादि। ततो मद्यादिषु सर्वतत्त्वेषु तारादिप्राणबीजान्तं तारः प्रणव आदिर्यस्य स तारादिः प्राणबीजं हंस इति बीजमन्तो यस्य सः प्राणबीजान्तः तारादिश्चासौ प्राणबीजान्तश्च तारादिप्राणबीजान्तस्तं मनुम् ओं हंसः इति मन्त्रं शतावृत्त्या जपन् चक्रेश इमं वक्ष्यमाणं मन्त्रमुदीरयेत् ।।२१३।।

ब्रह्मार्पणं ब्रह्मवृविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम् ।
ब्रह्मैव तैन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना ।।२१४।।

पद्मा–जिसके द्वारा (स्रुवा आदि) अर्पण करता हूँ वह ब्रह्म है, जिसमें अर्पण करता हूँ वह भी ब्रह्म है, जो अर्पण है वह भी ब्रह्म है। इस प्रकार ब्रह्म कर्म में जिसका चित्त एकाग्र हो जाता है, वही ब्रह्म को प्राप्त करता है ।

हरि०–मन्त्रमेवाह ब्रह्मार्पणमिति ।।२१४।।

सप्तधा व त्रिधा जप्त्वा तानि सर्वाणि शोधयेत् ।।२१५।।

पद्मा–इस मन्त्र का तीन बार अथवा सात बार जप कर मद्यादि सभी तत्त्वों का शोधन करे।

हरि०–**सप्तधेति**। इस इमं त्रिधा वा जप्त्वा सर्वाणि तानि मद्यादीनि शोधयेत् ।।२१५।।

ततो ब्राह्मेण मनुना समर्प्य परमात्मने ।
ब्रह्मज्ञैः साधकैः सार्द्धं विदध्यात् पानभोजनम् ।।२१६।।

पद्मा–इसके पश्चात् **''ॐ सच्चिदेकं ब्रह्म''** इस ब्रह्म मन्त्र से उन समस्त तत्त्वों को परमात्मा को समर्पित कर ब्रंह्मज्ञानी साधकों के सहित एक साथ भोजन पान करे।।२१६।।

हरि०–ब्राह्मेण मननु ओं सच्चिदेकं ब्रह्मेति मन्त्रेण।।२१६।।

ब्रह्मचक्रे महेशानि ! वर्णभेदः विवर्जयेत् ।
न देशकालनियमो न पात्रनियमस्तथा ।।२१७।।
ये कुर्वन्ति नरा मूढा दिव्यचक्रे प्रमादतः ।
कुलभेदं वर्णभेदं ते गच्छन्त्यधमां गतिम् ।।२१८।।

अतः सर्वप्रयत्नेन ब्रह्मज्ञैः साधकोत्तमैः ।।
तत्त्वचक्रमनुष्ठेयं धर्मकामार्थमुक्तये ।।२१९।।

पद्मा–हे महेशानि ! इस ब्रह्मचर्क मे वर्णभेद को त्याग दे। इसमें न तो देशकाल का नियम है और नहीं पात्र का नियम है। जो मूढ़ व्यक्ति इस दिव्यचक्र में प्रमादवश कुलभेद तथा वर्णभेद करते हैं उन्हें अत्यन्त ही अधम गति प्राप्त होती है। इसलिए ब्रह्मज्ञ तथा श्रेष्ठ साधक धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष के लिए सभी प्रयत्न करके तत्त्वचक्र का अनुष्ठान करे।

हरि०–ब्रह्मचक्रे तत्त्वचक्रे ॥२१७-२१९॥

श्री देव्युवाच

गृहस्थानामशेषेण धर्मानकथयत् प्रभो ।
संन्यासविहितात् धर्मान् कृपया वक्तुमर्हसि ।।२२०।।

पद्मा–श्रीदेवी ने कहा-हे प्रभो ! आपने गृहस्थों के धर्म को विस्तार से बताया है। अब कृपया संन्यास धर्म के विषय में कहिए ।

हरि०–एवमशेषान् गृहस्थ धर्मान् श्रुत्वा अधुना सन्यासिधर्मान् श्रोतुमिच्छन्ती श्रीदेव्युवाच गृहस्थानामित्यादि॥२२०॥

श्रीसदाशिव उवाच

अवधूताश्रमौ देवि ! कलौ संन्यास उच्यते ।
विधिना येन कर्तव्यस्तत् सर्वं श्रृणु साम्प्रतम् ।।२२१।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा-हे देवि! कलियुग में अवधूताश्रम को ही संन्यास कहते है । जिस विधि से संन्यासाश्रम का कर्तव्य करना चाहिए, वह सब सुनो ।

हरि०–एवं प्रेरितः सन् श्रीसदाशिव उवाच अवधूतेत्यादि। तत् विधानम् साम्प्रतमिदानीम् ॥२२१॥

ब्रह्मज्ञाने समुत्पन्ने विरते सर्वकर्मणि ।
अध्यात्मविद्यानिपुणः संन्यासाश्रममाश्रयेत् ।।२२२।।
विहाय वृद्धौ पितरौ शिशुं भार्या पतिव्रताम् ।
त्यक्त्वाऽसमर्थान् बन्धूंश्च प्रव्रजन्नारकी भवेत् ।।२२३।।
ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रः सामान्य एव च ।
कुलावधूतसंस्कारे पञ्चानामधिकारिता ।।२२४।।

पद्मा–जब ब्रह्मज्ञान उत्पन्न हो जाय तो सभी काम्य कर्मों को त्याग कर अध्यात्मविद्यानिपुण मनुष्य सन्यासाश्रम को स्वीकार करें। वृद्ध माता-पिता शिशु, पतिव्रता, पत्नी, असमर्थ बन्धुओं को त्याग कर जो संन्यास ग्रहण करता है, वह नरकगामी होता है। कुलावधूत संस्कार में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा सामान्य जाति इन सभी पाँचों वर्णों को अधिकार है ।

हरि०–सन्यासग्रहणविधानमेत्राह ब्रह्मज्ञाने इत्यादिभिः। अध्यात्मविद्यानिपुणः आत्मविद्याभिज्ञः॥२२२-२२४॥

सम्पाद्य गृहकर्माणि परितोष्याऽपरानपि ।
निर्ममो निलयाद्गच्छेन्निष्कामो विजितेन्द्रियः ॥२२५॥

पद्मा–साधक गृहस्थी के सभी कर्म कर आत्मीय स्वजनों को सन्तुष्ट कर, ममता एवं कामना रहित तथा जितेन्द्रिय होकर घर से बाहर निकले ।

हरि०–सम्पाद्य साधयित्वा । अपरान् पित्रादिभिन्नान् । निर्ममः गृहादिविषयममताशून्यः निलयात् गृहात् ॥२२५॥

आहूय स्वजनान् बन्धून् ग्रामस्थान् प्रतिवासिनः ।
प्रीत्याऽनुमतिमन्विच्छेत् गृहाज्जिगमिषुर्जनः ॥२२६॥

पद्मा–जो मनुष्य गृहस्थाश्रम को छोड़कर जाना चाहे, वह अपने स्वजन बन्धुओं तथा गाँव के निवासियों को बुलाकर प्रेमपूर्ण मन से अनुमति देने की प्रार्थना करे ।

हरि०–अनुमतिमन्विच्छेत् अनुज्ञामादद्यात् ॥२२६॥

तेषामनुज्ञामादाय प्रणम्य परदेवताम् ।
ग्रामं प्रदक्षिणीकृत्य निरपेक्षो गृहादियात् ॥२२७॥

पद्मा–फिर उन सभी की आज्ञा लेकर अभीष्ट देवता को प्रणाम कर ग्राम की प्रदक्षिणा कर निरपेक्ष भाव से घर से निकले ।

हरि०–निरपेक्षः निष्पृहः। इयात् गच्छेत् ॥२२७॥

मुक्तः संसार पाशेभ्यः परमानन्दनिर्वृतः ।
कुलावधूतं ब्रह्मज्ञं गत्वा संप्रार्थयेदिदम् ॥२२८॥

पद्मा–संसार बन्धन से मुक्त होकर परमानन्द से सुखी होकर कुलावधूत ब्रह्मज्ञ पुरुष के समीप जाकर प्रार्थना करे ॥२२८॥

हरि०–परमानन्दनिर्वृत्तः परमानन्दे निमग्नः॥२२८॥

गृहाश्रमे परब्रह्मन् ! ममैतद्विगतं वयः ।
प्रसादं कुरु मे नाथ संन्यासग्रहणं प्रति ॥२२९॥

पद्मा–हे परब्रह्मन् ! गृहस्थाश्रम में मेरी इतनी आयु बीती है। हे नाथ ! मैं इस समय संन्यासग्रहण करने के लिए उपस्थित हुआ हूँ, मुझ पर प्रसन्न हों ।

हरि०–यत् प्रार्थयेत् तदाह गृहाश्रमे इत्यादिना॥२२९॥

निवृत्तगृहकर्माणं विचार्य विधिवद्गुरुः ।
शान्तं विवेकिनं वीक्ष्य द्वितीयाश्रममादिशेत् ॥२३०॥

पद्मा–श्रीगुरुदेव विचार कर गृहस्थाश्रम से निवृत्त उस व्यक्ति को शास्त्र व विवेक युक्त देखकर द्वितीयाश्रम (सन्यासाश्रम) में प्रवेश का आदेश दें ।

हरि०–शान्तम् उपरतचित्तम् ॥२३०॥

ततः शिष्यः कृतस्नानो यतात्मा विहिताह्निकः ।
ऋणत्रयविमुक्त्यर्थं देवर्षीनर्चयेत् पितृन् ॥२३१॥

पद्मा–तब शिष्य स्नान कर संयात्मा होकर आह्निक कर्म कर तीन ऋणों से मुक्त होने के लिये देवताओं, ऋषियों तथा पितरों का तर्पण करे ।

हरि०–तत इति। ततः परं यतात्मा संयतमनाः शिष्यः कृतस्नानो विहिताह्निकश्च भूत्वा ऋणत्रयविमुक्त्यर्थं देवर्षीन् देवान ऋषीन् पितृश्चार्चयेत् पूजयेत् ॥२३१॥

देवा ब्रह्मा च विष्णुश्च रुद्रश्च स्वगणैः सह ।
ऋषयः सनकाद्याश्च देवब्रह्मर्षयस्तथा ॥२३२॥

पद्मा–देवतागण, ब्रह्मा, विष्णु, अनुचरों सहित रुद्र, सनक, सनन्दन, सनातनादि ऋषिगण, नारदादि देवर्षिगण, भृगु आदि ब्रह्मर्षिगण ।

हरि०–ऋणविमुक्त्यर्थं ये देवा ऋषयश्च पूज्यास्तानाह देवा इत्यादिना। ब्रह्मा च विष्णुश्च स्वगणैः सह रुद्रश्चैते देवाः सन्यासकर्मणि पूज्याः। सनक आद्यो येषां ते सनकाद्याः सनकसनन्दनसनात्नाद्याः सनकसजातीया ऋणयः तथा देवर्षयो नारदादयो ब्रह्मर्षयो भृग्वादयश्च पूज्याः॥२३२॥

अत्र ये पितरः पूज्या वक्ष्यामि शृणु तानपि ॥२३३॥

पद्मा–यहाँ जो पितर सन्यास ग्रहण करते समय पूज्य है। उन सबको कहता हूँ। सुनो।

हरि०–अत्र संन्यासकर्मणि॥२३३॥

पिता पितामहश्चैव प्रपितामह एव च ।
मांता पितामही देवि! तथैव प्रपितामही ।
मातामहादयोऽप्येवं मातामह्यादयोऽपि च ॥२३४॥

पद्मा–हे देवि! पिता, पितामह (दादा) पितामही (दादी) प्रपितामह (परदादा) प्रपितामही (परदादी) मातामह (नाना) मातामही (नानी) प्रमातामह (परनाना) प्रमातामही (परनानी) वृद्धप्रमातामह (सरनाना) वृद्धप्रमातामही (सरनामी) की पूजा करे ।

हरि०–ऋणविमुक्त्यर्थं पूज्यान् पितृनेवाह पितेत्यादिना सार्द्धेना। एवं पित्रादिवन्मातामहादयोऽपि पूज्याः एवमन्वयः। आदिना प्रमातामहवृद्धप्रमातामहयोः प्रमातामहीवृद्धप्रमातामह्याश्च ग्रहणम् ॥२३४॥

प्राच्यामृषीन् यजेद्देवान् दक्षिणस्यां पितृन् यजेत् ।
मातामहान् प्रतीच्याञ्च पूजयेन्न्यासकर्मणि ॥२३५॥

पद्मा–संन्यास लेने के समय पूर्व दिशा में देवगण एवं ऋषिगणों की पूजा करे॥ दक्षिण दिशा में पितृगणों की पूजा करे और पश्चिम दिशा में मातामहादि की पूजा करे ।

हरि०–ननु कस्यां कस्यां दिशि देवानृषीन् पितृंश्च पूजयेदित्यपेक्षायामाह प्राच्यामित्यादि।

संन्यासकर्मणि देवानृषींश्च प्राच्यां पूर्वस्यां दिशि यजेत् । प्रतीच्यां पश्चिमायां दिशि मातामहान्मातामहप्रभृतीन् यजेत् पूजयेत् ॥२३५॥

पूर्वादि क्रमतो दद्यादासनानां द्वयं द्वयम् ।
देवादीन् क्रमतस्तत्राऽऽवाह्यपूजां समाचरेत् ॥२३६॥

पद्मा–पूर्वदिशा से प्रारम्भ कर सभी के लिए दो-दो आसन स्थापित करे। इन आसनों पर क्रमपूर्वक देवादि का आवाहन कर पूजन प्रारम्भ करे ।

हरि०–अथ संक्षेपतो देवादीनां पूजाया विधानमाह पूर्वादिक्रमत इत्यादिभिः। पूर्वादिक्रमतः पूर्वादिक्रमेण तिसृषु दिक्ष्वासानानां द्वयं द्वयं दद्यात् तत्रासनानां द्वये द्वये क्रमतो देवादीनावाह्य तेषां पूजां समाचरेत् कुर्यात् ॥२३६॥

समर्च्य विधिवत्तेभ्यः पिण्डान् दद्यात् पृथक्-पृथक् ।
पिण्डप्रदानविधिना दत्त्वा पिण्डं यथाक्रमम् ।
कृताञ्जलिपुटो भूत्वा प्रार्थयेत् पितृदेवताः ॥२३७॥

पद्मा–फिर विधिवत् सभी की पूजा कर पृथक् पृथक् पिण्डदान करे। पिण्डदान की विधि के अनुसार क्रमपूर्वक पिण्डदान कर पितृगण एवं देवगण से हाथ जोड़कर प्रार्थना करे।

हरि०–समर्च्येत्यादि। देवर्षि पितृन् विधिवंत् समर्च्य तेभ्यो देवर्षिपितृभ्यः पृथक् पृथक् पिण्डान् विधिवद्दद्यात् । वक्ष्यमाणेन पिण्डप्रदानविधिना देवादिभ्यो यथाक्रमं पिण्डं दत्त्वा कृताञ्जलिपुटो भूत्वा पितृदेवताः प्रार्थयेत् ॥२३७॥

तृप्यध्वं पितरो देवा देवर्षिमातृका गणाः ।
गुणातीतपदे यूयमनृणीकुरुताऽचिरात् ॥२३८॥
इत्यानृण्यमर्थयित्वा प्रणम्य च पुनः पुनः ॥
ऋणत्रयविनिर्मुक्त आत्मश्राद्धं प्रकल्पयेत् ॥२३९॥

पद्मा–हे पितृगण ! हे मातृगण ! हे देवर्षिगण ! मैं गुणातीत पद को जा रहा हूँ। आप मुझे ऋण से मुक्त कर दें। इस प्रकार देव, ऋषि, पितृ तथा मातृगण को बारम्बार प्रणाम कर उनसे अपनी ऋणमुक्ति की प्रार्थना कर तीन ऋण से छूट कर साधक अपना श्राद्ध करे ।

हरि०–किं प्रार्थयेत्तत्ताह तृप्यध्वमित्यादि। हे पितरो देवा देवर्षयो मातृगणाश्च यूयं तृप्यध्वं गुणातीत पदे अतिक्रान्तगुणे पदे व्रजन्त मामचिरादतिशीघ्रमेव यूयमनृणी कुरुत॥२३८-२३९॥

पिता ह्यात्मैव सर्वेषां तत्पिता प्रपितामहः ।
आत्मन्यात्मार्पणार्थाय कुर्यादात्मक्रियां सुधीः ॥२४०॥

पद्मा–आत्मा ही सबकी माता, पितामह तथा प्रपितामह है। इसलिए बुद्धिमान् व्यक्ति परमात्मा को आत्म-समर्पण करने के लिए स्वयं का श्राद्ध करे ।

हरि०–आत्मश्राद्ध करणे हेतुं दर्शयन्नाह पिता हीत्यादि। हि यत: सर्वेषामात्मैव पिता तत्पिता पितामह: प्रपितामहश्च स्यात् अत: आत्मनि परमात्मनि आत्मनोऽर्पणार्थाय सुधीर्विद्वान् आत्मक्रियां कुर्यात् ॥२४०॥

उत्तराभिमुखो भूत्वा पूर्ववत् कल्पितासने ।
आवाह्याऽऽत्मपितृन् देवि ! दद्यात् पिण्डं समर्चयन् ।। २४१।।

पद्मा–हे देवि! पूर्ववत् कल्पित आसन पर उत्तर की ओर मुख कर बैठे। अपने पितृगण का आवाहन एवं अर्चन कर पिण्डदान करे ।

हरि०–संक्षेपत: आत्मनश्च श्राद्धस्य विधानमाह उत्तराभिमुख इत्यादिना। आत्मपितृन् आत्मस्वरूपान् पित्रादीन् ॥२४१॥

प्रागग्रान दक्षिणाग्राश्च पश्चिमाग्रान् यथाक्रमात् ।
पिण्डार्थमास्तरेद्दर्भानुदगग्रान स्वकर्मणि ।। २४२।।
समाप्य श्राद्धकर्माणि गुरुदर्शितवर्त्मना ।
युयुक्षश्चित्तशुद्ध्यर्थमिमं मन्त्रं शतं जपेत् ।। २४३।।

पद्मा–देवगण, ऋषिगण तथा पितृगण के लिए पिण्डदान हेतु यथाक्रमपूर्वक पूर्वाग्र दक्षिणाग्र, पश्चिमाग्र तथा अपने पिण्डदान हेतु कुशो का उत्तर की ओर मुख कर बिछाये। मोक्ष के इच्छुक व्यक्ति गुरु द्वारा बतायी गई पद्धति के अनुसार श्राद्धकर्म कर चित्त शुद्धि के लिये सौ बार त्र्यम्बक मन्त्र (आगे का श्लोक देखें) का जप करें ।

हरि०–**प्रागग्रानिति।** पिण्डार्थे देवर्षिपित्रुद्देश्यकपिण्डानार्थं यथाक्रमात् क्रमेणैव प्राक् प्राच्यां दिश्यग्राणि येषां तान् प्रागग्रान् दक्षिणाग्रान् पश्चिमाग्रांश्च दर्भान् कुशानास्तरेदाच्छादयेत्। स्वकर्मणि आत्मश्राद्धक्रियायां तु उदक् उदीच्यामग्राणि येषां तथाभूतान् दर्भानास्तरेत् ॥२४२-२४३॥

ह्रीँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीयमाऽमृतात् ।। २४४।।

पद्मा–हम उस त्र्यम्बक शिव की पूजा करते हैं जो पुष्टिकारक एवं सुगन्धि वाला है। जैसे–उर्वारुक (खरबूजा) का फल पक कर अपने आप गिर जाता है उसी प्रकार हम सभी बन्धनों से छूट जाँय तथा अन्त में मुक्त हो कर परमात्मा में लय हो जाय ।

हरि०–तमेवमन्त्रमाह ह्रीं त्र्यम्बकमित्यादिकम् ॥२४४॥

उपासनानुसारेण वेद्यां मण्डलपूर्वकम् ।
संथाप्य कलशं तत्र गुरुः पूजां समारभेत् ।। २४५।।

पद्मा–इसके पश्चात् श्रीगुरुदेव उपासना के अनुसार वेदी पर मण्डल बना कर उसके ऊपर कलश स्थापित करे। इसके साथ ही पूजा का प्रारम्भ करे ।

हरि०–**उपासनेत्यादि।** ततः उपासनाया अनुसारेण रचितायां वेद्यां मण्डलपूर्वकं कलशं संस्थाप्य तत्र कलशे शिष्यस्येष्टदेवतायाः पूजां गुरुः समारभेत् ॥२४५॥

ततस्तु परमं ब्रह्म ध्यात्वा शाम्भववर्त्मना ।
विधाय पूजां ब्रह्मज्ञो वह्निस्थापनमाचरेत् ।।२४६।।

पद्मा–इसके पश्चात् ब्रह्मज्ञानी मनुष्य परब्रह्म का ध्यान कर शिव के बताये गये विधान के अनुसार पूजा कर अग्नि स्थापन करे ।

हरि०–ततस्त्विति। ततस्तु शिष्येष्टदेवतापूजनादनन्तरं तु ब्रह्मज्ञो गुरुः परमं ब्रह्मध्यात्वा शाम्भववर्त्मना तस्य पूजां च विधाय वेद्या वह्निस्थापनमाचरेत् कुर्यात ।।२४६।।

प्रागुक्तसंस्कृते वह्नौ स्वकल्पोक्ताहुति गुरुः ।
दत्त्वा शिष्यं समाहूय साकल्यं हावयेत्तु तम् ।।२४७।।

पद्मा–इसके पश्चात् श्रीगुरुदेव पूर्वोक्त संस्कार की गयी अग्नि में स्वकल्पोक्त आहुतियाँ प्रदान कर शिष्य को बुलाकर साकल्यं होम कराये ।

हरि०–प्रागुक्तेत्यादि। ततः प्रागुक्तेन विधिना संस्कृते वह्नौ स्वकल्पोक्ताहुतिं स्वस्वकल्पे उक्तामाहुतिं दत्त्वा गुरुस्तं शिष्यं समाहूय तेन साकल्यमग्नौ हावयेत् ।।२४७।।

आदौ व्याहृतिभिर्हुत्वा प्राणहोमं प्रकल्पयेत् ।
प्राणापानौ समानश्चोदानव्यानौ च वायवः ।।२४८।।

पद्मा–सर्वप्रथम महाव्याहृति होम कर प्राणादि पञ्चवायु का होम करे। प्राण, अपान, समान, उदान, व्यान-यही पञ्च प्राणवायु हैं ।

हरि०–आदाविति। आदौ प्रथमतो भूरादिभिर्व्याहृतिभिः साकल्यं हुत्वा ततः प्राणहोमं शरीरस्थप्राणादिपञ्चवायुहोमं प्रकल्पयेत् कुर्यात् । होतव्यान् प्राणादीन् पञ्चवायूनाह प्राणेत्याद्यर्द्धेन ।।२४८।।

तत्त्वहोमं ततः कुर्याद्देहात्माध्यासमुक्तये ।
पृथिवी सलिलं वह्निर्वायुराकाशमेव च ।।२४९।।

पद्मा–इसके पश्चात् देह को आत्मा समझने का जो भ्रम है उसे हटाने के लिए तत्त्वहोम करे। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश ।

हरि०–तत्त्वेति । ततः परं देहात्माध्यासमुक्तये शरीरनिष्ठात्मत्वज्ञानविमुक्त्यर्थे यथाक्रमं तत्त्वहोमं पृथ्वीजलादिचतुर्विंशतितत्त्वहवनं कुर्यात् । क्रमणैव हवनीयानि चतुर्विंशतितत्त्वान्येवाह पृथिवीत्यादिनाऽहङ्कार इत्यन्तेन किञ्चिदधिकेन सपादद्वयेन ।।२४९।।

गन्धो रसश्च रूपश्च स्पर्शः शब्दोयथाक्रमात ।
ततो वाक्पणिपादाश्च पायूपस्थौ ततःपरम् ।।२५०।।
श्रोतं त्वङ्नयनं जिह्वा घ्राणं बुद्धीन्द्रियाणि च ।
मनो बुद्धिश्च चित्तञ्चाहङ्कारो देहजाः क्रियाः ।।२५१।।

पद्मा–गन्ध, रस, रूप, स्पर्श, शब्द,वाक् पाणि, पाद, वायु, उपस्थ, कान, त्वक्

नयन, जिह्वा, घ्राण यह सभी ज्ञानेन्द्रिय हैं। मन, बुद्धि एवं अहंकार देह के सभी कार्य हैं।

हरि०-गन्ध इत्यादि। पृथिव्यादिपञ्चतत्त्वहवनानन्तरं गन्धादिपञ्चतत्त्वानि यथाक्रमात् होतव्यानि। ततो वागादिपञ्चकर्मेन्द्रियाणि हवनीयानि। तत परं श्रोत्रादीनि पञ्चबुद्धीन्द्रियाणि होतव्यानि । ततोमन आदीनि चत्वारि तत्त्वानि हवनीयानि। ततो देहजाः क्रियाः होतव्याः ।

सर्वाणीन्द्रियकर्माणि प्राणकर्माणि यानि च ।।२५२।।

पद्मा-सभी इन्द्रियों के समस्त कर्म तथा प्राणों के समस्त कार्य ।

हरि०-सर्वाणीति । ततः सर्वाणीन्द्रियकर्माणि यानि च प्राण कर्माणि तान्यपि हवनीयानि॥२५२॥

एतानि मे पदान्ते च शुद्धयन्तां पदमुच्चरेत् ।
ह्रीं ज्योतिरहं विरजा विपाप्मा भूयासमित्यपि ।।२५३।।

पद्मा-इन सभी पदों का उच्चारण कर 'मे शुद्धयन्तां (मेरे शुद्ध हों)' पद का उच्चारण करे। तत्पश्चात् **ह्रीं ज्योतिरहं विरजा विपाप्मा भूयासम् स्वाहा** (मैं ज्योतिस्वरूप होऊँ, रज एवं पापरहित होऊँ) का उच्चारण करे ।

सम्पूर्ण मन्त्र इस प्रकार होगा-**प्राणापानसमानोदानव्याना मे शुद्धयन्तां ह्रीं ज्योतिरहं विरजाविपाप्मा भूयांस स्वाहा ।** इसी प्रकार सभी स्थानों पर योजना करे ।

हरि०-प्राणादिपञ्चवायूनां पृथिव्यादिचतुर्विंशतितत्त्वानां देहजक्रियाणां सर्वेन्द्रिय कर्मणां प्राणादिवायुकर्मणाञ्च होमस्य मन्त्रमाह एतानीत्यादिना। पूर्व एतानि मे इत्युच्चरेत् । तत्पदान्ते च शुद्धयन्तामिति पदमुच्चरेत् । ततो ह्रीं ज्योतिरहं विरजा विपाम्पा भूयासमित्युच्चरेत् । ततो द्विठः स्वाहेत्युच्चरेत् । योजनया एतानि मे शुद्धयन्ता ह्रीं ज्योतिरहं विरजा विपाप्मा भूयासं स्वाहेति मन्त्रो जातः। अनेनैव प्राणादीनि प्राणकर्मपर्यन्तानि सर्वाणि जुहुयात् । यथा प्राणावानसमानोदानत्याना मे शुद्धयन्तां ह्रीं विरजा विपाप्मा भूयांस स्वाहेति प्राणादीन् जुहुयादिति। एवं सर्वत्र योजना॥२५३॥

चतुर्विंशतितत्त्वानि कर्माणि दैहिकानि च ।
हुत्वाऽग्नौ निष्क्रियो देहं मृतवच्चिन्तयेत्ततः ।।२५४।।

पद्मा-इस प्रकार से साधक २४ तत्त्वों तथा दैहिक कर्मों को अग्नि में होमकर निष्क्रिय होकर अपने शरीर को मरा हुआ जाने ।

हरि०-चतुर्विंशतीत्यादि। एवं चतुर्विंशतितत्त्वानि दैहिकानि कर्माणि चाग्नौ हुत्वा निष्क्रियः क्रियाभ्यश्च निष्क्रान्तो भूत्वा ततो देहं मृतवच्चिन्तयेत् ॥२५४॥

विभाव्य मृतवत् कायं रहितं सर्वकर्मणा ।
स्मरंस्तत् परमं ब्रह्म यज्ञसूत्रं समुद्धरेत् ।।२५५।।

पद्मा-अपनी देह को मृतवत् तथा सभी कर्मरहित भावना कर परमब्रह्म को स्मरण करता हुआ गले के यज्ञसूत्र को निकाल ले ।

हरि०-विभाव्येति। सर्वकर्मणा रहितं मृतवच्च कायं देहं विभाव्य विचिन्त्य तत् जगत्कारणत्वेनातिप्रसिद्धं परमं ब्रह्म स्मरन् सन् यज्ञसूत्रं यज्ञोपवीतं समुद्धरेत् उरः स्थलात् स्कन्धनयेत् ॥२५५॥

ऐं क्ली हूँ इति मन्त्रेण स्कन्धादुत्तार्य तत्त्ववित् ।
यज्ञसूत्रं करे कृत्वा पठित्वा व्याहृतित्रयम् ।
वह्निजायां समुच्चार्य घृताक्तमनले क्षिपेत् ।।२५६।।

पद्मा-इसके उपरान्त तत्त्वज्ञ पुरुष ऐं क्ली हूँ मन्त्र को पढ़ता हुआ यज्ञसूत्रको कन्धे से उतारकर अपने हाथों में धारण करे तथा व्याहृतित्रय के अन्त में स्वाहा का उच्चारण करते हुए उस यज्ञोपवीत को घी से लिप्त कर अग्नि में डाल दे ।

हरि०-ऐमित्यादि। ततः तत्त्ववित् ब्रह्मविज्जनः ऐं क्लीं हूमिति मन्त्रेण यज्ञसूत्रं स्कन्धादुत्तार्य करे हस्ते च कृत्वा व्याहृतित्रयं पठित्वा व्याहृतित्रयान्ते च वह्निजायां स्वाहेति पदं समुच्चार्य घृताक्तं घृतसंयुक्तं यज्ञसूत्रमनलेऽग्नौ क्षिपेत् ॥२५६॥

हुत्वैवमुपवीतञ्च कामबीजं समुच्चरन् ।
छित्वा शिखां करे कृत्वा घृतमध्ये नियोजयेत् ।।२५७।।

पद्मा-इसी प्रकार यज्ञोपवीत का होम कर काम बीज क्लीं का उच्चारण करते हुए शिखा को हाथ में लेकर घी के बीच में स्थापित करे ।

हरि०-हुत्वेति। एवं प्रकारेणोपवीतं यज्ञसूत्रमग्नौ हुत्वा कामबीजं क्लीमिति बीजं समुच्चरन् सन् शिखां छित्वा करे च कृत्वा घृतमध्ये नियोजयेत् स्थापयेत् ॥२५७॥

ब्रह्मपुत्रि शिखे त्वं हि बालरूपा तपस्विनी ।
दीयते पावके स्थानं गच्छ देवि नमोऽस्तुते ।।२५८।।
कामं मायां कूर्चमन्त्रं वह्निजायामुदीरयन् ।
तस्मिन् सुसंस्कृते वह्नौ शिखाहोमं समाचरेत् ।।२५९।।
शिखामाश्रित्य पितरो देवा देवर्षयस्तथा ।
सर्वाण्याश्रमकर्माणि निवसन्ति शिखोपरि ।।२६०।।

पद्मा-फिर यह मन्त्र पढ़ें-हे ब्रह्मपुत्रि ! हे शिखे ! तुम केशरूपा तपस्विनी हो। हे देवि! तुम्हें अग्नि में स्थान देता हूँ। तुम जाओ तुम्हें नमस्कार है। **क्लीं ह्रीं हूँ फट् स्वाहा** मंत्र पढ़कर संस्कारित अग्नि में शिखा का होम करो, पितृगण, देवगण तथा देवर्षिगण एवं समस्त आश्रमों के सम्पूर्ण कर्म शिखा पर ही आधारित हैं ।

हरि०-ब्रह्मेति। ततो ब्रह्मपुत्रि इत्याद्यं नमोऽस्तुते इत्यन्तं मन्त्रमुदीरयन् एतन्मन्त्रान्ते च कामं क्लीमितिमायां ह्रीमिति कूर्चं हूमिति अस्त्रं फडिति वह्निजायां स्वाहेति च बीजं कीर्त्तयन् तस्मिन् सुसंस्कृते वह्नौ शिखाया होमंसमाचरेत् कुर्यात् ॥२५८-२६०॥

अतः सन्तर्प्य ताः सर्वा देवर्षि पितृदेवताः ।
शिखासूत्रपरित्यागाद्देही ब्रह्ममयो भवेत् ।।२६१।।

पद्मा–इसलिए देव, ऋषि, पितृ, देवगण, सब का तर्पण करके देही शिखा तथा यज्ञोपवीत को त्यागते ही ब्रह्ममय हो जाता है ।

हरि०–ब्रह्ममयो ब्रह्मस्वरूप:।।२६१।।

यज्ञसूत्रशिखात्यागात् संन्यासः स्यात् द्विजन्मनाम्।
शूद्राणामितरेषाञ्च शिखा हुत्वैव संस्क्रियाः ।।२६२।।
ततो मुक्तशिखासूत्रः प्रणमेत् दण्डवद्गुरुम् ।
गुरुरुत्थाप्य तं शिष्यं दक्षकर्णे वदेदिदम् ।।२६३।।

पद्मा–यज्ञसूत्र एवं शिखा के त्याग से ही द्विजों का संन्यास होता है। शूद्र एवं अन्य जातियों का संन्यास संस्कार केवल शिखा के होम से होता है। शिखासूत्र को त्यागने के उपरान्त गुरुदेव को दण्डवत् प्रणाम करे। शिष्य को उठाकर गुरु उसके कान में इस मन्त्र को कहे ।

हरि०–द्विजन्मनाम् ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यानाम् इतरेषाम् वर्णसङ्कराणाम् ।।२६२-२६३।।

तत्त्वमसि महाप्राज्ञः हंसः सोऽहं विभावय ।
निर्ममो निरहङ्कारः स्वभावेन सुखं चर ।।२६४।।

पद्मा–हे महाप्राज्ञ! वह ब्रह्म तुम ही हो। तुम हंसः और सोऽहं की भावना करो। तुम अहंकार तथा ममतारहित होकर अपने शुद्धभाव में मुख से विचरण करो ।

हरि०–ननु गुरुः शिष्यस्य दक्षिणे कर्णे किं वदेदित्यपेक्षायामाह तत्त्वमसीत्यादिं हे महाप्राज्ञ महामनीषिन् तत् जगत्कारणत्वेनातिप्रसिद्धं परं ब्रह्म त्वमेवासि अतोऽहमेव स परमात्मा स एवाहमस्मीति त्वं विभाव्य विचिन्त्य किञ्च निर्ममः पुत्रादिविषयकममताशून्यो निरहङ्कारो विधादिविषयनिमित्तकचित्तसमुन्नतिशून्यश्च सन् स्वभावेन सुखं यथा स्यात्तथा चर इतस्ततो गच्छ। अहमित्यास्यादेर्लोपस्त्वार्षः।।२६४।।

ततो घटञ्च वह्निञ्च विसृज्य ब्रह्मतत्त्ववित् ।
आत्मस्वरूपं तं मत्वा प्रणमेच्छिरसा गुरुः ।।२६५।।

पद्मा–इसके पश्चात् ब्रह्मज्ञानी गुरुदेव घट एवं अग्नि का विसर्जन कर शिष्य को आत्मस्वरूप मानकर उसे सिर झुकाकर प्रणाम करे ।

हरि०–तत इति। ततः परं घटं वह्निञ्च विसृज्य ब्रह्मतत्त्वविद् गुरुस्तं शिष्यमात्मस्वरूपं मत्वा वक्ष्यमाणमन्त्रेण शिरसा प्रणमेत् ।।२६५।।

नमस्तुभ्यं नमो मह्यं तुभ्यं मह्यं नमो नमः ।
त्वमेव तत् तत्त्वमेव विश्वरूपं नमोऽस्तु ते ।।२६६।।

पद्मा–तुम्हें नमस्कार है, मुझे नमस्कार है। तुम्हें तथा मुझे बारम्बार नमस्कार है। हे

विश्वरूप ! तुम ही यह जगत् हो तथा यह जगत् ही तुम हो, तुम्हें नमस्कार है ।

हरि०–येन मन्त्रेण प्रणमेत तमेव मन्त्रमाह नमस्तुभ्यमित्यादिकम् ॥२६६॥

ब्रह्ममन्त्रोपासकानां तत्त्वज्ञानां जितात्मनाम् ।
स्वमन्त्रेण शिखाच्छेदात् संन्यासग्रहणं भवेत् ॥२६७॥

पद्मा–ब्रह्ममत्रं के उपासक तत्त्वज्ञानयुक्त तथा जितेन्द्रिय साधक अपने मन्त्र का पाठ कर शिखा को काटें तो यह उनका संन्यास ग्रहण करना होगा ।

हरि०–ब्रह्ममन्त्रोपासकानां तु संन्यासग्रहणे विशेषविधिमाह ब्रह्ममन्त्रेत्यादिना। तत्त्वज्ञानां ब्रह्मज्ञानिनां जितमनसां ब्रह्ममन्त्रोपासकानां स्वमन्त्रेण शिखाच्छेदादेव संन्यासग्रहणं भवेत् ॥२६७॥

ब्रह्मज्ञानविशुद्धानां किं यज्ञैः श्राद्धपूजनैः ।
स्वेच्छाचारपराणां तु प्रत्यवायो न विद्यते ॥२६८॥

पद्मा–जो मनुष्य ब्रह्मज्ञान से शुद्ध हुए हैं, उनको यज्ञ, पूजा तथा श्राद्धादि करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि स्वेच्छापरायण भी हो तो कोई अनुचित नहीं है ।

हरि०–ननु यज्ञश्राद्धादिकमकृत्वैव संन्यासं गृह्णतां ब्रह्ममन्त्रोपासकानां प्रत्यवायभागित्वं स्यात्तत्राह ब्रह्मज्ञानेत्यादि॥२६८॥

ततो निर्द्वन्द्वरूपोऽसौ निष्कामस्थिरमानसः ।
विहरेत् स्वेच्छया शिष्यः साक्षाद् ब्रह्ममयो भुवि ॥२६९॥

पद्मा–इसके उपरान्त शिष्य सुखदुःखादि रूप द्वन्द्वों से रहित, कामनाविहीन स्थिरचित्त तथा साक्षात् ब्रह्ममय होकर स्वेच्छापूर्वक पृथिवीलोक में विचरण करे ।

हरि०–निर्द्वन्द्वरूपः सुखदुःखादियुगलानि द्वन्द्वानि तद्रहितो निर्द्वन्द्वस्तत्स्वरूपः॥२६९॥

आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं सद्रूपेण विभावयन् ।
विस्मरन्नामरूपाणि ध्यायन्नात्मानमात्मनि ॥२७०॥

पद्मा–वह ब्रह्मसे तृणगुच्छ तक समस्त विश्व को सत् स्वरूप समझे। नामरूप को भूलकर आत्मा से आत्मा में ध्यान करे ।

हरि०–आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं ब्रह्मारभ्य तृणादिगुच्छपर्यन्तं सद्रूपेण सत्यरूपेण विभावयन् विचिन्तयन् ॥२७०॥

अनिकेतः क्षमावृत्तो निःशङ्कः सङ्गवर्जितः ।
निर्ममो निरहङ्कारः संन्यासी विहरेत् क्षितौ ॥२७१॥

पद्मा–आवासरहित, क्षमाशील, शंकारहित, किसी का साथ किये बिना, ममताहीन अहंकाररहित होकर संन्यासी भूमण्डल में विचरण करे ।

हरि०–अनिकेत इत्यादि। अनिकेतः नियतवासशून्यः। क्षमावृत्तः क्षमैव वृत्तं यस्य सः। निःशङ्कः उद्वेगरहितः। सङ्गवर्जितः क्वचिदप्यनासक्तः॥२७१॥

मुक्तो विधिनिषेधेभ्यो निर्योगक्षेम आत्मवित्।
सुखदुःखसमो धीरो जिवात्मा विगतस्पृहः ।।२७२।।

पद्मा–वह शास्त्रीय विधि-विधानों तथा निषेधों से रहित होगा। वह प्राप्त विषय की रक्षा तथा अप्राप्य विषय के पाने की चेष्टा नहीं करेगा। वह सुख-दुख में समान, धैर्यशील, जितेन्द्रिय तथा इच्छाहीन रहे ।

हरि०–मुक्त इत्यादि। निर्योगक्षेमः अप्राप्तस्वीकारो योगः प्राप्तपरिरक्षणं क्षेमः ताभ्यां रहितः। सुखदुःखसम, सुख-दुःख समे य यस्य सः। जितात्मा जितदेहः। विगतस्पृहः उच्चावचेषु दृष्टमात्रेषु वस्तुषु इतस्ततो जिघृक्षास्पृहाः विगता स्पृहा यस्य सः।।२७२।।

स्थिरात्मा प्राप्तदुःखोऽपि सुखे प्राप्तेऽपि निष्पृहः।
सदानन्दः शुचिः शान्तो निरपेक्षो निराकुलः ।।२७३।।

पद्मा–दुःख होने पर भी अपना अन्तःकरण स्थिर रखे। सुख होने पर भोगों की इच्छा न करे। सदा आनन्दयुक्त, पवित्र, शान्त, निरपेक्ष तथा आकुलतारहित रहे।

हरि०–स्थिरेत्यादि। स्थिरात्मा स्थिरचित्तः स्थिरस्वभावो वा। निष्पृहः भोगाकाङ्क्षाशून्यः शुचि। ब्राह्याभ्यन्तरशौचसम्पन्नः। शान्तः संयतान्तः करणः । निरपेक्षः परापेक्षारहितः । निराकुलः आकुलताशून्यः।।२७३।।

नोद्वेजकः स्याज्जीवानां सदा प्राणिहिते रतः ।
विगतामर्षभीर्दान्तो निःसङ्कल्पो निरुद्यमः ।।२७४।।

पद्मा–किसी भी मनुष्य को भयभीत न करे। सदैव समस्त प्राणियों के कल्याण में लगा रहें। क्रोध, भय, सङ्कल्प तथा उद्यम शून्य रहे ।

हरि०–नेत्यादि नोद्वेजकः न भीतिजनकः। विगतामर्षभीः अपगतक्रोधभयः दान्तः संयतवाह्येन्द्रियः। निरुद्यमः स्वदेह निर्वाहार्थव्यापार शून्यः।।२७४।।

शोकद्वेषविमुक्तः स्यात् शत्रौ मित्रे समो भवेत् ।
शीतवातातपसहः समो मानापमानयोः ।।२७५।।

पद्मा–शोकद्वेष से शून्य रहे। शत्रुमित्र को समान समझे। शीत, वात, आतप आदि के कष्ट सहने में सामर्थ्यवान बने ।

हरि०–शोकेत्यादि। शत्रौ मित्रे च समः एकरूपः मानापमानयोरपि समः हर्षविषादः शून्य इत्यर्थः।।२७५।।

समः शुभाशुभे तुष्टेयदृच्छाप्राप्तवस्तुना ।
निस्त्रैगुण्यो निर्विकल्पो निर्लोभःस्यादसञ्चयी ।।२७६।।

पद्मा–शुभ अशुभ में सम रहे। अपने आप प्राप्त होने वाली वस्तुओं से सन्तुष्ट रहे। त्रिगुणातीत (सत्त्व रज, तमादि) से दूर रहे। निर्विकल्प लोभरहित एवं सञ्चयरहित रहे।

हरि०–सम इत्यादि। निस्त्रैगुण्यः त्रयो गुणा यस्मिन् स त्रिगुणः सक्रमः तस्य

भावस्त्रैगुण्यम् तस्मान्निष्क्रान्तो निस्त्रैगुण्यः निष्कामः इत्यर्थः। निर्विकल्पः नानाविधकल्पनाशून्यः। निर्लोभः धनाद्यागमे बहुधा जायमानोऽपि पुनर्वर्द्धमानोऽभिलाषो लोभः तद्रहितः । असञ्चयी तत्तद्वस्तुसञ्चयाभाववान् ॥२७६॥

यथा सत्यमुपाश्रित्य मृषा विश्वं प्रतिष्ठति ।
आत्माश्रितस्तथा देहो जानन्नेवं सुखी भवेत् ।।२७७।।

पद्मा–संसार मिथ्यास्वरूप होने पर भी जिस प्रकार एकमात्र सत्य स्वरूप परमात्मा का आश्रय लेकर सत्य प्रतीत होता है उसी प्रकार आत्मा का आश्रम लेकर मिथ्याभूत यह शरीर आत्मवत् प्रतीत होता है इसे अनुभव कर संन्यासी सुखी हो ।

हरि०–यथेत्यादि। यथा सत्यं परमात्मानमेवोफश्रित्यावलम्बयमृषा मिथ्याभूतमपि विश्वं प्रतिष्ठति सत्यवदास्ते तथैवात्मानमाश्रितो मिथ्याभूत एव देहः प्रतिष्ठति एवं जानन् संन्यासी सुखी भवेत् ॥२७७॥

इन्द्रियाण्येव कुर्वन्ति स्वं स्वं कर्म पृथक् पृथक् ।
आत्मा साक्षी विनिर्लिप्तो ज्ञात्वैवं मोक्षभाग् भवेत् ।। २७८।।

पद्मा-इन्द्रियाँ ही पृथक् पृथक् अपने-अपने कार्य को करती हैं। आत्मा साक्षी तथा निर्लिप्त है इसे ही जानकर संन्यासी मोक्ष को प्राप्त होता है ।

हरि०–इन्द्रियाणीति । इन्द्रियाण्येव पृथक् पृथक् स्वं स्वं कर्म कुर्वन्ति । आत्मा तु साक्षी केवलं शुभाशुभकर्मणां द्रष्टा भवति। अतएव निर्लिप्तः तत्तत्कर्मभिर्वद्धो न भवति। एवं ज्ञात्वैव संन्यासीमोक्षभाग् भवेत् ॥२७८॥

धातुप्रतिग्रहं निन्दामनृतं क्रीड़नं स्त्रिया ।
रेतस्त्यागमसूयाञ्च संन्यासी परिवर्जयेत् ।।२७९।।
सर्वत्र समदृष्टिः स्यात् कीटे देवे तथा नरे ।
सर्वं ब्रह्मेति जानीयात् परिव्राट् सर्वकर्मसु ।।२८०।।
विप्रान्नं श्वपचान्नं वा यस्मात्तस्मात् समागतम ।
देशं कालं तथा पात्रमश्नीयादविचारयन् ।।२८१।।

पद्मा–संन्यासी धातु द्रव का ग्रहण करना, परनिन्दा, मिथ्या व्यवहार, स्त्रियों के साथ क्रीड़ा, वीर्य का त्याग तथा असूया (ईर्ष्या) को त्याग दे। वह देवता, मनुष्य, एवं कीटादि में सब के प्रति समदर्शी हो। समस्त कर्म समूहरूप संसार को ब्रह्म ही जाने। ब्राह्मण का अन्न हो या चाण्डाल का अन्न हो, जिस किसी भी मनुष्य से प्राप्त हो या कहीं से भी आया हो, उस अन्न को देश, काल तथा पात्रादि का विचार न कर भोजन करे ।

हरि०–अनृतम् अयथार्थ भाषणम् । असूयाम् सत्स्वपि गुणेषु दोषारोपणम् ॥२७९-२८१॥

अध्यात्मशास्त्राध्ययनैः सदा तत्त्वविचारणैः ।
अवधूतो नयेत् कालं स्वेच्छाचारपरायणः ।।२८२।।

पद्मा–अवधूत पुरुष स्वेच्छाचारी होकर भी वेदान्त शास्त्र के अध्ययन तथा आत्मतत्त्व के चिन्तन में सदा अपना समय व्यतीत करे ।

हरि०–अध्यात्मशास्त्राध्ययनै वेदान्तशास्त्रपाठैः। तत्त्वविचारणैः ब्रह्मतत्त्वनिवेचनैः॥२८२॥

संन्यासिना मृतं कायं दाहयेन्न कदाचन ।
सम्पूज्य गन्धपुष्पाद्यैर्निखनेद्वाप्सु मज्जयेत् ।।२८३।।

पद्मा–संन्यासियों की मृत देह को कभी जलाए नहीं । इस देह को गन्धपुष्पादि से पूजित कर पृथ्वी में समाहित करे या जल में डूबा दे ।

हरि०–निखनेत् शुचौ भूमौ गर्त्त विधाय तत्रैव निदध्यात् । अप्सु जलेषु॥२८३॥

अप्राप्तयोगमर्त्यानां सदा कामाभिलाषिणाम् ।
स्वभावाज्जायते देवि ! प्रवृत्तिः कर्मसङ्कुले ।।२८४।।

पद्मा–हे देवि ! जो मनुष्य योग एवं ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कर नहीं पाये हैं ऐसे कामाभिलाषी लागों की स्वभावतः कर्मकाण्ड में रुचि होती है ।

हरि०–अप्राप्तयोगमर्त्यानाम् न प्राप्तो योगो ब्रह्मज्ञानसंवन्धो यैस्तथाभूतानाम् कर्मसङ्कुले कर्मसमूहे॥२८४॥:

तत्रापि ते सानुरक्ता ध्यानार्चाजपसाधने ।
श्रेयस्तदेव जानन्तु यत्रैव दृढनिश्चयाः ।।२८५।।

पद्मा–वे लोग कर्मकाण्ड में अनुरक्त होकर ध्यान, पूजा, जप आदि साधनों में दृढ़ होकर उन्हीं को कल्याणकारी मानते हैं ।

हरि०–**तत्रापि तत्रैवापि**। अप्राप्तयोगमर्त्याः। सानुरक्ताः अनुरागवन्तः। तदेव अर्च्चादिकर्मैव॥२८५॥

अतः कर्मविधानानि प्रोक्तानि चित्तशुद्धये ।
नामरूपं बहुविधं तदर्थं कल्पितं मया ।।२८६।।
ब्रह्मज्ञानादृते देवि ! कर्मसंन्यासनं विना ।
कुर्वन् कल्पशतं कर्म न भवेन्मुक्तिभाग जनः ।।२८७।।
कुलावधूतस्तत्त्वज्ञो जीवन्मुक्तो नराकृतिः ।
साक्षान्नारायणं मत्वा गृहस्थस्तं प्रपूजयेत् ।।२८८।।
यतेर्दर्शनमात्रेण विमुक्तः सर्वपातकात् ।
तीर्थव्रततपोदानसर्वयज्ञफलं लभेत् ।।२८९।।

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्मनिर्णयसारे श्रीमदाद्यासदा-शिवसंवादे वर्णाश्रमाचार-धर्मकथनं नामाष्टमोल्लासः।।८।।

पद्मा–इसलिए मैंने चित्तकी शुद्धि के लिए कर्मकाण्ड का विधान कहा है और मैंने अनेक प्रकार के नाम रूपों की कल्पना की है। हे देवि! ब्रह्मज्ञान तथा कर्मसंन्यास के बिना सौ कल्पों तक भी कर्म करने पर कोई मनुष्य मुक्ति को नहीं प्राप्त कर सकता। ब्रह्मज्ञान सम्पन्न कुलावधूत मनुष्याकार होकर भी जीवन्मुक्त है। गृहस्थ उसको नारायण रूप समझ कर पूजा करते हैं। यति के दर्शन करने मात्र से मनुष्य के सभी पाप दूर हो जाते हैं। दर्शन करने वाले को तीर्थ, तपस्या, व्रत, दान तथा समस्त यज्ञानुष्ठानों का फल प्राप्त होता है।

इस प्रकार महानिर्वाणतन्त्र के वर्णाश्रमाचार धर्मकथन नामक आठवें उल्लास की अजय कुमार उत्तम विरचित पद्मा हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ।।८।।

हरि०–तदर्थम् अप्राख्योगमर्त्यार्थम् ॥२८६-२८९॥

इति महानिर्वाणतन्त्र टीकायां अष्टमोल्लासः।।८।।

नवमोल्लासः

श्रीसदाशिव उवाच

वर्णाश्रमाचारधर्माः कथितास्तव सुव्रते ।
संस्कारान् सर्ववर्णानां शृणुष्व गदतो ममः ।।१।।
संस्कारेण विना देवि ! देहशुद्धिर्न जायते ।
नासंस्कृतोऽधिकारी स्याद् दैवे पैत्रे च कर्मणि ।।२।।
अतो विप्रादिभिर्वर्णैः स्वस्ववर्णोक्त संस्क्रिया ।
कर्त्तव्या सर्वथा यत्नैरिहामुत्र हितेप्सुभिः ।।३।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा-हे सुव्रते ! सभी वर्णों तथा आश्रमों में आचार तथा धर्म को मैंने तुमसे कहा ।अब सभी वर्णों के संस्कार का वर्णन करता हूँ। उसे सुनो। हे देवि! संस्कार के बिना देह की शुद्धि नहीं होती है। असंस्कृत पुरुष कभी भी दैव तथा पैत्र्य कर्म का अधिकारी नहीं होता। इसलिए विप्रादि सभी वर्णों का कर्तव्य है कि वे यदि लोक-परलोक में हित की कामना करते हैं तो उनको सभी प्रकार से सभी प्रयत्न करके अपने-अपने वर्णो के संस्कार अवश्य करे ।

हरि०– **ॐ नमो ब्रह्मणे।**

श्रीश्रीनाथपदाम्भोजे नियतं मतिरस्तु मे ।

एवमशेषान् वर्णाश्रमाचारधर्मान् कथयित्वेदानीं सर्ववर्णानामखिलान् संस्कारान् विवक्षन् श्रीसदाशिव उवाच वर्णाश्रमेत्यादि गदतो मम कथयन्तो मत्तः।।१-३।।

जीवसेकः पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं तथा ।
जातनाम्नी निष्क्रमणमन्नाशनमतः परम् ।
चूड़ोपनयनोद्वाहाः संस्काराः कथिता दश ।।४।।

पद्मा–गर्भाधन, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण अन्नप्राशन, चूड़ाकरण, उपनयन तथा विवाह–ये दस संस्कार कहे गये हैं ।

हरि०–अशुचिरित्यादि। हे आद्ये कुलार्चनात्तथा प्रारब्धकर्मणश्च ऋते कुलार्चने प्रारब्धकर्मभ्यान्यस्मिन् दैवे पित्र्ये च कर्मण्यशुचिर्जनोऽधिकारी न स्यात् ॥७८॥

पञ्चवर्षाधिकान् मर्त्यान् दाहयेत् पितृकानने ।
भर्त्रा सह कुलेशानि ! न दहेत् कुलकामिनीम् ।।७९।।
तव स्वरूपा रमणी जगत्याच्छन्नविग्रहा ।
मोहाद्भर्तुश्चितारोहात् भवेन्नरकामिनी ।।८०।।
ब्रह्ममन्त्रोपासकांस्तु तेषामाज्ञानुसारतः ।
प्रवाहयेद्वा निखनेद्दाहयेद्वापि कालिके! ।।८१।।

पुण्यक्षेत्रे च तीर्थे वा देव्याः पार्श्वे विशेषतः।
कुलीनानां समीपे वा मरणं शस्तमम्बिके ।।८२।।

पद्मा–हे कुलेशानि! पाँच वर्ष से अधिक आयु वाले मृत मनुष्य को श्मशान में जलाये। कुलस्त्री को पति के साथ न जलाये; क्योंकि संसार की समस्त स्त्रियाँ तुम्हारा ही स्वरूप हैं। संसार में उनका शरीर आच्छन्न है । जो भी स्त्री मोहवश पति की चिता पर जल मरने को चढ़ती है वह नरक को जाती है। हे कालिके! जो मनुष्य ब्रह्ममन्त्र के उपासक हैं, उनकी आज्ञा के अनुसार स्त्रियों का मृत शरीर जल में प्रवाहित कर दे या मिट्टी में गाड़ दे या चिता में (पति की चिता से अलग) जला दे। हे अम्बिके! पुण्यक्षेत्र, तीर्थ, अथवा देवीस्थान के समीप या कौलिकगणों के निकट मृत्यु प्रशस्त कही गयी हैं ।

हरि०–पितृकानेन श्मशाने॥७९-८२॥

विभावयन् सत्यमेकं विस्मरन् जगतां त्रयम् ।
परित्यजति यः प्राणान् स स्वरूपे प्रतिष्ठति ।।८३।।

पद्माः–जो मनुष्य मृत्यु के समय तीनों लोकों को विस्मृत कर एकमात्र सत्यस्वरूप का ध्यान करते हुये प्राण त्यागता है, वह परमात्मा के स्वरूप में मिल जाता है अर्थात् मोक्ष को प्राप्त कर लेता है ।

हरि०–विभावयन्निति । विभावयन्विचिन्तयन् । स्वरूपे परमात्मनि॥८३॥

प्रेतभूमौ शवं नीत्वा स्नापयित्वा घृतोक्षितम् ।
उत्तराभिमुखं कृत्वा शाययेत्तं चितोपरि ।।८४।।

पद्मा–श्मशान भूमि में मृत शरीर को लाकर उसे घी लगाकर स्नान कराये। स्नान कराने के उपरान्त चिता के ऊपर उत्तर दिशा में मुख कर लिटा दे ।

हरि०–प्रेतभूमावित्यादि । प्रेतभूमौ शवं नीत्वा घृतोक्षितं घृताभ्यक्तं तं स्नापयित्वोत्तराभिमुखं कृत्वा चितोपरि तं शवं शाययेत् ॥८४॥

सम्बोधनान्तं तद्गोत्रं प्रेताख्यानं समुच्चरन् ।
दत्त्वा पिण्डं प्रेतमुखे दहेद्वह्निमनुं स्मरन् ।।८५।।
पिण्डयन्तु रचयेत्तत्र सिद्धान्नैस्तण्डुलश्च वा ।
यवगोधूमचूर्णैवा धात्रीफलसमं प्रिये! ।।८६।।
स्थितेषु प्रेतपुत्रेषु ज्येष्ठे श्राद्धाधिकारिता ।
तदभावेऽन्यपुत्रादौ ज्येष्ठानुक्रमतो भवेत् ।।८७।।

पद्मा–फिर **ॐ अद्य अमुकगोत्र प्रेत अमुकदेवशर्मन्! एष पिण्डस्ते स्वधा** का उच्चारण कर प्रेत के मुख में पिण्ड दें तथा वह्निबीज रँ का स्मरण करते हुए दाह कर्म करें। हे प्रिये! यहाँ पर सिद्धान्न (पका हुआ अन्न) चावल अथवा गेहूँ के आटे से आँवले के आकार के पिण्ड बनाये। प्रेतपुरुष के पुत्रों में बड़ा पुत्र श्राद्धकर्म करने का अधिकारी है।

बड़े पुत्र के उपस्थित न रहने या मर जाने पर ज्येष्ठता के क्रम से अन्य पुत्र भी श्राद्धकर्म करने के अधिकारी हो सकते हैं।

हरि०–सम्बोधनान्तमित्यादि। सम्बोधनान्तं सम्बोधनविभक्तान्तं प्रेताख्यानं प्रेतनाम तद्गोत्रञ्च समुच्चरन् ओं अद्यामुकगोत्र प्रेत पितरमुक देवशर्मन्नेष पिण्डस्ते स्वधेति वाक्यमुदरीयन् प्रेतमुखे पिण्डतं दत्त्वा वह्निमनु रमिति मन्त्रं स्मरन् सन् शवं दहेत्। ज्येष्ठ पुत्रे ॥८५-८७॥

अशौचान्तान्तदिवसे कृतस्नानो नरः शुचि।
मृतप्रेतत्वमुक्त्यर्थमुत्सृजेत्तिलकाञ्चनम् ॥८८॥

पद्मा–अशौच की समाप्ति के दूसरे दिन स्नान कर पवित्र होकर मृत पुरुष का प्रेतत्व दूर करने के लिए तिल तथा काञ्चन (स्वर्ण) का दान करे।

हरि०–अशौचान्तेत्यादिं। अशौचान्तान्तदिवसे अशौचान्ताद्वासरात् परस्मिन् वासरे। कृतस्नानः शुचिश्च सन्नरः ओं अद्येत्यादि अमुकगोत्रस्य प्रेतस्य पितरमुकदेवशर्मणः प्रेतत्वविमुक्त्यर्थममुकगोत्रायामुकदेवशर्मणे ब्राह्मणाय दातुं काञ्चनसहितांस्तिलानहमुत्सृजे इति वाक्यने मृतप्रेतत्वविमुक्त्यर्थ तिलकाञ्चनमुत्सृजेत् ॥८८॥

गां भूमिं वसनं यानं पात्रं धातुविनिर्मितम्।
भोज्यं बहुविधं दद्यात् प्रेतस्वर्गाय सत्सुतः ॥८९॥
गन्धं माल्यं फलं तोयं शय्यां प्रियकरीं तथा।
यद् यत् प्रेतप्रियं द्रव्यं तत् स्वर्गीय समुत्सृजेत् ॥९०॥

पद्मा–सत्पुत्र मृतक पिता के स्वर्ग प्राप्ति के लिये गाय, भूमि, वस्त्र, यान, धातु से बने पात्र एवं अनेक प्रकार के भोज्य पदार्थों कौं प्रदान करे। गन्ध, माला, फल, तोय (जल) सुखप्रदायक शय्या तथा जो भी वस्तुएँ प्रेत पुरुष (मृतपुरुष) को प्रिय रही हों, वे सभी प्रेत की स्वर्ग प्राप्ति के लिये दान करे।

हरि०–गमित्यादि। ओं अद्यामुकगोत्रस्य प्रेतस्य पितुरमुकदेवशर्मणः स्वर्गार्थ-ममुकगोत्रायामुकदेवशर्मणे ब्राह्मणाय गामिमामहं सम्प्रददे इति वाक्येन सत्सुतः प्रेतस्वर्गाय गां दद्यात्। इत्थमेव कल्पितेन तत्तद्वाक्यने भूम्यादिकमपि प्रेतस्वर्गाय दद्यात् ॥८९-९०॥

ततस्तु वृषभञ्चैकं त्रिशूलाङ्केन लाञ्छितम्।
स्वर्णेनालङ्कृतं कृत्वा त्यजेत् तत्स्वरवाप्तये ॥९१॥
प्रेतश्राद्धोक्तविधिना श्राद्धं कृत्वाऽतिभक्तितः।
ब्रह्मज्ञान् ब्राह्मणान् कौलान् क्षुधितानपि भोजयेत् ॥९२॥

पद्मा–इसके उपरान्त उसके स्वर्गप्राप्ति के लिये एक बैल को त्रिशूल के चिन्ह से चिह्नित कर तथा स्वर्णाभूषणों से अलंङ्कृत कर छोड़ दे। भक्तिपूर्वक प्रेतश्राद्ध में कही गयी विधि के अनुसार श्राद्धकर ब्रह्मज्ञानी ब्राह्मणों, कौलों तथा अन्य भूखे मनुष्यों को भोजन कराये।

हरि०–तत्स्वरवाप्तये प्रेतस्वर्गावाप्तये॥९१-९२॥

दानेष्वशक्तो मनुजः कुर्वन् श्राद्धं स्वशक्तितः ।
बुभुक्षितान् भोजयित्वा प्रेतत्वं मोचयेत् पितुः ।।९३।।

पद्मा–जो मनुष्य गाय आदि के दान करने में असमर्थ हो, वह अपनी क्षमता के अनुसार श्राद्ध कर्म कर भूखे मनुष्यों को भोजन कराकर पिता को प्रेतत्त्व से मुक्ति दिलायें।

हरि०–बुभुक्षितान् क्षुधितान् ॥९३॥

आद्यैकोद्दिष्टमेतत्तु प्रेतत्वान्मुक्तिकारणम् ।
वर्षे वर्षे मृततिथौ दद्यादन्नं गतासवे ।।९४।।
बहुभिर्विधिभिः किं वा कर्माभिर्बहुभिश्च किम् ।
सर्वसिद्धिमवाप्नोति मानवः कौलिकार्चनात् ।।९५।।
विना होमाज्जपात् श्राद्धात् संस्कारेषु च कर्मसु ।
सम्पूर्णकार्य सिद्धिः स्यादेकया कौलिकार्चया ।।९६।।

पद्मा–यह प्रेतश्राद्ध आदि एकोद्दिष्ट तथा प्रेतत्त्व से मुक्त का कारण होता है। इसके पश्चात् प्रतिवर्ष मृत व्यक्ति की मृत्युतिथि पर उसके के लिये अन्न प्रदान करना चाहिए। अनेकविधान अथवा अनेक कर्मों का अनुष्ठान करने से क्या लाभ ? कौलसाधकों की पूजा करने से सभी सिद्धियाँ प्राप्त होती है। विना होम, जप, श्राद्ध अथवा संस्कार के केवल कौलसाधक के पूजन से ही सभी कार्यों की सिद्धि प्राप्त हो जाती है ।

हरि०–आद्येत्यादि। एतदाद्यमेकोद्दिष्टं तु मृतस्य प्रेतत्वान्मुक्तेः कारणं भवति। अतः परं वर्षे वर्षे मृततिथौ एकोद्दिश्राद्धे मृतं प्रेत नोच्चारयेदित्यवगन्तव्यम् । गतासवे विगत प्राणाय ॥९४-९६॥

शुक्लां चतुर्थीमारभ्य शुभकर्माणि साधयेत् ।
असितां पञ्चमीं यावत् विधिरेष शिवोदितः ।।९७।।
अन्यत्रापि विरुद्धेऽह्नि गुर्वर्त्विक्कौलिकाज्ञया ।
कर्माण्यपरिहार्याणि कर्मार्थी कर्तुमर्हति ।।९८।।
गृहारम्भः प्रवेशश्च यात्रा रत्नादिधारणम् ।
सम्पूज्याऽऽद्यां पञ्चतत्त्वैः कुर्यादेतानि कौलिकः ।।९९।।
संक्षेपयात्रामथवा कुर्यात् साधकसत्तमः ।
ध्यायन् देवीं स्मरन्मन्त्रं नत्वा गच्छेद् यथामति ।।१००।।
सर्वासु देवतार्चसु शारदीयोत्सवादिषु ।
तत्तत्कल्पोक्तविधिना बलिहोमं प्रयोजयेत् ।।१०१।।
आद्यापूजोक्तःविधिना बलिहोमं प्रयोजयेत् ।
कौलार्चनं दक्षिणाञ्च कृत्वा कर्म समापयेत् ।।१०२।।

गङ्गां विष्णुं शिवं सूर्यं ब्रह्माणं परिपूज्य च ।
उद्देश्यमर्चयेद्देवं सामान्यो विधिरीरितः ।।१०३।।
कौलिकः परमो धर्मः कौलिकः परदेवता ।
कौलिक परमं तीर्थ तस्मात् कौलं सदार्चयेत् ।।१०४।।
सार्द्धत्रिकोटितीर्थानि ब्रह्माद्याः सर्वदेवताः ।
वसन्ति कौलिके देहे किन्न स्यात् कौलिकार्चनात् ।।१०५।।
पूर्णाभिषिक्तः सत्कौलो यस्मिन् देशे विराजते ।
धन्यो मान्यः पुण्यतमः स देशः प्रार्थतेसुरैः ।।१०६।।
कृतपूर्णाभिषेकस्य साधकस्य शिवात्मनः ।
पुण्यपापविहीनस्य प्रभावं वेत्ति को भुवि ।।१०७।।
केवलं नररूपेण तारयन्नखिलं जगत् ।
शिक्षयन् लोकयात्राञ्च कौलो विहरति क्षितौ ।।१०८।।

पद्मा—भगवान् शिव ने कहा है शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से प्रारम्भ करके कृष्णपक्ष की पञ्चमी तिथि तक समस्त शुभ कर्म करे। कर्मार्थी मनुष्य गुरु, आचार्य तथा कौलसाधक की अनुमति से अन्य विरूद्ध दिन में भी अपरिहार्य कर्म का अनुष्ठान कर सकता है। कौलसाधक पञ्चतत्त्व द्वारा देवी की पूजा कर गृहारम्भ, गृहप्रवेश, यात्रारम्भ, रत्नादिधारण-ये समस्त कार्य करे। देवी भगवती का ध्यान, मन्त्रजप तथा प्रणाम करके स्वेच्छानुसार यात्रा करे। शारदीय उत्सव आदि में देवताओं की पूजा विधि में कही गयी विधि के अनुसार ध्यान तथा पूजन करे। आद्याकालिका की पूजा में जिस प्रकार का विधान कहा गया है उसी विधान के अनुसार बलिदान तथा होम कर्म करे, अन्त में कौलिक व्यक्ति का पूजन तथा दक्षिणा देकर कर्म को समाप्त करे । गङ्गा, विष्णु, शिव, सूर्य तथा ब्रह्मा का पूजन करके उद्दिष्ट देवता का पूजन करे। कौलिक ही परमधर्म है, कौलिक ही परमदेवता है, कौलिक ही परम तीर्थ है इसलिये सदैव कौलसाधक की ही पूजा करे। साढ़े तीन करोड़ तीर्थ एवं ब्रह्मादि सभी देवता कौलिक के शरीर में निवास करते हैं। इसलिये कौलिक साधक की पूजा करने से क्या नहीं होता। पूर्णाभिषिक्त कौलिक साधक जिस देश में रहता है वह धन्य, मान्य एवं पुण्यतम् है। देवतागण भी ऐसे देश की प्रार्थना करते हैं। पूर्णाभिषेक में अभिषिक्त साधक पापपुण्यरहित तथा साक्षात् शिवस्वरूप है। पृथ्वी में कौन मनुष्य उसके प्रभाव को जानता है? कौल साधक मनुष्य रूप में सम्पूर्ण जगत् के उद्धार के लिये तथा लोकयात्रा की शिक्षा देने के लिये इस पृथ्वी मण्डल पर विचरण करते हैं।

हरि०—शुक्लामित्यादि। असितां कृष्णाम्। यावदित्यवधौ ।।९७-१०८।।

श्रीदेव्युवाच

पूर्णाभिषिक्त कौलस्य माहात्म्यं कथितं प्रभो ।
विधानमभिषेकस्य कृपया श्रावयस्व माम् ।।१०९।।

पद्मा—श्रीदेवी ने कहा—हे प्रभो! पूर्णाभिषिक्त कौल का माहात्म्य आपने कहा। कृपा कर अब आप इस अभिषेक का विधान कहें। इसको सुनने को मेरी इच्छा है।

हरि०—पूर्णाभिषेक विधि श्रोतुमिच्छन्ती श्रीदेव्युवाच। पूर्णाभिषिक्तकौलस्येत्यादि॥१०९॥

श्रीसदाशिव उवाच

विधानमेतत् परमं गुप्तमासीद् युगत्रये ।
गुप्ताभावेन कुर्वन्तो नरा मोक्षं ययुः पुरा ॥११०॥

पद्मा—पूर्वकाल के तीन युगों (सत्य, त्रेता तथा द्वापर) में यह विधान गोपनीय था। पूर्वकाल में गुप्तभाव से अनुष्ठान कर मनुष्यों ने मोक्ष प्राप्त किया था।

हरि०—एवं प्रार्थितः सन् श्रीसदाशिव उवाच। विधानमित्यादि॥११०॥

प्रबले कलिकाले तु प्रकाशे कुलवर्त्मनः ।
नक्तं वा दिवसे कुर्यात् सत्प्रकाशाभिषेचनम् ॥१११॥
नाऽभिषेकं विना कौलः केवलं मद्यसेवनत् ।
पूर्णाभिषेकात् कौलः स्यात् चक्राधीशः कुलार्चकः॥११२॥

पद्मा—प्रबल कलिकाल में कुलाचारी साधक रात्रि में या दिन में प्रकटरूप से अभिषेक करे। बिना अभिषेक के केवलमात्र मद्यसेवन करने से ही कौल नहीं होता, जिसका पूर्णाभिषेक हुआ है वही कौल, कुलार्चक तथा चक्राधीश्वर होता है।

हरि०—नक्तं रात्रौ ॥१११-११२॥

तत्राभिषेकपूर्वेऽह्नि सर्वविघ्नोपशान्तये ।
यथाशक्त्युपचारेण विघ्नेशं पूजयेद् गुरु ॥११३॥

पद्मा—अभिषेक के पहले दिन सभी विघ्नों की शान्ति के लिए यथाशक्ति उपचारों के द्वारा गुरु विघ्नराज गणपति की पूजा करें।

हरि०—अथ पूर्णाभिषेकस्य विधानमाह तत्रेत्यादिभिः। विघ्नेशम् गणपतिम्॥११३॥

गुरुश्चेन्नाधिकारी स्यात् शुभपूर्णाभिषेचने ।
तदाऽभिषिक्तकौलेन संस्कारं साधयेत् प्रिये ॥११४॥

पद्मा—हे प्रिये! यदि गुरुदेव शुभ पूर्णाभिषेक में अधिकारी न हो, तो पूर्णाभिषिक्त कौल द्वारा अभिषेक कर्म कराये।

हरि०—**गुरुरित्यादि।** चेत् यद्यनभिषिक्तत्वात् शुभपूर्णाभिषेचने गुरुरधिकारी न स्यात्तदाभिषिक्त कौलेन पूर्णाभिषेचनं संस्कारं नरः साधयेत्॥११४॥

खान्तार्णं बिन्दुसंयुक्तं बीजमस्य प्रकीर्तितम् ॥११५॥

पद्मा—'ख' वर्ण के बाद के वर्ण-ग-को अनुस्वार युक्त करने पर गणपति का बीज गं बनता है।

हरि०—अथ गणपतिपूजाया विधानमेवाह खान्तार्णमित्यादिभिः। बिन्दुसंयुक्तमनुस्वारसहितं

खान्तार्णं खस्यन्तिमं गकाररुपमक्षरम् अस्य विघ्नेशस्य बीजं प्रकीर्त्तितम्।।११५।।

गणकोऽरूप ऋषिश्छन्दो निवृत् विघ्नस्तु देवता।
कर्तव्यकर्मणो विघ्नशान्त्यर्थे विनियोगिता।।११६।।

पद्मा–इस गणपतिमन्त्र के ऋषि गणक, छन्द निवृत् देवता गणपति तथा विनियोग कर्तव्य कर्म के विघ्न की शान्ति के लिए कहा गया है।

हरि०–अथ ऋषिन्यासं विधातुं गणपतिबीजमन्त्रस्य ऋष्यादिकमाह गणक इत्यादिना। अस्य गणपति बीजमन्त्रस्य गणक ऋषिनिवृच्छन्दो विघ्नो देवता कर्तव्यस्य शुभपूर्णाभिषेककर्मणो विघ्नशान्त्यर्थे विनियोगः। शिरसि गणकाय ऋषये नमः, मुखे निवृच्छन्दसे नमः। हृदये विघ्नाय देवतायै नमः। इति ऋषिन्यासं विदध्यात्।।११६।।

षड्दीर्घयुक्तमूलेन षडङ्गानि समाचरेत्।
प्राणायामं ततः कृत्वा ध्यायेद् गणपतिं शिवे।।११७।।

पद्मा–छः दीर्घस्वरयुक्त मूल मन्त्र के द्वारा षडङ्गन्यास करे, यथा–**गां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। गीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। गूँ मध्यमाभ्यां वषट्। गैं अनामिकाभ्यां हुँ। गौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। गः करतलपृष्ठाभ्यां फट्। हृदयादि षडङ्गन्यास-गां हृदयाय नमः। गीं शिरसे स्वाहा। गूं शिखायै वषट्। गौं कवचाय हुँ। गौं नेत्रत्रयाय वौषट्। गः करतल पृष्ठाभ्यां फट्। हे शिवे!** इसके उपरान्त **गं** मन्त्र से प्राणायाम कर गणपति का ध्यान करे।

हरि०–**षडित्यादि।** ततः षड्दीर्घयुक्तेन मूलेन गणपतिबीजेनाङ्गुष्ठादीनि हृदयादीनि च षडङ्गानि प्रति न्यासं समाचरेत्। गां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। गीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। गूं मध्यमाभ्यां वषट्। गैं अनामिकाभ्यां हुँ। गौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। गः करतल पृष्ठाभ्यां फट्। इत्यङ्गुष्ठादिषडङ्गन्यासम्। गां हृदयाय नमः। गीं शिरसे स्वाहा। गूँ शिखायै वषट्। गैं कवचाय हुँ। गौं नेत्रत्रयाय वौषट्। गः करतल पृष्ठाभ्यां फट्। इति हृदयादिषडङ्गन्यासं च विदध्यादित्यर्थः। ततो गनिति मन्त्रेण प्राणायामं कृत्वा गणपतिं ध्यायेत्।।११७।।

सिन्दूराभं त्रिनेत्रं पृथुतरजठरं हस्तपद्मैर्दधानं।
खड्गं पाशाङ्कुशेष्टान्युरूकरविलसद्वारुणीपूर्णकुम्भम्।
बालेन्दूद्दीप्तमौलिं करिपतिवदनं बीजपूरार्द्रगण्डं।
भोगीन्द्राबद्धभूषं भजतगणपतिं रक्तवस्त्राङ्गरागम्।।११८।।

पद्मा–सिन्दूर के समान लाल रंग, तीन नेत्र, अत्यन्त ही विशाल उदर, चार हाथों में शंख, पाश, अंकुश एवं वर धारण करने वाले, वारुणी (मदिरा) से भरे हुये कलश से शोभायुक्त, विशालसूंड़, नवीन चन्द्र की कला से प्रदीप्त मस्तक वाले, गजराज के समान मुख वाले, वीजपूर के समान आर्द्र दोनों कपोल, सर्पराज द्वारा विभूषित, लाल वस्त्र एवं लाल अंगराग से विभूषित गणपति का मैं भजन करता हूँ।

पद्मा—श्रीदेवी ने कहा—हे प्रभो! पूर्णाभिषिक्त कौल का माहात्म्य आपने कहा। कृपा कर अब आप इस अभिषेक का विधान कहें। इसको सुनने को मेरी इच्छा है।

हरि०—पूर्णाभिषेक विधि श्रोतुमिच्छन्ती श्रीदेव्युवाच। पूर्णाभिषिक्तकौलस्येत्यादि॥१०९॥

श्रीसदाशिव उवाच

विधानमेतत् परमं गुप्तमासीद् युगत्रये ।
गुप्ताभावेन कुर्वन्तो नरा मोक्षं ययुः पुरा ॥११०॥

पद्मा—पूर्वकाल के तीन युगों (सत्य, त्रेता तथा द्वापर) में यह विधान गोपनीय था। पूर्वकाल में गुप्तभाव से अनुष्ठान कर मनुष्यों ने मोक्ष प्राप्त किया था।

हरि०—एवं प्रार्थितः सन् श्रीसदाशिव उवाच। विधानमित्यादि॥११०॥

प्रबले कलिकाले तु प्रकाशे कुलवर्त्मनः ।
नक्तं वा दिवसे कुर्यात् सत्प्रकाशाभिषेचनम् ॥१११॥
नाऽभिषेकं विना कौलः केवलं मद्यसेवनत् ।
पूर्णाभिषेकात् कौलः स्यात् चक्राधीशः कुलार्चकः ॥११२॥

पद्मा—प्रबल कलिकाल में कुलाचारी साधक रात्रि में या दिन में प्रकटरूप से अभिषेक करे। बिना अभिषेक के केवलमात्र मद्यसेवन करने से ही कौल नहीं होता, जिसका पूर्णाभिषेक हुआ है वही कौल, कुलार्चक तथा चक्राधीश्वर होता है।

हरि०—नक्तं रात्रौ ॥१११-११२॥

तत्राभिषेकपूर्वेऽह्नि सर्वविघ्नोपशान्तये ।
यथाशक्त्युपचारेण विघ्नेशं पूजयेद् गुरु ॥११३॥

पद्मा—अभिषेक के पहले दिन सभी विघ्नों की शान्ति के लिए यथाशक्ति उपचारों के द्वारा गुरु विघ्नराज गणपति की पूजा करें।

हरि०—अथ पूर्णाभिषेकस्य विधानमाह तत्रेत्यादिभिः। विघ्नेशम् गणपतिम्॥११३॥

गुरुश्चेन्नाधिकारी स्यात् शुभपूर्णाभिषेचने ।
तदाऽभिषिक्तकौलेन संस्कारं साधयेत् प्रिये ॥११४॥

पद्मा—हे प्रिये! यदि गुरुदेव शुभ पूर्णाभिषेक में अधिकारी न हो, तो पूर्णाभिषिक्त कौल द्वारा अभिषेक कर्म कराये।

हरि०—**गुरुरित्यादि**। चेत् यद्यनभिषिक्तत्वात् शुभपूर्णाभिषेचने गुरुरधिकारी न स्यात्त-दाभिषिक्त कौलेन पूर्णाभिषेचनं संस्कारं नरः साधयेत्॥११४॥

खान्तार्णं बिन्दुसंयुक्तं बीजमस्य प्रकीर्तितम् ॥११५॥

पद्मा—'ख' वर्ण के बाद के वर्ण-ग-को अनुस्वार युक्त करने पर गणपति का बीज गं बनता है।

हरि०—अथ गणपतिपूजाया विधानमेवाह खान्तार्णमित्यादिभिः। बिन्दुसंयुक्तमनुस्वारसहितं

खान्तार्णं खस्यन्तिमं गकाररुपमक्षरम् अस्य विघ्नेशस्य बीजं प्रकीर्त्तितम्।।११५।।

गणकोऽरूप ऋषिश्छन्दो निवृत् विघ्नस्तु देवता ।
कर्तव्यकर्मणो विघ्नशान्त्यर्थे विनियोगिता ।।११६।।

पद्मा–इस गणपतिमन्त्र के ऋषि गणक, छन्द निवृत् देवता गणपति तथा विनियोग कर्तव्य कर्म के विघ्न की शान्ति के लिए कहा गया है ।

हरि०–अथ ऋषिन्यासं विधातुं गणपतिबीजमन्त्रस्य ऋष्यादिकमाह गणक इत्यादिना। अस्य गणपति बीजमन्त्रस्य गणक ऋषिनिवृच्छन्दो विघ्नो देवता कर्तव्यस्य शुभपूर्णाभिषेककर्मणो विघ्नशान्त्यर्थे विनियोगः। शिरसि गणकाय ऋषये नमः, मुखे निवृच्छन्दसे नमः। हृदये विघ्नाय देवतायै नमः। इति ऋषिन्यासं विदध्यात्।।११६।।

षड्दीर्घयुक्तमूलेन षडङ्गानि समाचरेत् ।
प्राणायामं ततः कृत्वा ध्यायेद् गणपतिं शिवे ।।११७।।

पद्मा–छः दीर्घस्वरयुक्त मूल मन्त्र के द्वारा षडङ्गन्यास करे, यथा–**गां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। गीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। गूँ मध्यमाभ्यां वषट् । गैं अनामिकाभ्यां हुँ। गौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। गः करतलपृष्ठाभ्यां फट्। हृदयादि षडङ्गन्यास-गां हृदयाय नमः। गीं शिरसे स्वाहा। गूं शिखायै वषट्। गौं कवचाय हुँ। गौं नेत्रत्रयाय वौषट्। गः करतल पृष्ठाभ्यां फट्। हे शिवे!** इसके उपरान्त **गं** मन्त्र से प्राणायाम कर गणपति का ध्यान करे ।

हरि०–**षडित्यादि।** ततः षड्दीर्घयुक्तेन मूलेन गणपतिबीजेनाङ्गुष्ठादीनि हृदयादीनि च षडङ्गानि प्रति न्यासं समाचरेत्। गां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। गीं तर्जनीभ्यां स्वाहा। गूं मध्यमाभ्यां वषट्। गैं अनामिकाभ्यां हुँ। गौं कनिष्ठाभ्यां वौषट्। गः करतल पृष्ठाभ्यां फट्। इत्यङ्गुष्ठादिषडङ्गन्यासम्। गां हृदयाय नमः। गीं शिरसे स्वाहा । गूँ शिखायै वषट्। गैं कवचाय हुँ। गौं नेत्रत्रयाय वौषट्। गः करतल पृष्ठाभ्यां फट्। इति हृदयादिषडङ्गन्यासं च विदध्यादित्यर्थः। ततो गनिति मन्त्रेण प्राणायामं कृत्वा गणपतिं ध्यायेत्।।११७।।

सिन्दूराभं नित्रेत्रं पृथुतरजठरं हस्तपद्मैर्दधानं ।
खड्गं पाशाङ्कुशेष्टान्युरूकरविलसद्वारुणीपूर्णकुम्भम् ।
बालेन्दुद्दीप्तमौलिं करिपतिवदनं बीजपूरार्द्रगण्डं ।
भोगीन्द्राबद्धभूषं भजतगणपतिं रक्तवस्त्राङ्गरागम् ।।११८।।

पद्मा–सिन्दूर के समान लाल रंग, तीन नेत्र, अत्यन्त ही विशाल उदर, चार हाथों में शंख, पाश, अंकुश एवं वर धारण करने वाले, वारुणी (मदिरा) से भरे हुये कलश से शोभायुक्त, विशालसूंड़, नवीन चन्द्र की कला से प्रदीप्त मस्तक वाले, गजराज के समान मुख वाले, वीजपूर के समान आर्द्र दोनों कपोल, सर्पराज द्वारा विभूषित, लाल वस्त्र एवं लाल अंगराग से विभूषित गणपति का मैं भजन करता हूँ।

हरि० – गणपतिध्यानमेवाहैकेन सिन्दूराभमित्यादि। हे भक्ता गणपतिं गणेशानं यूयं भजतेत्यन्वयः। कथम्भूतं गणपतिम् सिन्दूराभम् सिन्दूरेणाभा दीप्तिर्यस्य यस्मिन् वा तथाभूतम्। पुनः कीदृशम् त्रिनेत्रम् त्रिलोचनम्। पुनः कीदृशम् पृथुतरजठरम् अतिविशालकुक्षिम्। पुनः कीदृशम् हस्तपद्मैः पाणिकमलैः खड्गं पाशाङ्कुशेष्टानि पाशामङ्कुशं वरं च दधानं दधतम्। पुनः कीदृशम् उरुकरकरविलसद्वारूणीपूर्णकुम्भम् उरौ विशाले करे शुण्डायां विलसन् भासमानो वारूण्या मदित्या पूर्णः कुम्भो यस्य तथाभूतम्। पुनः कीदृश बालेन्दूद्दीप्तमौलिम् बालेन्दुनोद्दीप्तो मौलिः किरीटं यस्य तथाभूतम्। पुनः कीदृशम् करिपतिवदनम् करिपतेर्गजराजस्येव वदनं मुखं यस्य तथाभूतम्। पुनः कीदृशम् बीजपूरार्द्रगण्डम् बीजपूरेण मदप्रवाहेणार्द्रौ गण्डौ कपोलौ यस्य तथाभूतम्। पुनः कीदृशम् भोगीन्द्राबद्धभूषम् भोगीन्द्रेण सर्पराजेन बद्धाभूषा यस्य येन वा तथा भूतम्। पुनः कीदृशम् रक्तवस्त्राङ्गरागाम् रक्तवस्त्रेणाङ्गे रागो रक्तत्वं यस्य तथाभूतम्॥११८॥

ध्यात्वैवं मानसैरिष्ट्वा पीठशक्तीः प्रपूजयेत् ।
तीव्रा च ज्वालिनी नन्दा भोगदा कामरूपिणी ।।११९।।
उग्रा तेजस्वती सत्या मध्ये विघ्ननाशिनी ।
पूर्वादितोऽर्चयित्वैताः पूजयेत् कमलासनम् ।।१२०।।

पद्मा–इस प्रकार ध्यान कर मानसोपचारों के द्वारा उनकी पूजा पीठशक्तियों का पूजन करे। तीव्रा, ज्वालिनी, नन्दा, भोगदा, कामरूपिणी, उग्रा, तेजस्वती तथा सत्या - इन आठ पीठशक्तियों की पूजा पूर्वादिक्रम से करके मध्य में विघ्नविनाशिनी का पूजन कर कमलासन की पूजा करे ।

हरि० – ध्यात्वैवमित्यादि। एवं गणपतिं ध्यात्वा मानसैरूपचारैरिष्ट्वा पूजयित्वा च प्रणवादिनमोऽन्तेन गन्धपुष्पादिभिः पीठशक्तीः पूजयेत्। याः पीठशक्तिः प्रपूजयेत्ता आह तीव्रा चेत्यादिनैकेन। पूर्वादितः क्रमेणैस्तास्तीव्राद्या अर्चयित्वा प्रणवादिनमोऽन्तेन नाममन्त्रेण गन्धपुष्पादिभिः कमलासनं पूजयेत्॥११९-१२०॥

पुनर्ध्यात्वा गणेशानं पञ्चतत्त्वोपचारकैः ।
अभ्यर्च्य तच्चतुर्दिक्षु गणेशं गणनायकम् ।।१२१।।
गणनाथं गणक्रीडं यजेत् कौलिकसत्तमः ।
एकदन्तं रक्ततुण्डं लम्बोदरगजाननौ ।।१२२।।
महोदरञ्च विकटं धूम्राभं विघ्ननाशनम् ।।१२३।।

पद्मा–कौलिक श्रेष्ठ गणपति का पुनः ध्यान करे, मन्त्र से शुद्ध पञ्चतत्त्वरूप उपचारों से उनकी पूजा कर उनके चारों ओर गणेश, गणनायक, गणनाथ, गणक्रीड़, एकदन्त, रक्ततुण्ड, लम्बोदर, गजानन, महोदर, विकट, धूम्राभ तथा विघ्ननाशन की पूजा करे ।

हरि० – पुनरित्यादि। कौलिकसत्तमः पुनर्गणेशानं ध्यात्वा पञ्चतत्त्वोपचारकैः

पूर्वोक्तमन्त्रशोधितैर्मद्यादिभि: पञ्चतत्त्वैरन्यैश्च पाद्यार्घ्याचमनीयादिभिरूपचारैरभ्यर्च्य च तच्चतुर्दिक्षु नमोऽन्तनाममन्त्रेण गन्धपुष्पादिभिर्गणेशादीन् क्रमतो यजेत्॥१२१-१२३॥

ततो ब्राह्मीमुखाः शक्तीर्दिक्पालांश्च प्रपूजयन् ।
तेषामस्त्राणि सम्पूज्य विघ्नराजं विसर्ज्जयेत् ।।१२४।।

पद्मा—फिर ब्राह्मी आदि आठ शक्तियों तथा इन्द्रादि दश दिक्पालों की पूजा करके उनके अस्त्रों की पूजा कर विघ्नराज को विसर्जित करे ।

हरि०—तत इत्यादि। ततः परं प्रणवादिनमोऽन्तनाममन्त्रेण गन्धपुष्पादिभिर्ब्राह्मीमुखा ब्राह्मीप्रभृतीरष्टशक्तीरिन्द्रादीन् दिक्पालांश्च प्रपूजयन् तेषां दिक्पालानामस्त्राणि च सम्पूज्य विघ्नराज क्षमस्वेति वाक्येन विघ्नराजं विसर्जयेत्॥१२४॥

एवं सम्पूज्य विघ्नेशमधिवासनमाचरेत् ।
भोजयेच्च पञ्चतत्त्वैर्ब्रह्मज्ञान कुलसाधकान् ।।१२५।।

पद्मा—इस प्रकार विघ्नराज की पूजा कर अधिवासन करे तथा ब्रह्मज्ञानी कुलसाधकों को भोजन कराये।

हरि०—एवमित्यादि। एवं विघ्नेशं सम्पूज्य वक्ष्यमाणेन विधिना अधिवासनमाचरेत् कुर्यात् ॥१२५॥

ततः परदिने स्नातः कृतनित्योदितक्रियः ।
आजन्मकृतपापानां क्षयार्थं तिलकाञ्चनम् ।
उत्सृजेत् कौलतृप्त्यर्थं भोज्यञ्चैकमपि प्रिये ।।१२६।।
अर्घ्यं दत्त्वा दिनेशाय ब्रह्मविष्णुशिवग्रहान् ।
अर्चयित्वा मातृगणान् वसुधारां प्रकल्पयेत् ।।१२७।।
कर्मणोऽभ्युदयार्थाय वृद्धिश्राद्धं समाचरेत् ।
ततो गत्वा गुरोः पार्श्वं प्रणम्य प्रार्थयेदिदम् ।।१२८।।

पद्मा—हे प्रिये! इसके पश्चात् अगले दिन स्नान तथा नित्यक्रिया करके जन्म से अब तक किये गये समस्त पापों के नाश के लिए तिल तथा स्वर्ण का दान करे। कौलों की तृप्ति के लिये भोजन का भी आयोजन करे। इसके उपरान्त सूर्य को अर्घ्य प्रदान कर ब्रह्मा, विष्णु, शिव, नवग्रह तथा मातृकाओं का पूजन कर वसुधारा दे। इसके अनन्तर कर्म के उदय होने की कामना से वृद्धिश्राद्ध करे। उसके उपरान्त गुरु के निकट जाकर प्रणाम कर प्रार्थना करे ।

हरि०—तत इत्यादि। ततो दिनात् परदिने स्नातः कृतनित्योदितक्रियश्च सन् ओं अद्यामुकगोत्रः श्रीमदमुकदेवशर्मा आजन्म कृताशेषदुष्कृत क्षय कामोऽमुकगोत्रायामुक-देवशर्मणे ब्राह्मणाय दातुं काञ्चनसहितांस्तिलानहमुत्सृजे इति वाक्येनाजन्मकृतपापानां क्षयार्थं तिलकाञ्चनमुस्तृजेत्। तथैव कल्पितेन वाक्येन कौलतृप्तयर्थमेकं भोज्यमप्युत्सृजेत् ॥१२६-१२८॥

त्राहिमाम नाथ। कुलाचारनलिनीकुलवल्लभ।
त्वत्पादाम्भोरूहच्छायां देहि मूर्ध्नि कृपानिधेः ।।१२९।।
आज्ञां देहि महाभाग! शुभपूर्णाभिषेचने।
निर्विघ्नं कर्मणः सिद्धिमुपैमि त्वत्प्रसादतः ।।१३०।।
शिवशक्त्याज्ञया वत्स कुरु पूर्णाभिषेचनम्।
मनोरथमयी सिद्धिर्जायतां शिवशासनात् ।।१३१।।

पद्मा–हे नाथ! हे कुलाचारस्वरूप कमलिनीसमूह के प्रियतम! हे दया के सागर! मेरे माथे पर अपने चरणकमलों की छाया प्रदान करें। हे महाभाग! मेरे शुभ पूर्णाभिषेक के लिये आज्ञा प्रदान करें। आपकी कृपा से मैं निर्विघ्न होकर कार्यसिद्धि में सफल होऊँ। उत्तर में श्रीगुरुदेव कहें - हे पुत्र! शिव शक्ति की आज्ञा के अनुसार पूर्णाभिषेक करो। शिव के आदेश से तुम्हे इच्छा के अनुरूप सिद्धि प्राप्त हो।

हरि०–यत् प्रार्थयेत्तदाह त्राहि नाथेत्यादिभ्यां द्वाभ्याम् ॥१२९-१३१॥

इत्थमाज्ञां गुरोः प्राप्य सर्वोपद्रव शान्तये।
आयुर्लक्ष्मीबलारोग्यावाप्त्यै सङ्कल्पमाचरेत् ।।१३२।।

पद्मा–श्रीगुरुदेव से आज्ञा प्राप्त कर शिष्य समस्त उपद्रवों की शान्ति के लिये आयु, लक्ष्मी, बल व आरोग्य की प्राप्ति के लिये संकल्प करे यथा - **ओं तत्सदद्य अमुके मासि अमुकाराशिस्थे भास्करे अमुके पक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकनक्षत्रे अमुकगोत्रः अमुकप्रवरः अमुकदेवी अमुकशाखाध्यायी कुमारिकाखण्डान्तर्गतामुकप्रदेशी-यामुकग्रामवासी श्री अमुकदेवशर्मा निःशेषोपद्रवशान्तिकामः आयुर्लक्ष्मीबलरोग्य-कामश्च शुभपूर्णाभिषेचनमाह करिष्ये।**

हरि०–**इत्थमित्यादि।** इत्यं गुरोराज्ञां प्राप्य सर्वोपद्रवशान्तये आयुर्लक्ष्मीबलारोग्यप्राप्त्यै च ओं अद्यामुकगोत्रः श्रीमदमुकदेव शर्मा निःशेषोपद्रवध्वंसकाम आयुर्लक्ष्मीबलारोग्यकामश्च शुभपूर्णाभिषेचनमहं करिष्ये इति सङ्कल्पमाचरेत् कुर्यात्॥१३२॥

ततस्तु कृतसङ्कल्पो वस्त्रालङ्कारभूषणैः।
कारणैः शुद्धिसहितैरभ्यर्च्य वृणुयाद् गुरुम् ।।१३३।।

पद्मा–इस प्रकार संकल्प कर वस्त्र, अलङ्कार, आभूषण तथा शुद्धि सहित कारण द्वारा श्री गुरुदेव का पूजन कर उनका वरण करे यथा–"**ओं तत्सदद्य अमुके मासि अमुकराशिस्थे भास्करे अमुके पक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे अमुकनक्षत्रे अमुकगोत्रः अमुक प्रवरः अमुकवेदी अमुकशाखाध्यायी, कुमारिकाखण्डान्तर्गतामुकप्रदेशीयामुक ग्रामवासी श्री अमुकदेवशर्मा अमुकगोत्रं अमुकप्रवरं अमुकवेदिनं अमुकशाखाध्यायिनं कुमारिकाखण्डान्त र्गतामुकप्रदेशीयामुकग्रामनिवासिनं श्रीमन्तममुकानन्दनाथं गुरुत्वेन भवन्तं वस्त्रालंकारादिभिरहं वृणे**" इस प्रकार से संकल्प कर गुरु को वरण करे।

हरि०–ततस्वित्यादि। ततस्तु कृतसङ्कल्पः शिष्यो वस्त्रालङ्काकरभूषणैः शुद्धि सहितैर्मांसादिसहितैः कारणैर्मद्यैश्च गुरुमभ्यर्च्य ओं अद्यामुकगोत्रः श्री अमुकदेवशर्मा अमुकगोत्रं श्रीमन्तममुकानन्दनाथं गुरुत्वेन भवन्तं वस्त्रादिभिरहं वृणे इति वाक्येन गुरुं वस्त्रादिभिर्वृणुयात्॥१३३॥

गुरुर्मनोहरे गेहे गैरिकादिविचित्रिते ।
चित्रध्वजपताकाभिः फलपल्लवशोभिते ।।१३४।।

पद्मा–श्रीगुरुदेव गैरिकादि रंगो से चित्रित, सुन्दर ध्वज एवं पताकाओं सहित, फलपल्लवों से सुशोभित ।

हरि०–गुरुरित्यादि। ततो गुरर्गेहे गृहे सार्धहस्तमितामुच्चकैरूच्चत्वे चतुरङ्गुलां चतुरङ्गुलिपरिमितां मृण्मयी वेदी रचयेत् कल्पयेत् इति चतुर्थश्लोकगतैः पदैरन्वयः। मनोहरेः इत्यादीनि सप्तम्यन्तानि पदानि गेहस्य विशेषणानि भवन्तीति ज्ञेयम्। चित्रध्वजपताकाभिश्च शोभिते॥१३४॥

किङ्किणीजालमालाभिश्चन्द्रातपविभूषिते ।
घृतप्रदीपावलिभिस्तमोलेशविवर्जिते ।।१३५।।
कर्पूरसहितैर्धूपैर्यक्षधूपैः सुवासिते ।
व्यजनैश्चामरैर्बर्हैर्दर्पणाद्यैरलङ्कृते ।।१३६।।
सार्धहस्तमितां वेदीमुच्चकैश्चतुरङ्गुलाम् ।
रचयेन्मृण्यमयीं तत्र चूर्णैरक्षतसम्भवैः ।।१३७।।
पीतरक्तासितश्वेतश्यामलैः सुमनोहरम् ।
मण्डलं सर्वतोभद्रं विदध्यात् श्रीगुरुस्ततः ।।१३८।।

पद्मा– क्षुद्रघंटिकाओ (किङ्किणी) की माला से, रंग बिरंगे चन्द्रातप से सुशोभित, घी के दीपकों की पंक्तियों के प्रकाश से लेशमात्र अंधकार, कर्पूरसहित धूप तथा शालवृक्ष के रस से बनी धूप से सुगन्धित, तालवृन्त, चामर, मयूर (मोर) पंख तथा दर्पणादि से अलंकृत। मनोहर घर में चार अंगुल ऊँची, डेढ़ हाथ चौड़ी मिट्टी की वेदी बनाये। फिर उस घर में पीले, लाल, काले, सफेद तथा श्यामल (साँवले) रंग के चावल के चूर्ण द्वारा सुन्दर सर्वतोभद्र मण्डल की रचना करे ।

हरि०–किङ्किणीजालमालाभिः क्षुद्रघण्टिकासमूहमालाभिश्च भूषिते यक्षधूपैः शालवृक्षरसैः। बर्हैः मयूरपक्षै । ततः परं श्रीगुरस्तत्ररचितायां वेद्यां पीतरक्ता सितश्वेतश्यामलैरक्षतसम्भवैश्चूर्णैः सुमनोहरं सर्वतोभद्रं मण्डलं विदध्यात् कुर्यात्। असितैर्नीलवर्णैः। श्यामलैर्हरिद्वर्णैः ॥१३७-१३८॥

स्वस्वकल्पोक्तविधिना मानसा च विधिक्रियाम् ।
कृत्वा पूर्वोक्तमन्त्रेण पञ्चतत्त्वानि शोधयेत् ।।१३९।।

पद्मा—अपने-अपने कल्प में कही गयी विधि के अनुसार मानसिक पूजन तक के कर्म करके पहले कहे गये मन्त्रों से पञ्चतत्त्वों का शोधन करे ।

हरि०—स्वस्वेत्पादि। ततः स्वस्वकल्पोक्तविधिना मानसाचविधि क्रियां मानसपूजापर्यन्तां क्रियां कृत्वा पूर्वोक्तमन्त्रेण मद्यादीनि पञ्चतत्त्वानिशोधयेत्॥१३९॥

संशोध्य पञ्चतत्त्वानि पुरः कल्पितमण्डले ।
स्वार्णं वा राजतं ताम्रं मृण्मयं घटमेव वा ।।१४०।।
क्षालिताञ्चाऽस्त्रबीजेन दध्यक्षतविचर्चितम् ।
स्थापयेद्ब्रह्मबीजेन सिन्दूरेणाऽङ्कयेत् श्रिया ।।१४१।।

पद्मा—पञ्चतत्त्वों का शोधन करने के उपरान्त पूर्व में कहे गये सर्वतोभद्र मण्डल के ऊपर, स्वर्ण, रजत, ताम्र अथवा मिट्टी का बना हुआ घड़ा लाकर ''फट्'' मन्त्र से उसे प्रक्षालित करे और उसमें दही तथा चावल का लेप करे। ब्रह्मबीज (ॐ) का उच्चारण करते हुए पहले से बने सर्वतोभद्रमण्डल के ऊपर स्थापित करे। श्री बीज (श्रीं) का जप करते हुए उसे सिन्दूर से अङ्कित करे ।

हरि०—संशोध्येत्यादि। पूर्वोक्तेन मन्त्रेण पञ्चतत्त्वानि संशोध्य पुरः कल्पिते सर्वतोभद्रमण्डलेऽस्त्रबीजेन फटा मन्त्रेण क्षालितं धौतं दध्यक्षतविचर्चितं दध्यक्षतैर्विलिप्तं स्वार्णसुवर्णभवं राजतं रजतोद्भवं ताम्रोद्भवं मृण्मयमेव वा घटं ब्रह्मबीजेन प्रणवेन स्थापयेत्। श्रिया श्रीं बीजेन सिन्दूरेणाऽङ्कयेच्च॥१४०-१४१॥

क्षकाराद्यैरकारान्तैर्वर्णैर्बिन्दुविभूषितैः ।
मूलमन्त्रत्रिजापेन पूरयेत् कारणेन तम् ।।१४२।।
अथवा तीर्थतोयेन शुद्धेन पायसाऽपि वा ।
नवरत्नं सुवर्णं वा घटमध्ये विनिःक्षिपेत् ।।१४३।।

पद्मा—चन्द्रबिन्दुँ से युक्त 'क्ष' से लेकर 'अ' तक के पचास वर्णों के सहित तीन बार मूलमन्त्र का जप कर कारण (मद्य मदिरा) अथवा तीर्थजल अथवा शुद्ध जल के द्वारा उस घड़े को भरकर उसमें नवरत्न या स्वर्ण डालें ।

हरि०—क्षकाराद्यैरित्यादि। ततो बिन्दुविभूषितैरनुस्वारालङ्कृतैः क्षकाराद्यैरकारान्तैर्वर्णैः सह मूलमन्त्रस्य त्रिजापेन कारणेन मद्येनाऽथवा तीर्थतोयेन शुद्धेन पवित्रेणाऽन्येन पायसा जलेनापि वा तं घटं पूरयेत्। ततो घटमध्ये नवरत्नं सुवर्णां वा विनिः क्षिपेत्॥१४२-१४३॥

पनसोडुम्बराश्वत्थवकुलाम्रसमुद्भवम् ।
पल्लवं तन्मुखे दद्यात् वाग्भवेन कृपानिधिः ।।१४४।।

पद्मा—तदुपरान्त कृपानिधि श्रीगुरुदेव वाग्भवबीज ''ऐं'' का जप करते हुए घड़े के मुख पर कटहल, गूलर, पीपल, मौहसिरी तथा आम के पत्तों को स्थापित करे ।

हरि०—तन्मुखे घटमुखे। वाग्भवेन ऐमिति। मन्त्रेण॥१४४॥

शरावं मार्त्तिकं वापि फलाक्षतसमन्वितम् ।
रमां मायां समुच्चार्य स्थापयेत् पल्लवोपरि ।।१४५।।

पद्मा–इसके उपरान्त रमा (श्रीँ) माया (ह्रीँ) मन्त्र का जप करते हुए फल तथा अक्षतयुक्त मिट्टी का शराब (प्याला, परई) उन पत्तों के ऊपर रखे ।

हरि०–**शरावमित्यादि**। ततः फलाक्षतसमन्वितं सुवर्णादिभवं मार्त्तिकं मृति मत्तिकोद्भवं वापि शरावं रमां श्रीमिति मायां ह्रीमिति च बीजं समुच्चार्य पल्लवोपरि स्थापयेत्।।१४५।।

बध्नीयाद्वस्त्र युग्मेन ग्रीवां तस्य वरानने ।
शक्तौ रक्तं शिवे विष्णौ श्वेतवासः प्रकीर्तितम्।।१४६।।

पद्मा–हे वरानने! दो वस्त्रों के द्वारा घड़े के गले को बाँधे। शक्ति मन्त्र में लाल वस्त्र तथा विष्णु मन्त्र में सफेद वस्त्र बाँधने का विधान कहा गया है ।

हरि०–तस्य घटस्य। ननु किं वर्णेन वस्त्रयुग्मेन घटस्य ग्रीवां बध्नीयादित्यपेक्षायामाह शक्तौ रक्तमित्यादि।।१४६।।

स्थां स्थीं मायां रमां स्मृत्वा स्थिरीकृत्य घटान्तरे ।
निःक्षिप्य पञ्चतत्त्वानि नवपात्राणि विन्यसेत् ।।१४७।।

पद्मा–इसके उपरान्त **स्थां स्थीं ह्रीं श्रीं स्थिरीभव** मन्त्र से घट को स्थिर करे तथा उसमें पञ्चतत्त्व डालकर नौ पात्रों की स्थापना करे ।

हरि०–**स्थां स्थीमित्यादि**। ततः स्थां स्थीं मायां रमां स्मृत्वा स्थां स्थीं ह्रीँ श्रीँ स्थिरीभवेति मन्त्रं पठित्वा स्थिरीकृतघटान्तरे पञ्चतत्त्वानि **निःक्षिप्य** पूर्वोक्तविधिना नवपात्राणि विन्यसेत् स्थापयेत्।।१४७।।

राजतं शक्तिपात्रं स्यात् गुरुपात्रं हिरण्मयम् ।
श्रीपात्रन्तु महाशङ्खं ताम्राण्यन्यानि कल्पयेत् ।।१४८।।
पाषाणदारूलौहानां पात्राणि परिवर्जयेत् ।
शक्त्या प्रकल्पयेत् पात्रं महादेव्याः प्रपूजनम् ।।१४९।।

पद्मा–शक्तिपात्र चाँदी का, गुरुपात्र सोने का, श्रीपात्र महाशंङ्ख का तथा अन्य सभी पात्र ताँबे के बने होने चाहिए। महादेवी की पूजा में पत्थर लकड़ी तथा लोहे के पात्र का उपयोग न करे। अपनी सामर्थ्य के अनुसार अन्य पदार्थों के ही पात्र रखे ।

हरि०–ननु किं द्रव्योद्भवानि नवपात्राणि विन्यसेत्तत्राह राजतमित्यादि। महाशङ्खं नरकपालम्।।१४८-१४९।।

पात्राणां स्थापनं कृत्वा गुरुन् देवीं प्रतर्पयेत् ।
ततस्त्वमृतसम्पूर्णघटमभ्यर्चयेत् सुधीः ।।१५०।।

पद्मा–सुधी साधक पात्रों की स्थापना कर गुरुओं तथा देवी का तर्पण करने के उपरान्त अमृत से पूर्ण घट की पूजा करें ।

हरि०—गुरुन् देवीमिति आनन्दभैरवादीनामप्युपलक्षणम्। प्रतर्पयेत् पूर्वोक्तेन तत्तन्मन्त्रेण॥१५०॥

दर्शयित्वा धूपदीपौ सर्वभूतबलिं हरेत् ।
पीठदेवान् पूजयित्वा षडङ्गन्यासमाचरेत् ।।१५१।।
प्राणायामं ततः कृत्वाध्यात्वाऽऽवाह्य महेश्वरीम् ।
स्वशक्त्या पूजयेदिष्टां वित्तशाठ्यं विवर्जयेत् ।।१५२।।

पद्मा—धूप, दीप दिखाकर समस्त भूतों को बलि प्रदान करे। उसके पश्चात् पीठ देवतादि की पूजा कर षडङ्गन्यास करे । तदुपरान्त प्राणायाम कर महेश्वरी का ध्यान और आवाहन कर अपनी सामर्थ्य के अनुसार इष्टदेव की पूजा करे। पूजन के समय धन की कंजूसी न करे ।

हरि०—**दर्शयित्वेयादि**। ततो घटं प्रति धूपदीपौ दर्शयित्वा पूर्वोक्तमन्त्रेण सर्वभूतबलिं हरेत् दद्यात्॥१५१-१५२॥

होमान्तकृत्यं निष्पाद्य कुमारी शक्तिसाधकान् ।
पुष्पचन्दनवासोभिरर्चयेत् सद्गुरुः शिवे ।।१५३।।
अनुगृह्णन्तु कौला मे शिष्यं प्रति कुलव्रताः ।
पूर्णाभिषेकसंस्कारे भवद्भिरनुमन्यताम् ।।१५४।।

पद्मा—हे शिवे! सद्गुरुदेव होम कर्म तक कर्म करने के उपरान्त पुष्प, चन्दन तथा वस्त्र के द्वारा क्रमशः कुमारी, शक्ति तथा साधकों की पूजा करे। इसके पश्चात् उपस्थित कौलसाधकों से अपने शिष्य का पूर्णाभिषेक संस्कार करने अनुमति माँगे - हे कुलव्रतपरायण कौलगण। आप सभी मेरे शिष्य पर अनुग्रह करें तथा पूर्णाभिषेक संस्कार की अनुमति दें।

हरि०—होमान्तकृत्यं होमपर्यन्तं कर्त्तव्यं कर्म निष्पाद्य साधयित्वा॥१५३-१५४॥

एवं पृच्छति चक्रेशे तं ब्रूयुर्गुरुमादरात् ।
महामायाप्रसादेन प्रभावात् परमात्मनः ।
शिष्यो भवतु पूर्णस्ते परतत्त्वपरायणः ।।१५५।।

पद्मा—इस प्रकार चक्रेश्वर के पूछने पर समस्त कौलगण आदर सहित गुरुदेव से कहें कि महामाया की कृपा से और परमात्मा के प्रभाव से आपका शिष्य परंब्रह्मतत्पर होकर पूर्ण हो।

हरि०—परतत्त्वपरायणः परंब्रह्मतत्परः॥१५५॥

शिष्येण च गुरुर्देवीमर्चयित्वाऽर्चिते घटे ।
कामं मायां रमां जप्त्वा चालयेद्विमलं घटम् ।।१५६।।

पद्मा—इसके उपरान्त गुरु शिष्य से देवी की पूजा कराकर पूजित घड़े के उपर काम, माया, रमा अर्थात् क्लीँ, ह्रीँ श्रीँ मन्त्र का जपकर उस निर्मल घड़े को हिलाये ।

हरि०–**शिष्येजेत्यादि।** ततो गुरुः शिष्येण देवीमर्चयित्वाऽर्चिते पूजिते घटे कामं मायां रमां क्लीँ ह्रीँ श्रीमिति मन्त्रं जप्त्वा वक्ष्यमाणमन्त्रेण विमलं घटं चालयेत्॥१५६॥

उत्तिष्ठ ब्रह्मकलश! देवतात्मक सिद्धिदः ।
त्वत्तोयपल्लवैः सिक्तः शिष्यो ब्रह्मरतोऽस्तु मे ।।१५७।।

पद्मा–हे ब्रह्मकलश! तुम देवतास्वरूप तथा सिद्धिप्रदाता हो, तुम उठो। मेरा शिष्य तुम्हारे जल तथा पल्लव द्वारा सिक्त होकर ब्रह्म में निरत हो। यही घट चालन मन्त्र है।

हरि०–घटचालनमन्त्रमेवाह उत्तिष्ठत्याद्यम्॥१५७॥

इत्थं सञ्चाल्य कलशमुत्तराभिमुखं गुरुः ।
मन्त्ररेतैर्वक्ष्यमाणैरभिषिञ्चेत् कृपान्वितः ।।१५८।।

पद्मा–इस घटचालन मंत्र से कलश को चलाकर कृपायुक्त हृदय से शिष्य को उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाये तथा शिष्य को अभिषिक्त कर मन्त्र पढ़े।

हरि०–**इत्यमित्यादि।** इत्थं कलशं घटं सञ्चाल्य कृपान्वितो गुरुरुत्तराभिमुखं शिष्यं वक्ष्यमाणैरेतैर्मन्त्रैरभिषिञ्चेत्॥१५८॥

शुभपूर्णाभिषेकस्य सदाशिव ऋषिः स्मृतः ।
छन्दोऽनुष्टुब्देवताऽऽद्या प्रणवं बीजमीरितम् ।
शुभपूर्णाभिषेकार्ये विनियोगः प्रकीर्त्तितः ।।१५९।।

पद्मा–इस शुभ पूर्णाभिषेक के ऋषि सदाशिव, छन्द अनुष्टुप्, देवता आद्या, बीज प्रणव (**ॐ**) शुभपूर्णाभिषेक कार्य के लिये इसका विनियोग कहा गया है।

हरि०–अथ शुभपूर्णाभिषेकमन्त्राणामृष्यादिकमाह शुभपूर्णाभिषेकस्येत्यादिना सार्धेन। एषां शुभपूर्णाभिषेकमन्त्राणां सदाशिव ऋषिरनुष्टुप्छन्दः आद्या काली देवता प्रणवो बीजं शुभपूर्णाभिषेकार्थे विनियोगः। शिरसि सदाशिवाय ऋषये नमः। मुखेऽनुष्टुप्च्छन्दसे नमः। हृदये आद्यायै कालिकायै देवतायै नमः। गुह्ये प्रणवाय बीजाय नमः। शुभपूर्णाभिषेकार्थे विनियोगः इति ऋषिन्यासो विधातव्यः॥१५९॥

गुरवस्त्वाऽभिषिञ्चन्तु ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः ।
दुर्गालक्ष्मीभवान्यस्त्वामभिषिञ्चन्तु मातरः ।।१६०।।
षोडशी तारिणी नित्या स्वाहा महिषमर्दिनी ।
एतास्त्वामभिषिञ्चन्तु मन्त्रपूतेन वारिणा ।।१६१।।
जयदुर्गा विशालाक्षी ब्रह्माणी च सरस्वती ।
एतास्त्वामभिषिञ्चन्तु वगला वरदा शिवा ।।१६२।।

पद्मा–गुरुजन, ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर तुमको अभिषिक्त करे । दुर्गा, लक्ष्मी, भवानी ये मातायें तुम्हारा अभिषेक करें। षोडशी, तारिणी, नित्या, स्वाहा, महिषमर्दिनी–ये अभिमन्त्रित जल से तुम्हारा अभिषेक करें। जयदुर्गा, विशालाक्षी, ब्रह्माणी, वगला, वरदा, शिवा तुम्हें अभिषिक्त करें।

हरि०–अथ गुरवस्त्वाऽभिषिञ्चन्त्वित्यादीनभिषेकमन्त्रानेवाह त्वा त्वाम्॥१६०-१६२॥

नारसिंही च वाराही वैष्णवी वनमालिनी ।
इन्द्राणी वारुणी रौद्री त्वांऽभिषिञ्चन्तु शक्तयः ।।१६३।।

पद्मा–नारसिंही, वाराही, वैष्णवी, वनमालिनी, इन्द्राणी, वारुणी तथा रौद्री यह समस्त शक्तियाँ तुम्हे अभिषिक्त करें ।

हरि०–त्वा त्वाम्॥१६३॥

भैरवी भ्रदकाली च तुष्टिः पुष्टिरुमा क्षमा ।
श्रद्धा कान्तिर्दया शान्तिरभिषिञ्चन्तु ते सदा ।।१६४।।
महाकाली महालक्ष्मीर्महानीलसरस्वती ।
उग्रचण्डा प्रचण्डा त्वामभिषिञ्चन्तु सर्वदा ।।१६५।।
मत्स्यः कूर्मो वराहश्च नृसिंहो वामनस्तथा ।
रामो भार्गवरामस्त्वामभिषिञ्चन्तु वारिणा ।।१६६।।
असिताङ्गो रुरुश्चण्डः क्रोधोन्मत्तो भयङ्करः ।
कपाली भीषणश्च त्वामभिषिञ्चन्तु वारिणा ।।१६७।।
काली कपालिनी कुल्ला कुरुकुल्ला विरोधिनी ।
विप्रचित्तामहोग्रा त्वामभिषिञ्चन्तु सर्वदा ।।१६८।।
इन्द्रोऽग्निः शमनो रक्षो वरुणः पवनस्तथा ।
धनदश्च महेशानः सिञ्चन्तु त्वां दिगीश्वराः ।।१६९।।

पद्मा–भैरवी, भद्रकाली, तुष्टि, पुष्टि, उमा, क्षमा, श्रद्धा, कान्ति, दया, शान्ति–ये सदैव तुम्हें अभिषिक्त करें। महाकाली, महालक्ष्मी, महानील, सरस्वती, उग्रचण्डा–ये देवियाँ सदैव तुम्हें अभिषिक्त करें। मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, राम, परशुराम - ये जल से सदैव तुम्हारा अभिषेक करें। असिताङ्ग, रुरु, चण्ड, क्रोधोन्मत्त, भयंकर, कपाली, भीषण–ये जल से तुम्हें अभिषिक्त करें। काली, कपालिनी, कुल्ला, कुरकुल्ला विरोधिनी, विप्रचित्ता, महोग्रा –ये सदैव तुम्हारा अभिषेक करें। इन्द्र, अग्नि, पितृपति, नैर्ऋत, वरुण, पवन, कुबेर ईशान–ये आठ दिशापति तुम्हारा अभिषेक करें ।

हरि०–ते इति कर्मणः शेषत्वेन विवक्षितत्वात् षष्ठी॥१६४-१६९॥

रविः सोमो मङ्गलश्च बुधो जीवः सितः शनिः ।
राहुः केतुः सनक्षत्रा अभिषिञ्चन्तु ते ग्रहाः ।।१७०।।
नक्षत्रं करणं योगो वाराः पक्षौ दिनानि च ।
ऋतुर्मासो हायनस्त्वामभिषिञ्चन्तु सर्वदा ।।१७१।।
लवणेक्षुसुरासर्पिर्दधिदुग्ध जलान्तकाः ।
समुद्रास्त्वाऽभिषिञ्चन्तु मन्त्रपूतेन वारिणा ।।१७२।।

पद्मा–सूर्य, चन्द्रमा, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु–ये समस्त ग्रह

तथा नक्षत्रगण तुम्हारा अभिषेक करें। अश्विनी आदि नक्षत्र, बव आदि करण, विष्कंभादि योग, रवि इत्यादि वार, शुक्लादिपक्ष, दिन, वसन्तादि छः ऋतुएं, महीने, उत्तरायण व दक्षिणायन सूर्य, वर्ष–ये सदैव तुम्हें अभिषिक्त करें। लवण-समुद्र इक्षुसमुद्र, सुरासमुद्र, घृतसमुद्र, दधि समुद्र, दुग्धसमुद्र–ये सभी अभिन्त्रित जल से सदैव तुम्हें अभिषिक्त करें।

हरि०–**जीवो बृहस्पतिः**। सितः शुक्रः॥१७०-१७२॥

गङ्गा सूर्यसुत रेवा चन्द्रभागा सरस्वती ।
सरयुर्गण्डकी कुन्ती श्वेतगङ्गा च कौशिकी ।
एतास्त्वामभिषिञ्चन्तु मन्त्रपूतेन वारिणा ।।१७३।।

पद्मा–गंगा, यमुना, रेवा, चन्द्रभागा, सरस्वती, सरयू, गण्डकी, कुन्ती, श्वेतगंगा कौशिकी–ये नदियाँ अभिमन्त्रित जल से तुम्हारा अभिषेक करें।

हरि०–सूर्यसुता सूर्यपुत्री यमुना॥१७३॥

अनन्ताद्या महानागाः सुपर्णाद्या पतत्रिणः ।
तरवः कल्पवृक्षाद्याः सिञ्चन्तु त्वां महीधराः ।।१७४।।
पातालभूतलव्योमचारिणः क्षेमकारिणः ।
पूर्णाभिषेकसन्तुष्टास्त्वाऽभिषिञ्चन्तु पाथसा ।।१७५।।

पद्मा–अनन्त, वासुकि, पद्मादि महानाग, गरुड़ादिपक्षी, कल्पवृक्षादि वृक्ष और पर्वत तुम्हारा अभिषेक करें। पातालवासी, भूतलवासी, व्योमचारी और जीवगण तुम्हारा कल्याण करें। पूर्णाभिषेक से सन्तुष्ट हो जल से तुम्हारा अभिषेक करें।

हरि०–**अनन्ताद्याः शेषप्रभृतयः**। सुपर्णाद्याः गरुडादयः। पतत्रिणः पक्षिणः ॥१७४-१७५॥

दौर्भाग्यं दुर्यशो रोगा दौर्मनस्यं तथा शुचः ।
विनश्यन्त्वभिषेकेन परब्रह्मतेजसा ।।१७६।।
अलक्ष्मीः कालकर्णी च डाकिन्यो योगिनीगणाः ।
विनश्यन्त्वभिषेकेण कालीबीजेन ताडिताः ।।१७७।।

पद्मा–पूर्णाभिषेक होने से एवम् परमब्रह्म के तेज से तुम्हारा दुर्भाग्य, अपकीर्ति, रोग दुर्मनता तथा शोकादि सभी नष्ट हो जायें। अलक्ष्मी, कालकर्णी, डाकिनी, योगिनीगण अभिषेक से तथा काली बीज (**क्रीं**) से ताडित होकर नष्ट हो जायें।

हरि०–शुचः शोकाः॥१७६-१७७॥

भूताः प्रेताः पिशाचाश्च ग्रहा येऽरिष्टकारकाः।
विद्रुतास्ते विनश्यन्तु रमाबीजेन ताडिताः ।।१७८।।
अभिचारकृता दोषा वैरिमन्त्रोद्भवाश्च ये ।
मनोवाक्कायजा दोषा विनश्यन्त्वभिषेचनात् ।।१७९।।

नश्यन्तु विपदः सर्वाः सम्पदः सन्तु सुस्थिराः ।
अभिषेकेण पूर्णेन पूर्णाः सन्तु मनोरथाः ।।१८०।।
इत्येकाधिकविंशत्या मन्त्रैः संसिक्तसाधकम् ।
पशोर्मुखाल्लब्धमन्त्रं पुनः संश्रावयेद् गुरुः ।।१८१।।

पद्मा—भूत, प्रेत, पिशाच, ग्रह तथा अनिष्ट करने वाले रमाबीज (श्रीँ) से फटकार खा कर भाग जायें तथा विनष्ट हों, अभिचार कर्म से उत्पन्न दोष, शत्रुमन्त्र से उत्पन्न दोष, मानसिक दोष, वाचिक दोष, कायिकदोष–ये सभी अभिषेक से नष्ट हो जायें। तुम्हारी समस्त विपत्तियाँ दूर हों, तुम्हारी समस्त सम्पदा स्थिर हो। इस पूर्णाभिषेक से तुम्हारी सभी इच्छाएँ पूर्ण हों। इन इक्कीस मंत्रों से साधक का अभिषेक करें। यदि शिष्य पशुभाव के गुरु से दीक्षित हुआ हो तो पुनः सद्गुरुदेव शिष्य को मंत्र सुनायें ।

हरि०—अरिष्टकारका: अशुभोत्पादका:।।१७८-१८१।।

पूर्वोक्तनाम्ना सम्बोध्य ज्ञापयन् शक्तिसाधकान् ।
दद्यादानन्दनाथान्तमाख्यानं कौलिको गुरुः ।।१८२।।
श्रुतमन्त्रो गुरोर्यन्त्रे सम्पूज्य निजदेवताम् ।
पञ्चतत्त्वोपचारेण गुरुमभ्यर्चयेत्ततः ।।१८३।।

पद्मा—फिर कौलिक गुरुदेव पहले गये नाम द्वारा शिष्य को सम्बोधित कर समस्त शक्तिसाधकों को सूचित करते हुए उसे आनन्दनाथान्त नाम प्रदान करे। श्रीगुरुदेव से मंत्र प्राप्त कर शिष्य पञ्चतत्त्वों के उपचारों से गुरु की पूजा करे ।

हरि०—**पूर्वोक्तेत्यादि**। ततः कौलिको गुरुः शक्तिसाधकान् ज्ञापयन् सन् पूर्वोक्तनाम्ना शिष्यं सम्बोध्य तस्याऽऽनन्दनाथान्तमाख्यान नाम दद्यात्। यथा अमुकदेवशर्मन् त्वमेतद्दिनमारभ्याऽमुकानन्दनाथाख्योऽसीति।।१८२-१८३।।

गोभूहिरण्यवासांसि पानालङ्करणानि च ।
गुरवे दक्षिणां दत्त्वा यजेत् कौलान् शिवात्यकान् ।।१८४।।

पद्मा—इसके पश्चात् शिष्य गुरुदेव को भूमि, स्वर्ण, वस्त्र, पान, अलंकार दक्षिणा में प्रदान कर शिवस्वरूप कौलों का पूजन करे ।

हरि०—**गोभूहिरण्येत्यादि**। ॐ अद्येत्यादि कृतैतच्छुभपूर्णाभिषेककर्मणः साङ्गत्वार्थं गोभूहिरण्यादिदक्षिणामुकगोत्रायामुकानन्द नाथाय गुरुवे तुभ्यमहं सम्प्रददे इति वाक्येन। यथाशक्ति गोभूहिरण्यादीनि दक्षिणां गुरवे दत्त्वा शिवात्मकान् शिवस्वरूपान् कौलान् यजेत्।।१८४।।

कृतकौलार्चनो धीरः शान्तोऽतिविनयान्वितः ।
श्रीगुरोश्चरणौ स्पृष्ट्वा भक्त्या नत्वेदमर्थयेत् ।।१८५।।

पद्मा—कौल साधकों की पूजा करने के पश्चात् शान्त एवं अत्यन्त विनीत भाव से भक्ति पूर्वक श्रीगुरुदेव के चरण स्पर्श कर नमस्कार कर प्रार्थना करे ।

हरि०—अर्थयेत् याचेत् ।।१८५।।

श्रीनाथ जगतां नाथ मन्नाथ करुणानिधे ।
परामृतप्रदानेन पूरयाऽस्मन्मनोरथम् ।।१८६।।
आज्ञां मे दीयतां कौलाः प्रत्यक्षशिवरूपिणः ।
सच्छिष्याय विनीताय ददामि परमामृतम् ।।१८७।।
चक्रेश परमेशान कौलपङ्कजभास्कर ।
कृतार्थं कुरु सच्छिष्यं देह्यमुष्मै कुलामृतम् ।।१८८।।
आज्ञानदाय कौलानां परमामृतपूरितम् ।
सशुद्धिकं पानपात्रं शिष्यहस्ते समर्पयेत् ।।१८९।।
हृद्याकृष्य गुरुर्देवीं स्रुवसंलग्नभस्मना ।
स्वरूप शिष्यरूप कौलानां कूर्चे च तिलकं न्यसेत् ।।१९०।।

पद्मा—"हे श्रीथ! हे जगत नाथ! हे मेरे नाथ! हे करुणानिधिः परामृत प्रदान कर मेरे मनोरथ को पूर्ण करें। गुरुदेव कौलों से आज्ञा प्राप्त कर उनसे कहें - हे शिवरूप कौलगण आप आज्ञा प्रदान करें। अपने विनम्र सच्छिष्य को मैं परमामृत देता हूँ। उत्तर में कौलगण कहें - हे चक्रेश्वर! हे परमेशान! आप कौलस्वरूप कमलवन के लिये सूर्यस्वरूप हैं। आप इस सच्छिष्य को कुलामृत प्रदान कर कृतार्थ करें। कुली कौलगणों की अनुमति लेकर गुरुदेव शुद्धि (माँस) सहित परमामृत से पूर्ण पात्र शिष्य के हाथ प्रदान करे। फिर अपने हृदय में गुरुदेव देवी का ध्यान कर स्रुव में लगी भस्म से शिष्य तथा कौलसाधकों के भ्रूमध्य में तिलक लगाये ।

हरि०—यत् प्रार्थयेत्तदाह श्रीनाथेत्याद्येकेन॥१८६-१९०॥

ततः प्रसादतत्त्वानि कौलेभ्यः परिवेशयन् ।
चक्रानुष्ठानविधिना विदध्यात् पानभोजनम् ।।१९१।।
इति ते कथितं देवि! शुभपूर्णाभिषेचनम् ।
ब्रह्मज्ञानैकजननं शिवत्वफलसाधनम् ।।१९२।।
नवरात्रं सप्तरात्रं पञ्चरात्रं त्रिरात्रकम् ।
अथ वाप्येकरात्रञ्च कुर्यात् पूर्णाभिषेचनम् ।।१९३।।
संस्कारेऽस्मिन् कुलेशानि! पञ्चकल्पाः प्रकीर्तिताः ।
नवरात्रे विधातव्यं सर्वतोभद्रमण्डलम् ।।१९४।।
नवनाभं सप्तरात्रे पञ्चाब्जं पञ्चरात्रके ।
त्रिरात्रे चैकरात्रे च पद्मष्टदलं प्रिये ।।१९५।।
मण्डले सर्वतोभद्रे नवनाभेऽपि साधकैः ।
स्थापनीया नवघटाः पञ्चाब्जे पञ्चसङ्ख्यकाः ।।१९६।।

पद्मा—इसके उपरान्त प्रसाद तत्त्व समस्त कौलों को अर्पित कर चक्रानुष्ठान की विधि से पान एवं भोजन करे। हे देवि! मैंने तुमसे यह शुभपूर्णाभिषेक कहा। इस पूर्णाभिषेक से

ब्रह्मज्ञान एवं शिवत्व प्राप्त हो जाता है। नवरात्रि, सप्तरात्रि, पञ्चरात्रि, त्रिरात्रि अथवा एकरात्रि में पूर्णाभिषेक करे। हे कुलेशानि! इस संस्कार में पाँच कल्प कहे गये हैं। नौ रात्रि के अभिषेक में "सर्वतोभद्रमण्डल", सातरात्रि के अभिषेक में "नवनाभमण्डल" पाँच रात्रि के अभिषेक में "पञ्चाब्जमण्डल" तीन तथा एक रात्रि के अभिषेक में "अष्टदलकमल" की रचना करे। "सर्वतोभद्र" तथा "नवनाभ" मण्डल में नौ घट (घड़े) तथा पाँच घटों की स्थापना करे ।

हरि०—**तत इति।** विदध्यात् कुर्यात्॥१९१-१९६॥

नलिनेऽष्टदले देवि घटस्त्वेकः प्रकीर्तितः ।
अङ्गावरणदेवांश्च केसरादिषु पूजयेत् ।।१९७।।
पूर्णाभिषेकसिद्धानां कौलानां निर्मलात्मनाम् ।
दर्शनात् स्पर्शनाद् घ्राणाद् द्रव्यशुद्धिर्विधीयते ।।१९८।।
शाक्तैर्वा वैष्णवैः शैवैः सौरैर्गाणपतैरपि ।
कौलधर्माश्रितः साधुः पूजनीयोऽतियत्नतः ।।१९९।।
शाक्ते शाक्तो गुरुः शस्तः शैवे शैवो गुरुर्मतः ।
वैष्णवे वैष्णवः सौरे सौरो गुरुरुदाहृतः ।।२००।।

पद्मा—हे देवि! अष्टदलकमल में केवल एक घट की विधि कही गयी है। इस कमल के केसरादि में अंगदेवता तथा आवरणदेवताओं की पूजा करे। पूर्णाभिषेक से सिद्ध पवित्र-हृदय कौलों को देखने, स्पर्श करने तथा सूँघने से ही द्रव्यों की शुद्धि हो जाती है। शाक्त, वैष्णव, शैव, सौर अथवा गाणपत सभी उपासकों द्वारा कुलधर्माश्रित साधु यत्नपूर्वक पूजनीय हैं। शाक्तों के लिये शाक्त, शैवों के लिये शैव, वैष्णवों के लिये वैष्णव, सौरों के लिये सौर गुरु ही श्रेष्ठ है ।

हरि०—नलिने पद्मे॥१९७-२००॥

गाणपे गाणपश्चैव कौलः सर्वत्र सद्गुरुः ।
अतः सर्वात्मन् धीमान् कौलाद् दीक्षां समाचरेत् ।।२०१।।
पञ्चतत्त्वेन यत्नेन भक्त्या कौलान् यजन्ति ये ।
उद्धृत्य पुरुषान् सर्वांस्ते यान्ति परमां गतिम् ।।२०२।।
पशोर्वक्त्राल्लब्धमन्त्रः पशुरेव न संशयः ।
वीराल्लब्धमनुर्वीरः कौलाद्भवति ब्रह्मवित् ।।२०३।।
शाक्ताभिषेकी वीरः स्यात् पञ्च तत्त्वानिशोधयेत् ।
स्वेष्टपूजाविधावेव न तु चक्रेश्वरो भवेत् ।।२०४।।

पद्मा—गाणपत के लिये गाणपत गुरु तथा कौल सभी के लिए श्रेष्ठ गुरु है। इसलिए बुद्धिमान् मनुष्य सभी प्रकार से कौल गुरु से दीक्षा ग्रहण करे । जो मनुष्य, भक्तिपूर्वक

पञ्चतत्त्वों से कौलगणों को पूजा करते हैं वे अपने समस्त पूर्वजों का उद्धार करके स्वयं भी परमगति को प्राप्त होते हैं। पशुभाव के गुरु से मन्त्र प्राप्त करने वाला पशु ही होता है। इसमें सन्देह नहीं हैं। जो वीर से मन्त्र ग्रहण करता है वह वीर साधक है। जो कौल गुरु से मन्त्र ग्रहण करता है। वह ब्रह्मज्ञानी है। जिसका शाक्ताभिषेक हुआ है वह वीर है। अपने इष्ट देवता की पूजाविधि से वह पञ्चत्त्वों का शोधन कर सकता है; किन्तु चक्रेश्वर नहीं बन सकता है ।

हरि०—सर्वात्मा सर्वप्रयत्नेन॥२०१-२०४॥

वीरघाती वृथापायी वीराणां स्त्रीगमस्तथा ।
स्तेयी महापातकिनस्तत्संसर्गी च पञ्चमः ।।२०५।।
कुलवर्त्म कुलद्रव्यं कुलसाधकमेव च ।
ये निन्दन्ति दुरात्मानस्ते गच्छन्त्यधमां गतिम् ।।२०६।।
नृत्यन्ति रुद्रडाकिन्यो नृत्यन्ति रुद्रभैरवाः ।
मांसास्थिचर्वणानन्दाः सुराकौलद्विषां नृणाम् ।।२०७।।

पद्मा—वीर की हत्या करने वाला, वृथा मद्यपान करने वाला, वीरों की स्त्रियों से अवैध सम्बन्ध रखने वाला और जो चोरी से जीवनयापन करता है - ये चार महापापी हैं। इन पापियों का साथ करने वाला मनुष्य पाँचवाँ महापापी है। कुलमार्ग, कुलद्रव्य तथा कुलसाधक की जो पापी निन्दा करते हैं वे अधोगति को प्राप्त होते हैं। रुद्रडाकिनियाँ तथा रुद्रभैरवगण कौलदेवी मनुष्यों के माँस और हड्डियों को चबाकर आनन्द से नाचते हैं।

हरि०—अथ पञ्चमहापातकिन आह वीरघातीत्याद्येकेन ॥२०५-२०७॥

दयालवः सत्यशीलाः सदा परहितैषिणः ।
तान् गर्हयन्तो नरकान्निष्कृतिं यान्ति क्वचित् ।।२०८।।
उक्त प्रयोगा बहवः कर्माणि विविधानि च ।
ब्रह्मैकनिष्ठकौलस्य त्यागानुष्ठानयोः समम् ।।२०९।।

पद्मा—दयालु, सत्यनिष्ठ, सदैव परोपकार में लगे रहने मनुष्य भी यदि कौलगणों की निन्दा करते हैं तो वे भी निश्चित रूप से नरक में जाते हैं। बहुत से प्रयोग, बहुत से कर्मानुष्ठान तथा बहुत से विधान कहे गये हैं; किन्तु एक मात्र ब्रह्मनिष्ठ कौल के लिये कर्म का त्याग तथा कर्म का अनुष्ठान दोनों समान रूप से फलदायक होते हैं ।

हरि०—गर्हयन्तः निन्दन्तः॥२०८-२०९॥

एकमेव परं ब्रह्म जगदावृत्य तिष्ठति ।
विश्वार्चया तदर्चा स्यात् यतः सर्वं तदन्वितम् ।।२१०।।

पद्मा—एकमात्र परम ब्रह्म ही त्रिभुवन में व्याप्त होकर स्थित है। इसलिए विश्व की पूजा करने से वह ब्रह्म की ही पूजा होती है; क्योंकि सभी वस्तुएँ ब्रह्म से अभिन्न हैं।

हरि०—एकेति। तदर्चा परब्रह्मार्चनम्। तदन्वितम् परब्रह्मान्वितम्॥२१०॥

फलासक्ताः कामपराः कर्मजातरताः प्रिये ।
पृथक्त्वेन यजन्तोऽपि तत् प्रयान्ति विशन्ति च ।।२११।।
सर्वं ब्रह्मणि सर्वत्र ब्रह्मैव परिपश्यति ।
ज्ञेयः स एव सत्कौलो जीवन्मुक्तो न संशयः ।।२१२।।

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्मनिर्णयसारे श्रीमदाद्या-सदाशिव संवादे वृद्धिश्राद्धादिमृतक्रियापूर्णाभिषेक-कथनं नाम दशमोल्लासः।।१०।।

पद्मा—हे प्रिये! फल में आसक्त, कामपरायण तथा कर्मकाण्ड में लगे हुए व्यक्ति अलग-अलग भावों से अन्य देवताओं की पूजा करने पर भी ब्रह्म का ज्ञान प्राप्त करते हैं तथा ब्रह्म में लय हो जाते हैं। जो समस्त वस्तुओं में ब्रह्म को तथा ब्रह्म को सभी वस्तुओं में देखते हैं उन्हें सत्कौल तथा जीवन्मुक्त समझना चाहिए, इसमें सन्देह नहीं है ।

हरि०—फलासक्ता इत्यादि। अत इति शेषः। कर्मजातरताः कर्मसमूहानुरक्ताः॥ तत् परं ब्रह्म॥२११॥२१२॥

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्मनिर्णयसारे श्रीमदाद्यासदा-शिवसंवादे अजय कुमार उत्तम विरचित पद्मा हिन्दी व्याख्यायां वृद्धिश्राद्धादिकथनं नाम दशमोल्लासः।।१०।।

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रटीकायां दशमोल्लासः।।१०।।

एकादशोल्लासः

श्रुत्वा शाम्भवधर्माणि वर्णाश्रमविभेदतः ।
अपर्णा परया प्रीत्या पप्रच्छ शङ्करं प्रति ।।१।।

पद्मा—वर्णाश्रम भेद के अनुसार भगवान् शिव के धर्म का वर्णन सुनकर अपर्णा देवी अत्यन्त ही प्रसन्न हुईं। उन्होंने भगवान् शंकर से अतिआदर पूर्वक पूछा ।

हरि०—ॐ नमो ब्रह्मणे ।

कलौ लोकानां प्रायशो नास्तिकत्वात् संशयापन्नमानसत्वात् कामक्रोधाद्यभिभूतत्वात् सर्वदेन्द्रियसुखाकांक्षित्वाच्च सदाशिवप्रोक्तसन्मार्गाननुष्ठानात्तन्निबिद्धदुर्वर्त्मनः सेवनाच्चानेकविधं पापमुत्पद्यते। ततश्च तेषां कथं विमुक्तिरित्याशपवती पार्वती शङ्करपृच्छति स्मेत्याह श्रुत्वेत्यादिना। वर्णा ब्राह्माणादयश्चाश्रमौ गार्हस्थ्यभैक्षुकौ च तेषां विभेदतः शाम्भवधर्माणि शम्भुप्रोक्तधर्माणि श्रुत्वा अपर्णा व्रतत्यक्तपत्रा पार्वती परयोत्तमया प्रीत्या शङ्करं कल्याणिकर्तारं महादेवं प्रति पप्रच्छ॥१॥

श्रीदेव्युवाच

वर्णाश्रमाचारधर्माः संस्कारा लोकसिद्धये ।
कथिताः कृपया मह्यं सर्वज्ञेन त्वया प्रभो ।।२।।

पद्मा—श्रीदेवी ने कहा - हे प्रभो! आप सर्वज्ञ हैं। आपने लोक व्यवहार में सफलता के लिये वर्ण तथा आश्रम के आचार, धर्म तथा संस्कारों को कहा है ।

हरि०—किं पप्रच्छेत्यात्काङ्क्षायां प्रष्टव्यमेवाभि धातुमुपक्रमते वर्णाश्रमेत्यादि वक्तुमर्हसीत्यन्तं श्लोकत्रयम्। प्रभो हे स्वामिन् यद्यपि लोकसिद्धये लोकनिर्वाहनिष्पत्तये वर्णानामाश्रमाणां चाचारा धर्मः संस्काराश्च सर्वज्ञेन सर्वं जानता त्वया कृपया मह्यं मामुद्दिश्य कथिता उक्ताः॥२॥

कलौ दुर्वृत्तयो लोकाः कामक्रोधान्धचेतसः ।
नास्तिकः संशयात्मनः सदेन्द्रियसुखैर्षिणः ।।३।।

पद्मा—कलियुग में मनुष्य काम-क्रोधदि से अन्धे, नास्तिक, शंका करने वाले तथा सदैव इन्द्रियसुखों की इच्छा करने वाले होंगे ।

हरि०—तथापि कलौ लोका अना भवन्निगदितं भवता कथितं वर्त्म मार्गं नानुष्ठास्यन्ति नानुचरियन्तीति द्वितीयं नान्वयः। शिवोक्त वर्त्माननुष्ठाने हेतु दर्शयन लोकान् विशिनष्टि कलौ दुर्वृत्तय इत्यादिना। कथम्भूताः लोकाः दुर्वृत्तयः दुष्टे कर्मणि वृत्तिर्दुष्टा वा वृत्तिर्येषां ते। दुष्टे कर्मणि वर्त्तमाना इत्यर्थः पुनः-पुनः कामक्रोधान्धचेतसः कामक्रोधाभ्यामन्धञ्चेतो येषां तथाभूताः। नास्तिका परलोकादिकं नास्तीति बुद्धिशालिनः। संशयात्मानः परलोकादिव्यमस्ति

नास्तिवेति सन्देहापन्नमानसा:। सदेन्द्रियसुखैषिणं: सर्वदा रसनादीन्द्रियसुखाकाङ्क्षिण:।।३।।

भगवन्निगदितं वर्त्म नानुष्ठास्यन्ति दुर्धियः ।
तेषां का गतिरीशान विशेषाद्वक्तुमर्हसि ।।४।।

पद्मा—हे ईशान! दुर्बुद्धियुक्त मनुष्य आपके बताये गये अनुष्ठान को नहीं करेंगे तो उनकी क्या गति होगी? आप इसे विशेष रूप से कहे ।

हरि०—दुर्धियः दुर्बुद्धय:। ईशान हे ऐश्वर्यशालिन् तेषां लोकानां का गति: को विमुक्ते रूपाय: स्यादिति विशेषाद्वक्तुं कथयितुमर्हसि त्व योग्यो भवसि। गतिर्ज्ञाने दशायां च मार्गे यात्राभ्युपापयोरिति कोष: ।।४।।

श्री सदाशिव उवाच

साधु पृष्टं त्वया देवि! लोकानां हितकारिणिः ।
त्वं जगज्जननी दुर्गा जन्मसंसारमोचनी ।।५।।

पद्मा—श्री सदाशिव ने कहा—हे देवि! तुमने अच्छा प्रश्न किया है। तुम लोकहितकारिणी, जगज्जननी तथा संसार बन्धन से छुड़ाने वाली दुर्गा हो ।

हरि०—शम्भुरिदानीमपर्णाप्रश्नं स्तौति साधु पृष्टमित्यदिना। देवि हे द्युतिमति त्वया साधु मनोरमं पृष्टम्। साधुप्रश्ने हेतुं दर्शयन्नाह लोकानामिति। कीदृशि देवि लोकानां हितकारिणि जनानामभीष्टोत्यादयित्रि। लोकानां हितकारिणीत्वे बीजं दर्शयन्नाह त्वमित्यादि। त्वं जगज्जननी जगतां जनयित्री जगज्जननीत्वाल्लोकानां हितकारिणी लोकानां हितकारिणीत्वाच्च साधु पृष्टमिति योज्यम्। जन्मसंसारमोचनी जन्मन: उत्पत्ते: संसारात् पुन: पुनर्यातायातकर्तु: कलंत्रपुत्रादेश्च मुक्तिकर्त्री त्वम्। अत एव दु:खेन गम्यते ज्ञायते या सा दुर्गा दुर्ज्ञेया च त्वम्।।५।।

त्वमाद्या जगतां धात्री पालयित्री परात्परा ।
त्वयैव धार्यते देविं: विश्वमेतच्चराचरम् ।।६।।

पद्मा—हे दवि! तुम ही आद्या, जगत् को धारण और पालन करने वाली परात्परा हो। इस चराचर विश्व को तुम ही धारण करती हो ।

हरि०—त्वमिति। त्वं जगतामाद्या आदिभूताऽसि। जगतां धात्री पोष्ट्री च त्वं पालयित्री जगतां रक्षिका च त्वमेव। परात् श्रेष्ठादपि पराश्रेष्ठा च त्वम्। हे देवि कान्तिमति चराचरं जङ्गमस्थावरमेतद्विश्वं त्वयैवं धार्यते।।६।।

त्वमेव पृथ्वी त्वं वारि त्वं वायुस्त्वं हुताशनः ।
त्वं वियत्त्वमहङ्कारस्त्वं महत्तत्त्वरूपिणी ।।७।।

पद्मा—तुम ही पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाश, अहंकारतत्त्व व महत्तत्वरुपा हो।

हरि०—त्वमेवेति। त्वमेव पृथ्वी भूमि: त्वं वारि जलं त्वमेव वायु: त्वं च हुताशनोऽग्नि: त्वं वियदाकाशं त्वं चाहङ्कार:। महत्तत्त्वरूपिणी च त्वमेव।।७।।

नियमेन विना काललाभयोरन्यथा भवेत् ।।१२१।।

पद्मा—जब कोई समय और लाभ के नियम को उपेक्षित कर लाभ के लिए स्थावर व अस्थावर सम्पत्ति को लगाएगा, तो वह लाभ अन्यथा होगा ।

हरि०—काललाभयोर्नियममकृत्वैव यस्मिंल्लाभे स्थावरादिद्रव्याणि प्रयोज्यन्ते तस्य अन्यथात्वं भवेदित्याह लाभे इत्यादिना। काललाभयोर्नियमेन विना यत्र लाभे फले स्थावरादीनि वस्तूनि मानवो नियोजयेत्। स लाभोऽन्यथा भवेत्। "नीवीपरिपणं मूलधनं लोभोऽधिकं फलम्" इत्यमर:॥१२१॥

साधारणानि वस्तूनि लाभार्थं नैव योजयेत् ।
मृते पितरि सर्वेषामंशिनां सम्मतिं विना ।।१२२।।

पद्मा—पिता की मृत्यु के पश्चात् समस्त अंशधारकों की सम्मति के बिना कोई भी साधारण सम्पत्ति लाभ के कार्यों में नहीं लगाई जा सकती है ।

हरि०—पितुर्मरणादूर्ध्वं सर्वभ्रातृणां सम्मतेरभावे सामान्यद्रव्याणि लाभार्थं नैव प्रयोक्तव्यानीत्याह साधारणानीत्यादिना। पितरि मृते सति सर्वेषामंशिनां सम्मतिं विना साधारणानि सामान्यानि वस्तूनि लाभार्थं फलार्थं नैव योजयेत्॥१२२॥

क्रमव्यत्ययमूल्येन द्रव्याणां विक्रये सति ।
नृपस्तदन्यथा कर्तुं क्षमो भवति पार्वति ।।१२३।।

पद्मा—हे पार्वति! जो अतिमूल्यवान वस्तु कम मूल्य में अथवा कम मूल्य की वस्तु अधिक मूल्य में बिके, तो राजा इसके विपरीत करने में सक्षम होता है ।

हरि०—विपरीतक्रमकेण मूल्येन स्थावरादिद्रव्याणां जातं विक्रयणमन्यथा कर्तुं नृपेण शक्यते इत्याह क्रमेत्यादिना। हे पार्वति! क्रमस्य व्यत्ययो विपर्ययो यत्र तथा भूतेन मूल्येन

द्रव्याणां विक्रये सति स्वल्पमूल्येन भूयिष्ठमूल्यानां भूयिष्ठमूल्येन च स्वल्पमूल्यानां द्रव्याणां विक्रयणे सति तद्विक्रयणमन्यथा कर्तुं नृपो नराधिपः क्षमो भवति ॥१२३॥

जननञ्चापि मरणं शरीराणां यथा सकृत् ।
दानं तथैव कन्याया ब्राह्मोद्वाहः सकृत्सकृत् ॥१२४॥

पद्मा—जिस प्रकार देह का जन्म तथा मृत्यु एक ही बार होती है उसी प्रकार दान एवं कन्या का ब्राह्मविवाह एक बार से अधिक नहीं होता है ।

हरि०—ननु वेदोक्तविधिभिरेकनोद्वाहिता कन्या जीवत्येव तस्मिन्मृते वा पुनस्तैरेव विधिमिभरन्येनोद्वाह्या भवेन्न वेत्यत आह जननमित्यादिना। यथा शरीराणां जननमुत्पत्तिर्मरणं मृतिश्चापि सकृदेकवारमेव भवति। तथैव दानं कन्याया ब्राह्मोद्वाहश्च सकृत् सकृदेव भवति। ब्राह्मोद्वाह इति व्याहरता महादेवेनैकेनोद्वाहिताया अपि कन्यायाः शैवविधिभिस्तु पुनरुद्वाहो भवत्येवेति सूचयाम्बभूवे॥१२४॥

नैकपुत्रः सुतं दद्यान्नैकस्त्रीकस्तथा स्त्रियम् ।
नैककन्यः सुतां शैवोद्वाहे पितृहितः पुमान् ॥१२५॥

पद्मा—कोई भी मनुष्य अपने इकलौते पुत्र का दान नहीं कर सकता। कोई भी जिसके अपनी एक स्त्री है, उसका दान नहीं कर सकता। जो पितरों का हित चाहता है, वह अपनी इकलौती पुत्री का शैव विवाह नहीं कर सकता है ।

हरि०—एकपुत्रेणैकस्त्रीकेणैकपुत्रीकेण च पितृहितेन पुंसा पुत्रदानं स्त्रीदानं शैवोद्वाहे कन्यादानञ्च नैव कार्यमित्याह नैकपुत्र इत्यादिना। एकपुत्रः पुमान् सुतं पुत्रं कस्मैचिन्न दद्यात्। पुत्रादीनामदाने हेतुं दर्शयन् पुमांसं विशिनष्टि कथम्भूतः पुमान् पितृहितः यतः पितृभ्यो हितोऽतो न दद्यादित्यर्थः॥१२५॥

दैवे पित्र्ये च वाणिज्ये राजद्वारे विशेषतः ।
यद्विदध्यात् प्रतिनिधिस्तन्नियन्तुः कृतिर्भवेत् ॥१२६॥

पद्मा—दैव एवं पितरों के कार्य में, वाणिज्य, विशेषकर राजद्वार में प्रतिनिधि जो कुछ कहेगा वह प्रतिनिधि नियुक्त करनेवाले का ही किया माना जाएगा ।

हरि०—प्रतिनिधिना विहितं यद्यद्दैवादिकं कर्म तत् सर्वमात्मनैव विहितं भवेदित्याह दैव इत्यादिना। दैवे पित्र्ये वाणिज्ये च कर्मणि विशेषतो राजद्वारे च प्रतिनिधिर्यद्विदध्यात्तन्नियन्तुः प्रवर्तयितुः कृतिर्भवेत् । दैवे पित्र्ये वाणिज्ये इति निर्धारणे सप्तमी। क्रियते इति कृतिः। स्त्रियां क्तिन्निति कर्मणि क्तिन् ॥१२६॥

न दण्डार्हः प्रतिनिधिस्तथा दूतोऽपि सुव्रते! ।
नियोक्तृकृतदोषेण विधिरेष सनातनः ॥१२७॥

पद्मा—हे सुव्रते! यह विधि सदैव से होती रही है कि प्रतिनिधि को नियुक्त करने वाले के दोष के लिए प्रतिनिधि अथवा दूत दण्डनीय नहीं है ।

हरि०—ननु नियन्त्रा कृतेनापराधेन प्रतिनिधिदूतौ दण्डनीयौ भवेतां न वेत्यत आह नेत्यादिना। हे सुव्रते शोभनव्रतशालिनि नियोक्तृकृतदोषेण नियन्तृविहितापराधेन प्रतिनिधिः तथा दूतश्चारोऽपि दण्डार्हो न भवेत्। एष सनातनो नित्यो विधिर्विधानम्॥१२७॥

ऋणे कृषौ च वाणिज्ये तथा सर्वेषु कर्मसु ।
यद्यदङ्गीकृतं लोकैस्तत्कार्यं धर्मसम्मतम् ॥१२८॥

पद्मा—ऋण, कृषि कार्य, वाणिज्य तथा अन्य समस्त कर्म जो (संसार) में अंङ्गीकृत है, वही धर्म सम्मत हैं ।

हरि०—ऋणकृष्यादावन्येषु च सकलकर्मसु निखिलस्याऽङ्गीकृतस्याऽवश्यकरणीयतामाह ऋण इत्यादिना। ऋणे कृषौ वाणिज्ये वणिक्कर्मणि च तथाऽन्येषु सर्वेषु कर्मसु लोकैर्जनैर्धर्मसम्मतं यद्यदङ्गीकृतं तत् सर्वं कार्यं विधातव्यम्। धर्मसम्मतमित्यनेन पापसम्मतं स्वीकृतं सर्वथा लोकानामकरणीयमिति ध्वनितम्॥१२८॥

अधीशेनावितं विश्वं नाशं यान्ति निनंक्षवः ।
तत्पातॄन् पाति विश्वेशस्तस्माल्लोकहितो भवेत् ॥१२९॥

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्मनिर्णयसारे
श्रीमदाद्यासदा-शिवसंवादे सनातनव्यवहार-
कथनं नाम द्वादशोल्लासः।

पद्मा—इस जगत् की रक्षा जगदीश्वर करते हैं। जो इस जगत् को नष्ट करना चाहते है, उनका स्वयं ही विनाश हो जाता है। ईश्वर द्वारा पालित जगत् की रक्षा जो लोग करते है। जगदीश्वर उनकी रक्षा करते हैं। इसलिए सदैव जगत के हित में ही लगे रहना चाहिए।

श्रीमदाद्यास-दाशिवसंवादे मझिलेगाँवनिवासी अजय कुमार उत्तम
कृत पद्मा हिन्दी व्याख्या में सनातनव्यवहारकथन
नामक द्वादशोल्लास पूर्ण हुआ ॥१२॥

हरि०—आत्मनो भद्रमभिलष्यद्भिमनिवैर्लोकहितैरेव भवितव्यमित्याह अधीशेनेत्यादिना। यतोऽधीशेन जगदीश्वरेणावितं रक्षितं विश्वं संसारं निनंक्षवो नाशयितुमिच्छवो जनाः स्वयं नाशं यान्ति प्राप्नुवन्ति तत्पातॄन् विश्वपालकांस्तु विश्वेशः पाति रक्षति तस्माद्धेतोर्लोकहितो जनो भवेत्। नश्यत्रान्तर्भावितोण्यर्थे॥१२९॥

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रटीकायां द्वादशोल्लासः ॥

त्रयोदशोल्लासः

इति निगदितवन्तं देवदेवं महेशं
निखिलगनिगमसारं स्वर्गमोक्षैकबीजम् ।
कलिमलकलितानां पावनैकान्तचित्ता
त्रिभुवनजनमाता पार्वती प्राह भक्त्या ।।१।।

पद्मा—सभी निगमों का सार तथा स्वर्ग एवं मोक्ष के एकमात्र कारणरूप बातों के कहने वाले देवदेव महादेव से कलियुग के मल से कलुषित जीवों की पवित्रता के लिए एकाग्रचित्त, त्रिभुवन की माता पार्वती ने भक्तिपूर्वक कहा ।

हरि०—ॐ नमो ब्रह्मणे ।

इतीत्यादि। निगदितवन्तम् कथितवन्तम्। कलिमलकलितानां पावनैकान्तचित्ता कलिमलैः संयुक्तानां जनानां पावने दृढ़मानसा ॥१॥

देव्युवाच

महद्योनेरादिशक्तेर्महाकाल्या महाद्युतेः ।
सूक्ष्मातिसूक्ष्मभूतायाः कथं रूपनिरूपणम् ।।२।।

पद्मा—महद्योनि (जिससे ब्रह्माण्ड उत्पन्न हो रहा है) आदिशक्ति (मूल प्रकृति) महाद्युति (जिससे स्थूल एवं सूक्ष्म जगत् प्रकाशमान है) एवं सूक्ष्म से सूक्ष्मा (सर्वथा दुर्ज्ञेया) महाकाली का निरूपण किस प्रकार से होगा? ।

हरि०—पार्वती महेशं प्रति किमाहेत्यपेक्षायामाह महद्योनिरित्यादिना। महद्योनेः महत्तत्त्वोत्पत्तिस्थानभूतायाः॥२॥

रूपं प्रकृतिकार्याणां सा तु साक्षात् परात्परा ।
एतन्मे संशयं देव विशेषाच्छेत्तुमर्हसि ।।३।।

पद्मा—हे देव! प्राकृतिक कार्य अर्थात् पाञ्चभौतिक घटपटादि का ही स्वरूप है, किन्तु महाकाली साक्षात् परात्वर (प्रकृति रूपा) है अतः इनका रूप होना असम्भव है। इस विषय में मुझे विशेष रूप से सन्देह है। आप मेरे इस विशेष सन्देह का निराकरण करें ।

हरि०—सा महाकाली। एतत् एतम् ॥३॥

श्रीसदाशिव उवाच

उपासकानां कार्याय पुरैव कथितं प्रिये ।
गुणक्रियानुसारेण रूपं देव्याः प्रकल्पितम् ।।४।।

पद्मा—श्रीमहादेव (सदाशिव) ने कहा-हे प्रिये! मैंने पहले ही कहा है कि उपासकों के कार्य के लिए गुण एवं क्रिया के अनुसार देवी का रूप कल्पित होता है ।

हरि०—अत्रोत्तरं श्रीसदाशिव उवाच उपासकानामित्यादिभिर्दशभिः। हे प्रिये उपासकानां जनानां कार्याय गुणक्रियानुसारेण देव्या महाकाल्या रूपं प्रकल्पितं न तु वास्तवमिति पुरैव कथितम् ॥४॥

श्वेतपीतादिको वर्णो यथा कृष्णे विलीयते ।
प्रविशन्ति तथा काल्यां सर्वभूतानि शैलजे! ॥५॥
अतस्तस्याः कालशक्तेर्निर्गुणाया निराकृतेः ।
हितायाः प्राप्तयोगानां वर्णः कृष्णो निरूपितः ॥६॥

पद्मा—हे शैलजे! श्वेत, पीत (पीले) आदि रंग जैसे काले रंग में लुप्त हो जाते हैं वैसे ही सभी भूत काली में प्रवेश कर जाते है अर्थात् लीन हो जाते है। इसी से योगियों ने निर्गुणा, निराकारा, संसार का हित करने वाली कालशक्ति का रंग काला निरूपित किया है।

हरि०—**श्वेतेत्यादि**। हे शैलजे पार्वति यथा कृष्ण वर्णे श्वेतपीतादिको वर्णो विलीपते विशेषेण लीनो भवति तथैव काल्यामपि सर्वभूतानि प्रविशन्ति प्रलीयन्ते। अतो हेतोस्तस्याः काल्या वर्णः कृष्णो निरूपितः कथित इत्यन्वयः प्राप्तयोगानाम् लब्धज्ञानरूपमोक्षो-पायानाम ॥५-६॥

नित्यायाः कालरूपायाः अव्ययायाः शिवात्मनः ।
अमृतत्वाल्ललाटेऽस्याः शशिचिह्नं निरूपितम् ॥७॥

पद्मा—वह नित्या, कालरूपा, अविनाशी तथा कल्याणकारिणी है। इसलिए अमृत के स्वरूप चन्द्रमा की कला उनके ललाट पर कल्पित हुई है।

हरि०—**नित्याया इत्यादिना**। नित्याया वृद्धिशून्याया अव्ययाया अपक्षयरहितायाः शिवात्मनः कल्याणस्वरूपायाः कालरूपाया अस्याः काल्या अमृतत्वात् हेतोर्ललाटे शशि-चिह्नं निरूपितं कथितम्॥७॥

शशिसूर्याग्निभिर्नित्यैरखिलं कालिकं जगत् ।
सम्पश्यति यतस्तस्मात् कल्पितं नयनत्रयम ॥८॥

पद्मा—नित्यस्वरूप, चन्द्र, सूर्य तथा अग्नि द्वारा काल से उत्पन्न समस्त जगत् दिखाई देता है, इसी से काली के तीन नेत्र कल्पित किये गये हैं।

हरि०—कालिकम् कालसम्भवम् ॥८॥

ग्रसनात् सर्वसत्त्वानां कालदन्तेन चर्वणात् ।
तद्रक्तसङ्घो देवेश्याः वासोरूपेण भाषितम् ॥९॥

पद्मा—वह कालिका काल क्रम से समस्त प्राणियों का ग्रास करती हैं तथा कालरूपी दाँतों से चबाने से समस्त प्राणियों का रक्त ही महेश्वरी के लाल वस्त्र के रूप में कहा गया है।

हरि०—सर्वसत्त्वानाम् अशेषजन्तूनाम्। कालदन्तेन कालरूपेण दन्तेन। तद्रक्तसङ्घः सर्वसत्त्वरुधिरसमूहः॥९॥

समये समये जीवरक्षणं विपदः शिवे ।
प्रेरणं स्वस्वकार्येषु वरश्चाभयमीरितम् ।।१०।।

पद्मा—हे शिवे! वह समय-समय पर जीवों की विपत्ति से रक्षा करती है। जीवों को अपने-अपने कार्य में प्रेरित करने का संकेत उनके वर एवं अभय मुद्राओं से स्पष्ट होता है ।

हरि०—समये इत्यादि। हे शिवे समये-समये काले-काले विपदः सकाशात् जीवानां रक्षणं स्वस्वकार्येषु प्रेरणं च कालिकाया वरश्चाभयभीरितम्। विपत्तितो जीवानां रक्षणमयभयं कथितं स्वस्वकार्येषु प्रेरणं वरः कथित इत्यर्थः।।१०।।

रजोजनितविश्वानि विष्टभ्यं परितिष्ठति ।
अतो हि कथितं भद्रे ! रक्तपद्मासनस्थित ।।११।।

पद्मा—हे भद्रे! वह रजोगुण से उत्पन्न विश्व में रहती हैं। इसी कारण कहा जाता है कि वे लाल कमल के आसन पर स्थित हैं ।

हरि०—विष्टभ्य अवलम्ब्य।।११।।

क्रीडन्तं कालिकं कालं पीत्वा मोहमयीं सुराम् ।
पश्यन्ती चिन्मयी देवी सर्वसाक्षिरूपिणी ।।१२।।
एवं गुणानुसारेण रूपाणि विविधानि च ।
कल्पितानि हितार्थाय भक्तानामल्पमेधसाम् ।।१३।।

पद्मा—वे ज्ञानस्वरूपा है। सभी की साक्षिस्वरूपिणी वे देवी मोहमयी सुरा को पी कर क्रीड़ा करने वाले काल से उत्पन्न जगत् को देखती हैं। अल्पबुद्धि वाले भक्तों के हित के लिए उपरोक्त प्रकार से गुणों के अनुसार भगवती काली के अनेक प्रकार के रूप कल्पित हुए हैं ।

हरि०—कालिकम् कालसम्भवं जगत्। चिन्मयी ज्ञानस्वरूपा।।१२।।१३।।

श्रीदेव्युवाच

ध्यानं यत् कथितं काल्या जीवनिस्तारहेतवे ।
तस्यानुरूपतो मूर्तिं मृण्मयीं वा शिलामयीम् ।।१४।।
दारुधातुमयीं वापि निर्माय यदि साधकः ।
विचित्रभवनं कृत्वा वस्त्रालङ्कारभूषिताम् ।
स्थापयेत्तत्र देवेशीं किं फलं तस्य जायते ।।१५।।
प्रतिष्ठा केन विधिना तस्याः प्रतिकृतेः प्रभोः ।
कर्तव्या तदशेषेण कृपया में प्रकाश्यताम् ।।१६।।
वापीकूपगृहारामदेवप्रतिकृतेस्तथा ।
प्रतिष्ठा सूचिता पूर्वं गदिता न विशेषतः ।।१७।।

पद्मा—श्रीदेवी ने कहा—जीवों के उद्धार हेतु आपने आद्या काली का जो ध्यान कहा है यदि उसके अनुसार मिट्टी, पत्थर, लकड़ी अथवा धातु की मूर्ति बनाकर साधक यदि

इस मूर्ति को वस्त्र एवं अलंकार से विभूषित कर विचित्र व मनोहर गृह बनाकर उसमें देवेशी की मूर्ति को स्थापित करे तो उसका क्या फल होगा? हे प्रभो! किस विधि के द्वारा उस मूर्ति की प्रतिष्ठा की जाएगी। यह कृपा कर बताये। आपने पहले वापी कूप (कुआँ) घर उद्यान तथा देवप्रतिमा का उल्लेख किया है, किन्तु विशेष रूप से कुछ नहीं कहा है ।

हरि०—आद्याया: कालिकायास्तद्भिन्नानां च देवतानां प्रतिमाया गृहादीनाञ्च प्रतिष्ठाया विधानं फलं गृहादिप्रदानफलञ्च श्रोतुमिच्छन्ती देव्युवाच-ध्यानमित्यादि। हे प्रभो जीवनिस्तारहेतवे काल्या यद्ध्यानं कथितं तस्य ध्यानस्यानुरूपतो मृण्मयीं मृत्तिकाविकारभूतां शिलामयीं दारुधातुमयीं वा मूर्तिं निर्माय विचित्रं भवनं च कृत्वा तत्र भवने वस्त्रालङ्कारभूषितां देवेशीं कालीं साधको यदि स्थापयेत्तदा तस्य साधकस्य किं फलं जायते इत्यन्वय:। प्रतिकृते: प्रतिमाया:॥१४-१७॥

तद्विधानमपि श्रोतुमिच्छामि त्वन्मुखाम्बुजात् ।
कथ्यतां परमेशान कृपया यदि रोचते ॥१८॥

पद्मा—हे परमेशान! मैं आपके मुखकमल से उस समस्त विधान को सुनना चाहती हूँ। यदि आपकी रूचि हो तो कृपा करके उसे कहिए ।

हरि०—अपिना फलम्॥१८॥

श्रीसदाशिव उवाच

गुह्यमेतत् परं तत्त्वं यत् पृष्टं परमेश्वरी: ।
कथयामि तव स्नेहात् समाहितमना: शृणु ॥१९॥
सकामाश्चैव निष्कामा द्विविधा भुवि मानवा: ।
अकामानां पदं मोक्ष: कामिनां फलमुच्यते ॥२०॥
यो यद्देवप्रतिकृतिं प्रतिष्ठापयति प्रिये ।
स तल्लोकमवाप्नोति भोगानपि तदुद्भवान् ॥२१॥

पद्मा—श्रीसदाशिव ने कहा - हे परमेश्वरि! तुमने जो कुछ पूछा है वह अत्यन्त ही गोपनीय है। तुम्हारे स्नेह के कारण मैं उसे बताता हूँ। उसे तुम एकाग्र होकर सुनो। इस भूलोक में दो प्रकार के मनुष्य हैं—सकाम तथा निष्काम । निष्काम मनुष्यों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। सकाम मनुष्यों को जिस प्रकार का फल प्राप्त होता है उसे कहता हूँ। हे प्रिये! जो पुरुष जिस देवता की मूर्ति की प्रतिष्ठा करता है, वह उसी देवता के लोक को और उस लोक की भोग्य वस्तुओं को प्राप्त करता है ।

हरि०—श्रीदेव्यैवं प्रार्थित: सन् श्रीसदाशिव उवाच गुह्यमेतदित्यादि॥१९-२१॥

मृण्मये प्रतिबिम्बे तु वसेत् कल्पायुतं दिवि ।
दारुपाषाणधातूनां क्रमाद्दशगुणाधिकम् ॥२२॥

पद्मा—मिट्टी की प्रतिमा प्रतिष्ठित करने वाला मनुष्य दश हजार कल्पों तक स्वर्ग में

रहता है। काष्ठ की मूर्ति प्रतिष्ठित करने से दशगुणा (एक लाख कल्प), पत्थर की मूर्ति की प्रतिष्ठा करने से दश लाख कल्प तक स्वर्ग में रहता है। इसी प्रकार पत्थर की मूर्ति से दश गुणा अधिक फल धातु की मूर्ति को प्रतिष्ठित करने में प्राप्त होता है ।

हरि०—प्रतिबिम्बे प्रतिमायाम्। अत्र प्रतिष्ठापिते सति इत्यध्याहार्यम्॥२२॥

तृणकाष्ठादिरचितं ध्वजवाहनसंयुतम् ।
मन्दिरं देवमुद्दिश्य काममुद्दिश्य वा नरः ।
संस्कुर्यादुत्सृजेद्वापि तस्य पुण्यं निशामय ।।२३।।
तृणादिनिर्मितं गेहं यो यद्यात् परमेश्वरि! ।
वर्ष कोटिसहस्राणि स वसेद्देववेश्मनि ।।२४।।
इष्टकागृहदाने तु तस्माच्छतगुणं फलम् ।
ततोऽयुतगुणं पुण्यं शिलागेहप्रदानतः ।।२५।।
सेतुसङ्क्रमदाताऽऽद्ये ! यमलोकं न पश्यति ।
सुखं सुरालयं प्राप्य मोदते स्वर्निवासिभिः ।।२६।।
वृक्षारामप्रतिष्ठाता गत्वा त्रिदशमन्दिरम् ।
कल्पपादपवृन्देषु निवसन् दिव्यवेश्मनि ।
भुङ्क्ते मनोरमान् भोगान् मनसो यानभीप्सितान् ।।२७।।

पद्मा—जो मनुष्य देवता की प्रसन्नता के लिए या किसी इच्छा से ध्वज एवं वाहन के साथ तृणकाष्ठादि निर्मित घर को बनाकर भेंट करता है या इसी प्रकार के श्रेष्ठतम् घर का संस्कार कराता है उसका पुण्य सुनो। हे परमेश्वरि। जो मनुष्य तृणादि से निर्मित घर को दान करता है वह हजार करोड़ वर्षों देवलोक में रहता है। ईंट का बना घर दान करने से इससे भी सौ गुणा अधिक फल प्राप्त होता है। पत्थर के घर का दान करने का फल इससे दश हजार गुणा अधिक है। हे आद्ये! सेतु तथा संक्रम (एक विशेष प्रकार का पुल) बनाने वाले को कभी भी यमलोक का मुख नहीं देखना पड़ता। वह सुखपूर्ण देवलोक को जाकर स्वर्गवासियों के साथ आनन्द करता है। वृक्ष एवं उपवन की प्रतिष्ठा करने वाला देवलोक में जाकर कल्पवृक्षों से युक्त दिव्य आवास में रहता हुआ अपनी इच्छित सभी सुन्दर भोग्य वस्तुओं का भोग करता है ।

हरि०—निशामय शृणु॥२३-२७॥

प्रीतये सर्वसत्त्वानां ये प्रदद्युर्जलाशयम् ।
विधूतपापास्ते प्राप्य ब्रह्मलोकमनाभयम् ।
निवसेयुः शतं वर्षानम्भसां प्रतिशीकरम् ।।२८।।

पद्मा—सभी प्राणियों की प्रसन्नता के लिए जलाशय का जो दान करता है, वह पापों से छूट कर ब्रह्मलोक को जाता है और उस जलाशय में जितनी जल की बूँदे होती है, वह उतने सौ वर्षों तक वहाँ रहता है ।

हरि०—जलाशयम वापीकूपादिकम्। अनामयम् निरुपद्रवम्। प्रतिशीकरम् प्रत्यम्बुकणम् ॥२८॥

यो दद्याद्वाहनं देवि! देवताप्रीतिकारकम् ।
स तेन रक्षितो नित्यं तल्लोके निवसेच्चिरम् ।।२९।।
मृण्मये वाहने दत्ते यत् फलं जायते भुवि ।
दारुजे तद्दशगुणं शिलाजे तद्दशाधिकम् ।।३०।।

पद्मा—हे देवि! देवता की प्रसन्नता के लिए जो कोई वाहन का दान करता है, तो वह उस देवता से रक्षित होकर उसी के लोक में चिरकाल तक निवास करता है। इस भूलोक में मिट्टी के वाहन देने का जो फल है, उसका दश गुणा फल लकड़ी का वाहन दान करने से प्राप्त होता है। पत्थर का वाहन दान करने से उसका भी दश गुणा अधिक फल प्राप्त होता है ।

हरि०—तल्लोके तस्य देवस्य लोके ॥२९-३०॥

रिन्तिका कांस्यताम्रादिनिर्मिते देववाहने ।
दत्ते फलमवाप्नोति क्रमात् शतगुणाधिकम् ।।३१।।
देव्यागारे महासिंहं वृषभं शङ्करालये ।
गरुडं कैशवे गेहे प्रदद्यात् साधकोत्तमः ।।३२।।

पद्मा—पीतल, कांसा, ताम्बा आदि धातु से बने देव वाहन के दान से क्रमशः सौ गुणा अधिक फल प्राप्त होता है। श्रेष्ठ साधक देवी के मन्दिर में महासिंह, शिवन्दिर में वृषभ तथा विष्णु मन्दिर में गरुड़ का निर्माण करके दान में देता है ।

हरि०—रिन्तिका पित्तलम् ॥३१-३२॥

तीक्ष्णदंष्ट्रः करालास्यः शटाशोभितकन्धरः ।
चतुरङ्घ्रिर्वज्रनखो महासिंहः प्रकीर्तितः ।।३३।।

पद्मा—जिसके तीखे दाँत हैं, मुखमण्डल भयानक है, कन्धे केशरों से सुशोभित हैं चार पैर हैं, नाखून वज्र के समान हैं ऐसे चौपाये जन्तुओं को महासिंह कहा जाता है ।

हरि०—महासिंहस्वरूपमाह तीक्ष्णदंष्ट्र इत्याद्येकेन। करालास्यः दन्तुवरदनः। शटाशोभितकन्धरः शटया परस्परश्लिष्टरोमविशेषसमूहेन शोभिता कन्धरा यस्य तथाभूतः। चतुरङ्घ्रिः चतुष्पात् ॥३३॥

शृङ्गायुधः शुद्धकायः चतुष्पादसितक्षुरः ।
बृहत्ककुत् कृष्णपुच्छः श्यामस्कन्धो वृषः स्मृतः।।३४।।

पद्मा—दो सींग ही जिसके आयुध हैं, शरीर श्वेतवर्ण का है, चार पैर हैं, खुर काले रंग के हैं, जिसकी पीठ पर बड़ा ककुद हैं, पूंछ काली है, कन्धे श्याम वर्ण के हैं, वह वृषभ कहलाता है ।

हरि०—वृषभस्वरूपमाह शृङ्गायुध इत्याद्येकन। असितक्षुरः नीलसुरः॥३४॥

गरुडः पाक्षिजङ्घस्तु नरास्यो दीर्घनासिकः ।
पादसङ्कोचसंविष्टः पक्षयुक्तः कृताञ्जलिः ।।३५।।

पद्मा—जिसकी जाँघ पक्षी के समान, मुख मनुष्य के समान, नाक लम्बी है तथा दो पंखों से युक्त अञ्जलि बनाकर जो दोनों पैरों को सिकोड़कर बैठा है, उसे गरूड़ कहते हैं।

हरि०—गरुड़स्वरूपमाह गरुड़ इत्याद्येकेन। नरास्यः मनुष्यमुखः।।३५।।

पताकाध्वजदानेन देवप्रीतिः शतं समाः ।
ध्वजदण्डस्तु कर्तव्यो द्वात्रिंशद्धस्तसम्मितः ।।३६।।
सुदृढश्छिद्ररहितः सरलः शुभदर्शनः ।
वेष्टितो रक्तवस्त्रेण कोटौ चक्रसमन्वितः ।।३७।।

पद्मा—देवालय में ध्वजा एवं पताका दान करने से देवता सौ वर्ष तक प्रसन्न रहते हैं। ध्वजा का दण्ड बत्तीस हाथ लम्बा, दृढ़, छिद्ररहित, सीधा, देखने में सुन्दर और लाल वस्त्र से लपेटा हुआ हो। अग्रभाग विष्णुचक्र से युक्त हो ।

हरि०—पताकेत्यादि। पताकाध्वजादानेन पताकासहितध्वजसमर्पणेन। शतं समाः शतवर्षाणि देवताप्रीतिर्भावति। तयोर्मध्ये पूर्वं ध्वजस्वरूपमाह ध्वजदण्ड इत्यादिना सार्धेन कोटौ अग्रभागे ।।३६-३७।।

पताका तत्र संयोज्या तत्तद्वाहनचिह्निता ।
प्रशस्तमूला सूक्ष्माग्रा दिव्यवस्त्रविनिर्मिता ।
शोभमाना ध्वजाग्रे या पताका सा प्रकीर्तिता ।।३८।।

पद्मा—इन लक्षणों से युक्त दण्ड के अग्रभाग में सम्बन्धित देवता के वाहन के चिह्न से युक्त पताका लगाए। पताका का मूलभाग श्रेष्ठ तथा अग्रभाग सूक्ष्म हो। पताका को सुन्दर व मनेहर वस्त्र से बनाना चाहिए। देवताओं के सुन्दर वाहनों के चिह्नों से युक्त यह पताका ध्वज के आगे शोभा पाती है ।

हरि०—तत्र ध्वजदण्डे। पताकास्वरूपमाह तत्तद्वाहन चिह्नितेत्यादिना सपादश्लोकेन। ध्वजाग्रे ध्वजदण्डाग्रभागे ।।३८।।

वासोभूषणपर्यङ्क्यानसिंहासनानि च ।
पानप्राशनताम्बूलभाजनानि पतद्ग्रहम् ।।३९।।

पद्मा—जो वस्त्र, आभूषण पर्यङ्क (पलंग), यान, सिंहासन, पान पात्र, भोजन पात्र, ताम्बूल पात्र, पीकदान ।

हरि०—पतद्ग्रहम् मुखात् पततो जलताम्बूलादेर्वाहकं पात्रविशेषम्।।३९।।

मणिमुक्ताप्रवालादिरत्नान्यात्मप्रियञ्च यत् ।
यो दद्याद्देवमुद्दिश्य श्रद्धाभक्तिसमन्वितः ।
स तल्लोकं समासाद्य तत्तत्कोटिगुणं लभेत् ।।४०।।

कामिनां फलमित्युक्तं क्षयिष्णु स्वप्नराज्यवत् ।
निष्कामानान्तु निर्वाणं पुनरावृत्तिवर्जितम् ।।४१।।
जलाशयगृहारामसेतुसंक्रमशाखिनाम् ।
देवतानां प्रतिष्ठायां वास्तुदैत्यं प्रपूजयेत् ।।४२।।
अनर्चयित्वा यो वास्तुं कुर्यात् कर्माणि मानवः ।
विघ्नं तस्याऽऽचरेद्वास्तुः परिवारगणैः सह ।।४३।।

पद्मा–मणि, मुक्ता प्रवाल (मूंगा) आदि रत्न तथा अन्य दूसरी अपनी प्रिय वस्तुएं देवता के लिए श्रद्धा व भक्ति के साथ दान करता है, वह उस देवता के लोक में पहुँचकर उन्हीं वस्तुओं का करोड़ों गुणा फल प्राप्त करता है। कामियों (कामना करने वाले) का फल स्वप्न में प्राप्त राज्य की भाँति क्षय होने वाला होता है। निष्काम भाव से कर्म करने वालों को पुनर्जन्मरहित निर्वाण मुक्ति प्राप्त होती है। जलाशय, गृह, आराम, सेतु, संक्रम, वृक्ष तथा देव प्रतिष्ठा के समय वास्तु दैत्य का पूजन करे। जो मनुष्य वास्तु पूजन न करके देव प्रतिष्ठा आदि कार्य करता है उसके कार्य में वास्तुदेव अपने परिवार गणों के साथ विघ्न डालते हैं ।

हरि०–समासाद्य सम्प्राप्य।।४०-४३।।

कपिलास्यः पिङ्गकेशो भीषणो रक्तलोचनः ।
कोटराक्षो लम्बकर्णो दीर्घजङ्घो महोदरः ।।४४।।
अश्वतुण्डः काककण्ठो वज्रबाहुर्व्रतान्तकः ।
एते परिकरा वास्तोः पूजनीयाः प्रयत्नतः ।।४५।।
मण्डलं शृणु वक्ष्यामि यत्र वास्तुं प्रपूजयेत् ।।४६।।

पद्मा–कपिलास्य, पिङ्गकेश, भीषण, रक्तलोचन, कोटराक्ष, लम्बकर्ण, दीर्घजङ्घ, महोदर, अश्वतुण्ड, काककण्ठ, वज्रबाहु तथा व्रतान्तक–ये सभी वास्तु देवता के परिवार हैं। इनकी यत्न पूर्वक पूजा करे। जिस मण्डल में वास्तु देवता का पूजन करना है, उसे कहता हूँ सुनो ।

हरि०–अथ वास्तुदैत्यस्य परिवारानाह कपिलास्य इत्यादिना सार्धेन। परिकराः परिवाराः।।४४-४६।।

वेद्यं वा समदेशे वा शस्ताद्भिरूपलेपिते ।
वाय्वीशकोणयोर्मध्ये हस्तमात्रप्रमाणतः ।।४७।।
सूत्रपातक्रमेणैव रेखामेकां प्रकल्पयेत् ।
ईशानादग्निपर्यन्तमपरां रचयेत्तथा ।।४८।।
आग्नेयान्नैर्ऋतं यावत् नैर्ऋताद्वायवावधि ।
दत्त्वा रेखे चतुष्कोणमेकं मण्डलामलिखेत् ।।४९।।

पद्मा–वेदी अथवा जल से लिपि हुई किसी समतल भूमि पर वायु कोण से ईशान

कोण तक एक हाथ लम्बी रेखा सूत्रपात्र द्वारा बनाये। ईशानकोण से लेकर अग्निकोण तक ऐसी ही एक रेखा और बनाए। इसके पश्चात् अग्निकोण से लेकर नैर्ऋत्य कोण तक तथा नैर्ऋत्यकोण से वायुकोण तक रेखा खींचने से एक चतुष्कोण मण्डल बन जाएगा।

हरि०—वास्तुप्रपूजनार्थं मण्डलमेवाह वेद्यां वेत्यादिभिः। वेद्यां वा शस्ताद्भिः प्रशस्तैर्जलैरूपलेपिते समदेशे वा वाप्वीशकोणयोर्मध्ये सूत्रपातक्रमेणैवहस्तमात्रप्रमाणत एकां रेखां प्रकल्पयेत् रचयेत्। तथैवाऽऽग्नेयादग्निकोणमारभ्य नैर्ऋतं यावत् नैर्ऋतकोणावधि नैर्ऋतात् नैर्ऋतमपि कोणमारभ्य वायवावधि वायुकोणपर्यन्तं क्रमतो द्वे रेखे दत्त्वा एवं विधानेन एकं चतुष्कोणं मण्डलमालिखेत् ॥४७-४९॥

कोणसूत्रे पातयित्वा चतुर्धा विभुजेत्तु तत् ।
यथा तत्र भवेद्देवि! मत्स्यपुच्छचतुष्टयम् ॥५०॥

पद्मा—हे देवि! चतुष्कोण मण्डल के एक कोण से लेकर दूसरे कोण तक दो रेखाएं खींचकर मण्डल को चार भागों में इस प्रकार बाँटे कि उस स्थान पर मत्स्य के पुच्छ के चार आकार बन जाएं।

हरि०—कोणसूत्रे इत्यादि। हे देवि तत्र चतुष्कोणे मण्डले यथा मत्स्यपुच्छचतुष्टयं भवेत्तथा तत् चतुष्कोणं मण्डलं कोण सूत्रे पातयित्वा चतुर्धा विभजेत् विभक्तं कुर्यात्॥५०॥

ततो भित्वा पुच्छमूलं वारुणाद्वासवावधिं ।
कौबेराद् याम्यपर्यन्तं दद्याद्रेखाद्वयं सुधीः ॥५१॥

पद्मा—सुधी साधक इस पुच्छ के मूल का भेदनकर पश्चिम दिशा से पूर्व दिशा तक तथा उत्तर दिशा से लेकर दक्षिण दिशा तक दो रेखाएं खींचे।

हरि०—तत इत्यादिना। ततः सुधीर्जनो वारुणात् पश्चिममारभ्य वासवावधि पूर्वपर्यन्तं कौबेरादुत्तरमारभ्य याम्यपर्यन्तं दक्षिणावधि च पुच्छमूलं भित्त्वा रेखाद्वयं दद्यात्॥५१॥

ततश्चतुर्षु कोणेषु कोणरेखान्वितेष्वपि ।
कर्णाकर्णिप्रयोगेण न्यसेद्रेखाचतुष्टयम् ॥५२॥

पद्मा—फिर कोणरेखायुक्त चतुष्कोणों में कर्णाकर्णि चार रेखाएं तथा मध्यस्थल में पश्चिम से पूर्व तक और उत्तर से दक्षिण तक दो रेखाएं खींचे।

हरि०—ततः इत्यादिना। ततः परं कोणरेखान्वितेषु चतुर्ष्वपि कोष्ठेषु कर्णाकर्णि-प्रयोगेण रेखाचतुष्टयं न्यसेत्। अपिना कोणरेखान्वितेषु चतुर्षु कोष्ठेषु पश्चिमात् पूर्वाबधि रेखाद्वयमुत्तरस्माद्दक्षिणाबधि च रेखाद्वयं न्यसेत् ॥५२॥

एवं सङ्केतविधिना कोष्ठानां षोडशं लिखन् ।
पञ्चवर्णेन चूर्णेन रचयेद्यन्त्रमुत्तमम् ॥५३॥

पद्मा—इस प्रकार उक्त मण्डल के सोलह कोष्ठ बनाकर पाँच रंग के चूर्ण से श्रेष्ठ यन्त्र की रचना करे।

हरि०—एवमित्यादि। एवं सङ्केतविधिना इत्थं सङ्केतविधानेन कोष्ठानां षोडशमालिखेत्। ननु केन द्रव्येणेदं मण्डलमालिखेदित्यपेक्षायामाह पञ्चवर्णेनेत्यादि।।५३।।

चतुर्षु मध्यकोष्ठेषु पद्मं कुर्यात् मनोहरम् ।
चतुर्दलं पीतरक्तकर्णिकं रक्तकेसरम् ।।५४।।
दलानि शुक्लवर्णानि यद्वा पीतानि कल्पयेत् ।
यथेष्टं पूरयेत् पदमसन्धिस्थानानि वर्णकैः ।।५५।।
शाम्भवं कोष्ठमारभ्य कोष्ठानां द्वादशं क्रमात् ।
श्वेतकृष्णपीतरक्तैश्चतुर्वर्णैः प्रपूरयेत् ।।५६।।

पद्मा—फिर मध्य में स्थित चतुष्कोण में एक मनोहर चार दल वाला कमल बनाए जिसकी कर्णिका पीले तथा लाल रंग तथा केशर लाल रंग की हो। फिर कमल के समस्त दलों को श्वेत या पीले रंग से रंगे । फिर कमल के सन्धि स्थलों में इच्छानुसार रंग भरे। फिर ईशान कोण के कोष्ठक से प्रारम्भ करके शेष बारह कोष्ठक में क्रमानुसार श्वेत, कृष्ण, पीत, रक्त इन चारों रंगों से पूरा करे ।

हरि०—चतुर्ष्वित्यादि। ततश्चतुर्षु मध्यकोष्ठेषु मनोहरं चतुर्दलं चतुष्पत्रकं परिरक्तकर्णिकं पीतरक्तवर्णबीजकोशकं रक्तकेसरं पद्मं कुर्यात् ।।५४-५६।।

दक्षिणावर्तयोगेन कोष्ठानां पूरणं प्रिये ।
वामावर्तेन देवानां पूजनं तेषु साधयेत् ।।५७।।
पद्मे समर्चयेद्वास्तुदैत्यं विघ्नोपशान्तये ।
ईशादिद्वादशे कोष्ठे कपिलास्यादिदानवान् ।।५८।।
कुशकण्डिकोक्तविधिना कुर्वन्नलसंस्कृतिम् ।
यथाशक्त्याऽऽहुतिं दत्त्वा वास्तुयज्ञं समापयेत्।।५९।।
इति ते कथिता देवि! वास्तुपूजा शुभप्रदा ।
यां साधयन्नरः क्वापि वास्तुविघ्नैर्न बाध्यते ।।६०।।

पद्मा—हे प्रिये! दक्षिणावर्तयोग में इन सभी कोष्ठों को पूरा करे। इसके पश्चात् वामावर्त क्रम से उसमें देवगण का पूजन करे। सर्वप्रथम विघ्न की शान्ति के लिए कमल (पद्म) में वास्तु दैत्य की और ईशान कोण से प्रारम्भ कर वामावर्तक्रम से बारह कोष्ठों में कपिलास्य आदि दानवों का पूजन करे। तत्पश्चात् कुशकण्डिकोक्त विधि से अग्नि का संस्कार कर यथाशक्ति आहुतियाँ प्रदान कर वास्तुयज्ञ समाप्त करे। हे देवि! तुमसे शुभत्व प्रदान करने वाली वास्तुपूजा कही। वास्तुपूजन करने से मनुष्य वास्तु के विघ्नों से पीड़ित नहीं होता है ।

हरि०—एवं वास्तुमण्डलं कथयित्वेदानीं तत्र परिवारस्य वास्तोः पूजाया विधानमाह वामावर्तेनेत्यादिना सार्धद्वयेन। तेषु द्वादशसु कोष्ठेषु वामावर्तेन देवानां दीव्यतां कपिलास्यादीनां द्वादशानां दानवानां पूजनं साधयेत्।।५७-६०।।

देव्युवाच

मण्डलं कथितं वास्तोर्विधानमपि पूजने ।
ध्यानं न गदितं नाथ तदिदानीं प्रकाशय ।।६१।।

पद्मा—हे नाथ! आपने वास्तुदेव का मण्डल और वास्तुपूजन का विधान कहा, किन्तु वास्तुदेवता का ध्यान नहीं कहा। इस समय आप इसे प्रकट करे ।

हरि०—एवं वास्तुमण्डलं तत्र सपरिवारस्य वास्तोः पूजाया विधानञ्च श्रुत्वेदानीं वास्तोर्ध्यानं श्रोतुमिच्छन्ती श्रीदेव्युवाच मण्डलमित्यादिना।।६१।।

श्रीसदाशिव उवाच

ध्यानं वच्मि महेशानि! श्रूयतां वास्तुरक्षसः ।
यस्यानुशीलनात् सद्यो नश्यन्ति सकलापदः ।।६२।।

पद्मा—हे महेशानि! वास्तुराक्षस का ध्यान कहता हूँ सुनो। इसके अनुशीलन करने से सभी आपत्तियाँ शीघ्र ही नष्ट हो जाती है ।

हरि०—एवं प्रार्थितः सन् श्रीसदाशिव उवाच ध्यानमित्यादि।।६२।।

चतुर्भुजं महाकायं जटामण्डितमस्तकम् ।
त्रिलोचनं करालास्यं हारकुण्डलशोभितम् ।।६३।।

पद्मा—जो चार भुजाओं वाले एवं विशाल शरीर वाले हैं, जिनका मस्तक जटाजूट से सुशोभित हैं, जिनके तीन नेत्र हैं, जिनका मुख भयानक हैं, जो हार एवं कुण्डल से विभूषित हैं ।

हरि०—वास्तोर्ध्यानमेवाहं चतुर्भुजमित्यादिन सार्धत्रयेण।।६३।।

लम्बोदरं दीर्घकर्णं लोमशं पीतवासम् ।
गदात्रिशूलपरशुखट्वाङ्गं दधतं करैः ।।६४।।

पद्मा—जो लम्बे पेटवाले, तथा विशाल कान वाले हैं, जिनका शरीर लोमों से ढका हुआ है, जो पीला वस्त्र धारण करते हैं, जो चारों भुजाओं में गदा, त्रिशूल, परशु तथा खट्वाङ्ग धारण करते हैं ।

हरि०—लोमशम् बहुलोमविशिष्टम् ।।६४।।

असिचर्मधरैर्वीरैः कपिलास्यादिभिर्वृतम् ।
शत्रूणामन्तकं साक्षादुद्यदादित्यसन्निभम् ।।६५।।
ध्यायेद्देवं वास्तुपतिं कूर्मपद्मासनस्थितम् ।
मारीभये रोगभये डाकिन्यादिभये तथा ।।६६।।
औत्पातिकापत्यदोषे व्यालरक्षोभयेऽपि च ।
ध्यात्वैवं पूजयेद्वास्तुं परिवारसमन्वितम् ।।६७।।
तिलाज्यपायसैर्हुत्वा सर्वशान्तिमवाप्नुयात् ।
यथा वास्तुः पूजनीयः प्रोक्तकर्मसु सुव्रते ।।६८।।

ग्रहाश्चापि तथा पूज्या दशदिक्पतिभिर्युताः ।
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च वाणी लक्ष्मीश्च शङ्करी ।।६९।।
मातरः सगणेशाश्च सम्पूज्या वसवस्तथा ।
पितरो यद्यतृप्ताः स्युः कर्मस्वेतेषु कालिके! ।।७०।।
सर्वं तस्य भवेद्व्यर्थं विघ्नश्चापि पदे पदे ।
अतो महेशि यत्नेन प्रोक्तसंस्कारकर्मसु ।।७१।।
पितृणां तृप्तयेऽत्राऽभ्युदयिकं श्राद्धमाचरेत् ।
ग्रहयन्त्रं प्रवक्ष्यामि सर्वशान्तिविधायकम ।।७२।।

पद्मा–खड्गचर्म धारण किए हुए, कपिलास्यादि वीरगणों से वेष्टितृ, शुत्र का संहार करने वाले, उगते हुए सूर्य के समान तेजस्वी, कूर्म के ऊपर पद्मासन पर बैठे हुए, वास्तुपति देव का ध्यान करना चाहिए। महामारीभय, रोगभय, डाकिनी आदि के भय, उपद्रव, सर्प अथवा राक्षसभय् के होने पर उपरोक्त प्रकार से ध्यान कर परिवारयुक्त वास्तुदेव का पूजन करे। इसके उपरान्त तिल, घी तथा खीर से होम करे तो सभी कर्मों में शान्ति प्राप्त होती है। हे सुव्रते! पहले कहे गये कर्मों में जिस प्रकार वास्तु पुरुष पूज्य है उसी प्रकार नवग्रह, दशदिक्पाल, ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, वाग्देवी (सरस्वती) लक्ष्मी, शङ्करी (पार्वती), मातृगण, गणेश, वसुगण एवं पितृगण भी पूजनीय है। हे कालिके! पूर्वकथित समस्त कर्मों से यह सभी सन्तुष्ट न हों तो कर्ता का सभी कुछ व्यर्थ हो जाता है और पग-पग पर उसको विघ्न होते हैं। हे महेशि! इसलिए प्रयास करके उक्त संस्कार कर्मों में और इसमें पितृगण की तृप्ति के लिए आभ्युदयिक श्राद्ध कर्म करे। अब मैं सर्वशान्तिविधायक ग्रह यन्त्र कहता हूँ ।

हरि०–उद्यदादित्यसन्निभम् उद्यत्सूर्यसदृशम्।।६५-७२।।

यत्र सम्पूजिताः सेन्द्रा ग्रहा यच्छन्ति वाञ्छितम् ।
त्रित्रिकोणैर्लिखेद्यन्त्रं तद्बहिर्वृत्तमालिखेत् ।।७३।।

पद्मा–इस यन्त्र में ग्रह तथा इन्द्रादिक देवता पूजे जाते हैं तथा मनवोञ्छित फल देते हैं। तीन त्रिकोण बनाकर उसके बार हर वृत्त बनाए ।

हरि०–सेन्द्राः इन्द्रादिदशदिक्पतिसहिताः। यच्छन्ति ददति।।७३।।

विदध्याद्वृत्तलग्नानि दलान्यष्टौ च तद्बहिः ।
चतुर्द्वारान्वितं कुर्यात् भूपुरं सुमनोहरम् ।।७४।।
वासवेशानयोर्मध्ये भूपुरस्य बहिःस्थले ।
वृत्तं विरचयेदेकं प्रादेशपरिमाणकम् ।।७५।।
रक्षोवारुणयोर्मध्ये चापरं कल्पयेत्तथा ।।७६।।

पद्मा–उस वृत्त के बाहर उससे लगा हुआ आठ दल वाला कमल बनाए। उनके बाहर चार द्वारों सहित एक सुन्दर भूपुर बनाए। भूपुर के बाहर पूर्व दिशा और ईशानकोण के मध्य

में आधे हाथ का एक वृत्त बनाए। फिर पश्चिम दिशा व नैर्ऋतकोण के मध्य में भी ऐसा ही एक और वृत्त बनाए ।।७४-७६।।

हरि०–ग्रहयन्त्रमेवाह त्रित्रिकोणैरित्यादिभिः। प्रथमतस्त्रिभिस्त्रिकोणैर्विशिष्टं यन्त्रं लिखेत्। ततस्तद्वहिस्त्रिकोणेभ्यो बहिवृत्तं वर्तुलमेकं मण्डलमालिखेत। ततो वृत्तलग्नान्यष्टौ दलानि पत्राणि विदध्यात् कुर्यात्। तद्वहिश्चतुर्द्वारान्वितं सुमनोहरं भूपुरं कुर्यात्। ततो वासवेशानयोर्मध्ये भूपुरस्य बहिः स्पले प्रादेश परिमाणकमेकं वृत्तं वर्तुलं मण्डलं विलिखयेत्। ततो रक्षोवरुणयोः नैर्ऋत्यपश्चिमयोर्मध्ये भूपुरस्य बहिः स्थले तथैव प्रादेशपरिमाणकमपरं वृत्तं मण्डलं कल्पयेद्रक्षयेत्।।७४-७६।।

नवग्रहाणां वर्णेन नवकोणानि पूरयेत् ।
मध्यत्रिकोणद्वौ पार्श्वौ सव्यदक्षिणभेदतः ।।७७।।
श्वेतपीतौ विधातव्यौ पृष्ठभागः सितेतरः ।
अष्टदिक्पतिवर्णेन पर्णान्यष्टौ प्रपूरयेत् ।।७८।।

पद्मा–इसके पश्चात नवग्रह के रंगों द्वारा इस यन्त्र के नौ कोणों को भरे। मध्य के त्रिकोण के दाएँ बाएँ दोनों पार्श्वों में श्वेत तथा पीत (पीले) रंग भरे। उसका पीछे का भाग काला रँगा हो। आठ दलों को अष्टदिक्पाल के रंगों से भरे ।

हरि०–नवग्रहाणामित्यादि। तत् सूर्यादीनां नवग्रहाणां वर्णेन विशिष्टैश्चूर्णैः नवकोणानि पूरयेत्। ततः सव्यदक्षिणभेदतो मध्यत्रिकोणस्य द्वौ पार्श्वौ क्रमतः श्वेतपीतौ विधातव्यौ। मध्यत्रिकोणस्य पृष्ठभागः सितेतरः कृष्णवर्णो विधातव्यः। ततः इन्द्रादीनामष्टानां दिक्पतीनां वर्णेन विशिष्टैश्चूर्णैरष्टौ पर्णानि पत्राणि प्रपूरयेत्।।७७-७८।।

सितरक्तासितैश्चूर्णैः पुरः प्राकारमाचरेत् ।
पुरो बहिः स्थे द्वे वृत्ते देवि प्रादेशसम्मिते ।।७९।।
उपर्यधः क्रमेणैव रक्तश्वेते विधाय च ।
सन्धिस्थानानि यन्त्रस्य स्वेच्छया रंजयेत् सुधीः ।।८०।।
यत्कोष्ठे यो ग्रहः पूज्यो यत्पत्रे यश्च दिक्पतिः ।
यद्द्वारेऽवस्थिता ये च तत्क्रमं शृणु साम्प्रतम् ।।८१।।
मध्यकोणे यजेत् सूर्यं पार्श्वयोररुणं शिखाम् ।
पश्चात् प्रचण्डयोर्दण्डौ पूजयेदंशुमालिनः ।।८२।।
भानूर्ध्वकोणे पूर्वस्यामर्चयेद्रजनीकरम् ।
आग्नेये मङ्गलं याम्ये बुधं नैर्ऋतकोणके ।।८३।।

पद्मा–श्वेत, रक्त और कृष्ण रंग के चूर्ण से भूपुर की प्राचीर रंगे। हे देवि! भूपुर के बाहर स्थित आधे हाथ के दोनों वृत्तों के ऊपर और बीच के भागों को क्रमशः रक्त तथा श्वेत रङ्ग से बनाए। समस्त सन्धिस्थलों को इच्छानुसार रंग से भरे। जिस-जिस प्रकोष्ठ में

जिस-जिस ग्रह का पूजन करना चाहिए तथा जिस-जिस दल में दिक्पाल की पूजा करनी चाहिए तथा जिस जिस-जिस द्वार में देवता की स्थिति है उसे क्रम से कहता हूँ उसे सुनो। मध्यकोण में सूर्य की पूजा करे, उसके दोनों पार्श्वों में अरुण तथा शिखा की पूजा करे। सूर्य के पीछे के भाग में प्रचण्ड और उद्दण्ड की पूजा करे। सूर्य के उर्ध्वकोण में पूर्व दिशा में चन्द्र का, अग्नि कोण में मंगल की तथा दक्षिण दिशा में बुध की पूजा करे। नैर्ऋतकोण में ।

हरि०–सितेत्यादि। ततः सितरक्तासितैः श्वेतलोहितकृष्णवर्णैश्चूर्णैः पुरो भूपुरस्य प्राकारमाचरेत् कुर्यात्। हे देवि पुरो भूपुरस्य बहिः स्थे प्रादेशसम्मिते द्वे वृत्ते वर्तुलं मण्डले उपर्यधः क्रमेणैव रक्तश्वेते विधाय सुधीः साधको मन्त्रस्य सन्धिस्थानानि स्वेच्छया रंजयेत् ॥७९-८३॥

बृहस्पतिं वारुणे च दैत्याचार्यं प्रपूजयेत् ।
शनैश्चरं तु वायव्ये कौबेरेशानयोः क्रमात् ।
राहुं केतुं यजेत् चन्द्रं परितस्तारकागणान् ।।८४।।

पद्मा–बृहस्पति की, पश्चिम दिशा में शुक्र की, वायुकोण में शनि की, उत्तर दिशा में राहु की, ईशान कोण में केतु की और चन्द्र के चारों ओर नक्षत्रमण्डल की पूजा करे।

हरि०–परितः सर्वतः॥८४॥

सुरो रक्तः शशी शुक्लो मङ्गलोऽरुणविग्रहः ।
बुधजीवो पाण्डुपीतौ श्वेतः शुक्रोऽसितः शनिः ।
राहुकेतू विचित्राभौ ग्रहवर्णाः प्रकीर्तिताः ।।८५।।

पद्मा–सूर्य रक्तवर्ण, चन्द्रमा शुक्लवर्ण, मंगल अरुणवर्ण, बुध पाण्डुवर्ण, बृहस्पति पीत वर्ण, शुक्र श्वेत वर्ण, शनि कृष्णवर्ण, तथा राहु एवं केतु विचित्र वर्ण है। यह ग्रहों का वर्ण कहा ।

हरि०–अथ क्रमतः सूर्यादीनां नवग्रहाणां वर्णानाह सूर इत्यादिना सार्धेन। सूरः सूर्यः॥८५॥

चतुर्भुजं रविं ध्यायेत् पद्मद्वयवराभयैः ।
चिन्तयेच्छशिनं दानमुद्रामृतकराम्बुजम् ।।८६।।

पद्मा–सूर्य के दो हाथों में दो कमल तथा दो हाथों में एवं अभयमुद्रा है, ऐसा चतुर्भुज ध्यान करे। चन्द्रमा के एक हाथ में अमृत तथा दूसरे हाथ में दान मुद्रा है ।

हरि०–अथ सूर्यादीनां नवग्रहाणां क्रमतो ध्यानमाह चतुर्भुजमित्यादिभिः। पद्मद्वयवराभयैर्विशिष्टं चतुर्भुजं रविं सूर्यं ध्यायेत्। दानमुद्रामृतकराम्बुजं दानमुद्रा चामृतञ्च कराम्बुजयोर्हस्तपद्मयोर्यस्य तथाभूतं शशिनं चन्द्रं विचिन्तयेत् ॥८६॥

कुजमीषत्कुब्जतनुं हस्ताभ्यां दण्डधारिणम् ।
ध्यायेत् सोमात्मजं बालं भाललोलितकुन्तलम्।।८७।।

यज्ञसूत्रान्वितं ध्यायेत् पुस्तकाक्षकरं गुरुम् ।
एवं दैत्यगुरुञ्चापि काणं खञ्ज शनैश्चरम् ।।८८।।

पद्मा–मंगल को कुछ कुबड़े शरीर वाला तथा दोनों हाथों में दण्ड लिए हुए ध्यान करे। बुध को बालक रूप में तथा माथे में चञ्चल केशों सहित ध्यान करें। वृहस्पति को यज्ञोपवीतयुक्त दो हाथों में पुस्तक तथा अक्षमाला लिए हुए ध्यान करे। शुक्र को एक आँख का काना तथा शनि को लंगड़ा ध्यान करे ।

हरि०–सोमात्मजम् बुधम् । भाललोलितकुन्तलम् भाले लोलिताश्चलिताः कुन्तलाः केशा यस्य तथाभूतम् ॥८७-८८॥

राहुकेतू शिरः कायौ विकृतौ क्रूरचेष्टितो ।
स्वैः स्वैर्ध्यानैर्ग्रहानिष्ट्वा यजेदिन्द्रादिदिक्पतीन् ।।८९।।

पद्मा–सिर तथा धड़ ये राहु और केतु हैं। राहु को विकृत तथा क्रूरचेष्टायुक्त मस्तक के रूप में और केतु को विकृत क्रूरकर्मा धड़ के रूप में ध्यान करे। ग्रहों को उनके ध्यानसहित पूजन कर फिर इन्द्रादि दशदिक्पालों का पूजन करे ।

हरि०–इष्ट्वा पूजयित्वा॥८९॥

दलेष्वष्टसु पूर्वादिक्रमतः साधकोत्तमः ।
सहस्राक्षं यजेदादौ पीतकौषेयवाससम् ।।९०।।
वज्रपाणिं पीतरुचिं स्थितमैरावतोपरि ।
रक्ताभं छागवाहस्थं शक्तिहस्तहुताशनम् ।।९१।।

पद्मा–श्रेष्ठ साधक आठ दलों में पूर्वादिक्रम से इन्द्रादि दिक्पालों की पूजा करें। सर्वप्रथम पूर्व दिशा के दल में इन्द्र का पूजन करे । इन्द्र के सहस्र नेत्र है, इनका रंग पीला है तथा पीले रेशमी वस्त्र धारण किए हुए हैं। इनके हाथ में वज्र है और ऐरावत हाथी पर सवार हैं। अग्नि के शरीर का रंग लाल है, वह अपने बकरे (छाग) के वाहन पर बैठे हैं। उनके हाथ में शक्ति नामक अस्त्र है ।

हरि०–अथ क्रमत इन्द्रादीनामष्टानां दिक्पतीनां ध्यानं वर्णञ्चाह सहस्राक्षमित्यादिभिः पीतकौशेयवाससम् पीतं कौशेयं कृमिकोशोत्थं वासो वस्त्रं यस्य तथाभूतम्॥९०-९१॥

ध्यायेत् कालं लुलापस्थं दण्डिनं कृष्णविग्रहम् ।
निर्ऋतिं खड्गहस्तञ्च श्यामलं वाजिवाहनम् ।।९२।।

पद्मा–कालस्वरूप यमराज के शरीर का रंग काला है तथा भैंसे पर सवार हैं। निर्ऋति श्यामरंग के अश्व पर आरुढ़ हैं उनके हाथ में खड्ग है ।

हरि०–कालम् यमम्। लुलापस्थम् महिषस्थम् ॥९२॥

वरुणं मकरारूढ़ पाशहस्तं सितप्रभम् ।
ध्यायेत् कृष्णत्विषं वायुं मृगस्थञ्चाङ्कुशायुधम् ।।९३।।

कुबेरं कनकाकारं रत्नसिंहासनस्थितम् ।
स्तुतं यक्षगणैः सर्वैः पाशाङ्कुशकराम्बुजम् ।।९४।।
ईशानं वृषभारूढं त्रिशूलवरधारिणम् ।
व्याघ्रचर्माम्वरधरं पूर्णेन्दुसदृशप्रभम् ।।९५।।

पद्मा–शुक्ल वर्ण वरुण को मकर पर सवार तथा पाश लिए हुए, कृष्णवर्ण वायु को अंकुश लिए हुए तथा मृग पर सवार, स्वर्ण के समान वर्ण वाले कुबेर को सिंहासन पर आरूढ़, पाश व अंकुश लिए हुए, यक्षों द्वारा स्तुत, शुक्लवर्ण ईशान को वृष पर आरूढ़, व्याघ्रचर्म धारण किए हुए, त्रिशूल एवं वरमुद्रा लिए हुए ध्यान करे ।

हरि०–निर्ऋतिम् राक्षसम्॥९३-९५॥

ध्यात्वा चैतान् क्रमादिष्ट्वा ब्रह्मानन्तौ पुरा बहिः ।
ऊर्ध्वाधोवृत्तयोरर्च्यौ ततोऽर्च्या द्वारदेवताः ।।९६।।

पद्मा–इन सब का ध्यान कर क्रमपूर्वक आठ दिक्पालों की पूजा कर भूपुर के बाहर ऊर्ध्व तथा अधो वृत्त में क्रमशः ब्रह्मा एवं अनन्त की पूजा करे। फिर द्वारदेवताओं की पूजा करे ।

हरि०–ध्यात्वेत्यादि। एतानिन्द्रादीनष्टौ दिक्पतीनेवं ध्यात्वा क्रमादिष्ट्वा पूजयित्वा च पुरो भूपुराद्बहिरुर्ध्वाधः स्थितयोर्वृत्तयोर्मण्डलयो ब्रह्मानन्तौ दिक्पती क्रमतोऽर्च्यौ पूजनीयौ। ततो द्वारदेवता अर्च्याः॥९६॥

उग्रो भीमः प्रचण्डेशौ पूर्वद्वाःस्थाः प्रकीर्तिताः ।
जयन्तः क्षेत्रपालश्च नकुलेशो बृहच्छिराः ।
याम्यद्वारे पश्चिमे च वृकाश्वानन्ददुर्जयाः ।।९७।।
त्रिशिराः पुरजिच्चैव भीमनादो महोदरः ।
उत्तरद्वारपाश्चैते सर्वे शास्त्रास्त्रपाणयः ।।९८।।

पद्मा–उग्र, भीम, प्रचण्ड, ईश–ये चार पूर्वद्वार के स्वामी कहे गए हैं। जयन्त, क्षेत्रपाल, नकुलेश, बृहत् शिरा–ये दक्षिण द्वार के स्वामी कहे गए हैं। वृक, अश्व, आनन्द तथा दुर्जय–ये पश्चिम द्वार के स्वामी हैं। त्रिशिरा, पुरुजित, भीमनाद तथा महादेव–ये उत्तर द्वार के स्वामी हैं। यह समस्त द्वार देवता शस्त्रधारी हैं ।

हरि०–पूज्या द्वारदेवता एवाह उग्रो भीम इत्यादिना सार्धद्वयेन ॥९७-९८॥

श्रूयतां ब्रह्मणो ध्यानमनन्तस्यापि सुव्रते ।।९९।।
रक्तोत्पलनिभो ब्रह्मा चतुरास्यश्चतुर्भुजः ।
हंसारूढो वराभीतिमालापुस्तकपाणिकः ।।१००।।

पद्मा–हे सुव्रते! ब्रह्मा और अनन्त के ध्यान कहता हूँ सुनो। ब्रह्मा जी लाल कमल के समान प्रभावाले, चारमुख एवं चारभुजाओं वाले हैं। वे हंस पर आसीन है। उनके हाथों में वर, अभय, अक्षमाला एवं पुस्तक हैं ।

हरि०–ब्रह्मणो ध्यानमेवाह रक्तोत्पलनिभ इत्यादिना ॥९९-१००॥

हिमकुन्देन्दुधवलः सहस्राक्षः सहस्रपात् ।
सहस्रपाणिवदनो ध्येयोऽनन्तः सुरासुरैः ॥१०१॥

पद्मा–अब अनन्त का ध्यान कहा जाता है। अनन्त का वर्ण हिम, कुन्दपुष्प और चन्द्रमा के समान उज्ज्वल है। उनके सहस्रनेत्र, सहस्रचरण तथा सहस्रमुख है। वे सुर तथा असुरों द्वारा ध्येय हैं ।

हरि०–अथाऽनन्तस्य ध्यानमाह हिमकुन्देन्दुधवल इत्याद्येकेन॥१०१॥

ध्यानं पूजाक्रमश्चापि यन्त्रञ्च कथितं प्रिये ।
वास्त्वादिक्रमतो ह्येषां मन्त्रानपि शृणु प्रिये ॥१०२॥

पद्मा–हे प्रिये! ध्यान, पूजाक्रम और यन्त्र का वर्णन किया। अब वास्तु से लेकर अनन्त तक सभी मन्त्रों को सुनो ।

हरि०–एषाम् वास्त्वादीनामनन्तान्तानाम्॥१०२॥

क्षकारो हव्यवाहस्थः षड्दीर्घस्वरसंयुतः ।
भूषितो नादबिन्दुभ्यां वास्तुमन्त्रः षडक्षरः ॥१०३॥

पद्मा–क्षकार (क्ष) अग्नि (रेफ, र) के ऊपर रहे उसमें षड्दीर्घ स्वर मिलाकर नादबिन्दु (ँ) से विभूषित करे। इस प्रकार षड्क्षर वास्तु मन्त्र बनता है जो इस प्रकार है–क्ष्राँ क्ष्रीं, क्ष्रूँ क्ष्रें क्ष्रौं क्ष्रँः।

हरि०–वास्त्वादीनां क्रमतो मन्त्रानेवाह क्षकारः इत्यादिभिः। हव्य वाहस्थः हव्यवाहो रेफः तत्स्थः क्षकारः षड्दीर्घस्वसंयुतो नादबिन्दुभ्यां भूषितश्च कर्तव्यः। एवञ्च क्ष्राँ क्ष्रीं क्ष्रूँ, क्ष्रैँ, क्ष्रौं क्ष्रँः इति षडक्षरो वास्तुमन्त्र उद्धृत आसीत्॥१०३॥

तारं मायां तीग्मरश्मे ङेऽन्तमारोग्यदं वदेत् ।
वह्निजायां ततो दत्त्वा सूर्यमन्त्रं समुद्धरेत् ॥१०४॥

पद्मा–तार (ॐ) तथा माया (ह्रीं) का उच्चारण करके ''तिग्मरश्मयं'' पद का उच्चारण करे। तदुपरान्त ''आरोग्यदाय'' पद का उच्चारण करके ''स्वाहा'' का उच्चारण करे। इस प्रकार **''ॐ ह्रीं तिग्मरश्मये आरोग्यदाय स्वाहा''** इस सूर्यमन्त्र का उद्धार होगा ।

हरि०–तारमित्यादि। पूर्वम् तारं प्रणवं वदेत्। ततो माया ह्रीं बीजं वदेत्। ततस्तीग्मरश्मे इति वदेत्। ततोङेऽन्तमारोग्यदं वदेत्। ततो वह्निजायां दत्त्वा सूर्यमन्त्र समुद्धरेत्। योजनया ओं ह्रीं तीग्मरश्मे आरोग्यदाय स्वाहेति सूर्यमन्त्र उद्धृत आसीत्॥१०४॥

कामो माया च वाणी च ततोऽमृतकरेति च ।
अमृतं प्लावय द्वन्द्वं स्वाहा सोममनुर्मतः ॥१०५॥

पद्मा–काम (क्लीं) माया (ह्रीं) वाणी (ऐं) अमृतकर अमृत प्लावय प्लावय स्वाहा इनको मिलाने से सोम (चन्द्रमा) का मन्त्र बनता है जो इस प्रकार है - **क्लीं ह्रीं ऐं अमृतकराऽमृतं प्लावय प्लावय स्वाहा** ।

हरि०-काम इत्यादि। पूर्वं कामः क्लीमिति बीजमुच्येत। ततो माया ह्रीं बीजमुच्येत्। ततो वाणी ऐमिति बीजमुच्येत। ततोऽमृतकरेत्युच्येत। ततोऽमृतमुच्येत् । ततः प्लावयद्वन्द्वमुच्येत्। ततः स्वाहोच्येत्। योजनया क्लीं ह्रीं ऐं अमृताकराऽमृतं प्लावय प्लावय स्वाहेति सोममनुर्मतः ॥१०५॥

ऐं ह्राँ ह्रीं सर्वपदाद्दुष्टान्नाशय नाशय ।
स्वाहावसाना मन्त्रोऽयं मङ्गलस्य प्रकीर्तितः ।।१०६।।

पद्मा–ऐं ह्राँ ह्रीं सर्व पद के पश्चात् दुष्टान्नाशय नाशय स्वाहा उच्चारण करने से मंगल का मंत्र होगा। यथा - **ऐं ह्राँ ह्रीं सर्वदुष्टान् नाशय नाशय स्वाहा ।**

हरि०-ऐमित्यादि। पूर्वम् ऐं ह्राँ ह्रीं वदेत्। ततः सर्वपदतो दुष्टान्नाशय नाशयेति वदेत्। योजनया ऐं ह्राँ ह्रीं सर्वदुष्टान्नाशय नाशयेति मन्त्रोजातः। स्वाहावसानः स्वाहान्तोऽयं मङ्गलस्य मन्त्रः प्रकीर्तितः॥१०६॥

ह्रीं श्रीं सौम्यपदञ्चोक्त्वा सर्वान् कामांस्ततो वदेत् ।
पूरयाऽन्ते वह्निकान्तामेष सोमात्मजे मनुः ।।१०७।।

पद्मा–ह्रीं श्रीं सौम्य पद का उच्चारण करके "सर्वान् कामान्" का उच्चारण करे। इसके पश्चात् 'पूरय' का उच्चारण करके स्वाहा का उच्चारण करे। इस प्रकार सोम (चन्द्रमा) का मन्त्र बनता है जो इस प्रकार है–**ह्रीं श्रीं सौम्य सर्वान् कामान् पूरय स्वाहा।**

हरि०-ह्रीमित्यादि। पूर्वम् ह्रीं श्रीं सौम्यपदं चौक्त्वा ततः सर्वान् कामान् वदेत्। ततः पूरयान्ते वह्निकान्तां वदेत्। योजनया ह्रीं श्रीं सौम्य सर्वान् कामान् पूरय स्वाहोत्येष सोमात्मजे बुधे मनुर्मतः॥१०७॥

तारेण पुटिता वाणी ततः सुरगुरोपदम् ।
अभीष्टं यच्छ यच्छेति स्वाहामन्त्रो बृहस्पतेः ।।१०८।।

पद्मा–सर्वप्रथम तार (ॐ) से पुतित वाणी (ऐं) तत्पश्चात् सुरगुरो पद का उच्चारण करे। फिर "अभीष्टं यच्छ यच्छ स्वाहा" का उच्चारण करे। इस प्रकार बृहस्पति का मन्त्र बनता है। **ॐ ऐं ॐ सुरगुरो अभीष्टं यच्छ यच्छ स्वाहा ।**

हरि०-तारेणेत्यादि। तारेण प्रणवेन पुटित आदावन्ते च संयुक्ता वाणी वक्तव्या। ततः सुरगुरो इति पदं वदेत्। ततोऽभीष्टं यच्छ यच्छेति वदेत्। ततः स्वाहेति वदेत्। योजनया ओं ऐं ओं सुरगुरो अभीष्टं यच्छ यच्छ स्वाहेति बृहस्पतेर्मन्त्रौ मतः॥१०८॥

शाँ शीं शूँ, शैं ततः शौं शः शुक्रमन्त्रः समीरितः ।।१०९।।

पद्मा–शाँ शीं शूँ शैं शौं शः यह शुक्र का मन्त्र कहा गया है।

हरि०–शाँ शीं शूँ शैं शौं शः इति शुक्रमन्त्रः समीरितः कथितः॥१०९॥

ह्राँ ह्राँ ह्रीं ह्रीं सर्वशत्रून् विद्रावय पदद्वयम् ।
मार्तण्डसूनवे पश्चात् नमो मन्त्रः शनैश्चरे ।।११०।।

पद्मा–सर्वप्रथम ह्राँ ह्राँ ह्रीँ ह्रीँ सर्वशत्रून् विद्रावय विद्रावय का उच्चारण करे। तदुपरान्त मार्तण्डसूनवे इसके पश्चात् नमः का उच्चारण करे। इस प्रकार **ह्राँ ह्राँ ह्रीँ ह्रीँ सर्वशत्रून् विद्रावय विद्रावय मार्तण्डसूनवे नमः** यह शनि का मन्त्र है ।

हरि०–ह्राँ ह्रामित्यादि। पूर्वम् ह्राँ ह्राँ ह्रीँ ह्रीँ सर्वशत्रूनिति वदेत्। ततो विद्रावयपदद्वयं वदेत्। ततो मार्तण्डसूनवे इति वदेत्। पश्चान्नमो वदेत्। योजनया ह्राँ ह्राँ ह्रीँ ह्रीँ सर्वशत्रून् विद्रावय विद्रावय मार्तण्डसूनवे नमः इति शनैश्चरे मन्त्रो जातः॥११०॥

राँ ह्रौँ भ्रौँ ह्रीँ सोमशत्रो शत्रून् विध्वंसय द्वयम् ।
राहवे नमः इत्येष राहोर्मनुरुदाहृतः ।।१११।।
क्रूँ ह्रँ क्रैँ केतवे स्वाहा केतोर्मन्त्रः प्रकीर्तितः ।।११२।।

पद्मा–**राँ ह्रौँ भ्रौँ ह्रीँ सोमशत्रो शत्रून् विध्वंसय विध्वसय राहवे नमः** यह राहु का मन्त्र तथा **क्रूँ ह्रँ क्रैं केतवे स्वाहा** यह केतु का मन्त्र कहा गया है ।

हरि०–रामित्यादि। पूर्वं राँ ह्रौँ भ्रौँ ह्रीँ सोमशत्रो शत्रूनिति वदेत्। ततो विध्वंसयद्वयं वदेत्। ततो राहवे नम इति वदेत्। योजनया राँ ह्रौँ भ्रौँ ह्रीँ सोमशत्रो शत्रून् विध्वंसय विध्वंसय राहवे नमः इत्येष राहोर्मनुरुदाहृतः कथितः॥१११-११२॥

लँ रँ मृँ स्त्रूँ वँ यमिति क्षँ हौँ ब्रीममिति क्रमात् ।
इन्द्राद्यनन्तदिक्पानां दशमन्त्राः समीरिताः ।।११३।।
अन्येषां परिवारणां नाममन्त्राः प्रकीर्तिताः ।
अनुक्तमन्त्रे सर्वत्र विधिरेष शिवोदितः ।।११४।।

पद्मा–**लँ इन्द्राय नमः** यह मन्त्र इन्द्र का, **रँ अग्नये नमः** यह मन्त्र अग्नि का, **मृँ यमाय नमः** यह मन्त्र यम का, **स्त्रूँ निर्ऋतये नमः** निर्ऋति का, **वँ वरुणाय नमः** यह मन्त्र वरुण का, **यँ वायवे नमः** यह मन्त्र वायु का, **क्षँ कुबेराय नमः** यह मन्त्र कुबेर का, **हौँ ईशानाय नमः** यह मन्त्र ईशान का, **ब्रीँ ब्रह्मणो नमः** यह मन्त्र ब्रह्मा, तथा **अँ अनन्ताय नमः** यह मन्त्र अनन्त का है। इस प्रकार दशदिक्पालों के मन्त्र कहे गए। अन्य परिवार देवताओं के नाम ही उसके मन्त्र कहे गए हैं। जहाँ मन्त्र नहीं कहा गया, वहाँ नाम ही मन्त्र होता है ऐसा भगवान् शिव ने कहा है ।

हरि०–लमित्यादि। लमिति रमिति मृमिति स्त्रूमिति वमिति यमिति क्षमिति हौमिति ब्रीमिति अमित्येते क्रमादिन्द्रादीनामनन्तान्तानां दिक्पालानां दशमन्त्राः समीरिताः कथिताः ॥११३-११४॥

नमोऽन्तमन्त्रे देवेशि न नमो योजयेद् बुधः ।
स्वाहान्तेऽपि तथामन्त्रे न दद्याद्वह्निवल्लभाम् ।।११५।।

पद्मा–हे देवेशि! जिस मन्त्र के अन्त में नमः शब्द लगा हो बुद्धिमान् साधक उसमें नमः न जोड़े। इसी प्रकार जिस मन्त्र के अन्त में स्वाहा लगा हो उसमें स्वाहा शब्द न जोड़े।

हरि०–वह्निवल्लभाम् स्वाहेति पदम्॥११५॥

ग्रहादिभ्यः प्रदातव्यं पुष्पं वासश्च भूषणम् ।
तेषां वर्णानुरूपेण नान्यथा प्रीतये भवेत् ।।११६।।

पद्मा–जिस ग्रह का जैसा वर्ण कहा गया है उसी रंग के वस्त्र, आभूषण, पुष्प एवं फल देने चाहिए। ऐसा न करने से ग्रह प्रसन्न नहीं होते है ।

हरि०–तेषाम् ग्रहादीनाम्।।११६।।

कुशकण्डिकोक्तविधिना वह्निं संस्थापयन् सुधीः ।
पुष्पैरुच्चावचैर्यद्वा समिद्भिर्होममाचरेत् ।।११७।।

पद्मा–बुद्धिमान् मनुष्य कुशकण्डिकोक्त विधि से अग्नि को स्थापित करके विधि के अनुसार पुष्प अथवा समिधा से होम करे ।

हरि०–समिद्भिः काष्ठैः।।११७।।

शान्तिकर्मणि पुष्टौ च वरदो हव्यवाहनः ।
प्रतिष्ठायां लोहिताक्षः शत्रुहा क्रूरकर्मणि ।।११८।।
शान्तौ पुष्टौ महेशानि तथा क्रूरेऽपिकर्मणि ।
ग्रहयागं प्रकुर्वाण वाञ्छितार्थमवाप्नुयात् ।।११९।।
यथा प्रतिष्ठाकार्येषु देवार्चा पितृतर्पणम् ।
वास्तोर्यागे ग्रहाणाञ्च तद्वदेव विधीयते ।।१२०।।

पद्मा–शान्ति एवं पुष्टि कर्मो में "वरद" नामक अग्नि, प्रतिष्ठा कर्म "लोहिताक्ष" नामक अग्नि और अभिचारादि क्रूर कर्मों में "शत्रुहा" नामक अग्नि में करे। हे महेशानि! शान्ति, पुष्टि या किसी अन्य क्रूर कर्मों के समय जो ग्रहयाग करता है वह अपने अभीष्ट फल को प्राप्त करता है। प्रतिष्ठा कार्यों में जैसे देवपूजा और पितृतर्पण करना आवश्यक है वैसे ही वास्तु याग और गृहयाग में भी देवपूजा और पितृतर्पण करे ।

हरि०–**वरदो वरदनामा** । लोहिताक्षो लोहिताक्षाख्यः । शत्रुहा शत्रुहसंज्ञकः ।।११८-१२०।।

यद्येकस्मिन दिने द्वित्रिः प्रतिष्ठा यागकर्म च ।
तन्त्रेण तत्र देवार्चा पितृश्राद्धाग्निसंस्क्रियाः ।।१२१।।
जलाशयगृहारामसेतुसंक्रम शाखिनः ।
वाहनासनयानानि वासोऽलङ्करणानि च ।।१२२।।
पानाशनीयपात्राणि देयवस्तूनि यान्यपि ।
असंस्कृतानि देवाय च प्रदद्युः फलेप्सवः ।।१२३।।
काम्ये कर्मणि सर्वत्र बुधः सङ्कल्पमाचरेत् ।
विधिवाक्यानुसारेण सम्पूर्णसुकृताप्तये ।।१२४।।

पद्मा–यदि एक ही दिन में दो तीन प्रतिष्ठा व वास्तुयागादि करने हों तो उन सभी

कार्यों के लिए एक बार देवपूजन, पितृश्राद्ध तथा अग्नि संस्कार करे। फल के इच्छुक मनुष्य जलाशय, ग्रह, उपवन, सेतु, संक्रम, वृक्ष, वाहन, आसन, यान, वस्त्र, अलङ्करण, पानपात्र, भोजन पात्र तथा अन्य देव वस्तुओं को बिना प्रोक्षण किए देवता को न प्रदान करे। सम्पूर्ण काम्यकर्मों में पूरा फल प्राप्त करने के लिए विधिवाक्य के अनुसार सङ्कल्प करें।

हरि०–तन्त्रेण एकधैव॥१२१-१२४॥

संस्कृताभ्यर्चितं द्रव्यं नामोच्चारणपूर्वकम् ।
सम्प्रदानाभिधाञ्चोक्त्वा दत्त्वा सम्यक् फलं लभेत् ।।१२५।।

पद्मा–जिस वस्तु का दान करना हो, सर्वप्रथम उसका संस्कार करे, तदुपरान्त पूजन करे। इसके पश्चात् पूजित द्रव्य का नाम लेकर जिसे दान करना है उसके नाम का उच्चारण करे। इस प्रकार दान करने से सम्यक् (उचित) फल प्राप्त होता है ।

हरि०–संस्कृताभ्यर्चितम् शोधितं प्रपूजितम्। संप्रदानभिधां सम्प्रदाननामधेयम्॥१२५॥

जलाशयगृहारामसेतुसंक्रमशाखिनाम ।
कथ्यन्ते प्रोक्षणे मन्त्राः प्रयोज्या ब्रह्मविद्यया ।।१२६।।

पद्मा–जलाशय, गृह, आराम, सेतु, संक्रम, वृक्ष के प्रोक्षित करने का मंत्र कहता हूँ। ब्रह्मविद्या गायत्री के साथ इन मन्त्रों का प्रयोग करे ।

हरि०–ब्रह्मविद्यया गायत्र्या सह॥१२६॥

जीवनधार जीवानां जीवनप्रद वारुण ।
प्रोक्षणे तव तृप्यन्तु जलभूचरखेचराः ।।१२७।।

पद्मा–हे जलाधार! हे जीवों के जीवनदाता! हे वारुण! तुम्हारे प्रोक्षण से जलचर भूचर तथा खेचर सभी तृप्त हों। इस मन्त्र से जलाशय को प्रोक्षित करे ।

हरि०–तेषां मध्ये प्रथमतो जलाशयप्रोक्षणमन्त्रमाह जीवनाधार जीवानामिति। जीवनाधार जलाधार। वारुण वरुणदेवताक॥१२७॥

तृणकाष्ठादिसम्भूत वासेय ब्राह्मणः प्रिय ।
त्वां प्रोक्षयामि तोयेन प्रीतये भव सर्वदा ।।१२८।।

पद्मा–हे गृह! तुम तिनके और लकड़ी आदि से बने हो। तुम उत्तम रहने के योग्य स्थान में हो। तुम ब्रह्मा के प्रिय हो। तुम्हे मैं जल से प्रेक्षित करता हूँ। तुम सदैव प्रसन्नतादायक हो। इस मंत्र को पढ़कर तृणादि से निर्मित गृह को प्रोक्षित करे ।

हरि०–अथ गृहप्रोक्षणमन्त्रमाह तृणकाष्ठादिसम्भूतेति। वासेय वासाय हित॥१२८॥ इष्ठकादिसमुद्‌भूत वक्तव्यन्त्विष्टकामये ।

इष्ठकादिसमुद्धूत वक्तव्यन्त्विष्टकामये ।।१२९ ।।

पद्मा–यदि घर ईंट का बना हो तो गृह की प्रतिष्ठा के समय "इष्ठकादि सम्भूत" कहे। अर्थात् तुम ईंट आदि से बने हो ऐसा मंत्र पढ़े। इसी प्रकार यदि घर पत्थर से बना हो तो "प्रस्तरादिसमुद्‌भूत" कहे ।

हरि०–इष्टकादीत्यादि। इष्टकादिमये गृहे प्रोक्षणीये तृणकाष्ठादिसंभूते इत्यत्र इष्टकादिसमुद्भूतेति वक्तव्यम् ॥१२९॥

फलैः पत्रैश्च शाखाद्यैश्छायाभिश्च प्रियङ्कराः ।
यच्छन्तु मेऽखिलान् कामान् प्रोक्षितास्तीर्थवारिभिः ।।१३०।।

पद्मा–आराम तथा वृक्ष की प्रतिष्ठा के समय भी आगे कहे जा रहे मंत्र को पढ़कर अभ्युक्षित करे - हे आराम! हे वृक्ष! तुम फल, पत्र, शाखाओं और डालियों द्वारा से सभी का प्रिय करते हो। तीर्थजल से प्रोक्षित होकर तुम मेरी समस्त इच्छाओं को पूरा करो ।

हरि०–अथारामप्रोक्षणमन्त्रमाह फलैः पत्रैश्च शाखाद्यैरिति॥१३०॥

सेतुस्त्वं भवसिन्धूनां पारदः पथिकप्रियः ।
मया संप्रोक्षितः सेतो यथोक्तफलदो भव ।।१३१।।

पद्मा–हे सेतु ! तुम संसार सागर से पार करने वाले पथिकों के अत्यन्त प्रिय हो। मुझसे प्रोक्षित होकर तुम मुझे यथोचित फल प्रदान करो ।

हरि०–अथ सेतुप्रोक्षणमन्त्रामाह सेतुस्त्वं भवसिन्धूनामिति ॥१३१॥

संक्रम त्वां प्रोक्षयामि लोकानां संक्रमं यथा ।
ददासीह तथा स्वर्गे संक्रमो मे प्रदीयताम् ।।१३२।।
आरामप्रोक्षणे मन्त्रो य एव कथितः प्रिये ।
स एव शाखिसंस्कारे प्रयोक्तव्यो मनीषिभिः ।।१३३।।

पद्मा–हे संक्रम! मैं तुम्हे प्रोक्षित करता हूँ। इस जगत् (संसार) में जैसे लोगों को पार करते हो, उसी प्रकार मुझे स्वर्ग में गति प्रदान करो। हे प्रिये! उपवन (आराम) प्रोक्षण मन्त्र का ही प्रयोग वृक्ष के संस्कार में करे ।

हरि०–अथ संक्रमप्रोक्षणमन्त्रमाह संक्रम त्वां प्रोक्षयामीति। संक्रम्यते सम्यक् पादविक्षेपः क्रियते लोकैर्यत्र स संक्रमः सेतुविशेषः तत्सम्बोधने संक्रमेति। संक्रमम् सम्यगगमनम् ॥१३२-१३३।

प्रणवो वारुणञ्चाऽस्त्रं बीजत्रितयमम्बिके ।
सर्वसाधारणद्रव्यप्रोक्षणे विनियोजयेत् ।।१३४।।

पद्मा–हे अम्बिके! सर्वसाधरण द्रव्यों को प्रोक्षित करने के समय प्रणव (ॐ) वरुणबीज (वँ) और अस्त्र (फट्) का प्रयोग करे। मन्त्र इस प्रकार होगा - **ॐ वँ फट्।**

हरि०–**प्रणव इत्यादि।** हे अम्बिके प्रणव ओङ्कारः वारुणं वं अस्त्र फडिति बीजत्रितयं सर्वसाधारणद्रव्यप्रोक्षणे विनियोजयेत्॥१३४॥

स्नापनार्हं वाहनं चेत् स्नापयेत् ब्रह्मविद्यया ।
अन्यत्रैवाऽर्घ्यतोयेन कुशाग्रेण विशोधयेत् ।।१३५।।

पद्मा–वाहन यदि स्नान कराने के योग्य हो तो उसे ब्रह्मविद्या (गायत्री) मन्त्र से स्नान कराए। स्नान कराने के योग्य न हो तो कुश के अग्रभाग से अर्घ्य जल के द्वारा उसे शोधित करे।

हरि०–ब्रह्मविद्यया गायत्र्या ॥१३५॥

प्राणप्रतिष्ठामाचर्य तत्रद्वाहनसंज्ञया ।
पूजितोऽलङ्कृतो वाहो देयो भवति दैवते ।।१३६।।

पद्मा–उस वाहन में प्राणप्रतिष्ठा कर उस वाहन का नाम लेकर उसका पूजन करे और अलङ्कृत करे। इसके उपरान्त उसे देवता को प्रदान करे ।

हरि०–प्राणेत्यादि। पूर्वोक्तेनोहनीयलिङ्गकपदशालिना देवीप्राणप्रतिष्ठामन्त्रेण वाहनारूप प्राणप्रतिष्ठामाचर्य कृत्वा तद्वाहनसंज्ञया पूजितोऽलङ्कृतश्च वाहो वाहनं दैवते देयो भवति ॥१३६॥

जलाशये पूजनीयो वरुणो यादसां पतिः ।
गृहे प्रजापतिर्ब्रह्माऽऽरामे सेतौ च संक्रमे ।
पूज्यो विष्णुर्जगत्पाता सर्वात्मा सर्वदृग्विभुः ।।१३७।।

पद्मा–जलाशय की प्रतिष्ठा करते समय जलचरों के स्वामी वरुण का पूजन करे। गृह प्रतिष्ठा करते समय प्रजापति ब्रह्मा की पूजन करे। उपवन, सेतु तथा संक्रम की प्रतिष्ठा करते समय जगत्पति, सर्वात्मा, सर्वसाक्षी, त्रिभुवन रक्षक भगवान् विष्णु की पूजा करे ।

हरि०–सर्वदृक् सकलपदार्थद्रष्टा । विभुः व्यापकः॥१३७॥

देव्युवाच

विविधानि विधानानि कथितान्मुक्तकर्मसु ।
क्रमो न दर्शितो येन मानवः कर्म साधयेत् ।।१३८।।
क्रमव्यत्ययकर्माणि बह्वायासकृतान्यपि ।
न यच्छन्ति फलं सम्यक् नृणां कर्मानुजीविनाम् ।।१३९।।

पद्मा–देवी ने कहा - विभिन्न प्रकार के विधान आपने कहे हैं, किन्तु मनुष्य जिस कर्म का आश्रय लेकर कर्म करे वह आपने प्रकाशित नहीं किया है। जो मनुष्य फल की इच्छा करते हैं तथा जो कर्म करते हैं। वे क्रमरहित कर्म अनेक प्रयत्न करने के साथ करने पर भी वे सम्यक् फल नहीं प्रदान करते हैं ।

हरि०–अथोक्तकृत्यतत्तत्कर्मक्रमं जिज्ञासुर्देव्युवाच विविधानीत्यादिना॥१३८-१३९॥

श्रीसदाशिव उवाच

यदुक्तं परमेशानि! मातेव हितकारिणि ।
निःश्रेयसन्तल्लोकानां फलव्यापृतचेतसाम् ।।१४०।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा - हे परमेशानि! तुम माता के समान जगत् का हित करने वाली हो। तुमने क्रमानुसार कार्य करने की जो बात कही है, वह फल में आसक्त लोगों के लिए अत्यन्त ही कल्याणकारी है ।

हरि०–एवं प्रार्थितः सन् श्रीसदाशिव उवाच यदुक्तमित्यादिना। फलव्यापृतचेतसाम् फलाय व्यापृतं व्यापारविशिष्टं चेतो येषां ते तेषाम्॥१४०॥

एतेषामुक्तकृत्यानामनुष्ठानं पृथक् पृथक् ।
वास्तुयागक्रमाद्देवि! कथयाम्यवधीयताम् ।।१४१।।

पद्मा - हे देवि! मैंने जिन कर्मों का वर्णन किया है उन सभी का अनुष्ठान अलग-अलग है। अब मैं वास्तु याग से प्रारम्भ करके क्रम पूर्वक कहता हूँ। तुम ध्यान देकर सुनो।

हरि० - अनुष्ठानम् साधनम्।।१४१।।

पूर्वेऽह्नि नियताहारः श्वः प्रातः स्नानमाचरेत् ।
कृत्वा पौर्वाह्निकं कर्म गुरुं नारायणं यजेत् ।।१४२।।
ततः स्वकाममुद्दिश्य विधिदर्शितवर्त्मना ।
कृतसङ्कल्पको मन्त्री गणेशादीन् समर्चयेत ।।१४३।।

पद्मा–वास्तुयाग के समय पहले दिन आहार का संयम करके दूसरे दिन प्रातःकाल स्नान करे। तदुपरान्त पूर्वाह्न कर्म समाप्त कर गुरुदेव एवं नारायण का पूजन करे। इसके पश्चात् अपनी मनोकामना के अनुसार विधिपूर्वक संकल्प करके गणेशादि की पूजा करे ।

हरि०–वास्तुयागक्रमादुक्तकृत्यानामनुष्ठानस्य क्रममाह पूर्वेऽह्नीत्यादिभिः।।१४२-१४३।।

बन्धूकाभं त्रिनेत्रं द्विरदवरमुखं नागयज्ञोपवीतम् ।
शङ्खं चक्रं कृपाणं विमलसरसिजं हस्तपद्मैर्दधानम् ।
उद्यद्बालेन्दुमौलिं दिनकरकिरणोद्दीप्तवस्त्राङ्गशोभं
नानालङ्कारयुक्तं भजत गणपतिं रक्तपद्मोपविष्टम् ।।१४४।।
एवं ध्यात्वा यथाशक्त्या पूजयित्वा गणेश्वरम् ।
ब्रह्माणञ्च ततो वाणीं विष्णुं लक्ष्मीं समर्चयेत् ।।१४५।।

पद्मा–अब गणेश जी का ध्यान कहता हूँ - जिनकी आभा बन्धूक पुष्प के समान है, तीन नेत्र हैं, हाथी के समान मुख है, सर्प ही जिनका यज्ञोपवीत है, जो अपने चार हाथों में शंख, चक्र, खड्ग तथा कमल का सुन्दर पुष्प धारण किए हुए हैं, बालचन्द्र जिनके मस्तक सुशोभित है, जिनके वस्त्र एवं शरीर के अंगों की शोभा उदय हुए सूर्य की किरणों के समान है, जो लाल कमल पर विराजमान हैं ऐसे गणपति का मैं पूजन करता हूँ। इस प्रकार गणेश का ध्यान कर यथा शक्ति उनका पूजन करे। तदुपरान्त ब्रह्मा-सरस्वती एवं विष्णु-लक्ष्मी का पूजन करे ।

हरि०–अथ गणपतिध्यानमाह बन्धूकाभमित्याद्येकेन। बन्धूकाभम् बन्धूकपुष्पसदृशद्युतिम्। उद्यद्बालेन्दुमौलिम् उद्यन् यो बाल इन्दुर्बालश्चन्द्रः स मौलौ किरीहे यस्य तथाभूतम्। दिन-करकिरणोद्दीप्तवस्त्राङ्गशोभम् दिनकरकिरणवदुद्दीप्तेन वस्त्रेणाङ्गे शोभा यस्य तथाभूतम्।।१४४-१४५।।

शिवं दुर्गां ग्रहांश्चापि तथा षोडशमातृकाः ।
घृतधारास्वपि वसूनिष्ट्वा कुर्यात् पितृक्रियाम् ।।१४६।।

ततः प्रोक्तविधानेन मण्डलं वास्तुरक्षसः ।
निर्माय पूजयेत्तत्र वास्तुदैत्यं गणैः सह ।।१४७।।

पद्मा–इसके पश्चात् शिव, दुर्गा, ग्रह और षोडश मातृकाओं का पूजन करके घी की धारा से वसुगणों का पूजन करे तदुपरान्त पितृक्रिया करे। इसके पश्चात् पहले कही गयी विधि के अनुसार वास्तु राक्षसका मण्डल निर्मित कर वास्तुदैत्य के गणों (सपरिवार) सहित वास्तु दैत्य की पूजा करे ।

हरि०–इष्ट्वा पूजयित्वा ।।१४६-१४७।।

ततस्तु स्थण्डिलं कृत्वा वह्निं संस्कृत्य पूर्ववत् ।
धाराहोमान्तमाचर्य वास्तुहोमं समारभेत् ।।१४८।।

पद्मा–इसके पश्चात् स्थण्डित का निर्माण कर पहले की भाँति अग्नि का संस्कार कर धारा होम तक समस्त कर्मों को कर वास्तुहोम प्रारंभ करे ।

हरि०–आचार्य विधाय।।१४८।।

यथा शक्त्याऽऽहुतीस्तस्मै परिवारगणाय च ।
तथा पूजितदेवेभ्यो दत्त्वा कर्म समापयेत् ।।१४९।।

पद्मा–इसके उपरान्त वास्तुराक्षस तथा उसके परिवार को यथाशक्ति प्रदान करे। पूजित देवताओं के लिए आहुति प्रदान कर कर्म को समाप्त करे ।

हरि०–तस्मै वास्तुदैत्याय ।।१४९।।

वास्तुयागे पृथक्कार्ये एष ते कथितः क्रमः ।
अनेनैव ग्रहाणाञ्च यज्ञोऽपि विहितः प्रिये ।।१५०।।

पद्मा–हे प्रिये! वास्तुयाग में पृथक् भाव से कर्तव्य है । यह क्रम तुमसे कहा। ग्रहयाग में भी यही क्रम विहित है ।

हरि०–अनेनैव क्रमेण।।१५०।।

ग्रहाणामत्र मुख्यत्वान्नाङ्गत्वेन प्रपूजनम् ।
सङ्कल्पानन्तरं कार्यं वास्त्वर्चनमिति क्रमः ।।१५१।।
गणेशाद्यर्चनं सर्वं वास्तुयागविधानवत् ।
ग्रहाणां यन्त्रमन्त्रौ च ध्यानं प्रागेव कीर्तितम् ।।१५२।।
प्रसङ्गात् कथितौ भद्रेः ग्रहवास्तुक्रतुक्रमौ ।
अथ प्रस्तुतकृत्यानामुच्यते कूपसंस्क्रिया ।।१५३।।

पद्मा–ग्रहयाग में ग्रहों की प्रधानता होने के कारण अंगभाव से उनकी पूजा नहीं करनी चाहिए। वैसे स्थान में क्रम यह है कि संकल्प के पश्चात् ही वास्तुदेवता का पूजन करना चाहिए। गणेश आदि देवताओं की पूजा वास्तुयाग के विधान के अनुसार ही करे। ग्रहों के यन्त्र मन्त्र और ध्यान पहले ही कहे जा चुके हैं। हे भद्रे! प्रसङ्गवश ग्रहयाग तथा वास्तु याग

का क्रम कहा जाएगा। अब पूर्वप्रस्तावित कर्मों में से कूप संस्कार की विधि कहता हूँ।

हरि०–अत्र ग्रहयज्ञे ॥१५१-१५३॥

संकल्पं विधिवत् कृत्वा वास्तुपूजनमाचरेत् ।
मण्डले कलशे वापि शालग्रामे यथामति ॥१५४॥
ततः पूज्यो गणपतिर्ब्रह्मा वाणी हरी रमा।
शिवो दुर्गा ग्रहाश्चापि पूज्या दिक्पतयस्तथा ॥१५५॥

पद्मा–सर्वप्रथम विधिपूर्वक संकल्प करके अपनी बुद्धि के अनुसार, मण्डल में, कलश में अथवा शालग्राम के मध्य में वास्तु पूजा करे। इसके पश्चात् गणेश, ब्रह्मा, वाणी (सरस्वती), विष्णु (हरि) रमा (लक्ष्मी) शिव, दुर्गा, ग्रह तथा दिक्पाल इनकी पूजा करे।

हरि०–कूपसंस्कारक्रममेवाह संकल्पमित्यादिभि: ॥१५४-१५५॥

मातरौ वासवोऽष्टौ च ततः कार्या पितृक्रिया ।
प्राधान्यं वरुणस्यात्र स हि पूज्यो विशेषतः ॥१५६॥
नानोपहारैर्वरुणमर्चयित्वा स्वशक्तितः ।
विधिवत् संस्कृते वह्नौ वारुणं होममाचरेत् ॥१५७॥
पूजितेभ्यश्च देवेभ्यो दत्त्वा प्रत्येकमाहुतिम् ।
पूर्णाहुत्यन्तकृत्येन होमकर्म समापयेत् ॥१५८॥
ततो ध्वजपताकास्रग्गन्धसिन्दूरचर्चितम् ।
उक्तप्रोक्षणमन्त्रेण प्रोक्षयेत् कूपमुत्तमम् ॥१५९॥
ततः स्वकाममुद्दिश्य देवमुद्दिश्य वा नरः ।
सर्वभूतप्रीणनायोत्सृजेत् कूपजलाशयम् ॥१६०॥

पद्मा–मातृगणों और अष्टवसुगणों की पूजा करे। तदुपरान्त पितृश्राद्ध करे। इस कूप संस्कार में वरुण देवता की ही प्रधानता है। अत: उनकी विशेष रूप से पूजा करे। अनेक प्रकार के उपहारों से यथाशक्ति वरुण देवता की पूजा करके संस्कार की हुई अग्नि में विधिपूर्वक वरुण देवता के लिए होम करे। तत्पश्चात् पूजित देवताओं में से प्रत्येक को आहुति प्रदान कर पूर्णाहुति तक का समस्त कार्य कर होम समाप्त करे। पहले कहे गए प्रोक्षण मंत्र को पढ़कर ध्वजा, पताका, माला, चन्दन तथा सिन्दूर से शोभित उत्तम कूप को प्रोक्षित करे और अपनी इच्छा की पूर्ति के लिए अथवा देवता की प्रसन्नता के लिए, सभी प्राणियों को सन्तुष्ट करने के लिए कूप अथवा जलाशय का उत्सर्ग करे।

हरि०–अत्र **कूपसंस्कारे**। स: वरुण:॥१५६-१६०॥

कृताञ्जलिपुटो भूत्वा प्रार्थयेत् साधकाग्रणीः ।
सुप्रीयन्तां सर्वभूता नभोभूतोयवासिनः ॥१६१॥
उत्सृष्टं सर्वभूतेभ्यो मयैतज्जलमुत्तमम् ।
तृप्यन्तु सर्वभूतानि स्नानपानावगाहनैः ॥१६२॥

सामान्यं सर्वजीवेभ्यो मया दत्तमिदं जलम् ।
ये च केचिद्विपद्यन्ते स्वस्वकर्मविपाकतः ।।१६३।।
तत्पापैर्न प्रलिप्येऽहं सफलास्तु मम क्रिया ।
ततस्तु दक्षिणां कृत्वा कृतशान्त्यादिकक्रियः ।।१६४।।
ब्राह्मणान् भोजयेत् कौलान् दीनानपि बुभुक्षितान् ।
जलाशयप्रतिष्ठासु सर्वत्रैण क्रमः शिवे ।।१६५।।

पद्मा–श्रेष्ठ साधक हाथ जोड़कर प्रार्थना करे–खेचर (आकाश में उड़ने वाले) भूचर (भूमि में रहने वाले) 'जलचर (जल में रहने वाले) सभी प्राणी प्रसन्न हों। समस्त प्राणियों के लिए मैं इस उत्तम जल को उत्सर्ग करता हूँ। समस्त प्राणी स्नान अङ्गप्रक्षालनादि, पान तथा अवगाहन कर तृप्त हों। मैं इस जल को सामान्यत: सभी प्राणियों के लिए दान करता हूँ। अपने-अपने कर्म से जो कोई मनुष्य अथवा प्राणी इस जल में प्राणत्याग करेंगे, मैं उनके पाप में लिप्त नहीं होऊँ। मेरी क्रिया सफल हो। इसके उपरान्त दक्षिणा तक कार्य कर शान्तिकर्म करने के उपरान्त ब्राह्मण, कौल तथा भूखे व दरिद्रों को भोजन कराए। हे शिवे! समस्त जलाशयों की प्रतिष्ठा का यही क्रम है ।

हरि०–ननु साधकाग्रणी: किं प्रार्थयेदित्याकाङ्क्षायामाह सुप्रीयन्तामित्यादिभिः ।

तडागादौ च कर्तव्या नागस्तम्भजलेचराः ।।१६६।।

पद्मा–तडागादि की प्रतिष्ठा के समय यह विशेष कर्तव्य है उसमें, नाग, स्तम्भ जलचर का निर्माण करना चाहिए ।

हरि०–तड़ागादिप्रतिष्ठायां यो विशेषस्तमाह तडागादौ चेत्यादिभि:। तडागादौ संसति नागस्तम्भो जलेचराश्च कर्तव्या:।।१६६।।

मीनमण्डूकमकरकूर्माश्च जलजन्तवः ।
कार्या धातुमयाश्चैते कर्तृवित्तनुसारतः ।।१६७।।

पद्मा–मीन (मछली) मण्डूक (मेढक) मकर (मगरमच्छ) तथा कूर्म (कछुवा)–ये सभी जलजन्तु कर्मकर्ता अपनी सम्पत्ति के अनुसार बनवाये ।

हरि०–ननु किं द्रव्यमया: के वा जलजन्तव: कर्तव्या इत्ययेक्षायामाह मीनमण्ड-केत्यादिना ।।१६७।।

मत्स्यौ स्वर्णमयौ कुर्यात् मण्डूकावपि हेमजौ ।
राजतौ मकरौ कूर्ममिथुनं ताम्ररिन्तिकम् ।।१६८।।

पद्मा–दो मत्स्य तथा दो मण्डूक स्वर्ण के बनवाए। दो मकर रजत (चाँदी) के बनवाए दो कूर्म ताँबे अथवा पीतल के बनवाए ।

हरि०–ननु किं धातुमया: कति वा मीनादयो जलजन्तवे। विधातव्या इत्याकाङ्क्षायामाह मत्स्यौ स्वर्णमयावित्यादिना।।१६८।।

एतैर्जलचरैः सार्धं तडागमपि दीर्घिकाम् ।
सागरञ्च समुत्सृज्य प्रार्थयन्नागमर्चयेत् ।।१६९।।

पद्मा–इन समस्त जलचर जन्तुओं के सहित तड़ाग, दीर्घिका (बावड़ी) और सागर का उत्सर्ग कर **''सुप्रीयन्तां०''** इत्यादि श्लोकों से प्रार्थना करे, तदुपरान्त नागपूजा करे।

हरि०–एतैरित्यादि। एतैर्मीनादिभिर्जलचरैः सार्धं तडाग दीर्घिका सागरञ्चापि समुत्सृज्य नागं प्रार्थयन् सन अर्चयेत् ।।१६९।।

अनन्तो वासुकिः पद्मो महापद्मश्च तक्षकः ।
कुलीरः कर्कटः शङ्खः पाथसां रक्षका इमे ।।१७०।।

पद्मा–अनन्त, वासुकी, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट तथा शंख–ये जल के रक्षक हैं ।

हरि०–ननु कस्मिन् स्थाने कं वा नागमभ्यर्चयेत् किं वा प्रार्थयेदित्यपेक्षायामाह अनन्त इत्यादिना। इमेऽनन्तादयोऽष्टौ नागाः पाथसां जलानां रक्षका भवन्तीत्यन्वयः।।१७०।।

इत्यष्टौ नागनामानि लिखित्वाऽश्वत्थपल्लवे ।
स्मृत्वा प्रणवगायत्र्यौ घटमध्ये विनिःक्षिपेत ।।१७१।।

पद्मा–पीपल के आठ पत्तों के ऊपर इन आठ नागों के नाम लिखकर प्रणव तथा गायत्री का स्मरण करते हुए उन पत्तों को घड़े के बीच में डाल दे ।

हरि०–इत्यष्टावित्यादि। इत्येतान्यनन्तादीन्यष्टौ नागनामान्यश्वत्थपल्लवे लिखित्वा प्रणवगायत्र्यौ स्मृत्वा घटमध्ये विनिःक्षिपेत्।।१७१।।

चन्द्रार्कौ साक्षिणौ कृत्वा विलोड्यैकं समुद्धरेत् ।
तत्रोत्तिष्ठति यो नागस्तं कुर्यात्तोयरक्षकम् ।।१७२।।

पद्मा–चन्द्रमा तथा सूर्य को साक्षी कर घड़े के भीतर इन पत्तों को घुमाकर फिर उनमे से एक पत्ता निकाले। उस पत्ते में जिस नाग का नाम हो उसी को जल का रक्षक बनाए।

हरि०–चन्द्रार्कावित्यादि ततश्चन्द्रार्कौ साक्षिणौ कृत्वा लिखितनागनामान्यश्वत्थपल्लवानि विलोड्यैकं लिखितनागनामकमश्वत्थपल्लवं समुद्धरेत्। तत्र यो नाग उत्तिष्ठति तं नागं तोयरक्षकं कुर्यात्।।१७२।।

स्तम्भमेकं समानीय विंशहस्तमितं शुभम् ।
सरलं दारुजं तैलैरुक्षितञ्च हरिद्रया ।।१७३।।
स्नापयेत्तीर्थतोयेन व्याहृत्या प्रणवेन च ।
तत्र ह्रीश्रीक्षमाशान्तिसहितं नागमर्चयेत् ।।१७४।।

पद्मा–इसके पश्चात् बीस हाथ लम्बा, शुभ व सीधी लकड़ी का एक स्तम्भ लाकर उसमें तेल व हल्दी लगाएँ। तदुपरान्त प्रणव और व्याहृति का पाठ करते हुए स्तम्भ को स्नान कराएं। उस स्नान कराए गए स्तम्भ में ह्री, श्री, क्षमा और शान्ति के साथ नाग का पूजन करें ।

हरि०–स्तम्भमित्यादि। विंशहस्तमितं विंशतिहस्तपरिमितं सरलमवक्रं दारुजं काष्ठ-सम्भवम् तैलैर्हरिद्रया चोक्षितमभ्यक्तं शुभमेकं स्तम्भं समानीय व्याहृत्या प्रणवेन च तीर्थ-तोयेन स्नापयेत्। तत्र स्नापिते स्तम्भे ह्रीश्रीक्षमाशान्तिसहितं नागमर्चयेत् ।।१७३-१७४।।

नाग त्वं विष्णुशय्याऽसि महादेवविभूषणम् ।
स्तम्भमेनमधिष्ठाय जलरक्षां कुरुष्व मे ।।१७५।।

पद्मा–इसके पश्चात् प्रार्थना करे—हे नाग। तुम भगवान विष्णु की शय्या और भगवान् शंकर के आभूषण हो। तुम इस स्तम्भ में स्थान बनाकर मेरे जल की रक्षा करो।

हरि०–नाग त्वमित्यादि। हे नाग त्वं विष्णुशय्याऽसि महादेव विभूषणञ्चाऽसि एनं स्तम्भमधिष्ठाय मे मम जलरक्षां कुरुष्व।।१७५।।

इति प्रार्थ्य ततो नागस्तम्भं मध्येजलाशयम् ।
समारोप्य तडागञ्च कर्ता कुर्यात् प्रदक्षिणम् ।।१७६।।

पद्मा–इस प्रकार नाग से प्रार्थना करने के पश्चात् उस नागाधिष्ठित स्तम्भ को कर्मकर्ता जलाशय में गाड़कर तडाग की प्रदक्षिणा करे ।

हरि०–इतीत्यादि। इति नागं प्रार्थ्य ततो नागस्तम्भं मध्ये जलाशयं जलाशयस्य मध्ये समारोप्य कर्ता तडागप्रदक्षिणं कुर्यात्। मध्ये जलाशयमिति "पारे मध्ये षष्ट्या वा" इत्यनेनाव्ययीभावः।।१७६।।

यूपश्चेत् स्थापितः पूर्वं तदा नागं घटेऽर्चयन् ।
तज्जलं तत्र निःक्षिप्य शिष्टं कर्म समापयेत् ।।१७७।।

पद्मा–यदि यह स्तम्भ पहले से ही स्थापित हो तो नाग की पूजा घट में करके उस घट का जल जलाश्य में डालकर शेष कर्म समाप्त करे ।

हरि०–यूप इत्यादि। चेद्यदि यूपो नागस्तम्भः पूर्वमेव स्थापितो भवेत् तदा नागं घटेऽर्चयन् कर्ता तज्जलं घटसम्बन्धिजलं तत्र तडागे निःक्षिप्य शिष्टमवशेषं कर्म समापयेत्।।१७७।।

एवं गृहप्रतिष्ठायां कृतसंकल्पको बुधः ।
वास्त्वादिवसुपूजान्तं पैत्रं कर्म च कूपवत् ।।१७८।।

पद्मा–बुद्धिमान् पुरुष इसी प्रकार घर की प्रतिष्ठा के समय संकल्प करके कुएँ की प्रतिष्ठा की भाँति वास्तुपूजा से वसुपूजा तक कर्म करके पितृकर्म करे।

हरि०–एवं जलाशयप्रतिष्ठाविधानमुक्त्वाऽथ गृहप्रतिष्ठाविधानमाह एवं गृहप्रतिष्ठा-यामित्यादिभिः।।१७८।।

विधायाऽत्र विशेषेण यजेद्देवं प्रजापतिम् ।
प्राजापत्यञ्च हवनं कुर्यात् साधकसत्तमः ।।१७९।।

पद्मा–श्रेष्ठ साधक विशेष प्रकार से देव प्रजापति का पूजन करे, तदुपरान्त प्राजापत्य होम करे। इसमे वरुण के स्थान पर प्रजापति की पूजा का विधान है ।

हरि०–अत्र गृहसंस्कारे ॥१७९॥

गृहं पूर्वोक्तमन्त्रेण प्रोक्ष्य गन्धादिनाऽर्चयन् ।
ईशानाभिमुखो भूत्वा प्रार्थयेद्विहिताञ्जलिः ॥१८०॥

पद्मा–पहले कहे गए मन्त्र से गृह को प्रोक्षित करे तथा गन्धादि अर्पित कर ईशान कोण में मुख कर हाथ जोड़कर प्रार्थना करे॥१८०॥

हरि०–गृहमित्यादि। ततः पूर्वोक्तमन्त्रेण गृहं प्रोक्ष्याऽभिषिच्य गन्धादिना गृहमर्चयन् कर्ता ईशानाभिमुखो भूत्वा विहिताञ्जलिः सन् गृहं प्रार्थयेत्॥१८०॥

प्रजापतिपते गेह पुष्पमाल्यादिभूषितः ।
अस्माकं शुभवासाय सर्वथा सुखदो भव ॥१८१॥
ततस्तु दक्षिणां कृत्वा शान्त्याशीर्वादमाचरेत् ।
विप्रान् कुलीनान् दीनांश्च भोजयेदात्मशक्तितः ॥१८२॥

पद्मा–"हे प्रजापति स्वामी के गृह! तुम पुष्पमाल्यादि से विभूषित होकर मेरे शुभ आवास के लिए सभी प्रकार से सुखदायक हो।" इसके उपरान्त दक्षिणा तक कर्म कर शान्ति और आशीर्वाद ग्रहण करे। तदुपरान्त अपनी क्षमता के अनुसार ब्राह्मण, कौल तथा दरिद्रों को भोजन कराए ।

हरि०–गृहं प्रति प्रार्थनामेवाह प्रजापतिपते इत्याद्येकेन। प्रजापतिः पतिर्यस्य स प्रजापतिपतिः तत्सम्बोधने प्रजापतिपते इति ॥१८१-१८२॥

अन्यार्थन्तु प्रतिष्ठा चेत् तद्वासायात्र योजयेत् ।
देवत्राकृतगेहस्य विधानं शृणु शैलजे ॥१८३॥

पद्मा–हे शैलजे! यदि किसी अन्य के लिए ग्रह प्रतिष्ठा करनी हो तो संकल्प में "अमुकस्य वासाय" (अमुक के वास के लिए) ये शब्द जोड़ ले। देवता के लिए गृह की प्रतिष्ठा करे ।

हरि०–अन्यार्थन्वित्यादि। चेद्यद्यन्यार्थं गृहस्य प्रतिष्ठा विधीयते तदाऽत्र गृहप्रतिष्ठायां कर्तव्ये संकल्पे तद्वासायेति योजयेत्। हे शैलजे पार्वति देवत्राकृतगेहस्य देवताधीनकृतगृहस्य दानस्य विधानं त्वं शृणु॥१८३॥

इत्थं संस्कृत्य भवनं शङ्खतूर्यादिनिःस्वनैः ।
देवतासन्निधिं गत्वा प्रार्थयेद्विहिताञ्जलिः ॥१८४॥

पद्मा–इस प्रकार गृहसंस्कार कर शंखतूर्यादि बजाकर देवता के पास जाकर हाथ जोड़कर प्रार्थना करे ।

हरि०–देवत्राकृतगेहदानविधानमेवाह इत्थमित्यादिभिः। इत्थं पूर्वोक्तविधानेन भवनं गृहं संस्कृत्य शङ्खतूर्यादिनिः स्वनैः सह देवता सन्निधिं गत्वा विहिताञ्जलिः सन् देवतां प्रार्थयेत् ॥१८४॥

उत्तिष्ठ देवदेवेश भक्तानां वाञ्छितप्रद ।
आगत्य जन्मसाफल्यं कुरु मे करुणानिधे ।।१८५।।

पद्मा–हे देवदेवेश! हे भक्तों को इच्छित फल देने वाले। हे करुणानिधे! आकर मेरे जन्म को सफल बनायें ।

हरि०–यत् प्रार्थयैत्तदाह उत्तिष्ठेत्यादिना।।१८५।।

इत्यभ्यर्थ्य गृहाभ्यर्णे देवमानीय साधकः ।
उपस्थाप्य गृहद्वारि पुरतो वाहनं न्यसेत् ।।१८६।।

पद्मा–इस प्रकार प्रार्थना कर साधक देवता को गृह के निकट लाकर घर के द्वार में स्थापित कर उसके सम्मुख भाग में वाहन को स्थापित करे ।

हरि०–इतीत्यादि। साधको जन इत्यभ्यर्थ्य गृहाभ्यर्णे गृहसमीपे देवमानीय गृहद्वार्युपस्थाप्य च तस्य पुरतोवाहन न्यसेत् स्थापयेत्।।१८६।।

त्रिशूलमथवा चक्रं विन्यस्य भवनोपरि ।
रोपयेन्मन्दिरेशाने सपातकं ध्वजं सुधीः ।।१८७।।
चन्द्रातपैः किङ्किणीभिः पुष्पस्रक्चूतपल्लवैः ।
शोभयित्वा गृहं सम्यक छादयेद्दिव्यवाससा ।।१८८।।

पद्मा–घर के ऊपर त्रिशूल अथवा चक्र स्थापित कर मन्दिर की ईशान दिशा में पताका से युक्त ध्वजा को लगाए। तदुपरान्त चन्द्रातप (चँदोवा), छोटी घण्टियाँ, पुष्पमाला आम्र (चूत) पल्लवो (पत्तों) से घर को विधिवत् सुशोभित कर दिव्यवस्त्रों से ढके ।

हरि०–त्रिशूलमित्यादि। सुधीर्जनो भवनोपरि त्रिशूलमथवा चक्रं विन्यस्य संस्थाप्य मन्दिरेशाने गृहेशानकोणे सपताकं पताकासहितं ध्वजं रोपयेत् ।।१८७-१८८।।

उत्तराभिमुखं देवं वक्ष्यमाणविधानतः ।
स्नापयेद्विहितैर्द्रव्यैस्तत्क्रमं वच्मि ते शृणु ।।१८९।।

पद्मा–देवता को उत्तरमुख स्थापित कर कही गई विधि के अनुसार विहित द्रव्यों से स्नान कराए। अब मैं स्नान का क्रम कहता हूँ, सुनो ।

हरि०–तत्क्रमम् वक्ष्यमाणेन विधानेन विहितैः द्रव्यैर्देवस्नापनस्य क्रमम्।।१८९।।

ऐं ह्रीं श्रीमिति मन्त्रान्ते मूलमन्त्रं समुच्चरन् ।
दुग्धेन स्नापयामि त्वां मातेव परिपालय ।।१९०।।

पद्मा–ऐं ह्रीं श्रीं इस मन्त्र के पश्चात् मूल मन्त्र का उच्चारण करके **"दुग्धेन स्नापयामि त्वां मातेव परिपालय"** अर्थात् मैं दुग्ध से तुम्हे स्नान कराता हूँ माता के समान मेरा पालन करो, मन्त्र को पढ़े। **ऐं ह्रीं श्रीं मूलं दुग्धेन स्नापयामि त्वां मातेव परिपालय** यह सम्पूर्ण मन्त्र होगा ।

हरि०–तत्क्रममेवाह ऐं ह्रीं श्रीमित्यादिभिः। ऐं ह्रीं श्रीमिति मन्त्रान्ते मूलमन्त्रं समुच्चरन् तदन्ते च "दुग्धेन स्नापयामि त्वां मातेव परिपालय" इति समुच्चरन् कर्ता पूर्वं दुग्धेन देवं स्नापयेत्॥१९०॥

प्रोक्तबीजत्रयस्यान्ते तथा मूलं नियोजयन् ।
दध्ना त्वां स्नापयाम्यद्य भवतापहरो भव ।।१९१।।

पद्मा–पहले कहे गए तीन बीजों ऐं ह्रीं श्रीं - के अन्त में मूल मन्त्र का उच्चारण करके "दध्ना त्वां स्नापयाम्यद्य भवतापहरो भव" (अर्थात् मैं तुमको दही से स्नान कराता हूँ। तुम संसार के दुःख को दूर करो) इस मन्त्र से देवता को दही से स्नान कराए। सम्पूर्ण मन्त्र इस प्रकार होगा - **ऐं ह्रीं श्रीं मूलं दध्ना त्वां स्नापयाम्यद्य भवतापहरो भव** ।

हरि०–प्रोक्तेत्यादि। ततः परं प्रोक्तबीजत्रयस्यान्ते तथैव मूलं मन्त्रं विनियोजन् तदन्ते च "दध्ना त्वां स्नापयाम्यद्य भवतापहरो भव" इति समुच्चरन् कर्ता दध्ना देवं स्नापयेत्॥१९१॥

पुनर्वीजत्रयं मूलं सर्वानन्दकरेति च ।
मधुना स्नापितः प्रीतो मामानन्दमयं कुरु ।।१९२।।

पद्मा–पुनः "ऐं ह्रीं श्रीं" बीज का उच्चारण कर मूल मन्त्र का उच्चारण करे। इसके पश्चात् "सर्वानन्दकर" का उच्चारण कर "मधुना स्नापितः प्रीतो मामानन्दमयं कुरु" (अर्थात् मैं तुम्हें मधु से स्नान कराता हूँ, तुम प्रसन्न होकर मुझे आनन्दमय करो) इस मन्त्र से देवता को मधु से स्नान कराए। सम्पूर्ण मन्त्र इस प्रकार होगा–**ऐं ह्रीं श्रीं मूलं मधुना स्नापितः प्रीतो मामानन्दमयं कुरु** ।

हरि०–पुनरित्यादि। पुनः ऐं ह्रीं श्रीमिति बीजत्रयं समुच्चरन् तदन्ते मूलं मन्त्रं समुच्चरन् तदन्ते सर्वानन्दकरेति समुच्चरन् तदन्ते च "मधुना स्नापिता प्रीतो मामानन्दमयं कुरु" इति समुच्चरन् कर्ता मधुना देवं स्नापयेत्॥१९२॥

प्राग्वन्मूलं समुच्चार्य सावित्रीं प्रणवं स्मरन् ।
देवप्रियेण हविषा आयुः शुक्रेण तेजसा ।
स्नानं ते कल्पयामीश मामरोगं सदा कुरु ।।१९३।।

पद्मा–पहले के समान ऐं ह्रीं श्रीं, मूलमन्त्र, सावित्री (गायत्री) और प्रणव (ॐ) को स्मरण करे। इसके पश्चात् "देवप्रियेण हविषा आयुः शुक्रेण तेजसा स्नानान्ते कल्पयामीश मामरोगं सदा कुरु" (आयु, शुक्र और तेज की वृद्धि करने वाले देवताओं के प्रिय घी से तुमको स्नान कराता हूँ। हे ईश्वर! तुम हमें सदैव रोगहीन रखो) यह मन्त्र पढ़कर घी के द्वारा स्नान कराए। सम्पूर्ण मन्त्र इस प्रकार होगा - **ऐं ह्रीं श्रीं मूलं सावित्रीं ॐ देवप्रियेण हविषा आयुः शुक्रेण तेजसा। स्नानं ते कल्पयामीशः मामरोगं सदा कुरु** ।

हरि०–प्राग्वदित्यादि। प्राग्वदेव मूलं मन्त्रं समुच्चार्य ततः सावित्रीं गायत्रीं प्रणवमोङ्कारं च स्मरन् सन्

देवप्रियेण हविषा आयुः शुक्रेण तेजसा।
स्नानान्ते कल्पयामीश मामरोगं सदा कुरु''॥

इति स्मरन् कर्ता घृतेन देवं स्नापयेत्। आयुः शुक्रेण आयुः शुक्रवर्धकेन तेजसा तेजोवर्धकेन॥१९३॥

तद्वन्मूलञ्च गायत्रीं व्याहृतिं समुदीरयन्।
देवेश शर्करातोयैः स्नातो मे यच्छ वाञ्छितम् ॥१९४॥

पद्मा–इसी प्रकार ऐं ह्रीं श्रीं मूल मन्त्र, गायत्री व्याहृति का उच्चारण करके ''देवेश शर्करातोयैः स्नातो मे यच्छ वाञ्छितम्'' (हे देवेशः! शर्करा के जल से स्नान कर मुझे मेरा इच्छित फल प्रदान करो) इस मन्त्र से देवता को शर्कराजल से स्नान कराए। सम्पूर्ण मन्त्र इस प्रकार होगा - **ऐं ह्रीं श्रीं मूलं व्याहृतिं गायत्रीं देवेश! शर्करातोयैः स्नातो मे यच्छ वाञ्छितम्** ।

हरि०–तद्वदित्यादि। तद्वदेव मूलमन्त्रं गायत्रीं व्याहृतिञ्च समुदीरयन् ततो ''देवेश शर्करातोयैः स्नातो मे यच्छ वाञ्छितम्'' इति च समुदीरयन् कर्ता शर्करातोयैर्देवं स्नापयेत्॥१९४॥

तथा मूलं समुच्चार्य गायत्रीं वारुणं मनुम्।
विधात्रा निर्मितैर्दिव्यैः प्रियैः स्निग्धैरलौकिकैः।
नारिकेलोदकैः स्नानं कल्पयामि नमोऽस्तु ते ॥१९५॥

पद्मा–इस प्रकार ऐं ह्रीं श्रीं मूल तथा गायत्री का उच्चारण करके वारुण बीज (वँ) का उच्चारण करे। तत्पश्चात् ''विधात्रा निर्मितै दिर्व्यैः प्रियेः स्निग्धरलौकिकः नारिकेलोदकैः स्नानं कल्पयामि नमोऽस्तुते (अर्थात् विधाता द्वारा निर्मित दिव्य, प्रिय, स्निग्ध तथा अलौकिक नारियल के जल से तुम्हे स्नान कराता हूँ, तुम्हे नमस्कार है) इस मन्त्र से देवता को नारियल जल से स्नान कराए। सम्पूर्ण मन्त्र इस प्रकार से होगा - **ऐं ह्रीं श्रीं मूलं गायत्रीं वं विधात्रा निर्मितैर्दिव्यैः प्रियैः स्निग्धैरलौकिकं नारिकेलोदकैः स्नानं कल्पयामि नमोऽस्तुते** ।

हरि०–**तथेत्यादि।** तथैव मूलं मन्त्रं गायत्रीं वारुणं मनुं वमिति मन्त्रं च समुच्चार्य ततः।

''विधात्रा निर्मितैर्दिव्यैः प्रियैः स्निग्धैरलौकिकः।
नारिकेलोदकैः स्नानं कल्पयामि नमोऽस्तु ते ॥''

इति समुच्चरन् कर्ता नारिकेलजलैर्देवं स्नापयेत् ॥१९५॥

गायत्र्या मूलमन्त्रेण स्नापयेदिक्षुजै रसैः ॥१९६॥

पद्मा–तत्पश्चात् गायत्री व मूलमन्त्र कर उच्चारण का ईख के रस से स्नान कराए। मन्त्र इस प्रकार होगा - **गायत्रीं मूलं इक्षुजैः रसैः स्नापयामि** ।

हरि०–ततों गायत्र्या मूलमन्त्रेण च इक्षुजैः रसैर्देवं स्नापयेत्॥१९६॥

कामबीजं तथा तारं सावित्रीं मूलमीरयन् ।
कर्पूरागुरुकाश्मीरकस्तूरीचन्दनोदकैः ।
सुस्नातो भव सुप्रीतो भुक्तिमुक्ती प्रयच्छ मे ।।१९७।।

पद्मा–कामबीज (क्लीँ) तथा तार (ॐ) का उच्चारण करके गायत्री व मूलमन्त्र का उच्चारण करे फिर ''कर्पूरागुरुकाश्मीरकस्तूरीचन्दनोदकैः। सुस्नातो भव सुप्रीतो भुक्तिमुक्ती प्रयच्छ मे'' (अर्थात् कर्पूर, अगुरु, कुंकुम, कस्तूरी और चन्दनयुक्त जल से उत्तम स्नान कर प्रसन्न हों तथा मुझे भोग व मोक्ष प्रदान करें) इस मन्त्र से सुगन्धित जल से देवता को स्नान कराएँ। सम्पूर्ण मन्त्र इस प्रकार है - **क्लीँ ॐ गायत्रीं मूलं कर्पूरागुरुकाश्मीर कस्तूरीचन्दनोदकैः सुस्नातो भव सुप्रीतो मुक्तिमुक्ती प्रयच्छ मे ।**

हरि०–कामबीजमित्यादि। कामबीजं क्लीमिति बीजं तथा तारमोंकारं सावित्रीं गायत्रीं मूलं मन्त्रं चेरयन्नुच्चरन् ततः–

''कर्पूरागुरुकाश्मीरकस्तूरीचन्दनोदकैः ।
सुस्नातो भव सुप्रीतो भुक्तिमुक्ती प्रयच्छ मे ।।

इति चोदीरयन् कर्ता कर्पूरादिवासितैर्जलैर्देवं स्नापयेत्। काश्मीरम् कुङ्कुमम्।।१९७।।

इत्यष्टकलशैः स्नानं कारयित्वा जगत्पतिम् ।
गृहाभ्यन्तरमानीय स्थापयेदासनोपरि ।।१९८।।

पद्मा–इस प्रकार आठ कलशों से जगत्पति को स्नान कराकर घर में ले जाकर आसन के ऊपर स्थापित करे ।

हरि०–इतीत्यादि। इत्यनेनैव विधानेन क्रमेण चाष्टकलशैरष्टकलशपरिमितैर्दुग्धादिभिः स्नानं कारयित्वा गृहाभ्यन्तरमानीय च जगत्पतिं देवमासनोपरि स्थापयेत्।।१९८।।

स्नापनार्हा न चेदर्चा तद्यन्त्रे वापि तन्मनौ ।
शालग्रामशिलायां वां स्नापयित्वा प्रपूजयेत् ।।१९९।।

पद्मा–देवप्रतिमा यदि स्नान कराने योग्य न हो, तो उस देवता को यन्त्र में, देवता के मूलमन्त्र में अथवा शालग्राम शिला में स्नान कराकर पूजन करे ।

हरि०–स्नापनार्हेत्यादि। चेद्यद्यर्चा देवताप्रतिमा स्नापनार्हा स्नापनयोग्या न भवेत् तदा तद्यन्ते देवतायन्त्रे तन्मनौ तद्देवतामन्त्रे वा शालग्रामशिलायां वा स्नापयित्वा देवं प्रपूजयेत्।।१९९।।

अशक्तौ मूलमन्त्रेण स्नापयेच्छुद्धपाथसाम् ।
अष्टभिः कलशैर्यद्वा पञ्चभिः सप्तभिर्यथा ।।२००।।
घटप्रमाणं प्रागेव कथितं चक्रपूजने ।
सर्वत्रागमकृत्येषु स एव विहितो घटः ।।२०१।।

पद्मा–दुग्धमधु अदि से स्नान कराने में यदि व्यक्ति अशक्त हो, तो अपनी क्षमता के अनुसार शुद्ध जल से भरे हुए आठ, सात अथवा पाँच कलश द्वारा स्नान कराए। चक्र पूजा

के प्रसङ्ग में घट का जो परिमाण कहा गया है आगम में कहे गए समस्त कार्यों में उसी प्रकार का घट विहित है ।

हरि०–अशक्तावित्यादि । दुग्धादिभिः देवतायाः स्नापनेऽशक्तौ सत्यां मूलमन्त्रेण शुद्धपाथसां शुद्धानां जलानामष्टभिः सप्तभिः पञ्चभिर्वा कलशैर्यथावद्देवं स्नापयेत् ॥२००-२०१॥

ततो यजेन्महादेवं स्वस्वपूजाविधानतः ।
तत्रोपचारान् वक्ष्यामि शृणु देवि परात्परे ।।२०२।।

पद्मा–हे देवि! हे परात्परे! अपने-अपने पूजा विधान के महादेव की पूजा करे। इस पूजा में जिन वस्तुओं की आवश्यकता होती है, उन्हें मैं कहता हूँ सुनो॥२०२॥

हरि०–महादेवम् महान्तं देवम्। तत्र देवयजने॥२०२॥

आसनं स्वागतं पाद्यमर्घ्यमाचमनीयकम् ।
मधुपर्कस्तथाचम्यं स्नानीयं वस्त्रभूषणे ।।२०३।।
गन्धपुष्पे धूपदीपौ नैवेद्यं वन्दनं तथा ।
देवार्चनासु निर्दिष्टा उपचाराश्च षोडश ।।२०४।।

पद्मा–आसन, स्वागत, पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, मधुपर्क, पुनः आचमनीय, स्नानीय वस्त्र, आभूषण, गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य तथा वन्दना नमस्कार देवता की पूजा में –ये सोलह उपचार कहे गए हैं ।

हरि०–उपचारानेवाह आसनमित्यादिभिः। निर्दिष्टाः कथिताः॥२०३-२०४॥

पाद्यमर्घ्यञ्चाचमनं मधुपर्काचमौ तथा ।
गन्धादिपञ्चकं चैते उपचारा दश स्मृताः ।।२०५।।
गन्धपुष्पे धूपदीपौ नैवेद्यञ्चापि कालिके ।
पञ्चोपचाराः कथिता देवतायाः प्रपूजने ।।२०६।।

पद्मा–पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, मधुपर्क, पुनः आचमनीय, गंध, पुष्प, धूप, दीप तथा नैवेद्य–इनको दशोपचार कहा गया है। हे कालिके! गन्ध, पुष्प, धूप दीप, तथा नैवेद्य–इनको पञ्चोपचार कहते हैं ।

हरि०–उपचारप्रकारभेदमाह पाद्येत्यादिद्वयेन। स्पष्टम्॥२०५-२०६॥

अस्त्रेणाऽर्घ्यम्भिसा द्रव्यं प्रोक्ष्य धेनुं प्रदर्शयन्।
सम्पूज्य गन्धपुष्पाभ्यां द्रव्याख्यानं समुल्लिखेत् ।।२०७।।
वक्ष्यमाणमनुं स्मृत्वा मूलञ्च देवताभिधाम् ।
सचतुर्थीं समुच्चार्य त्यागार्थं वचनं पठेत् ।।२०८।।

पद्मा–'फट्' मन्त्र का उच्चारण कर अर्घ्यपात्र के जल से अभिषेक कर धेनुमुद्रा दिखाकर गन्ध पुष्प से पूजन कर देय द्रव्य का नाम ले। तत्पश्चात् आगे कहे गए मन्त्र तथा मूलमन्त्र का स्मरण करते हुए चतुर्थी विभक्तियुक्त देवता के नाम का उच्चारण कर त्यागार्थ वचन (नमः) का पाठ करे ।

हरि०–अथासनादिसमर्पणविधिमाह अस्त्रेणेत्यादिद्वयेन। अस्त्रेणफडितिमन्त्रेणाघ्यम्भिसाऽर्घ्यजलेन द्रव्यमासनादिकं प्रोक्ष्याऽभिषिच्य तदुपरि धेनुं मुद्रां प्रदर्शयन् साधको गन्धपुष्पाभ्यां द्रव्य सम्पूज्य द्रव्याख्यानं द्रव्यनाम समुल्लिखेदुच्चारयेत्। वक्ष्यमाणं मनुं स्मृत्वा मूलं मन्त्रं सचतुर्थी देवताभिधां च समुच्चार्य त्यागार्थ वचनं पठेत् ॥२०७-२०८॥

निवेदनविधिः प्रोक्तो देवे देयेषु वस्तुषु ।
अनेन विधिना विद्वान् द्रव्यं दद्याद्दिवौकसे ।।२०९।।
आद्यार्चनविधौ पूर्वं पाद्यार्घ्यादिनिवेदनम् ।
अर्पणं कारणादीनां सर्वमेव प्रदर्शितम् ।।२१०।।
अनुक्तमन्त्रा ये तत्र तानेवात्र शृणु प्रिये ।
आसनाद्युपचाराणां प्रदाने विनियोजयेत् ।।२११।।

पद्मा–देवता को वस्तु प्रदान करने की विधि आपने कही। विद्वान मनुष्य इस विधि के अनुसार देवता को द्रव्य प्रदान करे। सर्वप्रथम आद्या काली की पूजा विधि में पाद्य, अर्घ्यादि देने और कारणादि (मद्यादि) के अर्पण करने की विधि कही जा चुकी है। हे प्रिये! वहाँ जो मन्त्र नहीं कहे गए हैं उन्हें कहता हूँ सुनो। आसनादि उपचारों के देने में इन्हीं मन्त्रों का प्रयोग करे ।

हरि०–दिवौकसे देवाय॥२०९-२११॥

सर्वभूतान्तरस्थाय सर्वभूतान्तरात्मने ।
कल्पयाम्युपवेशार्थमासनं ते नमो नमः ।।२१२।।

पद्मा–समस्त प्राणियों के अन्तर में स्थित तथा समस्त प्राणियों के अन्तरात्मास्वरूप तुम्हें बैठने के लिए आसन प्रदान करता हूँ। तुम्हें बारम्बार प्रणाम करता हूँ ।

हरि०–अद्यार्चनविधावनुक्तान्मन्त्रानेव क्रमेणाह सर्वभूतान्तरस्थायेत्यादि। हे देव! सर्वेषां भूतानामन्तरे तिष्ठतीति सर्वभूतान्तरस्थस्तस्मै सर्वभूतान्तरस्थाय। सर्वेषां भूतानामन्तरात्मने। ते तुभ्यमुपवेशार्थमासनं कल्पयामि समर्पयामि। ते तुभ्यं नमो नमोऽस्तु अनेन मन्त्रेण देवायाऽऽसनं दद्यात्॥२१२॥

उक्तक्रमेण देवेशि प्रदायाऽऽसनमुत्तमम् ।
कृताञ्जलिपुटो भूत्वा स्वागतं प्रार्थयेत्ततः ।।२१३।।

पद्मा–हे देवेशि! उक्त क्रम से उत्तम आसन प्रदान कर हाथ जोड़कर स्वागत की प्रार्थना करे ।

हरि०–**उक्तेत्यादि**। हे देवेशि! उक्तक्रमेश देवायोत्तममासनं प्रदाय ततः कृताञ्जलिपुटो भूत्वा देवाः स्वाभीष्टसिद्धयर्थमित्यादिवचनद्वयमुदीरयन् अमुकदेव त्वया स्वागतं सुस्वागतमिति स्वागतं भक्त्या देवं प्रार्थयेत्॥२१३॥

देवाः स्वाभीष्टसिद्ध्यर्थं यस्य वाञ्छन्ति दर्शनम् ।
सुस्वागतं स्वागतं मे तस्मै ते परमात्मने ।।२१४।।

पद्मा–सभी देवगण अपने अभीष्ट की सिद्धि के लिए जिनके दर्शन की इच्छा रखते हैं, उन तुम परमात्मा का मैं स्वागत करता हूँ।

हरि०–देवा इत्यादि। हे परमात्मन्! यस्य भवतो दर्शनं देवा अपि स्वाभीष्टसिद्ध्यर्थं वाञ्छन्ति तेन त्वया मे मदर्थं स्वागतं सुस्वागतम् तस्मै परमात्मने ते तुभ्यं नमः॥२१४॥

अद्य मे सफलं जन्म जीवनं सफलाः क्रियाः।
स्वागतं यत्त्वया तन्मे तपसां फलमागतम् ॥२१५॥

पद्मा–आज मेरा जन्म, जीवन और सब क्रिया सार्थक हुई; क्योंकि तुम्हारे स्वागत के रूप में मेरी तपस्या का फल ही मुझे प्राप्त हुआ है।

हरि०–अद्येत्यादि। हे देव यद्यतस्त्वया स्वागतं तत् ततो हेतोरद्य मे मम जन्म जीवनञ्च सफलं जातम्। क्रिया अपि सफला जाताः। मे मम तपसामपि फलमागतम्॥२१५॥

देवमामन्त्र्य संप्रार्थ्य स्वागतप्रश्नमम्बिके।
विहितं पाद्यमादाय मन्त्रमेनमुदीरयेत् ॥२१६॥

पद्मा–हे अम्बिके! इस प्रकार स्वागत प्रदान कर देवता को आमंत्रित कर प्रार्थना करे और विधिपूर्वक पाद्य ग्रहण करके आगे कहा गया मन्त्र पढ़े।

हरि०–देवमित्यादि। हे अम्बिके देवमामन्त्र्य सम्बोध्य उक्तमन्त्रद्वयमुदीरयन् स्वागतप्रश्नं सम्प्रार्थ्य विहितं पाद्यमादाय गृहीत्वा एतं मन्त्रमुदीरयेद्वदेत् ॥२१६॥

यत्पादजलसंस्पर्शाच्छुद्धिमाप जगत्त्रयम्।
तत्पादाब्जप्रोक्षणार्थं पाद्यन्ते कल्पयाम्यहम् ॥२१७॥

पद्मा–विहित पाद्य जल लेकर कहे - जिन चरणों के जल के स्पर्श से तीनों लोक शुद्ध हो जाता हैं, उन तुम्हारे चरणों के धोने के लिए मैं तुम्हे पाद्य प्रदान करता हूँ।

हरि०–यं मन्त्रमुदीरयेत्तमाह यत्पादजलेति। हे परमेश्वर यत्पादजलसंस्पर्शाज्जगत्त्रयं शुद्धिमाप जगाम तत्पादाब्जप्रोक्षणार्थं ते तुभ्यं पाद्यमहं कल्पयामि समर्पयामि इमं मन्त्रमुदीर्य देवाय पाद्यं दद्यात्॥२१७॥

परमानन्दसन्दोहो जायते यत्प्रसादतः।
तस्मै सर्वात्मभूताय आनन्दार्घ्यं समर्पये ॥२१८॥

पद्मा–जिसकी कृपा से परमानन्द के समूह उत्पन्न होते हैं। उस सर्वात्मा के लिए मैं यह आनन्दार्घ्य समर्पित करता हूँ।

हरि०–परमानन्दसन्दोह इत्यादि। परमानन्दसन्दोहः परमानन्दसमूहः। अनेन मन्त्रेण देवायाऽर्घ्यं दद्यात्॥२१८॥

जातीलवङ्गकक्कोलैर्जलं केवलमेव वा।
प्रोक्षितार्चितमादाय मन्त्रेणाऽनेन चार्पयेत् ॥२१९॥

पद्मा–जायफल, लवङ्ग (लौंग), कक्कोल आदि के द्वारा सुगन्धित जल से अथवा केवल शुद्ध जल लेकर प्रोक्षित और पूजित कर कहे गए मन्त्र से अर्पित करे।

हरि०–जातीत्यादि। प्रोक्षितमर्चितं च जातीलवङ्गकक्कोलैर्वासितं जलं केवलमेव वा जलमादायाऽनेन वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण देवाय अर्पयेत्॥२१९॥

यदुच्छिष्टमुपस्पृष्टं शुद्धिमेत्यखिलं जगत् ।
तस्मै मुखारविन्दाय आचामं कल्पयामि ते ॥२२०॥

पद्मा–जिसके जूठन के स्पर्श से सम्पूर्ण जगत् शुद्धि को प्राप्त होता है, तुम्हारे उसी मुखकमल के लिए मैं आचमन प्रदान करता हूँ।

हरि०–तमेव मन्त्रमाह यदुच्छिष्टमिति। एति प्राप्नोति। अनेन मन्त्रेणाऽऽचमनीयं देवतामुखे दद्यात्॥२२०॥

मधुपर्कं समादाय भक्त्याऽनेन समर्पयेत् ॥२२१॥

पद्मा–तत्पश्चात् मधुपर्क ग्रहण कर इस मन्त्र द्वारा भक्तिपूर्वक समर्पित करे।

हरि०–ततो भक्त्या मधुपर्कं समादायाऽनेन वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण देवाय समर्पयेत्॥२२१॥

तापत्रयविनाशार्थमखण्डानन्दहेतवे ।
मधुपर्कं ददाम्यद्य प्रसीद परमेश्वर ॥२२२॥

पद्मा–हे परमेश्वर! तुम अखण्ड आनन्द के कारण हो। आध्यात्मिक, आधिदैविक तथा आधिभौतिक–इन तीन पापों के विनाश के लिए मैं तुमको मधुपर्क प्रदान करता हूँ, तुम प्रसन्न होओ।

हरि०–ततो भक्त्या मधुपर्कं समादायाऽनेन वक्ष्यमाणेन मन्त्रेण देवाय समर्पयेत्॥२२२॥

अशुचिः शुचितामेति यत्स्पृष्टस्पर्शमात्रतः ।
तस्मिंस्ते वदनाम्भोजे पुनराचमनीयकम् ॥२२३॥

पद्मा–जिसकी स्पर्श की हुई वस्तु का स्पर्श करने से अपवित्र वस्तु भी तत्क्षण पवित्र हो जाती है, तुम्हारे उसी मुखकाल में पुनराचमनीय प्रदान करता हूँ॥२२३॥

हरि०–ततः अशुचिः शुचितामेतीत्यादिना मन्त्रेण पुनर्देवतामुखे आचमनीयं दद्यात् ॥२२३॥

स्नानार्थं जलमादाय प्राग्वत् प्रोक्षितमर्चितम् ।
निधाय देवपुरतो मन्त्रमेनमुदीरयेत् ॥२२४॥

पद्मा–तत्पश्चात् स्नान हेतु जल लेकर पहले के समान प्रोक्षित और पूजित कर देवता के सम्मुख रखकर मन्त्र पढ़े।

हरि०–स्नानार्थमित्यादि। ततः प्राग्वत् प्रोक्षितमर्चितं च स्नानार्थं जलमादाय देवपुरतो निधाय संस्थाप्य चैनं मन्त्रमुदीरयेत्॥२२४॥

यत्तेजा जगद्व्याप्तं यतो जातमिदं जगत् ।
तस्मै ते जगदाधार स्नानार्थं तोयमर्पये ॥२२५॥

स्नाने वस्त्रे च नैवेद्य दद्यादाचमनीयकम् ।
अन्यद्रव्यप्रदानान्ते दत्तातोयं सकृत सकृत् ।।२२६।।
वस्त्रमानीय देवाग्रे शोधितं पूर्ववर्त्मना ।
धृत्वा कराभ्यामुत्तोल्य पठेदेनं मनुं सुधीः ।।२२७।।

पद्मा–जिनके तेज से यह सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है, जिनसे यह जगत् उत्पन्न हुआ है, हे जगदाधार! उन्हीं तुमको स्नान के लिए जल प्रदान करता हूँ। स्नान, वस्त्र तथा नैवेद्य प्रदान करने के उपरान्त आचमनीय प्रदान करना चाहिए। अन्य द्रव्य प्रदान करने के उपरान्त एक-एक बार जल प्रदान करना चाहिए। ज्ञानी मनुष्य देवता के समक्ष पहले कही हुई विधि के अनुसार दो शुद्ध वस्त्र लाकर दोनों हाथों से उठाकर मन्त्र पढ़े।

हरि०–यं मन्त्रमुदीरयेत्तमाह यत्तेजसा जगद्व्याप्तमिति। अनेन मन्त्रेण देवाय वस्त्रे दद्यात् ॥२२५-२२७॥

सर्वावरणहीनाय मायाप्रच्छन्नतेजसे ।
वाससी परिधानाय कल्पयामि नमोऽस्तुते ।।२२८।।
नानाभरणमादाय स्वर्णरौप्यादिनिर्मितम् ।
प्रोक्ष्याऽर्चयित्वा देवाय दद्यादेनं समुच्चरन् ।।२२९।।

पद्मा–सभी प्रकार के आवरण से रहित, माया से छिपे हुए तेजवाले तुम्हारे लिए उत्तरीय के साथ वस्त्र प्रदान करता हूँ, तुम्हें नमस्कार है। इसके उपरांत स्वर्ण एवं रजत (चाँदी) से निर्मित विभिन्न प्रकार के आभूषण लेकर प्रोक्षण करके पूजा करे। कहे गए मन्त्र से देवता को वस्त्र प्रदान करे ।

हरि०–यं मनुं पठेत् तमाह सर्वावरणहीनायेति। अनेन मन्त्रेण देवाय वस्त्रे दद्यात् ॥२२८-२२९॥

विश्वाभरणभूताय विश्वशोभैकयोनये ।
मायाविग्रहभूषार्थं भूषणानि समर्पये ।।२३०।।

पद्मा–जगत् के आभूषणस्वरूप एवं जगत् की शोभा के एकमात्र कारण, तुम्हारे मायामय शरीर के शृङ्गार के लिए आभूषण समर्पित करता हूँ ।

हरि०–यं मन्त्रं समुच्चरन् देवाय भूषणानि दद्यात् तमेव मन्त्रमाह विश्वाभरणभूता येति॥२३०॥

गन्धतन्मात्रया सृष्टा येन गन्धधरा धरा ।
तस्मै परात्मने तुभ्यं परमं गन्धमर्पये ।।२३१।।

पद्मा–जिनके द्वारा गन्धतन्मात्रा से गन्धवती पृथ्वी की रचना की गयी है, उन्हीं परात्मारूप तुम्हें परमगन्ध प्रदान करता हूँ ।

हरि०–गन्धतन्मात्रयेति। धरा पृथ्वी। अनेन मन्त्रेण देवाय गन्धं दद्यात्॥२३१॥

पुष्पं मनोहरं रम्यं सुगन्धं देवनिर्मितम् ।
मया निवेदितं भक्त्या पुष्पमेतत् प्रगृह्यताम् ।।२३२।।

पद्मा–देवताओं द्वारा निर्मित सुन्दर, मनोहर, सुगन्धित इस पुष्प को भक्तिपूर्वक प्रदान करता हूँ, इसे तुम स्वीकार करो ।

हरि०–पुष्पमित्यादिना मन्त्रेण देवाय पुष्पं दद्यात्॥२३२॥

वनस्पतिरसो दिव्यो गन्धाढयः सुमनोहरः ।
आघ्रेयः सर्वभूतानां धूपो घ्राणायतेऽर्प्यते ।।२३३।।

पद्मा–वनस्पति के दिव्यरस से निर्मित, गन्धयुक्त, अत्यन्त मनोहर, सभी प्राणियों के सूँघने योग्य धूप, तुम्हारे सूँघने के लिए प्रदान करता हूँ ।

हरि०–**वनस्पतिरस इत्यादि।** वनस्पतिरसः वृक्षविशेषरसः। अनेन मन्त्रेण देवाय धूपं दद्यात्॥२३३॥

सुप्रकाशो महादीप्तः सर्वतस्तिमिरापहः ।
सबाह्याभ्यन्तरज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ।।२३४।।

पद्मा–सुन्दर प्रकाशवाला, अत्यन्त ही दीप्तिवान, सभी दिशाओं का अन्धकार दूर करने वाला, बाह्य एवं अन्तर को प्रकाशित करने वाला यह दीपक तुम ग्रहण करो ।

हरि०–सुप्रकाश इत्यादिमन्त्रेण देवाय दीपं दद्यात्॥२३४॥

नैवेद्यं स्वादुसंयुक्तं नानाभक्ष्यसमन्वितम् ।
निवेदयामि भक्त्येदं जुषाण परमेश्वर! ।।२३५।।

पद्मा–हे परमेश्वर! इस नैवेद्य में नानाप्रकार के भक्ष्य पदार्थ हैं। यह श्रेष्ठ एवं अत्यन्त ही स्वादिष्ट हैं। मैं भक्तिपूर्वक इसे निवेदित करता हूँ। तुम इसका आहार करो ।

हरि०–नैवेद्यमित्यादिना देवाय नैवेद्यं दद्यात्॥२३५॥

पानार्थं सलिलं देव! कर्पूरादिसुवासितम् ।
सर्वतृप्तिकरं स्वच्छमर्पयामि नमोऽस्तुते ।।२३६।।
ततः कर्पूरखदिरलवङ्गैलादिभिर्युतम् ।
ताम्बूलं पुनराचम्यं दत्त्वा वन्दनमाचरेत् ।।२३७।।
उपचाराधारदाने साधारं द्रव्यमुल्लिखेत् ।
दद्याद्वा पृथगाधारं तत्तन्नाम समुच्चरन् ।।२३८।।
इत्थमर्चितदेवाय दत्त्वा पुष्पाञ्जलित्रयम् ।
साच्छादनं गृहं प्रोक्ष्य पठेदेनं कृताञ्जलिः ।।२३९।।

पद्मा–हे देव! कर्पूरादि की सुगन्ध से सुगन्धित पीने का जल निर्मल एवं पूर्णतृप्तिदायक है। मैं यह पीने के लिए तुमको अर्पित करता हूँ, तुम्हें नमस्कार है। इसके पश्चात् कर्पूर, खैर (कत्था), इलायची, लवंगादि के साथ ताम्बूल (पान) और पुनराचमनीय देकर

नमस्कार करे। उपचार के साथ यदि आधार दिया जाए तो आधार के साथ द्रव्य का नाम ले अथवा समस्त आधारों का नाम लेकर पृथक् आधार प्रदान करे। इस प्रकार पूजित देवता को तीन पुष्पाञ्जलियाँ प्रदान कर आच्छादनयुक्त गृह का प्रोक्षण करके हाथ जोड़कर प्रार्थना करे।

हरि०–पानार्थं सलिलमित्यादिना कपूर्रादिसुवासितं पानार्थं जलं देवाय दद्यात् ॥२३६-२३९॥

गेह त्वं सर्वलोकानां पूज्यः पुण्ययशः प्रदः ।
देवतास्थितिदानेषु सुमेरुसदृशो भव ।।२४०।।
त्वं कैलासश्च वैकुण्ठस्त्वं ब्रह्मभवनं गृह ।
यत् त्वया विधृतो देवस्तस्मात् त्वं सुरवन्दितः ।।२४१।।

पद्मा–हे गृह! तुम समस्त लोकों के पूज्य तथा पवित्र यश प्रदान करने वाले हो, तुम देवताओं को स्थान देकर सुमेरू के समान बनो। हे गृह! तुम कैलास हो, तुम बैकुण्ठ हो, तुम ब्रह्मभवन हो; क्योंकि तुम देवता को धारण करते हो, इसलिए देवता तुम्हारी वन्दना करते हैं ।

हरि०–एनं कं पटेदित्याकाङ्क्षायामाह गेह त्वमित्यादि ॥२४०-२४१॥

यस्य कुक्षौ जगत् सर्वं वरीवर्ति चराचरम् ।
मायाविधृतदेहस्य तस्य मूर्तेर्विधारणात् ।।२४२।।
देवमातृसमस्त्वं हि सर्वतीर्थमयस्तथा ।
सर्वकामप्रदो भूत्वा शान्तिं मे कुरु ते नमः ।।२४३।।

पद्मा–जिनके उदर में सम्पूर्ण चराचर जगत् है। माया द्वारा शरीर को धारण करने वाले उसी ब्रह्म की मूर्ति को धारण करने से तुम देवमाता के समान हो तथा समस्त तीर्थों से युक्त हो। तुम हमारी समस्त कामनाओं को पूर्ण करो और मुझे शान्ति दो, मैं तुमको नमस्कार करता हूँ ।

हरि०–कुक्षौ उदरे॥२४२-२४३॥

इत्यभ्यर्थ्य त्रिरभ्यर्च्य गृहं चक्रादिसंयुतम् ।
आत्मनः काममुद्दिश्य दद्याद्देवाय साधकः ।।२४४।।

पद्मा–इस प्रकार गृह को तीन बार नमस्कार कर साधक अपनी इच्छा की पूर्ति के लिए चक्रादियुक्त उस गृह को देवता के लिए प्रदान करे ।

हरि०–**इतीत्यादि**। इति गृहमभ्यर्थ्य त्रिस्त्रिवारमभ्यर्च्य च साधकश्चक्रादि संयुतं गृहमात्मनः काममुद्दिश्य देवाय दद्यात्॥२४४॥

विश्वावासाय विश्वाय गृहं ते विनिवेदितम् ।
अङ्गीकुरु महेशान कृपया सन्निधीयताम् ।।२४५।।

पद्मा–हे महेशान! यद्यपि तुम विश्व के आवास हो, फिर भी तुम्हे रहने के लिए

आवास प्रदान करता हूँ। कृपा करके तुम इसे ग्रहण करो तथा इसमें स्थित हो कर रहो।

हरि०–विश्वेत्यादि। विश्वावासाय विश्वमावासो गृहं यस्य स विश्वावासः तस्मै॥२४५॥

इत्युक्ताऽर्पितगेहाय देवाय दत्तदक्षिणः ।
शङ्खतूर्यादिघोषैस्तं स्थापयेद्वेदिकोपरि ।।२४६।।

पद्मा–इस प्रकार मन्त्र पढ़कर देवता को गृह भेंट करे तथा दक्षिणा प्रदान कर शंख, तुरही आदि के शब्द करते हुए वेदी के ऊपर देवता को स्थापित करे॥२४६॥

हरि०–इतीत्यादि। इति प्रार्थनावाक्यं देवं प्रत्युक्त्वा अर्पितं दत्तं गेहं यस्मैऽसोऽर्पितगेहः अर्पितगेहाय देवाय दत्तदक्षिणः सन् साधकः शङ्खतूर्यादिघोषैस्तं देवं वेदिकोपरि स्थापयेत् ॥२४६॥

स्पृष्ट्वा देवपदद्वन्द्वं मूलमन्त्रं समुच्चरन् ।
स्थाँ स्थीँ स्थिरो भवेत्युक्त्वा वासस्ते कल्पितो मया।
इति देवं स्थिरीकृत्य भवनं प्रार्थयेत् पुनः ।।२४७।।

पद्मा–देवता के दोनों चरणों को स्पर्श करके - **मूलं स्थां स्थीं स्थिरोभव वासस्ते कल्पितो मया** (मैंने तुम्हारे लिए आवास बनाया है, इसमें स्थिर हो) मन्त्र से देवता को स्थिर कर पुनः गृह की प्रार्थना करे ।

हरि०–स्पृष्ट्वेत्यादि। ततो देवपदद्वन्द्वं स्पृष्ट्वा पूर्वं मूलं मन्त्रसमुच्चरन् ततः स्थाँ स्थीँ स्थिरो भव इत्युक्त्वा वासस्ते कल्पितो मयेति समुच्चरेत्। इत्यनेन मूलमन्त्रसंयुतेन स्थीँ स्थाँ स्थिरो भव वासस्ते कल्पितो मयेति मन्त्रेण देवं स्थिरीकृत्य पुनर्भवनं गृहं प्रार्थयेत्॥२४७॥

गृह देवनिवासाय सर्वथा प्रीतिदो भव ।
उत्सृष्टे त्वयि मे लोकाः स्थिराः सन्तु निरामयाः ।।२४८।।
द्विसप्तातीतपुरुषान् द्विसप्तानागतानपि ।
मां च मे परिवारांश्च देवधाम्नि निवासय ।।२४९।।
यजनात् सर्वयज्ञानां सर्वतीर्थनिषेवणात् ।
यत्फलं तत्फलं मेऽद्य जायतां त्वत्प्रसादतः ।।२५०।।

पद्मा–हे गृह! तुम देवता के निवास के लिए सभी प्रकार से प्रसन्नतादायक हो। मैंने तुम्हारा उत्सर्ग किया। मेरे लिए स्वर्गलोक उपद्रवशून्य हो। मेरे पहले के बहत्तर तथा आगे के बहत्तर पुरुषों को, मुझे तथा मेरे परिवारजनों को देवलोकवासी बनाओ। समस्त यज्ञों का अनुष्ठान करने से तथा समस्त तीर्थों के सेवन से जो फल प्राप्त होता है, वह फल आज तुम्हारी प्रसन्नता से मुझे प्राप्त हो ।

हरि०–ननु भवनं प्रति किं प्रार्थयेदित्यपेक्षामाह गृह देवन्निवासायेत्यादिना। उत्सृष्टे दत्ते। निरामयाः उपद्रवशून्याः॥२४८-२५०॥

यावत् वसुन्धरा तिष्ठेत् यावदेते धराधराः ।
यावद्दिवानिशानाथौ तावन्मे वर्ततां कुलम् ।।२५१।।

इति प्रार्थ्य गृहं प्राज्ञः पुनर्देवं समर्चयन् ।
दर्पणाद्यन्यवस्तूनि ध्वजं चापि निवदयेत् ।।२५२।।
ततस्तु वाहनं दद्यात् यस्मिन् देवे यथोदितम् ।
शिवाय वृषभं दत्त्वा प्रार्थयेद्विहिताञ्जलिः ।।२५३।।

पद्मा–जब तक पृथ्वी, पर्वत, सूर्य, चन्द्रमा रहें, तब तक मेरा कुल स्थिर रहे। इस प्रकार गृह से प्रार्थना कर ज्ञानी पुरुष पुनः देवता को पूजन करे तथा ध्वजा दर्पणादि अन्य वस्तुएं प्रदान करे। इसके पश्चात् जिस देवता के लिए जो वाहन कहा गया है वही उसको प्रदान करे। भगवान् शिव को वृषभ दान कर हाथ जोड़कर उनकी प्रार्थना करे ।

हरि०–धराधरा: पर्वता:।।२५१-२५३।।

वृषभः त्वं महाकायस्तीक्ष्णशृङ्गोऽरिघातकः ।
पृष्ठे वहसि देवेशं पूज्योऽसि त्रिदशैरपि ।।२५४।।

पद्मा–हे वृषभ! तुम विशाल देहवाले, तेजस्वी सींग वाले तथा शत्रुओं का करने वाले हो। तुम देवेश भगवान् शिव को अपनी पीठ पर बैठाते हो, इसी देवतागण भी तुम्हारी पूजा करते हैं ।

हरि०–ननु वृषभं प्रति किं प्रार्थयेदित्याकांक्षायामाह वृषभ त्वमित्यादि।।२५

क्षुरेषु सर्वतीर्थानि रोम्णि वेदाः सनातनाः ।
निगमागमतन्त्राणि दशनाग्रे वसन्ति ते ।।२५५।।

पद्मा–तुम्हारे चारों खुरों में समस्त तीर्थ, रोमों में चारों सनातन वेद तथा अग्रभाग में समस्त निगम, आगम तथा तन्त्र रहते हैं ।

हरि०–दशनाग्रे दन्ताग्रे।।२५५।।

त्वयि दत्ते महाभाग सुप्रीतः पार्वतीपतिः ।
वासं ददातु कैलासे त्वं मां पालय सर्वदा ।।२५६।।
सिंहं दत्त्वा महादेव्यै गरुड़ं विष्णवे तथा ।
यथा स्तूयान्महेशानि! तन्मे निगदतः शृणु ।।२५७।।

पद्मा–हे महाभाग! तुम्हारे दिए जाने से पार्वतीपति भगवान् शिव प्रसन्न होकर कैलाश में मुझे आवास दें। तुम सदैव मेरा पालन करो। हे महेशानि! इस प्रकार महादेवी को सिंह, भगवान् विष्णु को गरुड़ प्रदान कर जिस प्रकार स्तुति की जाती है वह तुमसे कहता हूँ सुनो ।

हरि०–सुप्रीतः भवतु इति शेषः।।२५६-२५७।।

सुरासुरनियुद्धेषु महाबलपराक्रमः ।
देवानां जयदो भीमो दनुजानां विनाशकृत् ।।२५८।।
सदा देवीप्रियोऽसि त्वं ब्रह्मविष्णुशिवप्रियः ।
देव्यै समर्पितो भक्त्या जहि शत्रून्नमोऽस्तुते ।।२५९।।

पद्मा–हे सिंह! देवासुरसंग्राम के समय तुमने महाबल और पराक्रम को प्रकट किया था और देवताओं की विजय हुई थी। तुम अत्यन्त ही भयङ्कर और दानवों के संहारकर्ता हो। तुम सदैव देवी के प्रिय हो। तुम ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव के भी प्रिय हो। भक्तिपूर्वक देवि के प्रति समर्पित होकर तुम मेरे समस्त शत्रुओं का विनाश करो। तुम्हें मेरा नमस्कार है ।

हरि०–सिंहस्तुतिमेव विदधाति सुरासुरेत्यादिभ्यां द्वाभ्याम्॥२५८-२५९॥

गरुत्मन् पतगश्रेष्ठ श्रीपतिप्रीतिदायक ।
वज्रचञ्चोः तीक्ष्णनखः तव पक्षा हिरणमयाः ।
नमस्तेऽस्तु खगेन्द्राय पक्षिराज नमोऽस्तुते ।।२६०।।
यथा करपुटेन त्वं संस्थितो विष्णुसन्निधौ ।
तथा मामरिदर्पघ्न विष्णोरग्रे निवासय ।।२६१।।
त्वयि प्रीते जगन्नाथः प्रीतः सिद्धिं प्रयच्छति ।।२६२।।

पद्मा–हे गरुत्मन्! हे पक्षिश्रेष्ठ! हे श्रीपतिप्रीतिदाय! हे वज्र के समान चोंच वाले! हे तीक्ष्णनख! तुम्हारे पंख स्वर्णमय हैं। हे खग्रेन्द्र! हे पक्षिराज! तुमको नमस्कार करता हूँ। तुम शत्रुओं के गर्व को चूर करते हो। जिस प्रकार तुम भगवान् विष्णु के समीप हाथ जोड़कर बैठते हो उसी प्रकार मुझे भी भगवान् विष्णु के आगे बैठाओ । तुम्हारे प्रसन्न होने पर जगन्नाथ प्रसन्न होकर सिद्धि प्रदान करते हैं ।

हरि०–अथ गरुड़स्तुतिं विदधाति गरुत्मन्नित्यादिभिस्त्रिभिः। गरुत्मन गरुड़। पतगश्रेष्ठ पक्षिश्रेष्ठ ॥२६०-२६२॥

देवाय दत्तद्रव्याणां दद्याद्देवाय दक्षिणाम् ।
तथा कर्मफलञ्चापि भक्त्या तस्मै समर्पयेत् ।
नृत्यैर्गीतैश्च वादित्रैः सामात्यः सबान्धवः ।।२६३।।

पद्मा–देवता के लिए दिए द्रव्यों की दक्षिणा को प्रदान करे तथा भक्तिपूर्वक उस देवता को कर्मफल समर्पित करे। अपने बाँधवों एवं मंत्रियों के साथ नृत्य, गीत एवं वाद्य का आयोजन करे ।

हरि० - तस्मै देवाय॥२६३॥

वेश्मप्रदक्षिणं कृत्वा देवं नृत्वाऽऽशयेद्द्विजान्।।२६४।।
देवागारप्रतिष्ठायां य एष कथितः क्रमः ।
आरामसेतुसंक्रामशाखिनामीरितोऽपि सः ।।२६५।।
विशेषेणाऽत्र कृत्येषु पूज्यो विष्णुः सनातनः ।
पूजाहोमौ तथा सर्वं गृहदानविधानवत् ।।२६६।।
अप्रतिष्ठितदेवाय नैव दद्यात् गृहादिकम् ।
अर्च्याऽप्रतिष्ठिते देवे पूजादानं विधीयते ।।२६७।।

अथ तत्र श्रीमदाद्याप्रतिष्ठाक्रम उच्यते ।
येन प्रतिष्ठिता देवी तूर्णं यच्छति वाञ्छितम् ।।२६८।।

पद्मा–गृह की प्रदक्षिणा कर देवता को नमस्कार कर ब्राह्मण भोजन कराए। देवगृह की प्रतिष्ठा का जो यह क्रम कहा गया है, यही क्रम उपवन, सेतु, संक्रम तथा वृक्ष की प्रतिष्ठा में भी विहित है। इन स्थानों में सनातन भगवान् विष्णु का पूजन विशेष से करना होगा। पूजा, होम तथा अन्य समस्त कर्म गृहदान की विधि के अनुसार करे। अप्रतिष्ठित देवता के लिए गृहादि का दान नहीं करना चाहिए। प्रतिष्ठित एवं पूजित देवता के लिए ही पूजा और दानविधि कही गयी है। अब श्रीमदाद्या काली की प्रतिष्ठा का क्रम कहता हूँ। जिससे प्रतिष्ठिता देवी शीघ्र ही वाञ्छित फल प्रदान करती हैं।

हरि०–आशयेत् भोजयेत्॥२६४-२६८॥

तद्दिने साधकः प्रातः स्नातः शुचिरुदङ्मुखः ।
संकल्पं विधिवत् कृत्वा यजेद्वास्त्वीश्वरं ततः ।।२६९।।

पद्मा–आद्या कालिका की प्रतिष्ठा के दिन साधक प्रातः स्नान कर शुद्ध होकर विधिपूर्वक संकल्प करके वास्तुदेवता का पूजन करे।

हरि०–श्रीमदाद्याप्रतिष्ठाक्रममेवाह तद्दिने साधक इत्यादिभिः। तद्दिने श्रीमदाद्याप्रतिष्ठादिने॥२६९॥

ग्रहदिक्पतिहेरम्बाद्यर्चनं पितृकर्म च ।
विधाय साधकैर्विप्रैः प्रतिमासन्निधिं व्रजेत् ।।२७०।।

पद्मा–ग्रह, दशदिक्पाल और गणेशादि की पूजा तथा पितृकर्म कर साधक ब्राह्मणों के साथ प्रतिमा के समीप जाए।

हरि०–हेरम्बो गणेशः॥२७०॥

प्रतिष्ठितगृहे यद्वा कुत्रचित् शोभनस्थले ।
आनीयाऽर्चामर्चयित्वा स्नापयेत् साधकोत्तमः।।२७१।।

पद्मा–श्रेष्ठ साधक प्रतिष्ठित गृह में अथवा किसी मनोहर स्थान में श्रेष्ठ प्रतिमा को लाकर पूजन करके स्नान कराए।

हरि०–**प्रतिष्ठितेत्यादि**। ततः साधकोत्तमः प्रतिष्ठितगृहे कुत्रचिच्छोभनस्थाने वा अर्चां प्रतिमामानीयाऽर्चयित्वा च स्नापयेत्॥२७१॥

भस्मना प्रथमं स्नानं ततो वल्मीकमृत्स्नया ।
वराहदन्तिदन्तोत्थमृत्तिकाभिस्ततः परम् ।
वेश्याद्वारमृदा चापि प्रद्युम्नहृदजातया ।।२७२।।
ततः पञ्चकषायेण पञ्चपुष्पैस्त्रिपत्रकैः ।
कारयित्वा गन्धतैलैः स्नापयेत् प्रतिमां सुधीः ।।२७३।।

पद्मा–सर्वप्रथम भस्म से स्नान कराए इसके पश्चात् बांबी (दीमक) की मिट्टी, शूकर

के दाँतों और हाथी के दाँतों से उखाड़ी गई मिट्टी से स्नान कराए। इसके पश्चात् वेश्या के द्वार की मिट्टी से स्नान कराए। इसके उपरान्त कामकूपसम्भूत द्रव्यविशेष से, पञ्च काषाय से, तथा त्रिपत्र से स्नान कराए। इसके उपरान्त सुधी साधक सुगन्धित तेल से प्रतिमा को स्नान कराए।

हरि०–ननु केन द्रव्येण प्रतिमां स्नापयेदित्यपेक्षायामाह भस्मनेत्यादि॥२७२-२७३॥

वाट्यालबदरीजम्बुवकुलाः शाल्मलिस्तथा ।
एते निगदिताः स्नाने कषायाः पञ्च भूरुहाः ॥२७४॥
करवीरं तथा जातीचम्पकं सरसीरुहम् ।
पाटलीकुसुमञ्चापि पञ्चपुष्पं प्रकीर्तितम् ॥२७५॥
वर्वरातुलसीबिल्वं पत्रत्रयमुदाहृतम् ॥२७६॥

पद्मा–वाट्याल, बेर, जामुन, वकुल (मौलसिरी) तथा शाल्मली (शाल)–इन पाँच वृक्षों को पञ्च काषाय कहा गया है। करबीर (कनेर) जाती (आँवला) चम्पक (चम्पा) कमल, पाटली कुसुम (गुलाब) इनको पञ्चपुष्प कहा गया है। बर्बुरा (बबई तुलसी के पत्र) तुलसी पत्र तथा बेलपत्र को त्रिपत्र कहा गया है।

हरि०–ननु कैः पञ्चकषायैः कैः पञ्चपुष्पैस्त्रिपत्रकैश्च कैः प्रतिमां स्नापपेदित्याकाङ्क्षायामाह वाट्यालेत्यादि॥२७४-२७६॥

एतेषु प्रोक्तद्रव्येषु जलयोगो विधीयते ।
पञ्चामृते गन्धतैले तोययोगं विवर्जयेत् ॥२७७॥

पद्मा–इन सभी कहे गए द्रव्यों में जल मिलाकर प्रतिमा को स्नान कराये, किन्तु पञ्चामृत और गन्धतैल में जल न मिलाए।

हरि०–ननु केवलैर्भस्मादिभिः प्रतिमां स्नापयेज्जलसंयुक्तैर्वा इत्यपेक्षायामाह एतेष्वित्यादिना॥२७७॥

सव्याहृतिं सप्रणवां गायत्रीं मूलमुच्चरन् ।
एतद्द्रव्यस्य तोयेन स्नापयामि नमो वदेत् ॥२७८॥

पद्मा–व्याहृति के साथ प्रणव (ॐ), गायत्री तथा मूलमन्त्र का उच्चारण कर **एतद्द्रव्यस्य तोयेन स्नापयामि नमः** अर्थात् पूर्वोक्त कहे गए द्रव्यों में जिस किसी भी से स्नान करा रहे हो उसका उच्चारण कर मन्त्र पढ़े।

हरि० - ननु केन मन्त्रेण भस्मादिभिः प्रतिमां स्नापयेदित्यपेक्षायामाह सव्याहृतिमित्यादिना। पूर्वं सव्याहृतिं सप्रणवां गायत्रीमुच्चरन् ततो मूलं मन्त्रमुच्चरन् तत एतद्द्रव्यस्य तोयेन स्नापयामि नम इति वदेत्। अनेनैव मन्त्रेण जलसंयुक्तैः भस्मादिभिः प्रतिमां स्नापयेत्॥२७८॥

ततः प्रागुक्तविधिना दुग्धाद्यैरष्टभिर्घटैः ।
कवोष्णसलिलैश्चापि स्नापयेत् प्रतिमां बुधः ॥२७९॥

सितगोधूमचूर्णेन तिलकल्केन वा शिवाम् ।
शालीतण्डुलचूर्णेन मार्जयित्वा विरुक्षयेत् ।।२८०।।
तीर्थाम्भसामष्टघटैः स्नापयित्वा सुवाससा ।
सम्मार्जिताङ्गीं प्रतिमां पूजास्थानं समानयेत् ।।२८१।।

पद्मा–इसके पश्चात् बुद्धिमान साधक पहले कही गई विधि से दुग्धादि आठ घड़ों से तथा कुछ उष्ण (गरम) जल से प्रतिमा को स्नान कराए। फिर दूध में पड़ी हुई गेहूँ के मैदा से, तिल के कल्क से अथवा शालि चावल के चूर्ण से प्रतिमा को मार्जन कर सुखाएँ। फिर तीर्थजल से भरे आठ घड़ों से स्नान कराकर सुन्दर वस्त्रों से पोंछकर स्वच्छ अंगों वाली प्रतिमा को पूजा स्थान में ले जाएँ ।

हरि०–कवोष्णसलिलैः ईषदुष्णैर्जलैः।।२७९-२८१।।

अशक्तौ शुद्धतोयानां पञ्चविंशतिसंख्यकैः ।
कलशैः स्नापयेदर्चां भक्त्या साधकसत्तमः ।।२८२।।
स्नाने स्नाने महादेव्याः शक्त्या पूजनमाचरेत् ।।२८३।।
ततो निवेश्य प्रतिमामासने सुपरिष्कृते ।
पाद्यार्घ्याद्यैरर्चयित्वा प्रार्थयेद्विहिताञ्जलिः ।।२८४।।

पद्मा–इस प्रकार के अनुष्ठान में साधक श्रेष्ठ अशक्त हो तो भक्तिपूर्वक २५ घड़े विशुद्ध जल से प्रतिमा को स्नान कराए। प्रत्येक स्नान के उपरान्त अपनी क्षमता भर महादेवी की पूजा करे। तदुपरान्त सुपरिष्कृत आसन पर प्रतिमा को आसीन कराकर पाद्य, अर्घ्यादि से पूजन कर हाथ जोड़कर प्रार्थना करे ।

हरि०–अर्चां प्रतिमाम्।।२८२-२८४।।

नमस्ते प्रतिमे तुभ्यं विश्वकर्मविनिर्मिते ।
नमस्ते देवतावासे भक्ताभीष्टप्रदे नमः ।।२८५।।
त्वयि सम्पूजयाम्याद्यां परमेशीं परात्पराम् ।
शिल्पदोषावशिष्टाङ्गं सम्पन्नं कुरु ते नमः ।।२८६।।
ततस्तत्प्रतिमामूर्ध्नि पाणिं विन्यस्य वाग्यतः ।
अष्टोत्तरशतं मूलं जप्त्वा गात्राणि संस्पृशेत् ।।२८७।।

पद्मा–हे विश्वकर्मा द्वारा निर्मित प्रतिमे! तुम्हें नमस्कार है। तुम देवता की आवास हो। तुम्हें नमस्कार है। तुम भक्तों को उनका अभीष्ट प्रदान करती हो तुम्हें नमस्कार है। तुममे मैं परात्परा परमेश्वरी आद्या की पूजा करता हूँ। शिल्प दोष से शेष अंग को सम्पन्न करो। तुम्हें नमस्कार है। तदुपरान्त प्रतिमा के मस्तक पर हाथ रखकर संयमित वाणी से १०८ बार मूलमन्त्र का जप करे तदुपरान्त प्रतिमा के समस्त शरीर को स्पर्श करे।

हरि०–ननु प्रतिमां प्रति किं प्रार्थयेदित्यपेक्षायामाह नमस्ते प्रतिमे तुभ्यमित्यादि।।२८५-२८७।।

षडङ्गमातृकान्यासं प्रतिमाङ्गे प्रविन्यसन् ।
षड्दीर्घभाजा मूलेन षडङ्गन्यासमाचरेत् ।।२८८।।

पद्मा–इसके उपरान्त प्रतिमा के अंगों में षडङ्ग तथा मातृकान्यास कर आकारादिषड्दीर्घ स्वरों सहित मूलमन्त्र के द्वारा षडङ्गन्यास करे।

हरि०–षडङ्गेत्यादि। ततः पूर्वविधिना प्रतिमाङ्गे षडङ्गमातृकान्यासं प्रविन्यसन् साधकः षड्दीर्घभाजा मूलेन मन्त्रेणापि प्रतिमाङ्गे षडङ्गन्यासमाचरेत् कुर्यात्॥२८८॥

तारमायारमाद्यैश्च नमोऽन्तैबिन्दुसंयुतैः ।
अष्टवर्गैर्देवताङ्गे वर्णन्यासं प्रकल्पयेत् ।।२८९।।

पद्मा–तार (ॐ) माया (ह्रीँ) तथा रमा (श्रीँ) का उच्चारण करके बिन्दुयुक्त आठ वर्गों से वर्णन्यास करे। यथा **ॐ ह्रीँ श्रीँ अँ नमः, ॐ ह्रीँ श्रीँ ॐ नमः** इत्यादि।

हरि०–तारेत्यादि। ततः तारमायारमाद्यैरोङ्कारह्रीं श्रीँ माद्यैर्नमोऽन्तैबिन्दु-संयुतैरनुस्वार सहितैरष्टवर्गैर्देवताङ्गे वर्णन्यासं प्रकल्पयेत् कुर्यात्॥२८९॥

मुखे स्वरान् कवर्गञ्च कण्ठदेशे न्यसेत् बुधः ।
चवर्गमुदरे दक्षबाहौ टाद्यक्षराणि च ।।२९०।।
तवर्गञ्च वामबाहौ दक्षवामोरुयुग्मयोः ।
पवर्गञ्च यवर्गञ्च शवर्गं मस्तके न्यसेत् ।।२९१।।

पद्मा–बुद्धिमान मनुष्य देवता के अंग में वर्णन्यास करने के समय मुख में सभी स्वर, कण्ठदेश में क वर्ग, उदर में च वर्ग, दाहिनी भुजा में ट वर्ग, वामभुजा में त वर्ग, दक्षिण एवं वाम उरुओं में क्रमशः प वर्ग तथा य वर्ग और मस्तक में श वर्ग का न्यास करे।

हरि०–ननु कस्मिन् कस्मिन् देवताङ्गे कं कं वर्गं न्यसेदित्याकांक्षायामाह मुखे स्वरानित्यादि॥२९०-२९१॥

वर्णन्यासं विधायेत्थं तत्त्वन्यासं समाचरेत् ।।२९२।।
पादयोः पृथिवीतत्त्वं तोयतत्त्वञ्च लिङ्गके ।
तेजस्तत्त्वं नाभिदेशे वायुतत्त्वं हृदम्बुजे ।।२९३।।
आस्ये गगनतत्त्वञ्च चक्षुषो रूपतत्त्वकम् ।
घ्राणयोर्गन्धितत्त्वञ्च शब्दतत्त्वं श्रुतिद्वये ।।२९४।।
जिह्वायां रसतत्त्वञ्च स्पर्शतत्त्वं त्वचि न्यसेत् ।
मनस्तत्त्वं भ्रुवोर्मध्ये सहस्रदलपङ्कजे ।।२९५।।
शिवतत्त्वं ज्ञानतत्त्वं परतत्त्वं तथोरसि ।
जीवप्रकृतितत्त्वे च विन्यसेत् साधकाग्रणीः ।
महत्तत्त्वमहङ्कारतत्त्वं सर्वाङ्गकें क्रमात् ।।२९६।।

पद्मा–वर्णन्यास करने के पश्चात् तत्त्वन्यास करे। देवता के दोनों चरणों में पृथ्वी तत्त्व,

लिङ्ग (योनि) में जलतत्त्व, नाभि में तेजतत्त्व, हृदयकमल में वायुतत्त्व, मुख में आकाशतत्त्व, दोनों आँखों में रूपतत्त्व, दोनों नासिका छिद्रों में गन्धतत्त्व, दोनों कानों में शब्दतत्त्व, जिह्वा में रसतत्त्व, त्वचा में स्पर्श तत्त्व का न्यास करे। मन का भ्रूमध्य में, सहस्रदलकमल में मनस्तत्त्व का न्यास करे। इसी प्रकार वक्षः स्थल में शिवतत्त्व, ज्ञानतत्त्व, परतत्त्व, जीवतत्त्व और प्रकृतितत्त्व का न्यास करें। सर्वांग में क्रमशः महत्तत्व और अहङ्कारतत्त्व का न्यास करे।

हरि०–ननु कस्मिन् कस्मिन् देवताङ्गे किं किं तत्त्वं न्यसेदित्यपेक्षायामाह पादयोः पृथिवीतत्त्वमित्यादि॥२९२-२९६॥

तारमायारमाद्येन ङे नमोऽन्तेन विन्यसेत् ॥२९७॥

पद्मा–प्रणव (ॐ) माया (ह्रीं) तथा रमा (श्रीं), अन्त में चतुर्थी एक वचन की विभक्ति और नमः लगाकर न्यास करे। यथा - **ॐ ह्रीं श्रीं पृथिवीतत्त्वाय नमः**।

हरि०–ननु केन मन्त्रेण पृथिवीतत्त्वादिकं पादादौ न्यसेदित्यपेक्षायामाह तारेत्यादि। तारमायारमाद्येन ओं ह्रीं श्रीमादिना ङे नमोऽन्तेन पृथिवीतत्त्वादिना मन्त्रेण पृथिवीतत्त्वादिकं पादादौ विन्यसेत॥२९७॥

सबिन्दुमातृकावर्णपुटितं मूलमुच्चरन् ।
नमोऽन्तं मातृकास्थाने मन्त्रन्यासं प्रयोजयेत् ॥२९८॥

पद्मा–बिन्दुयुक्त मातृकावर्णों से पुटित 'नमः' पदान्त मूलमन्त्र का उच्चारण करके मातृकास्थानों में मन्त्र न्यास करे।

हरि०–सबिन्द्वित्यादि ततः सबिन्दुमातृकावर्णपुटितं सानुस्वारैर्मातृकावर्णैरादावन्ते च संयुक्तं नमोऽन्तं मूलं मन्त्रमुच्चरन् सन् मातृकास्थाने मन्त्रन्यासं प्रयोजयेत् विदध्यात्॥२९८॥

सर्वयज्ञमयं तेजः सर्वभूतमयं वपुः ।
इयं ते कल्पिता मूर्तिरत्र त्वां स्थापयाम्यहम् ॥२९९॥
ततः पूजाविधानेन ध्यानमावाहनादिकम् ।
प्राणप्रतिष्ठां सम्पाद्य पूजयेत् परदेवताम् ॥३००॥
देवगेहप्रदाने तु ये ये मन्त्राः समीरिताः ।
त एवात्र प्रयोक्तव्या मन्त्रलिङ्गेन पूजने ॥३०१॥
विधिवत् संस्कृते वह्नावर्चितेभ्योऽर्पिताहुतिः ।
आवाह्य देवीं सम्पूज्य जातकर्माणि साधयेत् ॥३०२॥
जातनाम्नी निष्क्रमणमन्नप्राशनमेव च ।
चूडोपनयनं चैते षट्संस्काराः शिवोदिताः ॥३०३॥

पद्मा–तुम्हारा तेज सर्वयज्ञमय है। तुम्हारा शरीर सर्वभूतमय है। तुम्हारी यह मूर्ति कल्पित है। इसमें मैं तुम्हें स्थापित करता हूँ। तदुपरान्त पूजनविधान के अनुसार ध्यान,

आवाहनादि प्राणप्रतिष्ठा तक के कर्म कर परदेवता का पूजन करे। देवगृह के दान में जो-जो मन्त्र कहे गए हैं, उन्हीं सभी मन्त्रों का यहाँ पर प्रयोग करे। विधिपूर्वक संस्कार की गयी अग्नि में सभी पूजित देवताओं को आहुति प्रदान कर देवी का आवाहन कर जातकर्मादि करे। जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकरण तथा उपनयन – ये छः संस्कार भगवान् शिव ने कहे हैं।

हरि०–ततः सर्वयज्ञानमयं तेज इत्यादिना देवीं प्रार्थयेत्। वपुः तवेति शेषः ॥२९९-३०३॥

प्रणवं व्याहृतिं चैव गायत्रीं मूलमन्त्रकम् ।
सामन्त्रणाभिधानं ते जातकर्मादि नाम च ॥३०४॥
सम्पादयाम्यग्निकान्तां समुच्चार्य विधानवित् ।
पञ्चपञ्चाहुतीर्दद्यात् प्रतिसंस्कारकर्मणि ॥३०५॥
दत्तनाम्नाऽऽहुतिशतं मूलोच्चारणपूर्वकम् ।
देव्यै दत्त्वाऽऽहुतेरंशं प्रतिमामूर्ध्नि निःक्षिपेत् ॥३०६॥
प्रायश्चित्तादिभिः शेषं कर्म सम्पादयन् सुधीः ।
भोजयेत् साधकान् विप्रान् दीनानाथांश्च तोषयेत् ॥३०७॥
उक्तकर्मस्वशक्तश्चेत् पाथसां सप्तभिर्घटैः ।
स्नापयित्वाऽर्चयन् शक्त्या श्रावयेन्नाम देवताम् ॥३०८॥
इति ते श्रीमदाद्यायाः प्रतिष्ठा कथिता प्रिये ।
एवं दुर्गादिविद्यानां महेशादिदिवौकसाम् ॥३०९॥
चलतः शिवलिङ्गस्य प्रतिष्ठायामयं विधिः ।
प्रयोक्तव्यो विधानज्ञैर्मन्त्रनामोहपूर्वकम् ॥३१०॥

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे सर्वधर्मनिर्णयसारे श्रीमदाद्यासदाशिवसंवादे आद्याकालीप्रतिष्ठानुष्ठाने वास्तुग्रहयागजलाशयादिप्रतिष्ठा-देवगृहदानादिसर्वदेवप्रतिष्ठाकथनं नाम त्रयोदशोल्लासः।

पद्मा–प्रणव (ॐ) व्याहृति (भूर्भुवः स्व) गायत्री, मूलमन्त्र, संबोधन नाम (हे आद्ये!) तुम्हारे जातकर्मादि संस्कार विशेष का नाम उल्लेख कर **सम्पादयामि स्वाहा** अर्थात् सम्पादित करता हूँ। यह कहकर पाँच-पाँच आहुतियाँ प्रदान करे। कहे गए नाम का उल्लेख करते हुए मूलमन्त्र का उच्चारण कर देवी को सौ आहुतियाँ प्रदान कर आहुति का अंश प्रतिमा के मस्तक पर डाले। प्रायश्चित्तादि द्वारा शेष कर्म कर साधकों को भोजन कराए तथा अनाथों एवं दीनों को सन्तुष्ट करे। यदि साधक यह कर्म करने में असमर्थ हो तो सात घड़े जल से प्रतिमा को स्नान कराकर यथाशक्ति पूजा करके देवता को नाम सुनाए। हे प्रिये! मैंने तुमसे आद्याकाली की प्रतिष्ठा का प्रयोग कहा। इसी प्रकार दुर्गादि समस्त विद्याओं और

शिवादि समस्त देवताओं की प्रतिष्ठा करे। सचल शिवलिंग की प्रतिष्ठा में भी मन्त्र द्वारा इसी विधि का प्रयोग निःसन्देह होकर करे।।३०४-३१०।।

हरि०–ननु केन मन्त्रेण देव्या जातकर्मादि साधयेदित्यपेक्षायामाह प्रणवमित्यादि पूर्वम् प्रणवोङ्कारं ततो व्याहृतिं भूरादिं ततो गायत्रीं ततो मूलमन्त्रं ततः सामन्त्रणाभिधानम् आमन्त्रणसहितदेवीनाम् ततस्ते इति पदं ततो जातकर्मादिनाम ततः सम्पादयामीति पदं ततोऽग्निकान्तां स्वाहेति पदं समुच्चार्य विधानवित् साधको देव्या जातकर्माणि साधयेदिति पूर्वेणान्वयो विधेयः।।३०४-३१०।।

इति श्रीमहानिर्वाणतन्त्रटीकायां त्रयोदशोल्सासः।

चर्तुदशोल्लासः

श्रीदेव्युवाच

आद्यशक्तेरनुष्ठानात् कृपया भूरिसाधनम् ।
कथितं मे कृपानाथ तृप्ताऽस्मि तव भावतः ।।१।।
सचलस्येशलिङ्गस्य प्रतिष्ठाविधिरीरितः ।
अचलस्य प्रतिष्ठायां किं फलं विधिरेव कः ।।२।।

पद्मा–श्रीदेवी ने कहा–हे कृपानाथ! आद्याशक्ति काली के प्रसंग ये आपने कृपाकर बहुत ही सावधानी से मुझसे कहे। मैं आपके भाव से सन्तुष्ट हूँ। आपने सचल शिवलिंग की प्रतिष्ठाविधि कही, किन्तु स्थिर (अचल) शिवलिंग की प्रतिष्ठा किस प्रकार से होती है? उसकी प्रतिष्ठा का फल क्या है? ।

हरि०–ॐ नमो ब्रह्मणे।

एवं सकलदेवतानां सचलस्य शिवलिङ्गस्यापि प्रतिष्ठाया विधिफलञ्च श्रुत्वेदानीमचलस्य शिवलिङ्गस्य प्रतिष्ठाया: फलं विधिं च श्रोतुमिच्छन्ती श्रीदेव्युवाच आद्यशक्तेरित्यादि। भावत: प्रीतित:॥१-२॥

कथ्यतां जगतां नाथ! सविशेषेण साम्प्रतम् ।
इदं हि परमं तत्त्वं प्रष्टुं वद वृणोभि कम् ।।३।।

पद्मा–हे जगत के नाथ! आपके अतिरिक्त यह विशेषतत्त्व किससे पूछूँ! आप ही इस समय इस विशेष परमतत्त्व को कहिए ।

हरि०–परमकारुणिकमाशुतोषं सर्वज्ञमपरं कञ्चित् पृच्छ मां किं पुन: पुन: पृच्छसितत्राह इदं हि परमं तत्त्वमित्यादि॥३॥

त्वत्तः को वास्ति सर्वज्ञो दयालुः सर्वविद्विभुः ।
आशुतोषो दीननाथो ममाऽऽनन्दविवर्धनः ।।४।।

पद्मा–आपकी अपेक्षा दयावान्, सर्वज्ञ, प्रभु, सर्वविचारक शीघ्र प्रसन्न होने वाला, दीनानाथ और मुझे आनन्द प्रदान करने वाला और कौन है?॥४॥

हरि०–सर्ववित् सर्वविचारक:॥४॥

श्रीसदाशिव उवाच

शिवलिङ्गस्थापनस्य माहात्म्यं किं ब्रवीमि ते ।
यत्स्थापनान्महापापैर्मुक्तो याति परं पदम् ।।५।।
स्वर्णपूर्णमहीदानाद्वाजिमेधायुतार्जनात् ।
निस्तोये तोयकरणात् दीनार्तपरितोषणात् ।।६।।

यत् फलं लभते मर्त्यस्तस्मात् कोटिगुणं फलम्।
शिवलिङ्गप्रतिष्ठायां लभते नात्र संशयः ।।७।।
लिङ्गरूपी महादेवो यत्र तिष्ठति कालिके ।
तत्र ब्रह्मा च विष्णुश्च सेन्द्रास्तिष्ठन्ति देवताः ।।८।।
सार्धत्रिकोटितीर्थानि दृष्टादृष्टानि यानि च ।
पुण्यक्षेत्राणि सर्वाणि वर्तन्ते शिवसन्निधौ ।।९।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा–शिवलिङ्ग की स्थापना का माहात्म्य मैं तुमसे क्या कहूँ? शिवलिङ्ग के स्थापना से मनुष्य महापातक से मुक्त होकर परमपद को प्राप्त होता है। स्वर्ण से पूर्ण पृथिवी का दान करने से, दश हजार अश्वमेध यज्ञ करने से, निर्जल प्रदेश में जलाशय बनवाने, दीन एवं आर्त्त मनुष्यों को सन्तुष्ट करने से मनुष्यों को जो फल प्राप्त मिलता है, उस फल से करोड़ गुणा फल शिवलिंग की प्रतिष्ठा से प्राप्त होता है, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है। हे कालिके! लिङ्गरूपी महादेव जिस स्थान में विराजते हैं, वहाँ पर ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्र और देवगण भी निवास करते हैं। इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है। साढ़े तीन करोड़ तीर्थ तथा गुप्त एवं अप्रकाशित सभी पुण्य क्षेत्र शिव के समीप रहते हैं ।

हरि०–प्रथमतः शिवलिङ्गप्रतिष्ठायां फलं श्रीसदाशिव उवाच शिवलिङ्गस्थापनस्येत्यादिभिः ।।५-९।।

लिङ्गरूपधरं शम्भुं परितो दिग्विदिक्षु च ।
शतहस्तप्रमाणेन शिवक्षेत्रं प्रकीर्तितम् ।।१०।।
ईशक्षेत्रं महापुण्यं सर्वतीर्थोत्तमोत्तमम् ।
यत्राऽमरा विराजन्ते सर्वतीर्थानि सर्वदा ।।११।।
क्षणमात्रं शिवक्षेत्रे यो वसेद्भावतत्परः ।
स सर्वपापनिर्मुक्तो यात्यन्ते शङ्करालयम् ।।१२।।

पद्मा–लिंगरूपी शिव के चारों ओर सौ हाथ तक का क्षेत्र शिवक्षेत्र कहा गया है। यह शिवक्षेत्र अत्यन्त ही पवित्र तथा समस्त तीर्थों से श्रेष्ठ है। इस शिवक्षेत्र में सभी देवता और सभी तीर्थ सदैव ही विराजमान रहते हैं। जो मनुष्य एक क्षण भर भी शिवभावपरायण होकर शिवक्षेत्र में निवास करता है वह सभी पापों से मुक्त होकर अन्त समय में शिवलोक को चला जाता है।

हरि०–परितः सर्वतः।।१०-१२।।

अत्र यत् क्रियते कर्म स्वल्पं वा बहुलं तथा ।
प्रभावाद्धूर्जटिस्तत्तत्कोटिकोटिगुणं भवेत् ।।१३।।
यत्र तत्र कृतात् पापान्मुच्यते शिवसन्निधौ ।
शैवक्षेत्रे कृतं पापं वज्रलेपसमं प्रिये! ।।१४।।

पुरश्चर्यां जपं दानं श्राद्धं तर्पणमेव च ।
यत् करोति शिवक्षेत्रे तदनन्ताय कल्पते ।।१५।।

पद्मा–शिवक्षेत्र में कम या अधिक मात्रा में जो कर्म किया जाता है, वह शिव के प्रभाव से करोड़ों गुणा हो जाता है। हे प्रिये! मनुष्य चाहे जिस स्थान में पापकर्म करे, शिव के समीप आते ही उनसे मुक्ति मिल जाती है, किन्तु शिवक्षेत्र में किया गया पाप वज्रलेप के समान होता है, उससे मुक्ति नहीं मिलती है। पुरश्चरण, जप, दान, श्राद्ध, तर्पणादि, कर्म जो शिवक्षेत्र में किए जाते हैं उनका फल अनन्त होता है ।

हरि०–अत्र शिवक्षेत्रे। धूर्जटेः शिवस्य॥१३-१५॥

पुरश्चर्याशतं कृत्वा ग्रहे शशिदिनेशयोः।
यत् फलं तदवाप्नोति सकृज्जप्त्वा शिवान्तिके ।।१६।।
गयागङ्गाप्रयागेषु कोटिपिण्डप्रदो नरः ।
यत् प्राप्नोति तदत्रैव सकृत् पिण्डप्रदानतः ।।१७।।

पद्मा–सूर्य ग्रहण अथवा चन्द्र ग्रहण के समय सौ पुरश्चरण करने से जो फल प्राप्त होता है, शिवसान्निध्य में एक बार करने से प्राप्त हो जाता है। गया, गंगा तथा प्रयाग क्षेत्र में करोड़ों पिण्डदान करने से मुनष्य जो फल प्राप्त करता है। शिवक्षेत्र में केवल एक बार पिण्डदान करने से प्राप्त हो जाता है ।

हरि०–ग्रहे ग्रहणे ॥१६-१७॥

अतिपातकिनो ये च महापातकिनश्च ये ।
शैवतीर्थे कृतश्राद्धास्तेऽपि यान्ति परां गतिम्।।१८।।
लिङ्गरूपी जगन्नाथो वेद्यां श्रीदुर्गया सह ।
यत्रास्ति तत्र तिष्ठन्ति भुवनानि चतुर्दश ।।१९।।
स्थापितेशस्य माहात्म्यं किञ्चिदेतत् प्रकाशितम् ।
अनादिभूतभूतेशमहिमा वागगोचरः ।।२०।।
महापीठे तवाऽर्चायामस्पृश्यस्पर्शदूषणम् ।
विद्यते विद्यते नैतल्लिङ्गरूपधरे हरे ।।२१।।
यथा चक्रार्चने देवि! कोऽपि दोषो न विद्यते।
शिवक्षेत्रे महातीर्थे तथा जानीहि कालिके ।।२२।।
बहुनात्र किमुक्तेन तवाग्रे सत्यमुच्यते ।
प्रभावः शिवलिङ्गस्य मया वक्तुं न शक्यते ।।२३।।
अयुक्तवेदिकं लिङ्गं युक्तं वेदिकयाऽपि वा ।
साधकः पूजयेद्भक्त्या स्वाभीष्टफलसिद्धये ।।२४।।

पद्मा–जो मनुष्य महापातकी या अतिपातकी हैं, वे भी इस शिवक्षेत्र एक बार श्राद्ध

करने से परम् गति को प्राप्त करते हैं। लिंगस्वरूप जगन्नाथ श्रीदुर्गा जी के साथ जिस स्थान में रहते हैं, वहाँ पर चौदह भुवनों का वास होता है। स्थापित शिवलिंग का यह कुछ माहात्म्य तुमसे कहा। जो शिव के अनादि लिंग हैं उनकी महिमा वचनों से परे है। हे सुब्रते! महापीठस्थानों में तुम्हारी पूजा में स्पर्श अस्पृश्य का दोष है, किन्तु शिवलिंग स्वरूप महेश्वर में यह दोष नहीं है। हे देवि! हे कालिके! चक्र पूजन के समय जिस प्रकार कोई दोष नहीं होता, उसी प्रकार महातीर्थस्वरूप शिवक्षेत्र में स्पर्शदोष नहीं मानना चाहिए। इस सम्बन्ध में मैं अधिक क्या कहूँ, तुमसे सत्य ही कहता हूँ, शिवलिंग के पूर्ण प्रभाव को कहने में मैं समर्थ नहीं हूँ। शिवलिंग गौरीपट्ट से युक्त हो या न हो, साधक अपनी अभिलाषा की पूर्ति के लिए भक्तिपूर्वक उसकी पूजा करे ।

हरि०–कृतं श्राद्धं येषां ते कृतश्राद्धाः॥१८-२४॥

प्रतिष्ठापूर्वसायाह्ने देवतां योऽधिवासयेत् ।
सोऽश्वमेधायुतफलं लभते साधकोत्तमः ॥२५॥

पद्मा–जो साधक देवता की प्रतिष्ठा के एक दिन पहले सन्ध्याकाल में देवत अधिवास करता है, वह दश हजार अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त करता है ।

हरि०–अथाचलस्य शिवलिङ्गस्य प्रतिष्ठाया विधिमाह प्रतिष्ठापूर्वसायाह्ने दिभिः॥२५॥

मही गन्धः शिला धान्यं दूर्वा पुष्पं फलं दधि ।
घृतं स्वस्तिकसिन्दूरं शङ्खकज्जलरोचनाः ॥२६॥
सिद्धार्थं काञ्चनं शैप्यं ताम्रं दीपश्च दर्पणम् ।
अधिवासविधौ विंशद्द्रव्याण्येतानि योजयेत् ॥२७॥

पद्मा–मही, गन्ध शिला, धान्य, दूर्वा (दूब), पुष्प, फल, दधि, घी, स्वस्तिक, सिन्दूर, शंख, काजल, रोचना, सफेद सरसों, स्वर्ण (सोना), चाँदी, ताँबा, दीप, दर्पण– ये बीस प्रकार के द्रव्य अधिवास में लगाए ।

हरि०–ननु केन केन वस्तुना देवतामधिवासयेदित्याकाङ्क्षायामाह महीत्यादि सिद्धार्थः धवलसर्षपः॥२६-२७॥

प्रत्येकं द्रव्यमादाय मायया ब्रह्मविद्यया ।
अनेनाऽमुष्यपदतः शुभमस्त्वधिवासनम् ॥२८॥
इति स्पृशेत् साध्यभालं मह्याद्यैः सर्ववस्तुभिः ।
ततः प्रशस्तिपात्रेण त्रिधैवमधिवासयेत् ॥२९॥
अनेना विधिना देवमधिवास्य विधानवित् ।
गृहदानविधानेन दुग्धाद्यैः स्नापयेत्ततः ॥३०॥

सम्मार्ज्य वासया लिङ्ग स्थापयित्वाऽऽसनोपरि।
पूजानुष्ठानविधिना गणेशादीन् समर्चयेत्॥३१॥
प्रणवेन करन्यासौ प्राणायामं विधाय च।
ध्यायेत् सदाशिवं शान्तं चन्द्रकोटिसमप्रभम्॥३२॥

पद्मा–इनमें से प्रत्येक द्रव्य को लेकर माया (ह्रीं) और ब्रह्मविद्या (गायत्री) का पाठ करते हुए कहे कि इस द्रव्य के द्वारा इस देवता का शुभ अधिवासन हो। **ह्रीं गायत्री अनेन द्रव्येणामुष्य दैवतस्य शुभमधिवासनमस्तु** यह मंत्र पढ़कर मही आदि प्रत्येक द्रव्य से देवता के ललाट को स्पर्श करे। तत्पश्चात् प्रशस्तिपात्र से तीन बार अधिवास करे। इस विधि के द्वारा देवता का अधिवास कर गृहप्रतिष्ठा में कही विधि के अनुसार दुग्धादि के द्वारा देवता को स्नान कराए। स्नान कराने के पश्चात् वस्त्र से शिवलिंग को पोंछकर आसन पर स्थापित करे और पूजा-अनुष्ठान की विधि के अनुसार गणेशादि देवताओं का पूजन करे। प्रणव (ॐ) से कराङ्गन्यास और प्राणायाम करके करोड़ों चन्द्रमा के समान तेजवाले शान्तस्वरूप सदाशिव का ध्यान करे।

हरि०–ननु केन विधिना देवतामधिवासयेदित्याकाङ्क्षायामाह प्रत्येकमित्यादि। प्रत्येकमह्यादिद्रव्यमादाय गृहीत्वा मायया ह्रीं बीजेन विशिष्टया ब्रह्मविद्यया गायत्र्या संयुक्तेन अनेन द्रव्येण अमुष्य दैवतस्य शुभम्अधिवासनमस्तु इति मन्त्रेण मह्याद्यै: सर्ववस्तुभि: साध्यस्य देवस्य भालं स्पृशेत्। तत: परं प्रशस्तिपात्रेण त्रिधा त्रिवारमेवं विधिना देवमधिवासयेत्॥२८-३२॥

व्याघ्रचर्मपरीधानं नागयज्ञोपवीतिनम्।
विभूतिलिप्तसर्वाङ्गं नागालङ्कारभूषितम्॥३३॥
धूम्रपीतारुणश्वेतरक्तै: पञ्चभिराननै:।
युक्तं त्रिनयनं विभ्रज्जटाजूटधरं विभुम्॥३४॥
गङ्गाधरं दशभुजं शशिशोभितमस्तकम्।
कपालं पावकं पाशं पिनाकं परशुं करै:॥३५॥

पद्मा–भगवान् शिव व्याघ्र का चर्म पहने हुए हैं। उनके शरीर में नाग का यज्ञोपवीत शोभित हो रहा है। उनके सभी अंग विभूति से लिप्त हैं। वे नागों के आभूषणों से सुशोभित हैं। वे धूम्र, पीत, अरुण, श्वेत तथा रक्तवर्ण वाले इन पाँचमुखों से युक्त, तीन नेत्र वाले, जटाजूट वाले, विभु (प्रभु), गंगाधर, दशभुजाओं वाले, चन्द्रकला से सुशोभित मस्तक वाले, बाएं हाथ में कपाल, पावक (अग्नि), पाश, पिनाक तथा परशुधारण करने वाले हैं।

हरि०–**विभ्रत विभ्रतम्।** 'सुपां सुलुक्' इत्यमो लुक्॥३३-३५॥

वामैर्दधानं दक्षैश्च शूलं वज्राङ्कुशं शरम् ।
वरञ्च विभ्रतं सर्वैर्देवैर्मुनिवरैः स्तुतम् ।।३६।।

पद्मा–वे अपने दाहिने हाथ में शूल, वज्र, अंकुश, वाण और वार धारण करते हैं। वे सभी देवगणों एवं श्रेष्ठ मुनियों के द्वारा स्तुति किए जाते हैं ।

हरि०–विभ्रतं दधतम्।।३६।।

परमानन्दसन्दोहोल्लसत्कुटिललोचनम् ।
हिमकुन्देन्दुसङ्काशं वृषासनविराजितम् ।।३७।।
परितः सिद्धगन्धर्वैरप्सरोभिरहर्निशम् ।
गीयमानमुमाकान्तमेकान्तशरणप्रियम् ।।३८।।
इति ध्यात्वा महेशानं मानसैरुपचारकैः ।
संपूज्याऽऽवाह्यतल्लिङ्गे यजेच्छक्त्या विधानतः ।।३९।।
आसनाद्युपचाराणां दाने मन्त्रा पुरोदिताः ।
मूलमत्र मनुं वक्ष्ये महेशस्य महात्मनः ।।४०।।

पद्मा–परमानन्द के समूह से हर्षित उनके दोनों नेत्र हैं। उनकी कांति, हिम कुन्दपुष्प तथा चन्द्रमा के सदृश श्वेतवर्ण वाले बैल के ऊपर आसीन हैं। उनके चारों ओर सिद्धों गन्धर्वों और अप्सराओं के समूह दिन रात स्तुति करते हैं। उमा के पंति, एकमात्र शरण में आए भक्तों के प्रिय सदाशिव का मैं ध्यान करता हूँ। इस प्रकार भगवान् शिव का ध्यान कर मानसिक उपचारों के द्वारा पूजन कर शिवलिंग पर उनका आवाहन कर यथाशक्ति उनका पूजन करे। आसनादि उपचार प्रदान करने के मन्त्र मैं पीछे कह आया हूँ। अब महात्मा महेश्वर का मूलमन्त्र कहता हूँ ।

हरि०–परमानन्दसन्दोहोल्लसत्कुटिललोचनम् परमानन्दसन्दोहेनोल्लसन्ति कुटिलानि च लोचनानि यस्य तथाभूतम्। सन्दोहः समूहः।।३७-४०।।

माया तारः शब्दबीजं सन्ध्यर्णान्ताक्षरान्वितम् ।
अर्धेन्दुबिन्दुभूषाढ्यं शिवबीजं प्रकीर्तितम् ।।४१।।
सुगन्धिपुष्पमाल्येन वाससाऽऽच्छाद्य शङ्करम् ।
निवेश्य दिव्यशय्यायां देवीमेवं विशोधयेत् ।।४२।।

पद्मा–माया (ह्रीं), तार (ॐ) शब्दबीज (ह), औ तथा चन्द्रबिन्दु अर्थात् ह्रीं ॐ हौं यह शिवबीज कहा गया है। तत्पश्चात् सुगन्धित पुष्प माला से तथा वस्त्र से शिव को ढककर दिव्यशय्या पर स्थापित कर गौरीपट्ट का भी इसी प्रकार शोधन करे ।

हरि०–महेशस्य मूलमन्त्रमेवाह मायेत्यादिना। पूर्वं माया ह्रीं बीजमुच्येत ततस्तारः प्रणवो वाच्यः। ततः सन्ध्यर्णान्ताक्षरान्वितां सन्ध्यक्षरान्ताक्षरसंयुक्तम्। अर्धेन्दुबिन्दुभूषाढ्यञ्च शब्दबीजं हकाररूपमक्षरं वाच्यम्। सकलपदयोजनया ह्रीं ओं हौं इति शिवबीजं प्रकीर्तितम् ।।४१-४२।।

वेद्यां प्रपूजयेद्देवीमेवमेव विधानतः ।
माययाऽत्र करन्यासौ प्राणायामं समाचरेत् ।।४३।।

पद्मा–इस गौरीपट्ट के ऊपर देवी की इस विधि से पूजा करें - सर्वप्रथम ह्रीँ बीज से करन्यास तथा प्राणायाम करे ।

हरि०–मायया ह्रीँ बीजेन ॥४३॥

उद्यद्भानुसहस्रकान्तिममलां वह्न्यर्कचन्द्रेक्षणाम्
मुक्तायन्त्रितहेमकुण्डललसत्स्मेराननाम्भोरुहाम्।
हस्ताब्जैरभयं वरञ्च दधतीं चक्रं तथाब्जं दधत्
पीनोत्तुङ्गपयोधरां भयहरां पीताम्बरां चिन्तये ।।४४।।
इति ध्यात्वा महादेवीं पूजयेन्निजशक्तितः ।
ततस्तु दश दिक्पालान् वृषभञ्च समर्चयेत् ।।४५।।
भगवत्या मनुं वक्ष्ये येनाऽऽराध्या जगन्मयी ।।४६।।

पद्मा–देवी का ध्यान इस प्रकार करे - जिनकी कान्ति उदय होते हुए हजारों सूर्य के समान है, जो निर्मला हैं, अग्नि, सूर्य एवं चन्द्र जिनके तीन नेत्र हैं । जिनका मुखकमल मुस्कानयुक्त है और मोतियों से जड़ित स्वर्ण के कुण्डलों से शोभायमान है। जो अपने चार हाथों में चक्र, कमल, वर तथा अभयमुद्रा धारण किए हुए हैं। जिनके दोनों स्तन मांसल एवं अत्यन्त ऊँचे हैं, जो पीतवस्त्र धारण करती हैं ऐसी भगवती का मैं ध्यान करता हूँ। इस प्रकार ध्यान कर अपनी शक्ति के अनुसार भगवती का पूजन कर दशदिक्पालों एवं वृषभ का पूजन करे। जिस मन्त्र के द्वारा भगवती की आराधना करनी चाहिए, उसे कहता हूँ ।

हरि०–अथ महादेव्या ध्यानमेवाहैकेन उद्यद्भान्वित्यादिना। महादेवीमहं चिन्तये। कथम्भूतां महादेवीम् उद्यद्भानुसहस्रकान्तिम् उद्यतां भानूनां सूर्याणां सहस्रस्येव कान्तिदीप्तिर्यस्याः तथाभूताम्। पुनः कीदृशीम् अमलां निर्मलाम्। पुनः कीदृशीम् वह्न्यर्कचन्द्रेक्षणाम् वह्न्यर्कचन्द्राः ईक्षणानि लोचनानि यस्यास्तथाभूताम्। पुनः कीदृशीम् मुक्तायन्त्रितहेमकुण्डललसत्स्मेराननाम्भोरुहाम् मुक्ताभिर्यन्त्रिताभ्यां सम्बद्धाभ्यां हेमकुण्डलाभ्यां लसद्दीप्यमान स्मेरमीषद्धसनशीलम् आननाम्भोरुहं मुखपद्मं यस्याः तथाभूताम्। पुनः कीदृशीम् हस्ताब्जे पाणि कमलैः अभयं वरं चक्रं तथा सुगन्धादिकं दधदब्जं कमलं च दधतीम्। पुनः कीदृशीम् पीनोतुङ्गपयोधराम् पीनौ महान्तावुत्तुङ्गावुन्नतौ पयोधरौ स्तनौ यस्यास्तथाभूताम्। पुनः कीदृशीम् भयहराम् भयन्त्रीम्। पुनः कीदृशीम् पीताम्बराम् पीताम्बरं वस्त्रं यस्यास्तथाभूताम्॥४४-४६॥

मायां लक्ष्मीं समुच्चार्य थान्तं षष्ठस्वरान्वितम् ।
बिन्दुयुक्तं तदन्ते च योजयेद्वह्निवल्लभाम् ।।४७।।

पद्मा–माया (ह्रीँ) लक्ष्मी (श्रीँ) का उच्चारण कर थान्त अर्थात् द में षष्ठ स्वर ऊ को बिन्दुयुक्त (दूँ) करके अन्त में स्वाहा का उच्चारण करे। इस प्रकार यह मन्त्र होगा - **ह्रीँ श्रीँ दूँ स्वाहा**॥४७॥

हरि०–भगवत्या मन्त्रमेवाह मायामित्यादिना। मायां ह्रीँ बीजं लक्ष्मीं श्रीँ बीज च समुच्चार्य ततः षष्ठस्वरान्वितं बिन्दुयुक्तं च थान्तं वर्णं समुच्चार्य तदन्ते वह्निवल्लभां योजयेत्। सकलपदयोजनया ह्रीँ श्रीँ दूँ स्वाहेति मन्त्रो जातः। थान्तमित्यत्र सान्तमिति वाक्कचित्।।४७।।

पूर्ववत् स्थापयन् देवीं सर्वदेवबलिं हरेत् ।
दधियुक्तमाषभक्तं शर्करादिसमन्वितम् ।।४८।।

पद्मा–पहले की भाँति देवी को स्थापित कर सभी देवों को बलि प्रदान करे। शर्करामिश्रित दधियुक्त माषभक्त की बलि देवताओं को दे ।

हरि०–पूर्ववदित्यादि। ततः पूर्ववत् शिवलिङ्गवत् सुगन्धिपुष्पमाल्येन वाससा चाऽऽच्छाद्य दिव्यशय्यां देवीं स्थापयन् सन् दधियुक्तं शर्करादिसमन्वितं च माषभक्तं सर्वदेवबलिं हरेद्दद्यात्।।४८।।

ऐशान्यां बलिमादाय वारुणेन विशोधयेत् ।
संपूज्य गन्धपुष्पाभ्यां मन्त्रेणानेन चार्पयेत् ।।४९।।

पद्मा–यह बलि (पूजन सामग्री) ईशानकोण में रखे तथा वारुणबीज "वं" से शुद्ध करे। तदुपरान्त गन्धपुष्प से उसकी पूजा कर कहे गए मन्त्र से उत्सर्ग करे ।।४९।।

हरि०–ननु केन विधिना सर्वदेवबलिं दद्यादित्याकाङ्क्षायामाह ऐशान्यामित्यादि। वारुणेन वमिति मन्त्रेण।।४९।।

सर्वे देवाः सिद्धगणा गन्धर्वोरगराक्षसाः ।
पिशाचा मातरो यक्षा भूताश्च पितरस्तथा ।।५०।।
ऋषयो येऽन्यदेवाश्च बलिं गृह्णन्तु संयताः ।
परिवार्य महादेवं तिष्ठन्तु गिरिजामपि ।।५१।।

पद्मा–सभी देवगण, सिद्धगण, गन्धर्व, नाग, राक्षस, पिशाच, मातृगण, यक्ष, भूत, पितृगण, ऋषि एवं अन्य देवगण सावधान (संयत) होकर बलि को ग्रहण करें तथा– ये सभी महादेव और महादेवी पार्वती के चारों ओर रहें।।५०।।५१।।

हरि०–सर्वदेवबलिसमर्पणमन्त्रमेवा सर्वे देवाः सिद्धगणा इत्यादिकम् ।।५०-५१।।

ततो जपेन्महादेव्या मन्त्रमेनं यथेप्सितम् ।
गीतवाद्यादिभिः सद्भिर्विदध्यान्मङ्गलक्रियाम् ।।५२।।

पद्मा–तदुपरान्त महादेवी के **ह्री श्रीं दूँ स्वाहा** मन्त्र का यथाशक्ति जप करे। इसके पश्चात् गीत वाद्यादि के द्वारा माङ्गलिक क्रिया करे ।

हरि०–एनं ह्रीं श्रीं दूँ स्वाहेतीमम्।।५२।।

अधिवासं विधायेत्थं परेऽह्नि विहितक्रियः ।
संकल्पं विधिवत् कृत्वा पञ्चदेवान् प्रपूजयेत् ।।५३।।

मातृपूजां वसोर्धारां वृद्धिश्राद्धं समाचरन् ।
महेशद्वारपालांश्च यजेत् भक्त्या समाहितः ।।५४।।

पद्मा–इस प्रकार अधिवास करके दूसरे दिन नित्यक्रिया कर विधिवत् संकल्प करके पञ्चदेवों की पूजा करे। फिर मातृकापूजन, वसोर्धा तथा वृद्धिश्राद्ध कर भक्तिपूर्वक पूजा कर भगवान् शिव के नन्दी आदि द्वारपालों की पूजा करे ।

हरि०–पञ्चदेवान् ब्रह्मादीन् ।।५३-५४।।

नन्दी महाबलः कीशवदनो गणनायकः ।
द्वारपालाः शिवस्यैते सर्वे शस्त्रास्त्रपाणयः ।।५५।।
ततो लिङ्गं समानीय वेदीरूपां च तारिणीम् ।
मण्डले सर्वतोभद्रे स्थापयेद्वा शुभासने ।।५६।।

पद्मा–नन्दी, महाबल, कीशवदन, गणनायक–ये भगवान् शिव के द्वारपाल हैं। इन सभी के हाथ में अस्त्र-शस्त्र हैं। इसके उपरान्त वेदीरूपा तारिणी तथा शिवलिंग को लाकर सर्वतोभद्र मण्डल में अथवा उत्तम आसन पर स्थापित करे ।

हरि०–सम्पूज्यान्महेशद्वारपालानाह नन्दीत्यादिनैकेन ।।५५-५६।।

अष्टभिः कलशैः शम्भुं मनुना त्र्यम्बकेन च ।
स्नापयित्वाऽर्चयेत् भक्त्या षोडशैरुपचारकैः ।।५७।।

पद्मा–तदुपरान्त **ह्रीं ॐ ह्रौं त्र्यम्बकं यजामहे** मन्त्र का पाठ करते हुए आठ कलश के जल से भगवान् शिव को स्नान कराकर भक्तिपूर्वक षोडशोपचार से पूजन करे।।५७।।

हरि०–मनुना ह्रीं ओं ह्रौं इति मन्त्रेण। त्र्यम्बकेन् त्र्यम्बकं यजामहे इत्यादिना मन्त्रेण।।५७।।

वेदीं च मूलमन्त्रेण तद्वत् संस्थाप्य पूजयन् ।
कृताञ्जलिपुटः साधुः प्रार्थयेत् शङ्करं शिवम्।।५८।।

पद्मा–फिर ह्री श्रीं हूँ स्वाहा मन्त्र से वेदी को स्थापना कर उस पर लिंग को स्थापित कर पूजन करे और साधु पुरुष भगवान् शिव की प्रार्थना करे ।

हरि०–मूलमन्त्रेण ह्रीं श्रीं दूँ स्वाहेति मन्त्रेण। वेदीमित्यत्र देवीमितिवा क्वचित्।।५८।।

आगच्छ भगवन् शम्भो! सर्वदेवनमस्कृत ।
पिनाकपाणे! सर्वेश! महादेव! नमोऽस्तुते ।।५९।।
आगच्छ मन्दिरे देव! भक्तानुग्रहकारक ।
भगवत्या सहागच्छ कृपां कुरु नमो नमः ।।६०।।
मातर्देवि! महामाये! सर्वकल्याणकारिणि ।
प्रसीद शम्भुना सार्धं नमस्तेऽस्तु हरप्रिये ।।६१।।

आयाहि वरदे! देवि! भवनेऽस्मिन् वरप्रदे ।
प्रीता भव महेशानि! सर्वसम्पत्करी भव ।।६२।।
उत्तिष्ठ देवदेवेशि स्वैः स्वैः परिकरैः सह ।
सुखं निवसतां गेहे प्रीयेतां भक्तवत्सलैः ।।६३।।
इति प्रार्थ्य शिवं देवीं मंगलध्वनिपूर्वकम् ।
प्रदक्षिणं त्रिधा वेश्म कारयित्वा प्रवेशयेत ।।६४।।

पद्मा–हे भगवन्! हे शम्भो! हे सभी देवों से नमस्कृत! हे पिनाकपाणे! हे सर्वेश! हे महादेव! आओ, तुम्हें नमस्कार है। हे देव! तुम मन्दिर में आओ। हे भक्तों पर कृपा करने वाले भगवती के साथ इस मन्दिर में आओ। तुम्हे बारम्बार नमस्कार है। हे महामाये! हे सर्वकल्याणकारिणि! हे हरप्रिये! हे माते! हे देवि! भगवान् शिव के साथ तुम प्रसन्न होओ। तुमको नमस्कार है। हे महेशानि! तुम सभी प्रकार की सम्पत्ति देने वाली होओ। हे दे[illegible] हे देवेशि! अपने-अपने परिवार के साथ उठो। तुम दोनों भक्तवत्सल इस गृह में सु[illegible] निवास करो तथा प्रसन्न होओ। इस प्रकार शिव शिवा की प्रार्थना कर मंगलध्[illegible] हुए तीन बार गृह की प्रदक्षिणा कर उन्हें घर के भीतर प्रवेश कराए ।

हरि०–ननु शङ्करं शिवाञ्च प्रति किं प्रार्थयेदित्यपेक्षायामाह आगच्छ भग[illegible] इत्यादि ।।५९-६४।।

पाषाणखनिते गर्ते इष्टकारचित्तेऽपि वा ।
अधस्त्रिभागलिङ्गस्य रोपयेन्मूलमुच्चरन् ।।६५।।
यावच्चन्द्रश्च सूर्यश्च यावत् पृथ्वी च सागराः ।
तावदत्र महादेव स्थिरो भव नमोऽस्तु ते ।।६६।।

पद्मा–इसके पश्चात् मूलमन्त्र का जप करते हुए कहे गए मन्त्र से पाषाणखनित गर्त्त में या ईंट से बने गर्त्त के मध्य में लिंग के नीचे का तीन भाग रोपित करे। जब तक चन्द्र और सूर्य हैं, जब तक पृथ्वी और सागर है तब तक हे महादेव! तुम इस स्थान में रहो, तुम्हें नमस्कार है ।

हरि०–**पाषाणेत्यादि**। ततो मूलं मन्त्रमुच्चरन् साधकः पाषाणे स्वनिते इष्टकार-चितेऽपि वा गर्ते लिङ्गस्याऽधस्त्रिभागमधो रोपयेत् ।।६५-६६।।

मन्त्रेणानेन सुदृढं कारयित्वा सदाशिवम् ।
उत्तराग्रां तत्र वेदीं मूलेनैव प्रवेशयेत् ।।६७।।
स्थिरा भव जगद्धात्रि सृष्टिस्थित्यन्तकारिणि।
यावद्दिवानिशानाथौ तावदत्र स्थिरा भव ।।६८।।

पद्मा–इस मन्त्र द्वारा सदाशिव को दृढ़ता से स्थापित कर मूलमन्त्र को जपते हुए

उत्तरमुख किया हुआ गौरीपट्ट को उनके ऊपर से प्रवेश कराए और यह मन्त्र पढ़े कि **''हे सृष्टिस्थितिसंहारकारिणि! हे जगद्धात्री! स्थिर हो। जब तक सूर्य और चन्द्र हैं, तब तक इस स्थान में स्थिर होकर रहो।**

हरि०–मन्त्रेणेत्यादि। अनेन यावच्चन्द्रश्च सूर्यश्चेत्यादिना मन्त्रेण सदाशिवं सुदृढं कारयित्वा मूलेनैव मन्त्रेण तत्र सदाशिवे वेदीं प्रवेशयेत् ॥६७-६८॥

अनेन सुदृढ़ीकृत्य लिङ्गं स्पृष्ट्वा पठेदिमम् ॥६९॥

पद्मा–इस प्रकार यन्त्र को सुदृढ़ कर शिवलिङ्ग को स्पर्श कर आगे कहे गए मन्त्रों का पाठ करे॥६९॥

हरि०–सुदृढ़ीकृत्य वेदीमिति शेषः॥६९॥

व्याघ्रा भूताः पिशाचाश्च गन्धर्वाः सिद्धचारणाः।
यक्षा नागाश्च वेतालाः लोकपाला महर्षयः ॥७०॥
मातरो गणनाथाश्च विष्णुर्ब्रह्मा बृहस्पतिः।
यस्य सिंहासने युक्ता भूचराः खेचरास्तथा ॥७१॥
आवाहयामि तं देवं त्र्यक्षमीशानमव्ययम्।
आगच्छ भगवन्नत्र ब्रह्मनिर्मितयन्त्रके ॥७२॥
ध्रुवाय भव सर्वेषां शुभाय च सुखाय च।
ततो देवप्रतिष्ठोक्तविधिना स्नापयन् शिवम् ॥७३॥
प्राग्वद्ध्यात्वा मानसोपचारैः सम्पूजयेत् प्रिये।
विशेषमर्घ्यं संस्थाप्य समर्च्य गणदेवताः।
पुनर्ध्यात्वा महेशानं पुष्पं लिङ्गोपरि न्यसेत् ॥७४॥

पद्मा–व्याघ्र, भूत, पिशाच, गन्धर्व, सिद्ध, चारण, यक्ष, नाग, वेताल, लोकपाल, महर्षिगण, मातृकागण, गणपतिगण, विष्णु, ब्रह्मा, बृहस्पति, भूचर तथा खेचर जिनके सिंहासन से युक्त हैं, उन अव्यय, तीन नेत्रवाले ईशान का मैं आवाहन करता हूँ। हे भगवन! इस ब्रह्मनिर्मित यन्त्र में रहिए। तुम सभी को स्थिर रखो और सभी प्राणियों के लिए सुखी एवं कल्याणकारी हो। इसके उपरान्त देवता की प्रतिष्ठा में कही गयी विधि के अनुसार भगवान् शिव को स्नान कराए। हे प्रिये! पहले की भाँति ध्यान करके मानसिक उपचारों से पूजन करे। तदुपरान्त विशेषार्घ्य स्थापित करके गणदेवताओं का पूजन करे और पुनः ध्यान लिंग पर पुष्प चढ़ाए।

हरि०–इमं कं पठेदित्याकाङ्क्षायामाह व्याघ्रभूता इत्यादीत्यादि॥७०-७४॥

पाशाङ्कुशपुटा शक्तिर्यादिसान्ताः सबिन्दुकाः।
हौँ हंस इति मन्त्रेण तत्र प्राणान् निवेशयेत्।

चन्दनागुरुकाश्मीरैर्विलिप्य गिरिजापतिम् ।।७५।।
यजेत् प्रागुक्तविधिना षोडशैरुपचारकैः ।
जातनामादिसंस्कारान् कृत्वा पूर्वविधानवत ।।७६।।

पद्मा–पाश (आं) और अंकुश (क्रों) से पुटित माया (ह्रीं) का उच्चारण कर 'य' से लेकर 'स' तक के सात अक्षरों को अनुस्वारयुक्त कर उनका उच्चारण कर अन्त में 'हौं हंसः' मन्त्र का उचारण कर उस लिंग में प्राण-प्रतिष्ठा करे। तत्पश्चात् चन्दन, अगर और केशर से शिव के अंग का पूजन कर पहले कही गई विधि से षोडशोपचारों से पूजन करे और पहले कही गयी विधि के अनुसार जातकर्म, नामकरण आदि संस्कार करे ।

विशेष–आँ ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हौं हं सः।।

हरि०–**पाशेत्यादि**। पाशाङ्कुशपुटा पाशाङ्कुशाभ्याम् आँ क्रों बीजाभ्यां पुट आद्यन्तयोः संयोगो यस्यास्तथाभूता शक्तिः ह्रीं बीजं पूर्वमुच्येत्। ततः सबिन्दुकाः सानुस्वारा यादिसान्ता वर्णा वक्तव्याः। ततो हौँ हंसः इत्युच्येत्। योजनया आँ ह्रीं क्रों यँ रँ, लँ, वँ, शँ, षँ, सँ, हौँ हंस इति मन्त्रो जातः। इत्यनेन मन्त्रेण प्रागुक्तविधानेन तत्र लिङ्गे प्राणान्निवेशयेत् ।।७५-७६।।

समाप्य सर्वं विधिवत् वेद्यां देवीं महेश्वरीम् ।
अभ्यर्च्य तत्र देवस्य मूर्तीरष्टौ प्रपूजयेत् ।।७७।।

पद्मा–समस्त कर्मों को विधानपूर्वक कर्म करे। तत्पश्चात् वेदी में महेश्वरी का पूजन करके उसमें देवदेव की अष्टमूर्ति की पूजा करे।

हरि०–तत्र वेद्यामेव ।।७७।।

शर्वः क्षितिः समुदिष्टा भवो जलमुदाहृता ।
रुद्रोऽग्निरुग्रो वायुः स्याद् भीम आकाशशब्दितः ।।७८।।
पशोः पतिर्यजमानो महादेवः सुधाकरः ।
ईशानः सूर्य इत्येते मूर्तयोऽष्टौप्रकीर्तिताः ।।७९।।

पद्मा–शर्वाय क्षितिमूर्तये नमः, भवाय जलमूर्तये नमः, रुद्राय अग्निमूर्तये नमः, उग्राय वायुमूर्तये नमः, भीमाय आकाशमूर्तये नमः, पशुपतये यजमानमूर्तये नमः, महादेवाय सोममूर्तये नमः, ईशानाय सूर्यमूर्तये नमः–यही अष्टमूर्तियां कही गयी हैं ।

हरि०–महादेवस्य प्रपूज्या अष्टौ मूर्तीराह शर्वः क्षितिरित्यादिभ्यां द्वाभ्याम् ।।७८-७९।।

प्रणवादिनमोऽन्तेन प्रत्येकाह्वानपूर्वकम् ।
पूर्वादीशानपर्यन्तमष्टमूर्तीः क्रमाद्यजेत् ।।८०।।

पद्मा–सर्वप्रथम आदि में 'प्रणव' तथा अन्त में 'नमः' लगाकर प्रत्येक मूर्ति का आवाहन कर पूर्व से ईशान कोण तक क्रमशः आठ मूर्तियों की पूजा करे ।

हरि०–ननु केन विधिना महादेवस्याष्टौ मूर्तिः प्रपूजयेदित्यपेक्षायामाह प्रणवादीत्यादि।

प्रणवादिनमोऽन्तेन नाममन्त्रेण। पूर्वात् पूर्वमारभ्य। यथा शर्व क्षितिमूर्ते इहागच्छ इह तिष्ठ इह सन्निधेहि मम पूजां गृहाणेत्याहूय ओँ शर्वाय क्षितिमूर्तयै नमः इति मन्त्रेण वेद्यां पूर्वदेशे गन्धपुष्पादिभिः शर्वं क्षितिमूर्तिं यजेत्। एवमेवाऽऽग्नेयादिषु क्रमतोऽन्या अपि सप्तमूर्तीं यजेत्॥८०॥

विशेष–अष्टमूर्तियों का आवाहन एवं पूजन इस प्रकार है–**हे शर्व हे क्षितिमूर्ते! इहागच्छ इहागच्छ इह तिष्ठ इह तिष्ठ इह सन्निधेहि इह सन्निधेहि इह सम्मुखो भव इह सम्मुखो भव इहं सन्निद्धो भव इह सन्निद्धो भव मय पूजां गृहाण'** ऐसे मन्त्र से आवाहन करके पूर्वदिशा में इस मंत्र से पूजन करे ॐ शर्वाय क्षितिमूर्तये नमः आठ दिशा में अष्टमूर्ति की पूजा में भी नाम परिवर्तित कर इस प्रकार आवाहन और पूजन करे॥८०॥

इन्द्रादिदिक्पतीनिष्ट्वा ब्राह्मचाद्याश्चाष्टऽष्टमातृकाः।
वृषं वितानं गेहादि दद्यादीशाय साधकः ।।८१।।
ततः कृताञ्जलिर्भक्त्या प्रार्थयेत् पार्वतीपतिम् ।।८२।।

पद्मा–साधक इन्द्रादि सभी दिक्पालों और ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं की पूजा करके वृष, वितान, गृहादि सभी शिव को प्रदान करे। तत्पश्चात् हाथ जोड़कर भक्तिपूर्वक पार्वतीपति शिव जी से प्रार्थना करे ।

हरि०–इष्ट्वा पूजयित्वा ॥८१-८२॥

गृहेऽस्मिन् करुणासिन्धो स्थापितोऽसि मया प्रभो!।
प्रसीद भगवन् शम्भो सर्वकारणकारण ।।८३।।
यावत् ससागरा पृथ्वी यावत् शशिदिवाकरौ ।
तावदस्मिन् गृहे तिष्ठ नमस्ते परमेश्वर ।।८४।।
गृहेऽस्मिन् यस्य कस्यापि जीवस्य मरणं भवेत्।
न तत्पापैः प्रलिप्येऽहं प्रसादात्तव धूर्जटे ।।८५।।
ततः प्रदक्षिणीकृत्य नमस्कृत्य गृहं व्रजेत् ।
प्रभाते पुनरागत्य स्नापयेच्चन्द्रशेखरम् ।।८६।।

पद्मा–हे करुणा के सागर! मैंने तुम्हे इस गृह में स्थापित किया है। हे प्रभो! तुम सभी कारणों के कारण हो। हे भगवन्! हे शम्भो! प्रसन्न होइए। हे परमेश्वर! जब तक सागर के सहित पृथ्वी रहेगी, जब तक चन्द्र, सूर्य रहेंगे तब तक आप इस घर में रहिए। तुमको नमस्कार है। हे धूर्जटे! इस गृह में जिस किसी भी प्राणी की अकालमृत्यु हो, तुम्हारी कृपा से मैं उसके पाप में लिप्त न होऊँ। इसके उपरान्त प्रदक्षिणा करके घर को जाए तथा दूसरे दिन प्रातःकाल उस स्थान में आकर भगवान् शिव को स्नान कराए ।

हरि०–ननु पार्वतीपतिं किं प्रार्थयेदित्याकाङ्क्षायामाह गृहेऽस्मिन् करुणासिन्धो इत्यादि ॥८३-८६॥

शुद्धैः पञ्चामृतैः स्नानं प्रथमं प्रतिपादयेत् ।
ततः सुगन्धितोयानां कलशैः शतसंख्यकैः ।।८७।।

पद्मा–सर्वप्रथम शुद्ध पञ्चामृत से स्नान कराए। इसके पश्चात् सुगन्धित जल से भरे एक सौ कलशों के द्वारा स्नान कराए ।

हरि०–ननु केन द्रव्येण शिवं स्नापयेदित्यपेक्षायामाह शुद्धैरित्यादि।।८७।।

संपूज्य तं यथाशक्त्या प्रार्थयेत् भक्तिभावतः।।८८।।

पद्मा–अपनी क्षमता के अनुसार पूजन करने के उपरान्त भक्तिभाव से प्रार्थना करे।

हरि०–तम् शिवम्।।८८।।

विधिहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं यदर्चितम् ।
सम्पूर्णमस्तु तत् सर्वं त्वत्प्रसादादुमापते ।।८९।।
यावच्चन्द्रश्च सूर्यश्च यावत् पृथ्वी च सागराः ।
तावन्मे कीर्तिरतुला लोके तिष्ठतु सर्वदा ।।९०।।
नमस्त्र्यक्षाय रुद्राय पिनाकवरधारिणे ।
विष्णुब्रह्मेन्द्रसूर्याद्यैरर्चिताय नमो नमः ।।९१।।
ततस्तु दक्षिणां दत्त्वा भोजयेत् कौलिकान् द्विजान् ।
भक्ष्यैः पेयैश्च वासोभिर्दरिद्रान् परितोषयेत् ।।९२।।
प्रत्यहं पूजयेद्देवं यथाविभवमात्मनः ।
स्थावरं शिवलिङ्गं तु न कदापि विचालयेत् ।।९३।।
अचलस्येशलिङ्गस्य प्रतिष्ठां कथितेति ते ।
सङ्क्षेपात् परमेशानि! सर्वागमसमुद्धृता ।।९४।।

पद्मा–"हे उमापते! इस पूजन में जो कुछ भी विधिहीन, क्रियाहीन तथा भक्तिहीन हुआ हो आपकी कृपा से सब पूर्ण हो। जब तक पृथ्वी तथा सागर, सूर्य और चन्द्र रहे तब तक इस लोक (संसार, पृथ्वी) में अतुल कीर्ति बनी रहे। श्रेष्ठ पिनाकधारी तीन नेत्र वाले रुद्र को नमस्कार है। ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्र, सूर्य आदि देवताओं के द्वारा पूजित भगवान् शिव को नमस्कार है।"

इसके पश्चात् दक्षिणा प्रदान कर कौलिकों एवं ब्राह्मणों को भोजन कराये । दरिद्रों को भक्ष्य पदार्थों, पेय द्रव्यों तथा वस्त्रों से सन्तुष्ट करे। प्रतिदिन अपनी सामर्थ्य के अनुसार भगवान् शिव की पूजा करे किन्तु स्थापित शिवलिंग को कभी भी अपने स्थान से न हटाए। हे परमेशानि! मैंने सभी आगमों से उद्धृत कर संक्षेप में अचल शिवलिंग के स्थापना की विधि तुमसे कही है।।८९-९४।।

हरि०–ननु शिवं किं प्रार्थयेदित्याकाङ्क्षायामाह विधिहीनमित्यादि।।८९-९४।।

श्रीदेव्युवाच

यद्यकस्माद्देवतानां पूजाबाधो भवेद्विभो ।
विधेयं तत्र किं भक्तैस्तन्मेकथय तत्त्वतः ।।९५।।
अपूजनीया कैर्दोषैर्भवेयुर्देवमूर्तयः ।
त्याज्या वा केन दोषेण तदुपायश्च भण्यताम् ।।९६।।

पद्मा–श्री देवी ने कहा - हे विभो! यदि अकस्मात् किसी दिन देवता का पूजन न हो सके तो भक्तों को क्या करना चाहिए, आप इसे कहिए। किस दोष के कारण देवमूर्ति अपूज्य और त्याज्य हो जाती है, इसे भी मुझसे कहिए ।

हरि०–**श्रीदेव्युवाच यदीत्यादि।** तत्र पूजाबाधे सति ॥९५-९६॥

श्रीसदाशिव उवाच

एकाहमर्चनाबाधे द्विगुणं देवमर्चयेत् ।
दिनद्वये तद्द्विगुणं तद्द्वैगुण्यं दिनत्रये ।।९७।।
ततः षण्मासपर्यन्तं यदि पूजा न सम्भवेत् ।
तदाऽष्टकलशैर्देवं स्नापयित्वा यजेत् सुधीः ।।९८।।
षण्मासात् परतो देवं प्राक्संस्कारविधानतः ।
पुनः सुसंस्कृतं कृत्वा पूजयेत् साधकाग्रणीः ।।९९।।

पद्मा–श्रीसदाशिव ने कहा - यदि किसी दिन पूजा न हो सके, तो उसके दूसरे दिन उस देवमूर्ति की दुगुनी पूजा करे। दो दिन पूजा न हो सके तो चौगुनी और तीन दिन पूजा न हो सके, तो आठगुनी पूजा करे। यदि छः मास तक पूजा न करे, तो आठ कलश के जल से देवमूर्ति को स्नान कराकर पूजा करे। यदि छः महीने से अधिक समय तक पूजा न हो तो, पहले कहे गए संस्कार की विधि के अनुसार देवमूर्ति को पुनः संस्कारित कर पूजा करे।

हरि०–एवं प्रार्थितः सन् श्रीसदाशिव उवाच एकाहमर्चनाबाधे इत्यादि।।९७-९९।।

खण्डितं स्फुटितं व्यङ्गं संस्पृष्टं कुष्ठरोगिणा ।
पतितं दुष्टभूम्यादौ न देवं पूजयेद्बुधः ।।१००।।
हीनाङ्गं स्फुटितं भग्नं देवं तोये विसर्जयेत् ।
स्पर्शादिदोषदुष्टं तु संस्कृत्य पुनरर्चयेत् ।।१०१।।
महापीठेऽनादिलिङ्गे सर्वदोषविवर्जिते ।
सर्वदा पूजयेत्तत्र स्वं स्वमिष्टं सुखाप्तये ।।१०२।।
यद्यत्पृष्टं महामाये नृणां कर्मानुजीविनाम् ।
निःश्रेयसाय तत् सर्वं सविशेषं प्रकीर्तितम् ।।१०३।।

विना कर्म न तिष्ठन्ति क्षणार्धमपि देहिनः ।
अनिच्छन्तोऽपि विवशाः कृष्यन्ते कर्मवायुना ।।१०४।।
कर्मणा सुखमश्नन्ति दुःखमश्नति कर्मणा ।
जायन्ते च प्रलीयन्ते वर्तन्ते कर्मणां वशात् ।।१०५।।
अतो बहुविधं कर्म कथितं साधनान्वितम् ।
प्रवृत्तयेऽल्पबोधानां दुश्चेष्टितनिवृत्तये ।।१०६।।
यतो हि कर्म द्विविधं शुभञ्चाऽशुभमेव च ।
अशुभात् कर्मणो यान्ति प्राणिनस्तीव्रयातनाम्।।१०७।।

पद्मा–जो मूर्ति टूटी हो, छिद्रवाली हो, कुष्ठ रोगी द्वारा स्पर्श की गयी हो, अंगहीन हो, दूषित भूमि में गिरी हो, बुद्धिमान् मनुष्य ऐसी मूर्ति की पूजा न करे। जो मूर्ति अंगहीन हो, अथवा टूट गयी हो उसको जल में विसर्जित कर दे। किन्तु जो मूर्ति स्पर्शादि दोष से दूषित हो गयी हो, उसको पुनः संस्कारित कर पूजा करें। जो महापीठ और अनादिलिंग है, वह स्पर्शादि दोषों से रहित हैं। सुख प्राप्ति के लिए उसमें अपने इष्ट देवता की पूजा करे। हे महामाये! कर्म के अनुसार जीवित रहने वाले मनुष्यों के कल्याण के लिए जो कुछ तुमने पूछा, मैंने वह सब कहा है। मनुष्य बिना कर्म किए आधा क्षण भी नहीं रह सकते। वे इच्छा न होते हुए भी विवश होकर कर्मरूपी वायु के द्वारा आकर्षित किए जाते हैं। कर्मो के द्वारा ही मनुष्यगण सुख प्राप्त करते हैं, दुःख भोगते हैं, जन्म पाते है, मृत्यु के वश में होते हैं तथा कर्मों के वश में ही रहकर जीवित रहते हैं। इसीलिए मैंने अल्पबुद्धि वाले मनुष्यों की प्रवृत्ति के लिए और दुष्टप्रवृत्ति की निवृत्ति के लिए साधन सहित अनेक प्रकार के कर्म कहे हैं। कर्म दो प्रकार के कहे गए हैं–शुभ तथा अशुभ। अशुभ कर्म से प्राणी अत्यधिक कष्ट और यातना पाते है ।

हरि०–व्यङ्गम् विगताङ्गम् ॥१००-१०७॥

कर्मणोऽपि शुभाद्देवि: फलेष्वासक्तचेतसः ।
प्रयान्त्यायान्त्यमुत्रेह कर्म शृङ्खलयन्त्रिताः ।।१०८।।
यावन्न क्षीयते कर्म शुभं वाऽशुभमेव वा ।
तावन्न जायते मोक्षो नृणां कल्पशतैरपि ।।१०९।।
यथा लौहमयैः पाशैः पाशैः स्वर्णमयैरपि ।
तथा बद्धो भवेज्जीवः कर्मभिश्चाऽशुभैः शुभैः।।११०।।

पद्मा–कहे देवि! जो मनुष्य फल में आसक्त होकर शुभ कर्म को करते हैं, वे भी कर्मों के बँधन में बँधकर इस लोक तथा परलोक में आते जाते रहते हैं। शुभ-अशुभ कर्मों का क्षय न होने पर, सौ कल्पों तक भी मनुष्य मुक्त नहीं होता है। जिस प्रकार पशु लोहे अथवा सोने की जञ्जीर से बँधा रहता है उसी प्रकार मनुष्य भी शुभ-अशुभ कर्मों से बँधा रहता है ।

हरि०–एवं नानाविधानि सुखप्रापकानि प्रचुरसाधनसंयुक्तानि कर्माणि व्याहृत्येदानीं ब्रह्मज्ञानेनैव लोका मुक्तिमधिगच्छेयुर्नतु कर्मभिरिति व्याहर्तुमुपक्रमते कर्मणोऽपि शुभादित्यादि। हे देवि शुभादपि कर्मणो हेतोः फलेष्वासक्तचेतसो जनाः कर्मशृङ्खलयन्त्रिताः कर्मरूपेण निगडेन बद्धाः सन्तो लोकादस्मादमुत्र परलोके प्रयान्ति तस्माच्च लोकात् पुनरिहाऽऽयान्ति मुक्तिभाजिनस्तु न भवन्तीत्यर्थः॥१०८-११०॥

कुर्वाणः सततं कर्म कृत्वा कष्टशतान्यपि ।
तावन्न लभते मोक्षं यावत् ज्ञानं न विन्दति ।।१११।।

पद्मा–जब तक ज्ञान नहीं प्राप्त होता, तब तक निरन्तर कर्म करके और सैकड़ों प्रकार के कष्ट उठाकर भी मुक्ति प्राप्त नहीं होती ।

हरि०–न विन्दति न लभते॥१११॥

ज्ञानं तत्त्वविचारेण निष्कामेणापि कर्मणा ।
जायते क्षीणतमसां विदुषां निर्मलात्मनाम् ।।११२।।
ब्रह्मादितृणपर्यन्तं मायया कल्पितं जगत् ।
सत्यमेकं परं ब्रह्म विदित्वैवं सुखी भवेत् ।।११३।।

पद्मा–ज्ञानी, निर्मल चित्तवाले विद्वानों के तत्त्वविचार अथवा निष्काम कर्म के अनुष्ठान द्वारा ही ज्ञान प्राप्त होता है। ब्रह्मा से लेकर एक तिनके तक सम्पूर्ण जगत् माया के द्वारा कल्पित है। एकमात्र 'परम ब्रह्म' ही सत्य है ऐसा जो जानता है वही सुख को प्राप्त करता है ।

हरि०–ननु मोक्षैकसाधनं ज्ञानं कथमुत्पद्यते तत्राह ज्ञानमित्यादि। तत्त्वविचारेण ब्रह्मणो विचारेण क्षीणतमसाम् क्षीणाज्ञानरूपान्धकाराणाम्। निर्मलात्मनां विमलान्तःकरणानाम्॥११२-११३॥

विहाय नामरूपाणि नित्ये ब्रह्मणि निश्चले ।
परिनिश्चिततत्त्वो यः स मुक्तः कर्मबन्धनात् ।।११४।।
न मुक्तिर्जपनाद्धोमादुपवासशतैरपि ।
ब्रह्मैवाऽहमिति ज्ञात्वा मुक्तो भवति देहभृत् ।।११५।।

पद्मा–जो नाम और रूप को त्यागकर नित्य, निश्चल ब्रह्म के तत्त्व का निरूपण करता है, वह कर्म के बन्धन से मुक्त हो जाता है। जप, होम तथा सैकड़ों उपवास करने से भी मुक्ति प्राप्त नहीं होती है किन्तु "मैं ही ब्रह्म हूँ" ऐसा ज्ञान प्राप्त हो जाने पर मनुष्य मुक्ति को प्राप्त हो जाता है ।

हरि०–**विहायेत्यादि**। नित्ये अविनाशिनि निश्चले पूर्वरूपापरित्यागिनि परिनिश्चितं सम्यक् निर्णीतं तत्त्वं यथार्थ्यं येन स परिनिश्चिततत्त्वः॥११४-११५॥

आत्मा साक्षी विभुः पूर्णः सत्योऽद्वैतः परात्परः ।
देहस्थोऽपि न देहस्थो ज्ञात्वैवं मुक्तिभाग् भवेत् ।।११६।।

बालक्रीडनवत् सर्वं रूपनामादिकल्पनम् ।
विहाय ब्रह्मनिष्ठो यः स मुक्तो नाऽत्र संशयः।।११७।।
मनसा कल्पिता मूर्ति नृणां चेन्मोक्षसाधनी ।
स्वप्नलब्धेन राज्येन राजानो मानवास्तदा ।।११८।।

पद्मा–आत्मा साक्षी है अर्थात् वह शुभ अशुभ को देखने वाला है, वह सर्वव्यापक, अखण्ड, अद्वितीय एवं परात्पर है। वह देह से सम्बद्ध होते हुए भी देह से असम्बद्ध है। इस प्रकार जानने से प्राणी की मुक्ति हो जाती है। जो मनुष्य नाम तथा रूपादि की कल्पना को बालक के खेल के समान जानकर त्याग कर ब्रह्मनिष्ठ होता है, वह मुक्ति को प्राप्त होता है। इसमें संशय नहीं है। मन में कल्पना की गयी मूर्ति यदि मनुष्यों को मोक्ष प्रदान करती होती, तो स्वप्न में प्राप्त राज्य द्वारा ही मनुष्य वास्तविक रूप से राजा बन जाते। तात्पर्य यह है कि शास्त्रोक्त मूर्ति ही मनुष्यों को मोक्ष प्रदान करती है ।

हरि०–आत्मेत्यादि। साक्षी शुभाशुभद्रष्टा। विभुः व्यापकः। पूर्णः अखण्डरूपः। अद्वैतः स्वजातीयविजातीयस्वगतभेदशून्यः।।११६-११८।।

मृच्छिलाधातुदार्वादिमूर्तावीश्वरबुद्धयः ।
क्लिश्यन्तस्तपसा ज्ञानं विना मोक्षं न यान्ति ते।।११९।।

पद्मा–मिट्टी, पत्थर, धातु अथवा काष्ठादि की मूर्ति को ईश्वर मानने वाले तप (कृच्छचान्द्रायण व्रत) करते हुए कष्ट ही पाते हैं; क्योंकि बिना ज्ञान के मुक्ति नहीं प्राप्त होती है।

हरि०–तपसा कृच्छ्राचान्द्रायणादिना।।११९।।

आहारसंयमक्लिष्टा यथेष्टाहारतुन्दिलाः ।
ब्रह्मज्ञानविहीनाश्चेन्निष्कृतिं ते व्रजन्ति किम् ।।१२०।।
वायुपर्णकणातोयव्रतिनो मोक्षभागिनः ।
सन्ति चेत् पन्नगा मुक्ताः पशुपक्षिजलेचराः ।।१२१।।

पद्मा–मनुष्य आहारसंयम कर चाहे कष्ट उठाए अथवा यथेष्ट भोजन कर अपनी तोंद बढ़ाए अर्थात् मोटा ताजा बने, किन्तु ब्रह्मज्ञान के न होने से किसी प्रकार से उनकी मुक्ति नहीं होती है। जो मनुष्य केवल वायु, पत्ते, कण तथा जल पीकर ही व्रत धारण करते हैं यदि इन लोगों की मुक्ति हो जाए तो सर्प, पशु, पक्षी तथा जल में रहने वाले प्राणी भी मोक्ष के अधिकारी होंगे ।

हरि०–निष्कृतिम् निस्तारम् । व्रजन्ति प्राप्नुवन्ति ।।१२०-१२१।।

उत्तमो ब्रह्मसद्भावो ध्यानभावस्तु मध्यमः ।
स्तुतिर्जपोऽधमो भावो बहिः पूजाऽधमाधमा।।१२२।।

पद्मा–ब्रह्म ही सत्य है और सभी मिथ्या है। यही भाव श्रेष्ठ है। ध्यान का भाव मध्यम है। स्तुति और जप का भाव अधम है। बाह्य पूजा अधम से भी अधम है ।

हरि०–उत्तम इत्यादि। ब्रह्मैव सत् तद्भिन्नं सर्वमसदित्युत्तमो भाव:। उत्तमं भजनं भवतीत्येवमन्वय:। ध्यानभाव: ध्यानरूपं भजनम् ॥१२२॥

योगी जीवात्मनोरैक्यं पूजनं सेवकेशयो: ।
सर्वं ब्रह्मेति विदुषो न योगो न च पूजनम् ।।१२३।।
ब्रह्मज्ञानं परं ज्ञानं यस्य चित्ते विराजते ।
किं तस्य जपयज्ञाद्यैस्तपोभिर्नियमव्रतै: ।।१२४।।

पद्मा–जीव तथा आत्मा के ऐक्य को "योग" कहते हैं। सेवक तथा ईश्वर के ऐक्य को पूजन कहते हैं। जिनको इस प्रकार का ज्ञान हो गया है कि ब्रह्म ही सब कुछ है उसके लिए योग और पूजा कुछ भी नहीं है। जिसके चित्त में परमज्ञान ब्रह्मज्ञान विराजमान है उसको जप, यज्ञ, तप, नियम, व्रतादि की कुछ भी आवश्यकता नहीं है ।

हरि०–योग इत्यादि। सर्वं ब्रह्मैव भवतीति विदुषो जानतो जनस्य जीवात्मनोरैक्यमेव योगो भवति। सेवकेशयो: सेवकेश्वरयोरैक्यमेव पूजनं भवति। तद्भिन्नो योगो नास्ति। तद्भिन्नं पूजनमपि नास्ति तस्य॥१२३-१२४॥

सत्यं विज्ञानमानन्दमेकं ब्रह्मेति पश्यत: ।
स्वभावात् ब्रह्मभूतस्य किं पूजा ध्यानधारणा ।।१२५।।

पद्मा–जो सर्वत्र सत्यस्वरूप, विज्ञानस्वरूप, आनन्दरूप, अद्वितीय ब्रह्म का साक्षात् कर लेता है, वह स्वभावत: ब्रह्मस्वरूप हो जाता है, उसके लिए पूजा, ध्यान तथा धारणा सभी कुछ निरर्थक है ।

हरि०–सत्यमित्यादि। विज्ञानं विज्ञानस्वरूपम्। एकम् अद्वैतम्। धारणा चित्तवृत्ति निरोध:॥१२५॥

न पापं नैव सुकृतं न स्वर्गो न पुनर्भव:।
नापि ध्येयो न वा ध्याता सर्वं ब्रह्मेति जानत:।।१२६।।

पद्मा–"ब्रह्म ही सब कुछ है" ऐसा जानने वाले के लिए पाप, पुण्य, स्वर्ग, पुनर्जन्म ध्येय तथा ध्याता कुछ भी महत्त्व नहीं रखते हैं ।

हरि०–न पुनर्भव: न पुनरुत्पत्ति:॥१२६॥

अयमात्मा सदा मुक्तो निर्लिप्त: सर्ववस्तुषु ।
किं तस्य बन्धनं कस्मान्मुक्तिमिच्छन्ति दुर्धिय:।।१२७।।

पद्मा–यह आत्मा सदैव ही मुक्त रहता है किसी भी वस्तु में लिप्त नहीं है। उसका बन्धन क्या है जिससे मुक्ति पाने की इच्छा दुर्बुद्धि लोग किया करते हैं ।

हरि०–निर्लिप्त: अनासक्त:॥१२७॥

स्वमायारचितं विश्वमवितर्क्यं सुरैरपि ।
स्वयं विराजते तत्र ह्यप्रविष्ट: प्रविष्टवत् ।।१२८।।

बहिरन्तर्यथाऽऽकाशं सर्वेषामेव वस्तुनाम् ।
तथैव भाति सद्रूपो ह्यात्मा साक्षी स्वरूपतः ।।१२९।।

पद्मा–इस जगत् की रचना ब्रह्मा की माया से हुई है। देवतागण भी इसके भेद को नहीं जान पाते हैं। इस जगत् में परम ब्रह्म प्रविष्ट न होकर भी प्रविष्ट जैसा विराजमान है। जिस प्रकार सभी वस्तुओं के भीतर एवं बाहर आकाश है उसी प्रकार सत्स्वरूप और साक्षीरूप आत्मा सर्वत्र स्वरूप से प्रकाशमान रहता है।।१२८-१२९।।

हरि०–नन्वात्मनो देहरूपं बन्धनमस्त्येव कथमुच्यते अयमात्मा सदामुक्त इत्यादि तत्राह स्वमायेत्यादि। अवितर्क्यन् अनूहनीयम् ।

न बाल्यमस्ति वृद्धत्वं नात्मनो यौवनं जनुः ।
सदैकरूपश्चिन्मात्रो विकारपरिवर्जितः ।।१३०।।

पद्मा–आत्मा का जन्म, बाल्यावस्था और वृद्धावस्था नहीं है। वह सदैव ही एक रूप, चिन्मय एवं विकार रहित हैं ।

हरि०–**जनुः जन्म।** आत्मनो बालेत्वादेरभावे हेतूमाह सदैकरूप इत्याद्यर्धेन।।१३०

जन्मयौवनवार्धक्यं देहस्यैव न चात्मनः ।
पश्यन्तोऽपि न पश्यन्ति मायाप्रावृतबुद्धयः ।।१३१।।

पद्मा–जन्म, यौवन तथा वृद्धावस्था–ये शरीर की अवस्थाएं है आत्मा मनुष्य की बुद्धि माया से मोहित होने के कारण वे इसे देखकर भी अनदेखा

हरि०–तर्हि कस्य जन्मादिकं भवति तत्राह जन्मेत्यादि।।१३१।।

यथा शरावतोयस्थं रविं पश्यत्यनेकधा ।
तथैव मायया देहे बहुधाऽऽत्मानमीक्षते ।।१३२।।

पद्मा–जिस प्रकार अनेक सरईयों (मिट्टी के बने प्यालानुमा पात्र) में स्थित जल में अनेक सूर्य दिखाई देते हैं, उसी प्रकार माया के प्रभाव से अनेक शरीरों में अनेक आत्माएं दिखाई देती हैं ।

हरि०–ननु तत्तद्देहस्थित आत्मा नानारूपः प्रतीयते कथमुच्यते सदैकरूप इति तत्राह यथेत्यादि।।१३२।।

यथा सलिलचाञ्चल्यं मन्यन्ते तद्गते विधौ ।
तथैव बुद्धेश्चाञ्चल्यं पश्यन्त्यात्मन्य कोविदाः ।।१३३।।
घटस्थं यादृशं व्योम घटे भग्नेऽपि तादृशम् ।
नष्टे देहे तथैवात्मा समरूपो विराजते ।।१३४।।
आत्मज्ञानमिदं देवि! परं मोक्षैकसाधनम् ।
जानन्निहैव मुक्तः स्यात् सत्यं सत्यं न संशयः ।।१३५।।

न कर्मणा विमुक्तः स्यान्न सन्तत्या धनेन वा ।
आत्मनाऽऽत्मानमाज्ञाया मुक्तो भवति मानवः ।।१३६।।
प्रियो ह्यात्मैव सर्वेषां नात्मनोऽस्त्यपरं प्रियम् ।
लोकेऽस्मिन्नात्मसम्बन्धात् भवन्त्यन्ये प्रियाः शिवे! ।।१३७।।
ज्ञानं ज्ञेयं तथा ज्ञाता त्रितयं भाति मायया ।
विचार्यमाणे त्रितये आत्मैवैकोऽवशिष्यते ।।१३८।।
ज्ञानमात्मैव चिद्रूपो ज्ञेयमात्मैव चिन्मयः ।
विज्ञाता स्वयमेवात्मा यो जानाति स आत्मवित् ।।१३९।।
एतत्ते कथितं ज्ञानं साक्षान्निर्वाणकारणम् ।
चतुर्विधावधूतानामेतदेव परं धनम् ।।१४०।।

पद्मा–जिस प्रकार जल के चञ्चल होने पर उसमें पड़ा चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब भी चञ्चल दिखाई देता है उसी प्रकार अज्ञानी मनुष्य भी बुद्धि की चञ्चलता को आत्मा में ही देखते हैं। जिस प्रकार घड़ा के टूट जाने पर भी उसका आकाश पहले की ही भाँति रहता है उसी प्रकार शरीर के नष्ट हो जाने पर भी आत्मा सदैव समभाव में स्थित रहती है। हे देवि! यह ब्रह्मज्ञान मोक्ष का परम कारण है जो इसे जानता है वह निःसन्देह रूप से इस लोक में ही जीवन्मुक्त हो जाता है इसमें सन्देह नहीं है। मनुष्य कर्म के द्वारा मुक्त नहीं होता, सन्तान उत्पन्न करने से मुक्त नहीं होता, धन के द्वारा भी मुक्त नहीं होता किन्तु अपने आप को जानने से ही मुक्ति प्राप्त हो जाती है। सभी प्राणियों को आत्मा ही परमप्रिय है। आत्मा से अधिक प्रिय अन्य कोई वस्तु नहीं है। हे शिवे! इस लोक में व्यक्ति अपने आत्मसम्बन्ध के कारण ही प्रिय होता है। ज्ञान, ज्ञेय तथा ज्ञाता यह तीनों माया से ही प्रतिभासित होते हैं। इन तीनों के तत्त्व का विचार करने पर एकमात्र आत्मा ही शेष रहती है। चिन्मय आत्मा ही ज्ञान, चिन्मय आत्मा ही जानने योग्य वस्तु है तथा स्वयं आत्मा ही ज्ञाता है। जो इसे जानता है, वहीं आत्मवित् है। यह मैंने तुमसे साक्षात् मोक्ष के कारणस्वरूप ज्ञान का उपदेश कहा। यही चार प्रकार के अवधूतों का परम धन है ।

हरि०–तद्गते विधौ सलिलगते चन्द्रे। अकोविदाः अविद्वांसः।।१३३-१४०।।

श्रीदेव्युवाच

